TEXT IS PROMBLEM WITHIN THE BOOK

UNIVERSAL
LIBRARY

OU_182740

UNIVERSAL
LIBRARY

OSMANIA UNIVERSITY LIBRARY

Call No. H 891 A27H Accession No. H 2210

Author अग्रवाल वासुदेव शरण

Title हर्षचरित - एक सांस्कृतिक

This book should be returned on or before the date last marked below.

हर्षचरित—एक सांस्कृतिक अध्ययन

वासुदेवशरण अग्रवाल
अध्यापक, भारती महाविद्यालय
काशी-विश्वविद्यालय

सर्वोदय साहित्य मन्दिर.
हुसैनी अलम रोड, हैदराबाद (द.) नं. २

१९५३
बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद्
पटना

प्रकाशक
बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद्
सम्मेलन-भवन, पटना—३

प्रथम संस्करण ; वि० स० २०१० : सन् १९५३ ईसवी

सर्वाधिकार सुरक्षित

मूल्य—८॥) सजिल्द ९॥)

मुद्रक
श्री तारकेश्वर पाण्डे
ज्ञानपीठ लिमिटेड,
पटना ४.

वक्तव्य

श्लेषे केचन शब्दशुम्फविषये केचिद्रसे चापरेऽलंकारे
कतिचित्सदर्थविषये चान्ये कथावर्णके।
आः सर्वत्र गभीरधीरकविता विन्ध्याटवीचातुरी-
संचारी कविकुम्भिकुम्भभिदुरो बाणस्तु पंचाननः॥

बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद् को दो-तीन वर्ष में ही जो थोड़ी-घनी सफलता मिली है, वह इस बात का सिद्ध प्रमाण है कि साहित्य के निमित्त सरकारी संरक्षण प्राप्त होने पर, हिंदी में मननशील मनस्वी विद्वान्, हिन्दी साहित्य के अभावों की पूर्ति के लिए, कितनी लगन और आस्था के साथ काम कर सकते हैं।

बिहार-राज्य के शिक्षा-विभाग की छत्रछाया में अपनी पूरी आंतरिक स्वतंत्रता के साथ काम करते हुए परिषद् ने यह अनुभव किया है कि हिन्दी के विशेषज्ञ और अधिकारी विद्वानों को यदि सुअवसर दिया जाय और उन्हें हिन्दी-संसार के सर्वविदित प्रकाशकीय व्यवहारों का अनुभव न होने दिया जाय तो साहित्य में ऐसे ग्रंथों की संख्या-वृद्धि हो सकती है, जिनसे राष्ट्रभाषा का गौरव अक्षुण्ण रहे।

परिषद् ने ग्रंथ अथवा भाषण के चुनाव में ग्रंथकार अथवा वक्ता की इच्छा को ही बराबर प्रधानता दी है। विद्वानों ने परिषद् के उद्देश्यों को समझकर, अपनी स्वतंत्र रुचि और प्रवृत्ति के अनुसार, परिषद् को अपने आधुनिकतम अनुशीलन और अनुसंधान का फल प्रदान करना चाहा है और परिषद् ने निःसंकोच उसका स्वागत और सदुपयोग किया है। यही कारण है कि परिषद् को साहित्य के उन्नयन में हिन्दी-जगत् के सभी चोटी के विद्वानों का हार्दिक सहयोग क्रमशः प्राप्त होता जा रहा है।

परिषद् की ओर से प्रतिवर्ष दो-तीन विशिष्ट विद्वानों की भाषणमाला का आयोजन किया जाता है। प्रत्येक भाषण एक सहस्र मुद्रा से सादर पुरस्कृत होता है। भाषण के पुस्तकाकार में छपने पर वक्ता लेखक को रायल्टी भी दी जाती है। जिस समय डॉ० वासुदेवशरण अग्रवाल के महाकवि बाणभट्ट संबंधी भाषण की घोषणा की गई थी—मार्च १९५१ में, उस समय भाषण का शीर्षक था—'महाकवि बाणभट्ट और भारतीय संस्कृति'। यही शीर्षक

समाप्त होने लगी तब विद्वान् लेखक ने ग्रंथ का नाम वर्तमान रूप में बदल देने की इच्छा प्रकट की। परिषद् ने लेखक की इच्छा का सम्मान करने में कोई असमंजस नहीं देखा, क्योंकि लेखक की 'भूमिका' में यह बात स्पष्ट है कि इस ग्रंथ में बाणभट्ट की एक ही कृति का केवल सांस्कृतिक अध्ययन उपस्थित किया गया है। और, महाकवि के समस्त साहित्य का तुलनात्मक अध्ययन लेखक स्वयं कर रहे हैं और उनकी उस गम्भीर गवेषणा का फल किसी दूसरे ग्रंथ का विषय होगा।

संयोगवश, जिस समय डाक्टर वासुदेवशरण अग्रवाल भाषण करने पटना आये थे, उसी समय आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी भी अपनी आदिकालीन हिंदी-साहित्य-संबंधी व्याख्यानमाला के लिए यहाँ पधारे हुए थे। परिषद् की ओर से दोनों विद्वानों के भाषण, लगातार पाँच दिनों तक, प्रतिदिन एक-एक घंटा, आगे-पीछे, हुए थे। उस समय स्वयं आचार्य द्विवेदी जी ने डाक्टर अग्रवाल साहब के भाषण पर आश्चर्य और संतोष प्रकट किया था। आश्चर्य उन्हें इस बात का हुआ कि डाक्टर अग्रवाल ने हर्षचरित की हीर टटोलकर उसमें से हीरे की कितनी कणियाँ निकाल डाली हैं और आजतक बहुत-से विद्वानों ने हर्ष-चरित का अध्ययन किया; पर किसी को इतनी बारीकियाँ और खूबियाँ न सूझीं। और, संतोष उन्हें इस बात का हुआ कि डाक्टर अग्रवाल ने संस्कृत-काव्यों के अध्ययन के लिए शोध की एक नई दिशा सुझाई है तथा अग्रवाल साहब की यह सूझ उनकी ओर से साहित्य को एक नई देन है। आचार्य द्विवेदीजी ने उसी समय यह भी विचार प्रकट किया था कि मृच्छकटिक नाटक, पद्मावत आदि का अध्ययन-अन्वेषण डाक्टर अग्रवाल के प्रदर्शित मार्ग से ही होना चाहिए।

भारतीय वाङ्मय और पुरातत्त्व के अनुशीलन-परिशीलन में डाक्टर अग्रवाल ने जैसी विमल दृष्टि पाई है वैसी हिंदी-संसार में कहीं कोई आँख पर नहीं चढ़ती। आरंभ से ही उनका झुकाव इसी ओर रहा। सन् १९२९ ईसवी में लखनऊ-विश्वविद्यालय से एम० ए० पास करने के बाद, १९४० तक, मथुरा के पुरातत्त्व-संग्रहालय के अध्यक्ष-पद को उन्होंने सुशोभित किया। इसी समय उन्होंने सन् १९४१ में पी-एच० डी० और १९४६ में डी० लिट्० की सम्मानित उपाधि प्राप्त की। तदुपरांत १९४६ से १९५१ तक उन्होंने सेण्ट्रल एशियन एण्टिक्विटीज म्युजियम के सुपरिण्टेण्डेण्ट और भारतीय पुरातत्त्व-विभाग के अध्यक्ष का काम बड़ी प्रतिष्ठा और सफलता के साथ किया। इसके बाद वे नवम्बर १९५१ से काशी विश्वविद्यालय के आर्ट ऐण्ड आरचिटेक्चर कालेज ऑफ इण्डोलॉजी (भारती महाविद्यालय) में प्रोफेसर रहे। सन् १९५२ में लखनऊ-विश्वविद्यालय में राधाकुमुद मुकर्जी व्याख्यान-निधि की ओर से व्याख्याता नियुक्त हुए थे। व्याख्यान का विषय 'पाणिनि' था। वे निम्नलिखित सुविख्यात और सुप्रतिष्ठित संस्थाओं के सभापति भी हो चुके हैं—भारतीय मुद्रा-परिषद् (नागपुर), भारतीय संग्रहालय-परिषद् (पटना), इण्डियन हिस्ट्री कांग्रेस, सेक्सन प्रथम (कटक) और आल इण्डिया ओरियेण्टल कांग्रेस, फाइन आर्ट सेक्सन (बम्बई)। हिंदी में उनके जो तीन निबंध-संग्रह निकल चुके हैं, वे उनकी अद्भुत मेधा-शक्ति के परिचायक हैं। उक्त संग्रहों के नाम ये हैं—१. उरुज्योति (वैदिक निबंध); २. पृथ्वीपुत्र (जनपदीय निबंध) तथा ३. कला और संस्कृति (कला और संस्कृति-विषयक

हिंदी में संस्कृत-साहित्य के इतिहास लिखने-वाले विद्वानों और संस्कृत-साहित्य के पारखी पाश्चात्य मनीषियों ने बाणभट्ट के व्यक्तित्व और कवित्व के संबंध में जो उद्‌गार व्यक्त किये हैं, उन सबका यदि संकलन कर दिया जाय, तो एक खासी प्रशस्तिमाला अवश्य बन जायगी और महाकवि की विशेषताओं की कुछ झलक भी मिल जायगी ; पर वह बाबत पैदा न होगी जो डा० अग्रवाल ने पैदा की है। उन्होंने महाकवि का जो मर्मोद्‌घाटन किया है, जिस रूप में महाकवि को हमारे सामने रखा है, वह अभूतपूर्व ही प्रतीत होता है। एक तरफ तो उनकी प्रतिभा के आलोक ने महाकवि के सघन गद्य-गगन को उद्‌भासित कर दिया है, दूसरी तरफ उनके मनश्चक्षु महाकवि के गहन गद्य-गह्वर में गहराई तक पैठकर सांस्कृतिक कांतिवाले अनूठे रत्न निकाल लाये हैं। वास्तव में डाक्टर अग्रवाल ने महाकवि का अंतःपट खोल दिया है। साथ ही, पुरातन प्रामाणिक चित्रों से अलंकृत करके एकत्र ही काव्य के दोनों रूप उपस्थित कर दिये हैं। इस प्रकार यह ग्रंथ हिन्दी पाठकों के लिए जहाँ एक नेत्र-महोत्सव है वहाँ चित्त-प्रसादकर भी।

परिषद् के प्रकाशनाधिकारी श्रीअनूपलाल मण्डल ने इस ग्रंथ के चित्रों के तैयार कराने और उन्हें सजा कर पुस्तक के शीघ्र निकालने में जो अहर्निश तत्परता दिखलाई है, उसके हम कायल हैं।

बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद् को संतोष है कि उसके द्वारा बिहार के एक विश्वविख्यात महाकवि की रचना इतने रमणीय रूप में प्रकाशित हो सकी। आशा है कि बाणभट्ट के साहित्य पर हमारे मननशील ग्रंथकार का जो गंभीर स्वाध्याय चल रहा है, उससे निकट-भविष्य में ही हिन्दी साहित्य को बहुमूल्य सांस्कृतिक निधियाँ प्राप्त होंगी। तथास्तु।

श्रीरामनवमी
सं० २०१०

शिवपूजन सहाय
परिषद्-मंत्री

विषय-सूची

प्रथम उच्छ्वास

(वात्स्यायन वंश-वर्णन) पृ० १-३०

बाण का व्यक्तित्व और दृष्टिकोण १-२, गद्यशैली के विषय में बाण के विचार ३, बाण की शैली ४, पूर्वकवि-परिचय ५-८, श्रीपर्वत ६, हर्षचरित की संक्षिप्त विषयसूची ९-१२, गोष्ठियाँ १३, सरस्वती १४, सावित्री १५, प्रदोष समय १६, सरस्वती का मर्त्यलोक में आना १७, च्यवनाश्रम की पहचान १८, सरस्वती की शिवपूजा १९, पदाति सेना २०, युवक दधीचि २१, दधीचि का अंगरक्षक २२, दधीचि की सखी मालती का वेश २३, वात्स्यायन वंश २४, तत्कालीन सुसंस्कृत परिवार २५, बाण का बालजीवन २६, देशान्तर प्रवास और स्वभाव २७, बाण के मित्र २८-३०।

दूसरा उच्छ्वास

(राजदर्शन) पृ० ३१-५०

बाण का प्रवास से लौटना और ब्राह्मणों के घरों का वर्णन ३१, ग्रीष्म-वर्णन ३२, आरभटी नृत्य ३३-३४, लेखहारक मेखलक का संदेश कथन ३५, यात्रा के लिये बाण का निश्चय और प्रस्थान ३६, बाण का राजभवन में पहुँचना ३७, स्कन्धावार का वर्णन ३८, हर्ष का खासा हाथी दर्पशात ४१, घोड़ों का वर्णन ४२, निर्जित सामन्तों के प्रति हर्ष की नीति ४३, प्रतीहार और दौवारिक ४४, बाह्यास्थानमंडप और भुक्तास्थानमंडप (दीवाने आम और दीवाने खास) ४५, हर्ष का वेश ४६, दरबार में वारविलासिनियाँ ४७, बाण की हर्ष से भेंट ४८, हर्ष और बाण की तीखी बातचीत ४९, बाण और हर्ष का मेल ५०।

तीसरा उच्छ्वास

(राजवंश-वर्णन) पृ० ५१-६२

बाण का दरबार से अपने गाँव लौटना ५१, पुस्तक शब्द पर नया प्रकाश ५२, प्राचीन पोथियों का आकार-प्रकार ५३, बाण के भाइयों की हर्षचरित सुनाने के लिये उससे प्रार्थना ५४, बाण ने हर्षचरित सुनाना आरम्भ किया ५५, श्रीकंठ जनपद और स्थाण्वीश्वर का वर्णन ५६, भैरवाचार्य का शिष्य ५७, भैरवाचार्य ५८, पुष्पभूति और भैरवाचार्य की भेंट ५९, भैरवाचार्य की साधना ६०, श्रीकंठनाग ६१, लक्ष्मी से वर-प्राप्ति ६२।

चौथा उच्छ्वास

(चक्रवर्ति-जन्म-वर्णन) पृ० ६३-८६

हर्ष के पूर्वज ६३, हर्ष का जन्म ६४, हर्ष का जन्मोत्सव ६५-६७, हर्ष का ममेरा भाई भंडि ६८, मालवराजपुत्र कुमारगुप्त और माधवगुप्त ६९, राज्यश्री का विवाहोत्सव ७०-७२, विवाह के वस्त्र—बाँधनू की रँगाई ७३, वस्त्रों की रँगाई और छपाई ७४, वस्त्रों पर फूल-पत्ती की छपाई ७५, चुन्नटदार भंगुर उत्तरीय ७६, वस्त्रों के भेद—दुकूल और लालातंतुज ७७, अंशुक और नेत्र ७८, चोलक और कंचुक ७९, स्तवरक ८०, पृंग नामक वस्त्र ८१, ग्रहवर्मा का बरात चढ़ाकर आना ८२, कौतुकगृह और विवाहवेदी ८३, यवांकुर कलशों से सुशोभित वेदी ८४, वासगृह ८५, गवाक्ष वातायन ८६।

पाँचवाँ उच्छ्वास

(महाराज-मरण-वर्णन) ८७-११४

राज्यवर्धन का हूणयुद्ध के लिये जाना ८७, हर्ष का आखेट से लौटना ८८, हर्ष का स्कन्धावार में पहुँचना ८९, राजद्वार का वर्णन ९०, धवलगृह का वर्णन ९१-९२, प्रभाकर वर्धन की परिचर्या ९३-९४, प्रभाकरवर्धन की रुग्णावस्था का वर्णन ९५, राजभवन में अशुभ सूचक महोत्पात ९६, रानी यशोवती सती-वेश में ९७, यशोवती के अंतिम वाक्य ९८, मग्नांशुक पटान्त वाक्य के पाँच अर्थ ९९-१०२, प्रभाकरवर्धन की मृत्यु १०३, सम्राट् की और्ध्वदेहिक क्रिया १०४, धार्मिक सम्प्रदाय १०५-११२, परम सौगत राज्यवर्धन ११३, राज्यवर्धन की बुद्ध से तुलना ११४।

छठा उच्छ्वास

(राजप्रतिज्ञा-वर्णन) पृ० ११५-१३५

मृतक सम्बन्धी कुछ प्रथाएँ ११५, राज्यवर्धन का हूणयुद्ध से लौटना ११६, शशांक मंडल का उदय ११७, अष्टमंगलक माला १२०, बाहुशिखर कोश के तीन अर्थ १२१, वसुबन्धु और दिङ्नाग का उल्लेख १२२, राज्यवर्धन के वध का समाचार १२३, सेनापति सिंहनाद १२४, हर्ष की दिग्विजय-प्रतिज्ञा १२५, हर्ष का प्रदोषास्थान और शयनगृह में जाना १२६, गजसेना के अध्यक्ष स्कन्दगुप्त १२७, हर्ष के यहाँ हाथियों की सेना १२८, गजसेना के अधिकारी १२९, आधोरण और कर्पटी १३०, हाथियों के अन्य कर्मचारी १३१, प्रमाददोषों से विपन्न सत्ताइस राजाओं के दृष्टान्त १३२-१३३, अपशकुनों की सूची १३४-१३५।

सातवाँ उच्छ्वास

(क्षत्रलब्धि) १३६-१८४

हर्ष का भद्रासन पर बैठना और शासन-वलय धारण करना १३६, हर्ष का सैनिक प्रस्थान १३७, ग्रामाज्ञापटलिक और शासन महामुद्रा १३८, सौ सीरसहस्र ग्रामों का

दोन १३६, छावनी में सैनिक प्रयाण की कलकल १४०, डेरों का उखाड़ना और हाथी-घोड़ों की लदाई १४१, कुलपुत्रों की सवारियाँ १४२, घोड़ों का साज और लवंग कलायी १४३, हाथी-घोड़ों की कूच १४४, सैनिक प्रयाण से जनता को कष्ट १४५, सेना के साथ की अन्य टुकड़ियाँ १४६, सेना के साथ अनेक देशों के राजा १४७, राजाओं की वेश-भूषा १४८, तीन प्रकार के पाजामे १४६, चार प्रकार के कोट १५०—कंचुक, वारबाण, चीनचोलक, कूर्पासक १५०-१५२, आच्छादनक या हलके उपरने १५३, राजाओं के आभूषण १५४, राजाओं की शिरोभूषा १५५, पैदल सैनिक १५६, व्यूह-बद्ध सेना का प्रदर्शन १५७, राजाओं द्वारा सम्राट् को प्रणाम १५८, चलते हुए कटक में सैनिकों की बातचीत १५६, सेना के मुस्टंडे नौकर-चाकरों की मनमौजी और निम्नश्रेणी के नौकर-चाकर १६०-१६१, खरहों के झुंड का शिकार १६२, कटक-प्रयाण के कुछ अन्य दृश्य १६३, राजाओं द्वारा हर्ष को प्रोत्साहन १६४, एलेक्जेंडर और स्त्री-राज्य १६५, बाण के भौगोलिक संकेत १६६, भास्कर वर्मा के भेजे हुए उपहार १६७-१७०, हर्ष और हंसवेग की गुह्यवार्ता १७१, हर्ष और भास्करवर्मा का मैत्री-गठबंधन १७२, सरकारी नौकरों पर बाण की फबतियाँ १७३-१७५, भंडि का मालव-युद्ध से लौटना १७६, भंडि की हर्ष से भेंट १७७, मालव-विजय से प्राप्त सामग्री १७८, विन्ध्याटवी के जंगली गाँवों का वर्णन १७६, वनग्राम की प्याउएँ १८०, प्याऊ के भीतर पान के बर्तन १८१, जंगल में रहनेवाले कुणबी और शिकारी १८२, वन-ग्राम के निवासी और उनके घर १८३, वन-ग्राम का विशेष वर्णन १८४।

आठवाँ उच्छ्वास

(विन्ध्याद्रि निवेशन) १८५-२०२

हर्ष का विन्ध्याटवी में प्रवेश और आटविक सामन्त शरभकेतु १८५, शबर युवक निर्घात का वर्णन १८६, शबर युवा की हर्ष से बातचीत १८७, पाराशरी भिक्षु दिवाकर मित्र १८८, विन्ध्याटवी के वृक्ष और पशु-पक्षी १८६, दिवाकर मित्र के आश्रम में विभिन्न सम्प्रदाय १६०, सम्प्रदायों के नामों की विशेष व्याख्या १६१, दार्शनिक विचार की विविध प्रणालियाँ १६२, दिवाकर मित्र का आश्रम १६३-१६४, दिवाकर मित्र और हर्ष का भेंट १६५, हर्ष का राज्यश्री से मिलन १६६-१६७, दिवाकरमित्र द्वारा हर्ष को एकावली की भेंट १६८, दुःखित राज्यश्री को दिवाकर मित्र का उपदेश १६६, हर्ष द्वारा राज्यश्री का दिवाकर मित्र को सौंपना २००, सूर्यास्त २०१, चंद्रोदय २०२।

(परिशिष्ट १) २०३-२१६

स्कन्धावार, राजकुल, धवलगृह २०३-२०८, बाण के वर्णन की साहित्यिक तुलना २०६-२१६।

(परिशिष्ट २) २१७-२२४

सामन्त २१७-२२४।

चित्र-सूची

फलक १

चित्र १ (पृ० १२)—खिले हुए कमल के आसन पर बैठे हुए ब्रह्मा, उनके दाहिनी ओर ऐरावत वाहन पर इन्द्र और मयूर वाहन पर कार्तिकेय। बाईं ओर वृष-वाहन पर शिव-पार्वती। देवगढ़ के दशावतार-मंदिर में लगे हुए शेषशायी विष्णु नामक रथिका-शिलापट्ट के ऊर्ध्व भाग में उत्कीर्ण मूर्ति का रेखाचित्र गुप्त-काल।

चित्र २ (पृ० १४)—मकरिका, दो मकरमुखों को मिलाकर बनाया हुआ आभूषण जो केशों में पहना जाता था। मकरमुख भारतीय आभूषणों में बहुत बाद तक प्रयुक्त होता रहा। यह चित्र मथुरा की गुप्तकालीन विष्णु-मूर्ति (ई ६) के मुकुट से लिया गया है। इसके बीच में मकरिका आकृति स्पष्ट है। खुले हुए मकर-मुखों से मोतियों के झुग्गे लटक रहे हैं।

चित्र ३ (पृ० १५)—उत्तरीय की गात्रिकाग्रन्थि अर्थात् गाती लगाकर पहना हुआ उत्तरीय। चित्र ३ मथुरा से प्राप्त वृष्णि-वीर की मूर्ति (ई० २२) से लिया गया है। चित्र ३ अ उसी आधार पर कल्पित है। इसमें 'उन्नतस्तनमध्य-बद्धगात्रिकाग्रंथि' लक्षण स्पष्ट है।

चित्र ४ (पृ० १५)—बाएँ कंधे से लटकता हुआ कुंडलीकृत योगपट्ट जो वैकक्ष्यक की तरह दाहिनी बगल के नीचे से पीठ की ओर चला गया है। योगपट्ट को कुंडली-कृत कहने का कारण यह है कि उसका ऊपर का लपेट आधी दूर तक नीचे आकर पुनः कन्धे की ओर घूम गया है। देवगढ़ के दशावतार-मंदिर के कृष्ण-सुदामा-शिलापट्ट की सुदामा-मूर्ति से (दे० पंडित माधवस्वरूपवत्स कृत देवगढ़ का गुप्त मंदिर, फलक १९ सी)।

चित्र ५ (पृ० १५)—कमण्डलु जिसकी आकृति कमल मुकुल के सदृश है। गोकर्णेश्वर टीला, मथुरा से प्राप्त बोधिसत्त्व मैत्रेय की मूर्ति (संख्या ३२५८) से (म्यूजियम्स जर्नल, १९४८)। देवगढ़-मंदिर के नरनारायण-शिलापट्ट पर अंकित नारायण-मूर्ति के बाएँ हाथ में भी इसी प्रकार का कमंडलु है।

चित्र ६ (पृ० १७)—मकरमुखी महाप्रणाल। सारनाथ संग्रहालय में सुरक्षित ($\frac{Di}{107}$)। इस रेखाचित्र के लिये मैं अपने मित्र श्री शिवराममूर्ति, सुप्रिण्टेण्डेण्ट, इंडियन म्यूजियम, आर्कियालाजिकल सेक्शन, कलकत्ता, का अनुगृहीत हूँ।

फलक २

चित्र ७ (पृ० १७)—हंसवाही देव-विमान। मथुरा से प्राप्त कुषाण-कालीन तोरण-मुखपट्ट पर अंकित मूर्ति से। (स्मिथ, मथुरा का जैन स्तूप, फलक १०)।

चित्र ८ (पृ० १७)—मौलिमालतीमाला। अजन्ता के चित्र से (राजा साहब, औंध-कृत अजंता, फलक २८, पंक्ति ३, चित्र २)।

चित्र ९ (पृ० १८)—मस्तक पर अंशुक नामक रेशमी वस्त्र की उष्णीष-पट्टिका। अजंता चित्र से (औंध-कृत अजंता, फलक २८ पर चौथी पंक्ति का चौथा चित्र)।

चित्र १० (पृ० १९)—पंचमुखी शिवलिंग या पंच-ब्रह्म-पूजा। मथुरा का गुप्तकालीन शिवलिंग (संख्या ५१६)।

चित्र ११ (पृ० २०)—ललाटजूटक या माथे पर बँधे हुए जूड़े-सहित मस्तक (मथुरा संग्रहालय, जी २१)। गुप्तकालीन मस्तक।

चित्र १२ (पृ० २०)—पदाति युवक, कमर की पेटी में खोंसी हुई कटारी सहित। अहिच्छत्रा से प्राप्त गुप्त-कालीन मिट्टी की मूर्ति।

फलक ३

चित्र १३ रंगीन (पृ०२१)—त्रिकण्टक नामक कान का आभूषण। दो मोतियों के बीच में जड़ाऊ पन्ने सहित। राष्ट्रीय संग्रहालय नई दिल्ली के स्थानापन्न सुपरिंटेंडेंट श्री जे० के० राय की कृपा से प्राप्त फोटो और वहीं के चित्रकार श्री भूपाल सिंह बिश्त द्वारा बनाए हुए रंगीन चित्र के आधार पर।

चित्र १४ (पृ०२१)—कच्छ के बाहर निकले हुए पल्ले सहित धोती (अधोवस्त्र) पहनने का ढंग। चित्र संख्या ५ में उल्लिखित मूर्ति का पिछला भाग।

चित्र १५ (पृ० २३)—रकाब में पैर डाले हुए घोड़े पर सवार स्त्री। मथुरा से प्राप्त शुंगकालीन सूचीपट्ट से। यह इस समय बोस्टन संग्रहालय में सुरक्षित है।

चित्र १६ (पृ० २४)—सीमन्तचुम्बी चटुलातिलकमणि। अहिच्छत्रा से प्राप्त गुप्त-कालीन मिट्टी के खिलौने से।

चित्र१८ (पृ० ३५)—पेटी से कसा हुआ ऊँचा घाघरा (चंडातक)। (औंध-कृत अजंता, फलक ६४)।

फलक ४

चित्र १७ (पृ०३३)—हल्लीसक या मंडली नृत्य। स्त्री-मंडल के बीच में नृत्य करता हुआ युवक। बाघ के गुफा-चित्र से।

चित्र १९(पृ०३५)—सिर से बँधा हुआ और पीठ पर फहराता हुआ चीरा। अहिच्छत्रा से प्राप्त दंडवत् प्रणाम करते हुए पुरुष की मूर्ति।

चित्र २० (पृ०४०)—वागुरा या कमंद। अहिच्छत्रा से प्राप्त सूर्य-मूर्ति पर अंकित पार्श्व-चर के हाथ में (अहिच्छत्रा मृण्मय मूर्तियाँ, चित्र ९७)।

चित्र २० अ (पृ०४०)—पाश (श्री जी०एच०खरे-कृत मूर्तिविज्ञान फलक ९४,चित्र ३०)।

चित्र२१ (पृ०४१)—दानपत्रों पर लिखे हुए सम्राट् के विभ्रम (सजावट) युक्त हस्ताक्षर। हर्ष के बाँसखेड़ा ताम्रपट्ट की अंतिम पंक्ति—स्वहस्तो मम महाराजाधिराजा श्रीहर्षस्य।

फलक ५

चित्र २२ (पृ० ४२)--बहुगुणसूत्रगुथितग्रीवागंडक—घोड़े का ग्रीवा में कई लड़ का गंडा। (अहिच्छत्रा से प्राप्त मृण्मय सूर्यमूर्ति सं० १०४ पर अंकित अश्व से।

चित्र २३ (पृ० ४६)--शेष नामक हार अथवा डुंडुभ सर्प की तरह बलेवड़ा लम्बा हार। अहिच्छत्रा से प्राप्त दम्पती मृण्मय मूर्ति सं० २५९ से।

चित्र २४ (पृ०४६)--चतुर्भुजी विष्णु-मूर्ति की दो बाल भुजाएँ। मथुरा से प्राप्त विष्णु-मूर्ति। (मथुरा-संग्रहालय, सं० ५१२)।

चित्र २५ (पृ०४७--मालती पुष्प की मुण्डमालिका (औंध कृत अजन्ता, फलक ७७)।

चित्र २६ (पृ०४७)—हर्ष का मुकुट जिसमें नीचे पद्मराग की चूड़ामणि है, और ऊपर मोती और मरकत लगा हुआ शिखंडाभरण या कलगी हैं। गुफा १ में वज्रपाणि चित्र (औधकृत अजन्ता, फलक ७७)

चित्र २७ (पृ० ५६)—ऊपर चोली और नीचे दामन पहने हुए श्रीकंठजनपद (थानेश्वर) की स्त्री। (अहिच्छत्रा के खिलौने, संख्या ३०७)।

फलक ६

चित्र २८ (पृ० ५६)—यष्टिप्रदीप (डंडीदार दापक)। मथुरा से प्राप्त वेदिका-स्तम्भ पर उत्कीर्ण शक स्त्री-मूर्ति (लखनऊ संग्रहालय)।

चित्र २९ (पृ० ५७)—घोड़े के निचले होठ की तरह लटकता हुआ अधर (भैरवाचार्य के शिष्य के वर्णन में)। गुप्तकाल की मूर्तियों में यह विशेषता प्रायः मिलती है। (अहिच्छत्रा मृण्मयमूर्ति चित्र २९७)।

चित्र ३१ (पृ० ६१)—गुल्फ तक चढ़े हुए नूपुर। मथुरा के समीप महोली गाँव से प्राप्त कुषाण कालीन स्त्रीमूर्ति से (जर्नल आफ इंडिया सोसाइटी आफ ओरियंटल आर्ट, कलकत्ता, १९३८ का अंक)।

चित्र ३२ (पृ० ६१)—तरंगित वस्त्र (देवगढ़ गुप्तकालीन मंदिर की मूर्ति से)।

चित्र ३४ (पृ० ६२)—राजच्छत्र में मोरनी का अलंकरण (मथुरा की गुप्तकालीन बुद्ध मूर्ति ए० ५ के पद्मातपत्र प्रभामंडल से)।

चित्र ३५ (पृ० ६५)—सातरत्नों से युक्त चक्रवर्ती। चक्ररत्न, मणिरत्न, स्त्रीरत्न, गजरत्न, मंत्रिरत्न, परिणायकरत्न। (जग्गय्यपेट्ट के स्तूप से)।

फलक ७

चित्र ३० (पृ० ५७)—भैरवाचार्य की झोली।

फलक ८

चित्र ३३ (पृ० ६२)—स्तम्भ शालभंजिकाओं के विविध रूप।

फलक ९

चित्र ३६ (पृ० ६२)—पहले चित्र में आलिंग्यक, दूसरे में अंक्य और तीसरे में ऊर्ध्वक नामक तीन प्रकार के मृदंग (पहला औंध कृत अजन्ता, फलक ७५; दूसरा-तीसरा पद्मावती-पवाया का शिलापट्ट, ग्वालियर संग्रहालय)।

चित्र ३७ (पृ० ६७)—तंत्रीपटहिका जो डोरी से गले में लटकाकर बजाई जाती थी। कोटा के दरा नामक स्थान में गुप्तकालीन शिव-मंदिर के वास्तुखंड पर उत्कीर्ण मूर्ति से (उत्तरप्रदेश इतिहास-परिषद् की पत्रिका, १९५०, पृ० १९६, पर चित्र है)।

चित्र ३८ (पृ० ६७)—पदहंसक नूपुर या मुड़े हुए बांक कड़े।

चित्र ३९ (पृ० ६८)—कंधों के दोनों ओर फहराते हुए उत्तरीय छोर (मथुरा स्मिथ, का जैन स्तूप, फलक १९)।

चित्र ४० (पृ० ६८)—बच्चे के गले में बघनख का कठुला (भारत-कलाभवन, काशी में गोवर्धनधारी कृष्ण की गुप्तकालीन मूर्ति से)।

फलक १०

चित्र ४१ (पृ० ६८)—बच्चों का काक-पक्ष केश-विन्यास।

चित्र ४२ (पृ० ६८)—हरिहर-मूर्ति का मस्तक। दाहिने आधे भाग में शिव का जटा-जूट और वामार्ध में विष्णु का किरीट अंकित है। (मथुरा से प्राप्त हरिहर-मस्तक, गुप्तकाल, मथुरा-संग्रहालय, सं० १३३६; उत्तरप्रदेश इतिहासपरिषद् की पत्रिका, १९३२, फलक १८)।

चित्र ४४ (पृ० ७१)—गुप्तकालीन मकरमुखी टोंटी। (भारत कलाभवन में सुरक्षित)।

चित्र ४५ (पृ० ७४)—बाँधनू की रंगाई से तैयार की गई भाँत-भतीली चूनड़ी।

चित्र ४६ (पृ० ७५)—टेढी चाल के ठप्पों की छपाई से युक्त उत्तरीय। अजन्ता के चित्र से लिया गया। इसमें हंस की आकृति के ठप्पों का हंस-दुकूल दिखाया गया है। बाण ने पल्लव या फूल-पत्तियोंवाली छपाई (कुटिलक्रम-रूप-क्रियमाणपल्लवपरभाग) का वर्णन किया है।

चित्र ४७ (पृ० ७६)—भंगुर उतरीय या भाँजा हुआ चुन्नटदार दोपट्टा, जो गोलिया कर तहाया जाता था और बेंत की करंडी में रक्खा जाता था। अहिच्छत्रा के गुप्तकालीन शिवमंदिर से प्राप्त मिट्टी की मूर्ति (सं०३०२) के परिधान को देखने से ही बाण का 'भंगुर उत्तरीय' पद स्पष्ट समझ में आता है।

फलक ११

चित्र ४३ (पृ० ६९)—कटिप्रदेश जिसके पार्श्वभाग मानों खराद पर चढ़ाकर तराशे गए हैं (उल्लिखित पार्श्व से युक्त पतला और गोल मध्य भाग)। मथुरा से प्राप्त गुप्तकालीन विष्णुमूर्ति (ई० ६)। इसके मस्तक में बीच में पत्रभंग-मकरिका, नीचे पद्मराग मणि और ऊपर शेखर में मुक्तामाल का उद्गिरण करते हुए सिंहमुख आभूषण है (दे०चित्र २), गले में आमलकफलानुकारि मुक्ताफल की एकावली और नीचे छोटे मोतियों का अर्धहार, कंधे पर कनक यज्ञ सूत्र, भुजाओं पर केयूर, वैजयन्ती माला, कटिप्रदेश में तरंगित अधोवस्त्र के ऊपर कसा हुआ गोल नेत्रसूत्र या पटका है जिसका बाण ने हर्ष की वेश-भूषा में उल्लेख किया है (पृ०४६)। मूर्ति के कटिप्रदेश के दोनों पार्श्वभाग

छँटे हुए हैं, शरीर की अंगलेट मानों खराद पर तराशी गई है। गुप्तकालीन मूर्तियों के ऊर्ध्वकाय या बदामा भाग की यह विशेषता कुषाणकालीन मूर्तियों से अलग पहचानी जाती है।

फलक १२

चित्र ४८ (पृ०८०)—मोतियों के झुग्गों से खचित स्तवरक नामक ईरानी वस्त्र। अहिच्छत्रा से प्राप्त सूर्य मूर्ति (सं० १०२) का कोट और नर्तकी-मूर्ति (सं० २८६) का घाघरा इसी वस्त्र के बने हैं (अहिच्छत्रा की मृण्मय मूर्तियां, रेखाचित्र १६-१७)।

चित्र ४९ (पृ०८५—वर-वधू के चतुर्थी कर्म के लिए सम्पादित वासगृह, चादर से ढका हुआ पलंग, सिरहाने तकिया, गोल दर्पण, पार्श्व में कांचन आचामरुक (आचमनचरुक) और भृंगार (अजन्ता चित्र; औंध कृत अजन्ता फलक ५७)

फलक १३

चित्र ५० (पृ० ८६)—जालगवाक्षों (झरोखों से झाँकते हुए स्त्री मुख। गुप्तकालीन वास्तुकला।

चित्र ५१ (पृ० ९१)—धवलगृह के भीतर त्रिगुण तिरस्करिणी (तिहरी कनात से) तिरोहित वीथी में बैठे हुए राजा और रानी। अजन्ता के चित्र से (औंध-कृत, अजन्ता, फलक ६७)। पहली छोटी तिरस्करिणी राजा के ठीक पीछे डोरी पर लटकी है; दूसरी उसके पीछे खम्भों के भीतर उससे ऊँची है; और तीसरी खम्भों से बाहर है। अजन्ता के इस चित्र से ही धवलगृह के अन्तर्गत त्रिगुण तिरस्करिणी से तिरोहित सुवीथी का बाणकृत वर्णन स्पष्ट होता है। देखिए धवलगृह के चित्र में चतुःशाल के सामने पथ और बीच में सुवीथियाँ। पथ और वीथियों के बीच में कनात का पर्दा लगाया जाता था। पथ में लोगों के आने जाने का मार्ग था, किन्तु सुवीथी में राजाज्ञा से ही प्रवेश सम्भव था।

फलक १४

चित्र ५१ अ (पृ० ९१)—धवलगृह के भीतर वीथी में प्रवेश करने के लिये पक्षद्वार। अजन्ता के चित्र से (औंधकृत अजन्ता, फलक ७७)

चित्र५२ (पृ० ९६)—तरंगित उत्तरीयांशुक (लहरिया दुपट्टा) देवगढ़ गुप्तकालीन मंदिर की मूर्ति से सांतवी शती में और उसके बाद की मूर्तियों के परिधान की यह विशेषता थी।

चित्र ५३ (पृ० ९६)—धम्मिल केशरचना या बालों को समेटकर एक साथ बाँधा हुआ जूड़ा। यह केशविन्यास दक्षिणभारत (तमिल-द्रमिल-धम्मिल) से लगभग गुप्त-काल में उत्तर में आया। अजन्ता चित्र से (औंध-कृत अजन्ता, फलक ६९)।

फलक १५

चित्र ५४ (पृ० ९७)—पताका लगी हुई प्रास-यष्टि लिए हुए राजपूत अश्वारोही। मध्य-

कालीन राजपूत मुद्रा से ।

चित्र ५५ (पृ० ६६)—चाँदी का हंसाकृति पात्र (राजत-राजहंस) । तक्षशिला की खुदाई में प्राप्त ।

चित्र ५६ (पृ० ६६) —इस बुद्ध मूर्ति में गुप्तकालीन मग्नांशुक पट (शरीर से सटी हुई झीनी चादर और उसके अन्त भाग में छाती पर पतली डोरी (तनु लेखा) स्पष्ट दिखाई देती है । मूर्तियों में प्राप्त इन विशेषताओं से ही बाण के 'मग्नांशुक पटान्ततनु ताम्रलेखालाञ्छित लावण्य' पद का अर्थ स्पष्ट होता है ।

चित्र ५७ (पृ० १०२)—कुब्जिका (अष्टवर्षा) परिचारिका । मथुरा-महोली से प्राप्त 'मधुपान' दृश्य में अंकित घूर्णित स्त्री और उसकी कुब्जिका (मथुरा संग्रहालय की परिचय पुस्तिका, फलक ११) ।

फलक १६

चित्र ५६ (पृ० १२०)—अष्टमंगलकमाला । मथुरा से प्राप्त जैन आयागपट्ट से । शेष दो मंगलकमालाएँ सांची स्तूप के स्तम्भ पर अंकित हैं (मार्शलकृत सांची महास्तूप, भाग २, फलक ३७) ।

फलक १७

चित्र ५८ (पृ० ११७)—शशांक की स्वर्णमुद्रा । शिव और नन्दी, एवं शशांक मंडल की आकृति से अंकित (सी० जे० ब्राउन, क्वाइन्स ऑफ इंडिया, फलक ५, मुद्रा १२) ।

चित्र ६० (पृ १२१)—गजमस्तक से अलंकृत भुजाली का कोश । अजन्ता गुफा में चित्रित मारधर्षण चित्र से (ओंधकृत अजन्ता, फलक ३१, और ७६) ।

चित्र ६१ (पृ० १२६)—हाथ में डंडा लिए हुए प्यादा । अहिच्छत्रा से प्राप्त मिट्टी की मूर्ति सं० १९३) ।

चित्र ६२ (पृ० १३०)—कर्पटी नामक हस्ति-परिचारक जिनके मस्तक पर प्रभुप्रसाद के प्राप्त चीरा या फीता (पटच्चरकर्पट) बँधा हुआ होता था । ओंधकृत अजन्ता, फलक ३७) ।

चित्र ६३ (पृ० १३४)—कोटवी-संज्ञक नंगी स्त्री । अहिच्छत्रा से प्राप्त मिट्टी की मूर्ति (सं० २०३-२०४) ।

चित्र ६४ (पृ० १३६)—भद्रासन । (ओंधकृत अजन्ता, फलक ४१)

फलक १८

चित्र ६५ (पृ० १३८)—हर्ष की वृषांकित मुद्रा, सोनीपत से प्राप्त (फ्लीट सम्पादित गुप्त-अभिलेख, फलक ३२ बी०) ।

चित्र ६६ (पृ० १४३)—घोड़ों की सजावट के लिये लवणकलायी नामक आभूषण । अमरावती स्तूप के शिलापट्ट से ।

चित्र ६७ (पृ० १४७, १८६)—भस्त्राभरण (धौंकनी की तरह चौड़े मुँह का शकदेशीय तरकश; अर्ली एम्पायर्स ऑफ सेन्ट्रल एशिया, पृ० १३९) ।

छँटे हुए हैं, शरीर की अंगलेट मानों खराद पर तराशी गई है। गुप्तकालीन मूर्तियों के ऊर्ध्वकाय या बदामा भाग की यह विशेषता कुषाणकालीन मूर्तियों से अलग पहचानी जाती है।

फलक १२

चित्र ४८ (पृ०८०)—मोतियों के झुग्गों से खचित स्तवरक नामक ईरानी वस्त्र। अहिच्छत्रा से प्राप्त सूर्य मूर्ति (सं० १०२) का कोट और नर्तकी-मूर्ति (सं० २८६) का घाघरा इसी वस्त्र के बने हैं (अहिच्छत्रा की मृण्मय मूर्तियां, रेखाचित्र १६-१७)।

चित्र ४९ (पृ०८५—वर वधू के चतुर्थी कर्म के लिए सम्पादित वासगृह, चादर से ढका हुआ पलंग, सिरहाने तकिया, गोल दर्पण, पार्श्व में कांचन आचामरुक (आचमनचरुक) और भृंगार (अजन्ता चित्र; औंध कृत अजन्ता फलक ५७)

फलक १३

चित्र ५० (पृ० ८६)—जालगवाक्षों (झरोखों से झाँकते हुए स्त्री मुख। गुप्तकालीन वास्तुकला।

चित्र ५१ (पृ० ९१)—धवलगृह के भीतर त्रिगुण तिरस्करिणी (तिहरी कनात से) तिरोहित वीथी में बैठे हुए राजा और रानी। अजन्ता के चित्र से (औंध-कृत, अजन्ता, फलक ६७)। पहली छोटी तिरस्करिणी राजा के ठीक पीछे डोरी पर लटकी है; दूसरी उसके पीछे खम्भों के भीतर उससे उँची है; और तीसरी खम्भों से बाहर है। अजन्ता के इस चित्र से ही धवलगृह के अन्तर्गत त्रिगुण तिरस्करिणी से तिरोहित सुवीथी का बाणकृत वर्णन स्पष्ट होता है। देखिए धवलगृह के चित्र मे चतुःशाल के सामने पथ और बीच मे सुवीथियाँ। पथ और वीथियों के बीच में कनात का पर्दा लगाया जाता था। पथ में लोगों के आने जाने का मार्ग था, किन्तु सुवीथी मे राजाज्ञा से ही प्रवेश सम्भव था।

फलक १४

चित्र ५१ अ (पृ० ९१)—धवलगृह के भीतर वीथी में प्रवेश करने के लिये पक्षद्वार। अजन्ता के चित्र से (औंधकृत अजन्ता, फलक ७७)

चित्र५२ (पृ० ९६)—तरंगित उत्तरीयांशुक (लहरिया दुपट्टा) देवगढ़ गुप्तकालीन मंदिर की मूर्ति से सातवी शती में और उसके बाद की मूर्तियों के परिधान की यह विशेषता थी।

चित्र ५३ (पृ० ९६)—धम्मिल केशरचना या बालों को समेटकर एक साथ बाँधा हुआ जूड़ा। यह केशविन्यास दक्षिणभारत (तमिल-द्रमिल-धम्मिल) से लगभग गुप्त-काल में उत्तर में आया। अजन्ता चित्र से (औंध-कृत अजन्ता, फलक ६९)।

फलक १५

चित्र ५४ (पृ० ९७)—पताका लगी हुई प्राम-यष्टि लिए हुए राजपूत अश्वारोही। मध्य-

कालीन राजपूत मुद्रा से।

चित्र ५५ (पृ० ६६)—चाँदी का हंसाकृति पात्र (राजत-राजहंस)। तक्षशिला की खुदाई में प्राप्त।

चित्र ५६ (पृ०६६)—इस बुद्ध मूर्ति में गुप्तकालीन मग्नांशुक पट (शरीर से सटी हुई भीनी चादर और उसके अन्त भाग में छाती पर पतली डोरी (तनु लेखा) स्पष्ट दिखाई देती है। मूर्तियों में प्राप्त इन विशेषताओं से ही बाण के 'मग्नांशुक पटान्ततनु ताम्र लेखालाञ्छित लावण्य' पद का अर्थ स्पष्ट होता है।

चित्र ५७ (पृ० १०२)—कुब्जिका (अष्टवर्षा) परिचारिका। मथुरा-महोली से प्राप्त 'मधुपान' दृश्य में अंकित घूर्णित स्त्री और उसकी कुब्जिका (मथुरा संग्रहालय की परिचय पुस्तिका, फलक ११)।

फलक १६

चित्र ५६ (पृ० १२०)—अष्टमंगलकमाला। मथुरा से प्राप्त जैन आयागपट्ट से। शेष दो मंगलकमालाएँ सांची स्तूप के स्तम्भ पर अंकित हैं (मार्शलकृत सांची महास्तूप, भाग २, फलक ३७)।

फलक १७

चित्र ५८ (पृ० ११७)—शशांक की स्वर्णमुद्रा। शिव और नन्दी, एवं शशांक मंडल की आकृति से अंकित (सी० जे० ब्राउन, क्वाइन्स ऑफ इंडिया, फलक ५, मुद्रा १२)।

चित्र ६० (पृ १२१)—गजमस्तक से अलंकृत भुजाली का कोश। अजन्ता गुफा में चित्रित मारधर्षण चित्र से (ओंधकृत अजन्ता, फलक ३१, और ७६)।

चित्र ६१ (पृ० १२६)—हाथ में डंडा लिए हुए प्यादा। अहिच्छत्रा से प्राप्त मिट्टी की मूर्ति सं० १९३)।

चित्र ६२ (पृ० १३०)—कर्पटी नामक हस्ति-परिचारक जिनके मस्तक पर प्रभुप्रसाद के प्राप्त चीरा या फीता (पटच्चरकर्पट) बँधा हुआ होता था। ओंधकृत अजन्ता, फलक ३७)।

चित्र ६३ (पृ० १३४)—कोटवी-संज्ञक नंगी स्त्री। अहिच्छत्रा से प्राप्त मिट्टी की मूर्ति (सं० २०३-२०४)।

चित्र ६४ (पृ० १३६)—भद्रासन। (ओंधकृत अजन्ता, फलक ४१)

फलक १८

चित्र ६५ (पृ० १३८)—हर्ष की वृषांकित मुद्रा, सोनीपत से प्राप्त (फ्लीट सम्पादित गुप्त-अभिलेख, फलक ३२ बी०)।

चित्र ६६ (पृ० १४३)—घोड़ों की सजावट के लिये लवणकलायी नामक आभूषण। अमरावती स्तूप के शिलापट्ट से।

चित्र ६७ (पृ० १४७, १८६)—भस्त्राभरण (धौंकनी की तरह चौड़े मुँह का शकदेशीय तरकश; अर्ली एम्पायर्स ऑफ सेन्ट्रल एशिया, पृ० १३९)।

चित्र ६८ (पृ० १४८)—घोड़े की काठी में आगे की ओर लगे हुए लकड़ी के दो डंडे या नले। (औंधकृत अजन्ता, फलक ३५, गुफा १७ विश्वन्तर जातक के दृश्य से)।

फलक १९

चित्र ६९ (पृ० १४८)—स्वस्थान (तंग मोहरी का पाजामा)। देवगढ़ की मूर्ति से।

चित्र ७० (पृ० १४९)—पिंगा (चौड़ी मोहरी की पिंडलियों तक लम्बी सलवार। अहिच्छत्रा से प्राप्त मिट्टी की मूर्ति सं० २५२)।

चित्र ७१ (पृ० १५०)—सतुला (चौड़ी मोहरी का धारीदार घुटन्ना। अजन्ता गुफा १७ से। पुरुष और स्त्री दोनों रंगीन नीली पट्टियों की सतुला पहने हैं। औंधकृत अजन्ता, फलक ६८, पुरुष-मूर्ति; फलक ७३। स्त्री-मूर्ति) रंगीन फलक, २४

चित्र ७२ (पृ० १५०)—कंचुक। नीले रंग का कंचुक पहने स्त्री परिचारिका, अजन्ता गुफा १ (औंधकृत अजन्ता, फलक २६)। श्वेत रंग का कंचुकपहने स्त्री-परिचारिका, अजन्ता गुफा १७ (औंधकृत अजन्ता, फलक ६७)। रंगीन फलक २४।

चित्र ७३ (पृ० १५१)—वारबाण (घुटनों तक नीचा ईरानी कोट। मथुरा से प्राप्त की मूर्ति (मथुरा संग्रहालय सं० १२५६)।

चित्र ७४ (पृ० १५२)—चीनचोलक; चीन देश का लम्बा चोगा, धुराधुर खुले गले का (कनिष्क की मूर्ति से); तिकोनिया गले का (मथुरा से प्राप्त चष्टन की मूर्ति से)।

फलक २०

चित्र ७५ (पृ० १५३)—कूर्पासक (कोहनी तक आधी बांह की, विना बांह की, और पूरी बांह की फतुई)। विना बांह की (अजन्ता गुफा १७, यशोधरा का चित्र, औंधकृत अजन्ता फलक ७२), आधी बांह की (अजन्ता गुफा १७, औंध० फलक ५७), पूरी बांह की (अजन्ता गुफा १, औंध० फलक ७५, ईरानी नर्तकी)।

चित्र ७६ (पृ० १५३)—आच्छादनक (कधों पर छोटी हल्की चादर, सामने छाती पर गठियाई हुई)। मथुरा से प्राप्त पिंगल मूर्ति (सं० ५१३) से; और अजन्ता गुफा १७ में लाजवर्दी रंग का धारीदार आच्छादनक ओढ़े हुए सासानी सैनिक (औंधकृत अजन्ता, फलक ३३)।

चित्र ७७ (पृ० १५४)—बालपाश या केशों को यथास्थान रखने के लिये सिर पर बांधने का सोने का पात नामक आभूषण। अजन्ता गुफा १ में नागराज-द्रविडराज (औंधकृत अजन्ता, फलक ३३)।

चित्र ७८ (पृ० १५५)—पत्रांकुर का कर्णपूर या झूम का कुंडल और कर्णोत्पल (औंधकृत अजन्ता, फलक ३३)।

चित्र ७९ (पृ० ११५)—खोल या कुलह संज्ञक ईरानी टोपी। अजन्ता गुफा १, नागराज-द्रविडराज-दृश्य में ईरानी परिचारक (औंधकृत अजन्ता, फलक ३३)।

चित्र ८० (पृ० १५५)—केसरिया रंग के उत्तरीय से आच्छादित सिर, चीनी वेष-भूषा (रंगीन फलक २४)।

फलक २१

चित्र ८१ (पृ० १५६)—मोर के पंखों की भाँति का शेखर। अहिच्छत्रा से प्राप्त मिट्टी की मूर्तियाँ सं० २२३, २२७।

चित्र ८२ (पृ० १५७)—कार्दरंग देश के चमड़े की बनी हुई ढालें, छोटा चारियों के घेरे से सुशोभित। अहिच्छत्रा मृण्मयमूर्ति सं०१२३; देवगढ़ के मंदिर से प्राप्त मूर्ति पर ढाल की चौरिया अपेक्षाकृत बड़ी हैं।

चित्र ८३ (पृ० १५८)—महाहार (दोनों कन्धो पर फैला हुआ बड़ा हार)। अजन्ता गुफा १ में वज्रपाणि बोधिसत्त्व के चित्र में (औंध कृत अजन्ता, फलक ७८)।

चित्र ८४ (पृ० १६१)—वंठ (हाथी से लड़नेवाले पट्ठे)। अहिच्छत्रा से प्राप्त मिट्टी की मूर्ति, सं० २६१।

फलक २२

चित्र ८५ (पृ० १६७)—राजछत्र, मोतियों के बने हुए जाले का परिसर; चौरियों की किनारी और पंख फैलाए हुए हंस के अलंकरण से युक्त। औंधकृत अजन्ता, फलक ७९ में छत्र के नीचे मौक्तिक जाल परिसर लगा हुआ है और किनारे पर छोटी चौरियों की गोट है।

चित्र ८६ (पृ० १७७)—शोकपट। मथुरा संग्रहालय में सुरक्षित बुद्ध के परिनिर्वाण दृश्य से।

चित्र ८७ (पृ० १८०)—कंटकित कर्करी (कटहल के फल जैसी छोटी गगरी, जिसकी जिल्द पर छोटे काँटे हैं) बिना पत्तों की, अहिच्छत्रा की खुदाई में प्राप्त। पत्तों से ढकी हुई (इसके लिये मैं अपने मित्र श्री ब्रजवासीलालजी सुप्रिण्टेण्डेण्ट पुरातत्त्व-विभाग का अनुगृहीत हूँ)।

फलक २३

चित्र ८८ (पृ० १८२)—वोटकुट (बोट नामक अमृतबान) अजन्ता गुफा १ के चित्र से (औंधकृत अजन्ता, फलक ३९)।

चित्र ८९ (पृ० १८४)—गंडकुसूल (मिट्टी की गोल चकरियों को ऊपर नीचे जमाकर बना हुआ कुठिला या डेहरी। खैरागढ़ जिला बलिया के प्राचीन ढूह से (इस चित्र के लिये मैं सारनाथ संग्रहालय के क्यूरेटर श्री अद्रीश बनर्जी का कृतज्ञ हूँ।

चित्र ९० (पृ० १८६)—शबर युवक का मस्तक अजन्ता, गुफा १ में द्रविडराजनागराज चित्र से।

चित्र ९१ (पृ० १९०)—चैत्य (स्तूप) मूर्तियों से अंकित पकाई मिट्टी की लाल मुहरें (पाटलमुद्राचैत्यक मूर्ति)। भारतकला-भवन-संग्रह से।

चित्र ९२ (पृ० १९८)—मोतियों की एकावली माला जिसके बीच में नीलम की गुरिया है (रंगीन फलक २४)।

फलक २४

रंगीन चित्र ७१ (सतुला); चित्र ७२ (कंचुक); चित्र ८० केसरिया शिरोवस्त्र; चित्र ९२ (एकावली)।

फलक २५

हर्ष का स्कन्धावार (सैनिक छावनी)

फलक २६

हर्ष का राजकुल

फलक २७

धवलगृह का भूमितल—चतुःशाल या संजवन, एवं सुवीथियों का चित्रण ।

फलक २८

धवलगृह का ऊपरी तल—प्रग्रीवक, चन्द्रशाला और प्रासाद-कुक्षियां ।

भूमिका

ये व्याख्यान बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद् के आयोजन में १३–१७ मार्च १९५१ को दिए गए थे। इनमें सांस्कृतिक सामग्री की दृष्टि से बाण के हर्षचरित का अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

बाण के साथ मेरा प्रथम परिचय १९२० के लगभग हुआ। उनकी 'कादम्बरी' के अनेक गुणों से मेरा मन आकृष्ट हुआ। पीछे 'हर्षचरित' से भी परिचय हुआ। पर इन ग्रन्थों के बाहरी रूप से आकृष्ट हुए पाठक को शीघ्र ही इनकी भाषा के वज्रमय ठाठ से भी निपटना आवश्यक हो जाता है। अतएव मन के एक कोने में यह अभिलाषा पड़ी रही कि कभी अनुकूल अवसर मिलने पर डूबकर इन ग्रन्थों का अध्ययन करूँगा। सौभाग्य से वह चिर-प्रतीक्षित अवसर मुझे मिला जब बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद् की ओर से उसके कर्मण्य मन्त्री ने पटना व्याख्यानों के लिये मुझे आमन्त्रित किया। मैंने बाण को अपने व्याख्यानों के लिये चुना और शीघ्र ही हिरण्यबाहु शोण की कछारभूमि के कल्पनाशील, मेधावी, पैनी आँखवाले, हँसतामुखी उस महान् पृथिवीपुत्र का चित्र मेरे साहित्यिक मानसलोक में भर गया। अजन्ता के एकाश्मक लयन-मण्डपों में लिखे चित्र अपने समकालीन भारत का जो समृद्ध रूप प्रस्तुत करते हैं, उससे कम रूप-सम्पत्ति शब्द और अर्थ के द्वारा बाण में नहीं है। बाण के ग्रन्थ भारतीय जीवन के चलचित्र हैं। राजाओं के अन्तःपुर, बाह्यास्थान-मंडप (दरबार-आम), भुक्तास्थानमण्डप (दरबार खास), स्कन्धावार (छावनी), सैनिक-प्रयाण आदि से लेकर विन्ध्याटवी के जंगली गाँवों में रहनेवाले किसानों और आश्रमों के दिवाकरमित्र जैसे ज्ञान-साधकों के अनेक सूक्ष्म चित्र बाण ने खींचे हैं जिनकी सूची पृ० ९–१२ पर दी गई है। इन चित्रों के सम्पूर्ण अर्थ को समझने के लिये हमें अपने मन को पुनः उसी युग में ले जाना होगा जहाँ बाण के अनेक शब्दों का अर्थ जो आज धुँधला हो गया है, निश्चित और सुस्पष्ट था। उन चित्रों की प्रत्येक रेखा विशेष-विशेष भाव की अभिव्यक्ति के लिये खींची गई थी। इस दृष्टिकोण के प्राप्त हो जाने पर कवि के लंबे वर्णनों से ठिठकने के स्थान में हम उन्हें अर्थाकर पूरा रस लेना चाहेंगे। यही बाण को समझने का यथार्थ दृष्टिकोण है।

बाण के समग्र अध्ययन के लिये निम्नलिखित कार्य पूरा करना आवश्यक ज्ञात होता है—

१. कादम्बरी का प्रामाणिक संस्करण जिसमें हस्तलिखित प्रतियों और प्राचीन टीकाओं की सहायता से पाठ का संशोधन किया गया हो।

२. कादम्बरी का हिंदी-भाष्य जिसमें पूर्व टीकाओं की छानबीन करके श्लेषों में छिपे हुए अर्थों को प्रकट किया जाय।

३. हर्षचरित का संख्या १ की भाँति तैयार किया गया प्रामाणिक संस्करण। इस विषय में काश्मीरी प्रतियों की सहायता से फ्यूहरर का संस्करण अच्छा है, पर प्रामाणिक और सुरुचि-सम्पन्न मुद्रण के साथ नया संस्करण तैयार करने की आवश्यकता है। ऐसे संस्करण में उच्छ्वासों को अलग-अलग अनुच्छेदों (पैराग्राफ) में बाँटकर अंक और उपयुक्त पृष्ठ-शीर्षक देना उचित होगा जिससे ग्रन्थ का अभ्यास और उद्धरण देना सरल हो जाय।

४. हर्षचरित की विस्तृत टीका जिसमें शब्दों के श्लिष्ट अर्थ और पाठभेदों का विचार किया जाय।

५. कादम्बरी और हर्षचरित का सम्मिलित शब्दकोश जो बाण की शब्दानुक्रमणी (इंडेक्स वरबोरम) का काम दे। इस प्रकार का कोश संस्कृत-शब्दावली के विकास का अध्ययन करने में सहायक होगा।

६. हर्षचरित और कादम्बरी के आधार पर बाण की सम्मिलित सांस्कृतिक सामग्री का ऐतिहासिक विवेचन। इस प्रकार का कुछ कार्य हर्ष-चरित के लिये प्रस्तुत पुस्तक में किया गया है। पर पूरे कार्य को एक विशिष्ट पुस्तक का ही विषय बनाना उचित है।

७. बाण का साहित्यिक अध्ययन जिसमें उनकी उपमाओं, उत्प्रेक्षाओं और वर्णनों की नवीनता का तुलनात्मक विवेचन किया जाय। भारतीय प्रकृति के पट-परिवर्तन में बाण ने कितने प्रकार के रंगों को अपने शब्दों में उतारा है—अकेले इसका विचार भी कम रोचक न होगा। जब वे शीत ऋतु की प्रातःकालीन धूप की उपमा चमचम करते फूल के बर्तनों से, अथवा हर्ष के द्वारा पिता के लिये दिए हुए प्रेत-पिण्डों के रंग की उपमा मोम के गोलों से, अथवा प्रभाकरवर्द्धन की चिता के फूलों की उपमा चिरौंटे के गले के रंग से देते हैं, तो ऐसा लगता है कि जानी-पहचानी वस्तुओं के निरीक्षण और वर्णन में वे कोई नया अध्याय जोड़ रहे हैं। विष्णु और शिव की कितनी लीलाओं का उन्होंने प्रसंगवश उल्लेख किया है, इसकी सूची पुराणों की लीलाओं के विकास को समझने में सहायक होगी। वृक्षों और पुष्पों के सम्बन्ध में बाण की सामग्री भारतीय वनस्पति-जगत् का समृद्ध चित्र ही माना जा सकता है। मानवी सौन्दर्य का वर्णन और तद्वाची शब्दों की विकसित सामग्री का परिचय बाण और कालिदास के तुलनात्मक अध्ययन से ही सामने आ सकेगा। सर्वांगपूर्ण साहित्यिक अध्ययन के अन्तर्गत इस प्रकार के और भी दृष्टिकोण हो सकते हैं।

मेरा पहले विचार था कि ऊपर अंक छः में निर्दिष्ट कादम्बरी और हर्षचरित की पूरी सांस्कृतिक सामग्री का ऐतिहासिक विवेचन तैयार करूँगा। किन्तु शीघ्र ही मुझे प्रतीत हुआ कि इस प्रकार के पुष्कल कार्य के लिये पहले दोनों ग्रन्थों का पृथक्-पृथक् अध्ययन आवश्यक है। अतएव हर्षचरितक की सांस्कृतिक टीका के रूप में ही इस कार्य को सीमित किया गया। बाण के भावी अध्ययन के लिये मेरा यह प्रयत्न भूमि निराने के समान ही है। विचार है कि कादम्बरी के विषय में भी इस प्रकार की सांस्कृतिक टीका पूरी हो। तभी दोनों ग्रन्थों की सम्पूर्ण सांस्कृतिक सामग्री का एक साथ विवेचन सम्भव होगा। बाणकालीन संस्कृति के विविध अंगों का पूरा चित्र भी इसी प्रकार के अध्ययन से प्राप्त होगा। उदाहरण के लिये वेषभूषा को लें। क्षौम और अंशुक में क्या अन्तर था? अंशुक कितने प्रकार के होते थे? इन प्रश्नों के उत्तर अत्यन्त रोचक हैं। जैसे, रंगों की दृष्टि से नीलांशुक की जाली मुँह पर डाली जाती थी (३२), नीलांशुक की चादर (प्रच्छद-पट) पलंग पर ढकने के काम आती थी (का० १८६), पाटल पट्टांशुक अनुमरण करनेवाली सती का मंगल-चिह्न माना जाता था (१६५), मन्दाकिनी के प्रवाह की भाँति सितांशुक व्रत पालनेवाली स्त्रियों का वेष था (६०), इन्द्रायुधजालवर्णांशुक (सतरंगी इन्द्रधनुष की छटावाला वस्त्र) उस समय (का० १७६) श्रेष्ठ माना जाता था जो बहुधा अजन्ता के चित्रों में मिलता है जिसमें कई रंगों की पट्टियाँ डाल-

कर रँगाई की जाती थी, रक्तांशुक जिसका शिरोवगुंठन मालती और चण्डाल-कन्या के वेष में कहा गया है, वर्णांशुक के उदाहरण हैं। और भी कुचांशुक (११७), मुक्तांशुक (मोतियों का बना हुआ अंशुक; २४२), बिसतन्तुमय अंशुक (१०), सूक्ष्म-विमल-अंशुक (६), मग्नांशुक शरीर से सटकर 'डूबा हुआ' सूक्ष्म रेशमी अंशुक, सुकुमार चीनांशुक (३६), तरंगित उत्तरीयांशुक (१६३), आदि विभिन्न प्रकार के अंशुकों का अध्ययन उत्तर-गुप्त-कालीन संस्कृति का उज्ज्वल चित्र प्रस्तुत करता है। इसी प्रकार पुरुषों की वेष-भूषा, स्त्री-पुरुषों के आभूषण आदि के कितने ही अध्ययनों की सामग्री बाण के ग्रन्थों में विद्यमान है। आशा है, इन व्याख्यानों से उस प्रकार के विवेचन की कुछ आँख पाठकों को प्राप्त होगी। सांस्कृतिक सामग्री की दृष्टि से भारतीय साहित्य का अध्ययन अभी बहुत-कुछ करना शेष है। अश्वघोष से श्रीहर्ष तक के एक सहस्र वर्षों का भारतीय सांस्कृतिक जीवन का अतिसमृद्ध चित्र संस्कृत के काव्य, नाटक, चम्पू और कथा-साहित्य से प्राप्त किया जा सकता है। यह ऐसी सामग्री है जो किसी शिलालेख या ताम्रपत्र में तो नहीं लिखी, पर शताब्दियों से हमारे सामने रही है। उसके पूरे संकेत और अर्थ को अब समझना उचित है। भारतीय इतिहास के चित्र में पूरा रंग भरने के लिये यह आवश्यक कर्तव्य है।

बाण के अप्रज्ञात और अस्फुट अर्थों को समझने में भारतीय कला की उपलब्ध सामग्री से अत्यधिक सहायता मिली है। यदि यह सामग्री सुलभ न होती तो बाण के कितने ही अर्थों को ठीक प्रकार से समझना कठिन होता। उदाहरण के लिये, 'दिङ्नागकुम्भकूट-विकटबाहुशिखर (पृ० १२०-१२१) का अर्थ उलझा हुआ था; अन्त में अजन्ता गुफा के 'मार-धर्षण' चित्र में हाथी के मस्तक से अलंकृत 'भुजाली' के मिल जाने से ही अर्थ ठीक-ठीक लग सका। बाहु शब्द का यह अर्थ किसी कोश में नहीं दिया गया, पर बाण के समय में अवश्य प्रयुक्त होता था। इसी प्रकार पृ० ६८-१०२ तक 'मग्नांशुकपटान्तनुताग्रलेखा' आदि १७ शब्दों के समास का अर्थ समझने में भी देर तक जूझना पड़ा और अन्त में तक्षशिला से प्राप्त हंसाकृति चाँदी के पात्र (राजत-राजहंस) की जानकारी से ही बाण के अर्थ के विषय में मैं आश्वस्त हो सका। इसका कारण स्पष्ट है। बाण ने समकालीन जीवन से अपने वर्णन लिए हैं। शिल्पी और चित्रकारों ने उसी जीवन को कला में स्थायी कर दिया है। अजन्ता की जिन शिल्पकृतियों और चित्रों को हम आज देख रहे हैं उन्हें ही कालिदास और बाण ने भी देखा था। काव्य और कला दोनों जीवन के समान सत्य से समृद्ध बनी है। वे एक दूसरे की व्याख्या करती हैं। मैं समझता हूँ, इस दृष्टि से भी भविष्य में भारतीय साहित्य का अध्ययन होना उचित है।

हर्षचरित के कई स्थल ऐसे हैं जो पहली बार ही यहाँ स्पष्ट मिलेंगे। मेरे सामने सदा यह प्रश्न टकराता था कि शब्द के बाहरी आडम्बर से ऊपर बाण ने वास्तविक जीवन की कौन-सी बात कही है? शब्द तो ठीक हैं, पर बात क्या हुई, जबतक इसका स्पष्टीकरण न हो तबतक सन्तोष नहीं माना जा सकता। उदाहरण के लिये सैनिक प्रयाण के ७७ समासोंवाले लंबे वर्णन का अध्ययन करते हुए यह प्रश्न हुआ कि यह वर्णन क्रमबद्ध है या मनमाने ढंग से है। पहली बात ही ठीक ज्ञात हुई, और इस दृष्टिकोण से छावनी में अति सवेरे ३ बजे बाजे बजने से लेकर क्रम-क्रम से होनेवाली सैनिक तैयारी का चित्र स्पष्ट होने लगा। इसी क्रम पर 'व्यवहारिन्' पद का अर्थ लग सका। कर्णे और कावेल ने 'व्यापारी'

या 'सरकारी अधिकारी' अर्थ किया है, पर सोती हुई सेना में सबसे पहले व्यापारियों के पहुँचने की बात जमती नहीं। इसीसे 'व्यवहारिन्' का 'बुहारी लगानेवाला' यह कोश-सम्मत अर्थ हाथ लगा। प्रकरण-संगति या वजन के आधार पर ही पृ० १४२ पर कीमती सवारियों के वर्णन में 'कुप्रयुक्त' (=गुंडे) इस शब्द को अपपाठ मानते हुए उसके स्थान पर '*कुप्ययुक्त' (=पीतल की जड़ाऊ, बहली आदि) इस बुद्धिगम्य अश्रुत पाठ का सुझाव दिया गया है। पाठों के सम्बन्ध में इस प्रकार के निजी सुझाव बहुत ही कम दिए जाते हैं; पर प्रामाणिक सम्पादनविधि के अन्तर्गत यह मान्य शैली अवश्य है, जैसा पूना से प्रकाशित होनेवाले महाभारत के संस्करण में भी कुछ स्थलों पर किया गया है। फिर भी यह लिखना आवश्यक है कि अधिकांश स्थलों में जो क्लिष्ट पाठ थे उनसे ही बाण का वास्तविक अर्थ ठीक-ठीक मिल सका। क्लिष्ट पाठों को सरल करने के लिये ही बाद में पाठान्तर कर दिए जाते हैं। वे मूल अर्थ से दूर हटते चले जाते हैं और उनमें कवि या लेखक की अभिमत व्यंजना फीकी पड़ जाती है। उदाहरण के लिये 'भद्राक्ष्यभविष्यति भुक्तास्थाने दास्यति दर्शनं परमेश्वरः निष्पतिष्यति वा बाह्यां कक्ष्यायाम्' (६०) वाक्य में 'आक्ष्यभविष्यति' (आक्ष्य भविष्यति) मूल पद का चमत्कारपूर्ण अर्थ यह था—'भाई', क्या सजाए जाते हुए भुक्तास्थानमण्डप (दरबार खास) में सम्राट् दर्शन देंगे, या बाह्यास्थानमण्डप (बाह्यकक्ष्या=दरबार आम) में निकलकर आएँगे? किन्तु 'आक्ष्यभविष्यति' इस क्लिष्ट पद को बदल कर 'अद्य भविष्यति' पाठ कर दिया गया—'क्या आज सम्राट् से भेंट हो सकेगी?' इत्यादि वाक्य में 'भविष्यति' और 'दास्यति' दो क्रियाएँ हो जाने से 'भविष्यति' पद निरर्थक हो जाता है। एवं भुक्तास्थान और बाह्यकक्ष्या की परिभाषाओं का भेद न समझने से मूल के अर्थ का घोटाला हो गया। काश्मीरी संस्करण में 'भुक्तास्थाने' शुद्ध पाठ टिप्पणी में डालकर 'आस्थानं' अशुद्ध पाठ मूल में रख लिया गया। कहीं-कहीं भारतीय प्रथाओं का ठीक परिचय न होने से अर्थ की उलझन उत्पन्न होती रही है, जैसे—'लाज-सक्तु' का अर्थ भुजिया के सत्तू जो प्रचलित आहार है, न समझकर कावेल ने 'दही मिला आटा' और कणे ने 'जौ का आटा' अर्थ किया। अथवा अँधेरी कोठरी में चौड़े मुँह के घड़ों में उगाए जानेवाले यवांकुरों या जवारों की प्रथा को न जानने से 'सेकसुकुमारयवांकुरदन्तुरैः' वाक्य का अर्थ पूर्व टीकाओं में अनबूझ पहेली ही बन गया था (पृ० १४)। राज्यवर्द्धन की बुद्धभक्ति (पृ० ११३), शशांक की मुद्रा (पृ० ११७) और दिङ्नाग के स्थूलहस्तावलेप (पृ० १२१) सम्बन्धी श्लेषान्तर्गत अर्थ भी द्रष्टव्य हैं।

इन उदाहरणों से यह अनुमान किया जा सकता है कि हर्षचरित के प्रामाणिक पाठों का विचार करते हुए उसका शुद्ध संस्करण तैयार करने की आवश्यकता अभी बनी हुई है। क्या ही अच्छा हो, यदि इस कार्य के लिये प्राचीन हस्तलिखित प्रतियों की और अधिक सामग्री मिल सके? श्री आरल स्टाइन कश्मीर से शारदा लिपि में हर्षचरित की कई प्रतियाँ लाए थे, जिनमें से एक प्रति राजानक रत्नकंठ (१७ वीं शती) के हाथ की लिखी हुई और भट्ट हरक के हाथ के संशोधन और टिप्पणियों से युक्त है। वह प्रति केवल पाँचवें उच्छ्वास तक) इस समय आक्सफोर्ड के इण्डिया इंस्टीट्यूट के संग्रह में सुरक्षित है[1]।

१. श्री आरल स्टाइन ने २१ नवम्बर १९४० के पत्र में मुझे इस प्रति (जर्नल रायल एशियाटिक सोसायटी, १९१२ में प्रकाशित सूची संख्या १२९) का युद्ध के अनन्तर उपयोग करने की अनुमति प्रदान की थी। अभी तक मैं उस आज्ञा का लाभ नहीं उठा सका हूँ, पर भविष्य में प्रति प्राप्त करने का प्रयत्न करूँगा।

एवं और भी सामग्री मिलने की सम्भावना है। श्रीकृष्णामाचार्य ने अपने संस्कृत के इतिहास में कादम्बरी की ११ टीकाओं का उल्लेख किया है[1], किन्तु हर्षचरित की केवल एक ही प्राचीन टीका उपलब्ध है, वह है शंकरकृत 'संकेत'। ये शंकर पुण्याकर के पुत्र थे और कश्मीर के ज्ञात होते हैं। उन्होंने अपना अन्य कुछ परिचय नहीं दिया, केवल अन्तिम श्लोक में इतना लिखा है कि उन्होंने यह टीका प्राचीन टीकाओं के अनुसार (सम्प्रदायानुरोधतः) लिखी। यह टीका केवल गूढार्थ को खोलने के लिये संक्षिप्त शैली में लिखी गई है जैसा उसके 'संकेत' नाम से ही प्रकट है[2]। निस्सन्देह शंकर की टीका बड़ा सहारा देती है और हमें उसका कृतज्ञ होना चाहिए, अन्यथा बाण के शब्दों का अर्थ जानने के लिये हमें न जाने कितना भटकना पड़ता।

पुस्तक की अनुक्रमाणिका तैयार करने के लिये मैं आयुष्मान् स्कंदकुमार का अनुगृहीत हूँ। श्री अंबिकाप्रसाद दुबे (भारत-कला-भवन, काशी) भी चित्र बनाने के लिये धन्यवाद के पात्र हैं। सेंट्रल एशियन ऐंटिक्विटीज म्यूजियम के मेरे भूतपूर्व सहकारी (वर्तमान स्थानापन्न सुप्रिण्टेण्डेण्ट) श्री जे० के० राय का मैं उपकृत हूँ कि उन्होंने राष्ट्रीय संग्रहालय में सुरक्षित बाणकालीन 'त्रिकंटक' नामक (दो मोतियों के बीच जड़ाऊ पन्नेवाले) कान के आभूषण का फोटो मुझे भेजा। उसीका रंगीन चित्र बनाने के लिये वहाँ के चित्रकार श्री बिश्त मेरे धन्यवाद के पात्र हैं। विभागीय फोटोग्राफर श्री देवीदयाल माथुर का उपकार भी मैं नहीं भूल सकता जिन्होंने सहर्ष तत्परता से मेरे लिये कई आवश्यक चित्र सुलभ किए। अपने मित्र श्री बी० बी० लाल का भी मैं ऋणी हूँ कि उन्होंने हस्तिनापुर की खुदाई में प्राप्त 'कंटकित कर्करी' (पत्तों से ढका हुआ कटहल के आकार का मिट्टी का पात्र) का चित्र प्रकाशित करने की सुविधा प्रदान की। पुस्तक की पाण्डुलिपि लिखने में श्रीस्कन्दकुमार और पं० तिलकधर ने जो कष्ट किया, उसके लिये वे धन्यवाद के पात्र हैं। अन्त में इन व्याख्यानों के अवसर पर पटने में अपने मान्य सुहृद् श्रीराधाकृष्ण जी जालान से मुझे जो स्वागत और आतिथ्य प्राप्त हुआ उसके लिए मैं उनका हार्दिक आभार मानता हूँ। बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद् के प्रति मैं कृतज्ञ हूँ जिसने यह ग्रंथ लिखने और समाप्त करने के लिये मुझे प्रेरणा दी और आवश्यक चित्र सम्मिलित करने की सहर्ष स्वीकृति दी।

माघ-शुक्ल-पूर्णिमा, २००६
काशी-विश्वविद्यालय

वासुदेवशरण

---

१. भानुचन्द्र, सिद्धिचन्द्र, तिलकसूरि, हरिदास, शिवराम, वैद्यनाथ, बालकृष्ण, सुरचन्द्र, महादेव, सुखाकर, अर्जुन, घनश्याम—इन टीकाओं के तुलनात्मक अध्ययन से बाण के अर्थों और पाठों की मूल्यवान् सामग्री प्राप्त की जा सकेगी।

२. श्रीकृष्णमाचार्य ने रंगनाथ की लिखी हुई अन्य टीका का भी उल्लेख किया है (मद्रास, त्रैवार्षिक ग्रन्थ-सूची, सं ३, ३८५८); किन्तु उसके विषय में अभी और कुछ मालूम नहीं हो सका। इसके लिये कृपया पृ० २२३ पर टिप्पणी देखिए।

आवश्यक टिप्पणी

इस पुस्तक में कोष्ठक में जो अंक दिए गए हैं वे निर्णयसागर प्रेस में मुद्रित हर्ष-चरित के १९२५ में प्रकाशित पंचम संस्करण के हैं। मूलपाठ के लिये उसी संस्करण को देखना चाहिए। सुविधा के लिये प्रत्येक पृष्ठ पर उच्छ्वास का अंक और पृष्ठ-शीर्षक दे दिए गए हैं। जहाँ कोष्ठक में संख्या से पहले पृ० संकेत भी है वे पृष्ठांक इन्हीं व्याख्यानों के सूचक हैं।

कादम्बरी के लिये मैंने वैद्य-कृत मूल पाठ (पूना ओरिएण्टल एजेंसी से प्रकाशित) का उपयोग किया है। उसके पृष्ठांक कोष्ठक में (का० २५) इस प्रकार दिए गए हैं।

हर्षचरित—
एक सांस्कृतिक अध्ययन

प्रथम उच्छ्वास

महाकवि बाण सम्राट् हर्ष के समय (६०६–६४८ ई०) में हुए। उनके दो ग्रंथ प्रसिद्ध हैं, हर्षचरित और कादम्बरी[1]। इन व्याख्यानों में मेरा विचार है कि हर्षचरित का एक अध्ययन सांस्कृतिक सामग्री की दृष्टि से प्रस्तुत करूँ।

बाण के व्यक्तित्व का विश्लेषण करते हुए दो बातें मुख्य ज्ञात होती हैं। एक तो जन्म से ही उनकी बुद्धि बड़ी-गहरी (स्वभावगम्भीरधी) थी, उनकी मेधा का विस्तार बहुत था; जैसे एक बड़े पात्र में बहुत-सी सामग्री समाती है वैसे ही उनके मन में प्रत्येक विषय की अतुलित सामग्री भर जाती थी। दूसरे वे प्रत्येक वस्तु की जानकारी प्राप्त करने के लिये सदा उत्सुक रहते थे। वे कहते हैं—'अतिपरवानस्मि कुतूहलेन' (६४), अर्थात् किसी नई बात को जानने के लिये मेरे मन में तुरन्त ही कुतूहल का ऐसा वेग उठता है कि मैं लाचार हो जाता हूँ। हम आगे देखेंगे कि अजिरवती के किनारे मणितारा गाँव के पास पड़ी हुई हर्ष की छावनी में जब वे हर्ष से मिलने गए, तो महाप्रतीहारों के प्रधान दौवारिक पारियात्र के साथ सम्राट् के समीप जाते हुए उन्हें मार्ग के बाईं ओर एक बाड़ा दिखाई पड़ा और उन्होंने पूछा कि यह क्या है? और यह जानकर कि वह हर्ष की गजशाला थी जहाँ उनका मुख्य हाथी दर्पशात रहता था, बाण ने कहा—'हाँ, मैंने दर्पशात का नाम सुना है, उत्कंठा से मैं परवश हूँ; यदि आपत्ति न हो तो पहले उसी को देख लूँ (६४)। इस प्रकार गंभीर धारणाशक्ति और जानकारी की पैनी उत्सुकता, इन दो जन्मसिद्ध गुणों से बाण का व्यक्तित्व बना था। साथ ही उनके जीवन के अल्हड़पन और घुमक्कड़ी प्रवृत्ति ने एक तीसरी विशेषता और पैदा कर दी थी और वह थी संसार का अपनी आँखों से देखा हुआ चौचक अनुभव। उन्होंने घाट-घाट का पानी पिया था, अनेक लोगों से मिले थे और सब तरह की दुनिया देखी थी। 'देशान्तर देखने की उत्कंठा से भरकर मैं घर से निकल पड़ा (देशान्तरालोकनकौतुकाक्षिप्तहृदयः गृहान्निरगात्, ४२)। बड़े-बड़े राजकुलों के उत्तम व्यवहार और शिष्टाचार देखे, गुरुकुलों और विद्यापीठों में रहकर वहाँ का जीवन भी देखा कि किस प्रकार वहाँ निरवद्य विद्या अर्थात्

---

१. पार्वती-परिणय नामक नाटक कादम्बरीकार बाण की रचना नहीं है, किन्तु उसके कर्ता वामनभट्ट बाण नामक एक तैलंग देशीय वत्स गोत्री महाकवि थे जो चौदहवीं शती में हुए। वे दक्षिण के राजा वेमभूप (अपर नाम वीर नारायण) के कवि थे जिनके लिये उन्होंने वीरनारायण-चरित नामक काव्य भी लिखा। देखिए वाणी विलास प्रेस से प्रकाशित १९०६ ई० पार्वती-परिणय नाटक की श्री र० व० कृष्णमाचार्य की विस्तृत भूमिका। उसका हिन्दी सारांश, श्री जयकिशोरनारायण सिंह साहित्यालंकार कृत लेख में 'महाकवि बाण तथा पार्वती-परिणय,' (माधुरी सं० १९८८, पूर्ण संख्या १११, पृ० २८९–२९४)।

उत्तम ज्ञान की साधना की जाती थी। और मैं उन गोष्ठियों में भी शामिल हुआ जिनमें अनमोल बातों का समाँ बँधता था और जो गम्भीर गुणों की खान थीं। सूझ-बूझवाले विदग्धजनों की मंडलियों में भीतर घुसकर (गाहमानः) उनकी थाह ली और उनमें खोया नहीं गया।' इस प्रकार देशाचार और लोकाचारों का गाढ़ा अनुभव प्राप्त करके और अपने-आपको घूमने की खुली छूट देकर जब वे लम्बे अर्से के बाद फिर अपने घर वापस आए तो उनके अन्दर पुश्तैनी विद्या की जो प्रतिभा थी वह स्वाभाविक रस के साथ चमक उठी (पुनरपि तामेव वैपश्चितीमात्मवंशोचितां प्रकृतिमभजत्, ४३)।

बाण की बुद्धि चित्रग्राहिणी थी। उसपर फोटो की भाँति प्रत्येक नये चित्र की गहरी छाप पड़ जाती थी जिसमें उन-उन दृश्यों का सांगोपांग रूप देखा जा सकता था। सूक्ष्म दर्शन बाण की विशेषता है। पाणिनि के लिये भी काशिकाकार ने लिखा है कि उनकी निगाह वस्तुओं के ब्यौरेवार अवलोकन में बड़ी पैनी थी (सूक्ष्मेक्षिका वर्तते सूत्रकारस्य, सूत्र ४।२।७४)। बाण की सूक्ष्मावलोकनशक्ति और कविसुलभ प्रतिभा के अनेक प्रमाण हर्षचरित और कादम्बरी में मिलते हैं। ये दो ग्रंथ भारतीय इतिहास की सांस्कृतिक सामग्री के लिये अमृत के झरने हैं, क्योंकि सौभाग्य से बाण का समय निश्चित है इसलिए यह साक्षी और भी अधिक मूल्यवान् है।

सातवीं शती की भारतीय संस्कृति का रूपचित्रण करने के लिये बाणभट्ट किसी विशिष्ट कला-संग्रह के उस संग्रहाध्यक्ष की भाँति हैं जो प्रत्येक कलात्मक वस्तु का पूरा-पूरा ब्यौरा दर्शक को देकर उसके ज्ञान और आनन्द की वृद्धि करना चाहता है। अथवा, बाण उस महास्थपति के समान हैं जिसकी विराट् बुद्धि किसी अनगढ़ पहाड़ में से सूक्ष्मातिसूक्ष्म अंग-प्रत्यंगों समेत कोई नवीन महाप्रासाद गढ़कर तैयार करती है। बाण वर्णनात्मक शैली के धनी हैं। तिलक-मंजरीकार धनपाल (ग्यारहवीं शती) ने उनकी उपमा अमृत उत्पन्न करनेवाले गहरे समुद्र से दी है। बाण के वर्णन ही उनके काव्य की निधि हैं। इन वर्णनों से उकताना ठीक नहीं। इनके भीतर पैठकर युक्ति से इनका रस लेना चाहिए। जब एक बार पाठक इन वर्णनों को अणुवीक्षण की युक्ति से देखता है तो उनमें उसे रुचि उत्पन्न हो जाती है, एवं बाण की अक्षराडम्बरपूर्ण शैली के भीतर छिपे हुए रसवाही सोते तक वह पहुँच जाता है। उस समय यह इच्छा होती है कि कवि ने अपने वर्णन के द्वारा चित्रपट पर जो चित्र लिखा है उसकी प्रत्येक रेखा सार्थक है और चित्र का समग्र रूप प्रस्तुत करने में सहायक है। जिस प्रकार रंगवल्ली की विभिन्न आकृतियों से भूमि सजाई जाती है उसी प्रकार बाण ने अपने काव्य की भूमि का मंडन करने के लिये अनेक वर्णनों का विधान किया है। कभी-कभी रस-लोभी पाठक का मन चाहने लगता है कि यह वर्णन कुछ और अधिक सामग्री से हमारा परिचय कराता, विशेषतः सांस्कृतिक सामग्री के विषय में यह इच्छा उत्कट हो उठती है। महाप्रतिभाशाली इस लेखक ने अपनी विशेष प्रकार की श्लेषमयी वर्णनात्मक शैली के द्वारा जो कुछ हमें दिया है वह भी पर्याप्त है और उसके लिये हमें उनका कृतज्ञ होना चाहिए।

बाण के सांस्कृतिक अध्ययन का अन्तर्यामी सूत्र कुछ गहराई तक उनके शास्त्र में पैठने पर हमारे हाथ आया। वह यह दृष्टिकोण है कि बाण ने हर्षचरित और कादम्बरी अपने समकालीन सातवीं शती के पाठकों के लिये लिखे थे जबकि वह संस्कृति जीवित थी

अन्य कवियों में बाण ने प्रवरसेन, भास और कालिदास का उल्लेख किया है। सब विद्वान् इस विषय में सहमत हैं कि प्रवरसेन प्राकृत-काव्य सेतुबन्ध के रचयिता हैं। पहले कुछ विद्वानों का अनुमान था कि प्रवरसेन कश्मीर के राजा थे जिनका उल्लेख राजतरंगिणी में किया गया है और जो मातृगुप्त के बाद गद्दी पर बैठे। किन्तु अधिक संभावना यह है कि ये प्रवरसेन वाकाटक-वंश के सम्राट् प्रवरसेन द्वितीय थे। श्रीमिराशीजी का मत है कि सेतुबन्ध अथवा रावणवहो नामक काव्य के कर्त्ता वाकाटक-प्रवरसेन के दरबार में कालिदास कुछ समय के लिये दूत बनाकर भेजे गए थे। वाकाटक-राजा ही कुन्तलेश्वर कहे जाते थे। उनका मूल प्रदेश विदर्भ था। चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य की पुत्री प्रभावती गुप्ता वाकाटक-वंश के राजा रुद्रसेन द्वितीय से ब्याही थीं। उन्हीं के पुत्र प्रवरसेन वाकाटक राजसिंहासन पर बैठे। सेतुबन्ध के एक पुराने टीकाकार ने निर्देश किया है कि यह काव्य विक्रमादित्य की आज्ञा से प्रवरसेन के लिये कालिदास ने लिखा। श्रीमिराशी के अनुसार अधिक संभावना यह है कि कालिदास के द्वारा सेतुबंध का संशोधन किया गया हो जिससे ऊपर की अनुश्रुति प्रचलित हुई[1]।

भास के संबंध में बाण की सूचना बहुमूल्य है। बाण का कहना है कि भास के नाटकों का आरम्भ सूत्रधार के द्वारा किया जाता है। उनमें अनेक तरह के बहुसंख्यक पात्र हैं, और उनमें कथावस्तु में सहायक पताका नामक अंग पाए जाते हैं। बाण के इस उल्लेख को श्री प्रो० कीथ बहुत प्रामाणिक समझते हैं। उनका कहना है कि बाण ने जो विशेषताएँ बताई हैं वे दक्षिण से उपलब्ध भास के नाटकों में मिलती हैं, अतएव उन्हें भास की प्रामाणिक रचना मानना चाहिए।[2] भास-संबंधी श्लोक में श्लेष से देवकुल या मन्दिरों का उल्लेख किया गया है। इस संबंध में बहुभूमिक पद महत्त्वपूर्ण है, अर्थात् ऐसे मंदिर जिनके शिखरों में कई खंड होते थे। आरम्भिक गुप्तकाल के जो मंदिर साँची, भूमरा, तिगोवा, दरा आदि स्थानों में मिले हैं वे बिना शिखर के हैं और उनकी छत का पटाव सपाट पत्थर रखकर किया जाता था। आरंभ में मंदिर के गर्भगृह का स्वरूप इकमंजिला था। पीछे गर्भगृह की छत के ऊपर एक, दो या तीन छोटी मंजिलों की कल्पना होने लगी, जैसा कि देवगढ़ के मंदिर में मिलता है। इन भूमियों या मंजिलों के रूप-परिवर्तन से शिखर का प्रादुर्भाव हुआ। बाण का बहुभूमिक विशेषण इस प्रकार के विकसित शिखरोंवाले देवकुलों का उल्लेख करता है।

हर्षचरित की भूमिका में बाण ने स्पष्ट रूप से बृहत्कथा का उल्लेख किया है। अवश्य ही उनके समय में बृहत्कथा अपने पैशाची भाषा के रूप में लोगों के लिए विस्मयजनक थी। कादम्बरी में बाण ने लिखा है—'कर्णीसुतकथेव सन्निहितविपुलाचला शशोपगता च' (१६), अर्थात् 'कर्णीसुत की कथा में विपुल, अचल और शश इन पात्रों का संबंध था।' कर्णीसुत मूलदेव का नाम था। उसकी कहानी बृहत्कथा में आती है और वहीं विपुल और शश इन पात्रों के नाम भी आते हैं। केशव-कृत कल्पद्रु-कोश के अनुसार कर्णीसुत या मूलदेव का भाई शश था तथा विपुल और अचल मूलदेव के भृत्य थे।

अपने से पूर्ववर्ती कवियों और लेखकों को नमस्कार करने की यह पद्धति गद्यकथाओं का आवश्यक अंग समझी जाती थी। बाण से पहले सुबन्धु में भी हम इसे पाते हैं। बाण

१. वा० वि० मिराशी, कालिदास, पृष्ठ ४२.

२. ए० बी० कीथ, ए हिस्ट्री आफ संस्कृत लिटरेचर (१९४१), भूमिका पृ० १४.

के बाद के लेखकों में तो यह प्रवृत्ति और अधिक बढ़ी हुई मिलती है, जैसे धनपाल की तिलक-मंजरी में। प्राकृत और अपभ्रंश के प्रायः सभी कवियों ने इस परिपाटी का अनुसरण किया, जैसे महापुराण की उत्थानिका में पुष्पदन्त ने लगभग बाईस पूर्व कवियों के नाम दिये हैं[1]।

भूमिका के एक श्लोक में बाण ने आढ्यराज और उनके उत्साहों का उल्लेख किया है, और लिखा है कि उनका स्मरण करते ही मेरी जिह्वा भीतर खिंच-सी जाती है और मुझमें कविता करने की प्रवृत्ति नहीं होती। यह श्लोक कुछ कठिन है, इसके तीन अर्थ संभव हैं। प्रथम यह कि आढ्यराज नामक किसी कवि ने प्राकृत भाषा में नृत्य के साथ गाए जानेवाले कुछ गीतिकाव्य रचे थे। उन उत्साहनामक पदों को जो इतने श्रेष्ठ थे, याद करके जैसे मेरी बोलती बन्द हो जाती है और कविता नहीं फूटती। किन्तु आढ्यराज नामक कवि और उनके उत्साहों का कुछ निश्चित पता नहीं। संभव है वे कोई लोक-कवि रहे हों। पिशेल का मत था कि हर्ष ही आढ्यराज हैं, और कीथ[2] का भी यही मत है। तदनुसार बाण यह कहना चाहते हैं कि हमारे महान् सम्राट् के उदात्त कर्म ऐसे हैं कि उनका स्मरण मेरी जिह्वा को कुंठित करता है और कविकर्म की प्रवृत्ति को रोकता है। सरस्वतीकंठाभरण के टीकाकार रत्नेश्वर ने 'केभूवन्नाढ्यराजस्य काले प्राकृतभाषिणः' का अर्थ करते हुए आढ्य-राज को शालिवाहन का दूसरा नाम कहा है। कथा है कि गुणाढ्य ने सात लाख श्लोकों में बृहत्कथा का निर्माण किया और उसे सातवाहन की सभा में उपस्थित किया, किन्तु उन्हें विशेष उत्साह न मिला। तब उसके छः लाख श्लोक उन्होंने नष्ट कर दिए, अन्त में जब एक लाख बचे तब सातवाहन ने उनकी रक्षा की। यद्यपि यह किंवदन्ती अतिशयोक्तिपूर्ण और पुराने ढर्रे की है, किन्तु सम्भव है, बाण के समय में प्रचलित रही हो। राजाओं से कवियों को मिलनेवाले प्रोत्साहन की ओर व्यंग्य करते हुए बाण का यह श्लोक चरितार्थ होता है। इससे पहले श्लोक में बृहत्कथा का नाम आ चुका है, इससे यह अर्थ सम्भव है—'आढ्यराज सातवाहन ने बृहत्कथा-लेखक गुणाढ्य को जैसा फीका उत्साह दिलाया, उसके स्मरणमात्र से कविता करने की मुझे इच्छा नहीं होती। लेकिन फिर भी राजा हर्ष की भक्ति के वश मैं उनके इस चरितसमुद्र में डुबकी लगाऊँगा'। यही यहाँ सुसंगत जान पड़ता है।

बाण के समय में आन्ध्रदेश में स्थित श्रीपर्वत की कीर्ति सर्वत्र फैल गई थी। वह तन्त्र, मंत्र और अनेक चमत्कारों का केन्द्र माना जाता था। दूर-दूर से लोग अपनी मनःकामना पूरी कराने के लिए श्रीपर्वत की यात्रा करते थे (सकलप्रणयिमनोरथसिद्धि-श्रीपर्वतः, ७)। ऐसा जनविश्वास था कि श्रीपर्वत के चारों ओर जलती हुई अग्नि की दीवार उसकी रक्षा करती थी। शङ्कर ने उद्धरण दिया है कि त्रिपुरदहन के समय गणेशजी ने जो विघ्न उपस्थित किए उनसे रक्षा करने के लिये शिव ने एक प्रचंड अग्नि का घेरा उत्पन्न किया, वही श्रीपर्वत की रक्षा करता है। बाण ने इसी किंवदन्ती को लिखा है

---

१. नाथूराम प्रेमी, जैन-साहित्य और इतिहास, पृ० ३१५।

२. हिस्ट्री आफ संस्कृत लिटरेचर, पृ० ३१६।

है। महाभारत वनपर्व के अन्तर्गत तीर्थयात्रापर्व में श्रीपर्वत का उल्लेख आया है और लिखा है कि देवी के साथ महादेव और देवताओं के साथ ब्रह्मा श्रीपर्वत पर निवास करते हैं[1]। श्रीपर्वत की पहचान श्रीशैल से की जाती है जो कृष्णा नदी के दक्षिण तट पर कुरनूल से बयासी मील पर ईशानकोण में है। यहाँ द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से मल्लिकार्जुन नामक शिवलिंग है। श्रीशैलस्थल-माहात्म्य के अनुसार राजा चन्द्रगुप्त की कन्या चन्द्रावती श्रीशैल के मल्लिकार्जुन शिव के लिये प्रतिदिन एक माला भेजती थीं। चन्द्रावती की पहचान श्री अल्टेकर महोदय गुप्त सम्राट् चन्द्रगुप्त की पुत्री वाकाटक सम्राज्ञी प्रभावती गुप्ता से करते हैं। ज्ञात होता है कि उनकी ओर से श्रीशैल पर नित्य शिवार्चन के लिये एक माला का प्रबन्ध किया गया था। अवश्य ही बाण के समय में श्रीपर्वत महाश्चर्यकारी सिद्धियों की खान गिना जाता था और वहाँ के बुड्ढे द्रविड़ पुजारी अपनी इन सिद्धियों के लिये दूर-दूर तक पुजवाते थे, जैसा कादम्बरी में कहा है—'श्रीपर्वताश्चर्यवार्तासहस्राभिज्ञेन जरद्द्रविड-धार्मिकेन'।

हर्षचरित नाम का चरित शब्द बाण से पहले ही साहित्य में प्रयुक्त होने लगा था। अश्वघोष के बुद्धचरित से लेकर तुलसी के रामचरितमानस तक चरित-काव्यों की अविच्छिन्न परम्परा मिलती है। हर्षचरित विशुद्ध ऐतिहासिक ग्रंथ नहीं कहा जा सकता। उसमें काव्य के ढंग से बाण ने हर्ष के जीवन, उनके व्यक्तित्व, समकालीन कुछ घटनाएँ और सम्बन्धित पात्र, इत्यादि बातों का काव्यमयी शैली से वर्णन किया है। दंडी ने महाकाव्य के लक्षण देते हुए जो यह कहा है कि उसमें नगर, पर्वत, समुद्र ऋतुशोभा, चन्द्रोदय, सूर्योदय, उद्यान-क्रीड़ा, सलिल क्रीड़ा, विवाह, पुत्रजन्म, मंत्रणा, सेना-प्रयाण, आदि का वर्णन होना चाहिए वह परम्परा बाण को भी विदित थी और ज्ञात होता है कि वह कालिदास के समय में पूरी तरह विकसित हो चुकी थी। प्रायः ये सभी वर्णन कालिदास के काव्यों में मिल जाते हैं। इनके सम्मेलन से महाकाव्यों का ठाठ रचा जाता था। हर्षचरित में भी बाण ने काव्य के इन लक्षणों का जान-बूझकर पालन किया है।

हर्षचरित की संक्षिप्त विषय-सूची इस प्रकार है—

पहला उच्छ्वास

कथा	विशेष वर्णन
शुरू में बाण के वात्स्यायन वंश और पूर्वजों का और उसके आरंभिक जीवन का वर्णन है। दीर्घकाल तक देशान्तरों में घूमकर और बहुविध अनुभव प्राप्त करके बाण अपने ग्राम प्रीतिकूट में वापिस आता है।	सरस्वती (८-९), सावित्री (१०-११), प्रदोषसमय (१४-१६), मंदाकिनी (१६), युवक दधीच (२१-२४), दधीच की सखी मालती (३१-३३), बाण के ४४ मित्रों की सूची (४१-४२)।

---

[1] श्रीपर्वतं समासाद्य नदीतीरमुपस्पृशेत्। अश्वमेधमवाप्नोति स्वर्गलोकं च गच्छति॥
श्रीपर्वते महादेवो देव्या सह महाद्युतिः। न्यवसत् परमप्रीतो ब्रह्मा च त्रिदशेश्वरैः॥
आरण्यकपर्व, पूना-संस्करण ८६, १६-१७,

दूसरा उच्छ्वास

कथा

हर्ष के भाई कृष्ण का लेखहारक मेखलक बाण के पास आता है और उसे हर्ष के पास आने के लिये निमंत्रित करता है। बाण अपने ग्राम से चलकर तीन पड़ावों के बाद अजिरवती के तट पर मणितारा ग्राम में पड़ी हुई हर्ष की छावनी में पहुँचकर हर्ष से मिलता है और उसका प्रेम और प्रतिष्ठा प्राप्त करता है।

वर्णन

बाण के बान्धव ब्राह्मणों के घर (४४-४५), निदाघकाल (४६-४७), गर्मी में चलनेवाली लू (४८-५०), दावाग्नि (५०-५२), हर्ष की छावनी में उसका राजभवन (५८-६१), हर्ष का महाप्रतीहार दौवारिक पारियात्र (६१-६२), राजकीय मन्दुरा या घुड़साल (६२-६३), राजकीय गजशाला और हर्ष का मुख्य हाथी दुर्दशान्त (६४-६६), सम्राट् हर्ष और उनका दरबार (६६-७७), सन्ध्याकाल (८०-८१)।

तीसरा उच्छ्वास

बाण घर लौटकर अपने चार चचेरे भाइयों के अनुरोध से हर्ष का चरित वर्णन करता है। श्रीकंठ जनपद, उसकी राजधानी थानेश्वर और वंश के संस्थापक पुष्यभूति की कथा कहने के बाद तांत्रिक साधन में उसके सहायक भैरवाचार्य का विशद वर्णन है। अन्त में पुष्यभूति श्रीकंठ नाग के दर्शन और लक्ष्मी से वंश स्थापना का वर प्राप्त करता है।

शरत्समय (८३-८४), श्रीकंठ जनपद (६४-६६), स्थाण्वीश्वर (६७), भैरवाचार्य का शिष्य मस्करी (१०१-१०२), भैरवाचार्य (१०३-१०४), अट्टहास नामक महाकृपाण (१०७), दीक्षित, पातालस्वामी और कर्णपाल नामक भैरवाचार्य के तीन शिष्य (१०८-११), श्रीकंठ नामक नाग (११२), श्रीदेवी (११४-११५)।

चौथा उच्छ्वास

पुष्यभूति से उत्पन्न राजवंश की संक्षिप्त भूमिका के बाद राजाधिराज प्रभाकरवर्द्धन और उसकी रानी यशोवती का वर्णन है। पुनः रानी के गर्भ धारण करने और राज्य-वर्द्धन के जन्म की कथा है। तदनन्तर हर्ष और राज्यश्री के जन्म का अतिविस्तृत वर्णन है। यशोवती का भाई अपने पुत्र भंडि को दोनों राजकुमारों के साथी के रूप में अर्पित करता है। मालव राजकुमार कुमारगुप्त और माधवगुप्त राज्यवर्द्धन और हर्ष के पार्श्ववर्ती होकर दरबार में आते हैं। मौखरि ग्रहवर्मा के साथ राज्यश्री का विवाह तय होता है और धूमधाम के साथ सम्पन्न होता है। इसी प्रसंग में राजमहल के ठाठबाट का विशद वर्णन है।

महादेवी यशोवती (१२१-१२२), उनकी गर्भिणी अवस्था (१२६-१२७), पुत्रजन्मोत्सव (१२६-१३३), राज्यश्री के विवाहोत्सव की तैयारियाँ (१४२-१४३), वरवेश में ग्रहवर्मा (१४५), कौतुकगृह या कोहबर १४८)।

पाँचवाँ उच्छ्वास

कथा

हूणों को जीतने के लिये राज्यवर्द्धन सेना के साथ प्रस्थान करता है। हर्ष भी उसके साथ जाता है किन्तु बीच में ही शिकार खेलने के लिये चला जाता है। वहाँ से प्रभाकरवर्द्धन की बीमारी का समाचार पाकर उसे अचानक लौटना पड़ता है। लौटने पर वह देखता है कि समस्त राजपरिवार शोक से विह्वल है। प्रभाकरवर्द्धन की असाध्य अवस्था देखकर रानी यशोवती सती हो जाती है। इसके बाद प्रभाकरवर्द्धन की मृत्यु, उसकी अंतिम क्रिया तथा हर्ष के शोक का वर्णन है।

वर्णन

संदेशहर कुरंगक (१५१), शोकग्रस्त स्कंधावार (१५३), शोकाभिभूत राजकुल (१५४), मरणासन्न प्रभाकरवर्द्धन (१५५-१५७), सतीवेश में यशोवती (१६४-१६५), यशोवती का अंतिम विलाप (१६६-१६७)।

छठा उच्छ्वास

राज्यवर्द्धन लौटकर आता है और हर्ष को राज्य देकर स्वयं छुटकारा चाहता है। हर्ष उससे धैर्य रखने का आग्रह करता है। इसी समय ग्रहवर्मा की मृत्यु और राज्यश्री का मालवराज के द्वारा बन्दी किये जाने का दुःखद समाचार मिलता है। उसे दंड देने के लिये राज्यवर्द्धन तुरन्त प्रस्थान करता है, हर्ष घर पर ही रहता है। शीघ्र ही समाचार मिलता है कि मालवराज पर विजयी राज्यवर्द्धन को गौड़ देश के राजा ने धोखे से मार डाला। उससे क्षुभित होकर हर्ष गौड़ेश्वर से बदला लेने की प्रतिज्ञा करता है। गजसेना का अध्यक्ष स्कन्दगुप्त हर्ष को प्रोत्साहित करता है।

राज्यवर्द्धन का शोक (१७६-१७७), सेनापति सिंहनाद (१८८-१९३), गजसाधनाधिकृत स्कन्दगुप्त (१९६-१९७), अट्ठाइस पूर्वराजाओं द्वारा किए हुए प्रमाददोष (१९८-२००)।

सातवाँ उच्छ्वास

हर्ष सेना के साथ दिग्विजय के लिये प्रयाण करता है। सेना का अत्यन्त ओजस्वी और अनूठा वर्णन किया गया है। उसी समय प्राग्ज्योतिषेश्वर भास्करवर्मा का दूत हंसवेग अनेक प्रकार की भेंट और मैत्री संदेश लेकर आता है। हर्ष सेना के साथ विन्ध्यप्रदेश में पहुँचता है और मालवराज पर विजयी होता है। भंडि मालवराज की सेना और खजाने पर दखल कर लेता है।

प्रयाण की तैयारी (२०४-२०६), अनुयायी राजा लोग (२०६-२०७), प्रयाणाभिमुख हर्ष (२०७-२०८), प्रयाण करता हुआ कटक-दल (२०९-२१३), भास्करवर्मा के प्राभृत या भेंट-सामग्री का वर्णन (२१५-२१७), सायंकाल (२१८-२१९), वन-ग्राम (जंगली देहात) और उसके घरों का वर्णन (२२७-२३०)।

आठवाँ उच्छ्वास

कथा

विन्ध्याटवी के एक शबर युवक की सहायता से हर्ष राज्यश्री को जो मालवराज के बंदीगृह से निकलकर विन्ध्याटवी में कहीं चली गई थी, ढूँढने का प्रयत्न करता है। शबर युवक निर्घात की सहायता से हर्ष बौद्ध भिक्षुक दिवाकरमित्र के आश्रम में पहुँचकर राज्यश्री को ढूँढने में सहायता की प्रार्थना करता है। दिवाकरमित्र यह कह ही रहा था कि उसे राज्यश्री के बारे में कुछ पता न था कि एक भिक्षु अग्नि में जलने के लिए तैयार किसी विपन्न स्त्री का समाचार लेकर आता है। हर्ष तुरन्त वहाँ पहुँचता है और अपनी बहन को पहचानकर उसे समझा-बुझाकर दिवाकरमित्र के आश्रम में ले आता है। दिवाकरमित्र राज्यश्री को हर्ष की इच्छानुसार जीवन बिताने की शिक्षा देता है। हर्ष यह सूचित करता है कि दिग्विजय-संबंधी अपनी प्रतिज्ञा पूरी होने पर वह और राज्यश्री साथ ही गेरुवे वस्त्र धारण कर लेंगे।

वर्णन

विन्ध्याटवी का शबर युवा (२३१-२३२), विन्ध्याटवी की वनराजि और वृक्ष (२३४-२३६), दिवाकरमित्र का आश्रम (२३६-२३८), राज्यश्री का विलाप (२४६-२४८), दिवाकर मित्र की दी हुई एकावली का वर्णन (२५१-२५२), दिवाकरमित्र का राज्यश्री को उपदेश (२५४-२५५), संध्या समय (२५७-२५८)।

हर्षचरित का आरम्भ पुराण की कथा के ढंग पर होता है। ब्रह्मलोक में खिले हुए कमल के आसन पर ब्रह्माजी बैठे हैं (विकासिनि पद्मविष्टरे समुपविष्टः परमेष्ठी, ७)। पद्मासन पर बैठे हुए ब्रह्माजी की यह कल्पना भारतीय कला में सर्वप्रथम देवगढ़ के दशावतार मंदिर में लगे हुए शेषशायी मूर्ति के शिलापट्ट पर मिलती है [चित्र १]। बाण ने लिखा है कि इन्द्र आदि देवता ब्रह्माजी को घेरे हुए थे (शुनासीरप्रमुखैः गीर्वाणैः परिवृतः, ७)। इस शिलापट्ट में भी हाथी पर इन्द्र ब्रह्मा के दाहिनी ओर दिखाए गए हैं *। ब्रह्मा की सभा में विद्यागोष्ठियाँ चल रही थीं। गोष्ठियाँ प्राचीन भारत में अर्वाचीन क्लब की भाँति थीं। इनके द्वारा नागरिक अनेक प्रकार से अपना मनोविनोद करते थे। गोष्ठियों में विदग्धों अर्थात् बुद्धि-चतुर और बातचीत में मँजे हुए लोगों का जमावड़ा होता था। शंकर ने गोष्ठी का लक्षण यों किया है—विद्या, धन, शील, बुद्धि और आयु में मिलते-जुलते लोग जहाँ अनुरूप बातचीत के द्वारा एक जगह आसन जमावें वह गोष्ठी है, (समानविद्यावित्तशीलबुद्धिवयसामनुरूपैरालापैरेकत्रासनबन्धो गोष्ठी)। वात्स्यायन के अनुसार अच्छी और बुरी दो तरह की गोष्ठी

*. वासुदेव शरण अग्रवाल, गुप्त आर्ट, चित्र १८.

जमती थी, एक मनचले लोगों की जिसमें जुआ, हिंसा के काम आदि भी शामिल थे (लोकविद्विष्टा परहिंसात्मिका गोष्ठी) और दूसरी भले लोगों की (लोकचित्तानुवर्तिनी) जिसमें खेल और विद्या के मनोरंजन प्रधान थे (क्रीड़ामात्रैककार्या)। बाण ने जानबूझकर यहाँ निरवद्य (दोषरहित) गोष्ठी का उल्लेख किया है। गुप्तकालीन और उसके बाद की गोष्ठियों की तुलना अशोककालीन समाज से की जा सकती है। अशोक ने बुरे समाजों का निराकरण करके अच्छे नीतिप्रधान समाजों को प्रोत्साहन दिया था।

गोष्ठियाँ कई प्रकार की होती थीं जैसे पद-गोष्ठी, काव्य-गोष्ठी, जल्प-गोष्ठी, गीत-गोष्ठी, नृत्य-गोष्ठी, वाद्य-गोष्ठी, वीणा-गोष्ठी आदि (जिनसेनकृत महापुराण, नवीं शती, १४। १६०-१६२)। नृत्य, गीत, वाद्य, चित्र आदि कलाएँ, काव्य और कहानियाँ इन गोष्ठियों के विषय थे। बाण ने विद्यागोष्ठी का विशेष उल्लेख किया है (निरवद्या विद्यागोष्ठीः भावयन्) इनमें से पदगोष्ठी, काव्यगोष्ठी और जल्पगोष्ठी विद्यागोष्ठी के ही भेद जान पड़ते हैं। काव्यगोष्ठी में काव्यप्रबन्धों की रचना की जाती थी, जैसा कि बाणभट्ट ने शूद्रक की सभा का वर्णन करते हुए उल्लेख किया है। जल्पगोष्ठियों में आख्यान, आख्यायिका, इतिहास और पुराण आदि सुनने-सुनाने का रंग रहता था (कदाचित् आख्यानकाख्यायिकेतिहासपुराणाकर्णनेन, का० ७)। जिनसेन ने जिसे पदगोष्ठी कहा है, बाण के अनुसार उसके विषय अक्षरच्युतक, मात्राच्युतक, बिन्दुमती, गूढ़चतुर्थपाद आदि तरह-तरह की पहेलियाँ जान पड़ती हैं (का० ७)। हर्ष के मनोविनोदों का वर्णन करते हुए बाण ने वीर-गोष्ठी का उल्लेख किया है जिसमें रणभूमि में साका करनेवाले वीरों की वीरता की कहानियाँ कही-सुनी जाती थीं (वीरगोष्ठीषु अनुरागसंदेशम् इव रणश्रियः शृण्वन्तम्, ७१)। इन गोष्ठियों में अनेक प्रकार से वैदग्ध्य या बुद्धिचातुर्य के फव्वारे छूटते थे। बाण को स्वयं इस प्रकार की विद्वद्गोष्ठियों में बहुत रुचि थी। अपने घुमक्कड़पन के समय उसने अनेक गुणवानों की गोष्ठियों में शामिल होकर उनकी मूल्यवान् बातचीत से लाभ उठाया था। (महार्थालापगम्भीरगुणबद्गोष्ठीश्चोपतिष्ठमानः, ४२)। हर्ष के दरबार में आने का जब उसे न्यौता मिला तो 'जाऊँ या न जाऊँ' यह निश्चित करने से पहले अन्य बातों को सोचते हुए उसने यह भी सोचा था कि राजसभा में होनेवाली विद्वद्गोष्ठियों में भाग लेने के लिये जो बढ़ी-चढ़ी चातुरी (विदग्धता) चाहिए वह उसमें नहीं है (न विद्वद्गोष्ठीबन्धवैदग्ध्यं, ५६)। राजसभाओं में इस प्रकार के विदग्धों का मंडल जुटता था और वहाँ विद्या, कला और शास्त्रों में निपुण विद्वानों की आपस में नोक-झोंक का आनंद रहता था। गोष्ठियों में वैदग्ध्य प्राप्त करना नवयुवकों की शिक्षा का अंग था। अठारह वर्ष के युवक दधीच को अन्य यौवनोचित गुणों के साथ वैदग्ध्य का चढ़ता हुआ पूर कहा गया है (यशः प्रवाहमिव वैदग्ध्यस्य, २४)।

कभी-कभी इन गोष्ठियों में आपसी मतभेद से, दुर्भाव से नहीं, विद्या के विवाद भी उठ खड़े होते थे। ऐसा ही एक विवाद दुर्वासा और मन्दपाल नामक मुनि के बीच हो गया। स्वभाव के क्रोधी दुर्वासा अटपट स्वर में सामगान करने लगे। मुनियों ने मारे डर के चुप्पी साध ली। ब्रह्माजी ने दूसरी चर्चा चलाकर बात टालनी चाही, पर सरस्वती अल्हड़पन के कारण (किञ्चिदुन्मुक्तबालभावे, ८) हँसी न रोक सकी। यहाँ बाण ने ब्रह्मा के ऊपर चमर डुलाती हुई सरस्वती का बहुत ही सुन्दर चित्र खींचा है। उनके पैरों में बजनेवाले दो नूपुर थे

(मुखरनूपुरयुगलं) जो पदपाठ और क्रमपाठ के अनुसार मंत्र पढ़नेवाले पादप्रणत दो शिष्यों-से लगते थे। बाण के युग में ऋग्वेद, यजुर्वेद के पाठ और सामगान का काफ़ी प्रचार था, यह उनके अनेक उल्लेखों से ज्ञात होता है। शिलालेख और ताम्रपत्रों में भी अपने-अपने चरण और शाखाओं के अनुसार वेदाभ्यास करनेवाले ब्राह्मणकुलों का उल्लेख आता है। सरस्वती का मध्यभाग मेखला से सजा हुआ था जिसपर उनका बाँया हाथ रक्खा था (विन्यस्तवामहस्तकिसलया, ८)। कट्यवलंबित वामहस्त की मुद्रा भारतीय कला में सुपरिचित है। शुंगकाल से मध्यकाल तक बराबर इसका अङ्कन मिलता है। सरस्वती के शरीर पर कंधे से लटकता हुआ ब्रह्मसूत्र (अंसावलम्बिना ब्रह्मसूत्रेण पवित्रीकृतकाया) सुशोभित था। महाश्वेता के वर्णन में भी बाण ने ब्रह्मसूत्र का उल्लेख किया है। वह मोतियों का हार पहने थी जिसके बीच में एक नायक या मध्यमणि गुथी हुई थी। एक कान में सिन्धुवार की मञ्जरी सुशोभित थी। शरीर पर महीन और स्वच्छ वस्त्र था (सूक्ष्ममविमलेन अंशुकेन आच्छादितशरीरा)। बारीक वस्त्र जिसमें शरीर झलकता हुआ दिखाई देता था, गुप्तकाल की विशेषता थी और गुप्तकालीन मूर्तियों में इस प्रकार का वस्त्र प्रायः मिलता है। आगे मालती के वेष का वर्णन करते हुए बाण ने इस पर और भी अधिक प्रकाश डाला है।

सरस्वती को हँसती देख दुर्वासा की भौंहें तन गईं और वे शाप देने पर उतारू हो गए। उनके ललाट पर कालिमा ऐसे छा गई जैसे शतरंज खेलने के पट्टे पर काले रंग के घर बने रहते हैं (अंधकारितललाटपट्टाष्टापदा, ६)। प्रतिपंक्ति में आठ घरोंवाला शतरंज का खेल बाण के समय में चल चुका था और उसके खाने काले वा सफेद रङ्ग के होते थे। उसी का यहाँ अंधकारित अष्टापद पट्ट इन शब्दों में उल्लेख किया गया है। पहलवी भाषा की माद्दीगान-ए-शतरंग नामक पुस्तक में आरम्भ में ही इस बात का उल्लेख है कि दीवसारम् नाम के भारतीय राजा ने खुसरू नौशेरवाँ की सभा के विद्वानों की परीक्षा के लिये बत्तीस मोहरोंवाला शतरंज का खेल ईरान भेजा। खुसरू परवेज़ या नौशेरवाँ हर्ष के समकालीन ही थे। अनुश्रुति है कि दक्षिण के चालुक्यराज पुलकेशिन् की सभा में खुसरू परवेज़ ने अपना दूत-मंडल प्राभृत या भेंट लेकर भेजा था। अरबी इतिहास-लेखक तबारी के ग्रन्थ में पुलकेशी और खुसरू के बीच हुए पत्र-व्यवहार का भी उल्लेख है। फ़िरदौसी ने भी भारतीय राजा (राय हिन्दी) के द्वारा शतरंज के खेल का ईरान भेजा जाना लिखा है। एक स्थान पर 'राय हिन्दी' को 'राय कन्नौज' भी कहा गया है*।

दुर्वासा की सिकुड़ी हुई भृकुटि की उपमा स्त्रियों के पत्रभंगमकरिका नामक आभूषण से दी गई है। मकरिका गहने का उल्लेख बाणभट्ट में अनेक स्थानों पर आता है। दो मकरमुखों को मिलाकर फूल-पत्तियों के साथ बनाया हुआ आभूषण मकरिका कहलाता था। गुप्तकालीन मूर्तियों के मुकुट में प्रायः मकरिका आभूषण मिलता है [चित्र २]। दुर्वासा के शरीर पर कन्धे से लटकते हुए कृष्णाजिन का भी उल्लेख किया गया है। कृष्णाजिन की उपमा के सिलसिले में शासनपट्ट का उल्लेख अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। ज्ञात होता है कि राजकीय

*. विजारिश-ए-शतरंग, जे० सी० तारापुर द्वारा मूल और अंग्रेजी अनुवाद-सहित सम्पादित, पृ० १, १२, २३ प्रकाशक पारसी पंचायत फंड, बंम्बई, १६३१।

आज्ञाओं के शासनपट्ट उस समय कपड़े पर काली स्याही से लिखे जाते थे। दर्पशान हाथी के वर्णन में भी इस प्रकार के कलम से लिखे हुए दानपट्टकों का उल्लेख आया है।

ब्रह्माजी के समीप में दूसरी ओर सावित्री बैठी हुई थीं। उनके शरीर पर श्वेत रंग का कल्पद्रुम से उत्पन्न दुकूल वल्कल था। कल्पवृक्ष से वस्त्र, आभूषण, अन्नपान आदि के इच्छानुसार उत्पन्न होने की कल्पना साहित्य और कला में अति प्राचीन है। उत्तरकुरु के वर्णन में रामायण और महाभारत दोनों में इस अभिप्राय का उल्लेख हुआ है। साँची और भरहुत की कला में कल्पलताओं से वस्त्र और आभूषण उत्पन्न होते हुए दिखाए गए हैं*। कालिदास ने मेघदूत में इस अभिप्राय का उल्लेख करते हुए लिखा है कि अकेला कल्पवृक्ष ही स्त्रियों के शृंगार की सब सामग्री अलका में उत्पन्न कर देता है। उसमें चित्र-विचित्र वस्त्रों का स्थान प्रथम है†। सावित्री के शरीर के ऊपरी भाग में महीन अंशुक की स्तनों के बीच बँधी हुई गात्रिका ग्रंथि थी (स्तनमध्यबद्धगात्रिका ग्रंथि, १०) (चित्र ३)। गात्रिका से ही हिन्दी का गाती शब्द निकला है। ब्रह्मचारी या संयासी अभी तक उत्तरीय की गाती बाँधते हैं। माथे पर भस्म की त्रिपुण्ड्ररेखाएँ लगी हुई थीं। त्रिपुण्ड्र तिलक का प्रयोग सप्तम शती से पूर्व लोक में चल गया था। सावित्री के बाँयें कंधे से कुंडलीकृत योगपट्ट लटक रहा था जो दाहिनी बगल के नीचे होकर कमर की तरफ जाता था (चित्र ४)। इस वर्णन में कुंडलीकृत, योगपट्ट और वैकक्षक तीनों शब्द पारिभाषिक हैं। वैकक्षक बाण के ग्रंथों में कई बार आता है। माला, हार या वस्त्र बाँयें कन्धे से दाहिनी काँख (कक्ष) की ओर जब पहना जाता था तो उसे वैकक्षक कहते थे। योगपट्ट वह वस्त्र था जिसे योगी शरीर का ऊपरी भाग ढकने के लिये रखते थे। साहित्य में अनेक स्थानों पर इस शब्द का प्रयोग हुआ है। अपभ्रंश भाषा के यशोधरचरित काव्य में इसका रूप जोगवट्टु आया है (गल जोगवट्टु सज्जिउ विचित्तु)। पुरानी अवधी में इसी का रूप जोगपाट जायसी ने प्रयुक्त किया है‡। बाण का यह लिखना कि योगपट्ट कुंडली करके या मोड़कर पहना गया था, गुप्त-कालीन मूर्तियों को देखने से ही समझ में आ सकता है जिनमें बाँयें कंधे पर से उतरता हुआ योगपट्ट दोहरा करके डाला जाता है। सावित्री के बाँयें हाथ में स्फटिक का कमंडलु था जिसकी उपमा पुंडरीक मुकुल से दी गई है। गुप्तकालीन अमृतघट जो बोधिसत्त्व आदि मूर्तियों के बाएँ हाथ में रहता है ठीक इसी प्रकार का लम्बोतरा नुकीली पेंदी का होता है। (चित्र ५) सावित्री दाहिने हाथ में शंख की बनी हुई अंगूठियाँ (कम्बुनिर्मितऊर्मिका) पहने और अक्षमाला

---

* देखिए मेरा लेख कल्पवृक्ष, कलापरिषद् कलकत्ता का जर्नल, १९४३ पृ० १-८।

† वासश्चित्रं मधु नयनयोर्विभ्रमादेशदक्षं
पुष्पोद्भेदं सह किसलयैर्भूषणानां विकल्पान्।
लाक्षारागं चरणसकलन्यासयोग्यं च यस्या-
मेकः सूते सकलमबलामंडनं कल्पवृक्षः॥
मेघदूत २, ११

‡ रतनसेन जोगी खण्ड में—मेखल सिंघी चक्र धंधारी। जोगपाट रुद्राछ अधारी॥
(पद्मावत, १२-१-४)

लिए थी। सावित्री के साथ ब्रह्मचारियों का वेश रखे हुए मूर्तिमान् चारों वेद भी थे। शिल्पकला में मूर्तिमान् चारों वेदों का अंकन अभी तक देखने में नहीं आया।

सावित्री बीच में पड़कर दुर्वासा से क्षमा माँगना चाहती ही थी कि क्रोधी दुर्वासा ने चट शाप दे दिया कि सरस्वती मर्त्यलोक में जन्म ले। शाप सुनकर ब्रह्माजी ने पहले धीर स्वर से दुर्वासा को समझाया और पुनः सरस्वती से कहा—'पुत्री, विषाद मत करो। यह सावित्री भी तुम्हारे साथ रहेगी और पुत्रजन्म पर्यन्त तुम वहाँ निवास करोगी।' ब्रह्मा के शरीर को धवलयज्ञोपवीती कहा गया है। गुप्तकालीन ब्राह्मणधर्म-संबंधी मूर्तियों में यज्ञोपवीत का अंकन आरंभ हो गया था। कुषाणकालीन मूर्तियों में इसका अंकन नहीं पाया जाता। ब्रह्माजी के उपदेशवाक्यों में बाण के समकालीन बौद्धों के धार्मिक प्रवचन की झलक पाई जाती है। 'जिन्होंने इन्द्रियों को वश में नहीं किया, उनके इन्द्रियरूपी उद्दाम घोड़ों से उठी हुई धूल दृष्टि को मलीन कर देती है। चर्मचक्षु कितनी दूर देख सकते हैं? ज्ञानी लोग भूत और भविष्य के सब भावों को विशुद्ध बुद्धि से देखते हैं *।' बुद्ध की प्रज्ञा के संबंध में बौद्ध लोग यही बात कहते थे। विश्व की सब वस्तुओं का ज्ञान बुद्ध को करतलगत था। इसे बुद्ध का 'चक्षु' कहा जाता था। इसी का विवेचन करने के लिये रत्नकरतल चक्षु-विशोधन-विद्या (धर्मरक्षकृत, २६६-३१३ ई०) आदि ग्रंथ रचे गए। कालिदास ने भी वसिष्ठ के सम्बन्ध में इस प्रकार के निष्प्रतिघ चक्षु का उल्लेख किया है †।

इसके बाद संध्या हो गई। यहाँ बाण ने प्रदोषसमय का साहित्यिक दृष्टि से बड़ा भव्य वर्णन किया है—'तरुण कवि के मुख की भाँति लाल सूर्य अस्ताचल को चले गए। आकाश ऐसे लाल हो गया मानों विद्याधरी अभिसारिकाओं के चरणों में लगे महावर से पुत गया हो। संध्या की कुसुंभी लाली दिशाओं को रँगती हुई रक्तचन्दन के द्रव की भाँति आकाश में बिखर गई। हंस तालों में कमलों का मधु पीकर छके हुए ऊँघने लगे। रात की साँस की तरह वायु मन्द-मन्द बहने लगी। पके तालफल की त्वचा की कलौंस मिली ललाई की भाँति संध्या की लाली के साथ पहला अँधेरा धरती पर फैल गया। कुरुज के जंगली फूलों की तरह तारे नभ में छिटक गए। निशालक्ष्मी के कान में खोंसी हुई चम्पा की कली-जैसे दीपक बढ़ते हुए अंधेरे को हटाने लगे। चन्द्रमा के हलके और पीले उजाले से अंधकार के हटने पर पूर्वी दिशा का मुख ऐसे निकला मानों सूखते हुए नीले जल के घटने से जमना का बालू-भरा किनारा निकला हो। चरे के पंख के रंग-सा अँधेरा घटता हुआ आकाश छोड़कर धरती पर खिले नीले कमलों के सरोवरों में छा गया। रात्रिवधू के अधरराग की भाँति लाल चन्द्रमा उग आया, मानों वह उदयाचल की खोह में रहनेवाले सिंह के पंजों से मारे गए अपनी ही गोद के हिरन के रुधिर से रँग गया था। उदयाचल पर फैली चन्द्रकान्तमणि से

---

* उद्दामप्रसृतेन्द्रियाश्वसमुत्थापितं हि रजः कलुषयति दृष्टिम् अनक्षजिताम्। कियद्दूरं वा चक्षुरीक्षते? विशुद्धया हि धिया पश्यन्ति कृतबुद्धयः सर्वानर्थानसतः सतो वा (१२)।

† पुरुषस्य पदेष्वजन्मनः स्मृतीतं च भवच्च भावि च।
स हि निष्प्रतिघेन चक्षुषा त्रितयं ज्ञानमयेन पश्यति॥
(रघुवंश, ८-७८)

वही जलधाराओं ने अँधेरे को धोकर बहा दिया। पूर्णचन्द्र आकाश में उठकर सफ़ेद चाँदनी से समुद्र को ऐसे भरने लगा जैसे हाथीदाँत का बना मकरमुखी पनाला गोलोक से दूध की धार बहा रहा हो। इस प्रकार प्रदोष समय स्पष्ट हो उठा।'

कला की दृष्टि से इस वर्णन में कई शब्द ध्यान देने योग्य हैं जैसे, नृत्तोद्भूतधूर्जटिजटाटवी (१५)। इससे ज्ञात होता है कि तांडव करते हुए नटराज शिव की मूर्त कल्पना उस समय लोक में व्याप्त हो रही थी। दन्तमय मकरमुख महाप्रणाल से तात्पर्य हाथीदाँत के बने मकरमुखी उन पनालों से है जो मन्दिरों या महलों की वास्तुकला में लगाए जाते थे। पत्थर में उनके बड़े अनेक उदाहरण भारतीय वास्तु में मिलते हैं। [चित्र ६]

साहित्यिक दृष्टि से इतना कहना उचित होगा कि बाण को संध्या का वर्णन बहुत प्रिय था। हर्षचरित में चार बार संध्या का वर्णन आया है (१४-१६, ८०-८१, २१८-२१६,२५७-२५८) बाण ने हर बार भिन्न-भिन्न चित्र खींचने का प्रयत्न किया है। खुली प्रकृति में और शहर के अन्दर बन्द वातावरण में संध्या के दृश्य प्रभाव और प्रतिक्रिया विभिन्न होती हैं। बाण की साहित्यिक तूलिका ने दोनों के ही चित्र लिखे हैं।

प्रातःकाल होने पर सावित्री के साथ सरस्वती ब्रह्मलोक से निकली और मन्दाकिनी का अनुसरण करती हुई मर्त्यलोक में उतरी। इस प्रसंग में ब्रह्मा के हंसविमान का उल्लेख है। हंसवाही देव-विमान मथुरा की शिल्पकला में अंकित पाया गया है [चित्र ७]।[१] मंदाकिनी के वर्णन में कला की दृष्टि से कई शब्द उपयोगी हैं, जैसे मौलिमालतीमालिका, मस्तक पर पहनी जाने वाली मालती-माला जिसका गुप्तकला में चित्रण पाया जाता है [चित्र ८]; दूसरी अंशुकोष्णीषपट्टिका अर्थात् अंशुक नामक महीन वस्त्र की उष्णीष पर बँधी हुई पट्टिका [चित्र ६]; तीसरी विट के मस्तक की लीलाललाटिका। विट और विदूषकों के वेश कुछ मसखरापन लिए होते थे। जान पड़ता है, विट लोग माथे पर बोल, बेंदी या टिकुली जैसा कोई आभूषण (ललाटिका) पहन लेते थे। विदूषकों के लिए तीन चोंचवाली (त्रिशिखंडक) टोपी गुप्तकला में प्रसिद्ध थी[२]। बाण ने मंदाकिनी के लिये सप्तसागर राजमहिषी की कल्पना की है। वस्तुतः गुप्तयुग और उत्तर-गुप्तयुग में द्वीपान्तरों के साथ भारतीय सम्पर्कों में वृद्धि होने से सप्तसागरों का अभिप्राय साहित्य में आने लगा था। पुराणों में इसी युग में सप्तसमुद्र महादान की कल्पना की गई (मत्स्यपुराण, षोडशमहादानप्रकरण)। विदेशों के साथ व्यापार करके घर लौटने पर धनी व्यापारी सवा पाव से लेकर सवा मन तक सोने के बने हुए सप्त-समुद्ररूपी सात कुंडों का दान करते थे। मथुरा, प्रयाग, काशी-जैसे बड़े केन्द्रों में जहाँ इस प्रकार के दान दिए जाते थे, वे जलाशय सप्तसमुद्रकूप या समुद्रकूप कहलाते थे। इस नाम के कूप अभीतक इन तीनों स्थानों में विद्यमान हैं। मंदाकिनी के लिये सप्तसमुद्रों की पटरानी की कल्पना भारत के सांस्कृतिक इतिहास का एक सुन्दर समकालीन प्रतीक है।

इसके बाद की कहानी मर्त्यलोक में शोण नदी के किनारे आरम्भ होती है। शोण को बाण ने चन्द्र-पर्वत का अमृत का झरना, विन्ध्याचल की चन्द्रकान्त मणियों का निचोड़ और दंडकारण्य के कर्पूरवृक्षों का चुआ हुआ प्रवाह कहा है। श्रीयुत बागची ने एक

१. स्मिथ, जैन स्तूप आफ मथुरा, फलक २०।

२. गुप्ता आर्ट, चित्र १०.

चन्द्रद्वीप की पहिचान दक्षिणी बंगाल के बारीसाल जिले के समुद्र तट से की है[1]। किन्तु शोण से संबंधित चन्द्रपर्वत विन्ध्याचल का वह भाग होना चाहिए जहाँ अमरकंटक के पश्चिमी ढलान से सोन नदी का उद्गम हुआ है। भवभूति ने उत्तर-रामचरित (अङ्क ४) में सीता-वनवास से खिन्न राजा जनक के वैखानसवृत्ति धारण करके चन्द्रद्वीप के तपोवन में कुछ वर्ष बिताने का उल्लेख किया है। संभव है, भवभूति का यह चन्द्रद्वीप विन्ध्याचल के भूगोल का ही भाग हो जो कि उत्तररामचरित की भौगोलिक पृष्ठभूमि के अन्तर्गत है। बाण के समय शोण का दूसरा नाम हिरण्यवाह भी प्रसिद्ध था (हिरण्यवाहानामानं महानदं यं जनाः शोण इति कथयन्ति, १६)। अमरकोश में भी शोण का पर्याय हिरण्यवाह दिया है जिससे गुप्तकाल तक इस नाम की ख्याति सिद्ध होती है। सोन के पश्चिमी तीर अर्थात् बाएँ तट पर सरस्वती ने अपना आश्रम बनाया और दाहिने किनारे पर सोन की उपकंठ भूमि या कछार में कुछ दूर हटकर कहीं च्यवनाश्रम था। बाण के अनुसार सोन के उस पार एक गव्यूति या दो कोस पर च्यवन ऋषि के नाम से प्रसिद्ध च्यावन नामक वन था[2], जहाँ सरस्वती के भावी पति दधीच ने अपना स्थान बनाया। दधीच की सखी मालती घोड़े पर सवार होकर सोन पार करके सरस्वती से मिलने आती है (प्रजविना तुरगेण ततार शोणं, ३६)। अवश्य ही इस स्थान पर सोन कहीं पैदल पार की जा सकती होगी। यहीं दधीच और सरस्वती के पुत्र सारस्वत ने अपने चचेरे भाई वत्स के लिए प्रीतिकूट नाम का गाँव च्यवनाश्रम की सीमा में बसाया (३८) ब्राह्मणों की बस्ती प्रधान होने के कारण बाण ने इसे ब्राह्मणाधिवास भी कहा है। यही प्रीतिकूट बाण का जन्मस्थान था ❀।

[1] श्रीप्रबोधचन्द्र बागची, इंडियन हिस्टारिकल क्वार्टरली भाग २२, पृ० १२९, बंगला के संस्कृत-साहित्य पर नया प्रकाश ; और भी देखिए, विश्वभारती क्वार्टरली, अगस्त १९४६, पृष्ठ ११६-१२१, श्री प्रबोधचन्द्र सेन, प्राचीन बंगाल का भूगोल। और भी, श्रीबागची द्वारा संपादित कौलज्ञाननिर्णय (कलकत्ता संस्कृत सीरीज) की भूमिका में चन्द्र पर्वत-संबंधी अन्य सामग्री।

[2] इतश्च गव्यूतिमात्रमिव पारेशोणं तस्य भगवतश्च्यवनस्य स्वनाम्ना निर्मित-व्यपदेशं च्यावनं नाम काननं (२७)।

❀ च्यवनाश्रम की पहचान के सम्बन्ध में श्रीपरमेश्वरप्रसाद शर्मा ने 'महाकवि बाण के वंशज तथा वास-स्थान' नामक लेख में (माधुरी, वर्ष ८, सं० १९८७, पूर्ण संख्या ९६, पृ० ७२२ - ७२७) विचार किया है। उनका कहना है—'शोणनद के किनारे खोज करने से च्यवनऋषि का आश्रम आजकल भी 'देवकुर' (देवकुंड) के नाम से एक सुविस्तृत जंगल-झाड़ियों के बीच गया जिले में शोण नहर के आस पास, शोण की वर्त्तमान धारा से पूर्व की ओर, गया से पश्चिम रफीगज से १४ मील उत्तर-पश्चिम में बसा हुआ है। बाण का जन्मस्थान इसी के आस-पास कहीं होगा। और भी खोज करने पर इस च्यवनाश्रम के आस-पास चारों ओर बच्छगोतियों की कई एक बड़ी-बड़ी बस्तियों का पता लगता है, जैसे सोनभद्र, परभे, बँधवाँ वगैरह। इन सबमें सोनभद्र आदिस्थान माना जाता है। मालूम होता है कि शोण के किनारे होने के कारण ही इस गाँव का नाम शोणभद्र पड़ा। यहाँ के रहनेवाले सोनभदरिया विख्यात हुए जो अपने को बच्छगोतिया

शोणतटवर्ती आश्रम में सरस्वती की दिनचर्या का वर्णन करते हुए शिवपूजा के संबंध में कई महत्त्वपूर्ण सूचनाएँ दी गई हैं। सरस्वती नदी के किनारे सैकत शिवलिंग बनाती और शिव के पंचब्रह्मरूप की पूजा करती थी (पंचब्रह्मपुरस्सरां, २०)। शिव के ये पाँच रूप सद्योजात, वामदेव, अघोर, तत्पुरुष और ईशान नामक थे। इनके अनुसार पंचमुखी शिवलिंग कुषाणकाल से ही बनने लगे थे और गुप्तकाल में भी उनका विशेष प्रचार था [चित्र १०]। पाँच तत्त्व और पाँच चक्रों के अनुसार यह शिव के पंचात्मक रूप की कल्पना थी। बौद्धों में भी योग और तांत्रिक प्रभावों के सम्मिश्रण से पंचात्मक बुद्धों की उपासना व कलात्मक अभिव्यक्ति कुषाण और गुप्तकाल में विकसित हो चुकी थी। बाण ने यहाँ शिव की अष्टमूर्तियों का भी उल्लेख किया है। इनका ध्यान करके शिवपूजा में शिवलिंग पर अष्टपुष्पिका चढ़ाई जाती थी। कालिदास ने अभिज्ञानशाकुन्तल के मंगलश्लोक में शिव की इन अष्टमूर्तियों का अत्यन्त सरस वर्णन किया है। बाण ने उनके नाम इस प्रकार गिनाए हैं—१. अवनि, २. पवन, ३. वन (जल), ४. गगन, ५. दहन (अग्नि), ६. तपन (सूर्य), ७. तुहिनकिरण (चन्द्रमा) और ८. यजमान (आत्मा २०)। अष्टपुष्पिका पूजा के इस प्रसंग में ध्रुवागीति का महत्त्वपूर्ण उल्लेख है जिसका तात्पर्य ध्रुपद गान से ही ज्ञात होता है। ध्रुपदगान और कुछ रागों का विकास बाण से पहले हो चुका था। बाण के पूर्वकालीन सुबन्धु ने वासवदत्ता में विभास राग का स्पष्ट नामोल्लेख किया है।[1]

एक दिन प्रातःकाल के समय एक सहस्र पदाति-सेना और घुड़सवारों की एक टुकड़ी उस आश्रम के समीप आती हुई दिखाई पड़ी। गुप्तकाल में बहुत यत्न के बाद पदाति-सेना का जो निखरा रूप बना था उसका एक उभरा हुआ चित्र बाण ने यहाँ प्रस्तुत किया है।

कहते हैं। बच्छगोतिया शब्द वत्सगोत्रीय शब्द का बिगड़ा हुआ रूप है। च्यवनाश्रम की समीपता, शोणभद्र की तटस्थता, तथा सोनभद्र की प्राचीनता और बच्छगोतिया नाम के अस्तित्व के ऊपर विचार करने से यह धारणा हुए बिना नहीं रह सकती कि यह सोनभद्र गाँव महाकवि बाण के बाल्यकाल का क्रीड़ा स्थल था, यहीं पर बाण ने अपने कादम्बरी-जैसे अनोखे उपन्यास और हर्षचरित-जैसे अनोखे इतिहास की रचना की थी।'

बाण के साले मयूर के जन्म-स्थान के विषय में भी इस लेख में लिखा है कि गया जिले में पामरगंज स्टेशन से दक्षिण-पश्चिम १४ मील हटकर च्यवनाश्रम से ठीक बीस कोस दक्षिण-पश्चिम कोने पर एक 'देव' नामक प्रसिद्ध स्थान है जहाँ सूर्य का एक विशाल मन्दिर मयूर-भट्ट की तपोभूमि का स्मरण दिला रहा है। यहाँ प्रतिवर्ष कार्तिक और चैत्र की छठ को बड़ा मेला लगता है और सैकड़ों आदमी यहाँ कुष्ठरोग से छुटकारा पाने के लिये आते हैं। यह मन्दिर भी च्यवनाश्रम की तरह पश्चिम मुँह का है। इसके आस-पास मरयार नाम के स्थानीय ब्राह्मणों की अनेक बस्तियाँ हैं जो अपने को मयूर का वंशज बतलाते हैं। (माधुरी, वही पृष्ठ ७२४)।

१. विभासरागमुखरकार्पटिकजनोपगीयमानकाव्यकथासु रथ्यासु, (वासवदत्ता, जीवानन्द संस्करण, पृ० २२), अर्थात् कार्पाटिक साधु काव्य की कहानियाँ विभासराग में गा-गाकर गलियों में सुनाते थे।

पदाति-सेना की भर्ती में प्रायः जवान लोग थे (युवप्रायेण)। बाण के समय लम्बे बाल रखने का रिवाज था; लेकिन फौजी जवान लम्बे घुँघराले बालों को इकट्ठा करके माथे पर जूड़ा बाँधते थे [१] [चित्र ११]। वे कानों में हाथीदाँत के बने पत्ते पहनते थे जो झुमके की तरह कपोल के पास लटकते थे [२]। प्रत्येक सैनिक लाल रंग का कंचुक या कसा हुआ छोटा कोट पहने था, जिसपर काले अगुरु की बुंदकियाँ छिटकी हुई थीं [३]। सिर पर उत्तरीय की छोटी पगड़ी बँधी हुई थी [४]। बाएँ हाथ की कलाई में सोने का कड़ा पड़ा हुआ था। गुप्तकाल में इसका आम रिवाज था। कालिदास ने भी इसका उल्लेख किया है [५]। यह कड़ा कुछ निकलता हुआ या ढीला होता था, जो सम्भवतः छैलपन की निशानी थी। इस विशेषता के कारण बाण ने उसे स्पष्ट-हाटक-कटक कहा है [६]। कमर में कपड़े की दोहरी पेटी की मजबूत गाँठ लगी थी और उसी में छुरी खोंसी हुई थी [७]। छुरी के लिए प्रायः असिधेनु या असिपुत्रिका शब्द चलते थे। निरन्तर व्यायाम से शरीर पतला किन्तु तारकशी की तरह खिंचा हुआ था [८]। गठे हुए लम्बे शरीर पर पतली कमर में कसी हुई पेटी और उसमें खोंसी हुई कटारी, इस रूप में सैनिकों की मिट्टी की मूर्तियाँ अहिच्छत्रा की खुदाई में मिली हैं जो लगभग छठी-सातवीं ईसवी की हैं [९] [चित्र १२]। पदाति-सैनिकों में कुछ लोग मुँगरी या डंडे लिये हुए थे (कोणधारी) और कुछ के हाथ में तलवार थी। यह पदाति-सेना आगे-आगे तेज चाल से चली जाती थी और इनके पीछे अश्ववृन्द या घुड़सवारों की टुकड़ी आ रही थी।

घोड़ों की टुकड़ी के बीच में अठारह वर्ष का एक अश्वारोही युवक था। दधीच नामक इस युवक के वर्णन में बाण ने अपने समकालीन सम्भ्रान्त और नवयुवक सेनानायक का चित्र खींचा है। वह बड़े नीले घोड़े पर सवार था। साथ में चंवर डुलाते हुए दो परिचारक दाएँ बाएँ चल रहे थे। आगे-आगे सुभाषित कहता हुआ एक बन्दी या चारण चल रहा था। सेनानायक के सिर पर छत्र था। बाण ने छातों का कई जगह वर्णन किया है (५६, २१६)। इस छाते की तीन विशेषताएँ थीं। उसके सिरे पर अर्धचन्द्र की आकृतियोंवाली एक गोल किनारी बनी हुई थी। बंगड़ीदार या चूड़ीदार सजावट की यह किनारी (Scalloped border) प्रभामंडल के साथ कुषाणकाल से ही मिलने लगती

---

१ प्रलम्बकुटिलकचपल्लवघटिताललाटजूटक, २१। इस प्रकार के माथे पर बँधे जूड़े (ललाटजूटक) के साथ मथुरा-संग्रहालय में जो २१ संख्यक पुरुषमस्तक देखिए।

२ धवलपत्रिकायुतिहसितकपोलभिति, २१।

३ कृष्णशबलकषायकंचुक, २१।

४ उत्तरीयकृतशिरोवेष्टन, २१।

५ कनकवलयभ्रंशरिक्तप्रकोष्ठः, मेघदूत, २१।

६ वामप्रकोष्ठनिविष्टस्पष्टहाटककटकेन, २१।

७ द्विगुणपट्टपट्टिकागाढग्रंथिग्रथितासिधेनुना, २१।

८ अनवरतव्यायामकृशकर्कशशरीरेण, २१।

९ वासुदेवशरण अग्रवाल, टेराकोटा फिगरीन्स ऑव अहिच्छत्रा, एँश्येंट इंडिया, अंक ४, पृष्ठ १४९, चित्र० सं० १८८।

है। किन्तु गुप्तकाल के छाया-मंडलों में इस किनारी के साथ और भी अलंकरण जैसे कमल की पँखड़ी और मोर या गरुड़ मिलने लगते हैं। ये छाया-मंडल हूबहू छत्रों के ढंग पर अलंकृत किए जाते थे। ऐसा कालिदास ने लिखा है [1]। छत्र के किनारे पर मोतियों की झालर लगी हुई थी (मुक्ताफलजालमालिना २१) और बीच-बीच में तरह-तरह के रत्न जड़े थे। दधीच कटि तक लम्बी मालती की माला पहने हुए था और उसके सिर पर तीन प्रकार के अलंकरण थे। एक तो केशान्त में मौलसिरी की मुंडमाला थी, दूसरे सामने की ओर पद्मरागमणि का जड़ाऊ छोटा गहना या कलँगी (शिखंडखंडिका २१) लगी हुई थी, और तीसरे उसके पीछे की ओर मौलिधारण किये हुए था। उसकी नाक लम्बी और ऊँची थी (द्राघीयस् घोणावंश)। मुख में विशेष प्रकार का सुगंधित मसाला था जो सहकार, कर्पूर, कक्कोल, लवंग, और पारिजात इन पाँच सुगंधित द्रव्यों से बना था। ज्ञात होता है कि उस समय इस मुखशोधक सुगंधि (मुखामोद) का अधिक रिवाज था। बाण ने अन्यत्र भी इसका उल्लेख किया है और ऊपर लिखे द्रव्यों के अतिरिक्त चंपक और लवली भी मुखशोधक मसाले में मिलाने की बात लिखी है (६६)। युवक के कान में त्रिकंटक नाम का गहना था। यह आभूषण दो मोतियों के बीच में पन्ने का जड़ाव करके बनाया गया था (कदम्बमुकुलस्थूलमुक्ताफलयुगलमध्याध्यासितमरकतस्य त्रिकंटककर्णाभरणस्य, २२)। उस समय त्रिकंटक कर्णाभरण का व्यापक रिवाज था। स्त्री और पुरुष दोनों इसे पहनते थे। हर्ष के जन्ममहोत्सव के समय राजकुल में नृत्य करती हुई राजमहिषियाँ त्रिकंटक पहने हुए थीं (उद्धूयमानधवलचामरसटालमत्रिकंटकवलितविकटकटाक्षाः, १३३)। हर्ष का ममेरा भाई भंडि जब पहली बार दरबार में आया, वह कान में मोतियों से बना त्रिकंटक पहने था (त्रिकंटकमुक्ताफलालोकधवलित, १३५)। सौभाग्य से बाण के वर्णन से मिलता हुआ दो मोतियों के बीच में जड़ाऊ पन्ने सहित सोने का कान में पहनने का एक गहना जो बाली के आकार का है, मुझे प्राप्त हुआ था; वह अब राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली में सुरक्षित है। उसकी पहचान त्रिकंटक से की जा सकती है। [चित्र १३]

दधीच की कमर में एक हरे रंग का कसकर बाँधा हुआ (निबिडनिपीडित) छोटा अधोवस्त्र था। बाण ने उसके बाँधने के प्रकार का यथार्थ चित्रण किया है। सामने की ओर नाभि से कुछ नीचे उसका एक कोना रहता था (ईषदधोनाभिनिहितैककोणकमनीय, २२), अर्थात् उसका ऊपर का सिरा नीवी या अंटी में बँधा और नीचे का छुटा रहता था। शरीर के मोड़ने से दाहिनी जाँघ का कुछ भाग दिखाई दे जाता था (संवलनप्रकटितोरुत्रिभाग, २२)। उस गमछानुमा अधोवस्त्र का कच्छभाग पीछे की ओर पल्ला खोंसने के बाद भी कुछ ऊपर निकलता रहता था (कक्ष्याधिकक्षिप्तपल्लव, २२)। अधोवस्त्र पहनने का यह ढंग गुप्तकालीन मूर्तियों में प्रत्यक्ष देखा जाता है। उससे बाण के वर्णन को स्पष्ट समझने में सहायता मिलती है। [चित्र १४]

वह युवक जिस घोड़े पर सवार था उसके साज़ का भी वर्णन किया गया है। उसके मुँह में खरखलीन या काँटेदार लगाम थी। सीधे घोड़ों को सादा लगाम और तेज-मिज़ाज़ घोड़ों के लिए काँटेदार लगाम प्रायः होती है। उसके लिये बाण ने खरखलीन

१. छायामंडललक्ष्येण·····पद्मातपत्रेण, रघुवंश, ४, ५।

नाम दिया है। खलीन शब्द संस्कृत में यूनानी भाषा से किसी समय लिया गया था जो बाण के समय में खूब चल गया था। घोड़े की नाक पर सामने की ओर लगाम का कमानीदार हिस्सा (दीर्घघ्राणलीनलालिक) और माथे पर सोने का पदक झूल रहा था (ललाटलुलित-चामीकरचक्रक)। गले में सोने की झनझन बजनेवाली मालाएँ पड़ी थीं जिन्हें जयन कहते थे (शिंजानशातकौम्भजयन, २३)। जहाँ सवार के पैर लटकते थे वहाँ कद्या के समीप पलान से झूलती हुई छोटी-छोटी चंवरियों की पंक्ति घोड़ों की शोभा के लिये लगाई जाती थी (अश्वमंडनचामरमाला, २३)।

इस प्रकार वह नवयुवक नायक अश्ववृन्द के मध्य में चल रहा था, मानो वह नेत्रों का आकर्षणांजन, मान का वशीकरण मंत्र, सौभाग्य का सिद्धियोग, रूप का कीर्तिस्तम्भ और लावण्य का मूल कोष हो। ये सब पारिभाषिक शब्द हैं। वाग्भट्ट के अष्टांगसंग्रह में जो लगभग बाण की समकालीन रचना थी, सर्वार्थसिद्ध अंजन के बनाने की विधि विस्तार से दी गई है। बाण ने लिखा है कि चंडिका के मंदिर का बुड्ढा दक्खिनी पुजारी किसी ठग के द्वारा दिए हुए सिद्धांजन से अपनी एक आँख ही गँवा बैठा था (का० २२६)। उस समय की जनता देवी-देवताओं की मनौती मानकर इस प्रकार के सिद्ध अंजन और औषधियों का प्रयोग करती थी, यह भी वाग्भट्ट से ज्ञात होता है। सातवीं शती में कीर्तिस्तम्भ शब्द का प्रयोग उनके निर्माण की प्राचीन परम्परा का सूचक है।

उसके पार्श्व में घोड़े पर सवार एक अंगरक्षक चल रहा था। लम्बा, तपे सोने के-से रंगवाला, अधेड़ अवस्था का, जिसके दाढ़ी मूँछ और नाखून साफ-सुथरे कटे हुए थे (नीचनखश्मश्रुकच), छिले कसेरू-सी घुटी खोपड़ीवाला (शुक्तिखलितः), कुछ तुन्दिल, रोमश उरस्थल वाला, दिखावटी न होने पर भी भव्य वेश का, आकृति से महानुभाव शिष्टाचार (तहज़ीबसलीक़ा) की सीख-सी देता हुआ (आचारस्य आचार्यकम् इव कुर्वाणं), सफेद कंचुक पहने हुए और सिर पर धुली दुकूलपट्टिका बाँधे हुए—इस प्रकार का वह पार्श्व-पुरुष था। यहाँ स्पष्ट रूप से उसकी जातीयता न बताकर भी बाण ने बारीक हुलिया से उसके विदेशी होने का इशारा किया है। संभवतः इस वर्णन के पीछे पारसीक सैनिक का चित्र है। बाण ने स्वयं उसके लिए 'साधु' पद का प्रयोग किया है। संभवतः यह 'शाह' का संस्कृत रूप तत्कालीन बोलचाल में प्रयुक्त होता हो।

वे दोनों घोड़े से उतरकर सरस्वती और सावित्री के पास लतामंडप में विनीत भाव से आए। शिष्टाचार के उपरान्त सावित्री के प्रश्न के उत्तर में पार्श्वचर ने अपने साथी का परिचय देते हुए कहा—'यह च्यवन से सुकन्या में उत्पन्न पुत्र दधीच है। इसका जन्म अपने नाना के यहाँ हुआ। अब यह अपने पिता के समीप जा रहा है। मैं इसके मातामह-कुल का आज्ञाकारी भृत्य विकुक्षि हूँ। शोण के उस पार च्यवन वन तक हमें जाना है। आप भी अपने गोत्र-नाम से अनुगृहीत करें।' सावित्री ने इतना ही कहा—'आर्य, समय पर सब जानेंगें'। इसके बाद संध्या हो गई किन्तु सावित्री को उस युवक में मन लग जाने के कारण नींद न आई। कुछ दिन बाद यही विकुक्षि छत्रधार के साथ पुनः वहाँ आया। कुशल-प्रश्न के उपरान्त उसने सूचना दी कि कुमार दधीच की मालती नामक सखी उसका सन्देश लेकर शीघ्र ही आएगी। अगले दिन प्रातःकाल शोण पार करके मालती उस स्थान पर

आई। वह बड़े तुरंगम पर सवार थी। उसके पैर रकाब में पड़े हुए थे (उरवधारोपित-चरणयुगल, ३१)। यहाँ यह ध्यान देने योग्य है कि भारतवर्ष में रकाब का वर्णन स्त्रियों की सवारी के लिए ही आता है और कला में भी स्त्रियों के लिये ही उसका अंकन किया गया है।[1] [चित्र १५]

मालती का वेश विशेष रूप से ध्यान देने योग्य है। वह धोए हुए सफेद रेशम का पैरों तक लटकता हुआ झीना कंचुक पहने थी[2] जो साँप की केंचुली की तरह हल्का और बारीक था। इस प्रकार का लम्बा कंचुक अजन्ता की पहली गुफा में बोधिसत्व अवलोकितेश्वर के पीछे खड़ी हुई स्त्री के शरीर पर स्पष्ट है। वस्त्र के लिए यहाँ नेत्र शब्द का प्रयोग किया गया है। बाण के ग्रंथों में यह शब्द कितनी ही बार आता है। नेत्र एक प्रकार का महीन रेशमी कपड़ा जान पड़ता है। झीने कंचुक के नीचे कुसुम्भी रंग का लाल लंहगा (कुसुम्भरंगपाटलं चंडातकं) झलक रहा था (अन्तःस्फुटं) जिस पर रंग-विरंगी बदकियाँ पड़ी हुई थीं (पुलकबंधचित्रम्)। ज्ञात होता है कि बांधनू की रंगाई से ये बंदकियाँ उत्पन्न की जाती थीं। इस तरह की रंगाई के लिये पुलक बन्ध पारिभाषिक शब्द ज्ञात होता है। उसका मुख मानो नीले अंशुक की जाली से ढँका था (नीलांशुकजालिकयेव निरुद्धार्धवदना)। माथे पर दमकता हुआ पद्मराग का चटुला ऐसा फबता था मानो वह रक्तांशुक का घूंघट डाले हुए थी। बाण के वर्णनों में देहाती स्त्रियों के वेश में ही शिरोवगुंठन का उल्लेख आया है।

मालती के शरीर पर कई प्रकार के आभूषणों का वर्णन किया गया है। कटिप्रदेश में बजती हुई करधनी थी। गले में आँवले जैसे बड़े गोल मोतियों का हार था (आमलकी-फलनिस्तलमुक्ताफलहार)। इस हार की उपमा स्थूल ग्रहगण या नवग्रहों से दी गई है। ज्ञात होता है कि यह नौ बड़े मोतियों का कंठा था जो ग्रीवा से कुछ सटा हुआ पहना जाता था। मथुरा कला में इस प्रकार का कंठा शुंग कालीन मूर्त्तियों पर ही मिलने लगता है[3]। छाती पर रत्नों की प्रालम्बमाला कुचों तक लटकती थी (कुचपूर्णकलशयोरुपरिरत्नप्रालंबमालिकां)[4]। इस माला में लाल और हरे रत्न अर्थात् माणिक और पन्ने जड़े थे। एक हाथ की कलाई में सोने का कड़ा था (हाटककटक) जिसके गोहामुखी सिरों पर पन्ने जड़े हुए थे (मरकतमकरवेदिका-

१. कुमारस्वामी, बोस्टन म्यूज़ियम बुलेटिन, सं० १४४, अगस्त १९२६, पृ० ७, चित्र ४ में मथुरा के एक सूचीपट्ट पर अश्वारोहिणी स्त्री रकाब में पैर डाले हुए दिखाई गई है। कुमारस्वामी के अनुसार भारतीय कला में रकाब के उदाहरण संसार में सबसे प्राचीन है। भरहुत, भाजा, सांची और मथुरा की शिल्पकला में द्वितीय-प्रथम शती ई० पूर्व की अश्वारोही मूर्तियों में रकाब के कई उदाहरण मिलते हैं। प्रायः स्त्रियाँ रकाब के साथ और पुरुष उसके बिना सवारी करते दिखाए गए हैं। जब रकाब दिखाई जाती है तो मुड़ी हुई टाँगें घोड़े के पेट से नीचे नहीं लटकतीं, और जब रकाब नहीं होती तब टाँगें सीधी और पैर नीचे तक लटकते हुए दिखाए जाते हैं इसीलिये यहाँ पर बाण ने मालती के पैरों को घोड़े के उरस्थल पर कसी हुई वध्रा या तंग के पास रखे हुए कहा है।

२ धौतधवलनेत्रनिर्मितेन निर्मोकलघुते ण आप्रपदीनेन कंचुकेन तिरोहिततनुलता, ३१।

३ देखिए, मथुरा कला की निम्नलिखित मूर्तियाँ, आई १५, ए ४६, जे ७।

४ प्रालम्बमृजुलम्बि स्यात् कंठात्, अमरकोश।

सनाथ)। गाहामुखी (ग्राहमुखी या मकरमुखी) और नाहरमुखी कड़ों का रिवाज भारतीय गहनों में अभी तक पाया जाता है। कानों में एक-एक बाली थी जिसमें मौलसिरी के फूल की तरह लम्बोतरे तीन-तीन मोती थे[1] इसके अतिरिक्त बांये कान में नीली झल्लक का दन्तपत्र और दाहिने कान में केतकी का हरा अवतंस (नुकीला टौंसा) सुशोभित था। माथे पर कस्तूरी का तिलक बिन्दु लगा था। ललाट पर सामने मांग से लटकती हुई चटुला तिलक नामक मणि थी (ललाटलासकसीमन्तचुम्बी चटुला तिलकमणिः)। इस प्रकार का चटुला तिलक गुप्तकालीन स्त्रीमूर्त्तियों में प्रायः देखा जाता है[2]। [चित्र १६] पीठ पर बालों का जूड़ा ढीला लटका हुआ था और सामने केशों में चूड़ामणि मकरिका आभूषण लगा हुआ था। दोनों ओर निकले हुए दो मकरमुखों को मिलाकर सोने का मकरिका नामक, आभूषण बनता था जो सामने बालों में या सिर पर पहना जाता था। इस प्रकार मालती के वेश और आभूषणों के ब्यौरेवार वर्णन में उस काल की एक सम्भ्रान्त स्त्री का स्पष्ट चित्र बाण ने खींचा है।

मालती के साथ उसकी ताम्बूलकरंकवाहिनी भी थी। लतामंडप में आकर वह सावित्री और सरस्वती के साथ आलाप में संलग्न हो गई। मध्याह्न के समय सावित्री के शोणतट पर स्नान के लिए चले जाने पर मालती ने सरस्वती से दधीच का प्रेम-संदेश कह सुनाया। यह संदेश समासरहित सरल शैली में कहा गया है। उत्तर में सरस्वती के प्रेम का आश्वासन पाकर मालती पुनः च्यवनाश्रम में आई और अगले दिन दधीच को साथ लेकर लौटी। वहाँ एक वर्ष से कुछ अधिक समय तक दधीच और सरस्वती साथ-साथ रहे। तब सरस्वती ने सारस्वत नाम के पुत्र को जन्म दिया, और पुनः शापावधि समाप्त होने पर ब्रह्मलोक को लौट गई। भार्गव वंश में उत्पन्न अपने भाई ब्राह्मण की पत्नी अक्षमाला को दधीच ने सारस्वत की धात्री बनाया। सारस्वत और अक्षमाला का पुत्र वत्स दोनों साथ बढ़ने लगे। सारस्वत ने वत्स के प्रेम से प्रीतिकूट नामक निवास की स्थापना की और स्वयं 'आषाढ़ी कृष्णाजिनी वल्कली अक्षवलयी जटी' बनकर तप करता हुआ च्यवन के लोक को ही चला गया। यहाँ तक बाणभट्ट ने अपने पूर्वजों का पौराणिक वर्णन किया है जिसमें लगभग पूरा पहला उच्छ्वास समाप्त हो जाता है।

वत्स से वात्स्यायन वंश का प्रादुर्भाव हुआ। उसी वंश में वात्स्यायन नामक गृहमुनि अर्थात् गृहस्थ होते हुए भी मुनिवृत्ति रखनेवाले ब्राह्मण उत्पन्न हुए। इन मुनियों का जो उदात्त वर्णन बाण ने दिया है उसे पढ़कर ताम्रपत्रों में वर्णित उस समय के वेदाध्यायी, कर्मकांडनिरत ब्राह्मण-कुटुम्बों का स्मरण हो आता है। इन लोगों के विषय में विशेष उल्लेखनीय बात यह कही गई है कि उन्होंने पंक्तिभोजन छोड़ रखा था (विवर्जितजनपंक्तयः)। ऐसे लोग जनसमुदाय के साथ सामूहिक जेवनारों में सम्मिलित न होकर अपनी बिरादरी के साथ ही भोजन का व्यवहार रखते थे। दूसरे प्रकार के वे लोग थे जिन्होंने ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य इन तीनों वर्णों का भी भोजन त्याग दिया था (वर्णत्रयव्यावृत्तिविशुद्धांधसः, ३६)। संभवतः ऐसे लोग स्वयं पाकी रहना पसन्द करते थे। सामाजिक इतिहास की दृष्टि से इतना निश्चित ज्ञात

---

१ बकुलफलानुकारिणीभिः तिसृभिः मुक्ताभिः कल्पितेन बालिकायुगलेन, ३२।

२ वासुदेवशरण, अहिच्छत्रा टेराकोटाज, एंश्येंट इंडिया अंक ४, पृष्ठ १४४, चित्र १६४ से १६७ तक।

होता है कि इस प्रकार भोजन की छुआछूत के विषय में ब्राह्मण-परिवारों में विशेष प्रकार की रोकथाम और मर्यादाएँ सातवीं शती में प्रचलित हो चुकी थीं।

उस समय एक सुसंस्कृत परिवार में विद्या और आचार का जो आदर्श था वह अपनी बिरादरी के सम्बन्ध में बाण के निम्नलिखित वर्णन से ज्ञात होता है—'श्रौत आचारों का उन्होंने आश्रय लिया था। झूठ और दम्भ को वे पास न आने देते थे। कपट, कुटिलता और शेखी बघारने की आदत उनमें न थी। पापों से वे बचते थे। शठता को दूर करके अपने स्वभाव को प्रसन्न रखते थे। हीनता की कोई बात नहीं आने देते थे। दूसरे की निन्दा से अपने चित्त को विमुख रखते थे। बुद्धि की धीरता के कारण माँगने की वृत्ति से पराङ्मुख थे। स्वभाव के स्थिर, प्रणयिजनों में अनुकूल, कवि, वाग्मी, सरस भाषण में प्रीति रखनेवाले, विदग्धों के अनुरूप हास-परिहास में चतुर, मिलने-जुलने में कुशल, नृत्य-गीत-वादित्र को अपने जीवन में स्थान देनेवाले, इतिहास में अतृप्त रुचि रखनेवाले, दयावान्, सत्य से निखरे हुए, साधुओं को इष्ट, सब सत्त्वों के प्रति सौहार्द और करुणा से द्रवित, रजोगुण से अस्पृष्ट, क्षमावन्त, कलाओं में विज्ञ, दक्ष एवं अन्य सब गुणों से युक्त द्विजातियों के वे कुल असाधारण थे।' बाण ने तत्कालीन ज्ञानसाधन की दो विशेषताओं की ओर भी यहाँ इशारा किया है। अपने दर्शन के अतिरिक्त अन्य दर्शनों में भी जो शंकाएँ उठाई जाती थीं उनका समाधान भी वे जानते थे (शमितसमस्तशास्त्रान्तरसंशीतिः, ३६)। गुप्तकाल से बाण के समय तक के युग में बौद्ध, ब्राह्मण तथा जैन दार्शनिक अनेक दृष्टिकोणों से तत्त्वचिन्तन करते रहे थे। उस समय के दार्शनिक मंथन की यह शैली थी कि वे विद्वान् एक दूसरे से उद्भावित नई-नई युक्तियों और कोटियों से अपने-आपको परिचित रखते और अपने ग्रंथों में उनका विचार और समाधान करते थे। प्रमुख आचार्य अन्य मतों में प्रवृद्ध रुचि रखते थे, उपेक्षा का भाव न था। इस प्रकार की जागरूकता के वातावरण में ही वसुबन्धु, धर्मकीर्ति, सिद्धसेन दिवाकर, उद्योतकर, कुमारिल और शंकर-जैसे अनेक प्रचंड मस्तिष्कों ने एक दूसरे से टक्करा-टक्करा कर दार्शनिक क्षेत्र में अभूतपूर्व तेज उत्पन्न किया। इस पृष्ठभूमि में बाण का 'शमितसमस्त-शास्त्रान्तरसंशीति' विशेषण साभिप्राय है और ज्ञान-साधन की तत्कालीन प्रवृत्ति का परिचय देता है। इस प्रसंग में दूसरी बात यह कही गई है कि वे विद्वान् समग्र ग्रंथों में जो अर्थ की ग्रंथियां थीं उनको उद्घाटित करते थे (उद्घाटितसमग्रग्रंथार्थग्रंथयः, ३६)। इसमें भी तत्कालीन विद्यासाधन की झलक है। समग्र ग्रंथों से तात्पर्य भिन्न-भिन्न दर्शनों, जैसे न्याय, वैशेषिक, सांख्ययोग, वेदान्त, मीमांसा, पाशुपत, बौद्ध, आर्हत आदि के ग्रंथों से है। उस समय के पठन-पाठन में ऐसी प्रथा थी कि लोग केवल अपने ही दार्शनिक ग्रंथों के अध्ययन से सन्तुष्ट न रहकर दूसरे सम्प्रदायों के ग्रंथों का भी अध्ययन करते थे और उसमें जो अर्थ की कठिनाइयाँ थीं उन्हें स्पष्ट करते थे। इसी प्रणाली के कारण नालन्दा के बौद्ध-विश्वविद्यालय में वेद-शास्त्र आदि ब्राह्मणों के ग्रंथों का पठन-पाठन भी खूब चलता था, जैसा कि ह्युआन चुआङ् ने लिखा है। अध्ययन-अध्यापन और ग्रंथ-प्रणयन, दोनों क्षेत्रों में ही सकल शास्त्रों में रुचि उस युग के विद्वानों की विशेषता थी। स्वयं बाण ने दिवाकर मित्र के आश्रम का वर्णन करते हुए इस प्रवृत्ति का आँखोंदेखा सच्चा चित्र खींचा है (२३७)।

उस वात्स्यायनवंश में क्रम से कुबेर नामक एक ब्राह्मण ने जन्म लिया। कुबेर के अच्युत, ईशान, हर और पाशुपत ये चार पुत्र हुए। उनमें पाशुपत का पुत्र अर्थपति था। अर्थपति के ग्यारह पुत्र हुए भृगु, हंस, शुचि, कवि, महिदत्त, धर्म, जातवेदस्, चित्रभानु, व्यक्त, अहिदत्त और विश्वरूप। इनमें से आठवें चित्रभानु की पत्नी राजदेवी से बाण का जन्म हुआ। बालपन में ही उसे माता का वियोग सहना पड़ा और पिता ने ही मातृस्नेह के साथ उसका पालन किया। पिता की देख-रेख में दिन-दिन जीवट लाभ करता हुआ वह बढ़ने लगा। पिता ने उपनयन आदि श्रुति-स्मृति-विहित सब संस्कार यथासमय किए। बाण की आयु चौदह वर्ष की भी पूरी न होने पाई थी कि उसके पिता भी बिना वृद्धावस्था को प्राप्त हुए ही गत हो गए। उस समय तक बाण का समावर्तन-संस्कार हो चुका था। विवाह के साथ-साथ दो-एक दिन पहले ही समावर्तन-संस्कार कर लेने का जो रिवाज है, उसके अनुसार ज्ञात होता है कि बाण का विवाह भी पिता के सामने ही हो गया था। समावृत्त पद में ही विवाह का भी अन्तर्भाव है। हर्ष के साथ पहली भेंट में उसने आत्मसम्मान के साथ कहा था—स्त्री का पाणिग्रहण करने के बाद से ही मैं नियमित गृहस्थ रहा हूँ (दारपरिग्रहादभ्यागारिकोऽस्मि, ७६)।

पिता की मृत्यु से बाण का कुछ दिन तक दुःखी और शोकसंतप्त रहना स्वाभाविक था। उसने वह समय घर पर ही काटा। जब शनैः-शनैः शोक कम हुआ तब बाण की स्वतंत्र प्रकृति ने जोर मारा। वह उसके यौवनारम्भ का समय था, बुद्धि परिपक्व न हुई थी (धैर्यप्रतिपत्तितया यौवनारम्भस्य, ४१), अल्हड़पन के कारण स्वभाव में चपलता थी और मन में नई-नई बातें जानने का कुतूहल था। पिता के न रहने से एकाएक जो छूट मिली उससे नियमित जीवन में कमी आई और अविनय या अनुशासनहीनता बढ़ गई। फल यह हुआ कि वह 'इत्वर' (आवारा) हो गया। इत्वर का अर्थ शंकर ने गमनशील किया है। मूल में यह वैदिक शब्द था जो 'इण् गतौ' धातु से बनाया गया था। क्रमशः इसका अर्थ गमनशील से चंचल और ऊधमी हो गया। हिन्दी की इतराना धातु इसी से बनी है। लोक में ईतरे बालक और ईतरी गाय ये प्रयोग देखे, ऊधमी, उत्पाती के अर्थ में चलते हैं। बाण का अभिप्राय यहाँ इत्वर से अपने आवारापन की ओर इशारा करने का है। बाण के घर की आर्थिक स्थिति अच्छी थी। ब्राह्मणों के यहाँ जैसा चाहिए वैसा पिता-पितामह का उपार्जित धन घर में था।[1] उसकी पढ़ाई का सिलसिला भी जारी था (सति च अविच्छिन्ने विद्याप्रसंगे)। ज्ञात होता है कि बाण के गाँव प्रीतिकूट में संस्कृत के विविध विषयों की पढ़ाई का उसके सगे-सम्बन्धियों के कुलों में ही अच्छा प्रबन्ध था। जब वह हर्ष के यहाँ से लौटकर अपने गाँव आया तो उसने अध्ययन-अध्यापन और छात्रसमूह के विषय में स्वयं विशेष रूप से प्रश्न पूछे। व्याकरण, न्याय, मीमांसा, काव्य, कर्मकांड और वेदपाठ, इतने विषयों की पढ़ाई तो नियमित रूप से प्रीतिकूट गाँव में ही होती है (८४)। किन्तु उसके तूफानी स्वभाव के कारण ये सब सुविधाएँ भी बाण को घर में रोककर न रख सकीं। वह लिखता है—'जैसे किसी पर ग्रहों की बाधा सवार हो वैसे ही स्वच्छन्द मन और नवयौवन के कारण स्वतंत्र होकर मैं घर से

१. सत्सु अपि पितृपितामहोपात्तेषु ब्राह्मणजनोचितेषु विभवेषु, ४२।

निकल पड़ा। मेरे मन को तो देशान्तर देखने की इच्छा ने जकड़ लिया था।[1] इसपर सबने मेरी बड़ी खिल्ली उड़ाई।[2] किन्तु उसका यह प्रयास ही उसके लिए बहुमूल्य अनुभव उपार्जित करने का कारण हुआ। देशान्तर देखने की जो उत्कट लालसा मन में थी वह हलका कुतूहल न रहकर ज्ञानवृद्धि का कारण बन गई।

अपने इस प्रवास में बाण ने चार प्रकार के सामाजिक स्तरों के अनुभव लिए। एक तो बड़े-बड़े राजकुलों का हाल-चाल लिया जहाँ अनेक तरह के उदार व्यवहार देखने को मिले। दूसरे प्रसिद्ध गुरुकुल या शिक्षा-केन्द्रों में उसने समय बिताया (गुरुकुलानि सेवमानः)। यद्यपि बाण ने नाम नहीं दिया, तो भी संभावना यही है कि श्रेष्ठ विद्या से प्रकाशित (निरवद्यविद्याविद्योतित) अपने प्रान्त के ही विश्वविश्रुत महान् गुरुकुल नालन्दा में भी वह गया हो और वहाँ के विद्याक्रम की व्यवस्था का अनुभव किया हो। दिवाकर मित्र के आश्रम में ज्ञान-साधन के जो प्रकार उसने बताए हैं उन्हें नालन्दा-जैसे विद्याकेन्द्र में ही चरितार्थ होते हुए देखा होगा (२३७)। तीसरे गुणवानों और कलावन्तों की गोष्ठियों में उपस्थित होकर (उपतिष्ठमानः) उनकी मूल्यवान्, गहरे पैठनेवाली और बुद्धि पर धार रखनेवाली चोखी चर्चाओं से लाभ उठाया (महार्हालापगम्भीरगुणवद्गोष्ठीः)। जैसा कहा जा चुका है, इन गोष्ठियों में विद्या-गोष्ठी, काव्य-गोष्ठी, वीणा-गोष्ठी वाद्य-गोष्ठी, नृत्य-गोष्ठी आदि रही होंगी। चौथे उसने उन विदग्धमंडलों का भी डूबकर (गाहमानः) रस लिया जिनमें रसिक लोग सम्मिलित होकर बुद्धि की नोक-झोंक करते थे।

बाण का व्यक्तित्व चार प्रकार की प्रवृत्तियों से मिलकर बना था। एक तो उसके स्वभाव में रईसी का पुट था; दूसरे वंशोचित विद्या की प्रवृत्ति थी[3]; तीसरे साहित्य और विविध कलाओं से अनुराग था; और चौथे मन में वैदग्ध्य या छैलपन का पुट था। उसका स्वभाव अत्यन्त सरल, सजीव और स्नेही था। भारतीय साहित्यिकों के लम्बे इतिहास में किसी के साथ बाण के स्वभाव की पटरी बैठती है तो महाकवि हरिचन्द्र के साथ। वह [illegible]

उसके घुमक्कड़ी जीवन में ये मित्र तथा कुछ और भी लोग उसके साथ थे। उसने अपनी बालसुलभ प्रकृति के कारण अपने आपको इन मित्रों के ऊपर पूर्ण रीति से छोड़ रखा था (बालतया निघ्नतामुपगतः ४२)।

बाण का मित्रमंडल काफी बड़ा था। चवालीस व्यक्तियों के नाम उसने गिनाए हैं। उसमें सुहृद् और सहाय दो प्रकार के लोग थे (वयसा समानाः सुहृदः सहायाश्च)। इस मंडली में चार स्त्रियाँ भी थीं। बाण के मित्रों की यह सूची उस समय के एक सुसंस्कृत नागरिक की बहुमुखी रुचि और सांस्कृतिक साधनों का परिचय देती है। उसके कुछ मित्रों

१. देशान्तरालोकनाक्षिप्तहृदयः, ४२।
२. अगाधं निरवग्रहो ग्रहवानिव नवयौवनेन स्वैरिणा मनसा महताम् उपहास्यताम् ४२।
३ वंपरिचितीमात्मवंशोचितां प्रकृतिमभजत्, ४३।

का संबंध कविता और विद्या से था, कुछ का संगीत और नृत्य से, और कुछ मनोरंजन के सहायमात्र थे। साथ ही कुछ प्रतिष्ठित परिचारकों के रूप में थे। इस मित्रमंडली की सूची इस प्रकार है—

(अ) कवि और विद्वान्

१. भाषा-कवि ईशान जो कि बाण का परम मित्र था। भाषा-कवि से तात्पर्य लोक-भाषा में गीतों के रचना करनेवाले से है। ज्ञात होता है कि बाण के समय में भाषा पद अपभ्रंश के लिये प्रयुक्त होता था। दंडी के अनुसार अहीर आदि जातियों में कविता के लिये अपभ्रंश भाषा का प्रचार था[1]। महाकवि पुष्पदन्त ने अपभ्रंशमहापुराण की भूमिका में ईशान कवि का उल्लेख किया है[2]।

२. वर्णकवि वेणीभारत। वर्णकवि शब्द का तात्पर्य स्पष्ट नहीं। शंकर के अनुसार गाथा छन्द में गीत रचनेवाले कवि से तात्पर्य है। संभवतः आल्हा-जैसी लोककविताएँ रचनेवाले से तात्पर्य हो।

३. प्राकृत भाषा में रचना करनेवाले कुलपुत्र वायुविकार।

४-५. अनंगबाण और सूचीबाण नामक दो बंदीजन। बन्दियों का काम सुभाषितों का पाठ करना था। घोड़े पर सवार दधीच के आगे-आगे उसका बन्दी सुभाषित पढ़ता हुआ चल रहा था (२३)

६-७. वारबाण और वासबाण नामक दो विद्वान्। संभवतः दर्शन-शास्त्र आदि विषयों के ज्ञाता विद्वान् पद से अभिप्रेत हैं।

८. पुस्तकवाचक सुदृष्टि जिसका कंठ बहुत मधुर था। हर्ष के यहाँ से लौटने पर बाण को इसने वायुपुराण की कथा सुनाई थी (८५)

९. लेखक गोविन्दक।

१०. कथक जयसेन। पेशेवर कहानी सुनानेवालों का उस समय अस्तित्व इससे सूचित होता है।

(आ) कला

११. चित्रकृत् वीरवर्मा।

१२. स्वर्णकार (कलाद) चामीकर।

१३. हैरिक सिन्धुषेण। शंकर ने सुनारों के अध्यक्ष को हैरिक कहा है, किन्तु हमारी सम्मति में हैरिक से तात्पर्य हीरा काटने वाले या बेगड़ी से है।

१४. पुस्तकृत् कुमारदत्त। उस समय में पुस्तकर्म का अर्थ था मिट्टी के खिलौने बनाना, जैसा अन्यत्र बाण ने कहा भी है (पुस्तकर्मणां पार्थिवविग्रहाः, ७८)।

---

१. आभीरादिगिरः काव्येष्वपभ्रंशतया स्मृताः, काव्यादर्श।

२. चौमुहु सयम्भु सिरिहरिसु दोणु। णालोहउ कइ ईसाणु बाणु।
पुष्पदन्त अपनी नम्रतावश लिखते हैं—'चतुर्मुख स्वयम्भु, श्रीहर्ष, द्रोण, ईशान और बाण इनकी कविताओं को मैंने ध्यानपूर्वक नहीं पढ़ा'। देखिए नाथूराम प्रेमी-कृत जैन-साहित्य और इतिहास, पृ० ३२५, ३७१।

(इ) संगीत और नृत्य

१५. मार्दंगिक जीमूत । मार्दंगिक=मृदंगिया या पखावजी । राजघाट से प्राप्त खिलौनों में मृदंगियों की कई मूर्तियाँ मिली हैं ।

१६-१७. वांशिक या वंशी बजानेवाले मधुकर और पारावत ।

१८. दार्दुरिक : दर्दुरनामक घटवाद्य बजानेवाला दामोदर ।

१९-२०. गवैये सोमिल और ग्रहादित्य ।

२१. गान्धर्वोपाध्याय दर्दुरक ।

२२. लासक युवा (नर्तक) तांडविक ।

२३. नर्तकी हरिणिका ।

२४. शैलालि युवा (भरतनाट्य करनेवाला) शिखंडक[1] ।

(उ) साधु-सन्यासी

२५. शैव वक्रघोण ।

२६. क्षपणक (जैनसाधु) धीरदेव ।

२७. पाराशरी सुमति । बाण ने कई स्थलों पर पाराशरी भिक्षुओं का उल्लेख किया है । पाराशर्य व्यास के विरचित भिक्षुसूत्र या वेदान्तदर्शन का अभ्यास करनेवाले भिक्षु पाराशरी कहलाते थे ।

२८. मस्करी (परिव्राजक) ताम्रचूड़ ।

२९. कात्यायनिका (बौद्धभिक्षुणी) चक्रवाकिका ।

(ए) वैद्य और मंत्रसाधक

३०. भिषग्पुत्र मंदारक ।

३१. जांगुलिक (विषवैद्य या गारुड़ी) मयूरक ।

३२. मंत्रसाधक कराल ।

३३. धनुर्वादविद् (रसायन या कीमिया बनानेवाला) विहंगम ।

३४. असुरविवरव्यसनी लोहिताक्ष । असुरविवर-साधन का बाण ने कई बार उल्लेख किया है (१९९) । असुरविवर का ही दूसरा नाम पातालविवर था जिसका उल्लेख पुरातन-प्रबन्ध-संग्रह के विक्रमार्क-प्रबन्ध में है । इस प्रकार की कहानियों का मुख्य अभिप्राय पाताल में घुसकर किसी यक्ष या राक्षस को सिद्ध करके धन प्राप्त करना था ।

(ऐ) धूर्त

३५. आक्षिक (पासा खेलनेवाला) आखंडल ।

३६. कितव (धूर्त) भीमक ।

३७. ऐन्द्रजालिक चकोराक्ष ।

---

१. शिलालि आचार्य नटसूत्रों के प्रवर्तक थे । पाणिनि में उनका उल्लेख आया है (४-३-११०) । उनका सम्बन्ध ऋग्वेद की शाखा से था ।

(ओ) परिचारक

३८. ताम्बूलदायक चंडक।

३९. सैरन्ध्री (प्रसाधिका) कुरंगिका।

४०- संवाहिका केरलिका।

(औ) प्रणयी (स्नेही आश्रित)

४१-४२. रुद्र और नारायण।

(अं) पारशव बन्धु-युगल

४३-४४. चन्द्रसेन और मातृषेण। पारशव अर्थात् शूद्रा माता से उत्पन्न द्विजपुत्र। इनमें चन्द्रसेन बाण का अत्यन्त प्रिय और विश्वासपात्र था। कृष्ण के दूत मेखलक को ठहराने और उसकी भोजनादि की व्यवस्था का भार बाण ने चन्द्रसेन को ही सौंपा था।

ये सब लोग बाण की मित्रमंडली के अंग थे। उनके नाम भी वास्तविक जान पड़ते हैं। उनमें से कई का उल्लेख बाण ने आगे चलकर किया भी है। जैसे, जब पुस्तक-वाचक सुदृष्टि वायुपुराण की कथा सुनाने के लिये अपने पोथी-पत्रे ठीक कर रहा था तो वंशी बजानेवाले मधुकर और पारावत उसके पीछे कुछ खिसककर बैठे हुए मंडली में विद्यमान थे।

दूसरा उच्छ्वास

लम्बे समय के बाद बन्धु-बान्धवों के मध्य में लौटने पर बाण की बहुत आवभगत हुई और वह अत्यन्त स्नेहपूर्वक चिरदृष्ट बान्धवों के यहाँ जाकर मिलता रहा (महतश्च कालात्तामेव भूय आत्मनो जन्मभुवं ब्राह्मणाधिवासमगमत्, ४२; चिरदृष्टानां बान्धवानां प्रीयमाणो भ्रमन् भवनानि, ४४)। इस प्रसंग में उस समय के ब्राह्मणों के घरों का एक अच्छा चित्र प्रस्तुत किया गया है। इसमें दो बातें मुख्य हैं। एक तो अनेक शिष्यों का समुदाय वहाँ पढ़ने आता था। ये ब्राह्मण-भवन उस काल में पाठशालाओं का काम (अनवरताध्ययनध्वनिमुखर, ४४) देते थे। दूसरे यज्ञीय कर्मकांड का इस समय पुनः प्रचार बहुत बढ़ा हुआ ज्ञात होता है। कुमारिल भट्ट ने मीमांसाशास्त्र के पुनरुद्धार का जो आंदोलन किया था उसकी पृष्ठभूमि बाण के इस वर्णन में झलकती है—उन घरों में सोमयज्ञों को देखने के लोभी बटु जिनके मस्तक पर त्रिपुंड्र भस्म लगी हुई थी इकट्ठा थे, उनके सामने सोम की हरी क्यारियाँ लगी हुई थीं, बिछे हुए कृष्णाजिन पर पुरोडाश बनाने के लिये सांवा सूख रहा था, कुमारी कन्याएँ अकृष्टपच्य नीवार की बलि से पूजा कर रही थीं, शिष्य कुशा और पलाश की समिधाएँ इकट्ठी कर रहे थे, जलाने के लिये गोबर के कंडों का ढेर लगा था, होमार्थ दूध देनेवाली गउएँ आँगन में बैठी थीं, वैतान अग्नियों की वेदी में लगाए जानेवाले शंकुओं के लिये गूलर की शाखाएँ किनारे रखी थीं विश्वेदेवों के पिंड स्थान-स्थान पर रखे गए थे, हविर्धूम से आंगन के विटप धूमिल हो रहे थे, पशुबन्ध यज्ञों के लिये लाए गए छाग-शावक किलोल कर रहे थे (४४,४५)।

अध्ययन-अध्यापन के संबंध में शुकसारिकाओं का वर्णन बाण ने कई जगह किया है। कादम्बरी की भूमिका में लिखा है कि पिंजड़ों में बैठी हुई शुकसारिकाएँ अशुद्ध पढ़ने पर विद्यार्थियों को डपटती थीं। यहाँ कहा है कि शुकसारिकाएँ स्वयं अध्ययन कराकर गुरुओं को विश्राम देती थीं (४५)। अवश्य ही यह एक साहित्यिक अभिप्राय बन गया था। शंकरदिग्विजय में मंडन मिश्र के घर की पहचान बताते हुए कहा गया है कि 'संसार नित्य है, संसार अनित्य है' इस प्रकार के कोटि-वाक्य शुकसारिकाएँ जहाँ कहती हों वही मंडन मिश्र का घर है। स्वयं कादम्बरी की कथा 'सकल शास्त्रों के जाननेवाले' वैशम्पायन तोते से कहलाई गई है। बाण के लगभग समकालीन ही पश्चिमी भारत के विष्णुषेण (ई० ५९२) के शिलालेख में प्रचलित रिवाजों का वर्णन करते हुए लिखा है कि गाली-गलौज और मार-पीट के मामलों में मैना की गवाही अदालत में न मानी जायगी [1]। शुकसारिकाओं के स्फुट वाक्य-उच्चारण करने और घरों में आम तौर से पाले जाने के साहित्यिक अभिप्राय का उल्लेख कालिदास ने भी किया है [2]।

---

१. वाक्पारुष्यदंडपारुष्ययोः साक्षित्वे सारी न ग्राह्या। श्री दिनेशचन्द्र सरकार, एपिग्रैफी एंड लेजिसकोग्राफी इन इंडिया, पन्द्रहवीं आरियंटल कांफ्रेंस, बंबई का लेख-संग्रह, पृ० २६४।

२. रघुवंश ५७,४; मेघदूत, २,२१।

इस प्रकार बाण के सुखपूर्वक घर में रहते हुए ग्रीष्म का समय आया। यहाँ बाण ने कठोर निदाघकाल का बहुत ही ज्वलन्त चित्र खींचा है (४६-५२)। संस्कृत-साहित्य में इसकी जोड़ का दूसरा ग्रीष्म-वर्णन नहीं मिलता। इससे बाण के सूक्ष्म प्रकृति-निरीक्षण और वर्णन की अद्भुत शक्ति का परिचय मिलता है। 'फूली हुई चमेली (मल्लिका) के अट्टहास के साथ ग्रीष्म ने जंभाई ली। वसन्तरूपी सामन्त को जीतकर नवोदित उष्णकाल ने पुष्पों के बन्धन खोले जैसे राजा बन्दीगृह से बन्दियों को छोड़ते हैं। नये खिले हुए पाटल के पुष्पों से पीने का जल सुगन्धित किया गया। झिल्ली झंकारने लगीं। कपोत कूजने लगे। कूड़ा-कर्कट बटोरनेवाली हवाएँ चलने लगीं। धातकी के लाल-लाल गुच्छों को रुधिर के भ्रम से शेर के बच्चे चाटने लगे। मन्दार के सिंदूरिया फूलों से सीमाएँ लाल हो गईं। कुक्कुट आदि पक्षी उड़ते हुए तप्त रेत से व्याकुल हो गए। प्यासे भैंसे पानी की तलाश में स्फटिक की चट्टानों पर सींग मारने लगे। सेही बिल में घुसने लगी। किनारे के अर्जुन वृक्षों पर बैठे क्रौंच पक्षी कड़ा शब्द कर रहे थे, जिससे डरकर सूखते तालाबों की मछलियाँ तड़फड़ा उठती थीं। पके किंवाच के गुच्छों के साथ छेड़छाड़ करने की गुस्ताखी के कारण उठी हुई खाज की छटपटाहट से भुइयांलोट हवा कँकरीली धरती में मानो अपनी देह रगड़ रही थी। मुचुकुन्द की कलियाँ खिल रही थीं। अधिक गर्मी से मृगतृष्णाओं के झिलमिलाते जल में मानों निदाघ-काल तैर रहा था। धूल के बवंडर जगह बदलते हुए ऐसे लगते थे मानों आरभटी नृत्य में नट नाच रहे हों। शमी के सूखे पत्ते मरुभूमि के मार्गों पर बिछे हुए थे जिनपर मर्मर करती हवा दौड़ रही थी। सूखी करंज की फलियों के बीज बज रहे थे। सेमल के डोडों के फटने से रुई बिखर रही थी। जंगलों में सूखे बाँस चटक रहे थे। साँप केंचुलियाँ छोड़ रहे थे। चहे पक्षी अपने पंख गिरा रहे थे। गुंजाफल मानों किरणों की लुआठ से जलकर अंगारे उगल रहे थे। नीम के पेड़ों से फूलों के गुच्छे झर रहे थे। गर्म चट्टानों से शिलाजीत का रस बह रहा था। वन में लगी हुई आग की गर्मी से चिड़ियों के अंडे फूटकर पेड़ों के कोटरों में बिछ गए थे जिनमें भुजसे हुए कीड़ों के मिलकर पकने से पुटपाक की उग्र गंध उठ रही'। इस वर्णन में भारतवर्ष की भयंकर गर्मी और लूओं का चित्र बाण ने खींचा है। इसके आगे वन में लगी दावाग्नियों का भी वर्णन किया गया है।

सांस्कृतिक दृष्टि से इस प्रसंग में कई उल्लेखनीय बातें हैं (१) उस काल में यह प्रथा जान पड़ती है कि सीमाओं पर लालरंग के चिह्न बनाकर हदबंदी प्रकट करते थे (सिन्दूरित सीमा)। (२) प्रयाण के समय बजाए जानेवाले बाजे को गुंजा कहा गया है (प्रयाणगुंजा)। शंकर ने इसे यहाँ डक्का का एक भेद कहा है और अन्यत्र (२०४) शंख का भेद माना है। (३) नये राजा सिंहासन पर बैठने के बाद बन्धनमोक्ष अर्थात् बन्दीगृह से बन्दियों को छोड़ने की घोषणा करते थे। (४) किसी संकट से बचने के लिये लोग देवी-देवता का कोप निवारण करने की इच्छा से लाल फूलों की माला पहनकर जात देने जाते थे[1]। जात के लिए प्राचीन शब्द यात्रा था। यहाँ 'जात देना' मुहावरा संस्कृत में प्रयुक्त हुआ है (यात्रामदात्)। सम्भवतः बाण उस समय की लोकभाषा से इसका संस्कृत में अनुवाद कर रहे हैं। (५) बाण ने यहाँ एक प्रकार की विशेष घोषणा का उल्लेख किया है जिसमें राजा लोग शत्रु की जनता में विभीषिका

१. हिमदग्धसकलकमलिनीकोपेनेव हिमालयाभिमुखीं यात्रामदादंशुमालां, ४६।

उत्पन्न करने के लिये समस्त जलाशयों को बन्द कर देने की डौंड़ी फिरवा देते थे (सकल-सलिलोच्छोधधर्मघोषणापटहैरिव त्रिभुवनविभीषिकामुद्भावयन्तः, ४६)। (६) अभिचार के रूप में रुधिर की आहुतियाँ देने का भी उल्लेख है (५०)। इस प्रकार के बीभत्स रौद्र प्रयोग उस समय चल चुके थे। (७) निर्वाण की व्याख्या करते हुए उसे 'दग्धनिःशेषजन्महेतु' विशेषण दिया गया है (५१), अर्थात् जिसमें जन्म या पुद्गल ग्रहण करने के समस्त कारण परमाणु समाप्त हो जाते हैं। (८) सधूमोद्गार मंदरुचि पद में मंदाग्नि के लिये धूम्रपान करने का संकेत है। (६) क्षयरोग में शिलाजतु के निरन्तर प्रयोग का भी उल्लेख आया है जिससे ज्ञात होता है कि सातवीं शती में शिलाजीत की जानकारी हो चुकी थी। (१०) रुद्र के भक्तों द्वारा गूगुल जलाने का उल्लेख बाण ने कई बार किया है, यहाँ तक कि माथे के ऊपर गूगुल की बत्ती जलाकर भक्त अपना मांस और हड्डी तक जला डालते थे (१०३, १५३), (दग्धगुग्गुलवः रौद्राः)। (११) इसी प्रसंग में बाण ने दो बार आरभटी नृत्य करनेवाले नटों का उल्लेख किया है। पहले उल्लेख से ज्ञात होता है कि आरभटी शैली से नाचनेवाले नट मंडलाकाररूप में रेचक अर्थात् कमर, हाथ, ग्रीवा को मटकाते हुए रासनृत्य करते थे। (रैणावावर्तमंडलीरेचकरासरसरभसारब्धनर्तनारंभारभटीनटाः, ४८)। यहाँ इस नृत्य की पाँच विशेषताएँ कही गई हैं, १. मंडलीनृत्त, २. रेचक, ३. रासरस, ४. रभसारब्ध-नर्तन और ५. चटुलशिखानर्तन।

१. मंडलीनृत्त—शंकर ने मंडलीनृत्त को हलीमक कहा है जिसमें एक पुरुष नेत के रूप में स्त्री-मंडल के बीच में नाचता है[२]। इसे ही भोज के सरस्वतीकंठाभरण में हल्लीसक नृत्य कहा गया है। (चित्र १७) हल्लीसक शब्द का उद्गम यूनानी 'इलीशियन' नृत्यों (इलीशियन मिस्ट्री डांस) से ईसवी सन् के आसपास हुआ जान पड़ता है। कृष्ण के रास-नृत्य और हल्लीसकनृत्य इन दोनों की परंपराएँ किसी समय एक दूसरे से संबन्धित हो गईं।

२. रेचक—शंकर के अनुसार यह तीन प्रकार का था, कटिरेचक, हस्तरेचक और ग्रीवारेचक, अर्थात् कमर, हाथ और ग्रीवा इन तीनों को नृत्य करते हुए विशेष प्रकार से चलाना—यही इसकी विशेषता थी।

३. रास—आठ, सोलह या बत्तीस व्यक्ति मंडल बनाकर जब नृत्य करें तब वह रासनृत्य कहलाता है[१]।

४. रभसारब्ध नर्तन—अत्यन्त वेग के साथ नृत्य में हाथ-पैर का संचालन जिसमें उद्दाम भाव और चेष्टा परिलक्षित हो।

---

२. मंडलीनृत्तं हलीमकम् (शंकर)। शंकर ने इसपर जो प्रमाण दिया है वह सरस्वतीकंठाभरण का हल्लीसकवाला श्लोक ही है—
मंडलेन तु यन्नृत्तं हलीमकमिति स्मृतम्।
एकस्तत्र तु नेता स्याद् गोपस्त्रीणां यथा हरिः॥
तदिदं हल्लीसकमेव तालबन्धविशेषयुक्तं रास एवेत्युच्यते। सरस्वती०, पृ० ३०६

१. अष्टौ षोडश द्वात्रिंशद् यत्र नृत्यन्ति नायकाः।
पिंडीबन्धानुसारेण तन्नृत्तं रासकं स्मृतम्॥ (शंकर)

इस प्रकार इन चारों के एकत्र समवाय से नृत्त की जो शैली बनती है उसका नाम आरभटी था अर्थात् हाथ-कमर-ग्रीवा को विभिन्न भाव-भंगियों में उद्दाम वेग से चलाते हुए गोल चक्कर में सम्पन्न होनेवाला नृत्त आरभटी कहलाता था। उछल-कूद, मार-काट, डाँट-फटकार, उखाड़-पछाड़, आग लगाने आदि का उपद्रव, माया या इन्द्रजाल आदि के दृश्य जिस झुंड में नृत्य के द्वारा प्रदर्शित किए जायँ उसे आरभटी कहा गया है[२]। यूनान के इलीशियम स्थान में होनेवाले नृत्यों में भी अंधकार, विपत्ति, मृत्युसूचक अनेक भयस्थान आदि उद्दाम और प्रचंड भाव तालबद्ध अंग-संचालन से प्रदर्शित किए जाते थे। और अंत में जब ये अंगविक्षेप जिन्हें अपने यहाँ रेचक कहा गया है, भाव की पराकाष्ठा पर पहुँचते और नाश और विपत्ति की सीमा हो जाती, तब अकस्मात् एक दिव्य ज्योति का आविर्भाव उन नृत्यों में होता था[१]। इस प्रकार हल्लीसक और रास इन दोनों के संकर से आरभटी नृत्य-शैली की उत्पत्ति ज्ञात होती है।

नाट्यशास्त्र के अनुसार भारती, सात्वती, कैशिकी और आरभटी ये नृत्य की चार वृत्तियाँ या शैलियाँ थीं। इन नामों का आधार भौगोलिक ज्ञात होता है। भारती भरत जनपद या कुरुक्षेत्र की, सात्वती गुजरात और काठियावाड़ के सात्वतों (यादवों) की, कैशिकी विदर्भ देश या बरार की जो कथकैशिक कहलाता था। इससे ज्ञात होता है कि आरभटी का संबंध भी देशविशेष से था। आरभट की निश्चित पहचान अभी तक नहीं हुई। किन्तु यूनानी भूगोल-लेखकों ने सिन्धु के पश्चिम में बलोचिस्तान के दक्षिणी भाग में 'आरबिटाई' (Arabitae) या 'आर्बिटी' (Arbiti) नामक जाति का उल्लेख किया है जो कि सोनमियानी के पश्चिम में थी। उनके देश में अर्बियस (Arabius) नदी बहती थी। अर्रियन और स्त्राबो दोनों इस प्रदेश को भारतवर्ष का अन्तिम भाग कहते हैं। लौटते हुए सिकन्दर की यूनानी सेना इस प्रदेश में से गुज़री थी। हमारा विचार है कि यही प्राचीन आरभट देश था जहाँ की नृत्तपद्धति जिसमें भारतीय रास और यूनानी हल्लीसक का मेल हुआ, आरभटी कहलाई। बाण ने यह भी लिखा है कि आरभटी शैली से नाचते हुए नट खुले बालों को इधर-उधर फटकारते हुए नृत्य का आरम्भ करते थे (चतुलशिखानर्तनारंभारभटीनटाः, ५१)। इस प्रकार बाल खोलकर सिर को और शरीर को प्रचंड अंगसंचालन के द्वारा हिलाते हुए नृत्त की पद्धति बलूची और कबायली लोगों की अभी तक विशेषता है।

---

२. प्लुष्टावपातप्लुतगर्जितानि च्छेद्यानि मायाकृतमिन्द्रजालम्।
चित्राणि यूथानि च यत्र नित्यं तां तादृशीमारभटीं वदन्ति॥
(भरतकृत नाट्यशास्त्र, २०-२६, और शंकर)

1. The ceremony of Elysian mystery was doubtless dramatic. There were hymns and chants, speeches and exhortations, recitals of myths, wailings for the loss of Persephone. There were dances or rythmical movements by those engaged in the ceremony, clashing of cymbals, sudden changes from light to darkness, toilsome wanderings and dangerous passages through the gloom and before the end all kinds of terror, when suddenly a wonderous light flashes forth to the worshipper.

कौर्निशकृत ए कन्साइज़ डिक्शनरी ऑफ ग्रीक ऐंड रोमन एंटिक्विटीज़, पृ० २७१।

इस प्रकार अत्यन्त उग्र गर्मी के समय जब बाण खा-पीकर निश्चिन्तता से बैठे थे तो दोपहर के बाद पारशव भ्राता चन्द्रसेन ने चतुःसमुद्राधिपति, सब चक्रवर्तियों में धुरन्धर, महाराजाधिराज परमेश्वर श्री हर्षदेव के भाई कृष्ण का संदेश लेकर दूत के आने का समाचार दिया। बाण ने तुरन्त उसे अन्दर लाने के लिये कहा। इस दूत का नाम मेखलक था। उसे लेखहारक और दीर्घाध्वग भी कहा गया है। मटियाले रंग की पेटी से उसका ऊँचा चंडातक (लंहगेनुमा अधोवस्त्र) कसा हुआ था (कार्टमिकचेलचीरिकानियमितोचंड-चंडातक, ५२)। (चित्र १८) कपड़े के फीते की बँधी हुई गाँठ जिसके दोनों छोर उसकी पीठ फहरा रहे थे कुछ ढीली हो गई थी (पृष्ठप्रेखत्पटचरकर्पघटितगलितग्रंथि)। इस प्रकार सिर से बँधा हुआ और पीठ पर फहराता हुआ चीरा सासानी वेषभूषा की विशेषता थी। गुप्तकाल की भारतीय वेषभूषा में भी वह आ गया था और कला में उसका अंकन प्रायः मिलता है। (चित्र १६) लेखमालिका या चिट्ठी डोरे से बीचोंबीच लपेटकर बाँधी गई थी जिससे वह दो भागों में बँटी हुई जान पड़ती थी। वह चिट्ठी लेखहारक के सिर से बँधी हुई थी।

बाण ने उसे देखकर दूर से ही पूछा, 'सबके निष्कारण बन्धु कृष्ण तो कुशल से हैं?' 'हाँ, कुशल से हैं'—यह कहकर प्रणाम करने के बाद मेखलक समीप ही बैठ गया और सिर से लेख खोलकर बाण को दिया। बाण ने सादर लेकर स्वयं पढ़ा। उसमें लिखा था—'मेखलक से संदेश समझकर काम को बिगाड़नेवाली देरी मत करना। आप बुद्धिमान् हैं, पत्र में इतना ही लिखा जाता है, शेष मौखिक संदेश से ज्ञात होगा।' लेख का तात्पर्य समझकर बाण ने परिजनों को हटा दिया और संदेश पूछा। मेखलक ने कृष्ण की ओर से कहा—'मैं तुमसे बिना कारण ही अपने बन्धु की तरह प्रेम करता हूँ। तुम्हारी अनुपस्थिति में दुर्जन लोगों ने सम्राट् को तुम्हारे विषय में कुछ और सिखा दिया है, पर वह सत्य नहीं। सज्जनों में भी ऐसा कोई नहीं जिसके मित्र, उदासीन और शत्रु न हों। किसी ईर्ष्यालु व्यक्ति ने तुम्हारी बाल-चपलताओं से चिढ़कर कुछ उल्टा-पुल्टा कह दिया। अन्य लोगों ने भी वैसा ही ठीक समझा और कहने लगे। मूढ़बुद्धियों का चित्त अस्थिर और दूसरों के कहे पर चलता है। ऐसे बहुत-से मूर्खों से एक-सी बात सुनकर सम्राट् ने अपना मत स्थिर कर लिया। और वे कर भी क्या सकते थे? किन्तु मैं सत्य की टोह में रहता हूँ, तुम्हारे दूर होने पर भी तुम्हें प्रत्यक्ष की तरह जानता हूँ। तुम्हारे विषय में मैंने सम्राट् से निवेदन किया कि सबकी आयु का प्रथम भाग ऐसी चपलताओं से युक्त होता है। सम्राट् ने मेरी बात मान ली। इसलिये अब बिना समय गँवाए आप राजकुल में आवें। सम्राट् से बिना मिले आपका बंधुओं के बीच में निवास करते रहना निष्फल वृक्ष की तरह मुझे अच्छा नहीं लगता। आपको सम्राट् के पास आने में डरना न चाहिए और सेवा में झंझट सोचकर उदासीन न होना चाहिए।' इसके बाद कृष्ण ने हर्ष के कुछ अनन्यसामान्य गुण संदेश में कहलाए। उन्हें सुनकर बाण ने अपने पारशवमित्र चन्द्रसेन से कहा—'मेखलक को भोजन कराओ और आराम से ठहराओ।'

रात्रि में संध्योपासन के बाद जब बाण शय्या पर लेटा तो अकेले में सोचने लगा—'अब मुझे क्या करना चाहिए? अवश्य ही सम्राट् को मेरे विषय में भ्रान्ति हो गई है। मेरे अकारण-स्नेही बंन्धु कृष्ण ने आने का सन्देश भेजा है। पर सेवा कष्टप्रद है। हाज़िरी बजाना और भी टेढ़ा है। राजदरबार में बड़े खतरे हैं। मेरे पुरखों को उस तरफ कभी

रुचि नहीं हुई और न मेरा दरबार से पुश्तैनी सम्बन्ध रहा है। न पहले राजकुल के द्वारा किए हुए उपकार का स्मरण मुझे आता है; न बचपन में राजकुल से ऐसी मदद मिली जिसका स्नेह मानकर चला जाय; न अपने कुल का ही ऐसा गौरव-मान रहा है कि हाज़िरी जरूरी हो; न पहली मेल-मुलाकात की ही अनुकूलता है; न यह प्रलोभन है कि बुद्धि-संबंधी विषयों में वहाँ से कुछ आदान-प्रदान किया जाए; न यह चाह है कि जान-पहचान बढ़ाऊँ; न सुन्दर रूप से मिलनेवाले आदर की इच्छा है; न सेवकों-जैसी चापलूसी मुझे आती है; न मुझमें वैसी विलक्षण चतुराई है कि विद्वानों की गोष्ठियों में भाग लूँ; न पैसा खर्च करके दूसरों को मुट्ठी में करने की आदत है; न दरबार जिन्हें चाहते हों उनके साथ ही साठ-गाँठ है। पर चलना भी अवश्य चाहिए। त्रिभुवनगुरु भगवान् शंकर वहाँ जाने पर सब भला करेंगे।' यह सोचकर जाने का इरादा पक्का कर लिया।

दूसरे दिन सबेरे ही स्नान करके चलने की तैयारी की। श्वेत दुकूल वस्त्र पहनकर हाथ में माला ली और प्रास्थानिक सूत्र और मंत्रों का पाठ किया। शिव को दूध से स्नान कराकर पुष्प, धूप, गन्ध, ध्वज, भोग, विलेपन, प्रदीप आदि से पूजा की और परम भक्ति से अग्नि में आहुति दी। ब्राह्मणों को दक्षिणा बाँटी; प्राङ्मुखी नैचिकी[1] गऊ की प्रदक्षिणा की; श्वेत चन्दन, श्वेत माला और श्वेत वस्त्र धारण किए; गोरोचना लगाकर दूबनाल में गुथे हुए श्वेत अपराजिता[2] के फूलों का कर्णपूर कान में लगाया; शिखा में पीली सरसों रखी और यात्रा के लिये तैयार हुआ। बाण के पिता की छोटी बहन उसकी बुआ मालती ने प्रस्थान-समय के लिये उचित मंगलाचार करके आशिर्वाद दिया; सगी बड़ी बूढ़ियों ने उत्साह-वचन कहे; अभिवादित गुरुजनों ने मस्तक सूंघा। फिर ज्योतिषी के कथनानुसार नक्षत्र-देवताओं को प्रसन्न किया। इस प्रकार शुभ मुहूर्त में हरित गोबर से लिपे हुए आँगन के चौतरे पर स्थापित पूर्ण कलश के दर्शन करके, कुलदेवताओं को प्रणाम करके, दाहिना पैर उठाकर बाण प्रीतिकूट से निकला। अप्रतिरथसूक्त के मंत्रों का पाठ करते हुए और हाथ में पुष्प और फूल लिए हुए ब्राह्मण उसके पीछे-पीछे चले (५६-५७)। ऊपर के वर्णन से स्पष्ट है कि पूजा-पाठ और मंगल-मनौती के विषय में उस समय जनता की मनःस्थिति कैसी थी। पूर्ण कलश के विषय में इतना और कहा है कि उसके गले में सफेद फूलों की माला बँधी थी। उसके पिटार पर चावल के आंटे का पंचांगुल थापा लगा हुआ था और मुँह पर आम्रपल्लव रखे हुए थे (५७)।

पहले दिन चंडिकावन पार करके मल्लकूट नामक गाँव में पड़ाव किया। चंडिकावन में देवी के स्थान के पास वृक्षों पर कात्यायनी की मूर्तियाँ खुदी हुई थीं जिन्हें आते-जाते पथिक नमस्कार करते थे। चंडिकावन की पहचान अब भी शाहाबाद जिले में सोन और गंगा के बीच में मिलनी चाहिए। मल्लकूट गाँव में बाण के परमप्रिय मित्र जगत्पति ने उसकी आवभगत की। दूसरे दिन गंगा पार करके यष्टिग्रहक नाम के बनगाँव में रात बिताई। फिर रात्री

१. नैचिकी—सदा दूध देनेवाली, बरस-बरस पर ब्यानेवाली गऊ जिसके थनों के नीचे बछड़ा सदा चूँखता रहे। अथर्ववेद में इसे नित्यवत्सा कहा है। उसका ही प्राकृत रूप नैचिकी है। 'नैचिकी तूत्तमा गोषु', हेमचन्द्र ४।३३६।

२. मूल शब्द गिरिकर्णिका = अश्वखुरी (शंकर); हिंदी कौवाठेंठी।

(अजिरवती) के किनारे मणितारा नामक गाँव के पास हर्ष के स्कन्धावार या छावनी में पहुँचा। वहाँ राजभवन के पास ही ठहराया गया।

मेखलक के साथ स्नान-भोजन आदि से निवृत्त हो कुछ आराम करके जब एक पहर दिन रहा और हर्ष भी भोजन आदि से निवृत्त हो चुके थे तब बाण उनसे मिलने के लिये चला। जैसे ही वह राजद्वार पर पहुँचा द्वारपाल लोगों ने मेखलक को दूर से ही पहचान लिया। मेखलक बाण से यह कहकर कि आप क्षण भर यहाँ ठहरें, स्वयं बिना रोकटोक भीतर गया। लगभग एक मुहूर्त (२४ मिनिट) में मेखलक महाप्रतीहारों के प्रधान, दौवारिक पारियात्र के साथ वापस आया और पारियात्र का बाण से परिचय कराया। दौवारिक ने बाण को प्रणाम करके विनयपूर्वक कहा – 'आइए, भीतर पधारिए। सम्राट् मिलने के लिये प्रस्तुत हैं (दर्शनाय कृतप्रसादो देवः)। बाण ने कहा—'मैं धन्य हूँ जो मुझपर देव की इतनी कृपा है।' और यह कहकर पारियात्र के बताए हुए मार्ग से अन्दर गया। यहाँ प्रसाद शब्द पारिभाषिक है। इसका अर्थ था सम्राट् की निजी इच्छा या प्रसन्नता के अनुसार प्राप्त होनेवाला सम्मान। कालिदास ने लिखा है कि जिन लोगों को सम्राट् का प्रसाद प्राप्त होता था वे ही उनके चरणों के समीप तक पहुँच सकते थे (सम्राजश्चरणयुगं प्रसादलभ्यं, ४, ८८)। बाकी लोगों को दरबार में दूर से ही दर्शन करने पड़ते थे। बाण ने हर्ष को दुरुपसर्प कहा है। सम्राट् के चारों ओर अवकाश का एक घेरा-जैसा रहता था जिसके भीतर कोई नहीं आ सकता था (समुत्सारणबद्धपर्यन्तमंडल, ७१)। यह पर्यन्त-मंडल लोगों को दूर रखने या हटाने से (समुत्सारण) बनता था। दौवारिक पारियात्र को सिर पर फूलों की माला पहनने का अधिकार सम्राट् के विशेष प्रसाद से प्राप्त हुआ था (प्रसादलब्धया विकचपुंडरीकमुण्डमालिकया, ६१)। वह माला सम्राट् के प्रसाद की पहचान थी।

राजभवन में भीतर जाते हुए पहले मंदुरा या राजकीय अश्वशाला दिखाई पड़ी। फिर सड़क के बाईं ओर कुछ हटकर गजशाला या हाथियों का लम्बा-चौड़ा बाड़ा (इभधिष्ण्यागार) मिला। वहाँ सम्राट् के मुख्य हाथी दर्पशाल को पहले देखकर और फिर तीन चौक पार करके (समतिक्रम्य त्रीणि कक्ष्यान्तराणि, ६६) बाण ने भुक्तास्थानमंडप के सामनेवाले आँगन में हर्ष के दर्शन किए।

इस प्रसंग में बाण ने स्कन्धावार के अन्तर्गत राजभवन, दौवारिक, मन्दुरा, गजशाला और सम्राट् हर्ष इन पाँचों के वर्णनात्मक चित्र दिए हैं जो सांस्कृतिक सामग्री की दृष्टि से मूल्यवान हैं और कितनी ही नई बातों पर प्रकाश डालते हैं। हम क्रमशः उन्हें यहाँ देखेंगे।

स्कन्धावार के दो भाग थे। एक बाहरी सन्निवेश और दूसरा राजद्वार जहाँ से राजा की ड्योढ़ी लगती थी। बाहरी सन्निवेश वस्तुतः स्कन्धावार था। वहाँ आने-जाने पर कोई रोक-टोक न थी, लेकिन राजद्वार या ड्योढ़ी के भीतर प्रवेश आज्ञा से ही हो सकता था। बाण भी मेखलक के साथ ड्योढ़ी तक आया और वहाँ से आगे महाप्रतीहार की सहायता से प्रविष्ट हुआ। बाहरी सन्निवेश में ये पड़ाव अलग-अलग थे—

१. राजाओं के शिविर
२. हाथियों की सेना
३. घोड़े

४. ऊँट

५. शत्रुमहासामन्त, जो जीते जा चुके थे और सम्राट् के दर्शन और अपने भाग्य के फैसले के लिये लाए गए थे।

६. हर्ष के प्रताप से दबकर स्वयं अनुगत बने हुए नाना देशों के राजा लोग (प्रतापानुरागागतमहीपाल)।

७. भिक्षु, संन्यासी, दार्शनिक लोग।

८. सर्वसाधारण जनता (सर्वदेशजन्मभिः जनपदैः)

९. समुद्र पार के देशों के निवासी म्लेच्छ जाति के लोग, जिनमें संभवतः शक, यवन, पह्लव, पारसीक, हूण एवं द्वीपान्तर अर्थात् पूर्वी द्वीपसमूह के लोग भी थे (सर्वाम्भोधिवेलावनवलयवासिभिश्च म्लेच्छजातिभिः, ६०)

१०. सब देशान्तरों से आए हुए दूतमडल (सर्वदेशान्तरागतैः दूतमंडलैः उपास्यमानः, ६०)।

स्कन्धावार के इस सन्निवेश का स्पष्टीकरणअन्त के परिशिष्ट में एवं चित्र द्वारा किया गया है।

राजद्वार या ड्योढ़ी के अन्दर राजवल्लभ तुरंगों की मंदुरा अर्थात् खासा घोड़ों की घुड़साल थी। वहीं राजा के अपने वारणेन्द्र या खासा हाथी का बाड़ा था। उसके बाद तीन चौक (त्रीणि कक्ष्यान्तराणि) थे। इन्हीं में से दूसरी कक्ष्या में बाहरी कचहरी या बाह्य आस्थानमंडप था। इसे ही बाह्य कक्ष्य भी कहा जाता था (६०)। राजकुल के तीसरे चौक में धवलगृह या राजा के अपने रहने का स्थान था। उससे सटा हुआ चौथे चौक में भुक्तास्थानमंडप था (६०, ६६) जहाँ भोजन के बाद सम्राट् खास आदमियों से मिलते-जुलते थे। मध्यकालीन परिभाषा के अनुसार बाह्य कक्षा या बाह्य आस्थानमंडप दीवानेआम और भुक्तास्थानमंडप दीवानेखास कहलाता था।

हाथियों का वर्णन करते हुए बाण ने कई रोचक सूचनाएँ दी हैं। एक तो यह कि हर्ष की सेना में अनेक अयुत हाथियों की संख्या थी। (अनेकनागायुतबलम्, ७६)। एक अयुत दस हजार के बराबर होता है। इस प्रकार तीस हजार से ऊपर हाथी अवश्य हर्ष की सेना में थे। चीनी यात्री श्युआन चुआङ् के अनुसार हर्ष की सेना में हाथियों की संख्या साठ हजार और घुड़सवारों की एक लाख थी जिसके कारण तीन वर्ष तक उसने शान्ति से राज्य किया। इसका अर्थ यह हुआ कि लगभग सौ अट्ठारह से पहले सम्राट् बड़ी सेना का निर्माण कर चुके थे। उसी से कुछ पूर्व बाण दरबार में गए होंगे। बाण के अनेक अयुत नागबल और श्युआन चुआङ् के साठ हज़ार हाथियों की सेना का एक दूसरे से समर्थन होता है। बाण ने हर्ष को 'महावाहिनी-पति' कहा है (७६)। यह विशेषण भी श्युआन चुआङ् द्वारा निर्दिष्ट महती सेना को देखते हुए सत्य है। सेना में इतने अधिक हाथियों की संख्या प्रकट करती है कि हर्ष का अपने गजबल पर सबसे अधिक ध्यान था। बाण ने भी इस बात को दूसरे ढंग से सूचित किया है—'दानवस्तु कर्मसु साधनश्रद्धा, न करिकीटेषु', जिसका व्यंगार्थ यही निकलता है कि हर्ष की साधनश्रद्धा या सेना-विषयक आस्था हाथियों पर विशेष थी (५४)। जब हाथियों की इतनी विशाल सेना का निर्माण किया गया तो उन्हें पकड़ने और

प्राप्त करने के सब संभव उपायों पर ध्यान देना आवश्यक था। इसपर भी बाण ने प्रकाश डाला है। हाथियों की भर्ती के स्रोत ये थे—

१. नए पकड़कर लाए हुए (अभिनव बद्ध)
२. कररूप में प्राप्त (विक्षेपोपार्जित, विक्षेप = कर)
३. भेंट में प्राप्त (कौशलिकागत)
४. नागवीथी या नागवन के अधिपतियों द्वारा भेजे गए (नागवीथीपालप्रेषित)
५. पहली बार की भेंट के लिये आनेवाले लोगों द्वारा दिए गए (प्रथमदर्शनकुतूहलोपनीत)। जान पड़ता है कि सम्राट् से पहली मुलाकात करनेवाले राजा, सामन्त आदि के लिये हाथी भेंट में लाना आवश्यक कर दिया गया था।
६. दूतमंडलों के साथ भेजे हुए।
७. शबर-बस्तियों के सरदारों द्वारा भेजे हुए (पल्लीपरिवृढौकित)।
८. गजयुद्ध की क्रीड़ाओं और खेल-तमाशों के लिये बुलवाए गए या स्वेच्छा से दिये गए।
९. बलपूर्वक छीने गए (आच्छिद्यमान)।

हाथियों की इतनी भारी सेना बनाने के ऐतिहासिक कारण कुछ इस प्रकार जान पड़ते हैं। गुप्तकाल में सेना का संगठन मुख्यतः घुड़सवारों पर आश्रित था जैसा कि कालिदास के वर्णनों में भी आया है। गुप्तों ने यह पाठ संभवतः पूर्ववर्ती शकों से ग्रहण किया होगा। शकों का अश्वप्रेम संसार-प्रसिद्ध था। गुप्तकाल में अश्वबल की वृद्धि पराकाष्ठा को पहुँच गई थी; उसकी प्रतिक्रिया होना आवश्यक था। घुड़सवार सेना की मार को सामने से तोड़ने के लिए हाथियों का प्रयोग सफल ज्ञात हुआ। दूसरा कारण यह भी हो सकता है कि गुप्त-साम्राज्य के बिखरने पर देश में सामन्त महासामन्त, मांडलिक राजाओं की संख्या बहुत बढ़ गई और प्रत्येक ने अपने-अपने लिये दुर्गों का निर्माण किया। दुर्गों के तोड़ने में घोड़े उतने कारगर नहीं हो सकते जितने हाथी। वस्तुतः कोट्टपाल संस्था का आविर्भाव लगभग इसी समय हुआ। हाथियों के इस द्विविध प्रयोग का संकेत स्वयं बाण ने भी किया है। उसने हाथियों को फ़ौलादी दीवार कहा है जो दुश्मन की फौज से होनेवाली बाणवृष्टि को झेल सकती थी (कृतानेकबाणविवरसहस्रं लोहप्राकारं, ६८)। तत्कालीन सेनापतियों के ध्यान में यह बात आई कि घुड़सवारों के बाणों की मार का कारगर जवाब हाथियों से बनी लोहे की प्राचीर ही हो सकती है। हाथियों का दूसरा उपयोग था कोट या गढ़ तोड़ना। हाथी मानों चलते-फिरते गिरिदुर्ग थे। जैसे दुर्ग के अट्टाल या बुर्ज में सिपाही भरे रहते हैं जो वहाँ से बाण चलाते हैं, उसी प्रकार हाथियों पर भी लकड़ी के ऊँचे-ऊँचे अट्टाल या बुर्ज रखे जाते थे जिनमें सैनिक बैठकर पहाड़ी किलों को तोड़ते थे। बाण ने इस प्रकार के बुर्जों को कूटाट्टालक कहा है (उच्चकूटाट्टालकचिकटं संचारिगिरिदुर्गम्)। गुप्तकालीन युद्धनीति में भी हाथियों का प्रयोग लगभग इसी प्रकार से होता था और भारतीय

हाथी ईरान तक ले जाए जाते थे[1]। संचारी अट्टालकों से कमन्द फेंककर हमला करने-वाले शत्रु-योद्धाओं के बुर्जों या सिपाहियों को खींचकर गिरा लेना सासानी युद्धकला की विशेषता थी। ज्ञात होता है कि भारतवर्ष में भी इस कला का या तो स्वतंत्र विकास हुआ था अन्य बातों की तरह सासानी ईरान के संपर्क से यहाँ ली गई। सेना के हाथियों का इन्हीं कामों के लिये प्रयोग किया जाता था। इसके लिये हस्तपाशाकृष्टि और वागुरा द्वारा अराति-संवेष्टन पदों का प्रयोग किया है। 'हस्तपाशाकृष्टि' से शत्रु के चलते-फिरते कूटयंत्र फँसाए जाते थे और वागुरा से घोड़े या हाथी पर सवार सैनिकों को खींच लिया जाता था (६८) (चित्र २०)। बाण ने गज-बल को शत्रु की सेना मथने का (वाहिनीक्षोभ) और अचिन्तित छापा मारने या हमला करने (अवस्कन्द, ६२) का साधन कहा है। हाथियों की शिक्षा की अनेक युक्तियों में मंडलाकार घूमना (मंडलभ्रांति) और टेढ़ी चाल (वक्रचार, ६८) मुख्य थीं। सेना में पहरे के लिये भी हाथी काम में लाए जाते थे (यामस्थापित, ५८)। कुमकी हाथियों की मदद से नए हाथियों को पकड़ा जाता था (नागोद्धृति, ६७)। राजकीय जुलूस में भी हाथियों का उपयोग होता था। सबसे आगे कोतल घोड़ों की तरह सजे हुए बिना सवारी के हाथी चलते थे। उनके मस्तक पर पट्टबन्ध रहता था (पट्टबन्धार्थमुपस्थापित, ५८)। कुछ हथियों पर घौंसे रखकर ले जाए जाते थे (डिंडिमाधिरोहण, ५८), जिस प्रकार मध्यकालीन ऊँटों पर घौंसे रखकर उन्हें जुलूस में निकालते थे। ध्वज, चँवर, शङ्ख, घंटा, अंगराग, नक्षत्रमाला[2] आदि (५८) से हाथियों की सजावट (शृंगाराभरण) की जाती थी। दोनों कानों के पास लटकते शङ्खों के आभूषण (करिकर्ण शङ्ख या अवतंस शङ्ख, ६५) का कई बार उल्लेख हुआ है (३७, ५६)। हाथियों के दाँतों पर सोने के चूड़े मढ़े जाते थे।[3]

हाथियों के लिये नियुक्त परिचारकों में घसियारे (लेशिक, ६५) और महावत (आरोह, ६७; आधोरण, ६५) का उल्लेख है। हाथियों की अवस्था, जाति और शरीर-रचना के बारे में भी हर्षचरित से काफी जानकारी मिलती है। तीस और चालीस वर्ष के बीच की चतुर्थी दशा में हाथियों की त्वचा पर लाल बुंदकियाँ-जैसी फूटती है[4]। भद्रजाति

---

1. The reserve of the Sassanian army was formed of elephants from India, which inspired the Romans with a certain amount of terror. They carried great wooden towers full of soldiers. (Clement Huart, *Ancient Persia and Iranian Civilization*, 1957, p. 151) The Sassanians knew the use of the ram, the ballista, and movable towers for attacking stronghblds. (वही)

इन्हीं चलते-फिरते बुर्जों के लिये बाण ने 'संचारि अट्टालक' शब्द दिया है। अमर-कोश में 'उन्माथ कूटयंत्र' शब्द आया है जो 'बैटरिंग रैम' का संस्कृत नाम जान पड़ता है।

२. नक्षत्रमाला = हाथी के मस्तक के चारों ओर मोतियों की माला; संभवतः इसमें सत्ताइस मोती होते थे।

३. सकांचनप्रतिमं = सोने से जड़ाऊ हाथीदाँत की शृंगारमंजूषा या आभरणपेटिका, ६८; प्रतिमा = दंतकोष (शंकर), हाथी दाँत की पेटी।

४. पिंगलपद्मजाल, ६५; तुलना कीजिए 'कुंजरबिन्दुशोणः (कुमारसम्भव, १,७)।

के हाथी सर्वोत्तम समझे जाते थे (वल्लभद्र, ६७) अच्छे हाथी के शरीर के नाखून चिकने, रोंये कड़े, मुँह भारी, सिर कोमल, ग्रीवामूल छोटा, उदर पतला होना चाहिए। जब उसे सिखाया या निकाला जाय तो उसे सद् शिष्य की तरह सीखना चाहिए और सीखी हुई बात पर जमना चाहिए (सच्छिष्यं विनये, दृढं परिचये, ६७)। हाथी को पानी पिलाते समय मुख पर कपड़े का पर्दा डालते थे। इसका उल्लेख बाण और कालिदास दोनों ने किया है (दुकूलमुखपट्ट, ६६)।[1]

हर्ष के अपने हाथी (देवस्य औपवाह्यः, ६४) दर्पशात के लिये राजद्वार या ड्योढ़ी के अन्दर महान् अवस्थानमंडप बना हुआ था। ऊपर लिखी हुई अधिकांश विशेषताएँ उसमें भी थीं। उसके मस्तक पर पट्टबंध बँधा था (६६)। ज्ञात होता है, हाथियों के समरविजय की अर्थात् कौन-सा हाथी कितनी बार संग्राम में चढ़ा है इसकी गणना रखी जाती थी (अनेकसमरविजयगणनालेखाभिः वलिवलयराजिभिः, ६५)। दर्पशात के वर्णन-प्रसंग में बाण ने राजकीय दानपट्टकों के बारे में कुछ रोचक बातें कही हैं। दानपट्टों पर अक्षर खोदे जाते थे (कंङ्कयनलिखित)। उनपर सम्राट् के हस्ताक्षर सजावट के साथ बनाए जाते थे (विभ्रमकृतहस्तस्थिति)[2] (चित्र २१), और अन्त में वे दान लेनेवालों को पढ़कर सुनाए जाते थे (अलिकुलवाचालितैः, ६६)।

हाथियों के अलावा घोड़े भी स्कन्धावार का विशेष अंग थे। बाँसखेड़ा के ताम्रपट्ट में 'हस्त्यश्वविजयस्कन्धावार' पद आया है। स्कन्धावार में राजकुल से बाहर साधारण घोड़ों का पड़ाव था, लेकिन हर्ष के अपने घोड़ों की मन्दुरा राजद्वार के भीतर थी जिसका विशेष चित्र बाण ने खींचा है। ये खासा घोड़े भूपालवल्लभतुरंग, राजवल्लभ या केवल वल्लभ कहलाते थे। हर्ष की मन्दुरा में राजवल्लभतुरंग अनेक देशों से लाए गए थे। वे वनायु[3] (वानाघाटी, वजीरिस्तान), आरट्ट (वाहीक या पंजाब), कम्बोज (मध्य एशिया में वंक्षु नदी का पामीरप्रदेश)[4], भारद्वाज (उत्तरी गढ़वाल जहाँ के टाँघन घोड़े प्रसिद्ध हैं), सिंधुदेश (सिंधसागर या थल दोआब) और पारसीक (सासानी ईरान)[5] से उस काल में बढ़िया घोड़ों का आयात होता था। रंगों के हिसाब से राजकीय घुड़साल में शोण (लालकुम्मैत),

---

१. मेघदूत, १।६२—
कुर्वन् कामं क्षणमुखपटप्रीतिमैरावतस्य।
अर्थात् हे मेघ, तुम जल पीते समय ऐरावत के मुख पर पट की भाँति फैल जाना।

२. हस्तस्थितिः = स्वहस्तेन अक्षरकरणं, अपने हाथ के दस्तख़त, शंकर। हर्ष के बाँसखेड़ा ताम्रपट्ट पर सबसे अन्त की पंक्ति में 'स्वहस्तो मम महाराजधिराजश्रीहर्षस्य' खुदा हुआ है। उसके अक्षरों की आकृति विभ्रम या शोभन ढंग से कलम के पुछल्ले फैलाकर बनाई गई है।

३. देखिए रघुवंश, ५।७३, वनायुदेश्याः वाहाः।

४. कालिदास ने कम्बोजों के देश को बढ़िया घोड़ों से भरा हुआ लिखा है (सदश्वभूयिष्ठ, ४, ७०)।

५. देखिए रघुवंश, ४।६०, ६२, पाश्चात्यैः अश्वसाधनैः।

श्याम (मुश्की), श्वेत (सब्जा), पिंजर (समन्द)[1], हरित (नीलासब्जा)[2], तित्तिर कल्माष (तीतरपंखी)[3] इन घोड़ों का उल्लेख किया गया है[4]।

शुभ लक्षणोंवाले घोड़ों में पंचभद्र (पंचकल्याण)[5], मल्लिकाक्ष (शुक्ल अपांगवाला) और कृत्तिकापिंजर[6] का उल्लेख है। अच्छे घोड़ों की बनावट के विषय में बाण ने लिखा है— 'मुँह लम्बा और पतला, कान छोटे, घाँटी (सिर और गर्दन का जोड़) गोल, चिकनी और सुडौल, गर्दन ऊपर उठी हुई और यूप के अग्रभाग की तरह लम्बी और टेढ़ी, कन्धों के जोड़ मांस से फूले हुए, छाती निकली हुई, टाँगें पतली और सीधी, खुर लोहे की तरह कड़े, पेट गोल, पुट्ठे चौड़े और मांसल होने से उठे हुए, पूँछ के बाल पृथ्वी को छूते हुए होते थे' (६२-६३)।

घोड़ों को बाँधने के लिए अगाड़ी और पिछाड़ी दो रस्सियाँ होती थीं। बहुत तेज मिजाज घोड़ों की गर्दन में आगे दो रस्सियाँ दो तरफ खींचकर दो खूँटों में बाँधी जाती थीं। पिछाड़ी (पश्चात्पादबंध) के तानने से एक पैर अधिक खिंचा हुआ हो गया था जिससे लम्बे घोड़े और लम्बे जान पड़ते थे। गर्दन में बहुत-सी डोरियों से ग्रथित गंडे बँधे थे। इस प्रकार के गंडे लगभग इसी काल की सूर्यमूर्तियों के घोड़ों में पाए जाते हैं (चित्र २२)। खुरों के नीचे की धरती लकड़ी से मँही हुई थी जिसपर घोड़े खुर पटककर धरती खरोच रहे थे। घास चारा सामने डाला जाता देखकर वे चंचल हो उठते थे और कठिन साईसों (चंडचंडाल) की डपटान सुनकर मारे डर के उनकी पुतलियाँ दीनभाव से फिर रही थीं। राजमन्दुरा में बँधे हुए घोड़ों के समीप सदा नीराजन अग्नि जलती रहती थी और उनके ऊपर चंदोवे तने हुए थे। कालिदास ने भी घोड़ों के लिये लम्बे तम्बुओं का उल्लेख किया है।[7]

---

१. पिंजर = ईषत्कपिल (शंकर); अंग्रेजी बे (Bay)।

२. हरित = शुकनिभ (शंकर); अंग्रेजी चेस्टनट (Chestnut)।

३. अं० (Dappled)। संस्कृत रंगों के आधुनिक पर्यायों के लिये मैं श्रीरायकृष्णदासजी का अनुगृहीत हूँ।

४. बाण से लगभग सौ वर्ष पीछे घोड़ों का व्यापार अरब सौदागरों के हाथ चला गया। संस्कृत नामों की जगह रंगों के फारसी मिश्रित अरबी नाम, जैसे वोल्लाह, सेराह, कोकाह, खोंगाह, आदि भारतीय बाज़ारों में चल पड़े। हरिभद्रसूरि (७००-७७०) कृत समराइच्चकहा में वोल्लाह किशोरक पद में सबसे पहले वोल्लाह इस अरबी नाम का उल्लेख मिलता है। पीछे संस्कृत नामों का चलन बिल्कुल मिट गया। हेमचन्द्र ने अभिधानचिन्तामणि में घोड़ों के करीब बीस अरबी नामों को संस्कृत शब्द मानकर उनकी व्युत्पत्ति दी है (४। ३०३-३०९)। केवल नकुल की अश्वचिकित्सा में पुराने संस्कृत के नाम चालू रहे।

५. हृदय, पृष्ठ मुख और दोनों पार्श्वों में पुष्पित या भौंरीवाला (अभिधान-चिंतामणि, ४। ३०२)।

६. कृत्तिकापिंजर = किसी भी रंग का घोड़ा जिस की जिल्द पर सफेद चित्तियाँ हों, जैसे सफेद तारे बिखरे हुए हों (तारकाकदम्बकल्पानेकबिन्दुकलमाषितत्वचः, शंकर)। ऐसा घोड़ा अत्यन्त श्रेष्ठ जाति का होता है और कम मिलता है। इस सूचना के लिये मैं अपने सुहृत् श्रीरायकृष्णदासजी का कृतज्ञ हूँ।

७. रघुवंश ७, ७३, दीर्घेष्वमी नियमिताः पटमंडपेषु।

स्कन्धावार में ऊँटों का भी जमघट था, लेकिन घोड़े-हाथियों के समान महत्त्वपूर्ण नहीं। ऊँटों से अधिकतर डाक का काम लिया जाता था, (प्रेषित, प्रेष्यमाण, प्रतीपनिवृत्त, बहुयोजनागमन, ५८)। ऊँटों को रुचि के साथ सजाते थे। मुँह पर कौड़ियों की पट्टियाँ[1], गले में सोने के बजनेवाले घुँघुरुओं की माला[2], कानों के पास पचरंगी ऊन के लटकते हुए फुँदने ये उनकी सजावट के अंग थे।

अनेक छत्र और चँवर भी स्कन्धावार की शोभा बढ़ा रहे थे (५६)। श्वेत आतपत्र या छत्रों में मोतियों की झालरें लगी थीं (मुक्ताफलजालक)। गरुड़ के खुले पंख और राजहंस की आकृतियाँ उनपर कढ़ी हुई थीं। उनमें माणिक्य-खंड जड़े हुए थे और उनके दंड विद्रुम के बने थे (५६)। वराहमिहिर ने राजा के आतपत्र वर्णन में उसे मुक्ताफलों से उपचित, हंस और कुक्कुट के पक्षों से चित्रित, रत्नों से विभूषित, स्फटिक-बद्धमूल और नौ पोरियों से बने हुए दंडवाला लिखा है। वह छः हाथ लम्बा होता था[3]। इसी के साथ मायूर आतपत्र और हजारों झंडियाँ भी थीं जो जलूस के काम में आती रही होंगी। मायूर आतपत्र नाचते हुए मोर के बर्हमंडल की आकृति के होते थे। बाद में भी आफतावे के रूप में वे जलूस के लिये काम में आते थे। अनेक प्रकार के वस्त्र जैसे अंशुक और क्षौम, एवं रत्न जैसे मरकत, पद्मराग, इन्द्रनील, महानील, गरुड़मणि, पुष्पराग आदि भी राजकीय सन्निवेश में थे (६०)।

दरबार में अनेक महासामन्त और राजा उपस्थित थे। इनकी तीन कोटियाँ थीं। एक शत्रुमहासामन्त जो जीत लिए गए थे और निर्जित होने के बाद दरबार में अनेक प्रकार की सेवाएँ करते थे। इनके साथ कुछ सम्मान का व्यवहार किया जाता था (निर्जितैरपि सम्मानितैः)। दूसरी कोटि में वे राजा थे जो सम्राट् के प्रताप से अनुगत होकर वहाँ आए थे, और तीसरी कोटि में वे थे जो उसके प्रति अनुराग से आकृष्ट हुए थे। राजाओं के प्रति हर्ष की तीन प्रकार की यह नीति समुद्रगुप्त की प्रयाग-प्रशस्ति में उल्लिखित नीति से बहुत मिलती है। समुद्रगुप्त के द्वारा भ्रष्टराज्य और उत्सन्नराज्यवाले वंशों का पुनः प्रतिष्ठापन वैसा ही व्यवहार था जैसा निर्जित शत्रुमहासामन्तों के प्रति हर्ष का। सर्वकरदान, आज्ञाकरण और प्रणामागमन के द्वारा प्रचंडशासन सम्राट् को तुष्ट करने की नीति का भी इसीमें समावेश हो जाता है। समुद्रगुप्त ने दक्षिणापथ के राजाओं के प्रति जो ग्रहणमोक्ष और अनुग्रह के द्वारा प्रतापोन्मिश्रित नीति बरती थी, वह हर्ष-नीति की दूसरी कोटि से मिलती है। हर्ष के प्रति अनुराग से वश में आए हुए राजाओं का तीसरा समूह समुद्रगुप्त के शासन में उन राजाओं से मिलता है जो आत्मनिवेदन करके कन्याओं का उपायन भेजकर, अथवा अपने विषय और मुक्ति पर अधिकारारूढ़ रहने के लिये गरुड़ांकित शासन-पत्र प्राप्त करके

---

१. वराटिकावलीभिः घटितमुखमंडनकैः।

२. चामीकरघुर्घरुकमालिकैः।

३. श्रवणोपान्तप्रेखत्पंचरागवर्णोर्णाचित्रसूत्रजूटजटाजालः।

४. बृहत्संहिता, अध्याय ७३ छत्रलक्षण।

सम्राट् को प्रसन्न कर लेते थे। समुद्रगुप्त ने जिस प्रसभोद्धरण (जड़ से उखाड़ फेंकने) की नीति का अतिरिक्त उल्लेख किया है, उस तरह के राजाओं के लिये दरबार में कोई स्थान न था, अतएव बाण ने यहाँ उनका उल्लेख नहीं किया।

जो भुजनिर्जित शत्रु महासामन्त दरबार में आते थे उनके साथ होनेवाले विविध व्यवहारों का भी बाण ने उल्लेख किया है। सम्राट् के पास आने पर उनपर जो बीतती थी वह कुछ शोभनीय व्यवहार नहीं कहा जा सकता। किंतु युद्धस्थल में एक बार हार जाने पर प्राण-भिक्षा के लिये लाचार शत्रुओं के साथ किए गए वे व्यवहार उस युग में अनुग्रह या सम्मान ही समझे जाते थे। सभी देशों में इस प्रकार की रणनीति व्यवहृत थी। कुछ लोग स्वामी के कोप का प्रशमन करने के लिये कंठ में कृपाण बाँध लेते थे (कंठबद्धकृपाणपट्टैः[1]); कुछ दाढ़ी, मूँछ और बाल बढ़ाए रहते थे; कुछ सिर पर से मुकुट उतारे हुए थे; कुछ सेवा में उपस्थित हो चँवर डुलाते थे (सेवाचामराणीवार्पयद्भिः)। अनन्यशरणभाव से वे लोग सम्राट् के दर्शनों की आशा में दिन बिताते और भीतर से बाहर आनेवाले अभ्यन्तरप्रतीहारों के अनुयायी पुरुषों से बार-बार पूछते रहते थे—भाई, क्या सजाए जाते हुए भुक्तास्थानमंडप में सम्राट् आज दर्शन देंगे, या वे बाह्यास्थानमंडप में निकलकर आएँगे (६०)।

इस प्रकार स्कन्धावार का चित्र खींचने के बाद बाण ने सम्राट् हर्ष का बड़ा विशद वर्णन किया है। महाप्रतीहारों के प्रधान परियात्र का भी एक सुन्दर चित्र दिया गया है। प्रतीहार लोग राजसी ठाटबाट और दरबारी प्रबन्ध की रीढ़ थे। प्रतीहारों के ऊपर महाप्रतीहार होते थे, और उन महाप्रतीहारों में भी जो मुखिया था उसका पद दौवारिक का था (६२)। जो लोग राजद्वार या ड्योढ़ी के भीतर जाने के अधिकारी थे वे 'अन्तरप्रतीहार' कहलाते थे। केवल बाह्यकक्ष्या या दीवानेआम तक आने जानेवाले नौकर-चाकर बाह्य परिजन कहलाते थे। ये प्रतीहार लोग राजकुल के नियमों और दरबार के शिष्टाचार में निष्णात होते थे। वस्तुतः उस युग में सामन्त, महासामन्त, मांडलिक, राजा, महाराजा, महाराजाधिराज, चक्रवर्ती, सम्राट्, आदि विभिन्न कोटि के राजाओं के लिये भिन्न-भिन्न प्रकार के मुकुट और पट्ट होते थे जिन्हें पहचानकर प्रतीहार लोग दरबारियों को यथायोग्य सम्मान देते थे।[2] महाप्रतीहार दौवारिक परियात्र पर हर्ष की विशेष कृपा थी। वह निर्मल कंचुक पहने हुए था। पतली कमर में पेटी कसी हुई थी जिसमें माणिक्य का पदक लगा हुआ था। चौड़ी छाती पर हार और कानों में मणि-कुंडल थे। सम्राट् की विशेष कृपा से प्राप्त खिले कमलों की मुंडमाला मस्तक पर थी। मौलि पर सफेद पगड़ी (पांडर उष्णीष) थी। बाँए हाथ में मोतियों की जड़ाऊ मूठवाली तलवार थी और दाहिने में सोने की वेत्रयष्टि। अधिकारगौरव से लोग उसके लिये मार्ग छोड़ देते थे। अत्यन्त निष्ठुर पद पर प्रतिष्ठित होने पर भी वह स्वभाव से नम्र था।

---

१. धरहु दशन तृण कंठ कुठारी—तुलसीदास।

२. इस प्रकार के भिन्न पट्ट (पत्रपट्ट, रत्नपट्ट, पुष्पपट्ट) और मुकुटों के आकार आदि का विवेचन मानसार (अ० ४९) में है जो गुसकाल का ग्रंथ है। और भी देखिए, शुक्रनीति १।१८३-१८४।

दौवारिक ने भुक्तास्थान मंडप में पहुँचकर बाण से कहा—'देव के दर्शन करो'। बाण ने वहाँ मंडप के सामने के आँगन में संगमर्मर की चौकी पर हर्ष को बैठे हुए देखा। इस प्रकार का आसन ग्रीष्म ऋतु के अनुकूल था। शयन के सिरे पर टिकी हुई भुजा पर सम्राट् अपने शरीर का भार डाले थे। सम्राट् की दरबार में बैठने की यही मुद्रा थी। उनके चारों ओर शस्त्र लिए हुए लम्बे गठीले शरीरवाले गोरे और पुश्तैनी[1] अंगरक्षक (शरीर-परिचारकलोक) पंक्ति में खड़े थे। पास में विशिष्ट प्रियजन बैठे थे। वस्तुतः भुक्तास्थान-मंडप या दीवानेखास में वे ही लोग सम्राट् से मिल पाते थे जो उनके विशेष कृपा-भाजन होते थे। कादम्बरी में राजा शूद्रक के वर्णन में भी दो आस्थानमंडपों का उल्लेख है। एक बाहरी जहाँ आम दरबार में चांडाल-कन्या वैशम्पायन को लेकर आई थी। सभा विसर्जित करने के बाद स्नान-भोजन से निवृत्त हो, कुछ चुने हुए राजकुमार, अमात्य और प्रियजनों के साथ शूद्रक ने भीतर के आस्थानमंडप में वैशम्पायन से कथा सुनी। उसी के लिये यहाँ भुक्तास्थानमंडप पद प्रयुक्त हुआ है। हर्ष को बाण ने जिस समय देखा, वह ब्रह्मचर्यव्रत की प्रतिज्ञा ले चुका था (गृहीतब्रह्मचर्यमालिंगितं राजलक्ष्म्या, ७०)। हर्ष ने राज्यवर्द्धन की मृत्यु के बाद यह प्रतिज्ञा की थी कि जबतक मैं संपूर्ण भूमि की दिग्विजय न कर लूँगा तब-तक विवाह न करूँगा[2]। बाण के शब्दों में 'उसने यह असिधाराव्रत लिया था' (प्रतिपन्नासि-धाराधारणव्रतम्)। बाण ने हर्ष की भीष्म से तुलना की है (भीष्मात्जितकाशिनम्)। दिवाकर मित्र के सामने हर्ष के मुख से बाण ने यह कहलाया है—'भाई का वध करनेवाले अपकारी रिपुकुल का मूलोच्छेद करने के लिये उद्यत मैंने अपनी भुजाओं का भरोसा करके सब लोगों के सामने प्रतिज्ञा की थी (सकललोकप्रत्यक्षं प्रतिज्ञा कृता, २५६)।

हर्ष के समीप में एक वारविलासिनी चामर-ग्राहिणी खड़ी थी (७०, ७४)। काव्यकथाएँ हो रही थीं। विस्रम्भ आलाप का सुख मिल रहा था। प्रसाद के द्वारा शासनपत्र बाँटे जा रहे थे (प्रसादेषु श्रियं स्थाने स्थाने स्थापयन्तं)। स्निग्ध दृष्टि अपने इष्ट कृपाण पर इस तरह पड़ रही थी जैसे फौलाद की रक्षा के लिये चिकनाई लगाते हैं (स्नेहवृष्टिमिव दृष्टिमिष्टे कृपाणे पातयन्तं)। उसके रूप-सौन्दर्य में मानो सब देवों के अतिशय रूप का निवास था (सर्व-देवतावतारम्, ७२)। इस प्रसंग में बाण ने अरुण, सुगत, बुद्ध, इन्द्र, धर्म, सूर्य, अवलोकितेश्वर, चन्द्रमा, कृष्ण इन देवताओं का उल्लेख किया है जिनकी उस समय मान्यता थी। हर्ष का बाँया पैर महानीलमणि के पादपीठ पर रखा हुआ था। पादपीठ के चारों ओर माणि-क्यमाला की मेखला बँधी थी।

यहाँ बाण ने सम्राट् और राजाओं के बीच में पाँच प्रकार के संबंधों का पुनः उल्लेख किया है। पहले अप्रणत लोकपाल अर्थात् जिन्होंने अधीनता न मानी थी; दूसरे जो अनुराग से अनुगत हुए थे; तीसरे उसके तेज से अस्त हुए मंडलवर्ती या मांडलिक राजा; चौथे अन्य अवशिष्ट राजसमूह; और पाँचवें समस्त सामन्त लोग (७२)। हर्ष दो वस्त्र पहने हुए था, एक अधर-

---

१. मौल, भृतक, श्रेणि, मित्र, अमित्र और आटविक, ये छः प्रकार के सैनिक सहायक होते हैं। जो पुश्त-दरपुश्त से चले आते हैं वे मौल कहलाते हैं।

२. यावन्मया न सकला जिताभूमिः तावन्मे ब्रह्मचर्यम्, इति श्रीहर्षः प्रतिज्ञातवान्...शंकर।

वास (धोती) और दूसरा उत्तरीय। अधरवास वासुकि के निर्मोक या केंचुल की तरह अत्यन्त महीन, नितम्बों से सटा हुआ[1], श्वेत फेन की तरह था। अधोवस्त्र के ऊपर नेत्रसूत्र या रेशम का पटका बँधा हुआ था (नेत्रसूत्रानिवेशशोभिना अधरवाससा) और उसके समीप मेखला बँधी हुई थी। दूसरा वस्त्र शरीर के ऊर्ध्वभाग में महीन उत्तरीय था जिसमें जामदानी की भांति छोटे-छोटे तारे या सूत्रबिन्दु कढ़े हुए थे (अघनेन सतारागणेन उपरिकृतेन द्वितीयाम्बरेण)। छाती पर शेष नामक हार सुशोभित था (शेषेण हारदंडेन परिवलितकन्धरं)। शेष हार उस समय के विशिष्ट पुरुषों का आभूषण था। इसे मोतियों का बलेवड़ा कहना चाहिए जो ऊपर से पतला और नीचे से मोटा होता था और सामने शरीर पर पड़ा हुआ साँप-सा लगता था। बाण ने कादम्बरी में भी शेष हार का विस्तार से उल्लेख किया है। चन्द्रापीड़ के लिये विशेष रूप से कादम्बरी ने इसे भेजा था। गुप्तकला की मूर्तियों में शेष हार के कई नमूने मिलते हैं (चित्र २३)।[2] बाण ने हर्ष के महादानों का भी उल्लेख किया है जिनमें प्रति पाँचवें वर्ष वह सब कुछ दे डालता था (जीवितावधिगृहीतसर्वस्वमहादानदीक्षा, ७३)। इस प्रकार के प्रति पाँच वर्ष पर किए जानेवाले सर्वस्वदक्षिण दानों की गुप्तकाल में या उसके कुछ बाद भी प्रथा थी। दिव्यावदान में उनके लिये 'पंचवार्षिक' शब्द आया है। कालिदास ने भी रघु के सर्वस्वदक्षिण यज्ञ का उल्लेख किया है। हर्ष की बाहुओं में जड़ाऊ केयूर थे; उनके रत्नों से फूटती हुई किरणशलाकाएँ ऐसी लगती थीं मानों विष्णु की तरह सम्राट् के दो छोटी भुजाएं और निकल रही हों (अजजिगीषया बालभुजैरिवापरैः प्ररोहद्भिः, ७३)। यह उत्प्रेक्षा गुप्तकालीन विष्णु मूर्तियों से ली गई है, जिनमें विष्णु की दो अधिक भुजाएँ कोहनियों के पास से निकलती हुई दिखाई जाती हैं (चित्र २४)। इसीलिये पूरी भुजाओं की अपेक्षा उन्हें बालभुज कहा गया है।[3] हर्ष के सिर पर तीन गहने थे। प्रथम, ललाट से ऊपर अरुणचूड़ामणि थी जो पद्मराग की थी और जिससे छिटकनेवाली किरणें ललाट के ऊपरी किनारे को शोभित कर रही थीं[4]।

१. इस प्रकार के अत्यन्त सूक्ष्म शरीर से चिपटे हुए वस्त्र गुप्तकाल और हर्षयुग की विशेषता थी। अंग्रेजी में इसे वेट ड्रेपरी कहते हैं। बाण ने इसके लिये 'मग्नांशुक' (१६६) पद का भी प्रयोग किया है।

२. देखिए, अहिच्छत्रा से मिली हुई मिट्टी की मूर्तियाँ, ऐंश्येंट इंडिया, अंक ४ चित्र २५९।

नैषध में इस तरह के हार या गजरे को दुंदुभक अर्थात् दुंदुभ साँप की आकृति का कहा गया है (नैषध, २१, ४३)। नैषध के टीकाकार ईशान देव ने इसका पर्याय टोडर दिया है। नारायण के अनुसार 'दुंदुभस्य विफणतया साम्यात् स्थूलघनतरे पुष्पदाम्नि दुंदुभपदं लाक्षणिकं'। संभव है कि शुरू में बाण के समय में शेष हार मोतियों से गूँथा जाता हो; पीछे फूलों के गजरे भी बनने लगे। मथुरा-कला की अतिप्रसिद्ध गुप्तकालीन विष्णुमूर्ति सं ई० ६ में भी मोतियों का मोटा बलेवड़ा हार शेषहार ही जान पड़ता था।

३. मथुरा-कला की अत्यन्त सुन्दर गुप्तकालीन विष्णुमूर्ति (संख्या ई० ६) में यह लक्षण स्पष्ट है। देखिए, मेरी लिखी हुई 'मथुरा म्युजियम गाइड बुक' चित्र ३८।

४ अरुणेन चूडामणिरोचिषा लोहितायतललाटतटम्, ७४।

दूसरा आभूषण मालती पुष्प की मुंडमाला थी जो ललाट की केशान्तरेखा के चारों ओर बँधी थी [1](चित्र २५)। सिर पर तीसरा अलंकरण शिखंडाभरण था अर्थात् मुकुट पर कलगी की तरह का पदक था जिसमें मोती और मरकत दोनों लगे थे। ये तीनों आभूषण उत्तरगुप्तकालीन मूर्तियों के मुकुटाभूषणों में पाए जाते हैं [2](चित्र२६)।कानों में कुंडल थे जिनकी घूमी हुई कोर बालवीणा-सी लगती थी (कुंडलमणिकुटिलकोटिबालवीणा, ७४)। कान में दूसरा गहना श्रवणावतंस था जो सम्भवतः कुंडल से ऊपर के भाग में पहना जाता था। इस प्रकार कान्ति, वैदग्ध्य, पराक्रम, करुणा, कला, सौभाग्य, धर्म आदि के निधान, गम्भीर और प्रसन्न, त्रासदायक और रमणीय, चक्रवर्ती सम्राट् हर्ष को बाण ने पहली बार देखा।

बाण ने दरबार की वारविलासिनियों का एक अन्तर्गर्भित चित्र देकर इस लम्बे वर्णन को और भी लंबा खींच दिया है। उस युग के राजसमाज की पूर्णता के लिये वारविलासिनियाँ आवश्यक अंग थीं। यह शब्दचित्र उनका यथार्थ रूप खड़ा कर देता है। चित्र और शिल्प में इसी वर्णन से मिलते-जुलते रूप हमें प्राप्त होते हैं। ललाट पर अगरु का तिलका था; चमचमाते हारों से वे ठमकती थीं; नखरों से चंचल भ्रूलताएँ चला रही थीं; नृत्य के कारण लंबी साँसों से वे हाँफ रही थीं; स्तनकलश बकुलमाला से परिवेष्टित थे; हार की मध्यमणि रह-रहकर इधर-उधर हिलती थी, मानों आलिंगन के लिये भुजाएँ फैली हों; कभी जम्भाई रोकने के लिये मुख पर उत्तान हाथ रख लेती थीं; कानों के फूलों का पराग पड़ने से नेत्रों को मिचमिचाती थीं; तिरछी भौंहों के साथ चितवनें चला रही थीं; कभी एकटक बरौनीवाले नेत्रों से देखने लगती थीं; कभी स्वाभाविक मुस्कान इधर-उधर बिखेरती थीं, कभी शरीर की तोड़-मरोड़ के साथ हाथों की उंगलियाँ एक दूसरे में फँसाकर हथेली ऊपर उठाए हुए नाचती थीं; और कभी उंगलियाँ चटकाकर उन्हें गोल घुमाकर छोटी-छोटी धनुहियाँ-जैसी बनाती हुई नाचती थीं। इस प्रकार बाण ने चतुर चित्रकार की भाँति तूलिका के चौदह संकेतों से नृत्य करती हुई वारवनिताओं का लीलाचित्र प्रस्तुत किया है।

गुप्त-शिलालेखों में बारम्बार 'चतुरुदधिसलिलास्वादितयशसः' विशेषण गुप्त सम्राटों के लिये आता है। वह राजाओं के लिये वर्णन की लीक बन गई थी। बाण ने हर्ष को 'चतुरुदधिकेदारकुटुम्बी' (७७) कहा है, अर्थात् ऐसा किसान जिसके लिये चार समुद्र चार क्यारियाँ हों। हर्ष के भुजदंडों को चार समुद्रों की परिखा के किनारे-किनारे बना हुआ शिला-प्राकार कहा गया है।

(हर्ष को देखकर बाण के मन में कितने ही विचार एक साथ दौड़ गए। 'ये ही सुगृहीत-नामा देव परमेश्वर हर्ष हैं जो समस्त पूर्व के राजाओं के चरितों को जीतनेवाले ज्येष्ठ-मल्ल है। इन्हीं से पृथ्वी राजन्वती है[3]। विष्णु, पशुपति, इन्द्र, यम, वरुण, कुबेर, इन देवताओं के उन-उन गुणों से भी हर्ष बढ़कर हैं। इनके त्याग, प्रज्ञा, कवित्व, सत्त्व, उत्साह, कीर्ति, अनुराग, गुण, कौशल की इयत्ता नहीं है'। इस प्रकार के अनेक विचार मन में लाते हुए

१. उत्फुल्लमालतीमयेन मुखशशिपरिवेषमंडलेन मुंडमालागुणेन परिकलितकेशान्तम्, ७४।

२. शिखंडाभरणभुवा मुक्ताफलालोकेन मरकतमणिकिरणकलापेन च, ७४।

३. तुलना कीजिए, रघुवंश ६, २२, 'कामं नृपाः सन्तु सहस्रशोऽन्ये रा..न्वतीमाहुरनेन भूमिम्। पृथिवी पर चाहे जितने राजा और हों, धरती राजन्वती तो इन्हीं नगधराज से बनी है।'

पास जाकर उसने स्वस्ति शब्द का उच्चारण किया। इस प्रसंग में श्लेष के द्वारा बाण ने कई महत्त्वपूर्ण शब्दों का प्रयोग किया है, जिनका सांस्कृतिक मूल्य है। कृष्ण के बालचरितों में अरिष्टासुर या वत्सासुर के वध का उल्लेख है। 'निस्त्रिंशग्राहसहस्र' पद में तलवार चलाने के उन हाथों का उल्लेख है जिनका अभ्यास किया जाता था। 'जिनस्येवार्थवादशून्यानि दर्शनानि' वाक्य मे बौद्धों के योगाचार और माध्यमिक दर्शनों की तरफ इशारा है जो उस युग के दार्शनिक जगत् में ऊँचाई पर थे। ये दर्शन क्षणिकत्व में विश्वास करते और यह मानते थे कि केवल विज्ञान (विचार) ही तात्त्विक है, अर्थ या भौतिक वस्तुएँ असत्य हैं। यही योगाचार दर्शन का विज्ञानवाद था। आगे चलकर शंकराचार्य ने वेदान्तसूत्र २।२।२८ के भाष्य में विज्ञानवाद का खंडन किया। कादम्बरी में भी बाण ने 'निरालम्बनां बौद्धबुद्धिम्' पद से इसी दार्शनिक पद का उल्लेख किया है। 'अस्मिंश्च राजनि यतीनां योगपट्टकाः' इस उल्लेख में योगपट्टक का दूसरा अर्थ जाली बनाए हुए ताम्रपत्रों से है। इस प्रकार के कई जाली ताम्रपत्र मिले भी हैं, जैसे समुद्रगुप्त का गया से प्राप्त ताम्रपत्र। बाद के राजा पूर्वदत्त दानों का प्रतिपालन करते थे, अतएव इस प्रकार के जाल रचने का प्रलोभन कभी किसी के मन में आ जाता था। 'पुस्तकर्मणां पार्थिवविग्रहाः' पद में मिट्टी की बनी हुई मूर्तियों का उल्लेख है जिन्हें बड़े आकार में उस समय तैयार किया जाता था। 'वृत्तीनां पादच्छेदाः' उल्लेख से ज्ञात होता है कि पैर काट देना उस समय के दंडविधान का अंग था। 'षट्पदानां दानग्रहणकलहाः' पद में दान शब्द का वही अर्थ है जो कृष्ण की दानलीला पद में है अर्थात् कर-ग्रहण। 'अष्टापदानां चतुरंगकल्पनाः' के चतुरंगकल्पना शब्द से अपराधी के दोनों हाथ और दोनों पैर काटने के दंडविधान का उल्लेख है। इसी में श्लेष से शतरंज का भी उल्लेख किया गया है। जैसा ऊपर कहा जा चुका है, इस खेल में अष्टापद या आठ घरों की आठ पंक्तियाँ होती थीं और मोहरे चतुरंग सेना के चार अंग हस्ती-अश्व-रथ-पदाति की रचना के अनुसार रखे जाते थे। अष्टापदपट्ट पर खाने या घर काले और सफेद होते थे, यह भी बाण ने पूर्व में सूचित किया है।

'वाक्यविदामधिकरणविचाराः' पद महत्त्वपूर्ण है। इसमें अधिकरण के दो अर्थ हैं, पहला अर्थ है मीमांसकों (वाक्यविदां) के शास्त्र में भिन्न-भिन्न प्रकरण (शंकर टीकाकार के अनुसार विश्रान्तिस्थान)। अधिकरणों का विचार कुमारिल भट्ट के समय से पूर्व ही शुरू हो गया था। कुमारिल को आठवीं शती के मध्यभाग में माना जाय तो बाण के इस उल्लेख से ज्ञात होता है कि उनसे एक शती पूर्व ही मीमांसाशास्त्र में अधिकरणों की विवेचना होने लगी थी[1]। अधिकरण का दूसरा अर्थ धर्म-निर्णय-स्थान (फौजदारी और दीवानी की

१. माधव के जैमिनीय न्यायमालाविस्तार (चौदहवीं शती) में अधिकरणों का विचार खूब पल्लवित हुआ है। विषय, संशय या पूर्वपक्ष, संगति, उत्तरपक्ष और निर्णय इन पाँच अंगों से अधिकरण बनता है। इस प्रकार के ९१५ अधिकरण माधव के ग्रंथ में हैं। शंकरभट्ट (सोलहवीं शती)-कृत 'मीमांसासारसंग्रह' में अधिकरणों की संख्या १००० है। मीमांसादर्शन के २६५२ सूत्रों को ठीक-ठीक अधिकरणों में बाँटने के विषय में टीकाकारों में मतभेद था। अतएव यह ज्ञात होता है कि अधिकरणविभाग सूत्रों का मौलिक अंग न था, वरन् पीछे से विकसित हुआ।

अदालतें) भी गुप्तकाल में खूब चल गया था। इन अधिकरणों में प्राड्विवाक अधिकारी मुकदमों पर जिस तरह विचार करते थे उसका अच्छा चित्र 'चतुर्भाणी-संग्रह' के पादताडितकं नामक भाण में खींचा गया है[1]।

जब बाण ने हर्ष के समीप जाकर स्वस्ति शब्द का उच्चारण किया, उसी समय उत्तर दिशा की ओर समीप में किसी गजपरिचारक के द्वारा पढ़ा जाता हुआ एक अपरवक्त्र श्लोक सुनाई पड़ा। उसे सुनकर हर्ष ने बाण की ओर देखा और पूछा—'यही वह बाण है (एष स बाणः)? दौवारिक ने कहा—'देव का कथन सत्य है। यही वे हैं।' इसपर हर्ष ने कहा—'मैं इसे नहीं देखना चाहता जबतक यह मेरा प्रसाद[2] न प्राप्त कर ले।' यह कहकर अपनी दृष्टि घुमा ली, और पीछे बैठे हुए मालवराज के पुत्र[3] से कहा—यह भारी भुजंग[4] है (महानयं भुजंगः)।

हर्ष की बात सुनकर सब लोगों में सन्नाटा छा गया। मालवराजकुमार ने ऐसी मुद्रा बनाई जैसे वह कुछ समझा ही न हो। वस्तुतः हर्ष का बाण के साथ प्रथम दर्शन में यह व्यवहार उचित नहीं कहा जा सकता। यह तीखा वचन सुनकर बाण तिलमिला उठा। बाण की जो स्वतन्त्र प्रकृति थी और जो ब्रह्मतेज था, वह जाग उठा। क्षण भर चुप रहकर उसने हर्ष से काफी कड़े शब्दों में प्रतिवाद किया और अपने विषय की सची स्थिति ब्यौरेवार कही—'हे देव, आप इस प्रकार की बात कैसे कहते हैं जैसे आपको मेरे विषय में सच्ची बात का पता न हो या मेरा विश्वास न हो, या आपकी बुद्धि दूसरों पर निर्भर रहती हो,[5] अथवा आप स्वयं लोक के वृत्तांत से अनभिज्ञ हों। लोगों के स्वभाव और बातचीत मनमानी और तरह-तरह की होती है। लेकिन बड़ों को तो यथार्थ दर्शन करना चाहिए। आप मुझे साधारण व्यक्ति की तरह मत समझिए। मैंने सोमपायी वात्स्यायन ब्राह्मणों के कुल में जन्म लिया है। उचित समय पर उपनयन आदि सब संस्कार मेरे किए गए। मैंने सांग वेद भली प्रकार पढ़ा है और शक्ति के अनुसार शास्त्र भी सुने हैं। विवाह के क्षण से लेकर मैं नियमित गृहस्थ रहा हूँ। मुझमें क्या भुजंगपना है[6]? अवश्य ही मेरी नई आयु में कुछ चपलताएँ हुईं, इस बात से मैं इनकार न करूँगा; किन्तु वे ऐसी न थीं जिनका इस लोक या उस लोक से विरोध हो।

१. पादताडितक पृष्ठ ९। गुप्तकाल में अधिकरण शब्द का तीसरा अर्थ सरकारी दफ्तर भी था।

२. प्रसाद,—राजा की प्रसन्नता, उनसे मिलने-जुलने की अनुकूलता।

३. मालवराज का यह पुत्र संभवतः माधवगुप्त था। कुमारगुप्त और माधवगुप्त दो भाई मालवराजपुत्र थे जो राज्यवर्द्धन और हर्ष के पार्श्ववर्ती बनाकर दरबार में भेजे गए थे।

४. भुजंग गुंडा, लम्पट।

५. यहाँ बाण ने 'नेय' शब्द का प्रयोग किया है। कालिदास ने 'नेय' का प्रयोग उसके लिये किया है जिसे अपने घर की समझ न हो और जो दूसरे के कहने पर चले (मूढ़ नये परप्रत्यबुद्धिः, मालविकाग्निमित्र)।

६. बाण के शब्द थे 'का मे भुजंगता', जिसके तीन अर्थ हैं, १. मेरे जीवन में कौन-सी बात ऐसी है जिसे भुजंगता कहा जाय; २. भुजंगता उस व्यक्ति में रहती है जो कामी है, मुझमें नहीं; ३. मैंने किस स्त्री का अपनी भुजाओं में आलिंगन किया है?

इस विषय में मेरा हृदय पश्चात्ताप से भरा है, किन्तु अब सुगत बुद्ध के समान शान्तचित्त, मनु के समान वर्णाश्रममर्यादा के रक्षक, और यम के समान दंडधर आपके शासन में कौन मन से भी अविनय करने की सोच सकता है ? मनुष्यों की तो बात क्या, आपके भय से पशु-पक्षी भी डरते हैं। समय आने पर आप स्वयं मेरे विषय में सब-कुछ जान लेंगे, क्योंकि बुद्धिमानों का यह स्वभाव होता है कि वे किसी बात में भी विपरीत हठ नहीं रखते।' इतना कहकर बाण चुप रह गए। बाण का एक-एक वाक्य विद्वान् की अविशंकता, खरी बात कहने का साहस, आत्मसम्मान और सत्यपरायणता से भरा हुआ है। हर्ष ने इसके जवाब में इतना ही कहा—'हमने ऐसा ही सुना था।,' और यह कहकर चुप हो गए। लेकिन सम्भाषण, आसन, दान आदि के प्रसाद से अनुग्रह नहीं दिखाया। बाण ने यहाँ एक संकेत ऐसा किया है कि यद्यपि हर्ष ने ऊपरी व्यवहार में रूखापन दिखाया, किन्तु अपनी स्नेहभरी दृष्टि से अन्दर की प्रीति प्रकट की ! इस समय संध्या हो रही थी और हर्ष राजाओं को विसर्जित करके अन्दर चले गए। बाण भी अपने निवासस्थान को लौट आए।

यह रात बाण ने स्कान्धावार में ही बिताई। रात को भी उसके मन में अनेक प्रकार के विचार आते रहे। कभी वह सोचता—'हर्ष सचमुच उदार है क्योंकि; यद्यपि उसने मेरी बालचपलता की अनेक निन्दाएँ सुनी हैं फिर भी उसके मन में मेरे लिए स्नेह है। यदि मुझसे अप्रसन्न होता तो दर्शन ही क्यों देता। वह मुझे गुणी देखना चाहता है। बड़ों की यही रीति है कि वे छोटों को बिना मुख से कहे ही केवल व्यवहार से विनय सिखा देते हैं। मुझे धिक्कार है यदि मैं अपने दोषों के प्रति अन्धा होकर केवल अनादर की पीड़ा अनुभव करके इस गुणी सम्राट् के प्रति कुछ और सोचने लगूँ। अवश्य ही अब मैं वह करूँगा जिससे यह कुछ समय बाद मुझे ठीक जान ले' (८१)। मन में इस प्रकार का संकल्प करके दूसरे दिन वह कटक से चला गया और अपने रिश्तेदारों के घर जाकर ठहर गया। कुछ दिनों में हर्ष को स्वयं ही उसके स्वभाव का ठीक पता चल गया और वे उसके प्रति प्रसादवान् बन गए। तब बाण फिर राजभवन में रहने के लिये आ गया। स्वल्प दिनों में ही हर्ष उससे परमप्रीति मानने लगे और उन्होंने प्रसाद-जनित मान, प्रेम, विश्वास, धन, विनोद और प्रभाव की पराकाष्ठा बाण को प्रदान की।]

तीसरा उच्छ्वास

बाण हर्ष के दरबार में गर्मी की ऋतु में गया था। जिस भीषण लू और गर्मी का उसने वर्णन किया है उससे अनुमान होता है कि वह जेठ का महीना था। शरद् काल के शुरू में वह हर्ष के यहाँ से पुनः अपने गाँव लौट आया[1]। उच्छ्वास के आरंभ में बाल शरद् का बहुत ही निखरा हुआ चित्र खींचा गया है। 'मेघ विरल हो गए, चातक डर गए, कादम्ब बोलने लगे, दर्दुर और मयूर दुःखी हुए, हंससमूह आए, सिकल किए हुए खड्ग के समान आकाश श्वेत हो गया, सूर्य, चन्द्र और तारे निखर गए, इन्द्रधनुष और विद्युत् अदृश्य हो गई, जल पिघले हुए वैदूर्य की तरह स्वच्छ हो गया, घूमते हुए रूई के गोलों-जैसे मेघों में इन्द्र का बल घट गया, कदम्ब, कुटज और कन्दल के पुष्प बीत गए, कमल, इन्दीवर और कह्लार के पुष्प प्रसन्न हो गए, शेफालिका से रात्रि शीतल हो गई, यूथिका की गन्ध फैल गई, महमहाते कुमुदों से दसों दिशाएँ भर गईं, सप्तच्छद का पराग वायु में फैल गया, बन्धूक के लाल गुच्छों से लाल संध्या-सी रच गई, नदियाँ तटों पर बाल पुलिन छोड़ने लगीं, पका सावां कलौंस ले आया, प्रियंगु धान की मंजरी की धूल चारों ओर भर गई।' (८३–८४)।

बाण के लौटने का समाचार सुनकर उसके भाई-बन्द सम्राट् से प्राप्त सम्मान से प्रसन्न होकर मिलने आए। परस्पर अभिवादन के बाद अपने-आपको बन्धु-बान्धवों के बीच में पाकर बाण परम प्रसन्न हुआ (बहुबन्धुमध्यवर्ती परं मुमुदे)। गुरुजनों के बैठने पर स्वयं भी बैठा। पूजादि सत्कार से प्रसन्न होकर बाण ने उनसे पूछा—आप लोग इतने दिन सुख से तो रहे? यज्ञक्रिया, अग्निहोत्र आदि तो विधिवत् होता रहा? क्या विद्यार्थी समय पर पढ़ते रहे और वेदाभ्यास जारी रहा? कर्मकाण्ड, व्याकरण, न्याय और मीमांसा में आपलोगों का शास्त्राभ्यास क्या वैसा ही जारी रहा? नए-नए सुभाषितों की अमृतवर्षा करनेवाले काव्यालाप तो चलते रहे?' (८४) इन प्रश्नों से ब्राह्मण-परिवारों में निरन्तर होनेवाले पठन-पाठन और शास्त्रचिन्तन का वातावरण सूचित होता है। प्राचीन भारतीय शिक्षाप्रणाली में ऐसे ब्राह्मण-परिवार विद्यालय का कार्य करते थे। उन लोगों ने पारिवारिक कुशल का यथोचित समाधान करके बाण के अभिनव सम्मान पर विशेष प्रसन्नता प्रकट की। 'आपके आलस्य छोड़कर सम्राट् के पास वेत्रासन पर जाकर बैठने से हमलोग अपने को सब प्रकार सुखी मानते हैं'।[2] 'विमुक्तकौसीद्य' पद से बाण की उस प्रवृत्ति की ओर संकेत है जिसके कारण वे अपने विषय में स्वयं निष्प्रयत्न रहते थे। उनकी जैसी स्वाभिमानी और स्वतन्त्र प्रकृति थी, उसमें यह स्वाभाविक था कि वे अपने बारे में किसी के सामने हाथ न फैलाएँ। इस प्रकार स्कन्धावार-सम्बन्धी और भी बातें होती रहीं।

---

१. शरत्समयारम्भे राज्ञः समीपाद् बाणो बन्धून् द्रष्टुम् पुनरपि तम् ब्राह्मणधिवासमगात्८४।

१. सर्वथा सुखिनः एवं वयं विशेषेण तुत्वयि विमुक्तकौसीद्ये परमेश्वरपार्श्ववर्तिनि वेत्रासनमधितिष्ठति, ८५।

मध्याह्न-भोजन के बाद पुनः वे सब एकत्र हुए। इसी बीच में वहाँ बाण का पुस्तक-वाचक सुदृष्टि उपस्थित हुआ। वह पुंड्र[1] देश के बने एक दुकूलपट्ट के थान में से तैयार किए दो श्वेत वस्त्र पहने था। माथे पर गोरोचना और गंगनौटी का तिलक लगा था, सिर पर आँवले के तेल की मालिश की गई थी, चोटी में फूलमाला गुँथी हुई थी, होठों पर पान की लाली थी, और आँखों में अंजन की बारीक रेखा खिंची हुई थी (८५)। सुदृष्टि का कंठ अत्यन्त मधुर था; वह नित्यप्रति बाण को वायुपुराण की कथा सुनाता था (पवमानप्रोक्तं पुराणं पपाठ)। पीछे बैठे हुए मधुकर, पारावत नामक वंशी बजानेवाले बाण के दो मित्रों ने उसे बैठने के लिये स्थान दिया। इस प्रसंग में बाण ने प्राचीन हस्त-लिखित ग्रन्थ किस प्रकार रखे जाते थे इसका भी सूक्ष्म परिचय दिया है। पुस्तक के लिये ग्रन्थ शब्द प्राचीनकाल में प्रयुक्त होता था। समस्त वैदिक साहित्य में कहीं पुस्तक शब्द नहीं है। पाणिनि की अष्टाध्यायी एवं पतंजलि के महाभाष्य में भी पुस्तक शब्द का प्रयोग नहीं हुआ। अश्वघोष और कालिदास के काव्यों में भी जहाँ तक हमें ज्ञात है, यह शब्द नहीं मिलता। अमरकोश में भी यह शब्द नहीं है। सम्भावना यह है कि बाण के युग के आस-पास ही पहली बार किताबों के लिये पुस्तक शब्द का प्रयोग होने लगा। मृच्छकटिक में चारुदत्त के घर में और वसन्तसेना के घर में अन्य सामग्री के वर्णन में पुस्तक (= प्रा० पोत्थअ = पोथा) का भी उल्लेख आया है जो सम्भवतः इस शब्द का प्रथम साहित्यिक प्रयोग है (मृच्छ, पृ० ७६, १०१)। असम के कुमार भास्कर वर्मा के उपायनों में अगरु पेड़ की छाल पर लिखी हुई पुस्तकों का उल्लेख आया है (२१७)। असम की तरफ ताड़पत्र का प्रचार न था। उत्तरी भारत में लिखने के लिये भोजपत्र का प्रचार था जैसा कि कालिदास ने लिखा है (कुमारसम्भव, १।७)।[2] किन्तु बाण के समय तालपत्र पर काली और लाल स्याही से पुस्तिकाएँ लिखने की प्रथा चल चुकी थी। बूढ़े द्राविड़ के वर्णन में इस तरह की पोथियों का उल्लेख किया गया है।[3] बाण ने यह भी लिखा है कि हरे पत्तों के रस में कोयला घोटकर घटिया किस्म की स्याही बनती थी[4]।

लगभग पाँचवीं शती के मध्य में पुस्तक शब्द ईरान से अपनी भाषा में लिया गया ऐसी सम्भावना है। पहलवी भाषा में 'पुस्त' का अर्थ खाल है। ईरान में चमड़े (पार्चमेण्ट) पर ग्रन्थ लिखे जाते थे, इसी कारण पुस्तक का अर्थ ग्रन्थ हुआ। धीरे-धीरे यह शब्द हमारे देश में चल गया और लगभग दो सौ वर्षों के भीतर साहित्य में व्याप्त हो गया जैसा कि बाण के उल्लेखों से सूचित होता है।

पुस्तकवाचक सुदृष्टि ने वायुपुराण की जो पोथी हाथ में ली उसपर डोरी का वेष्टन बँधा हुआ था जिसे उसने खोला (तत्कालापनीतसूत्रवेष्टनं पुस्तकम्, ८५)। सम्भवतः पोथी के ऊपर नीचे लकड़ी की पटलियाँ रहती थीं, पर बाण ने उनका उल्लेख नहीं किया। पटलियों के बीच में पत्रों को रखकर उनपर डोरी लपेट दी जाती थी। पढ़ते समय

---

१. पुंड्र = उत्तरी बंगाल, सुह्म या राढ = पश्चिमी बंगाल।

२. धातुरस से भोजपत्र पर विद्याधर। सुन्दरियाँ अक्षर लिखकर अनंगलेख भेजती हैं।

३. धूमरक्तालक्तकाक्षरतालपत्रकुहकतन्त्रमंत्रपुस्तिकासंग्राहिणा (कादम्बरी, २२६)।

४. हरितपत्ररसांगारमषीमलिनशम्बूकवाहिना (कादम्बरी, २२६)।

सूत्र-वेष्टन खोल लिया जाता था। आगे चलकर पुस्तकों के लिये जब ताड़पत्रों का इस्तमाल होने लगा तब पटली और बीच के ताड़पत्रों में आरपार छेद करके सूत्रवेष्टन बाँधा जाता था। यही प्रथा लगभग बारहवीं-तेरहवीं शती तक रही, फिर चौदहवीं शती के शुरू में कागज का प्रयोग ग्रन्थ-लेखन के लिये चल गया।

वायुपुराण की पोथी काफी मोटी और भारी रही होगी। पढ़ते समय कुछ पत्रे हाथ में ले लिये जाते थे और शेष पुस्तक सामने रक्खी रहती थी जैसा आजतक कथावाचक खुले पत्रों की पोथियों के विषय में करते हैं। बाण के समय में इस कार्य के लिये शरशलाका यन्त्र अर्थात् सरकंडों का बना पीढ़ा काम में लाते थे (पुस्तकं पुरोनिहितशरशलाकायन्त्रके निधाय, ८५)। जैन-साहित्य में इसके लिये संपुटिका या साँपडी शब्द है। इस प्रकार की संपुटिकाएँ लकड़ी की बनने लगी थीं जिनपर बढ़िया कपड़ा बिछा दिया जाता था। उनका चित्रण प्राचीन जैन चित्रों में मिलता है[1]। मृच्छकटिक में वसन्तसेना के घर के तीसरे प्रकोष्ट का वर्णन करते हुए कहा गया है कि वहाँ पाशकपीठ पर आधी खुली पुस्तक रक्खी थी और उस पीढ़े पर असली मणियों को गूँथकर बनाया हुआ कीमती वस्त्र बिछा था (स्वाधीनमणिमयशारीसहितं पाशकपीठं, पृ० १०१)। पाठ करने के लिये पुस्तक के तीन-चार पन्ने हाथ में उठा लिये जाते थे। इनके रखने के लिये भी आजकल जैन साधु एक दफ्ती रखते हैं। कुछ दूरतक उसी दफ्ती का थोड़ा-सा हिस्सा मोड़ दिया जाता है और उसपर सुन्दर वस्त्र मँढ़ देते हैं। आजकल इसे काँवली कहते हैं। बाण के समय दफ्ती का प्रचार तो न था, वह लकड़ी और कपड़े से बनाई जाती होगी। बाण ने उसे कपाटिका कहा है (गृहीत्वा च कतिपयपत्रलघ्वीं कपाटिकाम्, ८५)। नित्यप्रति जहाँ तक ग्रन्थ हो जाता था वहाँ कोई निशान बना देते थे (प्राभातिकप्रपाठकच्छेदचिह्नीकृतम् अन्तरपत्रम्, ८५)। भूर्जपत्र पर अक्षर स्याही से लिखे जाते थे (मषीमलिनानि अक्षरगणि, ८५)।

जब वायुपुराण का पाठ हो चुका तो बन्दी सूचिवाण ने दो आर्या छन्द पढ़े जिनमें श्लेष से हर्ष के चरित और राज्य का उल्लेख था। उन्हें सुनकर बाण के चार चचेरे भाइयों, गणपति, अधिपति, तारापति और श्यामल ने जो पहले से ही परामर्श करके आए थे, एक दूसरे की ओर देखा जैसे कुछ कहना चाहते हों। यहाँ बाण ने उनके विद्याभ्यास का परिचय देते हुए लिखा है कि उन्होंने व्याकरणशास्त्र का अच्छा अभ्यास किया था और वृत्ति, वार्तिक (वाक्य), न्यास, न्याय या परिभाषाएँ, एवं संग्रहग्रन्थ भले प्रकार पढ़े थे। यह उल्लेख व्याकरणशास्त्र के इतिहास के लिये महत्त्वपूर्ण है। ज्ञात होता है कि वृत्ति से तात्पर्य काशिकावृत्ति से है और न्यास जिनेन्द्रबुद्धिकृत काशिका की टीका थी जो आज भी उपलब्ध है। काशिकावृत्ति और जिनेन्द्रबुद्धि के न्यास के समय के बारे में विद्वानों में मतभेद है। इत्सिङ् ने एक वृत्तिसूत्र का उल्लेख किया है उसे काशिका का पर्याय मानकर काशिका की रचना छः सौ साठ ई० के लगभग मानी जाती है। तब

१. देखिए, तरुणप्रभ सूरि का चित्रपट (१४वीं शती) उत्तरप्रदेश-इतिहास-परिषद् की प्रमुख पत्रिका, सन् १९४९, पृ० १४।

न्यास उसके भी बाद का होना चाहिए। किन्तु जैसा श्री पवते ने[1] लिखा है, काशिका सूत्रवृत्ति है, वृत्तिसूत्र नहीं। इत्सिङ् के अनुसार वृत्तिसूत्र में विश्व के नियमों का विवेचन था। यह बात भी काशिका पर लागू नहीं होती। इत्सिङ् का कहना है कि पतंजलि ने वृत्तिसूत्र पर टीका लिखी थी। अतएव वृत्तिसूत्र को काशिका मानना संभव नहीं। काशिका गुप्तकाल (चौथी या पाँचवीं शती) में और न्यास उत्तर-गुप्तकाल (छठी-सातवीं शती) की रचना ज्ञात होती है। तभी बाण के द्वारा उनका उल्लेख चरितार्थ हो सकता है[2]। माघ (सप्तम शती का मध्यकाल) ने भी व्याकरण की वृत्ति और न्यास का उल्लेख किया है[3]।

चारों भाइयों में छोटा श्यामल बाण को अत्यन्त प्रिय था। बड़ों का इशारा पाकर उसने बाण से हर्ष का चरित सुनाने की प्रार्थना की। इस प्रसंग में पुरूरवा, नहुष, ययाति, सुद्युम्न, सोमक, मान्धाता, पुरुकुत्स, कुवलयाश्व, पृथु, नृग, सौदास, नल, संवरण, दशरथ, कार्त्तवीर्य, मरुत्त, शान्तनु, पांडु, और युधिष्ठिर, इन उन्नीस पूर्वकालीन राजाओं का उल्लेख करते हुए उनसे सम्बन्धित पौराणिक कथाओं का हवाला दिया गया है जिनसे उनके चरित्र की त्रुटियाँ प्रकट होती हैं। इस प्रकार की सूचियाँ और वर्णन कवि-समय ही बन गया था। अर्थशास्त्र, कामन्दकीयनीतिसार, वासवदत्ता, यशस्तिलकचम्पू आदि ग्रन्थों में इस प्रकार की छोटी-बड़ी सूचियाँ मिलती हैं।

स्वयं हर्ष के सम्बन्ध में भी कुछ महत्त्वपूर्ण सूचनाएँ दी गई हैं। हर्ष ने सिंधु जनपद के राजा को जीतकर अपने राज्य में मिला लिया था (सिंधुराजं प्रमथ्य लक्ष्मीरात्मीकृता, ६१)। इसका तात्पर्य यह है कि पश्चिम में हर्ष का राज्य सिंधु सागर-दोआब तक था। सिंधु नदी उसकी सीमा बनाती थी। दूसरी बात यह कि हिमालय के दुर्गम प्रदेश के राजा भी हर्ष को कर देने लगे थे (अत्र परमेश्वरेण तुषारशैलभुवो दुर्गाया गृहीतः करः)। हिमालय का यह प्रदेश कुल्लू, कांगड़ा और नेपाल जान पड़ता है। इन दोनों प्रदेशों में भारतीय संस्कृति के तत्कालीन प्रभाव के प्रमाण पाए गए हैं। ज्ञात होता है, ये भूभाग गुप्तों के साम्राज्य में सम्मिलित थे, जिन्होंने अब हर्ष को भी कर देना स्वीकार किया।

हर्ष ने किसी कुमार का अभिषेक किया था। संभवतः यह कुमार मालवराज के पुत्र कुमारगुप्त थे जो अपने भाई माधवगुप्त के साथ राज्यवर्द्धन के पार्श्ववर्ती नियुक्त

---

१. आई० एस० पवते, स्ट्रक्चर आफ दि अष्टाध्यायी, भूमिका, पृ० ९।

२. पवते, वही, भूमिका पृ० १२-१३ में जैनेन्द्रव्याकरण और न्यास के कर्त्ता (लगभग ४५० ई०) को एक मानते हैं।

३. काशिका में केदार, दीनार और कार्षापण सिक्कों का एक साथ नाम आया है (५, २, १२०)। केदार सिक्का केदारसंज्ञक कुषाणों ने लगभग तीसरी शती में चलाया और गुप्तयुग में ही ये तीनों सिक्के एक साथ चालू थे। इसी प्रकार बौद्धों के दशभूमक सूत्र का भी उल्लेख है (५, ४, ७५)। इस ग्रंथ का चीनी भाषा में पहला अनुवाद २९७ ई० में धर्मरक्ष ने, दूसरा ४०६ ई० में कुमारजीव ने और तीसरा ५०० ई० के लगभग बोधिरुचि ने किया।

४. बूहलर ने इस वाक्य का यही तात्पर्य लगाया है कि हर्ष ने नेपाल की विजय की थी।

हुए थे। (१३८)। इसी प्रसंग में हर्ष के अद्भुत शारीरिक बल का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि उसने किसी राजा को हाथी की सूँड से बचाया था। शंकर ने इसकी व्याख्या करते हुए लिखा है कि दर्पशात हाथी ने श्रीकुमार को सूँड में लपेट लिया था, हर्ष ने अपनी तलवार चलाकर उसे बचाया और हाथी को जंगल में छुड़वा दिया। इसी प्रसंग में बाण ने श्लेष से कोशनामक बौद्धग्रंथ का उल्लेख किया है जिसकी पहचान वसुबन्धुकृत अभिधर्मकोश से की जाती है। यह ग्रंथ बाण के समय में बड़ा सिरमौर समझा जाता था। बौद्ध सन्यासी दिवाकरमित्र के आश्रम में भी शाक्यशासन में प्रवीण विद्वानों द्वारा कोश का उपदेश दिए जाने का उल्लेख है (२३७)।

उनकी हर्ष के चरित को सुनने की इस प्रार्थना को सुनकर बाण ने पहले तो कुछ अपनी असमर्थता प्रकट की और फिर कहा—आज तो दिन समाप्त हो गया है, कल से वर्णन करूँगा (श्वो निवेदयिताऽस्मि, ९२)। वहाँ से उठकर वह संध्यावन्दन के लिये शोण के तट पर गया और वहाँ से घर लौटकर स्नेही बन्धुओं के साथ गोष्ठी-सुख का अनुभव करके गणपति के घर सो रहा (९३)। अगले दिन प्रातः उठकर हाथ-मुँह धो, संध्यावन्दन से निवृत्त हो (उपास्य भगवतीं संध्याम् , ९३), पान खाकर पुनः वहीं आ गया। इसी बीच सब बन्धु-बान्धव भी एकत्र हो उसे घेरकर बैठ गए और उसने हर्ष का चरित सुनाना आरंभ किया (९४)।

सर्वप्रथम श्रीकंठ जनपद और उसकी राजधानी स्थाण्वीश्वर का वर्णन किया गया है। 'हलों से खेत जोते जा रहे थे। हल के अग्रभाग या पड़ौथों से नई तोड़ी हुई धरती के मृणाल उखाड़े जा रहे थे। चारों ओर पौंड़ों के खेत फैले हुए थे। खलिहानों में कटी हुई फसल के पहाड़ लगे थे। चलती हुई रहट से सिचाई हो रही थी। धान, राजमाष, मूँग और गेहूँ के खेत सब ओर फैले थे। जंगल गोधन से भरा हुआ था और गौवों के गले में बँधी टल्लियाँ बज रही थीं। भैंसों की पीठ पर बैठे ग्वाले गीत गा रहे थे। जगह-जगह ऊँट दिखाई पड़ते थे। रास्तों पर द्राक्षा और दाड़िम लगे थे। रास्ता चलते बटोही पिंड खजूर तोड़कर खा रहे थे। आड़ुओं के उपवन फैले थे। गाएँ किनारे लगे हुए अर्जुन के पेड़ों के बीच में से उतरकर गढैओं में पानी पी रही थीं। करहों की रखवाली करनेवाले लड़के ऊँट और भेड़ों के झुंड देख रहे थे। प्रत्येक दिशा में वातमृगी की तरह घोड़ियाँ स्वच्छन्द विचर रही थीं। गाँव में जगह-जगह महत्तर अधिकारी थे। सर्वत्र सुन्दर जलाशय और महावोपों (बड़े-बड़े पशुगोष्ठों) से दिशाएँ भरी हुई थीं। वहाँ दुरित और अधर्म, आधि और व्याधि, दुर्दैव और ईति, अपमृत्यु और उपद्रव, सब शान्त थे। मंदिरों के लिए टाँकियों से पत्थर गढ़े जा रहे थे। हवन, यज्ञ, महादान और वेदघोष की धूम थी। वृषोत्सर्ग के समय के बाजे बज रहे थे।' बौद्ध-संस्कृत-साहित्य में इक्षुशालि-गोमहिषीसम्पन्न मध्यदेश का जो समृद्ध चित्र खींचा गया है उसी का यह परिवर्द्धित रूप है[1]।

१. गिलगित स्थान से प्राप्त संस्कृत विनयपिटक—मध्यदेशो देशानामग्रः इक्षुशालिगो महिषीसम्पन्नो भक्ष्यकशतकलितो दस्युजनविवर्जित आर्यजनाकीर्णो विद्वज्जननिषेवितः इत्यादि। नागरी-प्रचारिणी पत्रिका, विक्रमांक, पृष्ठ ४५।

स्थाण्वीश्वर में अनेक प्रकार के स्त्री-पुरुषों का वर्णन किया गया है जो तत्कालीन संस्कृति पर प्रकाश डालता है। 'वहाँ मुनियों के तपोवन, वेश्याओं के कामायतन, लासकों की संगीतशालाएँ, विद्यार्थियों के गुरुकुल, विदग्धों की विटगोष्ठियाँ, चारणों के महोत्सव-समाज थे। शस्त्रोपजीवी, गायक, विद्यार्थी, शिल्पी, व्यापारी (वैदेहक), बन्दी, बौद्धभिक्षु, आदि सब प्रकार के लोग वहाँ थे।' यहाँ बाण ने बन्दी और चारण अलग-अलग कहे हैं। संभवतः चारणों का यह सबसे पहला उल्लेख है। सातवीं शती में इस संस्था का आरंभ हो चुका था जो आगे चलकर मध्यकाल में अत्यन्त विस्तार को प्राप्त हुई।

स्थाण्वीश्वर की स्त्रियों का वर्णन करते हुए कहा गया है कि वे कंचुक या छोटी कुर्ती पहनती थीं (चित्र २७)। गुप्तकाल में यह वेश न था। लगभग छठी शताब्दी में हूणों के बाद चोली या कुर्ती पहनने का रिवाज शुरू हुआ। अहिच्छत्रा की खुदाई में चोली पहने हुए स्त्रियों की मूर्तियाँ पाई गई हैं जिनका समय ५५० से ७५० के मध्य में है[२]। उनके वेश में अन्य विशेषताएँ ये थीं—सिर पर फूलों की माला (मुंडमालामंडन), कानों में पत्तों के अवतंस और कुंडल, मुख पर जाली का आवरण जो कुलीन स्त्रियों की पहचान थी, कर्पूर से सुवासित वस्त्र, गले में हार और पैरों में इन्द्रनील के नूपुर। वीणा-वादन का वहाँ खूब प्रचार था। घरों में स्फटिक के चौरस चबूतरे या वेदिकाएँ थी जिनपर लोग बैठकर आराम करते थे (विश्रमकारणं भवनमणिवेदिकाः, ६६)।

ऐसे श्रीकंठजनपद में परममाहेश्वर पुष्पभूति नाम के राजा हुए। बाण ने पुष्पभूति को वर्धनवंश के आदि संस्थापक के रूप में कल्पित किया है। थानेश्वर के इलाके में सातवीं शती में शिवपूजा का घर-घर प्रचार था (गृहे गृहे भगवानपूज्यत खण्डपरशुः, १००) वहाँ पाशुपतधर्म के प्रचार का बाण ने बड़ा सजीव चित्र खींचा है। शिवभक्त गुग्गुल जलाते थे, यह अन्यत्र भी कहा जा चुका है (१००, १०३, १५३)। शिव को दूध से स्नान कराया जाता था (१००; तुलना कीजिए क्षीरस्नपन, ५६) और पूजा में बिल्वपल्लव चढ़ाए जाते थे। शिवपूजा के अन्य साधनों में सोने के स्नपन-कलश, अर्घपात्र, धूपपात्र, पुष्पपट्ट (यत्र वस्त्रेषु पुष्पाणि सूत्रैः क्रियन्ते स पुष्पपट्टः, शंकर १००), यष्टि-प्रदीप (चित्र २८), ब्रह्मसूत्र और शिवलिंग पर चढ़ाए जानेवाले मुखकोश प्रधान थे। मथुरा-कला में चतुर्मुखी शिवलिंग, पंचमुखी शिवलिंग और एकमुख शिवलिंग कुषाण काल से ही मिलते हैं। गुप्तकाल में तो एकमुखी शिवलिंग बनाने का आम रिवाज हो गया था। ज्ञात होता कि पाशुपत शैवधर्म की यह विशेषता थी। वस्तुतः पत्थर के शिवलिंग में ही मुख-विग्रह बनाया जाता था। उसी परम्परा में शिवलिंग पर सोने के मुखकोश या खोल चढ़ाने की प्रथा प्रचलित हुई जान पड़ती है। इनपर मुख की आकृति बनी होने के कारण ये आवरण मुखकोश कहे जाते थे।

इसके आगे राजा पुष्पभूति द्वारा वेताल-साधना करने का वर्णन है। इस काम में उसका सहायक भैरवाचार्य नामक दाक्षिणात्य महाशैव और उसके शिष्य थे। राजा ने भैरवाचार्य के विषय में सुना और उससे मिलने का इच्छुक हुआ। एक दिन सायंकाल प्रतिहारी ने राजा से निवेदन किया—'देव, भैरवाचार्य के पास से एक परिव्राट् आपसे मिलने आए हैं।' यह

२. अहिछत्रा टेराकोटास, ऐंशयेंट इंडिया, सं० ४, पृष्ठ १७२, चित्र २४६, ३०७, ३०८।

भैरवाचार्य का मुख्य शिष्य था। बाण ने इसका छोटा, पर सुन्दर चित्र खींचा है—'उसकी भुजाएँ घुटनों तक थीं। अंग लटे हुए होने पर भी हड्डियाँ मोटी थीं। सिर चौड़ा, माथा ऊँचा-नीचा था। गालों में गड्ढे पड़े हुए थे। पुतलियाँ शहद की बूँद की तरह पीलापन लिए थीं। नाक कुछ टेढ़ी थी। कान की एक पाली लंबी थी। अधर घोड़े के निचले होठ की तरह लटका हुआ था (चित्र २६)। लंबी ठोड़ी के कारण मुँह और भी लंबोतरा जान पड़ता था। उसके कंधे से लटकता हुआ लाल योगपट्ट सामने बैकक्षक की तरह पड़ा हुआ था। शरीर पर गेरुए कपड़े का उत्तरासंग था जिसकी गाँठ छाती के बीच में लगी थी [1]। एक सिरे से बाएँ हाथ में पकड़े हुए बाँस के दूसरे सिरे से कंधे के पीछे लटकती हुई झोली (योगभारक, १०२) थी। झोली का ऊपरी सिरा बालों की बटी हुई रस्सी से बँधा था। उसी में मिट्टी छानने के लिये बाँस की पतली तीलियों की बनी चलनी बँधी थी [2]। बाँस के सिरे पर कौपीन लटका था। झोली के भीतर खजूर के पत्तों के पिटार में भिक्षा-कपाल रक्खा था (खर्जूरपुटसमुद्गगर्भांकृतभिक्षाकपाल, १०१)। लकड़ी के तीन फट्टों को जोड़कर बने हुए त्रिकोण के भीतर कमंडलु रक्खा हुआ था और उस त्रिकोण के तीन फट्टों में तीन डंडियाँ लगी थीं जिनसे वह बाँस से लटका हुआ था [3]। झोली के बाहर खड़ाऊँ लटक रही थी (चित्र ३०)। कपड़े की मोटी किनारी की डोरी से बँधी हुई पोथियों की पूली योगभारक में रक्खी थी [4]। उसके दाहिने हाथ में वेत्रासन (बेंत की चटाई) थी।' राजा ने उचित आदर के बाद उससे पूछा—'भैरवाचार्य कहाँ हैं'। उसने उत्तर दिया—'सरस्वती के किनारे शून्यायतन में शहर से बाहर ठहरे हैं' और यह कहकर भैरवाचार्य के भेजे हुए पाँच चाँदी के कमल झोली में से निकालकर राजा को दिए। राजा ने उन्हें लेकर कहा—'कल मैं उनके दर्शन करूँगा।' दूसरे दिन प्रातःकाल ही घोड़े पर चढ़कर कई राजपुत्रों को साथ लेकर वह भैरवाचार्य से मिलने चला। कुछ दूर चलने पर वही साधु आता हुआ मिला और उसने बताया कि भैरवाचार्य यहीं पुराने देवी के मन्दिर के उत्तर बिल्ववाटिका में आसन लगाए हैं। पुष्पभूति ने भैरवाचार्य के दर्शन किए।

बाण ने भैरवाचार्य के वर्णन में अपने समकालीन शैवाचार्यों का ज्वलन्त चित्र खींचा है—'वह बहुत-से साधुओं के बीच में घिरा, प्रातःस्नान, अष्टपुष्पिका द्वारा शिवार्चन[5] और अग्निहोत्र से निवृत्त होकर भस्म की लकीर के घेरे में बिछे बाघचर्म पर बैठा था। वह काला

---

१. हृदयमध्यनिबद्धग्रन्थिना धातुरसारुणेन कर्पटेन कृतोत्तरासंगम्, १०१।

२. मिट्टी छानने की आवश्यकता स्पष्ट नहीं है। संभव है, मिट्टी के शिवलिंग बनाने के लिये मिट्टी चालने की आवश्यकता हो।

३. दारवफलकत्रयत्रिकोण-त्रियष्टि निविष्टकमंडलुना, १०१।

४. स्थलदशासूत्रनियन्त्रितपुस्तिकापूलिकेन, यह पद महत्त्वपूर्ण है। इसमें पुस्तकों की कल्पना गोल लपेटे हुए रूप में की गई है जैसे आजकल जन्मकुण्डली लपेटकर रखते हैं। वस्तुतः ईरान में चमड़े पर लिखी पुस्तकें कुण्डली बनाकर रक्खी जाती थीं। चीन में हस्तलिखित ग्रन्थ भी इसी रूप में रहते थे (मेन्युस्क्रिप्ट रोल्स)। यहाँ बाणभट्ट का संकेत इसी प्रकार की बेलनाकार लपेटी हुई पोथियों की ओर है।

५. अष्टपुष्पिका पूजा का वर्णन पहले पृ० १९ पर हो चुका है।

कँबल ओढ़े हुए था। उसके सिर पर जटाएँ रुद्राक्ष और शंख की गुरियों से बँधी हुई थीं। आयु ५५ वर्ष की हो चुकी थी। कुछ बाल सफेद हो गए थे। ललाट पर भस्म लगी हुई थी। माथे पर शिकन पड़ने से भौहों के बाल मिलकर एक भ्रूलेखा बना रहे थे। पुतली कच्चे काँच की तरह गूगलो या पीले रंग की थी। नाक का अग्रभाग झुका हुआ था। ओष्ठ नीचे लटका हुआ था। कान की लंबी पालियों में स्फटिक के कुंडल लटक रहे थे (प्रलम्बश्रवणपालीप्रेंखितस्फटिककुंडल, १०३)। एक हाथ में लोहे के कड़े में पिरोय हुआ शंख का टुकड़ा पहने था जिसमें कुछ औषधि, मन्त्र और सूत्र के अक्षर लिखकर बाँधे हुए थे। दाहिने हाथ में रुद्राक्ष की माला थी। छाती पर दाढ़ी (कूर्चकलाप) लहरा रही थी। पेट पर बलियाँ पड़ी हुई थीं। झौम का कौपीन पहने था। पर्यंकबंध में बैठी हुई मुद्रा में टांगों को योगपट्ट से कसकर बाँध रक्खा था। पैरों के पास श्वेत खड़ाउओं का जोड़ा रक्खा हुआ था। पास में बाँस का बैसाखी डंडा था जिसके सिरे पर टेढ़ी लोहे की कील जड़ी हुई थी, मानों अंकुश हो [१]।

इस प्रसंग में निम्नलिखित संकेत सांस्कृतिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण हैं। १, असुर-विवर-प्रवेश (१०३), इसका उल्लेख बाण ने कई जगह किया है। असुर-विवर-साधना करनेवाले आचार्य वातिक कहलाते थे (६७)। यहाँ बाण ने स्वयं लिखा है कि असुर-विवर में प्रवेश करने के लिए पाताल या भूमि में बने हुए किसी गहरे गड्ढे में उतरा जाता था (पातालांधकारावासं, १०३)। यह कोई बीभत्स तांत्रिक प्रयोग था। वेताल-साधन इसका मुख्य अंग था। इस प्रकार की भीषण क्रियाओं का शैवधर्म के साथ किसी तरह जोड़-तोड़ लग गया था।

२. महामांस-विक्रय—यह प्रथा पहली से भी अधिक बीभत्स और भीषण थी। स्मशान में जाकर शवमांस लेकर फेरी लगते हुए भूत पिशाच आदि को प्रसन्न करते थे।[२] कथा—

---

१. शिखरनिखातकुब्जकालायसकंटकेन वेणवेन विशाखिका-दंडेन, १०४। कादम्बरी में भी महाश्वेता की गुफा के वर्णन में विशाखिका का वर्णन है जिसके सिरे पर नारियल की जटाओं के बने हुए चप्पल लटका दिये गए थे। इस प्रकार के चप्पल चीनी तुर्किस्तान (मध्य एशिया) की खोज में श्री आरेल स्टाइन को मिले हैं।

२. देखिए, महामांसविक्रय पर श्रीसदानन्द दीक्षित का लेख, इंडियन हिस्ट्री कांग्रेस प्रोसीडिंग्ज, बम्बई, १९४७, पृष्ठ १०२, १०९।

इस प्रकार की काल क्रियाएँ कापालिक संप्रदाय में प्रचलित थीं। ये लोग अपने-आपको महाव्रती कहते थे। बाण के अनुसार महाकाल शिव के उत्सव में महा-मांस-विक्रय करते हुए कुमार को वेताल ने मार डाला (१९९)। कापालिकव्रत को जगद्धर ने मालतीमाधव अंक १ की टीका में महाव्रत कहा है। बाण के समय में कापालिकमत का खूब प्रचार हो गया था। पुलकेशिन् द्वितीय के भतीजे नागवर्द्धन के नासिक जिले में इगतपुरी के समीप मिले हुए ताम्रपत्र में कपालेश्वर शिव की पूजा के लिए महाव्रतियों को एक गाँव देने का उल्लेख है। और भी देखिए: श्री कृष्णकान्त हंदीकी-कृत यशास्तिलकचम्पू एँड इंडियन कल्चर, पृ० ३५८, ३५९।

सरित्सागर में इसके कई जगह उल्लेख हैं (५ । २ । ८१)। प्रभाकरवर्द्धन की बीमारी के समय उसके स्वास्थ्य-लाभ के उद्देश्य से राजकुमार भी खुले रूप में महामांस बेचते हुए कहे गए हैं (१५३)। बाण के अनुसार महामांस-विक्रय से प्राप्त धन से शाक्त लोग मँहगा मैनसिल नामक पदार्थ खरीदते थे (महामांसविक्रयक्रीतेन मनःशिलापङ्केन, १०३)।

३. सिर पर गुग्गुल जलाना (शिरोधृतदग्धगुग्गुलसंतापस्फुटितकपालास्थि, १०३)। शैव साधक शिवपूजा के लिये गुग्गुल की बत्ती सिर पर जलाते थे जिससे खाल और मांस जलकर हड्डी तक दिखाई देने लगती थी।

४. महामंडलपूजा--अनेक रंगों से चारों ओर महामंडल बनाकर साधना करना। मातृकाओं और कुबेर की पूजा मंडल बनाकर की जाती थी।

५. शैवसंहिता--शैवसंहिताएँ बाण के समय बन चुकी थीं, इसका स्पष्ट उल्लेख यहाँ आया है।

६. स्फटिककुंडल—कानों की लम्बी पाली फाड़कर उनमें बिल्लौर के कुंडल पहननेवाले कनफटे साधुओं का सम्प्रदाय सातवीं शती में कापालिकों के साथ जुड़ा हुआ था।[1]

७. कूपोदंचनघटीयन्त्रमाला (१०४) पृष्ठ ६४ पर इसे उद्वात घटी कहा गया है। दोनों शब्द रहट के लिए प्रयुक्त हुए हैं। बाण के समय से पहले ही रहट का प्रचार इस देश में हो चुका था। हमारा अनुमान है कि रहट और बावडी दो प्रकार के विशेष कुवें शकों के द्वारा यहाँ लाए गए।[2]

सम्राट् पुष्पभूति ने बिल्ववाटिका में बैठे हुए भैरवाचार्य को साक्षात् शिव की तरह देखा। राजा को देखकर भैरवाचार्य ने शिष्यों के साथ उठकर श्रीफल दिया और स्वस्ति शब्द का उच्चारण किया। राजा ने प्रणाम किया और भैरवाचार्य ने व्याघ्रचर्म पर बैठने के लिये कहा। पुष्पभूति पास में ही दूसरे आसन पर बैठे। कुछ देर बातचीत के बाद राजा अपने स्थान पर लौट आए। अगले दिन भैरवाचार्य उनसे मिलने गए और उचित उपचार के बाद वापस आए। एक दिन भैरवाचार्य का शिष्य राजा के पास श्वेत वस्त्र से ढकी हुई एक तलवार लेकर आया और बोला—'यह अट्टहास नामक तलवार है जिसे आचार्य के पाताल स्वामी नामक एक ब्राह्मण शिष्य ने ब्रह्मराक्षस के हाथ से छीना है। यह आपके योग्य है, लीजिए।' उस तलवार पर नीली झलक का पानी था। उसके कुछ हिस्से पर दाँते बने हुए थे (दृश्यमानविकटदन्तमंडलम् १०७)। उसके लोहे पर तेज धार चमक रही थी (प्रकाशितधारासारम्)। उसमें मजबूत मूठ लगी थी। राजा उसे लेकर प्रसन्न हुए। समय बीतने पर भैरवाचार्य एक दिन एकान्त में राजा से मिले और कहने लगे—

---

१. गोरखनाथ ने आगे चलकर कनफटे योगियों के संप्रदाय में से इन बीभत्स क्रियाओं को हटाकर संप्रदाय को बहुत कुछ शुद्ध बनाया।

२. बावड़ी (गुजराती वाव) के लिये प्राचीन नाम शकन्धु (शक देश का कुँआ) और रहट के लिये कर्कन्धु (कर्क देश का कुआँ; कर्क ईरान के दक्षिण-पश्चिम में था) ये नाम व्याकरण-साहित्य में सुरक्षित मिलते हैं।

महाकाल-हृदय नाम के महामंत्र का महास्मशान में काली माला और काले वस्त्र पहनकर मैंने एक कोटि जप किया है। उस मंत्र की सिद्धि का अंत वेताल-साधना में होता है। अकेले से वह नहीं हो सकती। आप उसे कर सकते हैं। इस काम में आपके तीन साथी और होंगे—एक वही टीटिभ नाम का मस्करी साधु जो आपके पास आता है। दूसरा वह पातालस्वामी ब्राह्मण और तीसरा मेरा ही शिष्य कर्णताल नाम का द्राविड़।' पुष्पभूति ने प्रसन्न होकर इसे स्वीकार किया। भैरवाचार्य ने कहा—'आगामी कृष्ण-चतुर्दशी की रात्रि को महास्मशान के सन्निकटवाले शून्य मन्दिर में आप साथ में केवल तलवार लेकर मुझसे मिलिए।' कृष्ण-चतुर्दशी आने पर शैवविधि से दीक्षित होकर राजा हाथ में तलवार ले, नीले वस्त्र पहने हुए, अकेला ही नगर से निकल उस स्थान पर आया। उन तीनों ने राजा का स्वागत किया जैसे महाभारत के सौप्तिकपर्व में अश्वत्थामा, कृपाचार्य और कृतवर्मा मिले थे। वे विकट वेश धारण किए, माला पहने हुए, शिखा में फूल गूँथे हुए थे। उनके माथे पर उष्णीषपट्ट से बीचोंबीच ऊँची स्वस्तिका ग्रंथि बँधी थी। एक कान के छेद में श्वेत दन्तपत्र और दूसरे में रत्नकुंडल था। हाथ में तलवार और ढाल लिए हुए थे। ढाल पर अर्द्धचन्द्र और सोने की बुँदकियाँ (बुद्बुदावली ११०) बनी हुई थीं। कमर में सोने की करधनी से नया वस्त्र कसकर बाँधा हुआ था और उसमें छुरी खोंसी हुई थी

राजा उनके साथ साधना-भूमि में गए जहाँ पूजा-दीपक, गुग्गुल का धूम और रक्षासर्षप पहले से रक्खे थे। वहाँ भस्म से महामंडल बनाकर उसके बीच में भैरवाचार्य बैठा हुआ था। लाल चन्दन, लाल माला और लाल वस्त्र से अलंकृत शव की छाती पर बैठकर उसके मुँह में अग्नि जलाकर हवन कर रहा था और स्वयं काली पगड़ी, काला अंगराग, काली मालती (हस्तसूत्र) और काले वस्त्र पहने हुए काले तिलों से आहुति दे रहा था। मुख से कुछ जप रहा था। पास में बहुत-से दिए जला रक्खे थे। कन्धे से ब्रह्मसूत्र लटक रहा था। इस प्रसंग में बाण ने उत्प्रेक्षा से प्रेतमुख की अग्नि में रक्त की आहुति डालने का भी उल्लेख किया है। दूसरा महत्त्वपूर्ण उल्लेख विद्याराज ब्रह्मसूत्रों का है। बाण के युग में ब्रह्मसूत्र या वेदान्तसूत्र नवीन प्रतिष्ठा प्राप्त कर रहे थे। उनके लिए समस्त विद्याओं के राजा की पदवी प्रयुक्त की जाती थी। विभिन्न दर्शनों में ब्रह्मसूत्रों का पद सबसे ऊँचा उठ गया था। विद्याराज को शंकर ने मंत्रविशेष भी लिखा है। बौद्ध लोग महामायूरी आदि पंचरक्षा स्तोत्रों को विद्याराज्ञी या विद्याराज मानते थे। सम्भव है, उसीके समकक्ष ब्राह्मण-धर्म के कुछ मंत्र या स्तोत्र भी अलग चुनकर विद्याराज पद से सम्मानित किए गए[1]।

जिस समय भैरवाचार्य साधना में लगा था, पातालस्वामी पूर्व में, कर्णताल उत्तर में, टीटिभ पश्चिम में और पुष्पभूति दक्षिण में पहरा देने लगे। बाण ने लिखा है कि उस समय एक चमत्कार हुआ। मंडल से उत्तर की ओर थोड़ी दूर पर धरती फट गई और उसमें से एक काला पुरुष निकला। उसके सिर पर नीले कुटिल केश और मालती के फूलों की माला थी और गले में भी पुष्पमाला थी; शरीर पर जहाँ-तहाँ चन्दन के थापे

१. कालान्तर में गीता, विष्णुसहस्रनाम, गजेन्द्रमोक्ष, भीष्मस्तवराज और सनत्सुजातीय, ये पाँच पंचरत्न के रूप में पाठ करने के लिये अलग संगृहीत कर लिए गए थे।

लगे हुए थे, नीला चंडातक पहने था और कच्छ बाँधकर धरती तक नीची सफेद लम्बी पटली लटकाए हुए था। बायाँ हाथ मोड़कर छाती पर रखे हुए, दाहिना हाथ तिरछा फेंकते हुए, दाहिनी जाँघ मोड़कर उसपर थपोड़ी मारते हुए काला भुजंग उसका रूप था (११२)। उसने कहा—'मैं श्रीकंठ नाग हूँ। मेरे ही नाम से यह देश श्रीकंठ कहलाता है।' उसने भैरवाचार्य को ललकारा—'विद्याधरी के पीछे भागनेवाले, दुर्बुद्धि, मुझे बलि दिए बिना तू सिद्धि चाहता है'। यह कहकर प्रचंड मुक्कों की मार से भागते हुए टीटिभ आदि को गिरा दिया। किन्तु पुष्पभूति ने निडर भाव से उसे ललकारा और अर्द्धोरुक पर कच्छ बाँधकर बाहुयुद्ध के लिए आगे बढ़ा। श्रीकंठ नाग भी पट्टों पर ताल दे उससे भिड़ गया। राजा ने उसे दे मारा; किन्तु उसकी वैकक्षक माला के नीचे यज्ञोपवीत देखकर ठिठक गया। इतने में ही क्या देखता है कि सामने से एक स्त्री आ रही है। उसके हाथ में कमल था। नूपुर गुल्फ तक चढ़े हुए थे (चित्र ३१)। नीचे घनी कटकावली थी। शरीर पर श्वेत अंशुक वस्त्र तरंगित था जिसमें तरह-तरह के फूल और पत्ती कढ़े हुए थे (बहुविधशकुनिशतशोभितात् पवनचलिततनुतरंगात् अतिस्वच्छादंशुकात्, ११४) (चित्र ३२)। वक्षःस्थल में हार और कान में दन्तपत्र का कुंडल था जो आकृति में द्वितीया के चन्द्रमा की तरह जान पड़ता था। कान में अशोक के किसलय का अवतंस था। माथे पर एक बड़ी टिकुली थी जो देखने में पद्मातपत्र के छायामंडल-सी जान पड़ती थी। मथुरा-कला में इस प्रकार की माथे पर गोल टिकुली से युक्त लगभग छठी शताब्दी का स्त्री-मस्तक मिला है। गले में पड़ी फूल-मालाएँ धरती तक लटक रही थीं (धरणितलचुम्बिनीभिः कंठकुसुममालाभिः)।

राजा ने उससे पूछा—'भद्रे, तू कौन है और क्यों प्रकट हुई है?' उसने उत्तर दिया—'हे वीर, मैं लक्ष्मी हूँ। तेरे शौर्य से प्रसन्न होकर आई हूँ। यथेष्ट वर माँग।' लक्ष्मी के वर्णन में दो उत्प्रेक्षाएँ शिल्पकला से ली गई हैं। उसे सुभट के भुजारूपी जयस्तम्भ पर शोभित होनेवाली शालभंजिका कहा गया है और श्वेतराजच्छत्र के वन की मोरनी बताया गया है। शालभंजिका शब्द का इतिहास बहुत पुराना है। आरंभ में यह स्त्रियों की एक क्रीड़ा थी। खिले हुए साल के नीचे एक हाथ से उसकी डाल झुकाकर फूल चुनकर स्त्रियाँ परस्पर यह खेल खेलती थीं। पाणिनि की अष्टाध्यायी में प्राचां क्रीडायां (६, ७, ७४), नित्यं कीडाजीविकयोः (२, २, १७) और संज्ञायां (३, ३, १०६) सूत्रों के उदाहरणों में शालभंजिका, उद्दालकपुष्पभंजिका आदि कई, क्रीडाओं के नाम आए हैं जो पूर्वी भारत में प्रचलित थीं। वात्स्यायन की जयमंगला टीका में इनका विस्तार से वर्णन किया गया है। बुद्ध की माता माया देवी लुम्बिनी उद्यान में इसी प्रकार की शालभंजिका मुद्रा में खड़ी थीं जब बुद्ध का जन्म हुआ। धीरे-धीरे इस मुद्रा में खड़ी हुई स्त्री के लिए शालभंजिका शब्द रूढ़ हो गया। साँची, भरहुत और मथुरा में तोरण की बँडेरी और स्तम्भ के बीच में तिरछे शरीर से खड़ी हुई स्त्रियों के लिए तोरणशालभंजिका शब्द चल गया था। कुषाण-काल में अश्वघोष ने इसका उल्लेख किया है[1]। इसी

१. अवलम्ब्य गवाक्षपार्श्वमन्या शयिता चापविभुग्नगात्रयष्टिः।
विरराज वितम्बिचारुहारा रचिता तोरणशालभंजिकेव॥
बुद्धचरित ५।५२

मुद्रा में खड़ी हुई स्त्री-मूर्तियाँ मथुरा के कुषाणकालीन वेदिका-स्तम्भों पर बहुतायत से मिलती हैं। उनके लिये स्तम्भ-शालभंजिका शब्द रूढ़ हो गया। खम्भे पर बनी हुई स्त्रीमूर्ति के लिए चाहे वह किसी मुद्रा में हो, यह शब्द गुप्तकाल में चल गया था। कालिदास ने स्तम्भों पर बनी योषित-मूर्तियों का उल्लेख किया है यद्यपि शालभंजिका शब्द का प्रयोग उन्होंने नहीं किया[1]। इसी विकसित अर्थ में बाण ने स्तंभशालभंजिका शब्द का प्रयोग किया है (चित्र३३)। श्वेतराजच्छत्ररूपी वन की मोरनी, यह उत्प्रेक्षा गुप्तकालीन छत्रों और छत्रों की अनुकृति पर बने छायामंडलों से ली गई है जिनमें कमल के फूल-पत्ते (पत्रलता) के बीच में मोर-मोरनी की भाँति का अलंकरण बनाया जाता था।[2] (चित्र ३४)

राजा ने लक्ष्मी से भैरवाचार्य की सिद्धि के लिये वर माँगा। उसे देकर देवी ने राजा की भगवान् भट्टारक शिव के प्रति असाधारण भक्ति से प्रसन्न होकर दूसरा वरदान दिया—तुम महान् राजवंश के संस्थापक बनोगे जिसमें हरिश्चंद्र के समान सर्वद्वीपों का भोक्ता हर्ष नाम का चक्रवर्ती जन्म लेगा। इसके बाद भैरवाचार्य शरीर छोड़कर विद्याधर-योनि को प्राप्त हुआ। श्रीकंठ नाग यह कहकर कि समय पड़ने पर मुझे आज्ञा दीजिएगा, भूमि-विवर में घुस गया। रीठिभ नाम का परिव्राट् वन में चला गया। पातालस्वामी और कर्णताल सम्राट् के सुभटमंडल में सम्मिलित हो गए।

---

१. रघुवंश १६। १७, 'स्तम्भेषु योषितप्रतियातनानाम्।

२. देखिए मथुरा की सं० ए ५ बुद्ध-मूर्ति का छायामंडल।

चौथा उच्छ्वास

पुष्पभूति से एक राजवंश चला। उसमें अनेक राजा हुए। क्रम से उसी वंश में प्रभाकरवर्द्धन नाम का राजाधिराज हुआ। उसका दूसरा नाम प्रतापशील था। मधुवन में मिले ताम्रपट्ट में हर्ष के पूर्वजों की निम्नलिखित परम्परा दी है।

नरवर्द्धन ····· वज्रिणी देवी
राज्यवर्द्धन ····· अप्सरो देवी
आदित्यवर्द्धन ··· महासेनगुप्ता देवी
प्रभाकरवर्द्धन ··· यशोमती देवी
(महाराजाधिराज)

आश्चर्य है, बाण ने प्रभाकरवर्द्धन के तीन पूर्वजों का उल्लेख नहीं किया। प्रभाकरवर्द्धन ने ही स्थाणुवीश्वर के छोटे से राज्य को बढ़ाकर महाराजाधिराज की पदवी धारण की। बाण ने उन्हें राजाधिराज लिखते हुए उनकी विजयों का ब्यौरा दिया है। वह हूणरूपी हिरन के लिये केसरी, सिन्धुदेश के राजा के लिये ज्वर, गान्धारनृपतिरूपी मस्त हाथी के लिये जलता हुआ बुखार, गुर्जर को चैन से न सोने देनेवाला उन्निद्र रोग, लाटदेश की शेखी का अंत करनेवाला यमराज और मालवराजलक्ष्मीरूपी लता के लिये कुठार था। इन्हीं विजयों के कारण उसका प्रतापशील नाम पड़ा। हूणों के साथ प्रभाकरवर्द्धन की भिड़ंत काश्मीर के इलाके में हुई होगी। सम्भव है, सिन्धुराज के साथ उसका खुला संघर्ष हुआ हो, किन्तु उस देश को अन्तिम रूप से जीतकर अपने राज्य में मिलाने का काम हर्ष ने किया, जैसा बाण ने अन्यत्र लिखा है (सिंधुराजं प्रमथ्य लक्ष्मीरात्मीकृता, ६१)। गांधारदेश में उस समय कुषाण शाहियों का राज्य जान पड़ता है। वे प्रभाकरवर्द्धन के बढ़ते हुए प्रताप से भयभीत हुए हों, ऐसा संभव है। गांधार को अपने राज्य में मिलाने का उल्लेख स्पष्ट नहीं है। इसी प्रकार भिन्नमाल के गुर्जर और लाटदेश के लिये भी प्रभाकरवर्द्धन का सम्बन्ध भयकारी ही था। हाँ, मालवा को उसने अवश्य अपने राज्य में मिला लिया था। इसी-लिये मालवराज के दो पुत्र कुमारगुप्त और माधवगुप्त उसके दरबार में भेजे गए थे। हर्ष ने जिस कुमार का अभिषेक किया था वह भी मालवराज-सूनु कुमारगुप्त ही विदित होते हैं (अत्रदेवेन अभिषिक्तः कुमारः, ६१)। विदित होता है कि मालवयुद्ध में मालवा का राजा मारा गया था। उसके बचे हुए कुमारों के साथ प्रभाकरवर्द्धन ने मृदु व्यवहार किया [1]। प्रभाकरवर्द्धन की सेना के यात्रापथों से मानों पृथ्वी चारों दिशाओं में अधीन राजाओं (भृत्यों) में बाँट दी गई थी। उसका प्रताप मारे हुए शत्रुमहासामन्तों के अन्तःपुर में फैल गया था। उसके राज्य में चूने से पुते हुए अनेक देवालय सुशोभित थे जिनके शिखरों पर धवल ध्वजाएँ फहराती थीं। गाँवों के बाहर सभा, सत्र, प्रपा और मंडप आदि अनेक संस्थाएँ निर्मित हुईं। प्रभाकरवर्द्धन की महादेवी का नाम यशोवती था। प्रभाकरवर्द्धन परम आदित्यभक्त था। वह प्रतिदिन प्रातः समय स्नान करके श्वेत दुकूल पहनकर, सिर पर सफेद वस्त्र ढककर मंडल के बीच में घुटनों के बल बैठकर पद्मराग की तश्तरी में

१. तुलना कीजिए—निर्जितस्य अस्तमुपगतो सामन्तस्य बालापत्येषु दर्शितस्नेहः मृदुरभूत् ४५ ।

रखे हुए रक्तकमल से सूर्य की पूजा करता था। प्रायः मध्याह्न और सायंकाल में आदित्य-हृदय मन्त्र का सन्तान के लिये जप करता था।

एक बार ग्रीष्मकाल में राजा यशोवती के साथ सुधाधवलित महल के ऊपर सोए हुए थे। सहसा देवी यशोवती चौंककर उठ बैठीं। राजा के पूछने पर उसने कहा, मैंने स्वप्न में सूर्यमंडल से निकलकर आते हुए दो कुमारों को एक कन्या के साथ पृथ्वी-तल पर उतरते हुए देखा और वे मेरे उदर में प्रविष्ट हुए। इसी समय तोरण के समीप प्रभात-शंख बजा। दुंदुभियाँ बजने और प्रातःकाल का नांदीपाठ होने लगा। प्रबोध-मंगल-पाठक 'जय-जय' शब्द का उच्चारण करने लगे। कालिदास ने भी प्रातःकाल मंगलश्लोक गाकर राजाओं को उठानेवाले वैतालिकों का उल्लेख किया है (रघुवंश ५।६५)।

कुछ समय बीतने पर यशोवती ने गर्भ धारण किया। गुर्विणी अवस्था में सखियाँ उसे किसी प्रकार हाथ का सहारा देकर देव-वन्दना के लिये ले जातीं। समीप के स्तम्भों के सहारे विश्राम करती हुई वह शालभंजिका-जैसी जान पड़ती थी। स्तम्भशालभंजिका-अभिप्राय का निरूपण ऊपर हो चुका है। दसवाँ मास लगने पर राज्यवर्धन का जन्म हुआ और राजा की आज्ञा से एक महीने तक जन्म-महोत्सव मनाया गया। पुनः कुछ समय बीतने पर यशोवती ने हर्ष को इस प्रकार गर्भ में धारण किया जिस प्रकार देवी देवकी ने चक्रपाणि विष्णु को (१२६)। दिन में जिस पलंग पर वह सोती थी उसपर पत्र-भंग के साथ पुतलियाँ बनी हुई थीं जिनका प्रतिबिम्ब उसके कपोलों पर पड़ता था (अपाश्रय-पत्रभंगपुत्रिकाप्रतिमा, १२७)[1]। रात्रि के समय सौधशिखर पर बने हुए जिस वासभवन में वह सोती थी उसकी भित्तियों पर चित्र बने थे और उन चित्रों में चामर-ग्राहिणी स्त्रियाँ लिखी गई थीं जो उसके ऊपर चंवर डुलाती जान पड़ती थीं। जब वह जागती तो चन्द्र-शालिका[2] में उत्कीर्ण शालभंजिकारूपी स्त्रियाँ मानों उसका स्वागत करती थीं। उसके मन में यह दोहद-इच्छा हुई की चार समुद्रों का जल एक में मिलाकर स्नान करूँ और समुद्र के वेलाकुंजों में भ्रमण करूँ। नंगी तलवार के पानी में मुँह देखने की, वीणा अलग हटाकर धनुष की टंकार सुनने की और पंजरबद्ध केसरियों को देखने की इच्छा हुई। उसके ग्रीवासूत्र में प्रशस्त रत्न बँधे हुए थे। तब ज्येष्ठ महीने में कृत्तिका नक्षत्र, कृष्णपक्ष की द्वादशी में प्रदोष समय बीतने पर रात्रि के प्रारम्भ में हर्ष का जन्म हुआ। इसका समाचार यशोवती की प्रेमपात्र धात्री-सुता सुयात्रा ने राजा को दिया। सम्राट् ने तारक नाम के ज्योतिषी को बुलाकर ग्रह दिखलाए। बाण के अनुसार यह गणक भोजक अर्थात् मग जाति का था[3]।

१. अपाश्रय···पलंग : शंकर :। पत्रभंग···फूलपत्तियों के कटाव।

२. चन्द्रशालिका सालभंजिकापरिजा: जयशब्दमसकृज्जनयत्, १२७।

३ भोजका: रविमर्चयित्वा पूजका हि भूयसा गणका भवन्ति, ये मगा इति प्रसिद्धा: (शंकर)। भविष्य पुराण में कथा है कि कृष्ण के पुत्र साम्ब दुर्वासा के शाप से कुष्ठी हो गए। सूर्य की उपासना करने से वे अच्छे हुए। तब साम्ब ने एक सूर्य का मन्दिर बनवाया और शाकद्वीप से मगों के अठारह परिवारों को अपने साथ लाए एवं द्वारका के भोजों को जो यादवों की एक शाखा थे मगों को कन्या देने के लिये राजी किया। इसी कारण शक लोग भोजक कहलाए।

कुषाण-काल के आरंभ में सूर्य-पूजा का देश में अत्यधिक प्रचार हुआ। इसमें ईरानी शकों का प्रभाव मुख्य कारण था। सूर्य की मूर्ति, उसका उदीच्य वेश और पूजाविधि इन सबपर ईरानी प्रभाव पड़ा। विष्णुधर्मोत्तरपुराण और वराहमिहिर की बृहत्संहिता में ईरानी प्रभाव का स्पष्ट उल्लेख है। सूर्य की अव्यंग-नामक पारसी पेटी का भी उल्लेख आया है। इस युग के ज्योतिषशास्त्र पर भी पारसीक यवन रोमक सिद्धान्तों का काफी प्रभाव हुआ। शाकद्वीपी मग ब्राह्मण सूर्य-मन्दिरों की प्रतिष्ठा कराते थे और वे ही सम्भवतः ज्योतिष का काम भी करते थे। बाण ने तारक नाम के गणक को सब ग्रह-संहिताओं में पारंगत कहा है। इन संहिताओं में वराहमिहिर की बृहत्संहिता एवं अन्य आचार्यों के सिद्धान्त-ग्रंथ सम्मिलित रहे होंगे। बृहत्संहिता में ज्योतिष के तीन अंग कहे हैं—ग्रहगणित, संहिता और होराशास्त्र, और लिखा है कि संहिता में पारंगत ही दैवचिन्तक होता है। बृहत्संहिता के दूसरे अध्याय में संहिता के विषयों की लंबी सूची दी गई है। उस ज्योतिषी ने ग्रह देखकर बताया कि 'सब ग्रह उच्च के हैं[1]। मान्धाता के बाद आज तक किसी ने भी इस प्रकार के चक्रवर्ती योग में जन्म नहीं लिया। आपका यह पुत्र सात चक्रवर्तियों में अग्रणी, चक्रवर्ती चिह्नों से युक्त, चक्रवर्तियों के सात रत्नों का भाजन (चित्र ३५), सप्त समुद्रों का पालनकर्त्ता, सब यज्ञों का प्रवर्तक, सूर्य के समान तेजस्वी होगा।'

हर्ष के जन्म के समय धूमधाम से पुत्रोत्सव मनाया गया। उसका बाण ने ब्योरे के साथ वर्णन दिया है—'शंख, दुंदुभी, मंगलवाद्य और पटह बाजे बजने लगे। घोड़े हर्ष से हींसने लगे, हाथी गर्जने लगे, दिव्य वायु बहने लगी, यज्ञशालाओं में वैतान अग्नियाँ प्रज्वलित हुईं। सुवर्णशृंखला से बँधी हुई कलसियों के रूप में महानिधियाँ पृथ्वीतल से प्रकट हुईं। ब्राह्मण वेदोच्चारण करने लगे। पुरोहित शान्तिजल हाथ में लेकर उपस्थित हुआ। बड़े-बूढ़े रिश्तेदार एकत्र हुए। कारागार से बन्दी मुक्त किए गए (मुक्तानि बन्धन-बृन्दानि, १२६)। प्रसन्न हुए लोगों ने मारे खुशी के बनियों की दुकानें लूट लीं जो कि भागते हुए अधर्म की पैंठ-सी जान पड़ती थीं। महलों में वामन आदि परिचारकों से घिरी हुई बूढ़ी धायियाँ नाचने लगीं; जान पड़ता था, बालकों से घिरी हुई साक्षात् जातमातृकासंशक देवियाँ हों। राजकुल के नियम शिथिल कर दिए गए। प्रतिहार लोगों ने अपना वेश और डंडे उतारकर रख दिए और सब लोग बेरोक-टोक अन्तःपुर में आने-जाने लगे।' इस प्रसंग में लोगों द्वारा जो महाजनों की दुकानें लूटने का उल्लेख है; संभव है, राज्य की ओर से उस हानि की भरपाई की जाती हो। कारागार से बन्धनमुक्ति ऐसे विशेष अवसरों पर पुरानी प्रथा थी। जातमातृ देवी की आकृति सोहर में बनाई जाती थी। शंकर के अनुसार यह मार्जारानना (बिल्ली के मुखवाली) देवी थी। उसके आस-पास छोटे-छोटे बच्चों के चित्र भी लिखे जाते थे। इसका एक नाम चर्चिका भी था[2]। कादम्बरी

१. श्रीयुत कर्णे के अनुसार ज्येष्ठ-कृष्ण-द्वादशी को सभी ग्रहों की उच्च स्थिति असम्भव है। सूर्य उस दिन मेष-राशि में नहीं हो सकता।

२. नानार्थार्णवसंक्षेपकोश, १।४००; कार्शा.खंड, अध्याय ९७ में भी चर्चिका देवी के मन्दिर का उल्लेख है। परमार राजा नरवर्मदेव के भिलसा-शिलालेख में चर्चिका देवी की स्तुति दी हुई है और उसके लिये मन्दिर बनवाने का उल्लेख है। वह परमारों की कुलदेवी थी। भंडारकर-लेखसूची १६५८; वेस्टर्न सर्किल की पुरातत्व रिपोर्ट, १९१३-१४, पृ० ५९।

के सूतिकागृह-वर्णन में मातृषष्ठीपूजा का उल्लेख किया गया है। यह देवी बालकों से घिरी हुई (बहुबालक-व्याकुला) बौद्धों की हारीती के समकक्ष थी।

अगले दिन से पुत्र-जन्मोत्सव ने और भी रंग पकड़ा। सामन्तों की स्त्रियाँ राजकुल में आकर भाँति-भाँति से नृत्य करने लगीं। उनके साथ अनेक नौकर-चाकर थे जो चौड़ी करंडियों में स्नानीय चूर्ण से छिड़की हुई फूलों की मालाएँ और तश्तरियों में कपूर के श्वेत खंड लिए थे। कुमकुम से सुगंधित अनेक प्रकार के मणिमय पात्र थे। हाथीदाँत की छोटी मंजूषाओं (दन्तशकरुक) में चंदन से धवलित पूगफल और आम्र के तैल[1] से सिक्त खदिर के केसर रखे थे। सुगन्धित द्रव्यों के चूर्ण से भरी हुई लाल थैलियाँ (पारिजात[2] परिमलानि पाटलानि पोटलकानि, १३०), सिंदूर की डिबियाँ, पिष्टातक[3] या पट्टवासकचूर्ण से भरे पात्र (सिंदूरपात्राणि पिष्टातकपात्राणि, १३०) और लटकते हुए बीड़ों से लदे हुए छोटे-छोटे तांबूल के झाड़ लिए हुए परिजन लोग चल रहे थे (१३०)[4]।

शनैः-शनैः उत्सव में कुछ और गमक पैदा हुई। रनिवास के छोटे-बड़े सब लोग विभोर होकर आनन्दमग्न हो नाचने लगे। ऐसा सूक्ष्म चित्र केवल बाण की लेखनी से ही खींचा जाना संभव था—

१. नृत्य का जिन्हें अभ्यास न था ऐसे पुराने वंशों के शर्मालु कुलपुत्र भी राजा के प्रेम से नाचने लगे।

२. राजा की मंद हँसी का संकेत पाकर मदवाली क्षुद्र दासियाँ सम्राट् के प्रिय पात्रों को खींच कर नाचने लगीं।

३. मदवाली कटक-कुट्टनियों को आर्य सामन्तों के कंठ में हाथ डाले देख राजा भी हँस पड़े।

४. राजा की आँख का इशारा पाकर पाली झोंके में आ-आकर सचिवों के गुप्त प्रेम की पोल खोलने लगे।

५. मदमस्त पनिहारिनें बूढ़े साधुओं से लिपटकर लोगों को हँसाने लगीं।

६ एक दूसरे से लाग-डाँट करनेवाले नौकरों के झुंड आपस में गाली-गलौज करते हुए भिड़ गए।

७. नृत्य में अनभिज्ञ, पर रनिवास की महिलाओं के कहने से जबर्दस्ती नाचते हुए अन्तःपुर के प्रतिहारी दासियों के साथ नृत्य में सम्मिलित हो गए (१३०)।

---

१. बाण ने और भी कई जगह सहकार से बनाए हुए तेल का उल्लेख किया है।

२ पारिजातसुगन्धिद्रव्यचूर्णम् (शंकर)। यह पारिजातक चूर्ण सहकार, चंपक, लवली, लवंग, कक्कोल, एला, कपूर के मिश्रण से बनता था जिसकी सुगंधि अत्यन्त तीव्र होती थी। बाण ने अन्यत्र (पृ० २२, ६६) इसका उल्लेख किया है।

३. यहाँ बाण ने तीन प्रकार के सामान का उल्लेख किया है। पारिजातक-नामक सुगन्धित चूर्ण की लाल रंग की थैलियाँ, सिंदूर भरी डिबियाँ और पिष्टातक या चावल के सूखे आटे में सुगन्धित द्रव्य मिलाकर बनाए हुए चूर्ण की टिकियाँ।

४. विटकवीटकं पंचाशतताम्बूलपत्रैः क्रियते (शंकर)।

इस प्रकार फूलों के ढेरों से, मद्य के परनालों से, पारिजात की सुगन्धि से, कपूर की धूल से, नगाड़ों के शब्द से, लोगों की कलकल से, रासमंडलियों से (रासकमंडलैः, १३०), माथे पर चंदन के खौर से, एवं अनेक तरह के दानों से सारे निवास में उत्सव की भारी गमक भर गई। नवयुवक उछलने-कूदने धमा-चौकड़ी मचा रहे थे। चारण ताल के साथ नृत्य कर रहे थे। खेलते हुए राजकुमारों के परस्पर धक्कामुक्की करने से आभरण टूटकर मोती बिखर गए थे। सिंदूर-रेणु, पट्टवास-धूलि और पिष्टातक-पराग चारों ओर उड़ रहा था।

महलों में स्थान-स्थान पर वारविलासिनी स्त्रियाँ आलिंग्यक, वेणु, झल्लरी (झाँझ), तन्त्री-पटह अलाबु-वीणा, काहल आदि अनेक बाजों के मन्द-मन्द शब्दों के साथ अश्लील रासकपदों (सीठनों) को गाती हुई सिर पर पुष्पमाला, कानों में पल्लव, माथे पर चन्दन-तिलक लगाए, चूड़ियों से भरी हुई भुजाओं को ऊपर उठाए, पैरों में पड़े हुए बाँके नूपुरों (पदहंसक) को बजाती हुई, गीतियों की तरह रागों का उद्दीपन करती हुई, अनेक भाँति से नृत्य कर रही थीं (१३१)।

इस वर्णन में कई शब्द और बाजों के नाम महत्त्वपूर्ण हैं। आलिंग्यक एक विशेष प्रकार का गोपुच्छाकृति मृदंग था जो एक सिरे पर चौड़ा और दूसरे पर सँकरा होता था। अमरकोश (१, ७, ५) में अंक्य, आलिंग्य और ऊर्ध्वक तीन प्रकार के मृदंग कहे हैं। कालिदास ने इन तीनों का एक साथ उल्लेख किया है (कुमारसम्भव ११ । ३६) जिससे गुप्तकाल में उनका प्रचार सिद्ध होता है (चित्र ३६)। झल्लरी आजकल की झाँझ थी। तन्त्री-पटहिका छोटा ताशेनुमा बाजा था जिसे डोरी से गले में लटकाकर बजाते थे (चित्र ३७)। अनुत्तान अलाबुवीणा अलाबु की बनी हुई वीणा थी जिसकी तूंबी नीचे की ओर होती थी। कांस्यकोशी क्वणितकाहल बाजे का ठीक स्वरूप ज्ञात नहीं। शंकर ने काहल को कांस्यद्वयाभिघात लिखा है। संभव है, यह एक नगाड़ा था जिसका नीचे का भाग फूल का बनाया जाता था। इसकी जोड़ी नौबतखाने में बजाई जाती थी। वस्तुतः इन बाजों के द्वारा सम्मिलित नौबत बजती हुई वारविलासिनियों के पीछे चल रही थी।

अश्लीलरासकपदानि का तात्पर्य अश्लील सीठनों से भरे हुए गीत है। रासक शब्द का यह उल्लेख सबसे प्राचीन है। यहाँ रासा का अर्थ स्त्रियों में गाए जानेवाले ग्राम-गीत ही ज्ञात होता है।

काश्मीर-किशोरी पद से केसर लगे हुए शरीरवाली कश्मीर की बछेड़ियों का उल्लेख किया गया है। इससे पूर्व नाचते युवकों की उपमा काम्बोजदेशीय घोड़ों से दी जा चुकी है।

शासनपट्टों पर लगी हुई सिन्दूर की मुद्रा संभवतः उनके लिये चरितार्थ थी जो कपड़ों पर लिखे जाते थे।

पदहंसक-नूपुर से तात्पर्य उन नूपुरों से था जिनकी आकृति गोल न होकर बाँकी मुड़ी हुई होती थी। आजकल उन्हें बाँक कहते है (चित्र ३८)।

राग का उद्दीपन करनेवाली गीतियों में (१३२) संभवतः श्लेष से राग के साथ संबन्धित रागिनियों का तात्पर्य है। बाण ने ध्रुवपद-गान और बाण से पूर्व सुबन्धु ने विभास-राग का उल्लेख किया है, ऐसा पूर्व में कहा जा चुका है।

सामन्तों की स्त्रियाँ, दास-दासियाँ, वारविलासिनियाँ जन्म-महोत्सव-नृत्य में भाग ले रही थीं। उन्हीं के साथ राजमहिषियाँ भी नृत्य में कूद पड़ीं (१३३)। उनके सिर पर धवल छत्र लगे हुए थे। दोनों तरफ कन्धों से उत्तरीय के लम्बे छोर लटक रहे थे जैसा हिंडोले पर झूलते समय होता है[1] (चित्र ३६)। वे बाँहों में सोने के केयूर पहने थीं। उनके शरीर पर लहरिया पट्टांशुक और कानों में त्रिकंटक आभूषण था। ऊपर कहा गया है कि यह आभूषण दो बड़े मोतियों के बीच में पन्ने का नग जड़कर बनाया जाता था (२२)।

इस प्रकार जन्म-महोत्सव बीतने पर हर्ष शनैः शनैः बढ़ने लगा। उसकी ग्रीवा में बाघ के नखों की पंक्ति सोने में जड़वाकर पहना दी गई थी[2] (चित्र ४०)। शस्त्र लिए हुए रक्षिपुरुष उसके चारों ओर तैनात रहने लगे (रक्षिपुरुषशस्त्रपंजरमध्यगते, १३४)। धात्री केहाथ की उँगली पकड़कर जब वह पाँच-छः कदम चलने लायक हो गया, और जब राज्यवर्द्धन छठे वर्ष में लग रहा था, तो यशोवती ने राज्यश्री को गर्भ में धारण किया। उचित समय पर रानी ने कन्या को जन्म दिया जैसे आकाश से सुवर्णवृष्टि का जन्म होता है (महाकनका वदान्या वसुधारामिव द्यौः, २३४)। बाण से पूर्व 'सुवर्णवृष्टि' का अभिप्राय साहित्य में आ चुका था। कालिदास के रघुवंश में (५, ३३) और दिव्यावदान (२१३, २२३) में आकाश से सोने का मेह बरसने का उल्लेख किया गया है। गुप्तकाल में जो अपार सुवर्णराशि फट पड़ी थी उसकी व्याख्या के लिये सोने के मेह का अभिप्राय साहित्य में प्रचलित हुआ।

लगभग इसी समय यशोवती के भाई ने अपने पुत्र भंडि को जिसकी आयु आठ वर्ष की थी, राज्यवर्द्धन और हर्ष के संगी-साथी के रूप में रहने के लिये दरबार में भेजा। बालक भंडि के सिर पर अभी बाल काकपक्ष के रूप में थे। बच्चों के सिर का यह केशविन्यास गुप्तकालीन कार्त्तिकेय की मूर्तियों में पाया जाता है (चित्र ४१)। उसके एक कान में नीलम का कुंडल था और दूसरे में मोतियों का त्रिकंटक। नीली और श्वेत आभा के मिलने से वह हरिहर की सम्मिलित मूर्ति-सा जान पड़ता था[3]। आधे शरीर में विष्णु और आधे में शिव की मिली हुई हरिहर-मूर्तियाँ जिनका यहाँ बाण ने उल्लेख किया है, पहली बार गुप्तकला में बनने लगी थीं। मथुरा की गुप्तकला में वे पाई गई हैं (चित्र ४२)। उसकी कलाई में पुखराज का कड़ा पड़ा हुआ था। गले में सूत्र में बँधा हुआ मूँगे का टेढ़ा टुकड़ा सिंह-नख की तरह लगता था।

प्रभाकरवर्द्धन उसे देखकर अत्यन्त प्रसन्न हुए। राजकुमारों ने भी उसको भाई की तरह माना। क्रमशः वे यौवन को प्राप्त हुए। उनके उरुदंड, प्रकोष्ठ, दीर्घ भुजाएँ, चौड़ा वक्षस्थल और ऊँचा आकार, ऐसा लगता था, मानों किसी महानगर की रचना में स्तम्भ, द्वार-प्रकोष्ठ, अर्गलादंड, कपाट और प्राकार हों (१३६)। एक बार पिता प्रभाकरवर्द्धन ने दोनों कुमारों से स्नेहपूर्वक यौवनोचित उपदेश देते हुए सूचित किया कि मैंने तुम्हारे अनुचर के रूप में मालवराजकुमार कुमारगुप्त और माधवगुप्त नाम के दो भाई नियुक्त किए

१. स्कन्धोभयपार्श्वलम्बमानलम्बोत्तरीयलग्ना लीलादोलाधिरूढा इव प्रेंखन्त्यः, १३३।
२. हाटकबद्धविकटव्याघ्रनखपंक्तिमंडितग्रीवके (१३४)।
३. एकेन इन्द्रनीलकुंडलांशुश्यामलितेन शरीरार्द्धेन इतरेण च त्रिकंटकमुक्ताफलालोकधवलितेन सम्पृक्तावतारमिव हरिहरयोर्दर्शयन्तं (१३५)।

हैं। यह कहकर प्रतीहार को उन्हें लाने का आदेश दिया। आगे-आगे अट्ठारह वर्ष का कुमारगुप्त और उसके पीछे माधवगुप्त उपस्थित हुए। कुमारगुप्त का मध्य भाग इस प्रकार कृश था जैसे खराद पर चढ़ाया गया हो (उल्लिखितपार्श्वप्रकाशितकृशिम्ना मध्येन, १३८)। गुप्तकालीन मूर्तियों का कटि प्रदेश घड़कर ऐसा सुडौल बनाया जाता है मानों खराद पर चढ़ाकर गोल किया गया हो [१] (चित्र ४३)। कालिदास ने भी इस विशेषता का उल्लेख किया है [२]। उसके बाएँ हाथ में माणिक्य का जड़ाऊ कड़ा था। कान में पद्मरागमणि का कर्णाभरण था। खड़ी कोरवाले केयूर में पत्रलता-सहित पुतली बनी हुई थी (उत्कोटि-केयूर पत्रभंगपुत्रिका, १३६)। माधवगुप्त उसकी अपेक्षा कुछ लम्बा और गोरा था। उसके सिर पर मालती के फूलों का शेखर था। चौड़ी छाती लक्ष्मी के विश्राम के लिये शिलापट्ट के पलंग की तरह थी जिसपर बलेवड़ा मोटा हार गेंडुआ तकिए (गंडकउपधान= लम्बा गोल तकिया) की तरह सुशोभित था (१४०)। प्रवेश करते ही दोनों ने पृथ्वी पर लेटकर पंचांग प्रणाम किया और राजा की आँख का संकेत पाकर बैठ गए। क्षण भर बाद प्रभाकरवर्द्धन ने उन दोनों को आदेश दिया, आज से तुम दोनों राजकुमारों के अनुगामी हुए। उन्होंने 'जो आज्ञा' कहकर सिर झुकाया और उठकर राज्यवर्द्धन और हर्ष को प्रणाम किया। इन दोनों ने भी अपने पिता को प्रणाम किया। उस दिन से वे दोनों राज्य और हर्ष के सदा पार्श्ववर्ती बन गए।

राज्यश्री भी नृत्य, गीत आदि कलाओं में प्रवीण होती हुई बढ़ने लगी। कुछ समय बाद उसने यौवन में पदार्पण किया। राजा लोग दूत भेजकर उसकी याचना करने लगे। एक दिन जब प्रभाकरवर्धन अन्तःपुर के प्रासाद में बैठे थे तो बाह्यकक्ष्या में नियुक्त पुरुष के द्वारा गाई जाती हुई एक आर्या उनके कान में पड़ी—'नदी जैसे वर्षाकाल में मेघों के झुकने पर अपने तट को गिरा देती है वैसे ही यौवन को प्राप्त हुई (पयोधरोन्नमनकाले) कन्या पिता को।' उसे सुनकर राजा ने और सबको हटा दिया और पार्श्वस्थित महादेवी से कहा—'हे देवि, वत्सा राज्यश्री अब तरुणी हुई। मेरे हृदय में हर समय इसकी चिन्ता बनी रहती है। जैसे-जैसे वरों के दूत आते हैं, मेरी चिन्ता बढ़ती है। बुद्धिमान लोग वर के गुणों में प्रायः कुलीनता पसन्द करते हैं। शिव के चरणन्यास की भाँति सर्वलोकनमस्कृत मौखरि वंश राजाओं में सिरमौर है। उसमें भी श्रेष्ठ अवन्तिवर्मा के ज्येष्ठ पुत्र ग्रहवर्मा ने इसकी याचना की है। यदि तुम्हारी अनुमति हो तो उसके साथ इसका विवाह कर दें।' महादेवी ने पति के इस वचन का समर्थन किया। कन्यादान का निश्चय कर लेने पर प्रभाकरवर्द्धन ने दोनों पुत्रों को भी उससे अवगत किया और शुभमुहूर्त में ग्रहवर्मा के भेजे हुए प्रधान दूत के हाथ पर समस्त राजकुल की उपस्थिति में कन्यादान का जल गिराया। ज्ञात होता है कि कन्या को वाग्दत्ता बनाने की यह उस युग की प्रचलित प्रथा थी।

प्रसन्न होकर जब ग्रहवर्मा का दूत लौट गया और विवाह के दिन निकट आए तो

१. देखिए, मथुरा से प्राप्त विष्णु मूर्ति, सं० ई ६।

२. अवन्तिनाथोयमुदग्रबाहुर्विशालवक्षास्तनुवृत्तमध्यः।
आरोप्य चक्रभ्रममुष्णतेजास्त्वष्ट्रेव यत्नोल्लिखितो बिभाति॥ (रघुवंश ६, ३२)
चक्रभ्रम = खराद (चक्राकारशस्त्रोत्तेजनयंत्र)।

राजकुल में अनेक प्रकार की तैयारियाँ होने लगीं। बाण ने विवाहोत्सव में व्यस्त राजकुल का वर्णन करते हुए पचास के लगभग भिन्न-भिन्न बातों का उल्लेख किया है। प्राचीन भारतीय साहित्य में यह वर्णन बेजोड़ है। स्वयं बाण के शताब्दिक वर्णनों में जो हर्षचरित तथा कादम्बरी में प्रस्तुत किए गए हैं, आसन्नविवाहदिवसों के इस वर्णन की तुलना में रखने के लिये हमारे पास अन्य सामग्री कम ही है। इसमें ब्याह के अर्थ सैकड़ों प्रकार के काम-काज में लिपटे हुए समृद्ध भारतीय घराने का ज्वलंत चित्र खींचा गया है जिसमें स्त्री और पुरुष, हित-मित्र और सगे-संबंधी एवं अनेक प्रकार के शिल्पी अपने-अपने अनुरूप काम करते हुए ब्याह-काज में हिस्सा बटाते हैं। सांस्कृतिक सामग्री की दृष्टि से यह वर्णन विशेष ध्यान देने योग्य है, जैसे—

१. ब्याह के दिन पास आ गए, तो राजकुल की ओर से आमतौर पर सब लोगों की खातिर के लिये ताम्बूल (पान का बीड़ा), कपड़े में लगाने की सुगन्धि (पटवास या इत्र का फोया) और फूल बाँटे जाने लगे (उद्दामदीयमानताम्बूलपट्टवासकुसुमप्रसाधित-सर्वलोकं, १४२)।

२. देश-देश से चतुर शिल्पियों के झुंड के झुंड बुलवाए गए (सकलदेशादिश्यमान-शिल्पि-सार्थागमनं)।

३. राजा की ओर से जो राजपुरुष देहातों से सामान बटोरने के लिये छोड़े गए थे वे गाँववालों को पकड़-पकड़कर अनेक प्रकार का सामान लदवाकर ला रहे थे (अवनिपालपुरुष-गृहीतसमग्रग्रामीणानीयमानोपकरणसम्भारं)।

४. अनेक राजा तरह-तरह का जो भेंट का सामान लाए, उसे प्रभाकरवर्द्धन के दौवारिक ला-लाकर रख रहे थे (राजदौवारिकोपनीयमानानेकनृपोपायनं)।

५. राजा के विशेष प्रियपात्र लोग उन रिश्तेदारों को आदरपूर्वक ठहराने के काम में व्यस्त थे जो निमंत्रित होकर आए थे (उपनिमंत्रितागतबन्धुवर्गसंवर्गणव्यग्रराजवल्लभं)।

६. उत्सव में ढोल बजानेवाले ढोलिया चमार को पीने के लिये शराब दी गई थी। उसके नशे में धुत्त होकर वह हाथ में डंका लिए हुए धमाधम ब्याह का ढोल पीट रहा था (लब्धमधुमदप्रचंडचर्मकारकरपुटोल्लालितकंकणपटुविघट्टनरणन्मंगलपटहं)।

७. ओखली, मूसल, सिल आदि घर के सामान पर ऐंपन के थापे लगाए जा रहे थे (पिष्टपंचांगुलमंड्यमानोलूखलमुसलशिलाद्युपकरणं)।

८. अनेक दिशाओं से दूर-दूर से आए हुए चारण लोग जिस कोठरी में जमा थे उसमें इन्द्राणी की मूर्ति के रूप में दई-देवता पधराए गए थे (अशेषाशाबुत्तविर्भूतचारणपरम्परा-प्रकोष्ठ प्रतिष्ठाप्यमानेन्द्राणीदैवतम्।[1]

१. विवाहपद्धतियों के अनुसार विवाह में इन्द्राणी का पूजन आवश्यक है (विवाहे शची-पूजनं) नारदीयसंहितायां—संपूज्य प्रार्थयित्वा तां शचीं देवीं गुणाश्रयाम् इति। तथा च प्रयोगरत्नाकरे, ततोदाता पात्रस्थसितसर्षपदुलपुं जे शचीमावाह्य षोडशोपचारैः पूजयेत्। तां च कन्या एवं प्रार्थयेत्—देवेन्द्राणि नमस्तुभ्यं देवेन्द्रप्रियभामिनि। विवाहं भाग्यमारोग्यं पुत्रलाभंच देहि मे॥

९. सफेद फूल, चन्दनादि विलेपन, और वस्त्रों से राज-मिस्त्रियों (सूत्रधारों) का सत्कार किया गया। फिर वे ब्याह की वेदी बनाने के लिये सूत फटकने लगे (सितकुसुम-विलेपनवसनसत्कृतैः सूत्रधारैरादीयमानविवाहवेदीसूत्रपातं)।

१०. पोतनेवाले कारीगर हाथ में कूँची लिए, कंधों से चूने की हंडी लटकाए, सीढ़ी पर चढ़कर राजमहल, पौरी, चहारदीवारी और शिखरों पर सफेदी कर रहे थे (उल्कूर्चककरैश्च सुधाकर्परस्कन्धैः अधिरोहिणीसमारूढैः धवैः धवलीक्रियमाणप्रासादप्रतोलीप्राकारशिखरं)।

११. पीसे हुए कुसुम्भ के धोने से जो जल बह रहा था उससे आने-जानेवालों के पैर रँगे जा रहे थे (क्षुण्णह्यमानकुसुंभकसंभाराम्भःप्लवपूररज्यमानजनपादपल्लवं)।

१२. दहेज में देने योग्य हाथी-घोड़ों की कतारों से आँगन भरा हुआ था और उन्हें जाँचा जा रहा था (निरूप्यमाणयौतकयोग्यमातंगतुरंगतरंगितांगनं)।

१३. गणना में लगे हुए ज्योतिषी विवाहयोग्य सुन्दर लग्न शोध रहे थे (गणनाभियुक्तगणकगणगृह्यमाणलग्नगुणं)।

१४. मकरमुखी पनालियों से बहते हुए सुगन्धित जल से राजकुल की क्रीड़ावापियाँ (छोटी-छोटी हौज़ें) भरी जा रही थीं। (गन्धोदकवाहिमकरमुखप्रणालीपूर्यमाणक्रीड़ावापीसमूहम् [1])।

१५. राजद्वार की ड्योढी के बाहरवाले कोठे में सुनारों के ठट्ठ सोना घड़ने में जुटे थे जिसकी ठक-ठक बड़ी भर रही थी (हेमकारचक्रप्रकान्तहाटकघटनटंकारवाचालितालिन्दकम्)।[2]

१६. जो नई दीवारें उठाई गई थीं उनपर बालू मिले हुए मसाले का पलस्तर करनेवाले मिस्त्रियों के शरीर बालू के कण गिरने से सन गए थे (उत्थापिताभिनवभित्ति-पात्यमानबहलबालुका-कंठकालेपाकुलालेपकलोकम्)। (यद्यपि दीवारों पर पलस्तर के निशान मोहेनजोदड़ो में भी पाए गए हैं; किन्तु दीवारों पर पलस्तर करने का निश्चित साहित्यिक लेख यही सबसे पुराना है। नालन्दा में सातवीं शती के पलस्तर के अवशेष अभी तक सुरक्षित हैं।)

१७. चतुर चित्रकार मांगलिक चित्र लिख रहे थे (चतुरचित्रकारचक्रवाललिख्यमानमंगल्यालेख्यम्)।

१८. खिलौने बनानेवाले मछली, कछुआ, मगर, नारियल, केला, सुपारी के वृक्ष आदि भाँति-भाति के मिट्टी के खिलौने बना रहे थे (लेप्यकारकदम्बकक्रियमाणमृण्मयमीनकूर्ममकरनालिकेरकदलीपूगवृक्षकम्)।

---

१. पुरातत्व की खुदाई में मकर, सिंह, हंस, बकरा, मेढा आदि के मुँहवाली कितने ही प्रकार की टोंटियाँ मिली हैं, किन्तु मकरमुखी टोंटियों की संख्या सबसे अधिक है। राजघाट से मिली हुई इस प्रकार की कितनी ही टोंटियाँ भारतकलाभवन काशी में सुरक्षित हैं (चित्र ४४)। मिट्टी के जलपात्रों या कलसों में भी इस प्रकार की टोंटियाँ लगी रहती थीं। बड़े परनालों में ये टोंटियाँ बड़े आकार की होती थीं जिन्हें मकरमुखमहाप्रणाल, (१६) कहा जाता था।

२. हेमकारहाटकघटन···सुनारों का सोना घड़ना मुहावरा हिंदी में अभी तक चलता है जिसका अर्थ होता है 'सोना घड़कर आभूषण बनाना'। सामान्यतः गाहक अपना सोना सुनारों के घर पर दे आते हैं, किन्तु यहाँ अधिक काम होने से सुनार ही राजमहल में बुला लिए गए थे।

१६. राजा लोग स्वयं फेंटा बाँध-बाँधकर अनेक प्रकार की सजावट के काम करने में जुट गए; जैसे, कुछ सिंदूरी रंग के फर्श को माँजकर चमका रहे थे, कुछ ब्याह की वेदी के खंभों को अपने हाथ से खड़ा कर रहे थे, कुछ ने उन्हें गीले ऐंपन के थापों, आलता के रंग में रँगे लाल कपड़ों और आम एवं अशोक के पल्लवों से सजाया था[1]।

२०. (अ) सामन्तों की सती रूपवती स्त्रियाँ सुहावने वेश पहने और माथे पर सेन्दुर लगाए शोभा और सौभाग्य से अलंकृत बड़े सवेरे ही राजमहल में आकर ब्याह के काम-काज करने में लग गई थीं (१४३)।

(आ) कुछ वर और वधू के नाम ले-लेकर मंगलाचार के गीत गा रही थीं (वधू वरगोत्रग्रहणगर्भाणि श्रुतिसुभगानि मंगलानि गायन्तीभिः)।

(इ) कुछ तरह-तरह के रंगों में उंगलियाँ बोरकर कंठियों के डोरों पर भाँति-भाँति की बिन्दियाँ लगा रही थीं (बहुनविधवर्णकादिग्धांगुलिभिः ग्रीवासूत्राणि चित्रयन्तीभिः)।

(ई) उनमें से कुछ जो चित्र-विचित्र फूल-पत्तियों का काम बनाने में चतुर थीं, सफेदी किए हुए कलसों पर और कच्ची सरइयों पर माँडने माँड रही थीं (चित्र लिख रही थीं) (चित्रपत्रलतालेख्यकुशलाभिः कलशांश्च धवलितान् शीतलशाराजिरश्रेणींश्च मंडयन्तीभि)[2]।

(उ) कुछ बाँस की तीलियों या सरकंडे के बने खारे को सजाने के लिये कपास के छोटे-छोटे गुल्ले और ब्याह के कंगनों के लिये ऊनी और सूती लच्छियाँ रंग रही थीं (अभिन्नपुटकर्पासतूलपल्लवांश्च वैवाहिककंकणोर्णासूत्रसन्नद्धांश्च रंजयन्तीभिः। अभिन्नपुट का अर्थ शंकर ने बाँस का चौकोर पिटारा किया है जिसे बहेलिये बनाते थे। वस्तुतः पच्छिमी जिलों में और कुरुक्षेत्र के इलाके में अभी तक यह चाल है कि विवाह और कर्णच्छेदन के समय लड़के-लड़की को सरकंडों के बने हुए एक पिटारे पर बिठलाते हैं जिसे खारा कहते हैं। उसी खारे से यहाँ बाण का अभिप्राय है। उसे सजाने के लिये कपास के छोटे-छोटे गाले भिन्न-भिन्न रँगों में रँगे जा रहे थे जैसा कि शंकर ने लिखा है—तच्छिद्रान्तर पूरणाय कर्पास-तूलपल्लवाः रज्यन्ते। बाण ने कादम्बरी में सूतिकागृह के वर्णन में लिखा है कि सोहर के बाहर बने हुए गोबर के सथिये कई रँगों से रंगी हुई कपास के फाहों से सजाए गए थे। कंगन और दूसरे ब्याह-सम्बन्धी कामों के लिये कलावे रँगने की प्रथा अभी तक है। ये लाल-पीले और सफेद (तिरंगे) होते हैं।

---

१. क्षितिपालैश्च स्वयमाबद्धकक्षैः स्वाम्यर्पितकर्मशोभासम्पादनाकुलैः सिंदूरकुट्टिमभूमीश्च मसृणयद्भिः विनिहितसरसातर्पणहस्तान् विन्यस्तालक्त-पाटलांश्च चूताशोकपल्लव-लांछितशिखरान् उद्वाहवितर्दिकास्तम्भानुत्तम्भयद्भिः प्रारब्धविविधव्यापारम्। वेदी के चार कोनों में चार लकड़ी के खंभे खड़े करने का रिवाज अभी तक कुरुक्षेत्र और पंजाब में प्रचलित है। विन्यस्तालक्तपाटल पद कादम्बरी के सूतिकागृहवर्णन में भी आया है, जिसका अर्थ है कि आलता के रँग से रंगने के कारण खंभे लाल हो गये थे।

२. चित्रों से मंडित पुते हुए कलसों में छाक का सामान भरकर देने की प्रथा अब भी प्रचलित है। पंछाह में उन्हें छकैंडा (छाकभांड) कहा जाता है। सात सरैयाँ बींधकर उनके लटकन मंडप में शोभा के लिये लटकाए जाते हैं।

(ऊ) कुछ बलाशना[1] औषधि घी में पकाकर और उसे पिसे हुए कुमकुम में मिलाकर उबटन एवं सुन्दरता बढ़ानेवाले मुखालेपन तैयार कर रही थीं। पिसी हुई हलदी में नींबू का रस मिलाकर उबटन के लिये कुमकुम बनाया जाता था। वर-कन्या के शरीर में विवाह से पहले पाँच-छः दिन तक स्नान से पूर्व वह मला जाता है जिसे 'हल्द चढ़ना' भी कहते हैं।

(ऋ) कुछ ककोल-जायफल और लौंग की मालाएँ बीच-बीच में स्फटिक जैसे श्वेत कपूर की चमकदार बड़ी डलियाँ पिरोकर बना रही थीं (ककोलमिश्राः सजातीफलाः स्फुरत्स्फीतस्फाटिककर्पूरशकलखचितान्तराला लवंगमाला रचयन्तीभिः)। स्फाटिक कपूर शंकर के अनुसार उस समय प्रचलित विशेष प्रकार के कपूर की संज्ञा थी[2]।

२१. इसके बाद बाण ने विस्तार के साथ उन वस्त्रों का विशेष वर्णन किया है जो विवाह के अवसर पर तैयार किए जा रहे थे। इस प्रकरण में कुछ कठिन पारिभाषिक शब्द हैं जिनपर अभी तक कहीं भी स्पष्ट प्रकाश नहीं डाला गया[3]। बाण ने यहाँ निम्नप्रकार के वस्त्रों का वर्णन किया है।

(अ) बाँधनू की रँगाई के कपड़े

बहुत प्रकार की भक्तियों के निर्माण में नगर की वृद्ध चतुर स्त्रियाँ या पुरन्ध्रिनें बाँधनू की रँगाई के लिये कपड़ों को बाँध रही थीं। कुछ कपड़े बाँधे जा चुके थे[4]। बाँधनू की रंगाई को अंग्रेजी में टाई एंड डाई (Tie and dye) कहते हैं। भारतवर्ष में बाँधनू की रँगाई गुजरात, राजस्थान और पंजाब में अब भी प्रसिद्ध है। विशेषतः सांगानेर अब भी इसका विख्यात केन्द्र है। वहाँ की चूनरी प्रसिद्ध है। चतुर स्त्रियाँ विशेषतः लड़कियाँ अपनी कोमल अंगुलियों से फुर्ती के साथ मन में सोची हुई आकृति के अनुसार कपड़े को चुटकी में पकड़कर डोरियों से बाँधती हैं। बँधा हुआ कपड़ा रंग में बोर दिया जाता है। सूखने पर डोरों को खोल देते हैं। बँधाई की जगह रंग नहीं चढ़ता और उसी से कपड़े में विशेष आकृति बन जाती है। इस आकृति या अभिप्राय के लिये प्राचीन

---

१. बलाशना का अर्थ किसी कोश या आयुर्वेदिक ग्रंथ में नहीं मिला। शंकर ने इसे पुष्पा नामक औषधि लिखा है। सम्भवतः यह बला या बीजबन्द था। आजकल अंगराग या उबटन पिसी हुई हलदी, सरसों और तेल को मिलाकर बनाया जाता है, परन्तु यहाँ तेल की जगह घृत में पकाई हुई बलाशना का वर्णन है।

२. स्फाटिककर्पूराख्यः कर्पूरभेदः, शंकर। बाण ने पहले भी स्फटिक की तरह श्वेत कर्पूर का उल्लेख किया है (स्फटिकशिलाशकलशुक्लकर्पूरखंडः, १३०)। वस्तुतः कपूर, ककोल और लवंग उस समय बनाई जानेवाली सुगन्धियों के आवश्यक अंग समझे जाते थे (देखिए, पृ० २२ और ६६)।

३. कावेल के अंग्रेजी अनुवाद एवं श्री पी० वी० काणे के हर्षचारत नोट्स में यह विषय अस्पष्ट है। और भी देखिए श्री मोतीचन्द्र जी कृत 'भारतीय वेश भूषा' पृ० १५७, जहाँ नेत्र और लाला तन्तुज पर प्रकाश डाला गया है।

४. बहुविधभक्ति निर्माणचतुर पुराणपौरपुरन्ध्रिबध्यमानैर्बद्धैश्च।

संस्कृत शब्द था 'भक्ति'। उसी से हिन्दी भाँत बना है [१]। अन्य-अन्य भाँत की आकृतियों वाली चूनरी अब भी जयपुर की तरफ 'भाँतभतूल्या' और मेरठ की बोली में भाँतभतीली कहलाती है। इन भाँतों के अनेक नाम हैं। पंख की तरह हाथ फैलाए हुए स्त्रियों की आकृति सखियों की भाँत कहलाती है। तरह-तरह की चिड़ियों को चिड़ी चुड़कले की भाँत कहते हैं। इसी प्रकार धनक (इन्द्रधनुष) की भाँत, मोरड़ी (मोरनी) की भाँत, लाड्डू की भाँत, चकरी की भाँत, पोमचे की भाँत (चार कोनों पर चार और बीच में एक कमल के फुल्ले और शेष सब स्थान खाली), धानी भूंगड़े (भुने हुए धान के ऊपर भुने हुए चने की आकृति की बूँटी) की भाँत, डलिया या छाबड़ी की भाँत, बीजडेल की भाँत, रास (नाचती हुई स्त्रियाँ) भाँत, बाघकुंजर भाँत, आदि कितने ही प्रकार की आकृतियाँ बाँधनू के द्वारा कपड़े को रँग-कर उत्पन्न की जाती थीं। कभी-कभी एक कपड़े को कई रंगों में एक दूसरे के बाद रंगते हैं और पहली भाँत के अतिरिक्त अन्य स्थान में बँधाई करके दूसरी भाँत उत्पन्न करते हैं। भारतवर्ष की यह लोक-व्यापी कला थी जिसे बचपन में ही स्त्रियाँ घरों में सीख लेती थीं। भिन्न ऋतुओं और अवसरों पर ओढ़ी जानेवाली चूनरियों की भाँतें अलग-अलग होती हैं, जैसे लड्डू की भाँत की केसरिया रँग की चूनरी फागुन में और लहरिया की सावन में ओढ़ी जाती है। स्त्रियों में अन्य-अन्य प्रकार की भाँतों को बाँधने की कला परम्परा से अभ्यस्त रही थी, इसीलिये बाण ने अनेक प्रकार की भक्तियों को जाननेवाली बड़ी-बूढ़ी स्त्रियों द्वारा वस्त्रों की बँधाई करने का उल्लेख किया है। बाँधनू की रँगाई का यह उल्लेख सबसे प्राचीन है। (चित्र ४५)

(आ) वस्त्रों की रंगाई।

प्रायः ऐसा होता है कि स्त्रियाँ घरों में वस्त्रों को बाँध देती हैं और तब वे रँगने के लिये रँगरेज़ को दे दिये जाते हैं। क्योंकि ब्याह की चूनरी और पीलिए की रँगाई मांगलिक है, इसीलिये इस अवसर पर रँगनेवाले रँगरेज़ को विशेष नेग देने की प्रथा है। उसी का बाण ने उल्लेख किया है कि अन्तःपुर की बड़ी-बूढ़ी स्त्रियों के द्वारा रँगने वालों को जो नेग या पूजा-भेंट दी जा रही थी उससे प्रसन्न होकर वे लोग उन वस्त्रों को रँग रहे थे। एवं जो रँगे जा चुके थे उन्हें दोनों सिरों पर पकड़कर परिजन लोग छाया में सुखा रहे थे। आज भी जो वस्त्र चटकीले रँगों में रँगे जाते हैं उन्हें छाया में ही सुखाया जाता है [२]।

(इ) छपाई के वस्त्र

बाँधनू के वस्त्रों के बाद बाण ने छपाई के वस्त्रों का उल्लेख किया है। इसमें दो प्रकार के वस्त्रों का वर्णन है। एक तो जिनपर फूल-पत्तियों के काम की छपाई आड़ी

---

१. अंग्रेजी डिजाइन के लिये प्राचीन संस्कृत शब्द 'भक्ति' ही था। गुजरात में इसका रूप भात (भक्ति-भत्ति-भात) है। पाटन के पटोलों में रंगीन सूत की बुनाई में भी आकृति के लिये भात शब्द चलता है, जैसे नारीकुंजर भात, पानभात, रतनचौक भात, फुलवाड़ी भात, चोकड़ीभात, छाबड़ी भात, रास भात, बाघकुंजरभात।

२. आचारचतुरान्तःपुरजरती-जनितपूजाराजमान-रजकरज्यमानैः रक्तैश्च, उभयपटान्तलग्न परिजनप्रेखोलितैश्छायासु शोष्यमाणैः शुष्कैश्च (१४३)।

लहरिया के रूप में छापी जाती थी। सफेद या रंगीन ज़मीन पर फूल-पत्ती की आकृतियों-वाले ठप्पों को आड़े या टेढ़े ढंग से छेवकर छपाई की जाती है। इसी से फूल-पत्तियां का जंगला कपड़े पर बन जाता है। इसके लिये बाण ने 'कुटिलक्रमरूपक्रियमाणपल्लव-परभाग' इस पद का प्रयोग किया है। इसमें चार शब्द पारिभाषिक हैं (१) कुटिल-क्रम (२) रूप (३) पल्लव (४ परभाग। कुटिलक्रम (कुटिलः क्रमो येषाम्, शंकर) का अभिप्राय था जिनके छापने की चाल (क्रम = चाल) सीधी रेख में न जाकर टेढ़ी अर्थात् एक कोने से सामने के कोने की तरफ चलती है। रूप का अर्थ ठप्पों से बनाई जानेवाली रेखाकृतियों से है। इसे अब भी रेख की छपाई या पहली छपाई कहते हैं। आकृति युक्त ठप्पे के लिये प्राचीन पारिभाषिक शब्द 'रूप' था, जैसा कि पाणिनिसूत्र रूपादाहतप्रशंसयोर्यप् (५।२।१२०) में रूप या ठप्पों से बनाए जानेवाले प्रचीन सिक्कों[1] के अर्थ में प्रयुक्त होता था। पल्लव का अर्थ है फूल-पत्ती का काम, बाण ने जिसे पत्रलता, पत्रावली, पत्रांगुली कहा है। गुप्तकाल और उसके बाद की शिल्पकला एवं चित्रकारी में फूल-पत्तियों के भाँति-भाँति के कटाव की प्रथा उन्नति की पराकाष्ठा को पहुँच गई थी। अजन्ता की चित्रकला में और अनेक वास्तुमूर्तियों में इसका प्रमाण मिलता है। पत्रलता या पल्लव बनाने की प्रवृत्ति का सर्वोत्तम उदाहरण सारनाथ के धमेख स्तूप के बाह्य आवरण या शिला-पट्टों पर मिलता है। वस्तुतः धमेख स्तूप का यह शिलाघटित आवरण असली वस्त्र की पत्थर में नकल है। स्तूप के शरीर पर इस प्रकार के जो कीमती वस्त्र चढ़ाए जाते थे वे देवदूष्य कहलाते थे। बाण का तात्पर्य वस्त्रों पर जिस प्रकार की फूल-पत्तियों की छपाई से था उनका नमूना धमेख स्तूप की पत्रावली और पत्रभंगों से समझा जा सकता है। चूनरी या साड़ी पर इनकी छपाई अवश्य ही रूप या ठप्पों को टेढ़े क्रम या टेढ़ी चाल से छापने पर की जाती थी। इस पद में चौथा पारिभाषिक शब्द 'परभाग' है। स्वयं बाण ने वस्त्रों के प्रसंग में उसका अन्यत्र प्रयोग किया है[2]। एक रंग की पृष्ठभूमि पर दूसरे रंग में छपाई

(ई) कुंकुम के थापों से छपाई

बाण ने एक दूसरे प्रकार के वस्त्रों का भी उल्लेख किया है जो विशेषतः वर के लिये ही तैयार किए जाते हैं। गीले कुंकुम (नीबू के रस में भींगी हल्दी) से सफेद वस्त्र पर हाथ से चित्तियाँ छोरकर उसे मांगलिक बनाया जाता है, (आरब्धकुंकुमपंकस्थासक-च्छुरणैः)। पंजाब में अभी कल तक यह प्रथा थी कि वर इसी प्रकार का जामा पहनकर घुड़चढी के लिये जाता था।

१. रूपादाहतं रुप्यं कार्षापणम्।
२. अलिनीलमसृणसतुलासमुत्पादितसितसमायोगपरभागैः, २०६। शंकर ने यहाँ पर परभाग का ठीक अर्थ किया है—परभागो वर्णस्य वर्णान्तरेण शोभातिशयः।
३. यशस्तिकलचम्पू, भा० २, पृ० २४७, रंगवल्लिषु परभागकल्पनम्।

(उ) वस्त्रों में चुन्नट डालना

उद्भुजभुजिष्यभज्यमानभंगुरोत्तरीयैः—सेवक लोग उठे हुए हाथों से चुटकी दबाकर उत्तरीय या उपरने की तरह प्रयुक्त वस्त्रों में चुन्नट डालकर उन्हें मरोड़ी देकर रख रहे थे। चुन्नट डालने के लिये अभी तक भाँजना शब्द प्रयुक्त होता है। भाँजे हुए उपरने को अन्य वस्त्रों की तरह मोड़कर नहीं तहाया जाता, किन्तु उमेठकर कुंडलित करके रख दिया जाता है। उसी के लिये यहाँ 'भंगुर' शब्द है। सौभाग्य से अहिच्छत्रा से प्राप्त एक मिट्टी की मूर्ति (सं ३०२) के गले में भंगुर उत्तरीय का स्पष्ट नमूना अंकित पाया गया है जिसकी सहायता से उस वस्तु को समझा जा सकता है। भास्करवर्मा के भेजे हुए प्राभृतों में क्षौम वस्त्रों का वर्णन है जो कुंडली करके बेंत की करंडियों में रक्खे गए थे (२१७)। वे वस्त्र इसी प्रकार के भंगुर उत्तरीय होने चाहिएजिन्हें गेंडुरीदार तह के रूप में करंडियों में रखते थे। (चित्र ४७)

वस्त्रों के भेद

इसके बाद बाण ने छः प्रकार के वस्त्र कहे हैं—क्षौम, बादर, दुकूल, लालातन्तुज, अंशुक और नेत्र। इनमें से बादर का अर्थ कार्पास या सूती कपड़ा है। शेष पाँचों के निश्चित अर्थ के बारे में मतभेद है। अमरकोष में क्षौम और दुकूल को एक दूसरे का पर्यायवाची कहा है[१]। इसी प्रकार नेत्र और अंशुक भी एक दूसरे के समानार्थक माने गए हैं[२]। किन्तु बाण के वर्णन से अनुमान होता है कि ये अलग-अलग प्रकार के वस्त्र थे। राजद्वार के वर्णन में बाण ने अंशुक और क्षौम को अलग-अलग माना है। अंशुक की उपमा मंदाकिनी के श्वेत प्रवाह से और क्षौम की दूधिया रंग के क्षीरसागर से दी गई है[३]। अन्यत्र अंशुक की सुकुमारता की उपमा दुकूल की कोमलता से दी गई है जिससे ज्ञात होता है कि दोनों वस्त्र मुलायमियत में एक-से होने पर भी भिन्न-भिन्न प्रकार के थे[४]। क्षौम वस्त्र, जैसा कि नाम से प्रकट है, कदाचित् क्षुमा या अलसी नामक पौधे के रेशों से तैयार होता था। यही संभवतः छालटीन था। भाँग, सन और पाट या पटसन के रेशों से भी वस्त्र तैयार किए जाते थे, पर क्षौम अधिक कीमती, मुलायम और बारीक होते थे। चीनी भाषा में 'छु-म' एक प्रकार की घास के रेशों से तैयार वस्त्रों के लिये प्राचीन नाम था जो कि बाण के समकालीन थाङ् युग में एवं उससे पूर्व भी प्रयुक्त होता था[५]। यही

---

१. क्षौमं दुकूलं स्यात्, २।६।११३।

२. स्याज्जटांशुकयोर्नेत्रम्, ३।३।१८०।

३. मन्दाकिनीप्रवाहायमानमंशुकैः क्षीरोदायमानं क्षौमैः, ६०।

४. चीनांशुकसुकुमारे शोणसैकते दुकूलकोमले शयने इव समुपविष्टा, ३६।

५. मध्यएशिया से प्राप्त चीनी वस्त्रों का वर्णन करते हुए कहा गया है—

'The term *ma* has clearly been used as a complementary expression to names of other fibrous fabrics than hemp. Thus the words *ch'u* or *ch'u-ma* are used for the cloth made from the Chinese Boehmeria nivea... This material, which when in finished articles, fabrics, etc. resembles linen but is softer and looks fluffier, was thus used during the Han period as well as early T'ang. It is also caleed *China grass* and under the name *ramie* has been used for underclothes in modern times.' (Vivi Sylwan, *Investigation of Silk from Edsen-Col and Lop-nor*, Stolkholm (1949),

चीनी घास भारतवर्ष के पूर्वी भागों (आसाम-बंगाल) में होती थी। बंगाल में इसे काँखुर कहा जाता है। मोटे तौर पर यह ज्ञात होता है कि क्षौम और दुकूल जिन्हें अमरकोष ने पर्याय माना है, रेशों से तैयार होनेवाले वस्त्र थे। इसके प्रतिकूल अंशुक और नेत्र दोनों रेशमी वस्त्र थे।

क्षौम अवश्य ही आसाम में बननेवाला एक कपड़ा था, क्योंकि आसाम के कुमार भास्कर वर्मा ने हर्ष के लिये जो उपहार भेजे थे उनमें क्षौम वस्त्र भी शामिल थे। ये कई रंग की बेंत की करंडियों में लपेटकर रखे गए थे और इस योग्य थे कि धुलाई बर्दाश्त कर सकें (अनेकरागरुचिरवेत्रकरंडकुंडलीकृतानि शौचक्षमाणि क्षौमाणि, २१७)।

दुकूल

बाण ने दुकूल और दुगूल इन दोनों रूपों का प्रयोग किया है जो पर्याय ज्ञात होते हैं। यदि इनमें कोई भेद था तो वह अब स्पष्ट नहीं। दुगूल के विषय में बाण ने लिखा है कि वह पुंड्रदेश (पुंड्रवर्धनभुक्ति या उत्तरी बंगाल) से बनकर आता था। उसके बड़े थान में से काटकर चादर, धोती या अन्य वस्त्र बनाए जाते थे। बाण का पुस्तकवाचक सुदृष्टि इस प्रकार के वस्त्र पहने था (दुगूलपट्टप्रभवे शिखंड्यपांगपांडुनी पौंड्रवाससी वसाना :, ८५)। दुकूल से बने हुए उत्तरीय, साड़ियाँ, पलंग की चादरें, तकियों के गिलाफ, आदि नाना प्रकार के वस्त्रों का उल्लेख बाण के ग्रंथों में आया है। सावित्री को दुकूल का वल्कल वस्त्र पहने हुए (दुकूलवल्कलं वसाना, १०) और सरस्वती को दुकूल वल्कल का उत्तरीय ओढ़े हुए (हृदयमुत्तरीयदुकूलवल्कलैकदेशेन संछादयन्ती, ३४) कहा गया है। दुकूल-वल्कल और दुकूल का अन्तर यदि कुछ था तो स्पष्ट नहीं है। दुकूल भी पौधों की छाल के रेशों से ही बनता था। संभवतः दुकूलवल्कल और दुकूल का अन्तर मोटी और महीन किस्म के कपड़ों का था। दुकूल शब्द की व्युत्पत्ति स्पष्ट नहीं है। संभवतः कूल का अर्थ देश्य या आदिम भाषा में कपड़ा था जिससे कोलिक (हिं० कोली) शब्द बना है[1]। दोहरी चादर या थान के रूप में विक्रयार्थ आने के कारण यह द्विकूल या दुकूल कहलाया।

लालातन्तुज

लालातन्तुज का अर्थ शंकर ने कौशेय अर्थात् रेशम किया है। संभवतः यह पत्रोर्ण या पटोर रेशम था जिसे क्षीरस्वामी ने कीड़ा की लार से उत्पन्न कहा है[2]। गुप्तकाल में पत्रोर्ण धुला हुआ रेशमी बहुमूल्य कपड़ा समझा जाता था[3]। यदि लालातन्तुज और पत्रोर्ण दोनों पर्याय हों तो यह वस्त्र भी अत्यन्त प्राचीन था। सभापर्व के अनुसार पुंड्र, ताम्रलिप्ति, वंग और कलिंग के राजा युधिष्ठिर के लिये दुकूल, कौशिक और पत्रोर्ण तीन प्रकार के वस्त्र

p. 171.) Boehmeria nivea के लिये वाट ने चीनी नाम छुम *schouma*, बंगाली काँखुर *Kankhura* लिखा है : डिक्शनरी आफ इकनोमिक प्राडक्टस्, भाग १, पृ० ४६८। यह पौधा आसाम, पूर्वी और उत्तरी बंगाल में बहुत होता है, ऐसा वहाँ उल्लेख है : पृ०४६९। इसी से rhea नामक रेशा निकलता है।

१. गुजराती पटोले के मूल संस्कृत 'पट्टकूल' में भी वही कूल शब्द है।

२. लकुचवटादिपत्रेषु कृमिलालोर्णाकृतं पत्रोर्णम्, क्षीरस्वामी।

३. पत्रोर्णं धौतकौशेयं बहुमूल्यं महाधनम्, अमरकोश।

भेंट में लाए थे[1]। कौटिल्य ने क्षौम, दुकूल और कृमितान वस्त्रों का उल्लेख किया है[2]। सम्भव है, कृमितान और लालातन्तुज एक ही रेशमी वस्त्र के नाम हों।

अंशुक

बाण के समय में दुकूल के बाद सबसे अधिक अंशुक नामक वस्त्र का प्रचार था। अंशुक दो प्रकार का था, एक भारतीय और दूसरा चीन देश से लाया हुआ जो चीनांशुक कहलाता था। चीनांशुक का अत्यन्त प्रसिद्ध उल्लेख शकुन्तला में है (चीनांशुकमिव केतोः प्रतिवातं नीयमानस्य)। बाण ने भी कई बार उसका उल्लेख किया है (३६, १६७, २४२)। अंशुक वस्त्र को कुछ विद्वान् मलमल समझते हैं। बाण ने अंशुक वस्त्र को अत्यन्त ही झीना और स्वच्छ वस्त्र माना है[3]। एक स्थान पर अंशुक को फूल और चिड़ियों से सुशोभित कहा गया है[4]। यह प्रश्न मौलिक है कि अंशुक सूती वस्त्र था या रेशमी। इस विषय में जैन आगम के अनुयोगद्वार सूत्र की साक्षी का प्रमाण उल्लेखनीय है। इसमें कीटज वस्त्र पांच प्रकार के कहे गए हैं—पट्ट, मलय, अंसुग, चीनांसुय, और किमिराग[5]। इनमें पट्ट तो पाट-संज्ञक रेशम और किमिराग सुनहरी रंग का मूँगा रेशम ज्ञात होता है। बृहत्कल्पसूत्र(२। ३६६२) में किमिराग के स्थान पर सुवण्ण पाट से इसका समर्थन होता है। इससे स्पष्ट है कि पट्ट, अंशुक और चीनांशुक तीनों रेशम के कीड़ों से उत्पन्न वस्त्र थे।

नेत्र

हर्षचरित में नेत्रनामक वस्त्र का पाँच जगह उल्लेख है। स्वयं हर्ष नेत्रसूत्र की पट्टी बाँधे हुए एक अधोवस्त्र पहने (७२) थे। यहाँ शंकर ने नेत्रसूत्र का अर्थ पट्टसूत्र किया है अर्थात् रेशमी डोरी जो धोती के ऊपर मेखला की तरह बाँधी जाती थी। पृष्ठ १४३ पर शंकर ने नेत्र का अर्थ पिंगा किया है और पृष्ठ २०६ पर नेत्र को पट-विशेष कहा है। नेत्र और पिंगा दोनों रेशमी वस्त्र थे, किन्तु वे एक दूसरे से कुछ भिन्न थे। बाण ने स्वयं हर्ष के साथ चलनेवाले राजाओं की वेशभूषाओं का वर्णन करते हुए नेत्र और पिंगा को अलग माना है (२०६)। बाण के अनुसार नेत्र धवल रंग का वस्त्र था (धौतधवल-नेत्रनिर्मितेन निर्मोकलघुतरेण कंचुकेन, ३१) और पिंगा रंगीन वस्त्र था। यही नेत्र और पिंगा का मुख्य भेद जान पड़ता है। दोनों की बुनावट में फूल-पत्ती का काम बना रहता था[6]।

---

१. वंगाः कलिंगपतयस्ताम्रलिप्ताः सपुंड्रकाः।
दुकूलं कौशिकं चैव पत्रोर्णं प्रावरानपि। (सभा० ४८, १७)।

२. अर्थशास्त्र, २।२३, पृ० ११४

३. सूक्ष्मविमलेन अंशुकेनाच्छादितशरीरा देवी सरस्वती (९)। बिसतन्तुमयेन अंशुकेन उन्नतस्तनमध्यबद्धगात्रिकाग्रंथिः सावित्री (१०)।

४. बहुविधकुसुमशकुनिशतशोभितात् अतिस्वच्छादंशुकात्, (११४)।

५. अनुयोगद्वारसूत्र ३७; श्रीजगदीशचन्द्रजैन-कृत "लाइफ इन ऐंसियेंट इंडिया ऐज डेपिक्टेड इन जैन कैनन" पृ० १२९।

६. पिंगा रंगीन बूटेदार रेशमी वस्त्र का नाम था जिसका उल्लेख मथुरा के खरोष्ठी लेखों में आया है। अंग्रेजी में इसे डैमस्क या ब्रोकेडेड फिगर्ड सिल्क कहा गया है। इसके विषय में आगे पृ० २०६ की व्याख्या में लिखा जायगा।

बाण ने कहा है कि नेत्रनामक वस्त्र फूल-पत्ती के काम से सुशोभित था (उल्लिखितनेत्रसुकुमार-स्वस्थानस्थगितजंघाकाण्डैः, २०६)[1]। नेत्र की पहचान बंगाल में बननेवाले नेत्रसंज्ञक एक मज़बूत रेशमी कपड़े से की जाती है जो चौदहवीं सदी तक भी बनता रहा[2]।

वस्त्रों के गुणों का उल्लेख करते हुए उन्हें साँप की केंचुली की तरह महीन (निर्मोक-निभ), छोटे केले के भीतर के गाभे की तरह मुलायम (अकठोरस्तम्भागर्भकोमल), फूँक से उड़ जाने योग्य हलके (निःश्वासहार्य), और कुछ को ऐसे पारदर्शी कहा है कि वे केवल स्पर्श से ही जाने जाते थे (स्पर्शानुमेय)। ऐसे ही पारदर्शी वस्त्रों के लिये मुगलकाल में 'बाफ़्त हवा' (बुनी हवा के जाले) विशेषण बना होगा।

इसके बाद बाण ने कुछ ऐसे वस्त्रों का वर्णन दिया है जो वस्तुतः बिछाने-ओढ़ने, पहनने या सजावट के काम में लिए जा रहे थे। विवाह के अवसर पर जो दान-दहेज के लिए सुन्दर पलंग (शयनीय) थे उनपर सफेद चादरें (उज्ज्वल निचोलक) बिछाई गई थीं। पलंग की सजावट के लिये हंसों की पंक्तियाँ लकड़ी पर खोदकर या बोलियों के रूप में बनाई गई थीं। वे चादर के पल्लों के इधर उधर गिरने से ढँक गई थीं (अवगुंठ्यमान-हंसकुलैः)। निचोलक को अमरकोष में प्रच्छद-पट[3] या चादर कहा है। बाण ने इस शब्द का दो अर्थों में प्रयोग किया है, एक चादर के अर्थ में दूसरे गिलाफ या खोल के अर्थ में। कुमार भास्कर वर्मा का भेजा हुआ आतपत्र निचोलक (खोल) में से निकालकर हर्ष को दिखलाया गया[4]। इसी प्रकार चमड़े की ढालों की कान्ति की रक्षा के लिये उनपर निचोलक चढ़े हुए थे (निचोलकरक्षितरुचां कार्दरंगचर्मणाम्, २१७)।

पहनने के लिये जो कंचुक तैयार किए जा रहे थे उनपर चमकीले मोतियों से कढ़ाई का काम किया गया था (तारमुक्ताफलोपचीयमानैश्च कंचुकैः)। कंचुक एक प्रकार का बाँहदार घुटनों तक लटकता हुआ कोट-जैसा पहनावा था। राजाओं की वेशभूषा का वर्णन करते हुए बाण ने कंचुक, वारबाण, चीनचोलक और कूर्पासक इन चार प्रकार के ऊपरी वस्त्रों का वर्णन आगे किया है (२०६)। अमरकोष के अनुसार कंचुक और वारबाण पर्यायवाची थे। एक जाति के दो पहनावे होते हुए भी बाण की दृष्टि में इनमें कुछ भेद अवश्य था। वारबाण का प्रयोग कालिदास के समय में भी चल गया था[5]। गुप्त सिक्कों पर समुद्रगुप्त, चन्द्रगुप्त आदि राजा जिस प्रकार का कोट पहने हैं वही वारबाण ज्ञात होता है। कुषाणों की देखा-देखी गुप्तों ने इस पोशाक को अपनाया। वारबाण और कंचुक में परस्पर क्या भेद था, यह आगे २०६ पृष्ठ की व्याख्या में स्पष्ट किया गया है। वारबाण कंचुक

---

१. फूलदार नेत्र कपड़े के बने मुलायम सूथनों में जिनकी पिंडलियाँ फँसी हुई थीं।

२. डा० मोतीचन्द्र, प्राचीन भारतीय वेशभूषा, पृष्ठ १५७।

३. प्रच्छद पट का अर्थ आस्तरण या चादर है। कादम्बरी जिस पलंग पर बैठी हुई थी उस-पर नीले अंशुक का प्रच्छद पट बिछा हुआ था (कादम्बरी वंद्य० पृ० १८६)।

४. स वचनान्तरमुत्थाय पुमान् ऊर्ध्वं चकार तत्, धौतदुकूलकल्पितांच निचोलकाद-कोषीत्, २१५।

५. तथोधवारबाणानाम्, (रघुवंश ४।५५) (रघुभट्टकंचुकानामिति मल्लिः)।

की अपेक्षा ऊँचा, मोटा चिलटे की तरह का कोट था जिसका ईरान में चलन था[1]। बाण ने जिस तरह कंचुकों पर सच्चे मोतियों का काम बनाने का यहाँ उल्लेख किया है वैसे ही सातवें उच्छ्वास में राजाओं के वेश का वर्णन करते हुए वारबाणों पर भी सच्चे मोतियों के झुग्गों से बने फूल-पत्ती के काम का वर्णन किया है (तारमुक्तास्तवकितस्तवरक वारबाणैः, २०६)[2]। सासानी राजाओं को अपने कोट में मोतियों की टँकाई कराने का बहुत शौक था। भारतवर्ष में भी प्राप्त सासानी शैली की मूर्तियों में यह विशेषता पाई जाती है।

स्तवरक

राज्यश्री के विवाह में जो मंडप बनाए गए थे उनकी छत स्तवरक के थानों को जोड़कर बनाई गई थी। राजाओं के वेश का वर्णन करते हुए भी बाण ने स्तवरक वस्त्र का उल्लेख किया है। शंकर ने स्तवरक को एक प्रकार का वस्त्र माना है। यह वस्त्र ईरान में बनता था। पहलवी भाषा में इसका नाम स्तब्रक था। उसी से संस्कृत स्तवरक बना और उसी से फारसी इस्तब्रक् शब्द निकला। अरबी में इसी का रूप इस्तब्रक् हुआ जिसका अर्थ है भारी रेशमी किमखाब[3]। इस शब्द का प्रयोग कुरान में स्वर्ग की हूरों की वेश-भूषा के वर्णन में आया है। कुरान के टीकाकार भी इसे अन्य भाषा का शब्द मानते हैं[4]। वस्तुतः इस्तब्रक् सासानी युग के ईरान में तैयार होनेवाला रेशमी किमखाब का कपड़ा था। वह बहुमूल्य और सुन्दर होता था। ईरान के पच्छिम में अरब तक और पूरब में भारतवर्ष तक उस कपड़े की कीर्ति फैल गई थी और उसका निर्यात होता था। बाण ने हर्ष के दरबार में इस विदेशी वस्त्र का साक्षात् परिचय और नाम प्राप्त किया होगा। सूर्य की गुप्तकालीन मूर्तियों की वेश-भूषा-ईरानी है। वराहमिहिर ने उसे उदीच्य वेष कहा है। इनके शरीर पर जरी के काम का कीमती वस्त्र दिखाया जाता था। संभवतः वही स्तवरक है। अहिच्छत्रा की खुदाई में मिली हुई मिट्टी की एक सूर्य-मूर्ति के शरीर पर पूरी आस्तीन का कोट है जिसकी पहचान स्तवरक से की जा सकती है[5]। (चित्र ४८) उसमें मोतियों के झुग्गे वस्त्र की कुल जमीन पर टँके हुए हैं। बाण ने स्तवरक की विशेषता कहते हुए इसका संकेत किया है (तारमुक्तास्तवकित)। अहिच्छत्रा से ही मिली हुई नर्तकी[6] की एक छोटी मिट्टी की मूर्ति का लहँगा इसी प्रकार मोतियों के लच्छों से सजा है। उसका वस्त्र भी स्तवरक ही

१. वारबाण का पहलवी रूप बरवान (barvan), अर्माइक भाषा में वरपनक (varapanak), सीरिया की भाषा में गुरमानका (gurmanaqa) और अरबी में जुरमानकह (zurmanaqah = a sleeveless woollen vest) है। और भी वारबाण पर देखिए, थामे कृत लेख, जैड डी एम जी, ९१।९१।

२ स्तवकिताः संजातपुष्पनिकुरुम्बाकाराः, शंकर (२०६)।

३. स्टाइनगास, पर्शियन इंगलिश डिक्शनरी, पृ० ५०।

४. ए० जंफरी, दी फोरेन वाकेबुलेरी आफ दी कुरान (गायकवाड़ ओरियण्टल सीरिज, सं० ७९), पृ० ५८,५९।

५ देखिए, वासुदेवशरण अग्रवाल-कृत 'अहिच्छत्रा से प्राप्त मिट्टी की मूर्तियाँ,' पृ० १११ और १३०, चित्र-सं० १०२।

६ वही, पृ० १११ और १६५, चित्र-संख्या २८६।

जान पड़ता है। उसमें मोतियों की प्रत्येक लच्छी के नीचे एक-एक सितारा भी टँका हुआ है। बाणभट्ट ने जिसे 'तारामुक्ताफल' की टँकाई का काम कहा है वह यही सितारे-मोतियों का काम था (तारामुक्ताफलोपचीयमानकंचुक)। मंडप के नीचे स्तवरक की छत उसी प्रकार की जान पड़ती है जैसे मुगलकाल में शाही मसनद के ऊपर चार सोने के डंडों पर तना हुआ कीमती चँदोवा होता था।

वहाँ नए रँगे हुए दुकूल वस्त्रों के बने पटवितान या शामियाने लगे हुए थे और पूरे थानों में से पट्टियाँ और छोटे-छोटे पट फाड़कर अनेक प्रकार की सजावट के काम में लाए जा रहे थे[1]। पट संभवतः पूरा थान था और पटी लंबी पट्टियाँ थीं जो झालर आदि के काम में लाई जा रही थीं।

वहाँ खंभों पर नेत्र-संज्ञक कपड़े जिनपर चित्र बने थे, लपेटे जा रहे थे[2]। जैसा ऊपर कहा गया है, बाण ने अन्यत्र भी उच्चित्र नेत्र वस्त्र का उल्लेख किया है जो सूथने बनाने के काम में आता था (२०६)। उच्चित्र से तात्पर्य उन वस्त्रों से है जिनकी बुनाई में भाँति-भाँति की आकृतियाँ डाल दी जाती थीं (अं० फिगर्ड)। बाण के ही समकालीन ऐसे अनेक नमूने मध्य एशिया से प्राप्त हुए हैं। ये आकृतियाँ दो प्रकार की होती थीं, एक वे जिनपर रेखा-उपरेखाओं और बिन्दुओं को मिलाने से चित्र बनते हैं और दूसरे वे जिनमें मछली आदि की आकृतियाँ बनती थीं[3]।

पृंग

शंकर के अनुसार नेत्र-नामक वस्त्र का पर्याय पृंग था। यह शब्द मध्य एशिया के खरोष्ठी लेखों में पाया गया है। जहाँ इसका रूप 'प्रिंव' है। बौद्ध-संस्कृत-ग्रंथ 'महाव्युत्पत्ति' में पृंग शब्द आया है जहाँ उसके पाठान्तर पृंगा या पृंगु मिलते हैं। पृंगु का उल्लेख बौद्ध शब्दों के संस्कृत चीनी कोश फान्-यु-चिएन-यु-चेन् में भी हुआ है[4]। पहलवी और फारसी में भी ध्वनि-परिवर्तन के साथ इसका रूप परंद मिलता है[5]। उसी से पंजाबी शब्द परांदा बना है जिसका अर्थ इस समय बाल या जूड़े में डाला जानेवाला रेशमी फीता

१. अनेकोपयोगपाट्यमानैः अपरिमितैः पटपटीसहस्रैः,
अभिनवरागकोमलदुकूलराजमानैश्चवः पटवितानैः, (१४३)।

२. उच्चित्रनेत्रपटवेष्ट्यमानैः स्तम्भैः (१४३)।

३. देखिए, वावी सिल्वान (Vivi Sylwan) कृत इन्वेस्टीगेशंस ऑव सिल्क फ्राम एडसन-गोल ऐंड लॉप-नॉर (स्टाकहोल्प, १९४९) पृ० १०३-१११, फलक १-२।

४. श्रीप्रबोधचन्द्र बागची द्वारा सम्पादित, दो संस्कृत चीनी कोष, भाग १, पृ० २८०, शब्द-संख्या ५४१; इसका चीनी पर्याय लिङ् है। (बारीक झीना रेशमी वस्त्र; अं० डेमेस्क)।

५. देखिए, डब्लू० बी० हैनिंग, 'टू सेण्ट्रल एशियन वर्डस,' ट्रैन्जैक्शन्स् ऑव दी फाइलोलॉजिकल सोसाइटी, १९४५, पृ० १५१, जहाँ मध्यएशिया में प्रचलित प्रिघ शब्द पर विस्तृत विचार करके उसे संस्कृत पृंग का ही रूप माना है। और भी देखिए, मेरा लेख, संस्कृत-साहित्य में कुछ विदेशी शब्द (सम फॉरेन वर्डस् इन ऐंश्येंट संस्कृत लिटरेचर, इंडियन हिस्टारिकल क्वार्टर्ली, भाग १७ (मार्च १९५१), पृ० १५-१७।

है[1] । मध्यएशिया के लेखों में कपोत, श्वेत (कबूतरी और सफेद) रंगों के पृंग का वर्णन है। सुग्धी भाषा में लिखी मानी धर्म की पुस्तकों में जो तुन्हुआंग से प्राप्त हुईं, कपोत रंग की पृंग (कप्वथ् प्रयंक) का उल्लेख है। हेनिंग के मतानुसार पृंग का अर्थ चित्र-शोभित इकरंगी रेशमी वस्त्र था। यह वस्त्र मध्यएशिया से आता था अथवा यहाँ भी बनता था—इसका निश्चित प्रमाण इस समय उपलब्ध नहीं, क्योंकि अपने देश में इतने प्राचीन वस्त्रों के वास्तविक नमूने उपलब्ध नहीं हुए।

इस प्रकार राज्यश्री के विवाह के लिये समस्त राजकुल मांगलिक और रमणीय हो उठा एवं भाँति-भाँति के कुतूहलों से भर गया। रानी यशोवती विवाह के बहुविध कामों को देखती हुई ऐसी लगती थी मानों एक से अनेक रूप हो गई हो। राजा ने भी जामाता की प्रसन्नता के लिये एक के ऊपर एक ऊँट और वामियों (घोड़ियों) की डाक लगा दी (विसर्जितोष्ट्रवामीजनितजामातृजोषः, १४४)। मार्गों में झंडियाँ लगा दी गईं, मंगल वाद्य बजने लगे। मौहूर्तिक या ज्योतिषी उत्सुकता से विवाह-दिवस की बाट जोहने लगे। विवाह के दिन प्रातःकाल ही प्रतीहार लोगों ने सब फालतू आदमियों को हटाकर राजकुल को एकान्त-प्रधान बना दिया। उसी समय प्रतीहार ने आकर सूचना दी—'महाराज, जामाता के यहाँ से उनका तांबूलदायक पारिजातक आया है।' उसके भीतर आने पर राजा ने आदर के साथ पूछा—'बालक[2], ग्रहवर्मा तो कुशल से हैं?' पारिजातक ने कुछ पैर आगे बढ़कर, भुजाएँ फैलाकर, पृथ्वी में मस्तक टेककर निवेदन किया—'देव, कुशल से हैं और प्रणाम-पूर्वक आपकी अर्चना करते हैं।' राजा ने यह जानकर कि जामाता विवाह के लिये आ गए हैं, कहा—'रात्रि के पहले पहर में विवाह-लग्न साधनी चाहिए जिससे दोष न हो,' और उसे वापिस भेजा।

अब ग्रहवर्मा सायंकाल लग्न-समय के निकट बरात के साथ उपस्थित हुआ। बरात की चढ़त से उठी हुई धूल दिशाओं में फैल रही थी। सौभाग्यध्वज फहरा रहा था। ज्योतिषी लग्न-सम्पादन के लिये तैयार बैठे थे। विवाह-मंगल-कलश और उसके ऊपर पुती हुई सफेद सरइयाँ यथास्थान टाँग दी गई थीं। जलूस में आगे-आगे पैदल लाल चँवर फटकारते चल रहे थे। उनके पीछे कान उठाए घोड़ों के झुंड हिनहिनाते आ रहे थे। पीछे बड़े-बड़े हाथियों की पंक्तियाँ थीं जिनके कानों के पास चँवर हिल रहे थे। उनकी साज-सज्जा सब सोने की थी। रंगबिरंगी झूलें (वर्णक, १४५) लटक रही थीं, और घंटे घहरा रहे थे। नक्षत्रमाला[3] से अलंकृत मुखवाली सुन्दर हथिनी के ऊपर वर ग्रहवर्मा बैठे थे। उसके आगे-आगे चारण लोग तालयुक्त गान करते चल रहे थे जिससे चिड़ियों के चहचहाने-जैसा शब्द हो रहा था। गन्धतैल पड़ने से सुगन्धित दीपक जल रहे थे, कुमकुम और पटवास-

१. तिब्बती भाषा का पुग शब्द जो सर्वसाधारण में प्रयुक्त लाल भूरे रंग का वस्त्र है, मूलतः पृंग से ही निकला हुआ जान पड़ता है। पुग के लिये देखिए श्रीमती प्रो० हानसेन (कोपेन हागेन) कृत मंगोल कास्ट्यूम्स (१९५०), पृ० ९१, ९२। बाण ने इसी रंग के वस्त्र के लिये पिशंगपिंग शब्द प्रयुक्त किया है।

२. नौकरों को पुकारने के लिये बालक और दारक, एवं परिचारिकाओं के लिये दारिकाशब्द का प्रयोग मिलता है।

३. २७ मोतियों की माला-सैव नक्षत्रमाला स्यात् सप्तविंशतिमौक्तिकैः, अमर।

धूलि सब ओर उड़ रही थी। ग्रहवर्मा के सिर पर खिले मल्लिका-पुष्पों की माला थी जिसके बीच में फूलों का सेहरा [1] सजा था। छाती पर फूलों के गजरे का वैकक्षक विलसित था। प्रभाकरवर्धन ने पैदल ही द्वार पर उसका स्वागत किया। वर ने नीचे उतरकर प्रणाम किया और राजा ने बाँह फैलाकर उसे गाढ़ आलिंगन दिया। पुनः ग्रहवर्मा ने राज्यवर्धन और हर्ष का भी आलिंगन किया। तब हाथ पकड़कर वर को भीतर ले गए एवं अपने समान ही आसन आदि उपचारों से उसका सम्मान किया।

तभी, गम्भीर नामक राजा के प्रिय विद्वान् ब्राह्मण ने ग्रहवर्मा से कहा—'हे तात, राज्यश्री के साथ तुम्हें संबंधित पाकर आज पुष्यभूति और मुखर दोनों के वंश धन्य हुए।' तत्काल ही ज्योतिषियों ने कहा—'लग्न का समय निकट है। जामाता कौतुकगृह में चलें।' इसके बाद ग्रहवर्मा अन्तःपुर में प्रविष्ट हुए और कौतुक-गृह के द्वार पर पहुँचे। वहाँ कुछ मान्य और प्रिय सखियों से और स्वजन स्त्रियों से घिरी हुई लाल अंशुक का घूँघट डाले, कान में मोतियों की बालियाँ और पन्ने का कर्णाभरण पहने वधू राज्यश्री को देखा [2]। कोहबर में स्त्रियों ने जमाता से लोकाचार के अनुसार जो कुछ होता है वह सब कराया और हँसोड़ स्त्रियों ने कुछ हँसी भी की। उसके बाद वर वधू का हाथ पकड़कर कोहबर से बाहर आया और विवाह-मंडप में रची हुई वेदी के समीप गया। यहाँ बाण ने पहले कोहबर और पीछे विवाह-वेदी के कृत्य का जो उल्लेख किया है वह पंजाब का आचार है जो कुरुक्षेत्र में भी प्रचलित रहा होगा। दिल्ली-मेरठ के क्षेत्र में यह बदल जाता है। वहाँ वेदी के निकट अग्निसाक्षिक विवाह-कार्य पहले होते हैं, एवं कोहबर में देवताओं के थापे के आगे स्त्रियों के पूजाचार बाद में।

विवाह की वेदी चूने से ताजी पोती गई थी। निमंत्रित होकर आए हुए लोग वहाँ जमा थे। चारों ओर पास में रखे हुए कलसों से वह सुशोभित थी। कलसों के मुँह चौड़े थे (पंचास्य)। पानी की तरी से नए उगे हुए जवारे उनके बाहर निकले हुए थे। अँधेरे में रखे जाने के कारण उन घड़ोंने सूर्य का मुख नहीं देखा था। उनपर हलकी बन्नी या खरिया पुती थी।

ऊपर जिस वाक्य का अर्थ लिखा गया है वह हर्षचरित के अतिक्लिष्ट और अर्थ की दृष्टि से अस्पष्ट वाक्यों में है। टीकाकार ने कई कूट कल्पनाएँ की हैं पर वे बाण के अर्थ को नहीं छू सकीं। पूरा वाक्य इस प्रकार है—सेकसुकुमारयवांकुरदंतुरैः पंचास्यैः कलशैः कोमलवर्णिकाविचित्रैः अमित्रमुखैश्च उद्भासितपर्यंताम् (१४७)।

इसमें पंचास्यैः का कावेल ने पाँच मुँहवाले (घड़े) और कणे ने सिंहमुखी अर्थ किया है। पंचास्य का एक अर्थ सिंह भी है; पर यहाँ ये दोनों अर्थ नहीं हैं। पंचास्य का अर्थ चौड़े मुँहवाला है। बाण जिस प्रथा का वर्णन कर रहे हैं वह इस प्रकार है। मांगलिक अवसरों के लिये स्त्रियाँ घड़ों में मिट्टी डालकर जौ बो देती हैं और इतना पानी

१. उत्फुल्लमल्लिका मुंडमाला मध्याध्यासित कुसुमशेखरेण शिरसा, १४५।

२. बाण प्रायः कान में दो आभूषणों का वर्णन करते हैं—एक अवतंस जो प्रायः फूलों का होता था और दूसरे कुंडलादि आभूषण. १४७।

डालती हैं कि मिट्टी तर रहे। उस घड़े को सूरज की धूप नहीं दिखाते, अँधेरी कोठरी में रखते हैं। तब उसमें अंकुर फूटकर बढ़ने लगते हैं। दूसरे-तीसरे दिन आवश्यकतानुसार पानी का सेक या छिड़काव करते रहते हैं। लगभग दस-बारह दिन में यवांकुर काफी बढ़ जाते हैं। इन्हें हिंदी में जवारा (पंजाबी में ज्वेरी) कहते है। दशहरे के अवसर पर जवारों को मांगलिक मानकर कानों में लगाते हैं। दशहरा यवांकुरों का विशेष पर्व है। झुंड की झुंड स्त्रियाँ जवारों के चौड़े मुँह के घड़े या मिट्टी के पात्र सिर पर रखे हुए नृत्य-गान के साथ नगर या ग्राम की उत्सव-यात्रा करती हैं। हरे-पीले यवांकुर अत्यन्त सुहावने लगते हैं। बाण का लक्ष्य इसी प्रकार के जवारों से भरे हुए मिट्टी के घड़ों से है। जवारे बोने के लिये चौड़े मुँह के पात्र ही लिए जाते हैं। उन्हीं के लिये बाण का पंचास्य (चौड़े मुँहवाले) विशेषण है। अमरकोश रामाश्रमी टीका में पंचास्य का यह अर्थ स्पष्ट है (पंचं विस्तृतम् आस्यं अस्य)[२]। बाण का पहला विशेषण सेक-सुकुमार-यवांकुर-दंतुरैः भी अब सार्थक हो जाता है। सेक का अर्थ हलका पानी का हाथ या छिट्टा है। सुकुमार पद इसलिये है कि जवारे दस-बारह दिन से अधिक के नहीं होते। दंतुर इसलिये कहा गया कि वे घड़े के बाहर निकल आते हैं। इस प्रकार जवारों से भरे हुए घड़े तैयार हो जाने पर उन्हें रंगीन मिट्टी या बन्नी[३] से हलका पोतकर मंडप की सजावट के लिये वेदी के आस-पास रख दिया गया था।

इस वाक्य में दूसरी गाँठ 'अमित्रमुख' विशेषण है। कावेल, कणे और शंकर तीनों ने ही अमित्र का अर्थ शत्रु किया है। शत्रु की तरह भयंकर मुखवाले, यह अर्थ कलसों के लिये असंगत है। जवारे अँधेरे में उगाए जाते हैं, यही अमित्रमुख का तात्पर्य है। जिन्होंने मित्र या सूर्य का मुख नहीं देखा था, जिनके मुख में सूर्य-प्रकाश नहीं गया था, अथवा जो सूर्याभिमुख नहीं हुए थे, ऐसे यवांकुरों से सुशोभित वेदि कलश थे।

पंचास्य और अमित्रमुख कलशों का सीधा-सादा अर्थ जो वेदी की सजावट के पक्ष में घटता है, ऊपर लिखा गया है। किन्तु व्यंजना से कवि ने भावी अमंगल की सूचना भी दी है। जवारों के साथ घड़े शेर के मुँह-जैसे लगते थे और ऐसा प्रतीत होता था, मानों शत्रुओं के मुँह दिखाई पड़ रहे थे। बाण की यह शैली है। आगे भी कलंकी शशांकमंडल के आकाश में उदय का वर्णन करते हुए गौड़राज शशांक के उदय की व्यंजना की गई है (१७८)।

वेदी के आस-पास मिट्टी की मूर्तियाँ हाथों में मांगल्य फल लिए हुए रखी गई थीं जिन्हें अंजलिकारिका कहा गया है। शंकर के अनुसार—अंजलिकारिकाभिः मृण्मयप्रतिमाभिः सालभंजिकाभिर्वा। आजकल भी इस प्रकार की मिट्टी की मूर्तियाँ बनाई जाती हैं जिन्हें 'गूजरी' कहते हैं। वेदी के स्थान में वे सजावट के लिये रखी गई थीं।

---

१. श्रीगुप्तजी के यहाँ चिरगाँव (बुन्देलखण्ड) में जवारों का बहुत बड़ा उत्सव मुझे देखने को मिला जिससे बाण का अर्थ मैं समझ सका।

२. पचि विस्तारे धातु से पंच शब्द बनता है।

३. कोमलवर्णिकाविचित्रैः, १४७। वार्णिक का अर्थ शंकर ने खड़िया (खटिका) किया है, किन्तु वर्णिका कुम्हारों की बन्नी या रंगीन मिट्टी हो सकती है।

विवाहाग्नि में आचार्य ईंधन डाल रहे थे। साक्षी रूप से उपस्थित ब्राह्मण धुआँ हटाने के लिये अग्नि फूँक रहे थे। विवाह में पुरोहित या कर्मकर्ता मुख्य ब्राह्मण के अतिरिक्त कुछ ब्राह्मण उपद्रष्टा या साक्षी रूप से भी रहते हैं, वे ऊपर के काम करते हैं। अग्नि के पास हरी कुशा, अश्मारोहण के लिये सिल, कृष्ण मृगचर्म, घृत, स्रुवा और समिधाएँ रक्खी हुई थीं। लाजाहोम के लिये नए सूप में शमी के पत्तों के साथ मिली हुई खीलें रक्खी थीं। आज भी विवाह के लिये ये ही उपकरण सामान्यतः जमा किए जाते हैं। वधू के साथ ग्रहवर्मा वेदी के स्थंडिल पर चढ़े और अग्नि के पास आए। होम के बाद दोनों ने अग्नि के चारों ओर भाँवरे लीं और लाजांजलि छोड़ी। विवाह-विधि समाप्त होने पर जामाता ने वधू के साथ सास-ससुर को प्रणाम किया और वासगृह में प्रविष्ट हुआ।

यहाँ बाण ने प्राचीन श्रीमन्त कुलों में वर-वधू के चतुर्थीकर्म के लिये सम्पादित वासगृह का सुन्दर वर्णन दिया है। उसके द्वार-पक्ष या पक्खों पर एक ओर रति और दूसरी ओर प्रीति (कामदेव की दो स्त्रियां) की आकृतियाँ चित्रित की गई थीं। उसमें मंगलदीप जल रहे थे। एक ओर फूलों से लदे रक्ताशोक के नीचे धनुष् पर बाण रखकर तिरछी ऐंची हुई मिचमिचाती आँख से निशाना साधते हुए कामदेव का चित्र बना था[1]। अन्दर सफेद चादर से ढका हुआ पलंग बिछा था जिसके सिरहाने तकिया रक्खा था[2]। (चित्र४६) उसके एक पार्श्व में सोने की झारी (कांचन आचामरुक, १४८) रक्खी थी और दूसरी ओर हाथी-दाँत का डिब्बा लिये हुए सोने की पुतली खड़ी थी। सिरहाने पानी भरा हुआ चाँदी का निद्रा-कलश रक्खा था।

दान्त शफरुक या हाथीदाँत के डिब्बे का वर्णन पहले सामन्त-स्त्रियों की लाई हुई भेटों में किया गया है (१३०)। इसमें कत्था-सुपारी-रक्खा जाता था। शफरुक ऊँचा उठा हुआ लम्बोत्तरा गोल डिब्बा ज्ञात होता है। आजकल इसे फरुआ कहते हैं जो लकड़ी का बनता है। हाथीदाँत के शफरुक में कतरी सुपारी और सुगन्धित सहकार तेल में भींगा हुआ खैर भरकर रक्खा था। निद्राकलश रखने की उस समय प्रथा थी। गंधर्वलोक में चन्द्रापीड़ के शयन के पास भी इस प्रकार के निद्रा-मंगल-कलश का वर्णन किया गया है, (कादम्बरी १७८)।

वासगृह में भित्तियों पर गोल दर्पण लगे थे। उनमें वधू-मुख के अनेक प्रतिबिम्ब पड़ रहे थे। ज्ञात होता है कि वासगृह की दीवारों का रूप कुछ-कुछ आदर्शभवन[3] (बाद के सीसमहल) की तरह था। गोल शीशों में पड़े मुख-प्रतिबिम्ब ऐसे लगते थे, मानों गवाक्षों में से कौतुक देखने के लिये झाँकते हुए गृहदेवताओं की स्त्रियों के मुख हों। गवाक्षों में से

---

१. एकदेशलिखितस्तबकितरक्ताशोकतरुतलभाजा अधिज्यचापेन तिर्यक्कर्णितनेत्र-त्रिभागेन शरमृजुकुर्वता कामदेवेनाधिष्ठितम् (१४८)।

२. वासगृह में पलंग पर बैठे वर-वधू के चित्र के लिये देखिए, अजन्ता, फलक ५७, गुफा १७ का चित्र।

३. तिलकमंजरी (११ वीं शती) में आदर्शभवन का निश्चित उल्लेख है (पृ० ३७३)। सम्भवतः सातवीं शती के महलों में भी सीसमहल कमरा बनने लगा था। आदर्श-भवन = गुजराती अरीसा महल, हिन्दी सीसमहल।

झाँकते हुए स्त्रीमुख गुप्तकाल की कला की विशेषता थी[1]। (चित्र५०) डा० कुमार स्वामी ने भारतीय रोशनदानों या खिड़कियों (प्राचीन वातायन, पाली वातपान) के विकास का अध्ययन करते हुए बताया है कि शुंगकाल और कुषाणकाल में वातपान तीन प्रकार के थे--वेदिका-वातपान, जाल-वातपान, शलाका-वातपान, किन्तु गुप्तयुग की वास्तुकला में तोरणों के मध्य में बने हुए वातायन गोल हो गए है। तभी उनका गवाक्ष (बैल की आँख की तरह गोल)[2] यह अन्वर्थ नाम पड़ा[3]। इन झरोखों में प्राय स्त्रीमुख अंकित किए हुए मिलते हैं। उसी के लिये बाण ने 'गृहदेवताननानीव गवाक्षेषु वीक्ष्यमाणः' (१४८) यह कल्पना की है।

इस तरह ससुराल में दस दिन रहकर ग्रहवर्मा यौतक में दी हुई सामग्री के साथ (यौतकनिवेदितानि शम्बलानि आदाय, १४८) वधू को विदा करा अपने स्थान को लौट गया।

१. कालिदास ने भी लिखा है कि झाँकते हुए पुरस्त्रियों के मुखों से गवाक्षों के झरोखे भरे हुए थे। सान्द्र-कुतूहलानां पुरसुन्दरीणां मुखैः गवाक्षाः व्याप्तान्तराः, रघु० ७५, ११।

२. तुलना कीजिए, अंग्रेजी 'बुल्स आई' गोल निशाना।

३. श्री आनन्द कुमारस्वामी, एन्शेण्ट इंडियन आरकिटेक्चर, पैलेसज (प्रासाद) पृ चित्र।

पाँचवाँ उच्छ्वास

पाँचवाँ उच्छ्वास दुख और शोक के वर्णनों से भरा है। इसका नाम ही 'महाराज-मरण-वर्णन' है। इसमें प्रभाकरवर्धन की मांदगी, रानी यशोवती का शोक के आवेग में सती होना, प्रभाकरवर्धन का देहावसान, और हर्ष एवं राजकुल के शोक का अत्यन्त द्रावक वर्णन किया गया है। विषयारम्भ करते हुए बाण ने लिखा है—'काल जब करवट लेता है, अनेक महापुरुषों को भी एक साथ झिलट डालता है, जैसे पृथ्वी को सहस्र फणों पर धारण करनेवाला शेषनाग जब सुस्ताने के लिये एक मस्तक से दूसरे मस्तक पर बोझा बदलता है तो बड़े-बड़े पहाड़ उलट-पुलट जाते हैं।' बैल के सींग बदलने से भूकम्प आने के जनविश्वास की भाँति शेषनाग के फन बदलने से भूचाल होने का विश्वास भी बहुत पुराना था।

जब राज्यवर्द्धन कवच पहनने की आयु प्राप्त कर चुका तो प्रभाकरवर्द्धन ने उसे हूणों से युद्ध करने के लिये पुराने मन्त्रियों और अनुरक्त महासामन्तों की देखरेख में सेना के साथ उत्तरापथ की तरफ भेजा। बाण ने प्रभाकरवर्द्धन को 'हूणहरिणकेसरी' कहा है। हूणों के साथ प्रभाकरवर्द्धन की भिड़न्त ५७५ ई० के आसपास हुई होगी। यशोधर्मन् (मालवा के जनेन्द्र शासक) और नरसिंह गुप्त बालादित्य ने हूण-सम्राट् मिहिरकुल को ५३३ ई० के लगभग मध्यभारत से उखाड़ दिया था। मिहिरकुल अपनी पुरानी राजधानी शाकल की ओर बढ़ा, किन्तु वहाँ उसका भाई जमा बैठा था। अतएव उसने कश्मीर में शरण ली और धोखे से उसे हड़प लिया। वहाँ से अपने पुराने राज्य गंधार पर धावा किया, और वहाँ के अन्य हूण शासक को मारकर स्वयं राजा बन बैठा। ५४२ ई० में उसकी मृत्यु हो गई। उसकी मृत्यु के समय हूण कश्मीर और गन्धार में जमे थे। ५४७ ई० के लगभग कोसमा इंडिको प्लेउस्ते ने लिखा है कि श्वेत हूण भारत के उत्तर में थे और उनके तथा भारतवर्ष के बीच में सिन्धु नदी सीमा थी। हूणों के इन्हीं दो राज्यों के विरुद्ध प्रभाकरवर्धन ने युद्ध किया होगा। उसे इसमें कितनी सफलता मिली यह निश्चित नहीं, क्योंकि हम उसे हूणों को जीतने के लिये पुनः राज्यवर्द्धन को उत्तरापथ की ओर भेजते हुए पाते हैं। कश्मीर और विशेषतः गंधार बाण के उत्तरापथ में सम्मिलित जान पड़ते हैं। कुवलयमालाकथा (७७८ ई०) के अनुसार तोरमाण उत्तरापथ का राजा था। सातवीं शती के ऐतिहासिक भूगोल में गन्धार और उससे लगे हुए प्रदेश उत्तरापथ के अन्तर्गत थे। उत्तरापथ की विजय का सिरदर्द प्रभाकरवर्द्धन के साथ अन्त समय तक रहा, इसीलिए उसने कवच धारण के योग्य होते ही राज्यवर्द्धन को अपरिमित सेना (अपरिमित-बलानुयातम् १५०) अनुभवी मंत्रियों और स्वामिभक्त महासामन्तों के साथ हूण-युद्ध के लिये भेजा।

उस समय हर्ष की आयु लगभग १४—१५ वर्ष की थी, क्योंकि वह राज्यवर्धन से लगभग ४ वर्ष छोटा था (नवे वयसि वर्तमानः १५०)। राज्यवर्धन के साथ वह कुछ पड़ावों तक पीछे-पीछे गया, पर आगे उसकी रुचि शिकार खेलने की हुई और वह हिमालय की तराई

में कुछ दिन तक आखेट करता रहा। वहीं रात के चौथे पहर में एक दिन उसने बड़ा अशुभ स्वप्न देखा। एक शेर आग में जल रहा है और बच्चों को छोड़कर शेरनी भी आग में कूद रही है। वह घबराकर उठ बैठा। उस दिन शिकार में मन नहीं लगा। मध्याह्न के समय लौटकर बेंत की शीतल पाटी (वेत्र-पट्टिका) पर जिसके सिरहाने धवल उपधान रक्खा था, चिन्तित बैठा था कि दूर से ही उसने कुरंगक नाम के दूरगामी (दीर्घाध्वग) लेखहारक को आते हुए देखा। दीर्घाध्वग मेखलक (५२) के समान इसके सिर पर भी नीली पट्टी माला की तरह बँधी हुई थी जिसके भीतर लेख था[1]। चीर चीरिका वह कपड़े का फीता था जो प्रायः मूर्तियों के माथे के चारों ओर बँधा हुआ मिलता है। उसके दोनों सिरे चिड़ियों की दोफंकी पूँछ के ढंग से पीठ के ऊपर फहराते हुए दिखाए जाते हैं। भारतवर्ष और सासानी ईरान दोनों ही जगह यह उस युग की वेषभूषा थी। उसके उत्तरीय पट के छोर कंधे के दोनों ओर नीचे तक छहरा रहे थे। (अभिमुखपवनप्रेङ्खदुत्प्रविततोत्तरीयपटप्रान्तवीज्यामानोभयपार्श्वम्, १५१)। हवा में उड़ती हुई गन्धर्व-मूर्तियों में भी उत्तरीय की यही छवि दिखाई जाती है।

कुरंगक ने प्रणाम कर आगे बढ़कर लेख दिया। हर्ष ने स्वयं ही उसे लेकर बाँचा। लेखार्थ समझकर उसने पूछा—'कुरंगक, पिताजी को कौन-सी बीमारी (मान्य, १५२) है?' उसने कहा—'देव, महान् दाहज्वर है'। सुनकर हर्ष को बहुत दुःख हुआ। तुरन्त उसने सामने खड़े हुए युवक को घोड़े पर जीन (पर्याण) कसवाने की आज्ञा दी। ज्ञात होता है, उस समय पदाति सैनिक के लिये आजकल के जवान की तरह 'युवन्' शब्द का व्यवहार होता था[2]। बाण ने यहाँ सैनिक अभिवादन की रीति का उल्लेख किया है। पदातियों के एक हाथ में प्रायः तलवार रहती थी (दे० पृ० २१, कृपाणपाणिना)। उसे मस्तक से छुवाकर वे सैनिक अभिवादन की रीति पूरी करते थे। तुरन्त ही अश्वपाल (परिवर्धक, १५२) के लाए हुए घोड़े पर सवार होकर वह चल दिया।

उसकी टुकड़ी में अचानक कूच का संकेत देनेवाला शंख बजा दिया गया (अकांड-प्रयाणसंज्ञा शंख, १५२)। तुरन्त चारों ओर से घुड़सवार तैयार होकर चल पड़े। चलते समय उसे तीन तरह के असगुन हुए। हिरन बाईं ओर से निकले, कौआ सूर्य की ओर मुख करके सूखे पेड़ पर बैठकर काँव-काँव करने लगा और नंगा साधु मैले-कुचैले शरीर से हाथ में मोरछल लिए सामने दिखाई पड़ा (१५२)। शकुन-शास्त्र के अनुसार उपरोक्त तीनों बातें प्राचीन भारत में अपशकुन समझी जाती थीं। हिरन को उचित है कि सिंह की परिक्रमा करता हुआ निकले, यदि वह सिंह को अपना बायाँ देता है तो यह सिंह के विनाश का सूचक है (विनाशमुपस्थितं राजसिंहस्य)। कादम्बरी में कहा है कि हिरन यदि स्त्री की प्रदक्षिणा करता हुआ निकले तो वह उस स्त्री के लिये अशुभ है

---

१. लेखगर्भया नीलीरागमेचकरुचा चीर-चीरिकया रचितमुण्डमालकम्, १५१।
२. तुलना कीजिए पृ० २१, युवप्रायेण सहस्रमात्रेण पदातिबलेन।
३. पुरःस्थितशिरःकृपाणां बिभ्राणं बभाण युवानम्, १५२।
४. आग बुझानेवाले इंजन के घंटे की तरह, अथवा जेलों की पगली घंटी की तरह अचानक कूच की शंखध्वनि बिना रुके जोर-जोर से की जाती थी।

(प्रस्थितामिवानधीष्टदक्षिणवातमृगागमनाम्)। बृहत्संहिता (९५।१९) के अनुसार कौआ पूरब की ओर देखता हुआ यदि सूर्याभिमुख होकर बोले तो राज-भय होता है। नग्नाटक[1] से तात्पर्य नंगे जैन साधु या दिगम्बर का था। मुद्राराक्षस (अंक ४) में अमात्य राक्षस ने क्षपणक-दर्शन को अशुभ कहा है।

वह जल्दी-जल्दी मार्ग लाँघता हुआ चला। भंडि के कहने पर भी उसने भोजन नहीं किया और रात में भी बराबर रास्ता तय करता रहा। बाण ने यहाँ कहा है कि राजा या राजकुमार की सवारी से पहले ही प्रतीहार हरावल की तरह भेज दिये जाते थे। वे लोग गाँववालों को पकड़कर मार्ग-सूचन के लिये रास्ते के किनारे थोड़ी-थोड़ी दूर पर खड़ा कर देते थे (पुरः प्रवृत्त-प्रतीहार-गृह्यमाण ग्रामीण परम्परा-प्रकटित-प्रगुणवर्त्मा, १५२)।

अगले दिन वह स्कन्धावार में पहुँच गया। यह राजकीय छावनी स्थाण्वीश्वर में थी। उसने देखा कि स्कन्धावार में बाजे-गाजे, उत्सव-हाट का सब काम बन्द है। वहाँ तरह-तरह के पूजा-पाठ और भूतोपचार हो रहे हैं। बाण ने इनका पूरा वर्णन दिया है, तथापि ये प्रथाएँ अत्यन्त भीषण होने के कारण तत्कालीन संस्कृति के लिये शोभास्पद नहीं कही जा सकतीं। एक ओर कोटि होम की आहुतियों का धुआँ यमराज के भैंसे के टेढ़े सींग की तरह उठ रहा था। स्नेही स्वजन उपासे रहकर हर को प्रसन्न करने में लगे थे। राजघरानों के कुलपुत्र दियाली जलाकर सप्तमातृकाओं (मातृमंडल) को प्रसन्न कर रहे थे। कहीं पाशुपतमतानुयायी द्रविड़ मुण्डोपहार चढ़ाकर वेताल (आमर्दक) को प्रसन्न करने की तैयारी में था[2]। कहीं आंध्रदेश का पुजारी अपनी भुजा उठाकर चंडिका के लिये मनौती मान रहा था। एक ओर नये भर्ती हुए नौकरों (नव सेवक) के सिर पर गुग्गुल जलाकर महाकाल को प्रसन्न किया जा रहा था और इस पीड़ा से वे छटपटा रहे थे। बाण ने अन्यत्र लिखा है कि इस तरह सिर के आधे हिस्से पर गुग्गुल जलाने से कपाल की हड्डी तक जलकर दीखने लगती थी (१०३)। एक ओर आप्तश्रेणी के लोग अनिष्टबाधा निवृत्ति के लिये तेज छुरी से स्वयं अपना मांस काट-काटकर होम कर रहे थे (आत्ममांस-होम)। कहीं राजकुमार लोग खुलेआम महामांस की बिक्री की तैयारी में थे। यह क्रिया शैवों में कापालिक लोगों की थी जो अपने-आपको महाव्रती भी कहते थे। वे एक हाथ में खट्वांग लिए रहते थे। महामांस का विक्रय वेतालों के लिये किया जाता था। छठे उच्छ्वास में भी महाकाल के मेले में प्रद्योत के राजकुमार द्वारा महामांस-विक्रय का उल्लेख है (१९९)।

बाजार में घुसते ही हर्ष ने एक यमपट्टिक को देखा। सड़क के लड़कों ने उसे घेर रक्खा था। बाएँ हाथ में ऊँची लाठी के ऊपर उसने एक चित्रपट फैला रक्खा था जिस में भयंकर भैंसे पर चढ़े यमराज का चित्र लिखा था। दाहिने हाथ में सरकंडा लिए हुए वह

१. हिन्दी का लुच्चा-लुंगाडा शब्द संस्कृत के लुंचित-न-नाटक से बना है। नंगे जैन साधु के लिये बाण ने क्षपणक शब्द का भी उल्लेख किया है (४८)। ये लोग हाथ में मोर के पंखों की पीछी रखते थे और बहुत दिनों तक स्नान न करने से अत्यन्त मैले रहते थे। दिवाकर मित्र के आश्रम के वर्णन में इन्हीं साधुओं को आर्हत कहा है (२३६)।

२. द्रविड़ धार्मिक के अभिचारों का खाका कादम्बरी के चंडिकावर्णन में विस्तार से खींचा गया है।

लोगों को चित्र दिखाता और परलोक में मिलनेवाली नरक-यातनाओं का बखान कर रहा था[1]। बाण ने अन्यत्र कहा है कि यमपट्टिक लोग चित्र दिखाते समय जोर-जोर से पद्यबद्ध कुछ कहते जाते थे (उद्गीतकाः, १३८)। सम्भवतः उनका विषय स्वर्ग-नरक के सुख-दुःख था। देवी-देवताओं के चित्रपटों की प्रथा खूब चल गई थी। लक्ष्मीपट्ट, अनंगपट्ट आदि के अवतरण मिलते हैं। मध्य एशिया से लगभग बाण के समकालीन अनेक बुद्ध-पट सहस्र-बुद्ध-गुफा-मन्दिर से प्राप्त हुए हैं।

हर्ष स्कन्धावार पार करके राजद्वार पर आया। ड्योढ़ी के भीतर सब लोगों का आना-जाना रोक दिया गया था। जैसे ही वह घोड़े से उतरा, उसने सुषेण नामक वैद्यकुमार को भीतर से बाहर आते हुए देखा और पिता की हालत पूछी। सुषेण ने कहा--'अभी तो अवस्था में सुधार नहीं है, आपके मिलने से कदाचित् हो जाय।' ड्योढ़ी पर द्वारपालों ने उसे प्रणाम किया और वहाँ उसने अनेक प्रकार के पूजा-पाठ और उपचार होते हुए देखे। लगभग सभी धर्मों के अनुसार मन्त्रों का पाठ-जप और देव-पूजन चल रहा था। तत्कालीन समन्वय-प्रधान धार्मिक स्थिति पर इससे प्रकाश पड़ता है। वहाँ दान-दक्षिणा दी जा रही थी, कुलदेवताओं का पूजन हो रहा था, अमृतचरु पकाना आरम्भ किया गया था, षडाहुति होम हो रहा था[2]। महामायूरी का पाठ चल रहा था। जैसा कि शंकर ने लिखा है, महा-मायूरी बौद्धों की विद्या थी[3]। गृहशान्ति का विधान हो रहा था और भूतों से रक्षा के लिये बलि दी जा रही थी। संयमी ब्राह्मण संहितामंत्रों का जप करने में लगे थे। शिव के मन्दिर में रुद्र-एकादशी (यजुर्वेद के रुद्र-सम्बन्धी ११ अनुवाक) का जप बैठा हुआ था। अत्यन्त पवित्र शैव भक्त विरूपाक्ष (शिव) को एक सहस्र दूध के कलशों से स्नान कराने में लगे थे। राजद्वार के सामने खुले आँगन में राजा लोग जमा थे और भीतर से बाहर आनेवाले राजा के निकटवर्ती सेवकों से सम्राट् के स्वास्थ्य का हाल-चाल पूछ रहे थे। (१५४)

राजद्वार के बाहर के इस चित्र में पूरा रंग भरने के लिये बाण ने बाहर ही काम करनेवाले नौकरों (बाह्य परिजन) के आलापों का भी परिचय दिया है। वे लोग राजद्वार के बाहरी अलिंद या द्वार से सटे हुए कोठों में ठट्ठ बनाकर बैठे कानाफूसी कर रहे थे। दुख से उनके मुख मलीन थे। कोई कहता, वैद्यों से ठीक चिकित्सा नहीं बन पड़ी; कोई व्याधि को असाध्य कहकर उसके लक्षण बताता; कोई अपने दुस्स्वप्नों की चर्चा करता; कोई कहता कि पिशाच ने राजा को धरा है; कोई दैवज्ञों की कही हुई बात सुनाता; कोई उत्पातों की चर्चा करता; कोई कहता, जीवन अनित्य है, संसार दुखों की खान है; कोई घोर कलिकाल की करतूत बताता; कोई देव को दोष देता; कोई धर्म को ही उलाहना देता; कोई राजकुल के देवताओं की निन्दा करता; कोई उन कुलपुत्रों के भाग्य की निन्दा करता जिनपर दुःख का पहाड़ टूट पड़ा था।

१. **प्रविशन्नेवच विपणिवर्त्मनि कुतूहलकु बहलबालकपरिवृत मूर्ध्वयष्टिविष्कम्भविततते वाम-हस्तवर्तिनि भीषणमहिषाधिरूढप्रेतनाथसनाथे चित्रवति पटे परलोकव्यतिकरं इतरकर-कलितेन शरकांडेन कथयन्तं यमपट्टिकं ददर्श, १५३।**

२. **प्रजापति आदि छः देवताओं के लिये दी जानेवाली छः आहुतियाँ।**

३. **महामायूरी विद्याराज्ञी बौद्धों के पंचरक्षासंग्रह में से एक था। बावर मैनुस्क्रिप्ट के देवनागरी संस्करण 'नावनीतकं' के छठे-सातवें प्रकरणों में महामायूरी का पाठ दिया हुआ है।**

इस प्रकार वह राजकुल में प्रविष्ट हुआ। अनेक प्रकार के ओषधिद्रव्य, तरल पदार्थों और सुगन्धियों से औंटाए जाते हुए काढ़ों, घृत और तैलों की गन्ध लेते हुए वह महल की तीसरी कक्ष्या में पहुँचा। राजभवन में तीन कक्ष्याएँ या चौक लगते थे, ऐसा मणितारा के स्कन्धावार के सम्बन्ध में कहा जा चुका है (६६)। चौथी कक्ष्या में राजा का निजी आस्थानमंडप होता था। बीमारी के समय प्रभाकरवर्धन चौथी से तीसरी कक्ष्या में आ गए थे। वाल्मीकिरामायण में भी कहा है कि महल में तीन कक्ष्याएँ होती थीं और तीसरी में रनिवास रहता था। (अयो० २० । १२)[1]।

यहाँ थानेश्वर के राजभवन में तीसरी कक्ष्या में देवी यशोवती का धवलगृह था। उसी में इस समय प्रभाकरवर्धन थे।

धवलगृह (हिन्दी धौराहर, धरहरा)—राजकुल के भीतर राजा और महादेवी के निवास का मुख्य महल धवलगृह कहलाता था। उसकी देहली पर अनेक वेत्रधारी प्रतीहारियों का कड़ा पहरा लगता था। उसके अंदर लंबी-चौड़ी वीथियाँ थीं जो तिहरे पर्दे के पीछे छिपी थीं (त्रिगुणतिरस्करणीतिरोहितसुवीथिपथे, १५५)। अजन्ता के चित्रों को देखने से वीथियों और पर्दों का क्रम कुछ समझ में आता है। राजा साहब औंधकृत अजन्ता पुस्तक के फलक ६७ पर विश्वन्तरजातक के एक दृश्य में विश्वन्तर टापदार छोटे पायों की चौकी (पर्यङ्किका) पर बैठे हैं। उनके पीछे रंगीन बटी हुई डोरी पर दौड़ती हुई नलकियों से लटकती रंग-बिरंगी लंबी तिरस्करणी तनी हुई है। उसके पीछे एक ऊँची तिरस्करिणी और है और अन्त में लाल पर्दा या कनात है जिसके बीच में दीप्तिपट (छोटा पर्दा) भी दिखाया गया है। इन पर्दों के अंदर की तरफ सुडौल खम्भों के ऊपर छत के पटाव समेत आँगन की ओर खुलते हुए दालान हैं। ये ही महल के अंदर की सुवीथियाँ हैं। फलक-संख्या ७७, ५७, ४१, और ३३ में भी तिरस्करणी के अन्दर की ओर खम्भों के साथ बनी हुई वीथियाँ दिखाई गई हैं। ये वीथियाँ अत्यन्त सुन्दर और अलंकृत होती थीं। वीथियों और बाहर की दीवार के बीच में दास-दासियों के आने-जाने के लिये गलियारा रहता था। उसे ही हर्षचरित में वीथी-पथ कहा गया है। महल के भीतरी भाग में पहुँचने के लिये पक्षद्वार भी होते थे। उपरोक्त पुस्तक के फलक ७७ पर वीथी के बाईं ओर की दीवार या ओटे में पक्षद्वार स्पष्ट दिखाया गया है (चित्र ५१)। इसी में होकर लोग वीथी के भीतर आते-जाते दिखाए गए हैं।

बाण के ग्रन्थों से राजकीय स्कन्धावार, उसके भीतर बने हुए राजकुल एवं उसके भीतर सम्राट् और महादेवी के निजी निवास के लिये निर्मित धवलगृह—इन तीनों के स्थापत्य का स्पष्ट चित्र उपलब्ध होता है। स्कन्धावार और राजकुल के विषय में संक्षेप में ऊपर कहा जा चुका है। धवलगृह का स्वरूप बाण के समय में इस प्रकार था—धवलगृह की ड्योढी गृह-अवग्रहणी कहलाती थी। अवग्रहणी का अर्थ रोक-थाम या रोक-टोक करने की जगह

१. प्रविश्य प्रथमां कक्ष्यां द्वितीयायां ददर्श सः।
ब्राह्मणान्वेदसम्पन्नान् वृद्धान् राज्ञाभिसत्कृतान्॥ (११)
प्रणम्य रामस्तान्वृद्धांस्तृतीयायां ददर्श सः।
स्त्रियो बालाश्च वृद्धाश्च द्वाररक्षणतत्पराः॥ (१२)

था, क्योंकि राजद्वार में बाहर से प्रविष्ट होनेवाले व्यक्ति यहीं पर रोके जाते थे और विशेष राजाज्ञा या प्रसाद जिन्हें प्राप्त था वे ही उसके भीतर प्रवेश पाते थे। गृहावग्रहणी में गृह पद धवलगृह का ही अवशिष्ट रूप है। गौरव के लिये उसके साथ गृह पद आवश्यक था, इसलिये बोलचाल में वह बचा रहा, फिर इसका साधारण अर्थ देहली हो गया[1]। यहाँ के कड़े प्रबन्ध की सूचना में बाण ने कहा है कि इस स्थान पर बहुसंख्यक वेत्रग्राही नियुक्त रहते थे और उनके अधिकार भी अन्य वेत्रग्राहियों की अपेक्षा अधिक थे। एक प्रकार से, गृहावग्रहणी के वेत्री लोगों का उसपर कब्जा माना जाता था और उनकी अनुमति के बिना कोई भीतर-बाहर आ-जा नहीं सकता था। (गृहावग्रहणी ग्राहिबहुवेत्रिणि १५५)।

धवलगृह में भीतर चारों ओर कमरों की पंक्ति होती थी। इसके लिये मूल शब्द 'चतुःशाल' था। चतुःशाल का ही 'चौसल्ला' रूप बनारस की बोली में अभी तक प्रचलित है। यह शब्द उस स्थापत्य से लिया गया था जिसमें एक आंगन के चारों ओर चार कमरे या दालान बनाए जाते थे। गुप्तकाल में इस चतुःशाल भाग को 'संजवन' कहने लगे थे (अमरकोष)। बाण ने भी इसी शब्द का प्रयोग किया है। संजवन का अर्थ है वह स्थान जहाँ विशेष आज्ञा से लोग पहुँच सके[2]। संजवन या चतुःशाल स्थान धवलगृह की ड्योढ़ी के भीतर थी, अतएव वहाँ तक पहुँचना कठिनाई से ही हो सकता था। संजवन या चतुःशाल के विशाल आँगन में बीचो-बीच राजा और रानियों के रहने का निजी स्थान था। इसकी ड्योढ़ी के भीतर दो छोटे-छोटे पक्षद्वार थे, उन्हीं से भीतर प्रवेश सम्भव था। यह कुल स्थान जैसा कि ऊपर कहा जा चुका है तिहरी तिरस्करणी से घिरा रहता था। इसके भीतर तीन ओर सुवीथियाँ थीं। अजन्ता की गुफाओं में परिवार के साथ बैठे हुए जो राजा-रानियों के कई चित्र हैं, वे इन्हीं वीथियों से सम्बन्ध रखते हैं। यहीं पक्षद्वारों के पास ऊपर जाने के लिये सोपानमार्ग बना होता था। ऊपर के तल्ले में आगे की ओर तीन कमरे रहते थे जो विशेष-रूप से राजा-रानी के निजी कमरे थे। बीच में प्रग्रीवक (उठने-बैठने का कमरा[3]), दाहिनी ओर वासगृह (सोने का कमरा) और बाईं ओर सौध जिसकी छत अधिकांश खुली रहती थी। यहाँ रानी यशोवती स्तनांशुक को भी छोड़कर चाँदनी में बैठती थी। वासगृह सबसे अन्तरंग कमरा था जहाँ राजा-रानी विश्राम करते थे। यशोवती के वासगृह की दीवारों पर भित्तिचित्र बने हुए थे (१२७)। दाएँ-बाएँ के पार्श्वों में दालाननुमा जो स्थान था उसे प्रासादकुक्षि कहते थे। उसमें राजा अपने चुने हुए आप्त सुहृदों और रानियों के साथ अन्तःपुर-संगीतक या उसी प्रकार की अन्तरंग गोष्ठियों का सुख लेते थे। इसी तल्ले में पीछे की ओर चन्द्रशालिका होती थी जो खम्भों पर बना हुआ खुला कमरा था। यहाँ विशेष रूप से चाँदनी में उठते-बैठते थे और रात्रि के उत्सव भी यहीं मनाए जाते थे।

इस प्रकार के धवलगृह की रचना का एक स्पष्ट चित्र हर्षचरित से प्राप्त होता है। स्कन्धावार, राजकुल और धवलगृह इन तीनों का सन्निवेश स्पष्ट समझाने के लिये परिशिष्ट

१. गृहावग्रहणी देहलीद्वारारम्भदेशः, शंकर, १५५।
२. जु गतौ धातु से संजवन शब्द बनता है (संजवन्त्यत्र)।
३. प्रग्रीवक का पर्याय अमरकोश की रामाश्रमी टीका में मुखशाला दिया हुआ है। धवलगृह के बीच में ग्रीवा के स्थान पर होने के कारण इसका यह नाम पड़ा।

में उनके तलदर्शन (ग्राउंड प्लान) के स्वरूप (नक्शे) चित्र में अंकित किए गए हैं। न केवल बाणभट्ट अपितु संस्कृत के अन्य काव्यों में भी राजकुल के विविध भागों का उल्लेख बराबर आता है जो इन चित्रों की सहायता से स्पष्ट हो सकेगा।

प्रस्तुत प्रसंग में यह कहा गया है कि प्रभाकरवर्धन अपनी बीमारी की हालत में धवलगृह में थे। धवलगृह की उस समय क्या अवस्था थी यह भी प्रस्तुत वर्णन से ज्ञात होता है। वहाँ उस समय बिल्कुल सन्नाटा छाया हुआ था। पक्षद्वार बंद कर दिया गया था। गवाक्ष या रोशनदान बंद कर दिए गए थे जिससे सीधी हवा न आ सके (घटित-गवाक्षरुद्धितमरुति)। सोपान पर पैरों की आहट होने से प्रतीहारी विशेष कुपित होते थे। राजा का निजी अंगरक्षक (कंकटी, जो रक्षा के सब साधनों से हर समय लैस रहता था) अत्यन्त निकट न होकर कुछ हटकर बैठा था। आचमन का पात्र लिये हुए सेवक कोने में खड़ा था। पुराने मन्त्री लोग चन्द्रशालिका में चुप मारे बैठे थे। स्वजन स्त्रियाँ अत्यन्त विषादयुक्त अवस्था में सुगुप्त प्रग्रीवक (मुखशाला) में बैठी थीं (बान्धवांगना गृहीतप्रच्छन्नप्रग्रीवके, १५५)। सेवक लोग दुखी होकर नीचे संजवन या चतुःशाला में एकत्र थे। कुछ ही प्रेमी व्यक्तियों को धवलगृह में अंदर आने की आज्ञा मिल सकी थी। वैद्य भी ज्वर की गम्भीरता से डर गए थे। मन्त्री घबराए हुए थे। पुरोहित का बल भी फीका पड़ रहा था। मित्र, विद्वान्, मुख्य सामन्त—सभी दुःख में डूबे थे। चामरग्राही और शिरोरक्षक (प्रधान अंगरक्षक) दोनों दुख से कृश थे। राजपुत्रों के कुमार रात भर जागने से धरती पर ही पड़कर सो गए थे[1]। कुल में परम्परा से आए कुलपुत्र[2] भी शोक में डूबे जा रहे थे। कंचुकी, बंदीगण, आसन्न सेवक-सब दुःखी थे। प्रधान रसोइये (पौरोगव) वैद्यों के बताए पथ्य की बात ध्यान से सुन रहे थे। दुकानदार या अत्तार अनेक प्रकार की जड़ी-बूटियाँ (भेषज-सामग्री) जुटाने में लगे थे। पीने के पानी के अध्यक्ष (तोयकर्मान्तिक) की बार-बार पुकार हो रही थी। तक्र की मटकियों को बरफ में लपेटकर ठंडा किया जा रहा था[3]। बरफ के प्रयोग के सम्बन्ध में बाण का यह उल्लेख सबसे प्राचीन है। जाड़े में हिमालय से लाकर बरफ का संचय भूमि के नीचे गड्ढे खोदकर उनमें यत्नपूर्वक रक्खा जाता था।

१. बाण ने राजपुत्र कुमारक का पहली बार प्रयोग विशेष अर्थ में किया है। राजपुत्र का अर्थ यहाँ राजपूत जान पड़ता है। राजपूतों की विभिन्न शाखाओं के प्रधान घरानों से बाण का तात्पर्य ज्ञात होता है। उनके पुत्र सम्राट् के यहाँ बारी-बारी से उपस्थित रहने में अपना गौरव मानते थे। ऐसी किसी प्रथा की सम्भावना सूचित होती है, पर इस विषय में और प्रमाण-सामग्री की आवश्यकता है।

२. कुलपुत्रों का बाण ने कई बार उल्लेख किया है। वे ऐसे राजकुमार थे जिन्हें राजा और रानी पुत्र समझ करके स्वीकार कर लेते थे और जो राजकुल में ही रहते थे। प्रभाकरवर्धन की बीमारी से दुःखित होकर एक कुलपुत्र ने भक्ति के आवेश में आकर अपने-आपको आग में जला दिया। इस समाचार को सुनकर हर्ष ने कहा क्या-पिता (प्रभाकरवर्धन) इसके भी पिता न थे? क्या जननी (यशोवती) इसकी भी माता न थीं? और क्या हम भाई न थे? (१६१)।

३. तुषारपरिकरितकरकशिशिरीक्रियमाणोदश्विति, १५५।

इस वर्णन में सांस्कृतिक वर्णन की दृष्टि से कुछ अन्य बातें इस प्रकार हैं। श्वेत गीले कपड़े में लपेटकर कपूर की सलाइयाँ ठंडी की जा रही थीं। नए बर्तनों के चारों ओर गीली मिट्टी लथेड़कर उसमें कुल्ली करने की औषधि रक्खी हुई थी। लाल रंग की कच्ची शक्कर की तेज गन्ध उठ रही थी। एक ओर घड़ौंची पर पानी भरी हुई बालू की सुराही रक्खी हुई थी (मञ्चैकाश्रितसिक्तिलकर्करी, १५६)। उसपर रोगी की दृष्टि पड़ने से उसे कुछ शान्ति मिलती थी। पानी में भींगी हुई सिरवाल घास में लपेटी हुई गोलें छींकों पर टँगी हुई थीं। उनमें से रिसता हुआ जल वायु को शीतल कर रहा था[1]। गल्वर्क की सरैयों में भुजिया के सत्तू भरे हुए थे और पीले मसार की प्याली में सफेद शक्कर रक्खी हुई थी (गल्वर्कशाराजिरोल्लासितलाजसक्तुनि पीतमसारपारीपरिगृहीत कर्कशर्करे, १५६)।

इस प्रसंग में दो बातें ध्यान देने योग्य हैं—एक तो पाटल शर्करा (लाल या गुड़िया शक्कर) और दूसरे कर्कशर्करा[2] या सफेद शक्कर (खाँड़ की चासनी को पकाकर और कूटकर बनाई हुई बूरा)। इन दोनों का पृथक्-पृथक् उल्लेख भारतीय शर्करा के इतिहास की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है।

गल्वर्क के शाराजिर और मसार की पारी, ये उस समय के रत्नपात्र थे जो राजकीय खान-पान में काम आते थे। शाराजिर बाण में कई जगह आता है। इसका मूल अर्थ मिट्टी की सराई था। शार और अजिर इन दो शब्दों के मिलने से यह बना है जिसका अर्थ है वह वस्तु जिससे आँगन शबलित हो जाय। इस शब्द के प्रचलन का मूल कारण यह था कि कुम्हार चाक पर जो सरैयाँ बनाता जाता था वे आँगन में बालू की तह बिछाकर सूखने के लिये फैला दी जाती थीं। यों सफेद और काले के मिलने से कुम्हार के घर का खुला आँगन शबलित दिखाई पड़ता था। पारी का अर्थ पाली या कटोरी है। हिन्दी में यह शब्द अब भी प्रयुक्त होता है।

गल्वर्क और मसार ये दोनों शब्द महत्त्वपूर्ण हैं। महाभारत, दिव्यावदान और मृच्छकटिक में भी ये दोनों शब्द प्रयुक्त हुए हैं। मसार का रूप मुसार भी मिलता है। मसार संस्कृत अश्मसार से सम्बधित हो सकता है। पूर्व देश के राजा अश्मसार के बर्तन युधिष्ठिर के लिये भेंट में लाए थे। बहुत सम्भव है कि मसार बर्मा से आनेवाली यशब (अँग्रेजी जेड) का नाम था। बाण ने उसके आगे पीत विशेषण लगाया है। हलके

१. सरस शेवलवलयितगलद्गोलयन्त्रके, १५६। सिरवाल (शेवल) एक प्रकार की लम्बी घास है जो बहते पानी में प्रायः होती है। इसी से नदी को शेवलिनी कहते हैं। यह बहुत गरम होती है। बीच-बीच में इसकी तह बिछाने से राब में से शीरा टपककर अलग हो जाता है। यहाँ भी सम्भवतः वही उद्देश्य था। सिरवाल की गरमी से गोल का पानी रिसकर बाहर आ रहा था और भाप बनकर उड़ रहा था।

२. कर्कश्वेत। सफेद घोड़े को भी कर्क कहा गया है। दे० महाभाष्य, समाने च शुल्के वर्गे गौः श्वेत इति भवत्यश्वः कर्क इति सूत्र १।२।७१, २।२।२९। कर्क राशि का जिसका अधिपति चन्द्रमा है, रंग श्वेत माना गया है। उसी से कर्क शब्द का श्वेत अर्थ प्रसिद्ध हुआ।

पीले रंग की शराब को पीत मसार कहा गया ज्ञात होता है। दूसरा संग जिसके खान-पान के पात्र बनते थे हकीक था। उसी के लिये सम्भवतः गल्वर्क शब्द प्रयुक्त होता था[1]।

इसके बाद काव्य की शैली से प्रभाकरवर्धन की रुग्णावस्था का वर्णन किया गया है (१५६)। उसमें प्रासंगिक रूप से यह सूचना आई है कि जब राजा लोग दूतों से भेंट करते थे तो वे उस अवसर के अनुरूप विशेष आभूषण पहनकर ठाट-बाट का प्रदर्शन करते थे[2]। जिस समय प्रभाकरवर्धन ने हर्ष को देखा उन्होंने उठने की कुछ चेष्टा की। हर्ष ने उन्हें प्रणाम किया। उन्होंने बड़ी कठिनता से इतना कह पाया—'हे वत्स, कृश जान पड़ते हो।' भंडि ने सूचना दी कि हर्ष को भोजन किए हुए तीन दिन हो चुके हैं। यह सुन प्रभाकरवर्धन ने गद्गद होकर रोते हुए कहा—'उठो, आवश्यक क्रियाएँ करो। तुम्हारे आहार करने के बाद ही मैं भी पथ्य लूँगा।' फिर क्षण भर वहाँ ठहरकर हर्ष धवलगृह से नीचे उतरा और अपने स्थान पर जाकर उसने दो चार कौर खाए। पुनः वैद्यों को अलग बुलाकर पिता की हालत पूछी। उन्होंने गोल मोल उत्तर दिया। उन वैद्यों में रसायन नाम का एक वैद्यकुमार था जो अष्टांग आयुर्वेद का ज्ञाता और राजकुल के साथ वंशपरम्परा से सम्बन्धित था। हर्ष ने उससे पूछा—'सखे रसायन, सच्ची हालत बताओ। क्या कुछ खटके की बात है?' उसने उत्तर दिया—'देव, कल प्रातः निवेदन करूँगा।' इसके बाद हर्ष पुनः धवलगृह में सम्राट् के समीप ऊपर गया। वहाँ रात में प्रभाकरवर्धन की हालत और बिगड़ी हुई थी। वे बहकी-बहकी बातें कह रहे थे। प्रातःकाल होने पर हर्ष फिर नीचे उतर आया। इससे यह ज्ञात होता है कि प्रभाकरवर्धन बीमारी की हालत में धवलगृह के ऊपरी भाग में थे। धवलगृह से राजद्वार तक हर्ष पैदल ही आया। राजद्वार पर उसका साईस (परिवर्धक=अश्वपाल, १६०) घोड़ा लिए उपस्थित था। किन्तु हर्ष पैदल ही अपने मन्दिर को लौटे। ज्ञात होता है कि राजद्वार के भीतर सम्राट् के अतिरिक्त अन्य कोई घोड़े पर चढ़कर नहीं जा सकता था। यह नियम राजकुमारों के लिये भी लागू था।

वहाँ से उसने राज्यवर्धन को बुलाने के लिये तेज दौड़नेवाले दीर्घाध्वग (लम्बी मंजिल मारनेवाले) संदेशहरों को और वेगगामी साँड़नी सवारों (प्रजविनः उष्ट्रपालान्) को तला-ऊपरी दौड़ाया। इसी बीच में उसने सुना कि एक कुलपुत्र ने सम्राट् के प्रति भक्ति

१. श्री सुनीतिकुमार चटर्जी ने गल्वर्क और मसार शब्दों पर विस्तृत विचार करते हुए यह सम्मति प्रकट की है कि संस्कृत मसार या मुसार शब्द चीनी 'मोसो' से जिसका प्राचीन उच्चारण 'मुवासार' था निकला है। चीनी शब्द को वे ईरानी शब्द बस्सद (=मूँगा) से लिया हुआ समझते हैं, किन्तु यह मत असंदिग्ध नहीं है।

गल्वर्क शब्द उनकी दृष्टि में तामिल 'कल', तेलुगु 'कल्ल', सिंहली 'गल्ल' से सम्बन्धित है जिसका मूल अर्थ पत्थर था। गल्ल—गल्लवक से संस्कृत रूप गल्वर्क (गल्लु अर्क) बना। इसका अर्थ कीमती पत्थर या स्फटिक था। (सुनीतिकुमार चटर्जी, सम एटिमोलोजिकल नोट्स, श्री डेनिसन रास के सम्मान में प्रकाशित अभिनन्दन-ग्रन्थ, पृ० ७१—७४)

२. उरःस्थलस्थापितमणिमौक्तिकहरिचन्दनचन्द्रकान्तं दूतदर्शनयोग्यमिवात्मानं कुर्वाणम्, १५६।

और स्नेह से अभिभूत होकर आग में कूदकर जान दे दी है। हर्ष की प्रतिक्रिया हुई कि इसने अपने कुलपुत्रता धर्म को चमका दिया। इसका यह काम स्नेह के अनुसार ही हुआ, क्योंकि पिता प्रभाकरवर्धन और माता यशोवती क्या इसके भी पिता-माता न थे। कुलपुत्रों का राजकुल के साथ अत्यन्त घनिष्ठ सम्बन्ध इस कथन से सूचित होता है। उस दिन वह राजभवन में नहीं गया। उत्तरीय से मुख ढककर अपने पलंग पर पड़ा रहा।

दुःख की उस अवस्था में राजभवन की सब हँसी-खुशी जाती रही। परिहास, गीत-गोष्ठियाँ, लास्य, प्रसाधन, उपभोग, आहार-आपानमंडल, बन्दिजनों के श्लोक-पाठ, सब-कुछ बन्द से थे। इस समय राजधाम में अनेक प्रकार के अशकुन होने लगे। बाण ने सोलह प्रकार के महोत्पात कहे हैं, जैसे भूकम्प, समुद्र की लहरों का मर्यादा छोड़कर बढ़ना, धूम-केतुओं का आकाश में ऊँचे पर दिखाई देना, उन्हीं का नीचे क्षितिज के पास दिखाई पड़ना, सूर्यमंडल में कबन्ध का दिखाई पड़ना, चन्द्रमा का जलते हुए कुंडल के भीतर बैठना, लाली से दिशाओं का लहूलुहान हो जाना, पृथ्वी पर रक्त की वर्षा होना, दिशाओं का काले-काले मेघों से ओझल हो जाना, घोर वज्रपात होना, धूल-गुबार का सूर्य के ऊपर छा जाना, स्यारों का मुँह उठाकर रोना, प्रतिमाओं के केशों का धुँधुआना, सिहासन के समीप भौरों का उड़ना, कौओं का अन्तःपुर के ऊपर उड़ते हुए काँव-काँव करना, बूढ़े गृद्ध का सिंहासन में जड़े माणिक्य पर मांसखंड की तरह झपटना। इस प्रकार के अशुभ निमित्त या प्राकृतिक उत्पातों का विचार बाणभट्ट के समय काफी प्रचलित था। वराह-मिहिर-कृत बृहत्संहिता में इस प्रकार के उत्पातों और अपशकुनों पर विस्तृत विचार किया गया है।

यशोवती की वेला नामक प्रतीहारी ने आकर हर्ष को सूचना दी कि महादेवी ने सम्राट् के जीते ही अनुमरण का भयंकर निश्चय कर लिया है। वेला के वर्णन में क्वणित तुलाकोटिसंज्ञक नूपुर, शिंजान रशना, तरंगित उत्तरीयांशुक, धम्मिल्ल केशरचना का उल्लेख किया गया है। सांस्कृतिक दृष्टि से तरंगित उत्तरीय से तात्पर्य उस प्रकार की उत्तरीय-रचना से था जिसमें सामने छाती पर उत्तरीय में बारीक शिकन या रेखाएँ दिखलाई जाती हैं। पत्थर और काँसे की मूर्तियों में यह लक्षण मिलता है (चित्र ५२)। इस प्रकार की मूर्तियाँ सातवीं शती में बननी आरम्भ हो गई थीं। यह बाण के अवतरण से ज्ञात होता है। पृष्ठ १९९ पर भी तरंगित स्तनोत्तरीय का वर्णन आया है। धम्मिल्ल किस प्रकार की केशरचना को कहते थे इसके स्पष्टीकरण के लिये इस शब्द के मूल और व्युत्पत्ति पर ध्यान जाता है। संस्कृत द्रमिड़ या द्रविड़ सिंहली दमिल, यूनानी दमरिके, तमिल देश के प्राचीन नाम है। इसी से धम्मिल्ल शब्द की व्युत्पत्ति ज्ञात होती है। धम्मिल्ल केशरचना में सिर के ऊपर केशों को भारी जूड़े के रूप में बाँध लिया जाता था जैसा कि अजन्ता की १७ वीं गुफा में अंकित प्रेयसी के चित्र में है (राजा साहब औंध-कृत अजन्ता, फलक ६९)। (चित्र ५३) इस प्रकार का केश-विन्यास उत्तरी भारत में सर्वप्रथम गुप्तकाल में दक्षिणी प्रभाव से आया, कुषाणकालीन मूर्तियों में धम्मिल्ल केशरचना नहीं मिलती।

उस दारुण समाचार को सुनकर हर्ष तुरन्त अन्तःपुर में आया। वहाँ मरणोद्यत राजमहिषियों के आलाप सुने। इन आलापों का वर्णन काव्य के बँधे हुए ढंग पर है।

इस वर्णन में उन पशु-पक्षियों एवं लता-वनस्पतियों की सूची है जो अत्यन्त प्रिय भाव से राजकीय भवन में रक्खी जाती थीं। काव्यों में प्रायः इनका वर्णन मिलता है।

भवन-पादपों में जातिगुच्छ, भवन-दाड़िमलता, रक्ताशोक अन्त पुर बाल बकुल, प्रियंगुलतिका और राजभवन के द्वार पर लगा हुआ सहकार, ये नाम हैं। इन वनस्पतियों से सम्बन्धित राजाओं के विनोदों का भी उल्लेख मिलता है। रनवास में यौवन-सुख, आमोद-प्रमोद, उद्यान-क्रीड़ा और सलिल-क्रीड़ा आदि अनेक उपभोग-लीलाओं का राजकीय दिनचर्या और ऋतुचर्या में निश्चित स्थान कल्पित किया गया था। कादम्बरी में राजा शूद्रक की इस प्रकार की लीलाओं का कुछ वर्णन है (कादम्बरी वैद्य० पृ० ५७-५८)। गृहपक्षियों में पंजर-शुक-शारिका, गृहमयूर, हंसमिथुन, चक्रवाकयुगल, गृहसारसी और भवनहंसी एवं पशुओं में गृहहरिणिका, पंजरसिंह और राजवल्लभ कौलेयक (१६५) के नाम हैं। ये भी अन्तःपुर के आमोद-प्रमोदों के जनक और साझीदार थे।

यशोवती के निजी सेवक और पार्श्वचरों में चेटी, कात्यायनिका, धात्रेयी और कंचुकी का उल्लेख किया गया है। कात्यायनिका बड़ी-बूढ़ी संसार का अनुभव रखनेवाली स्त्री होती थी[1]। बाण की मित्र-मंडली में भी एक कात्यायनिका थी। धात्रेयी या धात्री-सुता का काम रानी का प्रसाधन करना था[2]। कंचुकी पुरुष होते हुए भी रानी के पार्श्वचरों में सम्मिलित था। उसे बाण ने आयु में अत्यन्त वृद्ध कहा है[3]। बूढ़े कंचुकियों में जो सबसे अधिक आयु के थे वे रानी के सेवक नियुक्त किये जाते थे, क्योंकि वे अत्यन्त विश्वसनीय और चरित्र-शुद्ध समझे जाते थे। रानी के चारों ओर जो सखियाँ रहती थीं उनमें एक मुख्य थी जिसकी पदवी प्रियसखी की थी।

हर्ष ने अपनी माता को सती-वेश धारण किए हुए देखा (गृहीतमरणप्रसाधनाम्)। वे कुसुम्भी बाना पहने थीं। उस समय विधवाएँ मरणचिह्न के रूप मे लाल पट्टांशुक धारण करती थीं। उनके गले में लाल कंठसूत्र था। शरीर पर कुंकुम का अंगराग लगा था। अंशुक के आँचल में चिताग्नि की अर्चना के लिये कुसुम भरे थे। कंठ में पैरों तक लटकती माला थी। हाथ में पति का चित्रफलक दृढ़ता से पकड़े हुए थीं। पति की प्रासयष्टि का आलिंगन कर रही थीं। इस प्रासयष्टि या भाले में एक पताका लगी हुई थी और पूजा के लिये अर्पित की हुई एक फूलमाला भी टँगी हुई थी। पताका के साथ प्रासयष्टि मध्यकालीन राजपूत घुड़सवारों की विशेषता थी। यह उनके सिक्कों पर अंकित सवार-मूर्तियों से ज्ञात होता है (चित्र ५४)। विदित होता है कि इस अभिप्राय की कल्पना सातवीं शती में हो चुकी थी।

हर्ष ने दूर से ही आँखों में आँसू भरकर कहा—'माँ, तुम भी मुझ मन्दभाग्य को छोड़ रही हो। कृपा कर इस विचार से निवृत्त होओ।' यह कहकर चरणों में गिर पड़ा। देवी यशोवती उसे इस प्रकार देखकर शोक से विह्वल हो गईं और साधारण स्त्री की तरह मुक्त कंठ से विलाप करने लगीं। उनके इस रुदन में कहा गया है कि बड़े पुत्र राज्य-

१. जरत्या संस्तुतया धार्यमाणाम्, १६५। यही हमारी समझ में आर्या कात्यायनिका थी (१६४)।
२. धात्र्याच निजया प्रसाधिताम्, १६५।
३. कंचुकिभिरतिवृद्धैरनुगताम् १६५।

वर्धन कहीं दूर पर थे और इस अवसर पर वे नहीं आ सके थे। दूसरे उनकी पुत्री राज्यश्री ससुराल में थीं और वे भी उस समय तक नहीं आई थीं! शोक कुछ कम होने पर यशोवती ने हर्ष को स्नेह के साथ उठाया, उनके आँसू पूँछे और स्वयं नेत्रों से जलधार छोड़ती हुई उन्हें अनेक प्रकार से समझाने लगीं 'मैं अविधवा ही मरना चाहती हूँ, आर्यपुत्र से विरहित हो जीना नहीं चाहती। हे पुत्र, ऐसी अवस्था में मैं ही तुम्हें मनाती हूँ कि मेरे मनोरथ का विरोध कर मेरी कदर्थना मत करो।' यह कहकर स्वयं हर्ष के चरणों में गिर पड़ीं। हर्ष ने जल्दी से अपने पैर खींच लिए और झुककर तुरन्त माता को उठाया। माता के शोक को असह्य जानकर और उनके निश्चय को दृढ़ समझकर वह चुप होकर नीचे देखने लगा।

इस वर्णन-प्रसंग में बाण ने सांस्कृतिक दृष्टि से कई मार्के की सूचनाएँ दी हैं। रानी यशोवती चीनांशुक का उत्तरीय धारण करती थीं (विधूयमानचामरमरुच्चलचीनांशुक-धरौ पयोधरौ, १६७)। उनके सिर पर पहले सुवर्णघटों से अभिषेक किया गया था और तब ललाट पर महादेवीपट्ट का सूचक पट्टबन्ध[1] बाँधा गया था। शरीर पर तरंगित स्तनोत्तरीय पहने हुए थीं। वस्त्र के प्रकरण में तरंगित पट्ट का अभिप्राय पहले कहा जा चुका है (पृ० १६३)।

रानी यशोवती ने मुख धोने के लिये चाँदी के बर्तन में से जो जल लिया उसका निम्नलिखित वर्णन बाण की श्लेषप्रधान शब्दावली, अपनी समकालिक कला की वस्तुओं को साहित्य में उतारने की रुचि, और स्पष्टाक्षर शब्दों के द्वारा इष्ट अर्थ को कहने की असाधारण शक्ति का हर्षचरित और कादम्बरी में सर्वोत्तम उदाहरण माना जा सकता है—

मग्नांशुकपटान्ततनुताम्रलेखालांछितलावण्यकुञ्जिकावर्जितराजतराजहंसास्यसमुद्गीर्णेन पयसा प्रक्षाल्य मुखकमलम्[2]। (१६६)

---

१. वराहमिहिर के अनुसार पट्ट सोने के होते थे और पाँच प्रकार के बनाए जाते थे—राजपट्ट, महिषीपट्ट, युवराजपट्ट, सेनापतिपट्ट और प्रसादपट्ट (जो राजा की विशेष कृपा का द्योतक था)। संख्या एक में पाँच शिखाएँ, दो और तीन में तीन शिखाएँ, चार में एक शिखा होती थी। पाँचवे प्रसादपट्ट में शिखा या कलँगी नहीं लगाई जातीं थी। महादेवीपट्ट साढ़े दस इंच लम्बा, बीच में सवा पाँच इंच चौड़ा, और किनारों पर इसकी आधी चौड़ाई का होता था (बृहत्संहिता ४८। २४)।

१. निर्णयसागर-संस्करण में 'म·नांशुक' से 'समुद्गीर्णेन' तक १६ शब्दों का एक ही समास माना गया है। वही ठीक है। श्री कैलाशचन्द्र शास्त्री, कावेल और कणे ने लावण्य के ऊपर अनुस्वार मानकर पहले ९ शब्दों का समास अलग करके उसे मुख-कमल का विशेषण माना है। जैसा अर्थ देखने से स्पष्ट होगा इस प्रकार पाठ-संशोधन अनावश्यक है। उससे अर्थ का चमत्कार ही जाता रहता है। या यों कहना चाहिए कि समास तोड़ने से इसका शुद्ध अर्थ हो ही नहीं सकता। यह वाक्य मध्यकाल में भी दुरूह हो गया था। शंकर ने इसपर टीका-टिप्पणी बिल्कुल नहीं की यद्यपि इसमें कई शब्द ऐसे हैं जिनका अर्थ खोलना चाहिए था। कश्मीर के पाठ में भी यह समास तोड़ दिया गया था। लावण्य से अन्त होनेवाले वाक्यांश को 'मुखकमल' का विशेषण कर लेने से ज्यों-त्यों अर्थ बिठाने की इच्छा से ऐसा किया गया होगा।

निर्णयसागर के संस्करण में कुब्जिका की जगह कुंजिका पाठ दिया गया है। यह छापे की भूल जान पड़ती है। अन्य सब संस्करणों में, कश्मीरी प्रतियों में भी कुब्जिका पाठ है और पाँचों अर्थों की दृष्टि से वही साधु है।

इस वाक्य के पाँच अर्थ हैं और पाँचों में श्लेष से प्रत्येक शब्द का अर्थ ठीक बैठता है एवं शब्दों के स्वरूप को भी तोड़ना-मरोड़ना नहीं पड़ता। बाण ने 'निरन्तरश्लेषघनाः सुजातयः' (कादम्बरी, प्रस्तावना-श्लोक ६) कहते हुए जिस शैली को आदर्श माना है वह पाँचों अर्थों में चरितार्थ होती है। राजहंस के कई अर्थ हैं, (१) राजा (२) हंस (३) हंस की आकृति का पात्र। संख्या (२) वाले हंस के पक्ष में साधारण हंस, राजहंस, ब्रह्मा का हंस—इन तीनों को लक्ष्य करने से तीन अर्थ होते हैं जैसा नीचे दिखाया गया है।

पहला अर्थ, हंसाकृति पात्र को लक्ष्य करके

चाँदी के राजहंस की आकृति के बने हुए पात्र के मुख से निकलता हुआ जल लेकर रानी ने मुँह धोया। वह पात्र एक कुब्जिका अर्थात् आठ वर्ष के वय की सुन्दरी कुआँरी कन्या की पुतली उठाए हुए थी। हाथीदाँत का शफरुक पात्र लिए हुए कनकपुत्रिका (सोने की पुतली) का उल्लेख पहले आ चुका है (१४८)। इस प्रकार का, वास्तविक चाँदी का, राजहंस की आकृति का एक पात्र तक्षशिला से सिरकप की खुदाई में प्राप्त हो चुका है। उसकी ऊँचाई ६½ इंच है (चित्र ५५)। उसे रखने के लिये आधार की आवश्यकता स्पष्ट विदित होती है। कुब्जिका या कुआँरी कन्या के आकार की पुतली के हाथ में यह पात्र पकड़ाया गया था। उसके मुख से जल की धारा निर्गत होती थी। कुब्जिका का विशेषण है मग्नांशुकपटान्त-तनुताम्रलेखालांछितलावण्य। इनमें मग्नांशुक और तनुताम्रलेखा, ये दो विशेषताएँ उस समय की कला से ली गई हैं। गुप्तकाल में शरीर पर पहननेवाले वस्त्र इतने झीने होते थे कि वे शरीर से सटे जाने पड़ते थे, देह से उन्हें अलग पहचानना कठिन था। पत्थर और ताँबे की मूर्तियों से यह विशेषता स्पष्ट पहचानी जा सकती है। अंग्रेजी में इस प्रकार के वेष को 'वैट ड्रेपरी' कहा गया है। बाण का मग्नांशुक पद अपने युग की भाषा में उन वस्त्रों का यथार्थ परिचय देता है। वे शरीर से ऐसे अभिन्न थे जैसे पानी में भींगने से सट गए हों।

मूर्तियों में ये वस्त्र शिकन आदि से पृथक् न दिखाकर सामने छाती पर एक पतली रेखा डालकर अंकित किए जाते हैं। इसके कितने ही उदाहरण पत्थर और ताँबे की मूर्तियों में देखे जा सकते हैं। इनकी डोरीदार किनारी के लिये पटान्त या वस्त्रान्त की तनुताम्रलेखा शब्द है। यह किनारी पतली ताँबे की डोरीनुमा होती थी। इससे यह भी ज्ञात होता है कि चाँदी का पात्र उठानेवाली कुब्जिका पुतली ताँबे की ही बनी थी। इस प्रकार के मग्नांशुक वस्त्र का छोर दिखानेवाली पतली किनारी का अत्यन्त स्पष्ट उदाहरण श्रीकुमारस्वामी की भारतीय कला का इतिहास [१] नामक पुस्तक की चित्र संख्या १५६ (ताँबे की गुप्तकालीन बुद्धमूर्ति) में देखा जा सकता है (चित्र ५६)। छाती पर डाली हुई यह डोरी मूर्ति के ऊर्ध्वकाय भाग की जान है, इसीके लिये बाण ने लांछितलावण्य पद दिया है, अर्थात् उस धारी से पुतली की लुनाई निकल रही थी। उससे बाण का भाव साफ समझ में आ जाता है। इस प्रकार इस वाक्य में मग्नांशुक, पटान्ततनुताम्रलेखा, कुब्जिका और राजतराजहंस इन चारों पारिभाषिक शब्दों के अर्थ कला की सहायता से सुविदित हो जाते हैं। (चित्र ५५, ५६, ५७)

१. हिस्ट्री आव इंडियन ऐंड इंडोनेशियन आर्ट, फलक ४०, चित्र १५९।

पूरे वाक्य का अर्थ इस प्रकार हुआ—शरीर से चिपटे हुए अंशुक वस्त्र के छोर पर डाली गई पतली ताँबे की धारी से जिसका सौंदर्य बढ़ रहा था, ऐसी कुब्जिका पुतली से झुकाकर पकड़े हुए चाँदी के बने राजहंस की आकृति के पात्र के मुख से निकलते हुए जल से रानी ने अपना मुख-कमल धोया।

दूसरा अर्थ, राजहंस पक्षी को लक्ष्य करके

इस पक्ष में कुब्जिका=सिंघाड़ा[1]। अंशुक वह महीन सुतिया अँखुवा या रेशा जो सिंघाड़े की सिर की ओर निकली हुई टूंड के भीतर रहता है[2]। पट=छिलका। तनुताम्र-लेखा=वह हलकी लाल धारी जो गुलाबी-मायल सिंघाड़े के छिलके पर दिखाई देती है। सिंघाड़े के पक्ष में 'कुब्जिकावर्जित' का पदच्छेद कुब्जिका+आवर्जित न करके कुब्जिका+वर्जित किया जाएगा। सिंघाड़ा गदले बरसाती पानी में होता है और हंस उस पानी को छोड़कर चले जाते हैं। वे शरद् के स्वच्छ जल में उतरते हैं जब तालाबों में सिंघाड़े की बेल समाप्त हो लेती है। जैसे ही सिंघाड़े की बेल तालाबों के पानी में फैलाई जाती है[3] हंस मानों उस संकेत को पाकर मानसरोवर की ओर चल देते हैं। यही कुब्जिका-वर्जित पद से बाण का तात्पर्य है। अतएव इस पक्ष में यह अर्थ होगा—'छिपे हुए अंखुवे के छिलके की किनारे पर पड़ी हुई महीन लाल धारी से सुहावने सिंघाड़े को छोड़कर जानेवाले श्वेत राजहंस के मुख से उछाले हुए जल से (सरोवर में) कमल का मुख धोकर।'

तीसरा अर्थ, राजहंस के ही पक्ष में

इस अर्थ में कुब्जिकावर्जित का पदच्छेद स्वाभाविक रीति से कुब्जिका आवर्जित यही होगा। भिन्न-भिन्न पदों में श्लेषार्थ इस प्रकार है—मग्न=जल के भीतर डूबी हुई। अंशुक=किरणें। तनुताम्रलेखा=पतली लाल झलक। लांछित=चिह्नित। कुब्जिका=गर्दन मोड़कर बैठने की मुद्रा। इस अर्थ में यह कल्पना की गई है। प्रातःकाल के समय सूर्य की किरणें जल में पड़ रही हैं। उनके बीच में गर्दन झुकाए हंस तैर रहा है और अपनी चोंच से जल को उछालकर कमल का मुख धो रहा है। इस चित्र के अनुसार वाक्य का अर्थ इस प्रकार होगा—'जल में पड़ी किरणों के जालरूपी पट के चारों ओर

---

१. सिंघाड़ा—शृंगाटक, संस्कृत वारिकुञ्जक (वैद्यक-शब्दसिंधु, पृ० १०६५,); कुञ्जक से ही स्त्रीलिंग में कुब्जिका; अँग्रेजी Trapa bispinosa आपा बाइस्पिनोसा। वाट, डिक्शनरी आफ इकनोमिक प्राडक्टस, वाल्यूम ६, भाग ४, पृ० ७३ के अनुसार तामिल में सिंघाड़े को कुय्यकम् (कुञ्जक) कहते हैं।

२. अंशुः सूत्रादिसूक्ष्मांशे (अमरकोश, रामाश्रमी टीका, १।४।३३)। अंशुः एव अंशुकः (स्वार्थ में क प्रत्यय)=महीन सुतिया अँखुवा।

३. सिंघाड़े का बीज न बोकर उसकी लत्ती (लतिका) या बेल डाली जाती है। गर्मी में किसी तरह उसे जिलाए रखते हैं। पुष्य या चिरैया नक्षत्र में (१९-२० जुलाई के लगभग) जब ताल बरसाती पानी से भर जाते हैं तब सिंघाड़े की बेल रोपी जाती है। कविसमय के अनुसार बरसात के गदले पानी को हंस छोड़कर चले जाते हैं। इसी की ओर अर्थ की ध्वनि है।

झलकती हुई पतली लाल किनारी से सुशोभित, गर्दन मोड़कर झुका हुआ श्वेत राजहंस मुख से जल में किलोल करता हुआ कमल के मुख को धो रहा है।

चौथा अर्थ, ब्रह्मा के हंस के पक्ष में

राजतराजहंस का एक पदच्छेद यों है, राजतर + अजहंस। राजतर=उत्तम, श्रेष्ठ। अजहंस=प्रजापति ब्रह्मा का हंस। मग्न=पानी में भींगा हुआ। अंशुकपट=धोती की तरह पहना हुआ वस्त्र। तनुताम्रलेखा=शरीर की लाल रेखा। कवि की कल्पना इस प्रकार है-क्षीरसागर में विष्णु की नाभि से निकलते हुए कमल के आसन पर ब्रह्माजी अपने हंस के ऊपर बैठे हैं। शरीर के निचले भाग में वे गीली धोती (मग्नांशुकपट) पहने हैं। ऊपर लाल शरीर है। इस पक्ष में तनु का अर्थ शरीर है। ब्रह्मा का शरीर लाल है, वे रजोगुण के अधिष्ठाता हैं[1]। उनके लाल शरीर की आभा से हंस लावण्ययुक्त बन रहा है। ऐसा उत्तम हंस कुञ्जिकावर्जित मुद्रा में बैठा हुआ मुख से क्षीर सागर का पय उछालता हुआ ब्रह्मा के कमलासन को पखार रहा है। पूरा अर्थ इस प्रकार होगा—'गीले अंशुक की धोती पहने ब्रह्मा के लाल शरीर के संपर्क से सुशोभित, दुबककर बैठा हुआ उन का श्रेष्ठ हंस मुख से क्षीरसागर का पय लेकर कमलासन को धो रहा है।'

पाँचवाँ अर्थ, राजहंस अर्थात् प्रभाकरवर्धन एवं रानी यशोवती के पक्ष में

राजत=गौरवर्ण। राजहंस=राजा प्रभाकरवर्धन जो पुरुषों में हंस जाति के हैं। हंस, शश, रुचक, भद्र और मालव्य भेद से पुरुषों के गुण, कर्म, स्वभाव, शरीर, लक्षण आदि कहे गए हैं[2]। वराहमिहिर ने बृहत्संहिता में हंस जातीय पुरुष को सर्वोत्तम कहा है। वहीं यह भी कहा गया है कि हंसजाति के पुरुष का सेवक या पार्श्वचर कुब्जक पुरुष ही होना चाहिए[3]। कन्या-

---

१. रजोजुषे जन्मनि सत्त्ववृत्तये स्थितौ प्रजानां प्रलयेतमःस्पृशे।
अजाय सर्गस्थिति नाशहेतवे त्रयीमयाय त्रिगुणात्मने नमः॥
(कादम्बरी, पहला श्लोक)

रजोजुष्=ब्रह्मा, लाल; सत्ववृत्ति=विष्णु, नील; तमःस्पृश=शिव, श्वेत।

२. जिसका बृहस्पति स्वक्षेत्री, स्वराशि में, उच्च का होकर बैठा हो वह हंस कहलाता है (बृहत्संहिता, ६८।२)। हंस के शरीर-लक्षण बहुत विशिष्ट होते हैं (६८।२४)। खस देश, शूरसेन, गन्धार, गंगा-यमुना का अंतराल, इनपर वह शासन करता है (६८।२६)।

३. कुब्ज वह है जिसके शरीर का निचला भाग शुद्ध या परिपूर्णांग हो, पूर्वकाय कुछ क्षीण और झुका हो। वह व्यक्ति हंसजाति के पुरुष का अनुचर बनता है (बृहत्संहिता ६८।३५ दे० मानियर विलियम्स, संस्कृत कोश, पृ० २९१।)। कुब्ज और वामन राजाओं के अन्तःपुर के अनुचरों में कहे गए हैं। दोनों में भेद है। जिसका निचला भाग भग्न या झुका हो, ऊपर ठीक हो, वह वामन, और जिसका ऊपर का झुका हो वह कुब्ज कहलाता है—

सम्पूर्णांगो वामनो भग्नपृष्ठः किंचिच्चोरुमध्यकट्यान्तरेषु।
ख्यातो राज्ञां ह्येष भद्रानुजीवी स्फीतो राजा वासुदेवस्य भक्तः॥६८।३२
कुब्जो नाम्ना यः स शुद्धो ह्यधस्तात् क्षीणः किंचित् पूर्वकाये ततश्च।
हंससेवी नास्तिकोऽर्थैरुपेतो विद्वान् शूरः सूचकः स्यात् कृतज्ञः॥६८।३५।

रूप में वह अनुचरी कुब्जिका कहाई। वह कुब्जिका दासी जब राजा को पानपात्र में मधुपान देती है तो उससे पानपात्र लेने के लिये राजा उसकी ओर आवर्जित होते या झुकते हैं और उस मधु को अपने मुख में पीकर उसका गंडूषसेक रानी के मुख पर डालते हैं। स्त्री-पुरुष में परस्पर गंडूषसेक कामविलास का अंग था। कादम्बरी में राजा शूद्रक के यौवनसुखों में बाण ने इसका भी उल्लेख किया है (कादम्बरी वैद्य०, पृ० ५७)। राजाओं के आपान-मंडल के अनेक विलासों में यह भी गिना जाता था। इस पक्ष में वाक्य का अर्थ निम्नलिखित होगा—'सटे हुए अंशुक वस्त्र के छोर की पतली लाल किनारी से दीप्त सौन्दर्यवाली कुब्जिका (सुन्दरी कन्या के हाथ में रक्खे हुए पानपात्र) की ओर झुके हुए गौरवर्ण हंसजातीय सम्राट् प्रभाकरवर्धन के मुख से निकले हुए तरल (मधु) गंडूष से (रानी यशोवती ने अपना) कमलरूपी मुख धोकर।'

'मग्नांशुकपटान्ततनुताम्रलेखलांछितलावण्य' यह पद कुब्जिका के स्थान में राजा का विशेषण भी माना जा सकता है। गौरवर्ण राजा का वेश ठीक उससे मिल जाता है जो उपरोक्त बुद्धमूर्ति में पाया जाता है[1]। उस दशा में वाक्य का अर्थ इस प्रकार होगा—

'मग्नांशुक उत्तरीय के छोर पर बनी हुई महीन लाल किनारी से जिनका सौन्दर्य झलक रहा है और जो कुब्जिका की ओर (मधुपान लेने के लिये) झुके हैं, ऐसे गौर वर्ण राजा के मुख से सिंचित गंडूष-सेक से यशोवती ने अपना मुख-कमल प्रक्षालित करके।'

इस प्रकार यह वाक्य महाकवि बाण की उत्कृष्ट जड़ाऊ कृति है। अर्थों में कुछ भी खींचातानी या कूट कल्पना नहीं करनी पड़ती। एक बार जब हम उन कला की परिभाषाओं तक पहुँच जाते है जिनका ज्ञान बाण के युग में लोगों को स्वाभाविक था तो एक के बाद दूसरे रसभरे अर्थों के कोष खुलने लगते हैं[2]।

---

१. कुमारस्वामी, भारतीय कला का इतिहास, चित्र १५९।

२. ऊपर के अर्थों को लिखने के कुछ दिन बाद मुझे यह देखकर अत्यन्त हर्ष हुआ कि कम-से-कम एक विद्वान् श्री डा० आर० सी० हाजरा ने इस वाक्य के पाठ और अर्थ पर विचार करने का प्रयत्न किया था (ए पैसेज इन बाणभट्टस हर्षचरित, पूना ओरियेंटलिस्ट, भाग १४ (१९४९), पृ० १३-२०)। डा० हाज़रा ने केवल एक अर्थ (चाँदी के राजहंस-संज्ञक पात्र के पक्ष में) ही दिया है। तो भी उनके लेख से मैं 'कुब्जिका' का ठीक अर्थ समझ सका। मैंने भी पहले कुबड़ी अर्थ किया था। पर श्री हाज़रा ने तंत्रों के पुष्कल प्रमाणों से सिद्ध किया है कि कुब्जिका का वास्तविक अर्थ था 'आठ वर्ष की अविवाहिता कन्या'। रुद्रयामलतंत्र तथा अन्य तंत्रों में एक वर्ष से १६ वर्ष तक की आयु की कन्याओं की संज्ञाएँ बताते हुए अष्टवर्षा कन्या को कुब्जिका कहा है (सप्तभिर्मालिनी साक्षादष्टवर्षा च कुब्जिका, रुद्रयामल, पटल ६, श्लो० ९४)। मुझे यह नया अर्थ बिल्कुल समीचीन जान पड़ता है। विशेषतः जब मैं महोली (मथुरा) से मिले हुए मधुपान के दृश्य में अंकित, चषक लिए हुए, रानी के एक पार्श्व में खड़ी हुई अनुत्पन्नस्त्रीव्यंजना कन्या को देखता हूँ (मथुरा म्यूजियम हैंडबुक, चित्र २४), तो मुझे कुब्जिका का यही अर्थ निश्चित प्रतीत होता है (चित्र ५७)। मैंने श्री हाजरा द्वारा प्रदर्शित कुब्जिका के इस अर्थ को यहाँ अपना लिया है। अपने लेख के पूर्वार्ध में श्री हाजारा ने मग्नांशुक ... से पहले के वाक्य

रानी यशोवती अन्तःपुर से पैदल ही सरस्वती के किनारे तक गईं और वहाँ सती हो गईं (१६८)।

हर्ष भी माता के मरण से विह्वल होकर बन्धुवर्ग को साथ ले पिता के पास आए। प्रभाकरवर्धन के शरीर में थोड़ी ही प्राणशक्ति बची थी। उनकी पुतलियाँ फिर रही थीं। हर्ष के फूट-फूटकर रोने का शब्द उनके कान में पड़ा। बहुत धीमे स्वर में उन्होंने उसके लिये कुछ अन्तिम वाक्य कहे--'पुत्र, तुम महासत्व हो। लोक महासत्त्व के आश्रय से ठहरता है, राजा का अंश (राजबीजिता १६८) तो बाद की वस्तु है। तुम सत्त्वधारियों में श्रेष्ठ हो, कुल के दीपक हो, पुरुषों में सिंह हो। यह पृथ्वी तुम्हारी है। राज्यलक्ष्मी ग्रहण करो। लोक का शासन करो। कोश स्वीकार करो। राजसमूह को वश में करो। राज्यभार संभालो। प्रजाओं की सर्वथा रक्षा करो। परिजनों का पालन करो। शस्त्रों का अभ्यास दृढ़ करो। शत्रुओं को शेष न रखना।' यह कहते-कहते उन्होंने आँखें मीच लीं।

प्रभाकरवर्धन की मृत्यु के बाद उनकी शव-शिबिका काले चँवर लगाकर बनाई गई। काले अगरु के काष्ठ से चिता तैयार की गई। अनुमरण के लिये तैयार स्त्रियों ने प्रसन्नता से कानों में हाथीदाँत की कर्णिका और सिर पर केसर की मुंडमालिका पहनी। स्वयं हर्ष, एवं सामन्त, पौर और पुरोहित कंधा देकर अरथी को सरस्वती के किनारे ले गए और चिता पर रखकर अग्निक्रिया की।

हर्ष ने वह भयंकर रात्रि नंगी धरती पर बैठे-बैठे बिताई। कुछ दिनों तक स्वामिभक्त अन्तरंग सेवक कुशाओं पर सोते रहे। हर्ष सोचने लगा कि प्रभाकरवर्धन की मृत्यु से एक बड़ा अभाव हो गया है। इस प्रसंग में बाण ने सत्यवादिता, वीरता, कृतज्ञता आदि कुछ गुणों का परिगणन किया है। वस्तुतः गुप्तयुग में चरित्र-सम्बन्धी गुणों पर बहुत जोर दिया जाने लगा था। मनुष्यों के नामों में भी (जैसे धृतिशर्मा, सत्यशर्मा) इसकी छाप पाई जाती है। स्कन्दगुप्त के जूनागढ़-लेख में पर्णदत्त और चक्रपालित के गुणों की अलग-अलग सूचियाँ दी गई हैं जिनपर सम्यक् विचार करके उन्हें सुराष्ट्र का गोप्ता बनाया गया था। शुक्रनीति में भी जो गुप्तशासन का परिचय-ग्रन्थ है, सार्वजनिक अधिकारियों के लिये आवश्यक गुणों की तालिकाएँ दी गई हैं। कालिदास ने सब गुणों में विनय (प्रशिक्षण के द्वारा उत्पन्न योग्यता) को प्रधान माना है। बाण ने कहा है कि प्रभाकरवर्धन की मृत्यु के बाद मानों अपदानों के लिये कोई स्थान न रहा (अपदानि अपदानानि १७०)। अपदान शब्द का मूल अर्थ वीरता का विलक्षण कार्य था। सभापर्व के युधिष्ठिरराजनीति-पर्व में योद्धाओं को 'दत्तापदाना विक्रान्ताः' (५।३७, पूना) कहा गया है। संस्कृत अपदान से ही 'अवदान' शब्द बना है जो 'दिव्यावदान' 'बोधिसत्त्वावदान' आदि नामों में बोधिसत्त्वों के चरित्र-गुण-संबंधी किसी लोकोत्तरकार्य के लिये प्रयुक्त होता था।

इसके बाद सम्राट् के फूल चुनकर कलश में रक्खे गए और वे 'भूभृद्धातुगर्भकुम्भ' हाथियों पर रखकर विविध तीर्थस्थानों और नदियों को ले जाए गए। भारहुत-साँची की

में 'नखांशुपटलेन' का पाठ माना है (अस्र प्रवाहपूरितमार्द्रं च किंचिच्च्युतमुत्क्षिप्य हस्तेन स्तनोत्तरीयं तरंगितमिव नखांशुपटलेन)। श्री हाजरा ने भी 'मग्नांशुक'''समुद्गीर्णेन' तक के १६ शब्दों के समास को एक ही पद माना है।

प्राचीन कला में बुद्ध की धातुगर्भमंजूषाएँ इसी प्रकार हाथियों पर ले जाई जाती हुई दिखाई गई हैं। यह प्रथा बहुत प्राचीन थी और बाण के समय में भी वह प्रचलित थी [१]। मृतक के लिये उबाले भात के पिंडे जल के किनारे दिए गए; उनका रंग मोम के गोले की तरह सफेद था[२]।

अगले दिन प्रातःकाल हर्ष उठे और राजकुल से बाहर निकलकर सरस्वती के किनारे गए। राजमन्दिर में सन्नाटा छाया हुआ था। अन्तःपुर में केवल कुछ कंचुकी रह गए थे। महल की तीन कक्ष्याओं में काम करनेवाले परिजन अनाथ की तरह थे। राजकुंजर दर्पशात अपने स्तम्भ से बँधा विषाद में चुपचाप खड़ा था और ऊपर बैठे महावत की आँख से आँसुओं की धारा बह रही थी। खासा घोड़े (राजवाजि) जिन्हें मंदुरापालक के रुदन से सम्राट् के देहावसान का संकेत मिल चुका था, दुःखित दशा में चुपचाप आंगन में खड़े थे [३]। महास्थानमंडप सूना पड़ा था और जयशब्द की ध्वनि इस समय वहाँ नहीं सुन पड़ रही थी[४]।

सरस्वती-तीर पर जाकर हर्ष ने स्नान किया और पिता को जलांजलि दी। मृतक-स्नान करने के बाद उसने बालों में से जल नहीं निचोड़ा और धुले हुए दुकूल वस्त्रों का जोड़ा पहनकर छत्र के बिना और लोगों को हटानेवाले (निरुत्सारण) प्रतीहारों के बिना वह पैदल राजभवन को लौट आया (१७२) [५]।

इसके बाद धार्मिक इतिहास की दृष्टि से हर्षचरित का एक अत्यन्त महत्त्वपूर्ण प्रकरण है (१७२)। इसमें बाण ने २१ धार्मिक सम्प्रदायों का उल्लेख किया है। इनमें से केवल चार के नाम दिए हैं और शेष १७ बिना नाम के ही कहे गए हैं। केवल उनके धार्मिक सिद्धान्तों और आचारों के बहुत ही गूढ संकेत से उन्हें पहचानना होगा। इनमें

१. पाथिवास्थिशकलकलास्त्रिव कलविंककंधराधूसरासु तारकासु भूभृद्धातुगर्भकुंभधारिषु विविधसरःसरित्तीर्थाभिमुखेषु प्रस्थितेषु वनकरिकुलेषु (१७१)। यहाँ फूलों के रंग की उपमा चिरौंटे के कंधे के धूसर रंग से दी गई है। रंगों के विषय में बाण का निरीक्षण अत्यन्त सूक्ष्म था।

२. फूल चुनने से पहले जौ के तथा फूल चुनने के बाद भात के पिंड दिए जाते हैं।

३. मन्दुरापालाक्रन्दकथिते चाजिरभाजि राजवाजिनि। वाण का यह मूलपाठ बिल्कुल शुद्ध था। राजकुंजर के विषादिनि और निष्पन्दमन्दे विशेषण घोड़ों के लिये भी लागू है। श्री कैलाशचन्द्र शास्त्री ने अनावश्यक ही कथिते के स्थान पर 'क्वथिते' या 'व्यथिते' पाठ संशोधन किया है। कश्मीरी पाठ 'कथिते' ही है।

४. शुद्धान्त अर्थात् धवलगृह तीसरी कक्ष्या में था। उसके बाहर दूसरी कक्ष्या थी जिसमें नौकर-चाकर जमा थे। उसके बाद पहली कक्ष्या थी जिसमें एक ओर खासा हाथी (राजकुंजर) के लिये इभदर्पणशागार, बीच में महास्थानमंडप, और बाँयी ओर खासा घोड़ों (राजवल्लभतुरंग) के लिये मन्दुरा थी—इस प्रकार राजकुल का संक्षिप्त मानचित्र बाण ने यहाँ फिर दोहराया है जिसका विस्तृत वर्णन दूसरे उच्छ्वास में पहले किया जा चुका है।

५. लोगों को हटाकर राजा के चारों ओर बने हुए घेरे को बाण ने समुत्सारणपर्यन्तमंडल (७१) कहा है।

से कुछ लोग तो हर्ष के साथ संवेदना प्रकट करने के लिये और समझाने के लिये आते हैं। शेष के लिये यह कल्पना की गई है कि प्रभाकरवर्धन के अत्यन्त प्रिय (राजवल्लभ) भृत्य, सुहृद् और सचिव जो सम्राट् से वियुक्त होने के शोक को न सह सके वे घरबार छोड़कर अपने-अपने धार्मिक विश्वासों के अनुसार साधु बन गए। यह तो कल्पना है, पर इस प्रसंग से लाभ उठाकर बाण ने भारत के धार्मिक इतिहास पर प्रकाश डालनेवाली बहुमूल्य सामग्री एक स्थान पर दे दी है। सोमदेव ने यशस्तिलकचम्पू (९ वीं शती) में अनेक सम्प्रदायों का और उनके सिद्धान्तों का अच्छा परिचय दिया है। श्री हंदीकी ने अपने ग्रन्थ में ऐतिहासिक दृष्टि से उनपर विस्तृत विचार किया है [1]। श्रीहर्ष के नैषधचरित में एवं प्रबोधचन्द्रोदय आदि नाटकों में भी इन सम्प्रदायों के नाम और उनके मतों का संकेत मिलता है। किन्तु बाण का उल्लेख सातवीं शती के पूर्वार्ध का होने से अधिक महत्त्व का है। शंकराचार्य के समय से पूर्व के विभिन्न दार्शनिक मतों और धार्मिक सम्प्रदायों के ऐतिहासिक विकास पर बाण की सामग्री प्रकाश डालती है। बाण ने आगे अष्टम उच्छ्वास में दिवाकर मित्र के आश्रम में रहनेवाले उन्नीस संप्रदायों के अनुयायियों के नाम गिनाए हैं (२३६)। उसी सूची से प्रस्तुत प्रकरण को समझने की कुंजी प्राप्त होती है। दिवाकर मित्र के आश्रम में नाना देशीय निम्नलिखित सिद्धान्ती लोग उपस्थित थे--१. आर्हत, २. मस्करी, ३. श्वेतपट, ४. पांडुरिभिक्षु, ५. भागवत, ६. वर्णी ७. केशलुंचन, ८. कापिल, ९. जैन, १०. लोकायतिक, ११. काणाद, १२. औपनिषद्, १३. ऐश्वरकारणिक, १४. कारन्धमी, १५. धर्मशास्त्री, १६. पौराणिक, १७. सांततन्तव, १८. शाब्द, १९. पांचरात्रिक और अन्य (२३६)। जैसा हम देखेंगे, उक्तसूची में और यहाँ के क्रम में भेद है, किन्तु इनके पहचानने की कुंजी वहाँ अवश्य छिपी है।

हर्षचरित के पाँचवें उच्छ्वास की सूची इस प्रकार है। प्रत्येक अंक के नीचे दो अर्थ दिए गए हैं; पहला अर्थ भृत्य आदि के पक्ष में है, दूसरा सम्प्रदायों के पक्ष में।
१. केचिदात्मानं भृगुषु बबन्धुः।

अ. कुछ ने भृगुपतन स्थान में अपने-आपको नीचे गिराकर आत्माहुति दे दी। भृगुपतन या भृगुपाद स्थान हिमालय में केदारनाथ के समीप है जहाँ मोक्षार्थी पर्वत से नीचे कूदकर शरीरान्त कर लेते थे [2]। प्राचीन विश्वास के अनुसार आर्त लोग असह्य दुःख से त्राण पाने के लिये भृगुपतन, काशी-करवट, करीषाग्नि-दहन और समुद्र में आत्मविलय--इन चार प्रकारों से जीवन का अन्त कर डालते थे।

आ. कुछ लोग भृगुओं में अनुरक्त हुए। यहाँ भागवतों से तात्पर्य है। भृगु ने विष्णु की छाती में लात मारी, फिर भी विष्णु ने उनका सम्मान किया। यह कथन विष्णु के चरित्र की विशेषता बताने के लिये भागवतों को मान्य था। मूल में भार्गव लोग रुद्र या शिव के भक्त थे। भार्गवों के साथ वैष्णवधर्म का समन्वय इस कथा का भाव है।

---

१. श्री डा० के० के० हंदीकी-कृत यशस्तिलक एंड इंडियन कल्चर।

२. श्रीकैलाशचन्द्र शास्त्री ने बबन्धुः के स्थान पर बभंजुः पाठ सुझाया है जो बाण के श्लिष्ट अर्थ की दृष्टि से अशुद्ध है। बन्ध धातु के यहाँ दो अर्थ हैं, आत्मार्पण करना और अनुरक्त होना।

इस समन्वय का सबसे अच्छा प्रमाण महाभारत का वर्तमान रूप है जिसमें नारायणीय धर्म और भार्गवों के चरित्रों का एक साथ वर्णन है [१]।

२. केचित्तत्रैव तीर्थेषु तस्थुः।

अ. कुछ तीर्थयात्रा के लिये गए और वहीं रह गए।

आ. दूसरे पक्ष में तीर्थ का अर्थ गुरु है। कुछ विद्याध्ययन के लिये आचार्यों के पास गए और नैष्ठिक ब्रह्मचर्य का व्रत लेकर वहीं रह गए। ऐसे लोग वर्णी कहलाते थे। वर्णी अपने व्रत के सूचक जटा, अजिन, वल्कल, मेखला, दंड, अक्षवलय आदि चिह्न धारण करते थे। इसीलिए भारवि ने वर्णिलिंगी पद का प्रयोग किया है (किरातार्जुनीय १।१)। बाण ने वत्स के भाई सारस्वत के विषय में लिखा है कि उन्होंने अविवाहित रहकर इन्हीं चिह्नों को धारण करके जन्मभर तप किया[२]। कादम्बरी में जटा, कृष्णाजिन, वल्कल, आषाढ़दंड धारण करनेवाली तापसियों को वर्णी कहा गया है (वैद्य० २०८)।

३. केचिदनशनैः आस्तीर्णतृणकुशा व्यथमानमानसाः शुचम् असमामशमयन्।

अ. कुछ लोग आहार त्याग कर अपना भारी शोक मिटाने लगे।

आ. यहाँ निराहार रहकर प्रायोपवेशन के द्वारा शरीर त्यागनेवाले अथवा लंबे-लंबे उपवास करनेवाले जैन साधुओं से तात्पर्य है। ये श्वेताम्बरी साधु ज्ञात होते हैं। कादम्बरी में सित वसन पहननेवाली श्वेतपट तापसियों का उल्लेख है।[३] अन्यजैन सम्प्रदायों के लिये संख्या ७-८ देखिए।

४. केचिद् शलभा इव वैश्वानरं शोकावेगविवशाः विविशुः।

अ. कुछ शोक के आवेग से अग्नि में प्रविष्ट हो गए।

आ. धार्मिक पक्ष में यहाँ चारों ओर आग जलाकर पंचाग्नितापन करनेवाले साधुओं की ओर संकेत है। स्वयं पार्वती के सम्बन्ध में कालिदास ने पंचाग्नितापन का उल्लेख किया है।[४] सम्भवतः ये लोग शुद्धवृत्ति के शैव थे। मथुरा-कला में पंचाग्नितापन करती हुई पार्वती की अनेक मूर्तियाँ मिली हैं, जो गुप्तकाल से शुरू होती हैं। अवश्य ही वे इसी प्रकार के शिवभक्तों की जान पड़ती हैं। इनके विपरीत पाशुपत घोर वृत्ति के शैव थे, जैसे भैरवाचार्य। बाण की मित्र-मंडली में शैव वक्रघोण इसी प्रकार का शिवभक्त जान पड़ता है।

५. केचिद्दारुणदुःखदह्यमानहृदया गृहीतवाचः तुषारशिखरिणं शरणं ययुः।

अ. कुछ मौनव्रत लेकर हिमालय पर चले गए।

---

१. इस विषय के विस्तार के लिये देखिए, श्री विष्णु सीताराम सुकथंकर के 'भृगुवंश और भारत' शीर्षक लेख का मेरा अनुवाद, नागरी-प्रचारिणी पत्रिका।

२. आत्मनापि आषाढो कृष्णाजिनी वल्कली अक्षवलयी मेखली जटी भूत्वा तपः (३८)।

३. सितवसननिबिडनिबद्धस्तनपरिकराभिः श्वेतपटव्यंजनाभिः तापसीभिः (वैद्य०, २०८)।

४. ज्वलच्चतुर्णां ज्वलतां हविर्भुजां शुचिस्मिता मध्यगता सुमध्यमा।
विजित्य नेत्रप्रतिघातिनीं प्रभामनन्यदृष्टिः सवितारमैक्षत॥ (कुमार० ५।२०)।

आ. यहाँ वैयाकरण लोगों से तात्पर्य है जो पाणिनि की शब्द-विद्या के माननेवाले थे। स्वयं पाणिनि वाक् या शब्द-विद्या की साधना का व्रत लेकर हिमालय में तप करने गए थे। दिवाकर मित्र की सूची में इन्हें 'शाब्दाः' कहा गया है[1]।

६. क्वचिद् विन्ध्योपत्यकासु वनकरिकुलकरशीकरासारसिच्यमानतनवः पल्लवशयनशयिनः सन्तापमशमयन्।

अ. कुछ विन्ध्याचल के जंगलों में पत्तों पर सोकर अपना सन्ताप मिटाने लगे।

आ. सम्प्रदाय के पक्ष में यहाँ पांडुरि भिक्षुओं से तात्पर्य ज्ञात होता है जो पहनने और शयनादि के लिये पल्लव अर्थात् श्वेत दुकूलवस्त्रों का प्रयोग करते थे। ज्ञात होता है, ये लोग ठाटबाट से रहनेवाले महन्त थे जो हाथी आदि भी रखते थे। निशीथचूर्णि (ग्रन्थ ४, पृ० ८६५) के अनुसार आजीवकों की संज्ञा पाण्डुरभिक्षु थी।[2] ये लोग गोरस का बिल्कुल व्यवहार न करते थे। इससे बाण का यह कथन मिल जाता है कि उनके शरीर जल से सींचे गये थे।

७. केचित्सन्निहितानपि विषयानुत्सृज्य सेवाविमुखाः परिच्छिन्नैः पिंडकैः अटवीभुवः शून्या जगृहुः।

अ. कुछ विषयों को त्याग कर अल्पाहार से कृश शरीर होकर शून्य अटवीस्थानों में रहने लगे।

आ. यहाँ जैन साधुओं का वर्णन है जो चान्द्रायण आदिक अनेक प्रकार के व्रतों में अत्यन्त नपा-तुला आहार (परिच्छिन्न पिंडक) लेते थे। इन साधुओं की पहचान यापनीय संघवाले साधुओं से की जा सकती है। यदि यह सत्य हो तो बाण के समय (सातवीं शती) में इस सम्प्रदाय का खूब प्रचार रहा होगा। श्री नाथूरामजी प्रेमी के अनुसार यापनीय संघ के साधु मोरपिच्छि रखते थे, नग्न रहते थे, पाणितलभोजी थे, घोर अवमोदार्य या अल्पभोजन का कष्ट संक्लिष्ट बुद्धि के बिना सहकर उत्तम स्थान पाने की अभिलाषा रखते थे और मुनियों की मृत देह को शून्य स्थान में अकेली छोड़ देते थे (नाथूराम प्रेमी, यापनीय-साहित्य की खोज, जैन-साहित्य और इतिहास, पृ० ४४,५६)। इन पहचानों को लेकर चलें तो बाण के वर्णन से यापनीयों के सम्बन्ध में अच्छी जानकारी मिल जाती है। बाण ने मोर-पिच्छ रखनेवालों को क्षपणक (४८) और नग्नाटक (१५२ शिखिपिच्छिलाञ्छनः) कहा है। यापनीय नंगे रहते थे, यही श्वेताम्बरों से उनका भेद था। यापनीयों के लिये भी उस समय क्षपणक और नग्नाटक ये दो विशेषण प्रयुक्त होते थे। तीसरी बात बाण ने यह कही है कि ये लोग बहुत दिन तक स्नानादि के बिना रहकर शरीर को अत्यन्त मलिन रखते थे। सम्भवतः मलधारी विशेषण इन्हीं के लिये प्रयुक्त होता था। अल्प भोजन से शरीर को कष्ट देने की बात तो यहीं मिलती है कि वे परिमित ग्रास खाकर रहते थे (पारिच्छिन्नैः पिंडकैः, १७२)। शून्य स्थान या जंगलों में आश्रय लेने की बात का भी समर्थन बाण के इसी उल्लेख में है (अटवीभुवः शून्या जगृहुः)। 'सेवाविमुखाः' शब्द में भी श्लेष ज्ञात होता है। अविमुख अर्थात् नैगमेश-संज्ञक देवता की सेवा करनेवाले। नैगमेश ने ब्राह्मणी देवानन्दा के गर्भ से तीर्थंकर को निकालकर क्षत्रियाणी त्रिशला के गर्भ में बदल दिया था। बाण से पूर्व और उनके समय में जैनों में इस देवता की पूजा का विशेष प्रचार था। मथुरा

१. गुप्तकाल के वैयाकरणों या शाब्दिकों के वाग्व्यसन का पद्मप्राभृतकम् नामक भाण में चित्र खींचा गया है (चतुर्भाणी १, पृ० ८ से १० तक)

२. श्री भोगीलाल संडेसरा कृत गुजराती पंचतंत्र, पृ० २१४ और ५१०।

एवं अहिच्छत्रा से कुषाण और गुप्तकाल की कई नैगमेश-मूर्तियाँ मिली हैं। बहुत सम्भव है कि यापनीय-संघ के अनुयायी लोगों में नैगमेश की पूजा का विशेष प्रचार गुप्तकाल या उसके कुछ बाद भी जारी रहा।

८. केचित्पवनाशना धर्मधना धमद्धमनयो मुनयो बभूवु ।

अ. कुछ वायुभक्षण करते हुए कृशशरीर मुनि हो गए।

आ, यह दिगम्बर जैन साधुओं का वर्णन है। सब प्रकार का आहार त्याग कर वायुभक्षण से तपश्चर्या करते हुए वे शरीर को सुखाते थे। धमद्धमनयः विशेषण इन लोगों के लिये सार्थक था। उग्र तपस्या करते हुए बुद्ध को कृश और धमनिसंस्थित कहा गया है। इसका उदाहरण गंधारकला में निर्मित तप करते हुए बुद्ध की मूर्ति है जिसमें एक-एक नस दिखाई गई है। बुद्ध ने तो इस प्रकार का उग्र मार्ग त्याग कर मज्झिमपटिपदा (बीच का रास्ता) अपना ली थी, किन्तु महावीर उसी मार्ग पर आरूढ़ रहे। दिवाकर मित्र के आश्रम की सूची में बाण ने जिन्हें केशलुंचन कहा है वे ये ही ज्ञात होते हैं और जिन्हें आर्हत कहा है वे यापनीय-संघ के। हिन्दी में एक मुहावरा है लुचा-लुंगाड़ा। इसका लुचा पद लुंचित या केशलुंचन की ओर संकेत करता है। लुंगाड़ा शब्द नग्नाटक का अपभ्रंश रूप है। इस प्रकार लुचा-लुंगाड़ा पद में दिगम्बरी साधु और यापनीय-संप्रदाय के साधु, इन दोनों की ओर एक साथ संकेत विहित ज्ञात होता है। इस प्रकार यापनीयों की उस समय नग्नाटक, क्षपणक, आर्हत आदि कई संज्ञाएँ प्रचलित थीं।

९. केचित् गृहीतकाषायाः कापिलं मतम् अधिजगिरे गिरिषु (१७३) ।

अ. कुछ काषाय धारण करके गिरिकन्दराओं में कपिलमत का अध्ययन करने लगे।

आ. कपिलमतानुयायी साधुओं को बाण ने लंबी जटाएँ रखनेवाले (जटावलम्बी, ५०) कहा है। दिवाकर मित्र के आश्रम में भी कापिलों का उल्लेख है। कपिलमतानुयायी सांख्यवादी साधु मोक्षमार्ग का अनुसरण करते और काषाय वस्त्र पहनते थे (दे० याज्ञ० स्मृति ३।५७)।

१०. केचित् आचोटितचूड़ामणिषु शिरस्सु शरणीकृतधूर्जटयो जटा जघटिरे ।

अ. कुछ ने चूड़ामणि उतारकर शिव की शरण लेकर जटाएँ रख लीं।

आ. ये लोग पाशुपत शैव ज्ञात होते हैं। हर्ष के स्कन्धावार में पाशुपत साधु भी एकत्र थे। पाशुपतव्रतधारिणी परिव्राजिकाएँ माथे पर भस्म लगाकर हाथ में रुद्राक्ष की माला लिए शरीर पर गेरुए वस्त्र पहनती थीं[1]। प्रथम शताब्दी ई० के बाद से मथुरा और समस्त उत्तरभारत में पाशुपत शैवों का व्यापक प्रचार हो गया था[2]।

११. अपरे परिपाटलप्रलम्बचीवराम्बरसंवीताः स्वाम्यनुरागमुज्जवलं चक्रुः ।

अ. कुछ लाल रंग का लम्बा चीवर पहनकर स्वामी के प्रति अपनी भक्ति प्रकट करने लगे।

आ. साधुओं के पक्ष में, लाल लम्बा चीवर अर्थात् संघाटी पहननेवाले भिक्षु स्वामी अर्थात् बुद्ध के प्रति अपना अनुराग प्रकट कर रहे थे। बौद्ध भिक्षु दिवाकर मित्र भी अरुण

१. धवलभस्मलताटिकाभिः अक्षमालिकापरिवर्तनप्रचलकरतलाभिः पाशुपतव्रतधारिणीभिः धातुरागारुणाम्बराभिश्च परिव्राजिकाभिः (कादम्बरी वैद्य० २०८)।

२. शंकराचार्य ने पाशुपतदर्शन का खंडन किया है (शारीरकभाष्य, २।२।३७)।

चीवर-पटल पहने था (२३७)। कादम्बरी में पके तालफल के छिलके की तरह लाल वस्त्र पहननेवाली और रक्तपट साधुओं का व्रत धारण करनेवाली तापसियों का उल्लेख है[1]। बाण ने बौद्धों के लिये जैन शब्द प्रयुक्त किया है। शंकर ने हर्ष के स्कन्धावार में एकत्र जैन साधुओं का अर्थ शाक्य ही किया है (पृ० ६०)। इस युग के संस्कृत-बौद्ध-साहित्य में बुद्ध के लिए बराबर जिननाथ शब्द आया है। बाण ने बौद्ध भिक्षुओं को शमी कहा है।[2]

१२. अन्ये तपोवनहरिणजिह्वांचलोल्लिह्यमानमूर्तयो जरां ययुः।

अ. कुछ तपोवन में आश्रममृगों से चाटे जाते हुए वार्द्धक्य को प्राप्त हुए।

आ. साधुओं के पक्ष में, इसमें वैखानसों का उल्लेख है जो गृहस्थ-जीवन के बाद वानप्रस्थ-आश्रम तपोवन में व्यतीत करते थे। भवभूति ने तपोवनों में वृक्षों के नीचे रहनेवाले वृद्ध गृहस्थों को जो शमधर्म का पालन करते थे, वैखानस कहा है।[3] कालिदास ने भी कण्व के आश्रम में शमप्रधान तपोधन साधुओं के आदर्श का वर्णन किया है। ज्ञात होता है कि कण्व का आश्रम भी वैखानसों के आदर्श पर ही संगठित था। इसीलिए उसमें स्त्रियों के भी एक साथ रहने की सुविधा थी। बाण से पहले गुप्तकाल में ही वैखानस-धर्म ने महत्त्व प्राप्त कर लिया था। इस वैखानस-आदर्श में कई धाराओं का समन्वय हुआ। उन्होंने गृहस्थधर्म को प्रतिष्ठा दी। गृहस्थाश्रम के बाद भिक्षु बनने का मार्ग भी खुला रखा, किन्तु स्त्री का परित्याग करके नहीं, बल्कि उसे साथ लेकर वानप्रस्थ-आश्रम में शमधर्म का पालन करते हुए। उपलब्ध वैखानस-आगमों से एक बात और ज्ञात होती है कि वैखानसों ने धर्म के क्षेत्र में एक ओर भागवतधर्म और पांचरात्रों की व्यूहपूजा को स्वीकार किया तो दूसरी ओर वैदिक यज्ञों को भी अपने पूजापाठ में नये ढंग से सम्मिलित करते हुए ग्रहण किया। इस प्रकार वैखानस-धर्म कई धाराओं को साथ लेकर गुप्तकाल के धार्मिक आन्दोलन में युग की आवश्यकताओं के अनुसार विकसित हुआ। वसिष्ठ और जनक के जीवन उसके आदर्श थे। वस्तुतः वैष्णवों में भी भागवत, पांचरात्र, वैखानस और सात्वत आदि भेद थे। दिवाकर मित्र के आश्रम में भागवत और पांचरात्रिकों का पृथक् उल्लेख हुआ है। पांचरात्रिक चतुर्व्यूह के माननेवाले थे। उन्हीं में कुछ लोग अपने को एकान्तिन् कहकर केवल वासुदेव विष्णु की उपासना करते थे। सात्वतों का सम्बन्ध प्राचीन नारायणीय धर्म से था। वे विष्णु के अन्य अवतारों—विशेषतः नृसिंह और वराह—को भी मानते थे। नृसिंह वराहमुखों के साथ विष्णु की अनेक मूर्तियाँ मथुरा-कला में मिली हैं। वे सात्वत-परम्परा में ही ज्ञात होती हैं। वैखानस-धर्मानुयायी पंचवीर अथवा सत्यपंचक के रूप में विष्णु और उनके चार अन्य साथियों या चतुर्व्यूह की उपासना करते थे। धार्मिक

१. परिणततालफलवल्कललोहितवस्त्राभिः रक्तपटव्रतवाहिनीभिः तापसीभिः (कादम्बरी वैद्य० २०८)।

२. शाक्याश्रम इति शर्मीभिः (९८)।

३. एतानि तानि गिरिनिर्झरिणीतटे वैखानसाश्रिततरूणि तपोवनानि।
येष्वातिथेयपरमाः शमिनो भजन्ते नीवारमुष्टिपचना गृहिणो गृहाणि (उत्तररामचरित १।२५)।
इससे ज्ञात होता है कि वैखानस लोग आतिथ्यधर्म में निष्ठा रखते थे और तपोवन में स्वयं उत्पन्न होनेवाले नीवारादि धान्यों से जीवनयात्रा चलाते थे।

इतिहास के लिये भागवतों के विविध सिद्धान्तों और आचारों का अन्वेषण महत्त्वपूर्ण है। साहित्य और कला दोनों पर उनकी छाप पड़ी थी।

१३. अपरे पुनः पाणिपल्लवप्रमृष्टैरताम्ररागैर्नयनपुटैः कमंडलुभिश्च वारि वहन्तो गृहीतव्रता मुंडा विचेरुः।

अ. कुछ ने आँसू भरे हुए लाल नेत्रों को हाथों से पूँछकर और कमंडलु के जल से धोकर सिर मुँड़वा लिया और भूमि-शयन, एक बार भोजन आदि विविध व्रत ले लिए।

आ. साधुओं के पक्ष में, बाण यहाँ पाराशरी भिक्षुओं का वर्णन कर रहे हैं। दिवाकर मित्र के आश्रम की सूची में पाराशरी नाम नहीं है, किन्तु हर्षचरित में अन्यत्र पाराशरियों का जो लक्षण बाण ने दिया है वह इससे बिल्कुल मिल जाता है। द्वितीय उच्छ्वास में कहा गया है कि कमंडलु के जल से हाथ-पैर धोकर चैत्यवन्दन करनेवाले लोग पाराशरी थे[1]। बाण ने अन्यत्र यह भी कहा है कि पाराशरी ब्राह्मणों से द्वेष करते थे (पाराशरी ब्राह्मण्यो जगति दुर्लभः १८१)। यह बात इनकी चैत्यपूजा-परायणता से भी प्रकट होती है। शंकराचार्य ने 'जटिलो मुंडी लुंचितकेशः काषायाम्बरबहुकृतवेशः' इस पद्यांश में चार प्रकार के प्रमुख संप्रदायों का उल्लेख किया है। जटिल (=कापिल), मुंडी (=पाराशरी), लुंचितकेश (=केशलुंचन करनेवाले जैन) और काषायाम्बरधारी (=बौद्ध)। पाराशरी भिक्षुओं का उल्लेख तो पाणिनि की अष्टाध्यायी में भी मिलता है[2], किन्तु चैत्यपूजा करनेवाले इन पाराशरियों का प्राचीन पाराशरी भिक्षुओं से क्या संबंध था—इसे स्पष्ट करनेवाली इतिहास की कड़ियाँ अविदित हैं।

इसके आगे बाण ने हर्ष को समझाने के लिये आए हुए आठ अन्य प्रकार के लोगों का वर्णन किया है।

१४. पितृपितामहपरिग्रहागताश्चिरन्तनाः कुलपुत्राः।

अ. वे पुराने कुलपुत्र जिनके पितृ-पितामह को सम्राट् का परिग्रह प्राप्त हुआ था और पीढी-दर-पीढी क्रम से जो लोग राजकुल की भक्ति करते चले आते थे, जो राजकुल में कुलपुत्र संज्ञा से अभिहित होते थे, वे भी आए।

आ. सम्प्रदाय-पक्ष में यहाँ पांचरात्रिकों का उल्लेख है जो पितृ-पितामह के परिवार-क्रम से समुदित पंचव्यूह अर्थात् वासुदेव, संकर्षण, प्रद्युम्न, अनिरुद्ध, और साम्ब की पूजा करते थे। वासुदेव और संकर्षण की पूजा सबसे प्राचीन थी। आगे चलकर उस परम्परा में प्रद्युम्न, अनिरुद्ध आदि कुलपुत्र भी सम्मिलित कर लिए गए।

१५. वंशक्रमाहितगौरवाश्च ग्राह्यगिरः गुरवः।

अ. वंशक्रम से पूजित ऐसे गुरुजन जिनकी बात मानी जाती थी, आए।

आ. सम्प्रदाय-पक्ष में यहाँ बाण ने सम्भवतः नैयायिकों का उल्लेख किया है। वे ही लोग निग्रहस्थानों की व्याख्या करते थे जिसका संकेत ग्राह्यगिरः पद में है। अन्य

१. कमंडलुजलशुचिशयचरणेषु चैत्यप्रणतिपरेषु पाराशरिषु (८०)। बाण की मित्र-मंडली में पाराशरी, क्षपणक, मस्करी, शैव, धातुवादविद् भी थे। उन सबका यहाँ उल्लेख हुआ है।

२. पाराशर्यशिलालिभ्यां भिक्षुनटसूत्रयोः (४।३।११०) पाराशरिणो भिक्षवः।

समस्त दर्शनों के मध्य में प्रमाणों पर आश्रित विवेचन-प्रणाली के कारण नैयायिक सबके गुरु समझे जाते थे। प्रत्येक दर्शन ईश्वर, जीव, जगत् के मतों को माने न माने, लेकिन षोडश पदार्थ और प्रमाण की तर्कसंगत प्रणाली प्रत्येक को माननी पड़ती थी। 'वंशक्रम से गौरव प्राप्त करनेवाले' यह विशेषण भी न्यायदर्शन के लिये ही चरितार्थ होता है। जैसा श्रीबलदेवउपाध्यायजी ने लिखा है—'आरम्भ में न्याय और वैशेषिक स्वतन्त्र दर्शनों के रूप में प्रादुर्भूत हुए। अपने उत्पत्तिकाल में न्याय पूर्वदर्शन मीमांसा का पुत्र था, परन्तु कालांतर में वह वैशेषिक का कृतक पुत्र बन गया'[1]।

इनकी पहिचान दिवाकर मित्र के आश्रम की सूची में उल्लिखित ऐश्वरकारणिक दार्शनिकों से की जानी चाहिए। न्याय दर्शन ईश्वर को जगत् का निमित्त कारण मानता है, यही उसका मुख्य सिद्धान्त है[2]।

१६. श्रुतिस्मृतीतिहासविशारदाश्च जरद्द्विजातयः।

अ. अर्थात् श्रुति-स्मृति-इतिहास के ज्ञाता तीन वर्णों के वृद्ध द्विजाति उपस्थित हुए।

आ. यहाँ दिवाकर मित्र के आश्रम की सूची के धर्मशास्त्रियों से अभिप्राय है। धर्मशास्त्रों में धर्म का मुख्य आधार श्रुति, स्मृति और सदाचार अर्थात् इतिहास प्रसिद्ध महापुरुषों के आचार या कर्म कहा गया है[3]। द्विजाति अर्थात् ब्राह्मण-क्षत्रिय-वैश्य, इनके उल्लेख की संगति भी धर्मशास्त्रियों के साथ ही लगती है।

१७. श्रुताभिजनशीलशालिनो मूर्द्धाभिषिक्ताश्चामात्याः।

अ. ज्ञान, कुल और शील से युक्त, मूर्द्धाभिषिक्त राजा लोग जो अमात्य पदवी के अधिकारी थे, हर्ष के साथ संवेदना प्रकट करने के लिये उपस्थित हुए।

आ. संप्रदाय-पक्ष में यह महत्त्वपूर्ण उल्लेख यज्ञवादी मीमांसकों के लिये है। दिवाकर मित्र के आश्रम की सूची में इन्हीं को सप्ततान्तव कहा गया है। ऋग्वेद (१०।५२।४; १०।१२४।१) में यज्ञ के लिये सप्ततन्तु विशेषण प्रयुक्त हुआ है। महाभारत में भी यज्ञ को सप्ततन्तु कहा गया है। अतएव साप्ततान्तव और मीमांसक दोनों एक ही थे। ये लोग श्रुति अर्थात् वेद को ब्राह्मणग्रन्थों पर आश्रित कर्मकांड का मूल स्रोत या आधार मानते थे (अभिजन=पूर्वजों का वासस्थान)। यज्ञ में अवभृथ-स्नान करने के कारण इन्हें मूर्द्धाभिषिक्त कहा गया है।

यज्ञ-पक्ष में अमात्य शब्द का अर्थ है यज्ञशाला में रहनेवाले (अमा=अग्निशरण या घर + त्य)। राजानः पद भी श्लिष्ट ज्ञात होता है। राजा अर्थात् सोम रखनेवाले (राजानः)[4]।

---

१. भारतीय दर्शन (१९४२) पृ० २३६।

२. श्रीबलदेव उपाध्यायकृत भारतीय दर्शन, पृ० २७४। और भी, शांकर भाष्य (२।२।३७)। वेदान्तदर्शन की न्याय से यह विशेषता है कि वह ईश्वर को निमित्त और उपादान कारण दोनों ही मानता है।

३. वेदः स्मृतिः सदाचारो स्वस्य च प्रियमात्मनः।
एतच्चतुर्विधं प्राहुः साक्षाद्धर्मस्य लक्षणम्॥ (मनु० २।१२)

४. अर्शादिभ्योऽच् (५।२।१२७)। जहाँ किसी वस्तु और उसके स्वामी दोनों के लिये एक ही शब्द हो वहाँ यह प्रत्यय होता है। अतएव राजा=सोम, सोमवाला।

इस वाक्य में अमात्य शब्द अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। प्रश्न यह है कि मूर्धाभिषिक्त-राजा अमात्य कैसे हो सकते हैं। बाण ने उनके लिए किस स्थिति में अमात्य पद का प्रयोग किया है। इसका उत्तर यह है कि अमात्य शब्द राजनैतिक क्षेत्र की एक विशेष पदवी का नाम था। गुप्त-अभिलेखों में प्रयुक्त कुमारामात्य पद के अर्थ पर विचार करने से इस अमात्य शब्द का अर्थ समझ में आ सकता है। अमात्य का एक अर्थ सखा या साथी भी था। परमभट्टारक सम्राट् के साथ सखाभाव या बराबरी का पद किसी का नहीं हो सकता था। कुमार राज्यवर्द्धन के लिये कुमारगुप्त और माधवगुप्त सखा नियुक्त किए गए थे। ज्ञात होता है कि बहुत पहले से कुमारों के बराबर सम्मान के भागी उनके सखाओं की नियुक्ति होने लगी थी। पीछे चलकर यही गौरवपूर्ण पद कुमारामात्य के रूप में नियमित किया गया। कुमारामात्य पदवी मंत्रिपरिषद् के मंत्री, सेनापति आदि शासन के उच्चतम अधिकारियों को प्रदान की जाती थी। समुद्रगुप्त के प्रयाग-स्तम्भ-लेख में हरिषेण के नाम के पहले तीन विशेषण प्रयुक्त हुए हैं १. सांधिविग्रहिक (संधि और विग्रह का अधिकारी मंत्रि-परिषद् का एक सदस्य) २. कुमारामात्य ३. महादंड नायक। इनमें महादंडनायक सैनिक पद (मिलिट्री रैंक) का द्योतक था। सांधिविग्रहिक शासनतंत्र के अधिकारपद (आफिस) का सूचक था और कुमारामात्य व्यक्तिगत सम्मानित पदवी का वाचक (टाइटिल)[1] था। प्रस्तुत प्रसंग में मूर्धाभिषिक्त राजाओं को जो सम्राट् के अधीन थे, अमात्य अर्थात् कुमारामात्य का सम्मानित पद प्रदान किया गया था। यहाँ अमात्य का अर्थ मंत्री नहीं है।

१८. यथावदभिगतात्मतत्त्वाश्च संस्तुता मस्करिणः।

अ. आत्मतत्त्व को ठीक प्रकार से अधिगत करनेवाले प्रसिद्ध मस्करी साधु भी उपस्थित हुए थे। यहाँ बाण ने स्वयं ही संप्रदाय का नाम दे दिया है। पाणिनि ने मस्करी परिव्राजकों का उल्लेख किया है। कुछ इन्हें मंखली गोशाल का अनुयायी आजीवक मानते हैं। बाण के समय में इनके दार्शनिक मतों में कुछ परिवर्तन हो गया होगा। अपने मूलरूप में मस्करी भाग्य या नियतिवादी थे। जो भाग्य में लिखा है वही होगा, कर्म करना बेकार है, यही उनका मत था। किन्तु बाण ने उनके मत का ऐसा कोई संकेत नहीं किया है।

१९. समदुःखसुखाश्च मुनयः।

अर्थात् दुःख-सुख को एक-सा समझनेवाले मुनि लोग। ये लोग संभवतः लोकायत मत के माननेवाले थे जिनके लिए सब-कुछ सुख या मौज ही है।

२०. संसारासारत्वकथनकुशलाः ब्रह्मवादिनः।

संसार की असारता का उपदेश देनेवाले ब्रह्मवादी शांकर वेदान्त के अनुयायियों का स्मरण दिलाते हैं। शंकराचार्य बाण से लगभग दो शती बाद हुए; किन्तु उपनिषदों पर आश्रित ब्रह्मवाद का ऊहापोह उनसे बहुत पहले ही आरंभ हो गया था, ऐसा ज्ञात होता है। बाण ने दिवाकर मित्र के आश्रम में औपनिषद दार्शनिकों का उल्लेख किया है। हर्षचरित के टीकाकार शंकर ने उसका अर्थ वेदान्तवादी किया है। कालिदास ने विक्रमोर्वशी के

१. चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के मंत्री शिखरस्वामी को भी कर्मदंडा लेख में कुमारामात्य कहा गया है। गुप्त-शासन में कुमारामात्य खिताब मंत्रियों से लेकर विषयपति तक के लिये सुरक्षित था (दे० दामोदरपुर ताम्रपत्र, कोटिवर्षविषये तन्नियुक्तकुमारामात्य)।

मंगलश्लोक में 'वेदान्तेषु' ऐसा उल्लेख किया है। वहाँ भी उसका अर्थ उपनिषद् ही किया जाता है। उपनिषदों पर आश्रित ब्रह्मवाद की परंपरा का आरंभ बहुत पहले ही हुआ। शंकराचार्य तो उसके परमोत्कर्ष के द्योतक हैं।

२१. शोकापनयननिपुणाश्च पौराणिकाः।

अर्थात् अनेक प्रकार के प्राचीन दृष्टान्त सुनाकर शोक को कम करनेवाले पौराणिक लोग भी उस समय वहाँ हर्ष के पास आए। दिवाकरमित्र के आश्रम की सूची में भी पौराणिकों का उल्लेख है। गुप्तकाल में पुराणों के उपबृंहण और परिवर्द्धन पर विशेष ध्यान दिया गया था। तत्कालीन धर्म और संस्कृति के लिये उपयोगी अनेक प्रकरण पुराणों में नए जोड़े गए और नए पुराणों की रचना भी हुई, जैसे विष्णुधर्मोत्तरपुराण ठेठ गुप्तकाल की सांस्कृतिक सामग्री से भरा है और उसी युग की रचना है। यह सब कार्य जिन विद्वानों के द्वारा सम्पन्न होता था वे ही पौराणिक कहलाते थे। तत्कालीन विद्या के भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में उनकी भी प्रतिष्ठित गणना थी।

इन लोगों के समझाने-बुझाने से हर्ष का शोक कुछ कम हुआ और उसके मन में परदेश गए राज्यवर्द्धन के विषय में अनेक विचार आने लगे। यहाँ बाण ने राजवर्द्धन के जीवन की तुलना बुद्ध के जीवन से की है और यह कल्पना की है कि कहीं राज्यवर्द्धन भी बुद्ध की तरह आचरण न कर बैठे। बाँसखेड़ा-ताम्रपत्र-लेख में राज्यवर्द्धन प्रथम, उनके पुत्र आदित्यवर्द्धन और उनके पुत्र प्रभाकरवर्द्धन को परमादित्यभक्त कहा गया है एवं प्रभाकरवर्द्धन के दो पुत्रों में से राज्यवर्द्धन को परमसौगत[1] और हर्ष को परममाहेश्वर कहा गया है। राज्यवर्द्धन के विषय में ताम्रपत्र के इस उल्लेख का विचित्र समर्थन हर्षचरित से होता है। श्लेष में छिपे होने के कारण अभी तक विद्वानों का ध्यान इसपर नहीं गया था। निम्नलिखित वाक्यों के अर्थों से यह बात स्पष्ट हो जायगी।

१. अपि नाम तातस्य मरणं महाप्रलयसदृशमिदमुपश्रुत्यार्यो बाष्पजलस्नातो न गृह्णीयाद् वल्कले।

अर्थात् कहीं आर्य राज्यवर्द्धन महाप्रलय के सदृश इस मरण-दुःख को सुनकर रोते हुए वल्कल न पहन लें, जैसे आर्य (बुद्ध) ने चार दृश्यों में मरण-संबंध घोर दुःख के विषय में (अपने सारथि से) सुनकर दुःख से चीवर पहन लिए थे।

२. नाश्रयेद् वा राजर्षिराश्रमपदं।

कहीं राजर्षि राज्यवर्द्धन किसी आश्रम में प्रविष्ट न हो जाएँ, जैसे राजर्षि बुद्ध ने आलार कालाम के आश्रम में प्रवेश किया था।

३. न विशेद् वा पुरुषसिंहो गिरिगुहां।

कहीं वह पुरुष-सिंह पर्वत की गुफा में न चला जाए, जैसे शाक्यसिंह (गौतम) इन्द्रशैलगुहा में चले गए थे।

४. अश्रुसलिलनिर्भरभरितनयननलिनयुगलो वा पश्येदनाथां पृथिवीं।

कहीं वह इस पृथिवी को अनाथ देखकर नेत्रों से निरन्तर अश्रुधारा न प्रवाहित करने लगे, जैसे बुद्ध ने भूमिस्पर्श मुद्रा के समय प्रकट हुई पृथिवी को मारधर्षण से अनाथ देख कर दुःख माना था।

१. परमसौगतस्सुगत इव परहितैकरतः, बाँसखेड़ा ताम्रपट्ट, पंक्ति ५।

५. प्रथमव्यसनविषमविह्वलः स्मरेदात्मानं वा पुरुषोत्तम :।

कहीं वह श्रेष्ठ मनुष्य दुःख की इस पहली चोट से घबराकर संसार से विमुख होकर आत्मचिन्तन में न लग जाए, जैसे पुरुषोत्तम बुद्ध मारधर्षण के समय 'अत्ता' (आत्मा) का ध्यान करने लगे थे।

६. अनित्यतया जनितवैराग्यो वा न निराकुर्यादुपसर्पन्तीं राज्यलक्ष्मीं।

कहीं वह संसार की अनित्यता से वैराग्यवान् होकर आती हुई राज्यलक्ष्मी से विमुख न हो जाए, जैसे बुद्ध ने वैराग्य उत्पन्न होने के बाद बिम्बसार के द्वारा दी हुई राज्यलक्ष्मी को अस्वीकार कर दिया था।

७. दारुणदुःखदहनप्रज्वलितदेहो वा प्रतिपद्येताभिषेकं।

कहीं इस दारुण दुःखरूपी अग्नि से जलती हुई उसकी देह को अभिषेक की आवश्यकता न पड़े, जैसे बुद्ध ने महाकश्यप के आश्रम में देह से अग्नि की ज्वालाएँ प्रकट होने पर जलधाराएँ प्रकट करके अभिषेक किया था।

८. इहागतो वा राजभिरभिधीयमानो न पराचीनतामाचरेत।

अथवा यहाँ लौट आने पर जब राजा लोग उससे सिंहासन पर बैठने की प्रार्थना करें तो वह पराङ्मुख न हो जाए, जैसे कपिलवस्तु में लौटने पर बुद्ध ने शुद्धोदन के आग्रह करने पर भी राजकुल के भोगों के प्रति पराङ्मुखता दिखाई थी।

इस प्रकार मन में अनेक प्रकार के विचार लाते हुए हर्ष राज्यवर्द्धन के लौटने की बाट देखता रहा।

छठा उच्छ्वास

हर्ष ने इस प्रकार राज्यवर्द्धन की प्रतीक्षा करते हुए अशौच के दिन बिताए। इस प्रसंग में बाण ने मृतकसम्बन्धी कुछ प्रथाओं का वर्णन किया है जो आज भी प्रचलित हैं, जैसे—

१. प्रेत-पिंड खानेवाले ब्राह्मणों[1] को जिमाया गया (प्रथमप्रेतपिंडभुजि भुक्ते द्विजन्मनि, १७५)। दस दिन तक महाब्राह्मण जो मृतकपिंड खाते हैं, वे प्रेतपिंड भुक् कहलाते हैं। उस समय मृतक को प्रेत कहते हैं। ग्यारहवें दिन एकादशाह या सपिंडीकरण की क्रिया होती है। उसके साथ मृतक व्यक्ति पितरों में मिल जाता है। एकादशाह के दिन अशौच समाप्त हो जाता है, इसी के लिये बाण ने कहा है, गतेषु अशौचदिवसेषु (१७५)। दशाह पिंड तक जो ब्राह्मणभोजन होता है उसे बाण ने प्रथम-प्रेतपिंड-भोजन कहा है, क्योंकि अशौच समाप्त होने पर पुनः तेरहवें दिन या उसके कुछ बाद ब्राह्मणभोजन होता है।

२. द्वितीय ब्राह्मणभोजन में उच्च कोटि के पांक्तेय ब्राह्मण भाग लेते हैं जो यज्ञ, अग्निहोत्र आदि देवकार्य कराते हैं। इसी कारण दोनों प्रकार के ब्राह्मणों को अलग-अलग कहा है, यद्यपि दोनों के ही लिये द्विज शब्द का प्रयोग किया गया है। इन ब्राह्मणों को भोजन के अतिरिक्त दुबारा शय्यादान भी दिया जाता है। इसी के लिये बाण ने लिखा है—राजा के निजी उपयोग की जो सामग्री—पलंग, पीढ़ा, चँवर, छत्र, बर्तन, सवारी, हथियार आदि—घर में थी, और अब जो आँखों में शूल-सी चुभती थी वह शय्यादान के साथ ब्राह्मणों को दे दी गई। (चतुर्दाहदायिनि दीयमाने द्विजेभ्यः शयनासनचामरातपत्रामत्र-पत्र शस्त्रादिके नृपनिकटोपकरणकलापे, १७५)।

३. मृतक के फूल तीर्थस्थानों में जलप्रवाह के लिये भेज दिए गए (नीतेषु तीर्थ-स्थानानि कीकसेषु, १७५)। इसके विषय में कहा जा चुका है कि सम्राट् के धातुगर्भकुम्भ हाथियों पर रखकर विविध सरोवर, नदी और तीर्थों में सिलाने के लिये रवाना किए गए थे (१७१)।

४. चिता के स्थान पर चैत्य-चिह्न स्थापित किया गया जो सुधा या गचकारी से बनाया गया था। शंकर ने चिताचैत्य का अर्थ श्मशान-देवगृह किया है। बाण के समय में इन चैत्यों की क्या आकृति थी इसका स्पष्ट उल्लेख नहीं मिलता, किन्तु अनुमान होता है कि ये चैत्य-चिह्न वही थे जिन्हें अमरकोश में 'एडूक' कहा गया है, जिनके अन्दर कीकसा या मृत व्यक्ति की शरीर-धातु का कोई अंश रख दिया जाता था[2]। गुप्तकाल में एडूक बनाने की प्रथा का परिचय विष्णुधर्मोत्तरपुराण से मिलता है। ये त्रिमेधिस्तूप की आकृति के होते थे अर्थात् क्रमशः परिमाण में कम होते हुए एक दूसरे पर बने तीन चबूतरों के ऊपर किसी देवचिह्न, शिवलिंग या प्रतिमा की स्थापना की जाती थी। अहिच्छत्रा की खुदाई

१. इन्हें आजकल अचारज, अचारजी (आचार्य) कहा जाता है।
२. एडूकं यदन्तर्न्यस्तकीकसम्, अमर २।२।४।

में इस प्रकार का एक एडुक मिला है। महाभारत में भी कलियुगविषयक भविष्यवाणी में कहा गया है कि पृथ्वी एडुक-चिह्नों से भर जायगी (वनपर्व १९०। ६५-६७)।

इसके बाद दो बातों का और उल्लेख है, एक राजगजेन्द्र या प्रभाकरवर्द्धन के खासा हाथी का वन में छोड़ दिया जाना ; दूसरे स्यापे क प्रथा जो पंजाब में अभी तक प्रचलित है, अर्थात् गत गाकर शोक मनाना और उस रूप में स्यापा करने के लिये मृतक के यहाँ जाना। इसके लिये कविरुदितक शब्द का प्रयोग हुआ है।

जब यह हो चुका तो सब वृद्ध बन्धुवर्ग, महाजन और मौल (वंशक्रमागत) मंत्र हर्ष के पास आए। शीघ्र ही उसने हूणयुद्ध से घायल होकर लौटे बड़े भाई को देखा। राज्यवर्द्धन के शरीर के घावों पर लम्बी सफेद पट्टियाँ बँधी थी (हूणनिर्जयसमरशरव्रणबद्धपट्टकैः दीर्घधवलैः, १७६)। यह अनिश्चित है कि हूणों को दबाने में राज्यवर्द्धन कहाँ तक सफल हुए। इस समय पिता की मृत्यु के शोक से उनकी हालत बहुत खराब थी। शरीर कृश हो गया था। सिर पर चूड़ामणि और शेखर दोनों का पता न था। ज्ञात होता है कि उस समय दो आभूषण और तीसरी मुंडमाला पहनने का रिवाज था। हर्ष के सिर पर भी दरबार के समय इन तीनों का वर्णन किया गया है (७४)। राज्यवर्द्धन के कान में इस समय इन्द्रनीलजटित बाली (इन्द्रनीलिका) के स्थान पर पवित्री पड़ी हुई थी।

इस प्रसंग में बाण ने लिखा है कि हड़बड़ी में आने के कारण राज्यवर्द्धन के निजी परिजन या सेवक छूट गए थे या घिसटते साथ लग रहे थे। उनकी संख्या भी कम हो गई थी। वे इस प्रकार थे १. छत्रधार २. अम्बरवाही अर्थात् राजकीय वस्त्रों को साथ ले चलनेवाला ३. भृंगारग्राही अर्थात् जलपात्र ले चलनेवाला ४. आचमनधारी अर्थात् आचमन करने का पात्र थामनेवाला[1]। ५. ताम्बूलिक ६. खड्गग्राही, एवं अन्य कुछ दासेरक।

राज्यवर्द्धन भीतर आकर बैठ गए। परिजन से लाए हुए जल से मुख धोकर ताम्बूलिक द्वारा दिए हुए तौलिए से उन्होंने मुँह पूँछा। बहुत देर बाद चुपचाप उठकर स्नानभूमि में गए और वहाँ स्नान करके देवतार्चन के बाद चतुःशाल की वितर्दिका में आकर चौकी पर बैठ गए[2]। बाण ने लिखा है कि वितर्दिका के ऊपर-नीचे पटाववाली छत थी (नीचापाश्रय)। ऊपर धवलगृह के वर्णन में जिसे संजवन कहा गया है उसी का दूसरा नाम चतुःशाल था[3]। घर का चतुःशाल भाग इस समय चौसल्ला कहलाता है। आँगन के चारों ओर बने हुए कमरे चतुःशाल का मूलरूप था। इसी में एक ओर उठने-बैठने के लिये बना हुआ कुछ ऊँचा चबूतरा गुप्तकाल में वितर्दिका या वेदिका कहलाता था जिसपर नीचा पटाव रहता था। आजकल की पटावदार बारहदरी जो चौसल्ले आँगन में बनाई जाती है, इसी का प्रतिरूप है।[4]

हर्ष ने भी स्नान किया और पृथिवी पर बिछे हुए कालीन पर पास आकर बैठ गया। उस समय आकाश में शशांकमंडल का उदय हुआ। यहाँ बाणभट्ट ने श्लेष से गौड़ाधिप शशांक के भी उदय होने का उल्लेख किया है।

---

१. प्रभाकरवर्धन के आचमनवाही का उल्लेख ऊपर हो चुका है।

२. चतुःशालवितर्दिकायां नीचापाश्रयविनिहितैकोपबर्हायां पर्यंकिकायां निषत्य जोषमास्थत।

३. संजवनं त्विदं चतुःशालं (अमर, २।२।६)।

४. काशी में चौसल्ले आँगन के एक भाग में पायों पर बारहदरी बनाई जाती है जिसे बंगला भी कहते हैं।

प्रकटकलंकम् उदयमानम् विशंकटविषाणोत्कीर्णपंकसंकरशंकरशकुरशक्कर-ककुदकूट-संकाशम् अकाशत आकाशे शशांकमंडलम् (१७८)।

अर्थात् चौड़े सींगों से उछाली हुई मिट्टी से सने हुए शिव के तगड़े वृषभ के उभरे हुए ककुद के समान कलंकित शशांकमंडल आकाश में उदय होता हुआ सुशोभित हुआ। इस वर्णन में शशांक की स्वर्णमुद्रा पर अंकित शिव के साथ सामने बैठे हुए नन्दी एवं आकाश में उदित पूर्णचन्द्र का मानों यथार्थ चित्रण बाण ने किया है (चित्र ५८)। आगे आनेवाली विपत्तियों को श्लेष-द्वारा सूचित करने की प्रवृत्ति बाण की शैली की विशेषता है। राज्यश्री के विवाह की वेदी में शोभा के लिये रखे हुए जवारों के कलशों का वर्णन करते हुए श्लेष-द्वारा दूसरा अर्थ यह सुझाया गया था कि सिंहमुखी उन कलशों के जवारों से भरे हुए मुख ऐसे भयंकर लगते थे जैसे शत्रुओं के मुख, मानों विवाह की वेदी पर ही आगे आनेवाले दुर्भाग्य की छाया पड़ गई थी।

इस अवसर पर प्रधान सामन्तों ने जिनकी बात टाली नहीं जाती थी (अनतिक्रमणवचनः), कह-सुनकर राज्यवर्द्धन को भोजन कराया। प्रातःकाल होने पर राजाओं के बीच में बैठे हुए हर्ष से राज्यवर्द्धन ने कहा—'मेरे मन में दुर्निवार शोक भर गया है। राज्य मुझे विष की तरह लगता है। राज्यलक्ष्मी को इस प्रकार त्याग देने को मन करता है जैसे रंग-बिरंगे कफन के वस्त्रों के घूँघट से सजाई हुई, लोगों का मन बहलानेवाली, बाँस के ऊपर लगी हुई टेसू की पुतली को डोम लोग फेंक देते हैं[1]। मेरी इच्छा आश्रमस्थान[2] में चले जाने की है। तुम राज्य-भार ग्रहण करो। मैंने आज से शस्त्र छोड़ा।' यह कहकर खड्गग्राही के हाथ से तलवार लेकर धरती पर फेंक दी (१८०)।

इसे सुनते ही हर्ष का हृदय विदीर्ण हो गया। उसके मन में अनेक प्रकार के विचारों का तूफान उठ खड़ा हुआ। किन्तु वह कुछ बोल न सका और मुँह नीचा किये बैठा रहा। इसी वर्णन के प्रसंग में बाण ने अपने समकालीन समाज के विषय में कुछ फबतियाँ कसी हैं—'जिसमें अभिमान न हो ऐसा अधिकारी, जिसमें एषणा न हो ऐसा द्विजाति, जिसमें रोष न हो ऐसा मुनि[3], जिसमें मत्सर न हो ऐसा कवि, जो बईमानी न करे ऐसा बणिक्, जो खल न हो ऐसा धनी, जो ब्राह्मणद्वेषी न हो ऐसा पाराशरी भिक्षु, जो भीख न माँगता हो ऐसा परिव्राट्[4]

---

१. बहुश्रुतपटावगुंठनां रंजितरंगां जनंगमानामिव वंशवाह्यामनार्यां श्रियं त्यक्तुमभिलषति मे मनः (१८०)। इस वाक्य का अर्थ पूर्व टीकाकारों ने स्पष्ट नहीं किया। कावेल ने बाथ के जनंगमानाम् पाठ को जनंगमांगनां करने का सुझाव दिया है (पृ० २७६), जो अनावश्यक है। वस्तुतः यहाँ बाण ने टेसू की उस पुतली का उल्लेख किया है जिसे दिवाली आदि की तरह डोम, भंगी तीन बाँसों के ऊपर लगाकर कफन में प्राप्त रंग-बिरंगे कपड़ों से सजाकर गाजे-बाजे के साथ दशहरे पर निकालते हैं और फिर पानी में सिला देते हैं। यह उनकी श्री देवी थी।

२. मूल में आश्रम पद बौद्ध आश्रम के लिये ही प्रयुक्त हुआ ज्ञात होता है, जैसा दिवाकर मित्र का आश्रम था। अन्यत्र भी शमधर्मानुयायी भिक्षुओं के स्थान को शाक्य-आश्रम कहा गया है (९७-९८)।

३. दिगम्बर जैनसाधुओं को बाण ने केवल मुनि पद से अभिहित किया है (१७२)।

४. पाशुपत भैरवाचार्य को बाण ने अन्यत्र परिव्राट् कहा है।

(पाशुपत साधु)[१], जो सत्यवादी हो ऐसा अमात्य (कूटनीतिज्ञ मन्त्री), जो दुर्विनीत न हो ऐसा राजकुमार संसार में दुर्लभ है' (१८१)।

राज्यवर्द्धन जब इस प्रकार बोल चुके तो पहले ही सहेजे हुए वस्त्र-कर्मान्तिक (सरकारी तोशाखाने के अधिकारी) ने रोते हुए वल्कल हाजिर किए। ये बातें हो ही रही थीं कि राज्यश्री का संवादक नाम का परिचारक रोता-पीटता सभा में आकर गिर पड़ा। राज्यवर्द्धन के पूछने पर उसने किसी प्रकार कहा--'देव, जिस दिन सम्राट् के मरने की खबर फैली उसी दिन दुरात्मा मालवराज ने ग्रहवर्मा को जान से मार डाला और भर्तृदारिका राज्यश्री को पैरों में बेड़ी पहनाकर कान्यकुब्ज के कारावास में डाल दिया। ऐसा भी सुना जाता है कि वह दुष्ट सेना को नायक से रहित समझकर थानेश्वर पर भी हमला करना चाहता है' (१८३)।

डाक्टर बूहलर ने मालवराज की पहचान देवगुप्त से की थी, जो सर्वसम्मत है; किन्तु मालवा को पंजाब में माना था जो असम्भव है, क्योंकि बाण के समय में मालव लोग अवन्ति में आ चुके थे और अवन्तिप्रदेश मालव कहलाने लगा था[१]। पंजाब से उखड़ने के बाद मालवों को हम जयपुर रियासत के कर्कोट नगर में पाते हैं। वहाँ से आगे बढ़ते हुए वे गुप्तकाल में चौथी शती के लगभग मालवा में आकर बसे होंगे। राजनीतिक घटनाएँ इंगित करती हैं कि जैसे ही चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य ने अवन्ति से शकराजाओं का उन्मूलन किया वैसे ही मालव लोग अवन्ति में आकर अधिकृत हो गए। सम्भव है कि इस कार्य में वे चन्द्रगुप्त के सहायक भी रहे हों। मंदसोर के लेखों (ई० ४०४ और ई० ४३६) में मालव-संवत् का उल्लेख होने से भी यही विदित होता है कि मालव लोग पाँचवीं शती से पहले मालवा में आ बसे थे। अतएव मालवराज का सम्बन्ध मध्यभारत में स्थित मालवा से ही माना जा सकता है।

इस घोर समाचार को सुनकर राज्यवर्द्धन का सब विषाद जाता रहा और उसमें वीररस का संचार हुआ। उसके हृदय में शोक के आवेग की जगह कोप का आवेग भर गया। बायाँ हाथ म्यान पर एवं दाहिना भीषण कृपाण पर पड़ा और उसने हर्ष से कहा—'राजकुल, बांधव परिजन, पृथ्वी और प्रजाओं को तुम सँभालो, मैं तो आज ही मालवराज के कुल का नाश करने के लिये चला। मेरे लिये यही चीवर और यही तप है कि अत्यन्त अविनीत इस शत्रु का दमन करूँ। हिरन शेर की मूँछ मरोड़ना चाहता है, मेंढक काले साँप के तमाचा लगाना चहता है, बछड़ा बाघ को बंदी बनाना चाहता है, पानी का साँप गरुड़ की गर्दन टीपना चाहता है, ईंधन स्वयं अग्नि को जलाना चाहता है, अन्धकार सूर्य को दबोचना चाहता है--यह जो मालवों ने पुष्पभूति-वंश का अपमान किया है। क्रोध ने अब मेरे मन की जलन को मिटा डाला है। सब राजा और हाथी यहीं तुम्हारे साथ ठहरेंगे। अकेला यह भंडि दस हजार घोड़ों की सेना लेकर मेरे पीछे चलेगा।' यह कहकर फौरन ही कूच का डंका (प्रयाण-पटह) बजाने का हुक्म दिया (१८४)। उसके इस प्रकार आदेश देने पर हर्ष ने कई प्रकार से पुनः आग्रह करते हुए कहा--'आर्य के प्रसाद से मैं पहले कभी वंचित नहीं रहा। कृपा कर मुझे भी साथ ले चलें।' यह कह कर उसने उसके पैरों में सिर धर दिया।

१. उज्जन की क्षिप्रा नदी में मालवा स्त्रियों का स्नान-वर्णन (कादम्बरी, पद्य० ५१)।

उसे उठाकर राज्यवर्द्धन ने कहा--'तात, इस प्रकार छोटे शत्रु के लिये भारी तैयारी करना उसे बड़ाई देना होगा। हिरन मारने के लिये शेरों का झुंड ले जाना लज्जास्पद है। तिनकों के जलाने के लिये क्या कई अग्नियाँ मिलकर कवच धारण करती हैं? और फिर, तुम्हारे पराक्रम के लिये तो अठारह द्वीपों की अष्टमंगलक माला पहननेवाली पृथिवी उपयुक्त विषय है। थोड़ी-सी रुई के लिये पर्वतों को उड़ा ले जानेवाले मरुतों की तैयारी नहीं होती। सुमेरु से टक्कर लेनेवाले दिग्गज कहीं बाँबी से भिड़ते हैं? मान्धाता की तरह तुम सुन्दर सोने की पत्रलताओं से सजे हुए धनुष को सकल पृथिवी की विजय के लिये उठाओगे। तो, तुम ठहरो। मुझे अकेले ही शत्रुनाश करने दो। इस क्षुधा में क्रोध का ग्रास अकेले ही खाने दो।' यह कहकर उसी दिन शत्रु पर चढ़ाई कर दी।

इस प्रकरण में कई सांस्कृतिक महत्त्व के उल्लेख आए हैं। गुप्तकाल के भारतीय भूगोल में पूर्वी द्वीपसमूह के भिन्न-भिन्न द्वीपों की गणना भी होने लगी थी। पुराणों व इस काल के अन्य साहित्य में कुमारीद्वीप अर्थात् भारतवर्ष, सिंहलद्वीप (लंका), नग्नद्वीप या नारिकेलद्वीप (निक्कवरम् या निकोबार), इन्द्रद्युम्नद्वीप (अंडमन), कटाहद्वीप (केड़ा), मलयद्वीप, सुवर्णद्वीप (सुमात्रा), यवद्वीप (जावा), वारुपकद्वीप (बरोस), वारुणद्वीप (बोर्नियो), पर्ण्युपायनद्वीप (सम्भवतः फिलिपाइन), चर्मद्वीप[1] (=कर्मरंग या कर्दरंग, मलयद्वीप में), कर्पूरद्वीप (संभवतः बोर्नियो का दूसरा नाम जहाँ से सर्वोत्तम कपूर आता था), कमलद्वीप (अरबी कमर; ख्मेर, कम्बोडिया), बलिद्वीप (बाली) इत्यादि[2] द्वीपों के नाम आते हैं। इस संख्या में अठारह द्वीपों की गिनती होने लगी थी। बाण ने दो बार अट्ठारह द्वीपोंवाली पृथ्वी का उल्लेख किया है (१७६, १८५)। जैसे बाण ने दिलीप को अष्टादश द्वीपों में अपना सिक्का बैठानेवाला कहा है (भ्रूलतादिष्टाष्टादशद्वीपे दिलीपे, १७६), वैसे ही कालिदास ने माहिष्मती के पूर्वकालीन राजा कार्तवीर्य को अष्टादश द्वीपों में अपने यज्ञस्तम्भ खड़े करनेवाला कहा है[3]। वस्तुतः द्वीपों की संख्या चार से क्रमशः बढ़ती हुई अठारह तक जा पहुँची थी। पुराणों में पहले पुष्कर, फिर शाल्मलि का वर्णन आता है। महाभारत आदिपर्व में राजा पुरूरवा को समुद्र के बीच में स्थित तेरह द्वीपों का शासक कहा गया है[4]। वस्तुतः पूर्वी द्वीपसमूह एक साथ प्रायः द्वीपान्तर नाम से अभिहित किए जाते थे। कालिदास ने कलिंग और द्वीपान्तर के बीच में लवङ्गपुष्पों के व्यापार का

१. बृहत्संहिता, १२, ९।

२. मंजुश्रीमूलकल्प, भाग २ पृ० ३२२।

कर्मरङ्गाख्यद्वीपेषु नाडिकेरसमुद्भवे।
द्वीपे वारुषके चैव नग्नबलिसमुद्भवे॥
यवद्वीपे वा सत्त्वेषु तदन्यद्वीप समुद्भवा।
वाचा रकारबहुला तु वाचा अस्फुटतां गता॥
अव्यक्ता निष्ठुरा चैव सक्रोधप्रेतयोनिषु॥

३. संग्रामनिर्विष्टसहस्रबाहुरष्टादशद्वीपनिखातयूपः।
अनन्यसाधारणराजशब्दो बभूव योगी किल कार्त्तवीर्यः॥ (रघुवंश ६।३८)।

४. त्रयोदशसमुद्रस्य द्वीपानश्नन् पुरूरवाः। आदिपर्व (पूना-संस्करण) ७०।१७।

उल्लेख किया है।[1] बाण ने इन द्वीपों से रत्नराशियों के ढेर कमाकर लानेवाले जहाजों का वर्णन किया है[2]।

अठारह द्वीपों की अष्टमंगलकमाला पहननेवाली पृथिवी (१८५) के इस उल्लेख में अष्टमङ्गलकमाला शब्द भारतीय कला की सुन्दर परिभाषा से लिया गया है। साँची के महास्तूप से सम्बन्धित तोरणस्तम्भ पर उत्कीर्ण शिल्प में माङ्गलिक चिह्नों से बनी हुई मालाएँ या कठुले अङ्कित हैं। एक कठुले में ग्यारह और दूसरे में तेरह माङ्गलिक चिह्न हैं[3]। पीछे चलकर कुषाणकाल में यह संख्या अष्टमाङ्गलिक चिह्नों तक ही सीमित हो गई और इस तरह की माला का नाम अष्टमङ्गलकमाला पड़ गया (चित्र ५६)। मथुरा के कुषाणकालीन आयागपट्टों पर ये चिह्न इस प्रकार हैं, यथा मीनमिथुन, देवविमानगृह, श्रीवत्स, वर्धमान, त्रिरत्न, पुष्पदाम, इन्द्रयष्टि या वैजयन्ती और पूर्णघट[4]। बाण के समय में अष्टमङ्गलकमाला नाम रूढ़ हो गया था, इसीलिये अष्टादश द्वीपों की अष्टमङ्गलकमाला यह कथन संभव हुआ। इस प्रकार की मालाएँ कृत्स्नपृथिवीजयार्थ प्रयाण करनेवाले सेनानी सर्वविधमंगल के लिये धारण करते थे।

राज्यवर्द्धन के वीररस का वर्णन करते हुए बाण ने एक वाक्य लिखा है जो पहले कहे हुए 'मग्नांशुकपटांततनुताम्रलेखा.....' वाले वाक्य (६६) की भाँति श्लेषात्मक अर्थों के चमत्कार एवं ऐतिहासिक सामग्री के लिये विलक्षण है—दर्पात् परामृशन् नखकिरणसलिल-निर्झरैः समरभारसंभावनाभिषेकमिव चकार दिङ्नागकुंभकूटविकटस्य बाहुशिखरकोशस्य वामः पाणिपल्लवः (१८३)।

कोश शब्द के यहाँ तीन अर्थ हैं १. म्यान, २. दिव्य परीक्षा और ३. बौद्धदार्शनिक वसुबन्धु-कृत अभिधर्मकोश नामक ग्रंथ। इनके अनुसार वाक्य के अर्थ इस प्रकार होंगे।

पहला अर्थ, म्यान के पक्ष में

गुप्तयुग के वीरवेष में कटिबन्ध में दाहिनी ओर छुरी-कटारी (असिपुत्रिका, छुरिका ; दे० अहिच्छत्रा खिलौनों पर मेरा लेख, चित्र १८८, १९०) और बाँई ओर परतले में तलवार झूलती रहती थी। बाण का कहना है कि आवेश में राज्यवर्द्धन का बायाँ हाथ कटारी की तरफ गया और दाहिना पुनः कृपाण की ओर झपटा। बाहु एक विशेष प्रकार की तलवार थी जिसे इस समय की भुजाली कह सकते हैं। (तुलना कीजिए, करपालिका करौली और भुजपालिका = भुजाली)। इसकी लंबाई भुजा (बाहु कोहनी से अँगुली तक का भाग) के बराबर होने से इसका यह नाम पड़ा। बराहमिहिर ने उत्तम तलवार की लंबाई ५० अंगुल कही है। उसकी आधी २५ अंगुल की 'ऊन' कहलाती थी जिसे हिंदी में अभी तक 'ऊना'

---

१. रघुवंश, ६।५७। कुछ विद्वान् द्वीपान्तर की पहचान मलयद्वीप से करते हैं।

२. द्वीपोपगीतगुणमपि समुपार्जितरत्नराशिसारमपि पोतं (१८५)।

३. ग्यारह चिह्नोंवाली माला में सूर्य, शुक्र, पद्मसर, अङ्कुश, वैजयन्ती, पंकज, मीनमिथुन, श्रीवत्स, परशु दर्पण और कमल हैं। दूसरी माला में कमल, अङ्कुश कल्पवृक्ष, दर्पण, श्रीवत्स, वैजयन्ती, पंकज, मीनयुगल, परशु, पुष्पदाम, चक्र एवं दो चिह्न और हैं। देखिए मार्शल, साँची मौन्यूमेंट्स, भाग २, फलक ३७।

४. देखिए, वासुदेवशरण अग्रवाल कृत लखनऊ म्यूजियम गाइड बुक, मूर्ति-संख्या जे २४९, फलक ५।

कहते हैं। वस्तुतः छुरी, कटारी, करौली, भुजाली, ऊना सब तीस अंगुल से कम नाप की होती थीं। तीस से ऊपर जाने पर तलवार का नाम निस्त्रिंश पड़ता था।

अजन्ता में बाहु या भुजाली का अंकन पाया जाता है। उसके शिखर या ऊपरी भाग के पास म्यान पर गजमस्तक-जैसी आकृति का अलङ्करण बना हुआ है (औंध-कृत अजन्ता-फलक ३१) नीचे की पट्टी में चित्रित बीच की दो भुजाओं में दाहिनी ओर की बाहु नामक राजकीय भुजाली की म्यान गजमस्तक से अलंकृत है (चित्र ६०)।

इतना समझ लेने पर बाण का शब्दचित्र स्पष्ट हो जाता है—'राज्यवर्धन का बायाँ हाथ दाहिनी ओर कमर में खोंसी हुई भुजाली की मूठ पर गया जो गजमस्तक के अलंकरण से सुशोभित थी। यों उस हाथ की नखकिरणों ने युद्ध का बोझा उठाने में समर्थ उस म्यान-बंद भुजाली का मानों जलधाराओं से सम्मानपूर्ण अभिषेक किया।'

दूसरा अर्थ, दिव्यपरीक्षा के पक्ष में

शङ्कर ने कोश का अर्थ एक प्रकार की दिव्य परीक्षा किया है। अभियुक्त व्यक्ति को सचैलस्नान कराकर मंडल में खड़ा करके किसी देवमूर्ति के स्नान किये हुए जल की तीन अंजुलियाँ पिलाई जाती थीं। यदि वह दोषी हुआ तो देवता के प्रकोप से उसकी मृत्यु तक हो जाना सम्भव माना जाता था[1]। इस पक्ष में 'समरभार' का पदच्छेद स+मर+भार होगा (मर=मरण, मृत्यु ; भार=बोझा या दंड जो बिरादरी या देवता-द्वारा अभिशस्त व्यक्ति पर डाला जाय)। समरभारसंभावनाभिषेक=वह स्नान जिसके फलस्वरूप मृत्यु तक होने की सम्भावना हो। बाहु=कोहनी से अंगुली तक का भाग, उसका शिखर=हाथ। जो अभिशस्त व्यक्ति दिव्यपरीक्षा देता था वह दर्पपूर्वक अन्त तक अपने को निर्दोष कहता था। अभिशस्त व्यक्ति बाएँ हाथ से परीक्षा का जल दाहिने हाथ की मुट्ठी में लेकर पीता था, उसी से इस अर्थ की कल्पना हुई—

गजमस्तक की तरह विकट मुट्ठी बंधा हुआ बायाँ हाथ दिव्यपरीक्षा के समय दाहिनी मुट्ठी को अपनी नखकिरणों से मानों मरणपर्यन्त दंड की सम्भावना का अभिषेक करा रहा था।

तीसरा अर्थ, अभिधर्मकोश-ग्रन्थ के पक्ष में

इस अर्थ में विशिष्ट महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक सामग्री सामने आती है। यहाँ 'कोश'

[redacted]

१. वसुबन्धु उपाध्याय (पेशावर) के एक सम्भ्रान्त परिवार में जन्मे थे। उन्होंने पहले अपने के अन्तिम भाग में 'अभिधर्मकोश' की रचना की। मूलग्रन्थ में ६०० कारिकाएँ और वसुबन्धु का स्वरचित भाष्य था जिसमें प्रमाण, चेतना, सृष्टि, नीतिधर्म, मोक्ष, आत्मा आदि प्रमुख

(शेष टिप्पणी पृ० १२२ पर)

ग्रन्थ। वसुबन्धु के ही अनुयायी दिङ्नाग चौथी-पाँचवीं शती में हुए[1]। तारानाथ के अनुसार दिङ्नाग वसुबन्धु के शिष्य थे जो उनके शिष्यों में सबसे बड़े विद्वान् और स्वतन्त्र विचारक थे। वे बौद्ध तर्कशास्त्र के जन्मदाता एवं भारतीय दर्शन के क्षेत्र में चोटी के विद्वान् माने जाते हैं। दिङ्नाग ने अपने दिग्गज पांडित्य से वसुबन्धु के 'अभिधर्मकोश' को सर्व शास्त्रों में शिरोमणि प्रमाणित किया। उनका एक ग्रन्थ 'हस्तवलप्रकरण' या 'मुष्टिप्रकरण' प्राप्त है[2]। सम्भवतः इसी ग्रन्थ के कारण हाथ फेंककर विपक्षियों से शास्त्रार्थ करने की किंवदन्ती दिङ्नाग के विषय में प्रचलित हुई। कालिदास ने मेघदूत[3] में दिङ्नाग के 'स्थूल हस्तावलेपों' का जो उल्लेख किया है वह निश्चित ही सत्य पर आश्रित जान पड़ता है। उसी का उल्लेख बाण ने श्लेष से अपने ऊपर लिखे हुए वाक्य में किया है। कालिदास के स्थूल हस्तावलेप (शास्त्रार्थ में बढ़-बढ़कर हाथ फटकारना) का वास्तविक स्वरूप बाण ने दिया है कि दिङ्नाग सीधे हाथ में अभिधर्मकोश लेकर बाएँ हाथ से उसकी ओर इशारा करते हुए शास्त्रार्थों में अपनी प्रतिभा से उत्पन्न नए-नए विचारों (भावना) द्वारा उसका मंडन (अभिषेक) करते थे। बाण ने वसुबन्धु के कोश का दिवाकर मित्र के आश्रम में भी उल्लेख किया है जहाँ शाक्य-शासन में कुशल रट्टू तोते उसका उपदेश कर रहे थे (२३७)। दिङ्नाग के पक्ष में वाक्य का अर्थ इस प्रकार होगा—

दिङ्नाग के मस्तक की कूट कल्पनाओं से विकट बना हुआ जो वसुबन्धु का अभिधर्मकोश था उसे आचार्य दिङ्नाग शास्त्रार्थों में अपने दाहिने हाथ में लेकर बाएँ हाथ से दर्पपूर्वक जब उसकी ओर संकेत करते थे, तब उनके बाएँ हाथ की नखकिरणों की सलिल-धार मानों वसुबन्धु के कोशग्रन्थ का भावनामय (विचारों के द्वारा) ऐसा स्नान कराती

विषयों का प्रामाणिक और अत्यन्त पांडित्यपूर्ण विवेचन किया गया था। मूल संस्कृत-ग्रन्थ अभी हाल में प्राप्त हुआ है। परमार्थ ने (५६३ से ५६७ ई० तक) और श्युआन् च्युआङ् (६५१ से ६५४) ने चीनी भाषा में उसके दो अनुवाद किए। तिब्बती भाषा में भी उसका अनुवाद हुआ था। वसुबन्धु पहले सर्वास्तिवादी संप्रदाय के थे, परन्तु पीछे अपने बड़े भाई की प्रेरणा से महायान के विज्ञानवाद के अनुयायी हो गए। ८० वर्ष की आयु में अयोध्या में उनका देहान्त हुआ। (विंटरनिज, भारतीय साहित्य, भाग २, पृ० ३५५ से ३६१ तक)।

१. रैंडल दिङ्नाग को निश्चित रूप से ३५० और ५०० ई० के बीच मानते हैं। इनके अनेक ग्रन्थों में से केवल न्यायप्रवेश मूल संस्कृत में बच गया है।

२. विंटरनिज, भारतीय साहित्य, भाग २, पृ० ३५२; नंजियो, चीनी त्रिपिटक, सं० १२५५ से ५६ तक; इस ग्रन्थ में केवल ६ कारिकाओं में संसार की अनित्यता सिद्ध की गई है। टामस, जे० आर० ए० एस०, १९१८; पृ० २६७।

३. दिङ्नागानां पथि परिहरन्स्थूलहस्तावलेपान्। (मेघदूत १।१४)
दिङ्नागाचार्यस्य हस्तावलेपान् हस्तविन्यासपूर्वकाणि दूषणानि परिहरन्।
कालिदास ने यहाँ दिङ्नाग के तर्कप्रधान शास्त्रार्थों पर फबती कसी है।

थी, जिसमें शास्त्रार्थरूपी युद्धों के मचने से रसहीनता आ जाती थी (समर + भा + अरसम् + भावनाभिषेकम्)[1] ।

इससे यह ज्ञात होगा कि बाण ने अद्भुत काव्यमय कौशल से अपने युग में प्रसिद्ध एक साहित्यिक अनुश्रुति का उल्लेख यहाँ किया है ।

राज्यवर्द्धन के चले जाने पर हर्ष अकेला अनमना होकर समय बिताने लगा (कथमपि एकाकी कालमनैषीत्) । एक दिन स्वप्न में एक लोहे का स्तम्भ फटकर गिरता हुआ दिखाई दिया । वह घबराकर उठ बैठा और सोचने लगा—'क्यों दुःस्वप्न मुझे नहीं छोड़ते ? मेरी बाईं आँख भी फड़कती रहती है । तरह-तरह के दारुण उत्पात भी होते रहते हैं । सूर्य में कबन्ध दिखाई पड़ता है और राहु सूर्य पर झपटता हुआ लगता है । सप्तर्षि धुँआ छोड़ते हैं । दिशाएँ जलती हैं । आकाश से तारे टूटते हैं, मानों दिग्दाह की चिनगारियाँ हों । चन्द्रमा कांतिहीन हो गया है । दिशाओं में चारों ओर उल्कापात दिखाई पड़ता है । धरती को कँपानेवाला अन्धड़ धूल और बजरी उड़ाता हुआ राज्यनाश की सूचना देता है ।' इस प्रकार उत्पातों की बात सोचते-सोचते वह राज्यवर्द्धन की कुशल मनाने लगा (१८६) ।

बाह्य आस्थानमंडप में आकर बैठा ही था कि उसने राज्यवर्द्धन के कृपापात्र कुन्तल नाम के सवार को आते देखा[2] । उसने खबर दी कि राज्यवर्द्धन ने मालव की सेना को खेल-ही-खेल में जीत लिया था, किन्तु गौड़ाधिपति की दिखावटी आवभगत का विश्वास करके वह अकेला शस्त्रहीन दशा में अपने ही भवन में मारा गया (१८६) ।

इतना सुनना था कि हर्ष में प्रचंड कोप की ज्वाला धधक उठी । उसका स्वरूप अत्यन्त भीषण हो उठा । वह ऐसा लगता था, मानों शिव ने भैरव का अथवा विष्णु ने नरसिंह का रूप धारण कर लिया हो[3] । ये दोनों अभिप्राय बाण ने अपने युग की मूर्तिकला से ग्रहण किए हैं (भैरवाकार शिव के लिये देखिए अहिच्छत्रा के खिलौनों पर मेरा लेख, चित्र-सं० ३०० । नरसिंहाकृति विष्णु के लिये वही, चित्र-सं० १०८) । उसने गौड़ाधिपति को

१- इस अर्थ में समरभारसंभावनाभिषेकम् का पदच्छेद इस प्रकार होगा—समर (शास्त्रार्थ युद्ध) + भा (प्रतिभा) + अरसम् (नीरस) + भावना (विचार) + अभिषेकम् । नख-किरणजल से स्नान वस्तुतः (अरस) बिना जल का स्नान है । वह केवल भावनाभिषेक है । अभिषेक या स्नान की भावना कर लेना भावना-स्नान कहलाता है । वह कई प्रकार का है ।

आग्नेयं भस्मना स्नानमवगाह्यं तु वारुणम् ।
आपो हिष्ठेति च ब्राह्मं वायव्यं गोरजः स्मृतम् ॥

(रघुवंश १ । ८५, मल्लिनाथ का श्लोक) ।

जल से वारुण स्नान, भस्म लगा लेने से आग्नेय, आपोहिष्ठा मंत्र से ब्राह्म और गोधूलि से वायव्य स्नान होता है । पिछले तीन भावना अभिषेक हैं । वसुबन्धु के कोश का अभिषेक भी जलहीन होने के कारण केवल भावनाभिषेक था । उसका यह भी अर्थ है कि दिङ्नाग ने विचारों द्वारा उस ग्रन्थ को प्रक्षालित किया । अभिषेक का उद्देश्य शुद्धि है, (देखिए, रघुवंश १ । ८५ तीर्थाभिषेकजां शुद्धिमादधाना महीक्षितः) किन्तु दिङ्नाग द्वारा शास्त्रार्थ-समर के उत्पन्न हो जाने से उस अभिषेक में रसहीनता या कटुता उत्पन्न हो गई थी ।

२. कुंतलं नाम बृहदश्ववारं राज्यवर्द्धनस्य प्रसाद-भूमिम् (१८६) ।

३. हर इव कृतभैरवाकारः, हरिरिव प्रकटितनरसिंहरूपः (१८७) ।

बहुत बुरा-भला कहा—'झरोखे में जलनेवाले प्रदीप को जैसे सिर्फ काजल मिलता है, वैसे ही इस कृत्य के द्वारा गौड़ाधिप के हाथ केवल अपयश ही लगेगा। सूर्य के अस्त हो जाने पर भी सत्पथ के वैरी इसी अंधकार से निपटने के लिए अभी चन्द्रमा तो है ही। अंकुश के टूट जाने पर भी दुष्ट गजेन्द्र (व्यालवारण) को विनय सिखाने के लिये केरारी के खरतर नख तो कहीं नहीं चले गए। तेजस्वी रत्नों को तराश में बिगाड़ देनेवाले मूर्ख बेगड़ियों के समान पृथ्वी के कलंक उस को कौन मृत्युदंड न देगा[1] ? अब वह दुर्बुद्धि भागकर कहाँ जाएगा।' (१८८)

हर्ष इस प्रकार अपने उद्‌गार प्रकट कर ही रहा था कि सेनापति सिंहनाद जो प्रभाकरवर्द्धन का भी मित्र था और पास में बैठा हुआ था, कहने लगा। यहाँ पर बाण ने वृद्ध सेनापति के व्यक्तित्व का अच्छा चित्र खींचा है। 'उसकी देहयष्टि साल वृक्ष की तरह लम्बी और हरताल की तरह गोरी थी। उसकी आयु बहुत अधिक हो चुकी थी, किन्तु वृद्धावस्था भी मानों उससे डर रही थी। उसके केश श्वेत थे। भौंहें लटककर आँखों पर आ गई थीं। भीमाकृति मुख के सफेद गलगुच्छे गालों पर छाए हुए थे। झालदार दाढ़ी सफेद चँवर की तरह लगती थी। चौड़ी छाती पर घावों के बड़े-बड़े निशान थे। वह ऐसी जान पड़ती थी, मानों पर्वत पर टाँकी से लेखों (वर्णोत्करों) की लम्बी-चौड़ी पंक्तियाँ खोद दी गई हों[2]। समुद्र-भ्रमण द्वारा उसने सब जगह से धन खींचकर जमा किया था[3]। वह सेनापति की समस्त मर्यादाओं का पालन करनेवाला था (वाहिनीनायकमर्यादानुवर्त्तनेन)। राजा का भार उठाने से वह घुट-पिटकर मजबूत हो गया था[4]। दुष्ट राजाओं को वश में करने के लिये वह नागदमन-नामक शस्त्र की तरह था जो दुष्ट हाथियों को वश में करने के लिये प्रयुक्त होता है। वीरगोष्ठियों का वह कुलपुरोहित था। वह शूरों का तुलादंड, शस्त्रसमूह का ज्ञाता, प्रौढ़ वचन कहने में समर्थ, भागती हुई सेना को रोककर रखनेवाला, बड़े-बड़े युद्धों के मर्म को जाननेवाला और युद्धप्रेमियों को खींच लाने के लिये आघोषणापटह के समान था (१८६-१६०)।

सिंहनाद ने अनेक प्रकार से हर्ष में वीरता का भाव उत्पन्न करने का प्रयत्न किया और कहा—'अकेले गौड़ाधिपति की क्या बात है ? आपको तो अब ऐसा करना चाहिए जिससे किसी दूसरे की हिम्मत इस तरह का आचरण करने की न हो। जिस मार्ग पर तुम्हारे पिता-पितामह-प्रपितामह चले हैं, त्रिभुवन में श्लाघनीय उस मार्ग का परित्याग मत करो। जो झूठे विजिगीषु सारी पृथिवी को जीतने की लालसा से उठ खड़े हुए हैं उन्हें ऐसा कर दो कि

---

१. तादृशाः कुर्वंकटिकाः इव तेजस्विरत्नविनाशका कस्य न वध्याः (१८८)। रत्नतराशों के सम्बन्ध में बाण का यह उल्लेख मूल्यवान् है। इससे मालूम होता है कि राजा लोग अच्छे रत्नों के सही ढंग से तराशे जाने के कितने पक्षपाती थे।

२. निशितशस्त्रटंककोटिकुट्टितबहुबृहद्वर्णाक्षरपंक्तिनिरन्तरतया च सकलसमरविजयपर्वगणनामिव कुर्वन् पर्वत इव पादचारी। ज्ञात होता कि इस वाक्य में कुट्टकगणित के अंक और अक्षरों को पत्थर पर खोदकर उसके आधार से ज्योतिष के फलाफल का विचार करने की ओर संकेत है। कुट्टकगणित का आविष्कार ब्रह्मगुप्त ने किया था।

३. अब्भ्रमणेनानादरश्रीसमाकर्षणविभ्रमेण मंदरमपि मंदयन् (१८९)।

४. ईश्वरभारोद्‌वहनूघट्टपृष्ठतया हरवृषभमपि हसन्निव (१८९)।

उनके अंतःपुर की स्त्रियाँ गहरी साँस छोड़ने लगें। सम्राट् के स्वर्गवासी हो जाने पर एवं राज्यवर्द्धन के दुष्ट गौड़ाधिप द्वारा डस लिए जाने से जो महाप्रलय का समय आया है इसमें तुम्हीं शेषनाग की भाँति पृथिवी को धारण करने में समर्थ हो। शरणहीन प्रजाओं को धैर्य बँधाओ और उद्धत राजाओं के मस्तक दाग कर पैरों के निशान अंकित कर दो[1]। पिता के मारे जाने पर अकेले परशुराम ने दृढ़ निश्चय से इक्कीस बार समस्त राज्यवंशों का उन्मूलन किया था। देव भी अपने शरीर की कठोरता और वज्रतुल्य मन से मानियों में मूर्द्धन्य हैं; तो आज ही प्रतिज्ञा करके नीच गौड़ाधिप के नाश के लिये अचानक सैनिक कूच की सूचक झंडी के साथ धनुष उठा लीजिए[2] (१६१–१६३)।

हर्ष ने उत्तर दिया—'आपने जो कहा है वह अवश्य ही करणीय है। जबतक अधम चंडाल दुष्ट गौड़ाधिप जीवित रहकर मेरे हृदय में काँटे की तरह चुभ रहा है, तबतक मेरे लिये नपुंसक की तरह रोना-धोना लज्जास्पद है। जबतक गौड़ाधम की चिता से उठता हुआ धुआं मैं न देखूँ तबतक मेरे नेत्रों में आँसू कहाँ? तो मेरी प्रतिज्ञा सुनिए—'आर्य के चरण-रज का स्पर्श करके मैं प्रतिज्ञा करता हूँ कि यदि कुछ ही दिनों में मैं इस पृथ्वी को गौड़-रहित न बना दूँ और समस्त उद्धत राजाओं के पैरों में बेड़ियाँ न पहना दूँ तो घी से धधकती हुई आग में पतंगे की तरह अपने शरीर को जला दूँगा।' इतना कहकर पास में बैठे महासन्धि-विग्रहाधिकृत अवन्ति को आज्ञा दी—'लिखो, पूर्व में उदयाचल, दक्षिण में त्रिकूट, पश्चिम में अस्तगिरि और उत्तर में गन्धमादन तक के सब राजा कर-दान के लिये, सेवा-चामर अर्पित करने के लिये, प्रणाम के लिये, आज्ञाकरण के लिये, पादपीठ पर मस्तक टेकने के लिये, अंजलिबद्ध प्रणाम के लिये, भूमि त्यागने के लिये, वेत्रयष्टि लेकर प्रतिहार का कार्य करने के लिये, और चरणों में प्रणाम करने के लिये तैयार हो जाएँ; अथवा युद्ध के लिये कटिबद्ध रहें। मैं अब आया।'

महासन्धिविग्रहाधिकृत का पद शासन में अत्यन्त उच्च था और गुप्तकाल से ही उसका उल्लेख मिलने लगता है। समुद्रगुप्त की प्रयाग-प्रशस्ति में महादंडनायक हरिषेण को सांधिविग्रहिक कहा गया है। गुप्तकाल के बाद भी शासन में यह पद जारी रहा। एक प्रकार से इसका कार्य विदेशमन्त्री-जैसा था। शुक्रनीति में भी इसका उल्लेख है।

हर्ष की जो प्रतिज्ञा बाण ने यहाँ दी है वह उस युग में समस्त पृथ्वी के जयार्थ दंडयात्रा करनेवाले विजिगीषु राजाओं की घोषणा जान पड़ती है। समुद्रगुप्त की प्रयाग-प्रशस्ति में

१. क्ष्मापतीनाम् शिरःसु ललाटंतपान् प्रयच्छ पादन्यासान् (१९३)। मस्तक पर पैरों के निशान का दिखाई पड़ना अत्यन्त दुर्भाग्य का लक्षण समझा जाता था। मथुरा-कला में प्राप्त एक मस्तक पर इस प्रकार पादन्यास अंकित पाए गए हैं। वह मूर्ति किसी दुर्भाग्य देवता की रही होगी। बाण ने स्वयं आगे लिखा है—चूडामणिषु चक्रशंखकमललक्ष्माणः। प्रादुरभवन् पादन्यासाः राजमहिषीणाम् (२०१), अर्थात् हर्ष के दिग्विजयारंभ करने पर शत्रु-सामन्तों की स्त्रियों के मस्तक पर पैरों के निशान जिनमें शंख, चक्र, पद्म, शंख बने थे, प्रकट हो गए।

२. तदयमेव कृतप्रतिज्ञो गृहाण गौड़ाधमजीवितध्वस्तये जीवितसंकल्पनाकुलकाकाकांड-दंडयात्राचिह्नध्वजं धनुः (१९३)।

उसकी विजय-यात्रा को 'सर्व-पृथिवीविजय' का नाम दिया गया है एवं उसमें राजाओं के साथ करदान, आज्ञाकरण, प्रणामागमन, प्रसभोद्धरण, परिचारिकीकरण आदि जिन नीतियों का वर्णन किया गया है उन्हीं का उल्लेख हर्ष की प्रतिज्ञा में बाण ने किया है। बाण ने प्रणाम करने के चार दर्जे कहे हैं— १. केवल सिर झुकाकर प्रणाम करना (नमन्तु शिरांसि) २. अंजलिबद्ध प्रणाम करना (घटन्तामंजलयः), ३. सम्राट् के चरणों तक सिर झुकाकर प्रणाम करना (सुहृष्टः क्रियतामात्मा मच्चरणनखेषु), ४. चरण की धूल अपने मस्तक पर चढ़ाना (शेखरीभवन्तु पादरजांसि), जिसमें सम्भवतः सिर को पादपीठ या पृथ्वी पर छुआकर प्रणाम करना पड़ता था। परिचारक बनने या सेवा के भी दो प्रकार थे, (१) चँवर डुलाना जिसको बाण ने सेवाचामर अर्पित करना भी कहा है,[1] और (२) हाथ में वेत्रयष्टि लेकर दरबार में प्रतिहार का काम करना।

इसी प्रसंग में बाण ने सर्वद्वीपान्तरसंचारी पादलेप का उल्लेख किया है, अर्थात् पैरों में लगाने का ऐसा मरहम जिसकी शक्ति से सब द्वीपान्तरों में विचरण करने की शक्ति प्राप्त हो (१८४)। जिस युग में द्वीपान्तरों की यात्रा करने की चारों ओर धूम थी उसी युग में इस प्रकार के पादलेप की कल्पना की गई होगी।

इस प्रकार अपने निश्चय की घोषणा करके वह बाह्य आस्थान-मंडप से उठा (मुक्तास्थान, १६४), सब राजाओं को विदा किया एवं स्नान करने की इच्छा से सभा को छोड़कर भीतर गया[2]। हर्ष अबतक बाह्य आस्थान-मंडप में था जो कि राजकुल के भीतर दूसरी कक्ष्या में होता था। वहीं उसने कुन्तल से राज्यवर्धन की मृत्यु का समाचार सुना था। वहीं सेनापति सिंहनाद के साथ उसकी बातचीत हुई और उसने प्रतिज्ञा की। बाह्य आस्थान-मंडप में ही राजा और सामन्त दरबार-मन्त्रणा आदि के लिये एकत्र होते थे। हर्ष ने आस्थान-मंडप से उठते हुए उन्हें विदा दी। बाह्य आस्थान-मंडप से उठकर राजा धवलगृह के समीप में बने हुए स्नानगृह में जाते थे। बाह्य आस्थान-मंडप या दरबार को केवल आस्थान (१८६), आस्थान-मंडप अथवा आस्थान-भवन (का० वै० १५), महास्थानमंडप (१७२) या सभा (१६४) भी कहा जाता था।

वहाँ से उठकर हर्ष ने समस्त आह्निक कृत्य किया। प्रतिज्ञा के फलस्वरूप उसका मन स्वस्थ के समान हो गया था। स्नान-भोजनादिक से निवृत्त हो वह प्रदोषास्थान में थोड़ी देर बैठा और फिर शयनगृह में गया। प्रदोषास्थान अर्थात् रात्रि के समय भोजनादि से निवृत्त होने के बाद बैठने का एक मंडप था। धवलगृह में इसके निश्चित स्थान का संकेत नहीं किया गया; किन्तु दो सम्भावनाएँ हो सकती हैं, या तो भुक्तास्थानमंडप (दरबारए-खास) ही जो धवलगृह से मिला हुआ उसके पीछे होता था, प्रदोषास्थान का काम देता था; अथवा इससे अधिक सम्भव यह है कि धवलगृह के ऊपरी तल्ले में जो चन्द्रशालिका थी वही

---

१. कैश्चित्सेवाचामराणीवार्पयद्भिः, दूसरा उच्छ्वास, हर्ष के राजद्वार में उपस्थित भुजनिर्जित शत्रु महासामन्त (६०)।

२. मुक्तास्थानः विसर्जितराजलोकः स्नानारम्भकांक्षी सभामत्याक्षीत्, (१९४)। कादम्बरी में भी शूद्रक के विषय में ठीक यही वर्णन किया गया है—मध्याह्नशंखध्वनिरुदतिष्ठत् तमाकर्ण्य च समासन्नस्नानसमयः विसर्जितराजलोकः क्षितिपतिरास्थानमंडपादुत्तस्थौ (वैद्य० पृ० १३)।

प्रदोषास्थान के काम आती हो। यहीं से उठकर राजा उसी तल्ले में सामने की ओर बने हुए अपने शयनगृह में सरलता से जा सकते थे, जैसा कि हर्ष के लिये यहाँ कहा गया है-- 'प्रदोषास्थान में वह अधिक न ठहरा। उठकर निजी शयनगृह में गया जहाँ परिजनों के जाने की भी पाबन्दी थी। वहाँ बिछे हुए शयनतल पर अंगों को ढीले छोड़कर पड़ रहा।' (प्रदोषास्थाने नातिचिरं तस्थौ·····प्रतिषिद्धपरिजनप्रवेशश्च शयनगृहं प्राविशत्, १६५)। रानी का वासभवन (१२७) जिसकी भित्तियों पर चित्र बने थे और राजा का शयनगृह दोनों धवलगृह के ऊपरी तल्ले में एक साथ ही होने चाहिएँ। प्रदोषास्थान में अनेक दीपिकाओं के जलने का उल्लेख है, किन्तु शयनगृह में एक ही दीपक का वर्णन किया गया है।

अगले दिन प्रातःकाल होने पर उसने प्रतिहार को आज्ञा दी -- 'मैं गजसाधनाधिकृत स्कन्दगुप्त से मिलना चाहता हूँ।' स्कन्दगुप्त का उल्लेख हर्ष के बाँसखेड़ा-ताम्रपत्र में भी आया है जहाँ उन्हें महाप्रमातार महासामन्त श्रीस्कन्दगुप्त कहा गया है। बाण के उल्लेख से विदित होता है कि हर्ष की बड़ी हाथियों की सेना का अधिकार भी स्कन्दगुप्त को ही सौंपा गया था।

स्कन्दगुप्त उस समय अपने मन्दिर में था। ताबड़तोड़ कई आदमी उसे बुलाने पहुँचे। अतएव अपनी हथिनी की प्रतीक्षा किये बिना ही वह पैदल राजकुल के लिये चल पड़ा। उसके चारों ओर गजकटक का शोर हो रहा था। उसकी आकृति से महाधिकार टपकता था और स्वाभाविक कठोरता के कारण वह निरपेक्ष होते हुए भी हुक्म देता-सा जान पड़ता था। उसकी चाल भारीभरकम थी। आजानु लंबे दोनों बाहुदंड आगे-पीछे हिलते हुए ऐसे जान पड़ते थे, मानों पत्थर के आलान-स्तम्भों की पंक्ति दोनों ओर विरचित हो रही[1] हो। उसका होठ कुछ ऊँचा उठकर आगे की ओर लटका हुआ था[2]। नासावंश लंबा था। लंबे केश स्वभाव से घुँघराले थे और उनकी लटें बाल लता के प्रतानों की तरह छल्लेदार थीं। इसी प्रकार की बबरियाँ भी उसकी गर्दन पर पीछे फैली हुई थी (स्वभावभंगुरकुन्तलबालवल्लरीवेल्लितबर्बरक, १६७)। स्वामी के प्रसाद में ऊँचा उठा हुआ स्कन्दगुप्त राजकुल में प्रविष्ट हुआ। उसने दूर से ही पृथ्वी पर दोनों हाथ और मौलि रखकर हर्ष को प्रणाम किया।

इस प्रसंग में बाण ने हाथियों की सेना और उसमें नियुक्त अधिकारियों का विस्तृत वर्णन किया है। हर्ष के स्कन्धावार में जब बाण ने प्रवेश किया था तभी उसने राजद्वार के बाहर हाथियों का बाड़ा देखा था। उस वर्णन में (५८) सेना के लिये हाथियों को प्राप्त करने के भिन्न-भिन्न स्रोतों का उल्लेख किया गया है। श्युआन् च्युआङ् के अनुसार हर्ष की सेना में ६० सहस्र हाथी थे। बाण ने उसे अनेक अयुत या दस सहस्र हाथियों से युक्त

१. यह उपमा गजशाला में आमने-सामने गड़े हुए पत्थर के आलान खंभों की दो पंक्तियों से ली गई है।

२. ईषदुत्तुंगलम्बेन अधरबिम्बेन नवपल्लवकोमलेन कवलेनेव श्रीकरेणुकां विलोभयन्निव (१९६)। निचले होठ की यह विशेषता उस युग का शौक था। अजन्ता के चित्रों में इसका स्पष्ट अंकन किया गया है, दे० औंधकृत अजन्ता-फलक ६१, ७८; वज्रपाणि बुद्ध, गुफा १। पत्थर की मूर्तियों में भी यह बात पाई जाती है।

सेना (अनेक-नागायुतबल, ७६) कहा है। प्रस्तुत प्रकरण में उस सेना के विभिन्न अंगों के संगठन पर प्रकाश डाला गया है।

हाथियों को पकड़ने के लिये (वारणबन्ध) बहुत-से लोग पहाड़ी जंगल में चारों तरफ किनारे से घेरा बना लेते और मंडल को क्रमशः सिकोड़ते हुए हाँका करते थे। यों हाँके के द्वारा खेदकर हाथियों को पकड़ने की प्रथा बहुत पुरानी थी। इस प्रकार का खेदा हर्ष की गज-सेना के लिये विन्ध्याचल के जंगलों में होता था। वही एक बड़ा जंगल हर्ष के लिये सुलभ था। हाँका करनेवाले लोग हाथ में ऊँचा बाँस लिए रहते जिसके सिरे पर मोर के पंख बाँध लेते थे। पंखों में बने चंदों पर पड़नेवाली चमक हाथियों को भयभीत करती थी। इस प्रकार वारणबन्ध के लिये काम करनेवाले लोगों के समूह को अनायतमंडल (जिनका घेरा सिमिटकर छोटा होता जाता था) कहा गया है। इस समय उनके मुखिया लोग गजसाधनाधिकृत स्कन्दगुप्त के सामने भागते हुए चल रहे थे[1]।

इसके अतिरिक्त हाथियों को फंसाने का दूसरा उपाय फुसलावा देनेवाली हथिनियों द्वारा था जिन्हें 'गणिका' कहते थे। उनमें जो हथिनी फँसाने में बहुत होशियार और अपने काम में सिद्ध हो जाती थीं वे 'कर्मण्यकरेणुका' कहलाती थीं। गणिका हथिनियों के अधिकारी बहुत दिनों से कटक में आकर प्रतीक्षा कर रहे थे। जब उन्हें अवसर मिला तो वे हाथी फुसलाने में चतुर अपनी हथिनियों के करतब हाथ उठाकर सुनाने लगे[2]।

हाथी प्राप्त करने के लिए तीसरा उपाय यह था कि अटवीपाल या आटविक राजा स्वयं नए-नए हाथियों को पकड़कर सम्राट् की सेना के लिये भेजते रहते थे। सम्भवतः सम्राट् के साथ उनका यही समझौता था। अटवीपाल को ही यहाँ अरण्यपाल कहा गया है और राजद्वार के वर्णन में उन्हें ही पल्लीपरिवृढ अर्थात् शबर-बस्तियों के स्वामी कहा है। आटविक लोग भी नए पकड़े हुए गजयूथों को लेकर हाथ में ऊँचे अंकुश लेकर कटक में उपस्थित थे (१९६)।

हाथी प्राप्त करने का चौथा स्रोत हाथियों के लिये विशेषरूप से सुरक्षित जंगल थे जो नागवन कहलाते थे। कौटिल्य ने हस्त्यध्यक्ष के लिये विशेषरूप से हस्तिवन की रक्षा का भार सौंपा है (अर्थशास्त्र २। ३१)[3]। नागवन में जंगली हाथी राजा के शिकार के लिये विशेषतः रखाए जाते थे। अशोक ने पंचम स्तम्भ-लेख में यह स्पष्ट आदेश दिया है कि अमुक-अमुक दिनों में (तीन चातुर्मासी, तिष्य नक्षत्र की पूर्णिमा, और प्रत्येक मास की चतुर्दशी, पूर्णिमा और प्रतिपद् को) नागवन में जीव-वध नहीं किया जायगा[4]। नागवन को शिकार

---

१. उच्छ्रितशिखिपिच्छलांछितवंशलतावनगहनगृहीतदिगाभोगैः विन्ध्यवनैरिव वारणबन्धविमर्दोद्योगागतैः पुरः प्रधावद्भिरनायतमंडलैः (१९६)।

२. गणिकाधिकारिगणैः चिरलब्धान्तरैः उच्छ्रितकरैः कर्मण्यकरेणुकासंकथनाकुलैः (१९६)।

३. अर्थशास्त्र के अनुसार जंगल दो प्रकार के थे, द्रव्यवन (लकड़ी आदि के लिये) और नागवन (केवल हाथियों के लिये)। द्रव्यवनपाल और हस्तिवनपाल, दोनों का वार्षिक वेतन ४०० कार्षापण था।

४. एतानि येव दिवसानि नागवनसि केवटभोगसि यानि अंनानि पि जीवनिकायानि नो हन्तवियानि, पंचमस्तम्भ लेख, रामपुरवा।

की सुविधा के लिये प्रायः अलग-अलग वीथियों में बाँट लिया जाता था और प्रत्येक वीथी पर एक अधिकारी नियुक्त होता था जिसे नागवनवीथीपाल (१९६) या केवल नागवीथीपाल कहते थे। नागवन में किसी नए झुंड के देखे जाने की सूचना तुरन्त दरबार में भेजने का आदेश था। अतएव नागवीथीपालों के भेजे हुए दूत अभिनव गजसमूह के संचरण की खबर देने के लिये कटक में आए हुए थे[1]।

इतने हाथियों को खिलाना राज्य के लिये बड़ी भारी सिरदर्दी रही होगी। उनके लिये चारा जुटाने में प्रजाओं का दिवाला पिट जाता था। बाण ने स्पष्ट लिखा है कि कटक में एक-एक क्षण हाथियों के लिये चारे की बाट देखी जाती थी (प्रतिक्षणप्रत्यवेक्षितकरिकवलकूटैः, १९६)। निश्चय ही जो आता होगा वह तुरन्त सफाचट्ट हो जाता होगा। इसके लिये राज्य ने झुंड-के-झुंड डंडा रखनेवाले प्यादे (कटक कदम्बक)[2] छोड़े हुए थे जो हर गाँव, नगर और मंडी में चारा, भूसा और करञ्ज का संग्रह करके उसकी सूचना देते रहते थे[3]। (चित्र ६१)

इतने हाथियों को जमा कर लेने पर सेना के लिये उन्हें शिक्षित बनाने का काम था। इसके लिये महामात्रसंज्ञक अधिकारी नियुक्त थे। उन्हें ही अर्थशास्त्र में अनीकस्थ कहा गया है। उनका महामात्र नाम सकारण था। हाथियों की परिचर्या के लिये जितने अधिकारी और सेवक नियुक्त थे, महामात्रों का पद उन सबमें बड़ा था[4]। अर्थशास्त्र ने भी हाथियों की परिचर्या के लिये चिकित्सक के अतिरिक्त जो दस सेवक कहे हैं उनमें अनीकस्थ सबसे मुख्य हैं।

महामात्रों के कार्य के विषय में बाण ने लिखा है कि वे चमड़े का भरा हुआ हाथी का पुतला (चर्मपुट) तैयार करके उसके द्वारा हाथियों को युद्ध की शिक्षा देते थे[5]।

सैनिक कार्य के अतिरिक्त हाथी सवारी के काम में भी आते थे। उन्हें कौटिल्य ने औपवाह्य कहा है। औपवाह्य हाथियों को तरह-तरह की चालों में निकाला जाता था।

---

१. अभिनवगजसाधनसंचरणवार्तानिवेदनविसर्जितैश्च नागवनवीथीपालदूतवृन्दैः (१९६)।

२. कटककदम्बक=पैदल सिपाही। ये बाएँ हाथ में सोने का कड़ा पहने और डंडा लिये रहते थे (वामप्रकोष्ठनिविष्टस्पष्टहाटककटक, २१)। कोणधारी अर्थात् लकुट लिए हुए। सम्भवतः कटक पहनने की विशेषता के कारण ही इनकी संज्ञा कटक पड़ी। लकुट लिए हुए कटक-संज्ञक सिपाही की मूर्त्ति के लिये देखिए, मेरा अहिच्छत्रा के खिलौनों पर लेख, चित्र १९३।

३. प्रतिक्षणप्रत्यवेक्षितकरिकवलकूटैः कटकभंगसंग्रहं ग्रामनगरनिगमेषु निवेद्यमानैः कटककदम्बकैः, १९६।

४. मात्रा=पद, शक्ति; महा=बड़ा। महामात्र से ही हिन्दी महावत बना है। इस समय इस शब्द के मूल अर्थ का उसी प्रकार ह्रास हो गया है जैसे स्थपति से थवई (राज) और वैकटिक से बेगड़ी शब्दों के सम्बन्ध में हुआ है।

५. महामात्रपेटकैश्च प्रकटितकरिकर्मचर्मपुटैः। करिकर्म=करिणां युद्धशिक्षा; चर्मपुटः=चर्मकृतः हस्त्याकारः, शंकर।

इनमें सबसे मुख्य धोरणगति या दुलकी चाल थी। धोरण चाल की शिक्षा देनेवाले अधिकारी आधोरण कहलाते थे। अर्थशास्त्र में भी आधोरण परिचारकों का उल्लेख है। आधोरण लोग स्वभावतः हरी घास की मूठ देकर हाथियों को परचाते थे (हरितघाससमुष्टीश्च दर्शयद्भिः, १६६)। वस्तुतः आधोरण अच्छे-अच्छे हाथी प्राप्त करके उन्हें बढ़िया चाल पर निकालने के लिये बड़े उत्सुक रहते थे; इसलिये बाण का यह कथन उपयुक्त है कि वे लोग नए पकड़े हुए हाथियों के झुंड में जो गजपति या मुख्य हाथी होते उन्हें विशेष रूप से माँगते थे और जब उस तरह के मनचाहे मत्त गयन्द उन्हें मिलते तो वे बहुत खुश होते थे। आधोरण लोग स्कन्दगुप्त को दूर हटकर प्रणाम कर रहे थे। वे यह भी बताने के लिये उत्सुक थे कि उन्हें मिले हुए हाथियों में से किस-किसके मद फूट निकला था, अर्थात् कौन मदागम के योग्य यौवन दशा प्राप्त कर चुके थे।[1] जो हाथी बड़ी अवस्था प्राप्त होने पर जलूस के लिये चुन लिए जाते थे, उनपर डिंडिम या धौंसा रखने का विशेष संस्कार किया जाता था। विशेष अवसरों पर उनसे जलूस का काम लिया जाता था, अन्यथा काम से उनकी छुट्टी थी। आधोरण लोग ऐसे हाथियों के लिये डिंडिमाधिरोहण की विनती कर रहे थे।

एक प्रकार के अन्य परिचारकों का उल्लेख करते हुए बाण ने उन्हें कर्पटी कहा है। कर्पट का अर्थ चीरिका या कपड़े का फीता है। इसे ही बाण ने अन्यत्र पटच्चर कर्पट भी कहा है (५२)[2]। शिर से पटच्चर कर्पट या चीरा बाँधे हुए हाथियों के परिचारक अजन्ता के चित्रों में मिलते हैं[3]। कर्पट का अलंकरण (अं० रिबन डेकोरेशन) सिर पर बाँधने का अधिकार सेवा से सन्तुष्ट प्रभु के प्रसाद से व्यक्तिविशेष को प्राप्त होता था। गज-जातक के चित्र में (अजन्ता गुफा १७) प्रासयष्टि लिए हुए आगे चलनेवाले तीन पैदलों एवं हाथ में रस्सी लिए हुए अन्य पैदल के सिर पर चीरा बँधा है, किन्तु उसी के बराबर में रस्सी का दूसरा सिरा थामे हुए व्यक्ति के बालों में इस प्रकार का चीरा नहीं है। अवश्य ही इसका कारण वही है जिसका बाण ने उल्लेख किया है अर्थात् नौकरी के दौरान में प्रभु-प्रसाद से व्यक्तिविशेष को इस प्रकार का सम्मानित चीरा पहरने का अधिकार मिलता था (प्रभुप्रसादीकृतपाटितपटच्चर, २१३)। इस प्रकार के सेवकों के लिये ही कर्पटी शब्द आया है। (चित्र ६२)

हाथियों के इस वर्णन में ये कर्पटी कौन से विशेष परिचारक थे, इसका भी निश्चय स्वयं बाण की सहायता से किया जा सकता है। दर्पशात के वर्णन में लेशिक-संज्ञक परिचारकों का उल्लेख आया है (६५)। लेशिक का अर्थ शंकर ने घासिक किया है। पृष्ठ २१२ पर बाण ने घासिकों के लिये ही प्रभुप्रसाद से चीरा (पाटितपटच्चर) प्राप्त करने

---

१. आधोरणगणैश्च मरकतहरितघाससमुष्टीश्च दर्शयद्भिः नवग्रहगजपतींश्च प्रार्थयमानैश्च लब्धाभिमतमत्तमातंगमुदितमानसैश्च, सुदूरमुपसृत्य नमस्यद्भिश्च, आत्मीयमातंगमदागमांश्च निवेदयद्भिः, डिंडिमाधिरोहणाय च विज्ञापयद्भिः (१९६)। इस वाक्य में छः अन्तर्वाक्य हैं। उन सबका संबंध आधोरण-नामक परिचारकों से है।

२. लेखहारक मेखलक के वर्णन में पृष्ठप्रेङ्खत्पटच्चरकर्पटघटितगलितग्रन्थिः, (५२)।

३. देखिए, औंधकृत अजन्ता, फलक ३०। गजजातक (गुफा १७)।

चित्र-सूची

फलक १

चित्र १ (पृ० १२)—खिले हुए कमल के आसन पर बैठे हुए ब्रह्मा, उनके दाहिनी ओर ऐरावत वाहन पर इन्द्र और मयूर वाहन पर कार्तिकेय। बाईं ओर वृष-वाहन पर शिव-पार्वती। देवगढ़ के दशावतार-मंदिर में लगे हुए शेषशायी विष्णु नामक रथिका-शिलापट्ट के ऊर्ध्व भाग में उत्कीर्ण मूर्ति का रेखाचित्र गुप्त-काल।

चित्र २ (पृ० १४)—मकरिका, दो मकरमुखों को मिलाकर बनाया हुआ आभूषण जो केशों में पहना जाता था। मकरमुख भारतीय आभूषणों में बहुत बाद तक प्रयुक्त होता रहा। यह चित्र मथुरा की गुप्तकालीन विष्णु-मूर्ति (ई ६) के मुकुट से लिया गया है। इसके बीच में मकरिका आकृति स्पष्ट है। खुले हुए मकर-मुखों से मोतियों के झुग्गे लटक रहे हैं।

चित्र ३ (पृ० १५)—उत्तरीय की गात्रिकाग्रन्थि अर्थात् गाती लगाकर पहना हुआ उत्तरीय। चित्र ३ मथुरा से प्राप्त वृष्णि-वीर की मूर्ति (ई० २२) से लिया गया है। चित्र ३ अ उसी आधार पर कल्पित है। इसमें 'उन्नतस्तनमध्य-बद्धगात्रिकाग्रंथि' लक्षण स्पष्ट है।

चित्र ४ (पृ० १५)—बाएँ कंधे से लटकता हुआ कुंडलीकृत योगपट्ट जो वैकक्ष्यक की तरह दाहिनी बगल के नीचे से पीठ की ओर चला गया है। योगपट्ट को कुंडली-कृत कहने का कारण यह है कि उसका ऊपर का लपेट आधी दूर तक नीचे आकर पुनः कन्धे की ओर घूम गया है। देवगढ़ के दशावतार-मंदिर के कृष्ण-सुदामा-शिलापट्ट की सुदामा-मूर्ति से (दे० पंडित माधवस्वरूपवत्स कृत देवगढ़ का गुप्त मंदिर, फलक १९ सी)।

चित्र ५ (पृ० १५)—कमण्डलु जिसकी आकृति कमल मुकुल के सदृश है। गोकर्णेश्वर टीला, मथुरा से प्राप्त बोधिसत्त्व मैत्रेय की मूर्ति (संख्या ३२५८) से (म्यूजियम्स जर्नल, १९४८)। देवगढ़-मंदिर के नरनारायण-शिलापट्ट पर अंकित नारायण-मूर्ति के बाएँ हाथ में भी इसी प्रकार का कमंडलु है।

चित्र ६ (पृ० १७)—मकरमुखी महाप्रणाल। सारनाथ संग्रहालय में सुरक्षित ($\frac{Di}{107}$)। इस रेखाचित्र के लिये मैं अपने मित्र श्री शिवराममूर्ति, सुप्रिण्टेण्डेण्ट, इंडियन म्यूजियम, आर्कियालाजिकल सेक्शन, कलकत्ता, का अनुगृहीत हूँ।

फलक २

चित्र ७ (पृ० १७)—हंसवाही देव-विमान। मथुरा से प्राप्त कुषाण-कालीन तोरण-मुखपट्ट पर अंकित मूर्ति से। (स्मिथ, मथुरा का जैन स्तूप, फलक २०)।

की बात कही है। अतएव यह स्पष्ट है कि कर्पटी से बाण का तात्पर्य हाथियों को घास, दाना, रातिब देनेवाले नौकरों से है। कौटिल्य के विधापाचक ये ही हो सकते हैं।

कर्पटी या घास-चारा देनेवाले परिचारकों के बारे में कहा गया है कि अपने काम में भूल हो जाने के कारण दंडस्वरूप उनके हाथी ले लिए गए थे। इस दुःख से वे दाढ़ी, बाल बढ़ाए आगे-आगे चल रहे थे।[1] हाथियों को कम या खराब चारा देने की भूल के दंड-स्वरूप वे काम से छुड़ा दिए जाते थे।

कुछ लोग इस काम की नौकरी के लिये नए भी आए हुए थे और वे काम पर लगाए जाने की खुशी में दौड़ रहे थे [2]।

कौटिल्य ने अनीकस्थ और आधोरण के बीच में आरोहक नाम के कर्मचारियों का उल्लेख किया है। हर्ष के समय तक ये विशेष परिचारक बराबर नियुक्त किए जाते थे। बाण ने उन्हें आरोह कहा है[3]। नियमित रूप से अलंकृत हाथियों को सवारी के समय जो लोग चलाते थे उनकी संज्ञा आरोहक थी। उनका पद महामात्र से नीचा और आधोरण से ऊपर था। अर्थशास्त्र में आधोरण के बाद हस्तिप-संज्ञक एक और कर्मचारी का उल्लेख है जिसका काम सवारी के अतिरिक्त समय में हाथियों को टहलाना, चलाना आदि था। हर्षचरित में जिन्हें निषादिन् कहा गया है वे हस्तिपक के समकक्षी थे। प्रभाकरवर्द्धन की मृत्यु के समय अपने स्तंभ से बँधा हुआ राजकुंजर दर्पशात शोक में चुपचाप खड़ा था और उसके ऊपर बैठा हुआ निषादी रो रहा था (१७२)। अर्थशास्त्र की सूची में सर्वप्रथम हाथियों के चिकित्सक का उल्लेख है। बाण ने भी प्रस्तुत प्रसंग में इभ-भिषग्वर का सर्वप्रथम उल्लेख किया है। गजसाधनाधिकृत स्कन्दगुप्त उनसे खास-खास रुग्ण हाथियों के विषय में पूछ रहे थे कि पिछली रात उनका क्या हाल रहा [4]।

१. प्रमादपतितापराधापहृतद्विरददुःखधृतदीर्घश्मश्रुभिः अग्रतो गच्छद्भिः (१९६)।
२. अभिनवोपसृतैश्च कर्पटिभिः वारणाप्तिसुखप्रत्याशया धावमानैः (१९६)।
३. आरोहाधिरूढ़िपरिभवेन लज्जमानं.....अवज्ञागृहीतमुक्तकवलकुपितारोहारटनानुरोधेन (६७)।
४. हाथियों के परिचारकों की कौटिल्य और बाण के अनुसार तुलनात्मक सूची इस प्रकार है :

कौटिल्य	बाण
१. चिकित्सक	१. इभ-भिषग्वर
२. अनीकस्थ	२. महामात्र
३. आरोहक	३ आरोह
४. आधोरण	४. आधोरण
५. हस्तिपक	५. निषादी
६. औपचारिक	६.
७. विधापाचक	७. कर्पटी, लेशिक
८. यावसिक	८.
९. पादपाशिक	९.
१०. कुटीरचक	१०.
११. औपशायिक	११.

सब प्रकार के सिंगार-पटार से सजाई हुई हथिनी जिसे जलूस में बिना सवारी के निकालते थे, श्रीकरेणुका कहलाती थी (१६६)।

स्कन्दगुप्त सम्राट् से कुछ दूर हटकर बैठ गया। हर्ष ने उससे कहा—'हमने जो निश्चय किया है वह आपने विस्तार से सुन लिया होगा। अतः शीघ्र ही प्रचार के लिए बाहर गई हुई गजसेना को स्कन्धावार में लौटने की आज्ञा दी जाय[१]। अब कूच में थोड़ा भी विलम्ब न होगा।'

यह सुनकर स्कन्दगुप्त ने प्रणाम किया और प्रमाददोष से राजाओं पर आनेवाली विपत्तियों का विस्तृत वर्णन किया[२]। इसमें निम्नलिखित सत्ताईस राजाओं के दृष्टांत लिए गए हैं—पद्मावती (पवाया) के नागवंशी राजा नागसेन, श्रावस्ती के श्रुतवर्मा, मृत्तिकावती के सुवर्णचूड, कोई यवनेश्वर, मथुरा के बृहद्रथ, वत्सराज उदयन, अग्निमित्र के पुत्र सुमित्र, अश्मक के राजा शरभ, मौर्य राजा बृहद्रथ, शिशुनागपुत्र काकवर्ण[३], शुंग देवभूति, मागधराज,

२. शीघ्रं प्रवेश्यन्तां प्रचारनिर्गतानि गजसाधनानि (१९७)। शंकर ने प्रचार का अर्थ भक्षण अर्थात् चरना किया है। कौटिल्य के समय से ही हस्तिप्रचार पारिभाषिक शब्द था, हाथियों की सब प्रकार की शिक्षा हस्तिप्रचार का अर्थ था।

१. बाण में राजाओं की दो प्रकार की सूचियाँ हैं, एक तो प्रमाददोष से व्यसनप्राप्त २८ राजाओं की (प्रमाददोषाभिषगवार्ता, १९८), और दूसरी २० राजाओं की सूची जिनके चरित्र में कुछ-न-कुछ कलंक था (८७-९०)। पहली सूची बाण की मौलिक है। दूसरी पुराने समय से चली आती थी। कौटिल्य ने इस प्रकार के अवश्येन्द्रिय राजाओं के १२ उदाहरण दिए हैं (अर्थशास्त्र १।६)। सुबन्धुकृत वासदत्ता, कामन्दकीयनीतिसार, वराहमिहिर और सोमदेवकृत यशस्तिलकचम्पू में भी सकलंक राजाओं की सूचियाँ दोहराई गई हैं जिनमें नाम और उनकी संख्याओं में भेद हैं।

२. श्री डी० आर० भंडारकर ने इस वाक्य की व्याख्या करते हुए ठीक पाठ इस प्रकार माना है—आश्चर्यकुतूहली च दण्डोपनतयवननिर्मितेन नभस्तलयायिना यंत्रयानेनानीयत क्वापि काकवर्णः शिशुनागिः नगरोपकंठे कंठश्चास्य निचकृते निस्त्रिंशेन। काश्मीर-पाठ में भी दो वाक्यों को मिलाकर एक ही वाक्य माना है और वही ठीक है। अर्थ इस प्रकार होगा—'अचरज की बातों में कुतूहल दिखानेवाला शिशुनाग-पुत्र काकवर्ण युद्ध में जीतकर लाए हुए यवन से निर्मित आकाशगामी यंत्रयान में उड़ाकर कहीं दूर पर किसी नगर नामक राजधानी के बाहर ले जाया गया और वहाँ तलवार से उसका कंठ काट दिया गया।' श्री भंडारकर का विचार है कि यवन से तात्पर्य हखामनि वंश के ईरानी लोगों से है जिनका गन्धार पर राज्य था। शिशुनाग-पुत्र काकवर्ण ने उस शासन का अन्त किया और कुछ यवनों को जीतकर अपने यहाँ लाया। उनमें से एक ने आश्चर्यकारी उड़नेवाला वायुयान बनाया और उस पर राजा को बैठाकर वह 'नगर' या जलालाबाद के पास जहाँ गंधार की राजधानी थी, उसे ले गया और उसे मार डाला। यह अर्थ समीचीन ज्ञात होता है। सम्भवतः इसमें दारा प्रथम के गंधार पर ईरानी साम्राज्य के अन्त कर देने की ऐतिहासिक घटना की कोई अनुश्रुति छिपी है। [भंडारकार, नोट्स आन ऐंश्येंट हिस्ट्री आव इंडिया, भाग १, पृ० १६-१९]।

प्रद्योत के छोटे भाई कुमारसेन[1], विदेहराज के पुत्र गणपति, कलिंग के राजा भद्रसेन, करूष के राजा दंभ्र, चकोर देश के[2] राजा चन्द्रकेतु, चामुंडीपति पुष्कर, मौखरि क्षत्रवर्मा, शकपति, काशिराज महासेन, अयोध्या के राजा जारूथ, सुह्म के राजा देवसेन, वैरन्त के राजा रन्तिदेव, वृष्णि विदूरथ, सौवीर के राजा वीरसेन एवं पौरव राजा सोमक। बाण ने यह लंबी सूची अपने पूर्वकालीन ऐतिहासिक प्रवादों के आधार पर जो सातवीं शती में प्रचलित थे, प्रस्तुत की है। इस सूची के विषय में यह बात ध्यान रखने की है कि इसमें कल्पना का स्थान नहीं जान पड़ता। हमारे प्राचीन इतिहास की परिमित जानकारी के कारण इनमें से कुछ ही नामों की पहचान अबतक हो सकी है। शिशुनागवंश, वत्सवंश, प्रद्योतवंश, मौर्यवंश, शुंगवंश, नागवंश, गुप्तवंश आदि जिनके राजाओं का वर्णन बाण ने किया है वे भारतीय इतिहास में प्रसिद्ध राजकुल हैं। ऐतिहासिक दृष्टि से जिसपर सबसे अधिक विवाद हुआ है वह स्त्रीवेश में चन्द्रगुप्त के द्वारा शकपति के मारे जाने का उल्लेख है[3]।

स्कन्दगुप्त स्वामी के आदेश का विधिवत् सम्पादन करने के लिए उठकर बाहर चले गए। इधर हर्ष ने पहले राज्य की सारी स्थिति (प्रबन्ध) ठीक की, और फिर दिग्विजय के लिए सैनिक प्रयाण की आज्ञा दी[4]।

---

१. हर्षचरित के इस अंश पर श्री डा० डी० आर० भंडारकर ने नया प्रकाश डालते हुए लिखा है कि जब बृहद्रथवंश का विस्तृत साम्राज्य उत्तरभारत से अस्त हो गया तब अवन्ति में वीतिहोत्रों का शासन था। वीतिहोत्र तालजंघों में से थे। तालजंघ कार्तवीर्य सहस्रार्जुन का पौत्र था। वीतिहोत्रों के सेनापति पुणक ने राजा को मारकर अपने पुत्र प्रद्योत (चण्डप्रद्योत) को अवन्ति का राजा बनाया। पर वह अग्नि धधकती रही और वीतिहोत्रों के सहयोगी तालजंघवंश के किसी व्यक्ति ने महाकाल के मंदिर में अवसर पाकर पुणक के पुत्र और प्रद्योत के छोटे भाई कुमारसेन को मार डाला। दन्तकथा ने इस तालजंघ को वेताल बना दिया है। अतिप्राचीन काल में महाकाल के मंदिर में महामांस-विक्रय या नरबलि होती थी। उसीसे लाभ उठाकर तालजंघ अपने षड्यंत्र में सफल हुआ। [इंडिअन कल्चर, भाग १ (१९३४), पृ० १३-१५; और भी श्रीसीतानाथ प्रधान, आशुतोष मुकर्जी सिल्वर जुबली वाल्यूम, ओरिंटेलिआ, भाग ३, पृ० ४२५-२७] 'पुणिक के पुत्र प्रद्योत के छोटे भाई कुमारसेन को जब वह महाकाल के उत्सव में महामांस-विक्रय के सम्बन्ध में वाद-विवाद कर रहा था, किसी तालजंघ-वंश के पुरुष ने वेताल का रूप रखकर मार डाला।'

२. चकोर—श्री सिलवाँ लेवी ने लिखा है कि लाट देश (Larike) में जहाँ चष्टन(Tiastanes) का राज्य था, उज्जयिनी राजधानी से दक्षिण पश्चिम में 'चकोर' था (यूनानी Tiagaura) जो पहले गौतमीपुत्र के राज्य में था। गौतमीपुत्र शातकर्णी से दो पीढ़ी पहले वहाँ चकोर शातकर्णी की राजधानी थी। उसका नाम चन्दकेतु ज्ञात होता है। सम्भवतः उसी को शूद्रक के दूत ने मार डाला था। [सिलवाँ लेवी, जूर्नल आशियातीक, १९२६, पृ० ६५-६६]

३. चन्द्रगुप्त द्वितीय के बड़े भाई रामगुप्त की पत्नी ध्रुवस्वामिनी की याचना शकपति ने की थी जिसे रामगुप्त ने मान लिया था। किन्तु चन्द्रगुप्त ने स्त्रीवेष में जाकर शकपति को मार डाला। शंकर ने भी इस कहानी पर कुछ प्रकाश डाला है। [भंडारकर न्यूखाइट आन दी अर्ली गुप्त हिस्ट्री, मालवीय कारपोरेशनवाल्यूम, (१९३२) पृ० १८९०]

४. देवोपि हर्षः सकलराज्यस्थितीश्चकार। ततश्च प्रयायां विजयाय दिशां समादिशति देवे हर्षे (२००)।

यहाँ बाण ने पुनः काव्यशैली का आश्रय लेकर हर्ष के प्रयाण के फलस्वरूप शत्रुओं में होनेवाले दुर्निमित्तों की एक लम्बी सूची दी है जिसमें कई नवीनताएँ हैं।

१. यमराज के दूतों की दृष्टि की तरह काले हिरन इधर-उधर मंडराने लगे।

२. आँगन में मधुमक्खियों के छत्तों से उड़कर मधुमक्खियाँ भर गईं।

३. दिन में भी शृगाली मुँह उठाकर रोने लगी।

४. जंगली कबूतर (काननकपोत) घरों में आने लगे।

५. उपवनवृक्षों में अकाल पुष्प दिखाई पड़े।

६. सभास्थान (आस्थानमंडप) के खंभों पर बनी हुई शालभंजिकाओं के आँसू बहने लगे।

७. योद्धाओं को दर्पण में अपना ही सिर धड़ से अलग होता हुआ दिखाई पड़ा।

८. राजमहिषियों की चूड़ामणि में पैरों के निशान प्रकट हो गए[1]।

९. चेटियों के हाथ से चँवर छूटकर गिर गए।

१०. हाथियों के गंडस्थल भौंरों से शून्य हो गए।

११. घोड़ों ने मानो यमराज के महिष की गन्ध से हरे धान का खाना छोड़ दिया।

१२. झनझन कंकण पहने हुए बालिकाओं के ताल देकर नचाने पर भी मन्दिर-मयूरों ने नाचना छोड़ दिया।

१३. रात में कुत्ते मुँह उठाकर रोने लगे।

१४. रास्तों में कोटवी या नंगी स्त्री घूमती हुई दिखाई पड़ी[2]। केशव के अनुसार कोटवी अम्बिका का एक रूप था[3]। वस्तुतः कोटवी दक्षिणभारत की मूल देवी कोट्टवै थी जिसका रूप राक्षसी का था। पीछे वह दुर्गा या उमा के रूप में पूजी जाने लगी। सम्भव है, उत्तरी भारत में उसका परिचय गुप्तकाल में आया होगा। बाण के समय में वह दुर्भाग्य की सूचक मानो जाने लगी थी और उत्तरभरत के लोग भी उससे खूब परिचित हो गए थे। अहिच्छत्रा के कई खिलौनों में तर्जनी दिखाती हुई एक नंगी स्त्री अंकित की गई है जिसकी मुद्रा से वह कोटवी की आकृति ज्ञात होती है[4]। (चित्र ६३)

१. यह अत्यन्त दुर्भाग्य का लक्षण समझा जाता था जिसका उल्लेख पहले भी हो चुका है (१९३)।

२. हेमचन्द्र ने बाल खोले हुए नंगी स्त्री को कोटवी कहा है (नग्ना तु कोटवी, अभिधान-चिंतामणि, ३, ९८; टीका—नग्ना विवस्त्रा योषित् मुक्तकेशीत्यागमः, कोटेन लज्जावशाद् याति कोटवी)।

३. कल्पद्रुकोश (१६६० ई०) पृ० ३९८, श्लोक १२७।

४. अहिच्छत्रा के खिलौनों पर मेरा लेख, पृष्ठ १५२, चित्र २०२—२०३। कोटवी देवी की पूजा के जो प्रमाण मुझे बाद में मिले उनसे तो ज्ञात होता है कि कोटवी की पूजा समस्त उत्तर-भारत में लोकव्यापी है। काशी-विश्वविद्यालय के आस-पास प्राचीन यक्ष और देवी की पूजा के चिह्नों की खोज करते समय कोटमाई का मन्दिर मिला जो इसी देवी का है। अभी ज्ञात हुआ कि अल्मोड़े जिले में लोहाघाट से बारह मील पर कोटलगढ़ स्थान है।

१५. महल के फर्शों में घास निकल आई।

१६. योद्धाओं की स्त्रियों के मुख का जो प्रतिबिम्ब मधुपात्र में पड़ता था उसमें विधवाओं-जैसी एक वेणी दिखाई पड़ने लगी।

१७. भूमि काँपने लगी।

१८. शूरों के शरीर पर रक्त की बूँदें दिखाई पड़ीं जैसे वधदंड-प्राप्त व्यक्ति का शरीर लाल चन्दन से सजाया जाता है[1]।

१९. दिशाओं में चारों ओर उल्कापात होने लगा।

२०. भयंकर झंझावात ने प्रत्येक घर को झकझोर डाला।

बाण ने १६ महोत्पात (अशुभ सूचक प्राकृतिक चिह्न, १६२–१६३), ३ दुर्निमित्र (१५२) और २० उपलिंग कहे हैं जो अपशकुनों के ही भेद हैं। इन सूचियों में कई अपशकुन समान भी हैं। शंकर ने कानन कपोत का अर्थ गृध्र किया है। किन्तु ऋग्वेद में कपोत को यम और निर्ऋति का दूत और उड़ता हुआ बाण (पत्त्रिणी हेति, १०। १६५। १-४) कहा है। आश्वलायन गृह्य सूत्र (३-७-८) में विधान है कि अगर जंगली कबूतर घर पर बैठे या घोंसला बनावे तो 'देवाः कपोत' (ऋ० १०। १६५। १-४) सूक्त से हवन करे। मुहाल मक्खियों का घर के आँगन में भिनभिनाना उपलिंग और भौरों का सिंहासन के पास उड़ना महोत्पात (१६३) कहा गया है। शांखायन गृह्य सूत्र (५-१०) के अनुसार शहद की मक्खियों का घर में छत्ता लगाना असगुन है। उसी सूत्र के अनुसार (५-५-४) कव्वे का आधी रात के समय घर में काँव-काँव करना अशुभ है। [और भी देखिए, ओमंस ऐंड पोर्टेन्ट्स इन वैदिक लिटरेचर, आल-इंडिया ओरियंटल कान्फ्रेंस, नागपुर, १९४६, पृ० ६५-७१]।

[1] वहाँ की किंवदन्ती है कि यह कोट्टवी का गढ़ था। कोट्टवी बाणासुर की माता थी। उसका आधा शरीर कवच से ढका हुआ और नीचे का आधा नंगा माना जाता है। कथा है कि एक बार महाबलि के पुत्र बाणासुर दैत्य का विष्णु से युद्ध हुआ। जितने असुर मारे जाते उनसे अधिक उत्पन्न हो जाते। तब देवों के प्रयत्न से महाकाली का जन्म हुआ। उसने असुरों का और कोट्टवी का बध किया। कोटलगढ़ का अर्थ है 'नंगी स्त्री का गढ़ या वास-स्थान' (अमृत बाजार पत्रिका, १५ मई १९५२, हिल सप्लीमेंट, पृ० ३)। इस सूचना से यह परिणाम निकलता है कि दक्षिण की कोट्टवै की पूजा हिमालय पर्वत के अभ्यन्तर तक में प्रचलित थी। लोक में और भी प्रमाण मिलने चाहिए।

सातवाँ उच्छ्वास

कुछ दिन बीतने पर हर्ष का सैनिक प्रयाण शुरू हुआ। उसके लिए ज्योतिषियों ने बहुत मेहनत से दण्डयात्रा के योग्य शुभ मुहूर्त निकाला। हर्ष की इस यात्रा को बाण ने चार दिशाओं की विजय का नाम दिया है। इसके स्वरूप की कुछ झाँकी पहले हर्ष की प्रतिज्ञा में आ चुकी है। समुद्रगुप्त की प्रयाग-प्रशस्ति में जिसे 'सर्वपृथिवीविजय' एवं चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य के उदयगिरि लेख में 'कृत्स्नपृथिवीजय' कहा गया है वही आदर्श हर्ष की चार दिशाओं की विजय करने की प्रतिज्ञा में है। हर्ष ने विधिपूर्वक चाँदी और सोने के कलसों से स्नान करके भक्तिपूर्वक शिव की पूजा की और अग्निहोत्र किया। ब्राह्मणों को चाँदी-सोने के तिलपात्र बाँटे गए और सोने की पत्रलताओं से अंकित खुर और सींगोंवाली असंख्य गाएँ दान में दी गईं। व्याघ्रचर्म पर भद्रासन बिछाकर उसपर सम्राट् विराजमान हुए।

वराहमिहिर ने वेदी पर व्याघ्रचर्म बिछाकर भद्रासन के ऊपर पुष्यनक्षत्र में सम्राट् के विशेष विधि से बैठने का उल्लेख किया है। भद्रासन सोने, चाँदी और तांबे में से किसी एक का बनाया जाता था। ऊँचाई के हिसाब से वह तीन प्रकार का होता था। मांडलिक के लिये एक हाथ (१८ इंच), विजिगीषु के लिये सवा हाथ (२२½ इंच) और समस्त राज्यार्थी अर्थात् महाराजाधिराज के लिये डेढ़ हाथ (२७ इंच) ऊँचा होता था।[1] (चित्र ६४)

हर्ष की स्थिति इस समय विजिगीषु राजा की थी। तत्कालीन राजनैतिक शिष्टाचार के अनुसार चतुरन्त दिग्विजय के उपरान्त विजिगीषु को महाराजाधिराज की पदवी प्राप्त होती थी और तभी वह अपने योग्य सोने के डेढ़ हाथ ऊँचे भद्रासन पर बैठता था।

दिग्विजय के लिये प्रयाण करने से पूर्व जो विधि-विधान किया जाता था उसी का यहाँ उल्लेख है। उसमें सब शस्त्रों की चन्दनादिक से पूजा की गई। और फिर सम्राट् ने अपने शरीर पर सिर से पैर तक धवल चन्दन का लेप किया। पुनः दुकूल वस्त्रों का जोड़ा पहना जिसके कोनों पर हंसमिथुन छपे थे (परिधाय राजहंसमिथुनलक्ष्मणी सदृशे दुकूले, २०२)। सिर पर श्वेत फूलों की मुंडमालिका और कानों में मरकत के कर्णाभरण-सदृश सुन्दर दूब का पल्लव धारण किया। हाथ के प्रकोष्ठ में मंगलप्रद कंकण पहना और शासनवलय भी धारण किया[2]। शासनवलय का अर्थ शंकर ने मुद्राकटक किया है। यह वह कड़ा था जिसमें राजकीय मुद्रा पिरोई रहती थी। इस प्रकार के कटक और मुद्राएँ ताम्रपत्रों में पिरोए हुए कितने ही पाए गए हैं। बाण ने इसे ही अन्यत्र धर्मशासन-कटक कहा है[3]। पुरोहित ने उनके द्वारा पूजित होकर प्रसन्नता से हर्ष के सिर पर शान्ति-जल

---

१. बृहत्संहिता ४७। ४६-४७। अजन्ता के गुफाचित्रों में अंकित भद्रासन के नमूने के लिये देखिए ग्रौंध कृत अजन्ता, फलक ४१।

२. विनयस्य सह शासनवलयेन गमनमंगलप्रतिसरं प्रकोष्ठे (२०२)।

३. धर्म-शासन = धर्मार्थ ताम्रपत्र। हारीत के हाथ में पड़े हुए स्फटिक के अक्षवलय की तुलना धर्म-शासन-कटक अर्थात् ताम्रपत्रों में पिरोए हुए कड़े से की गई है (कादम्बरी)।

छिड़का। हर्ष ने सहयोगी राजाओं को कीमती सवारियाँ [1] भेजीं और रत्नजटित आभूषण बाँटे। इस अवसर की प्रसन्नता के उपलक्ष्य में दो काम और किए गए, एक तो कारागृह से बन्दी छोड़े गए, और दूसरे जिन लोगों से सम्राट् किसी कारणवश नाराज होकर उन्हें दंडित या कृपा से वंचित कर चुके थे उन्हें पुनः प्रसाददान दिया गया अर्थात् वे फिर से सम्राट् के प्रसाद के पात्र बनाए गए। बाण ने ऐसे व्यक्तियों में तीन तरह के लोगों की गिनती है, एक कार्पटिक, दूसरे कुलपुत्र और तीसरे लोक। कार्पटिक उस प्रकार के राजकीय कर्मचारी थे जिन्हें कर्पट या सिर पर चीरा बाँधने का अधिकार था। इस सम्बन्ध में प्रयुक्त कर्पट, पट्टचरकर्पट और चीरिका का अर्थ ऊपर लिखा जा चुका है। ये तीनों पर्यायवाची शब्द थे। दूसरी श्रेणी में कुलपुत्र थे। यह शब्द उन राजघरानों के लिये प्रयुक्त होता था जिनका राजकुल के साथ पिता-पितामह के समय से सम्बन्ध चला आता था। उन घरानों के युवक कुलपुत्र कहलाते थे। राजा के प्रति इनकी विशेष भक्ति होती थी और ये सम्राट् के प्रसाद के भागी थे। बाण ने कई जगह कुलपुत्रों का उल्लेख किया है [2]। तीसरी कोटि में लोक अर्थात् जनता के व्यक्ति थे। किसी कारणवश सम्राट् का कोपभाजन होने पर इन्हें अपने पदगौरव या मान की हानि सहनी पड़ती थी, जिसके लिये क्लिष्ट शब्द का प्रयोग किया गया है (क्लिष्ट-कार्पटिक-कुलपुत्र-लोकमोचितैः प्रसाददानैः, २०३)। वह प्रसाद से विपरीत अर्थ का द्योतक है।

जैसा ऊपर लिखा जा चुका है (१७६, १८५), इस समय सर्व पृथ्वी की कल्पना में समग्र भारतवर्ष और द्वीपान्तर के १८ द्वीपों की गणना की जाती थी। उन्हीं अष्टादश द्वीपोंवाली पृथ्वी की विजय के लिये समुद्यत हर्ष की दाहिनी भुजा फड़की। इस प्रकार सब निमित्तों के सामने होने पर प्रजाओं के जय शब्द के साथ वह राजभवन से बाहर निकला। नगर से थोड़ी दूर बाहर सरस्वती के किनारे घास-फूँस के बँगले छाकर उस अवसर के लिये एक दूसरा तृणमय राजमंदिर तैयार किया गया था। उसमें ऊँचा तोरण बनाया गया था, (समुत्तम्भिततुंगतोरण, २०३), वेदी पर सपल्लव हेमकलश रक्खा हुआ था, वनमालाएँ लटकाई गई थीं, श्वेत ध्वजाएँ फहराई गई थीं। श्वेत वस्त्रों से चेलोल्लेप (भ्रमच्चुक्ल वाससि) हो रहा था और ब्राह्मण मंगल पाठ कर रहे थे। ऐसे मंदिर में उसने प्रस्थान किया [3]।

वहाँ ग्रामाक्ष-पटलिक ने अपने समस्त लेखकों के साथ निवेदन किया—'देव, आपका शासन अव्यर्थ है, अतएव आज ही शासन दान का आरम्भ करें[4]।' ग्रामाक्षपटलिक गाँव का मुख्य अर्थ-अधिकारी था जिसे वर्तमान पटवारी समझा जा सकता है। उसके सहायक

१. महार्हवाहन।

२. हर्षचरित, पृष्ठ १३०, १५५, १६१, १६५, १६९।

३. घर से बाहर आ जाने पर और वास्तविक यात्रा पर चलने से पूर्व जो कहीं ठहरा जाता है, उसके लिये प्रस्थान शब्द अब भी लोक में चलता है।

४. करोतु देवो दिवसग्रहणामद्यैवावन्ध्यशासनः शासनानाम् (२०३)। दिवसग्रहण= पहली ग्राहकी या बोहनी। शासन=ताम्रपट्ट या केवल पट पर लिखित अग्रहार ग्राम का ब्राह्मण या ब्राह्मणों को दान।

लेखक 'करणि' कहलाते थे। गुप्तशासन में 'अधिकरण' सरकारी कार्यालय या दफ्तर को कहते थे। उसी के साथ सम्बन्धित लेखकों की संज्ञा करणि थी। बिहार में अभी तक कायस्थों की एक उपजाति का नाम 'करन' है। गया से प्राप्त समुद्रगुप्त के कूट-ताम्रपट्ट में ग्रामाक्षपटलाधिकृत का उल्लेख है। यह ताम्रपत्र जाली समझा गया है। इसमें जाल बनानेवाले ने अपनी बचत के लिये जिस ग्रामाक्षपटलाधिकृत का नाम दिया है उसे किसी दूसरे गाँव का बताया है[1]। इससे इतना निश्चित हो जाता है कि ताम्रपत्र में दिये जानेवाले गाँव का पूरा हवाला और तत्सम्बन्धी पूरी जानकारी देने का काम ग्रामाक्षपटलिक का था। अमरकोश में अक्षदर्शक और प्राड्विवाक को पर्यायवाची मानते हुए उसे व्यवहार (अदालत) का निर्णेता कहा गया है[2]। अक्षदर्शक और अक्षपटलिक इन दोनों नामों में अक्ष शब्द का अर्थ रुपये-पैसे का व्यवहार या आय-व्यय है। दिवानी अदालत का न्यायाधीश व्यवहार के मामलों का निर्णय करने के कारण अक्षदर्शक कहा गया है। इसी प्रकार अक्षपटलिक भी वह अधिकारी हुआ जो गाँव के सरकारी आय-व्यय का सब हिसाब रखता था। पटल का अर्थ छत या कमरा है। (अमर २। २। १४)। अक्षपटल गाँव की राजकीय आय का दफ्तर था, और उसके अधिकारी की संज्ञा अक्षपटलिक थी।

अक्षपटलिक ने नई बनी हुई एक सोने की मुद्रा जिसपर बैल का चिह्न बना हुआ था, हर्ष के हाथ में दी[3]। सौभाग्य से हर्ष की वृषांक मुद्रा का एक नमूना सोनीपत से प्राप्त ताम्रमुद्रा के रूप में उपलब्ध है[4]। (चित्र ६५) इस मुद्रा पर सबसे ऊपर दाहिनी ओर को मुँह करके बैठे हुए बैल की मूर्ति है, जैसा कि बाण ने उल्लेख किया है। हर्ष परममाहेश्वर थे। अतएव यह बैल नन्दी वृष का चिह्न है। राज्याधिकार महामुद्रा पर उत्कीर्ण लेख में हर्ष के पूर्वजों का वही ब्योरा है जैसा बाँसखेड़ा-ताम्रपत्र में मिला है। इसे 'पूर्वा' कहते थे।

हर्ष ने जैसे ही यह मुद्रा हाथ में ली और पहले से सामने रखे हुए गीली मिट्टी के पिण्डे पर उसे लगाना चाहा कि वह हाथ से छूटकर गिर गई और सरस्वती नदी के किनारे की गीली मुलायम मिट्टी पर उसके अक्षर स्पष्ट छप गए। परिजन लोग अमंगल के भय से सोच करने लगे, किन्तु हर्ष ने मन में कहा—'सीधे-सादे लोगों की बुद्धि बाहरी वास्तविकता को ही ग्रहण कर पाती है। "पृथ्वी आपके एकच्छत्रःशासन की मुद्रा से अंकित होगी" इस प्रकार का निमित्त सूचित होने पर भी ये नासमझ इसका कुछ और ही अर्थ लगा रहे हैं।'

इस महानिमित्त का हर्ष ने मन में अभिनंदन किया और सौ गाँव ब्राह्मणों को दान में दिए। प्रत्येक का क्षेत्रफल एक सहस्र सीर या हल भूमि था। 'सीरसहस्रसम्मितसीमाग्राम' यह उल्लेख महत्त्वपूर्ण है; क्योंकि शिलालेखों में देशों के नामों के साथ जो लंबी-लंबी संख्याएँ दी गई हैं और जिनका कुछ अर्थ अभी तक निश्चित नहीं हुआ, उसका कुछ संकेत

१. अन्यग्रामाक्षपटलाधिकृतद्युतगोपस्वाम्यादेशलिखित (फ्लीट गुप्तशिलालेख, सं ६०)।
२. द्रष्टरि व्यवहाराणां प्राड्विवाकाक्षदर्शकौ (अमर २। ८। ५)।
३. वृषांकामभिनवघटितां हाटकमयीं मुद्राम् (२०३)।
४. फ्लीट गुप्त अभिलेख, सं० ५२, पृ० २३१, फलक ३२ बी०। यह मुद्रा किसी ताम्रपत्र के साथ जुड़ी थी, मूल ताम्रपत्र खो गया है। मुद्रा की तौल लगभग डेढ़ सेर है।

इसमें मिलने की संभावना है। गुप्तकाल में भूमि का जो बंदोबस्त हुआ था उसमें, प्रत्येक गाँव का ब्यौरेवार क्षेत्रफल और उसपर दिये जाने वाले सरकारी लगान (भाग) की रकम निश्चित कर दी गई थी। क्षेत्रफल और राजकीय भाग का एक निश्चित सम्बन्ध स्थिर किया गया। शुक्रनीति में कहा है कि एक कोस क्षेत्रफलवाले गाँव का लगान एक सहस्र चाँदी का कार्षापण था[1]। एक क्रोश क्षेत्रफल में कितने हल भूमि होती थी इसका हिसाब जान लेने पर यह संख्या सार्थक हो जाती है। ज्ञात होता है कि प्रत्येक गाँव के नाम के साथ जितने हल भूमि उस गाँव में थी उसकी संख्या और देश के नाम के साथ जितने कार्षापण लगान की आय उससे होती थी, उसकी संख्या शासन के कागज-पत्रों में दर्ज रहती थी।

वह रात हर्ष ने सरस्वती के किनारे छाए हुए बँगले (तृणमय मन्दिर) में बिताई। जब रात का तीसरा याम समाप्त हो रहा था तो कूच का नगाड़ा (प्रयाण-पटह २०३) गम्भीर ध्वनि से बजाया गया। कुछ ठहरकर जोर-जोर से डंके की आठ चोट मारी गई, इस तरह यह सूचित किया जाता था कि उस दिन का पड़ाव कितने कोस की दूरी पर किया जायगा[2]। यात्रा की दूरी के लिये शुक्र ने मनु के हिसाब से २००० गज का कोस माना है[3]। इस हिसाब से आठ कोस की यात्रा लगभग नौ मील की दूरी हुई। डंके की चोट पड़ते ही सैनिक-प्रयाण की तैय्यारी शुरू हो गई। सांस्कृतिक सामग्री के भंडार इस महत्त्वपूर्ण प्रकरण में बाण ने निम्नलिखित वर्णन दिए हैं।

१. प्रयाण की कलकल और तैय्यारी (२०४—२०६)
२. राजाओं के समूह का वर्णन (२०६—२०७)
३. हर्ष का वर्णन (२०७—२०८)
४. राजाओं का प्रस्थान, और प्रस्थान करते हुए स्कन्धावार का आवास-स्थान के समीप से हर्ष द्वारा देखा जाना (२०९)
५. चलती हुई सेना में सैनिकों की बातचीत (संलाप) (२१०)
६. सेना के चलने (सैन्य-सम्मर्द) से जनता को कष्ट (२११—२१२)
७. कटक देखकर हर्ष का अपने आवास में लौटना, मार्ग में राजाओं के आलाप (२१३—२१४)

---

१. भवेत्क्रोशात्मको ग्रामो रूप्यकर्षसहस्रकः (शुक्र० १ । १९३)। शुक्र के अनुसार राजकीय लगान के लिये प्राजापत्यक्रोश का ग्रहण होता था जिसकी लंबाई ५००० हाथ (=२५०० गज) थी। एक वर्गक्रोश अर्थात् एक गाँव का क्षेत्रफल २५००००० वर्ग हाथ शुक्र ने कहा है (शु० १ । १९५)। यदि एक क्रोशात्मक क्षेत्रफल के गाँव में १००० सीर भूमि मानी जाय तो १ सीर भूमि= २५००० वर्ग हाथ=२५० × १०० वर्ग हाथ=१२५ × ५० वर्ग गज=६२५० वर्ग गज भूमि लगभग १½ एकड़। मोटे हिसाब से एक सीर भूमि का लगान एक कार्षापण हुआ, क्योंकि सीर-सहस्रात्मक ग्राम का लगान एक सहस्र कार्षापण था।

२. प्रयाणक्रोशसंख्यायकाः स्पष्टम् अष्टावदीयन्त प्रहाराः पटहे पटीयांसः, २०३।

३. हस्तैश्चतुःसहस्रैर्वा मनोः क्रोशस्य विस्तरः (शुक्र० १ । १९४)।

प्रयाण-समय की तैय्यारी के वर्णन में बाजे-गाजे बजना, छावनी में जाग होना, डेरा-डंडा उठाना, सामान लादना, भाँति-भाँति की सवारियों का चलना, घुड़साल और गजसाल का सामान बटोरना, प्रियजनों से बिदाई एवं सैनिक कशमकश से आबादी की रौंद और कष्ट आदि का वर्णन किया गया है। बाण के इस सतत्तर समासों के लम्बे वर्णन में एक क्रमिक व्यवस्था है जो सैनिक-प्रयाण के समयोचित चित्र पर ध्यान देने से समझ में आ जाती है।

जैसे ही कूच का डंका बज चुका, सैनिक-बाजे बजने लगे। पटह, नांदीक, गुंजा, काहल और शंख—इन पाँच बाजों का शोर शुरू हो गया। नांदीक को शंकर ने मंगलपटह कहा है। इसका निश्चित अर्थ अज्ञात है सम्भवतः बीन-जैसा बाजा हो जो कि कुषाण-काल की मूर्तियों में मिलने लगता है और आज भी सेना में प्रातः जागरण के समय बजाया जाता है। गुंजा को पहले (४८) प्रयाणगुंजा भी कहा गया है। शंकर ने उसका अर्थ एक प्रकार का ढक्का दिया है। बाण ने उसकी ध्वनि को पुराने करंज वृक्ष को बजनेवाली फली के समान कहा है। (शिंजानजरत्करंजमंजरीबीजजालकैः सप्रयाण-गुंजा इव, ४६)। ज्ञात होता है कि यह लेजिम-जैसा बाजा था जिसमें से छुरछुराहट की ध्वनि निकलती थी। काहल के विषय में भी मतभेद है, किन्तु काहली नाम से अभी तक एक बाजा प्रचलित है जो लगभग दो फुट लंबा सुनार की फुँकनी की तरह का होता है जिसके निचले हिस्से में कुप्पीनुमा फूल होता है। कभी-कभी दो काहलियाँ एक साथ भी फूँकी जाती हैं। काहली में से कूकने की-सी आवाज निकलती है (कूजत्काहले, २०४)।

क्रमशः कटक में कलकलध्वनि बढ़ने लगी। सर्वप्रथम झाड़ू देनेवाले जमादार आदि आए और उन्होंने नौकर चाकरों को जगाया[1]। उसी समय सेना को जगाने के लिये मूंगरी की तड़ातड़ चोटों के (घड़ियाल पर उत्पन्न शब्द से) वृद्धि को प्राप्त होता हुआ (घट्यमान) नुकीले पतले डंडों से बजाए जाते हुए नक्कारों का शब्द दिशाओं में भर गया[2]। चारों ओर जाग हो गई। बलाधिकृतों ने सब पाटीपतियों को इकट्ठा किया। बलाधिकृत गुप्तकालीन सैनिक संगठन में महत्त्वपूर्ण पद था। सम्भवतः एक वाहिनी[3] का अध्यक्ष बलाध्यक्ष कहलाता था। पाटीपति का अर्थ कावेल ने बारिकों के सुपरिण्टेण्डेण्ट किया है जो ठीक जान पड़ता है, क्योंकि बलाधिकृतों के लिये सेना की तैय्यारी का आदेश पाटीपतियों के द्वारा देना

१. परिजनोत्थापनव्यापृतव्यवहारिणि, २०४। कणे और कावेल ने व्यवहारिणि का अर्थ व्यापारी या सरकारी अधिकारी किया है जिसकी यहाँ कुछ संगति नहीं बैठती। वस्तुतः व्यवहारिका बुहारी की संज्ञा थी और व्यवहारिन् का अर्थ है बुहारनेवाला।

२. कोणिका = पेंदो में कोणाकृति नक्कारा जो कीलनुमा पतले डंडों से बजाया जाता है। जगाने के लिये मूंगरी से जल्दी-जल्दी घड़ियाल बजाई गई और फिर नगाड़ा बजना शुरू हुआ।

३. एक हाथी, एक रथ, तीन घोड़े, पाँच पैदल = १ पत्ति।
५ पत्ति = एक सेनामुख; ३ सेनामुख = १ गुल्म; ३ गुल्म = १ गण; ३ गण = १ वाहिनी; ३ वाहिनी = १ पृतना; ३ पृतना = १ चमू; ३ चमू = १ अनीकिनी; १० अनीकिनी = १ अक्षौहिणी। एक वाहिनी में ८१ हाथी, ८१ रथ, २४३ घोड़े और ४०५ पैदल होते थे। यह लगभग आजकल के बटालियन के तुल्य होगी।

चित्र ८ (पृ० १७)—मौलिमालतीमाला। अजन्ता के चित्र से (राजा साहब, औध-कृत अजंता, फलक २८, पंक्ति ३, चित्र २)।

चित्र ९ (पृ० १७)—मस्तक पर अंशुक नामक रेशमी वस्त्र की उष्णीष पट्टिका। अजंता चित्र से (औध-कृत अजता, फलक २८ पर चौथी पंक्ति का चौथा चित्र)।

चित्र १० (पृ० १९)—पंचमुखी शिवलिंग या पंच-ब्रह्म पूजा। मथुरा का गुप्तकालीन शिवलिंग (संख्या ५१६)।

चित्र ११ (पृ० २०)—ललाटजूटक या माथे पर बँधे हुए जूड़े-सहित मस्तक (मथुरा संग्रहालय, जी २१)। गुप्तकालीन मस्तक।

चित्र १२ (पृ० २०)—पदाति युवक, कमर की पेटी में खोंसी हुई कटारी सहित। अहिच्छत्रा से प्राप्त गुप्त-कालीन मिट्टी की मूर्ति।

फलक ३

चित्र १३ रंगीन (पृ०२१)—त्रिकण्टक नामक कान का आभूषण। दो मोतियों के बीच में जड़ाऊ पन्ने सहित। राष्ट्रीय संग्रहालय नई दिल्ली के स्थानापन्न सुपरिन्टेन्डेंट श्री जे० के० राय की कृपा से प्राप्त फोटो और वहीं के चित्रकार श्री भूपाल सिंह बिस्त द्वारा बनाए हुए रंगीन चित्र के आधार पर।

चित्र १४ (पृ०२१)—कच्छ के बाहर निकले हुए पल्ले सहित धोती (अधोवस्त्र) पहनने का ढंग। चित्र संख्या ५ में उल्लिखित मूर्ति का पिछला भाग।

चित्र १५ (पृ० २३)—रकाब में पैर डाले हुए घोड़े पर सवार स्त्री। मथुरा से प्राप्त शुंगकालीन सूचीपट्ट से। यह इस समय लखनऊ संग्रहालय में सुरक्षित है।

चित्र १६ (पृ० २४)—सीमन्तचुम्बी चटुलानिलकमणि। अहिच्छत्रा से प्राप्त गुप्त-कालीन मिट्टी के खिलौने से।

चित्र१८ (पृ० ३५)—पेटी में कसा हुआ ऊँचा घाघरा (चंडांतक)। (औध कृत अजंता, फलक ६४)।

फलक ४

चित्र १७ (पृ०३३)—हल्लीसक या मंडली नृत्य। स्त्री-मंडल के बीच में नृत्य करता हुआ युवक। बाघ के गुफा-चित्र से।

चित्र १९(पृ०३५)—सिर से बँधा हुआ और पीठ पर फहराता हुआ चीरा। अहिच्छत्रा से प्राप्त दंडवत् प्रणाम करते हुए पुरुष की मूर्ति।

चित्र २० (पृ०४०)—वागुरा या कमंद। अहिच्छत्रा से प्राप्त सूर्य मूर्ति पर अंकित पार्श्व-चर के हाथ में (अहिच्छत्रा मृण्मय मूर्तियाँ, चित्र ९७)।

चित्र २० अ (पृ०४०)—पाश (श्री जी०एच०खरे-कृत मूर्तिविज्ञान फलक ९८,चित्र ३०)।

चित्र२१ (पृ०४१)—दानपत्रों पर लिखे हुए सम्राट् के विभ्रम (सजावट) युक्त हस्ताक्षर। हर्ष के बाँसखेड़ा ताम्रपट्ट की अंतिम पंक्ति—स्वहस्तो मम महाराजाधिराज श्रीहर्षस्य।

ही उपयुक्त था। वैन्यगुप्त के गुणैधर-ताम्रपट्ट में महासामन्त विजयसेन को पंचाधिकरणोपरिक पाट्युपरिक कहा गया है। वहाँ भी पाटी का यही अर्थ अर्थात् सैनिकों के रहने की लंबी बारिकें ही जान पड़ता है। पाटीपतियों को जब बलाधिकृत की आज्ञा मिली तो सेना में सहस्रों उल्काएँ (मशालें) जल उठीं।

इसके बाद रात के चौथे पहर में आनेवाली दासियाँ (याम-चेटी) अपने काम पर आ गईं और उनकी आहट से ऊँचे अधिकारी जो स्त्रियों के पास सोए थे, उठ बैठे।

प्यादों की कड़ी डाँट से निषादियों (हाथीवानों) की नींद हवा हो गई और वे आँख मलने लगे (कटककटुनिर्देशनश्यन्निद्रोन्मिषन्निषादिनि, २०४)[1], हाथियों के झुण्ड (हास्तिक) और घोड़ों के ठट्ट (अश्वीय) भी जाग पड़े।

लहजे से शब्दों का उच्चारण करते हुए प्यादे धम-धम करते हुए कुदालों से तम्बुओं के धरती में गड़े फाँसेदार आँकुड़ों को खोदने लगे[2]। इसके बाद हाथियों के गड़े खूँटे उखाड़े जाने से जंजीरें खनखनाने लगीं (शिंजानहिंजीर)। घोड़ों के पास भी जब उनके खोलनेवाले पहुँचे तो उन्होंने अपने पिछले पैरों के खुर मोड़कर उठा दिए। और उनके पैरों में पड़े हुए खटकेदार कड़े (निगडतालक) खोल दिए गए[3]। जो मैमत हाथी थे उनके पैरों में विशेष रूप से बाँधनेवाली जंजीरें पड़ी हुई थीं (संदानशृङ्खला, जो अंदू के साथ पैरों में पहनाई गई थीं)। उन्हें लेशिक या घसियारे खोलने लगे तो खनखन का शोर चारों ओर भर गया[4]।

इसके बाद झंडे-डेरों के बटोरने और लदाई का काम शुरू हुआ। हाथियों की पीठ को घास के लंबे मुट्ठों से झाड़कर गर्द साफ की गई और उनपर कमाए हुए चमड़े की खालें डाल दी गईं[5]। गृहचिन्तक (मीर-खेमा) के नौकर-चाकर (चेटक = खेमाबरदार) तंबू (पटकुटी), बड़े डेरे (काण्डपटमण्डप), कनात (परिवस्त्रा) और शामियाने (वितानक) लपेटने और खूँटों के मुट्ठे चपटे चमड़े के थैलों में भरने लगे।

---

१. निषादी = एक प्रकार के हस्तिपरिचारक (१७२, १९६) जिनकी व्याख्या पहले हो चुकी है। निर्णयसागर प्रेस का 'कटुककटुक' पाठ अशुद्ध है। कश्मीर-संस्करण का 'कटुकटु' भी अपपाठ है। मूल पाठ कटककटु होना चाहिए। हाथियों के सम्बन्ध में 'कटक' नामक परिचारकों का उल्लेख ऊपर हो चुका है (कटककदम्बक = प्यादों के समूह, १९६)।

२. रटत्कटक। कटक = प्यादा।

३. निर्णयसागर संस्करण में 'उपनीयमाननिगड़तालक' पाठ अशुद्ध है। कश्मीरी पाठ 'शिंजानहंजीरेपनीयमान' है, यही शुद्ध है। पदच्छेद करके अपनीयमान 'निगड़-तालक' पद बनेगा। तालक = ताला। शंकर ने तालपत्र अर्थ किया है जो अशुद्ध है। कावेल इस वाक्य को नहीं समझे।

४. इस कार्य के लिये नियुक्त कर्मचारियों को कौटिल्य में पादपाशिक कहा गया है (२।३२)।

५. यह अदद् हाथियों का वर्णन है। कश्मीरी पाठ 'प्रस्फोटितप्रमृष्टचर्म' है। प्रस्फोटित = झाड़ी हुई ; प्रमृष्ट = मुलायम, चिकनी।

अब सामान की लदाई शुरू हुई। भंडार ढोने के लिये नालीवाहिक (फीलवान) बुलाए जाने लगे[१]। सामान लादने के हाथी दो प्रकार के थे, एक सीधे हाथी जिन्हें निषादियों ने लाकर चुपचाप खड़ा कर दिया। उनपर सामन्तों के डेरों में भरा हुआ सामान, प्याले और कलसों की पेटियों के समूह[२] लाद दिए गए। दूसरे पाजी हाथी थे जिनपर काठ-कबाड़, खाट-पीढ़े आदि उपकरण-सम्भार नौकर दूर से फेंककर लाद रहे थे।

अब चलने की हड़बड़ी होने लगी। मुटल्ली दूतियाँ सेना के साथ चल नहीं पा रही थीं, इसलिये दूसरे उन्हें घसीटते ले चल रहे थे। उनका हाथ और बीच का भाग[३] एक ओर को टेढ़ा हो गया था जिन्हें देखकर कुछ लोग हँस रहे थे। रंग-बिरंगी झूलों (शारशारी) की मोटी रस्सियों (वरत्रागुण) के कसे जाने से जिनके झूमने में बाधा पड़ रही थी (ग्राहित-गात्र-विहार) ऐसे कद्दावर और मिजाजदार हाथी चिंघाड़ रहे थे। पीठ पर लादी जाती कंडालों[४] के डर से ऊँट बलबला रहे थे।

इसके बाद जलूस में बढ़िया सवारियाँ आईं। अभिजात राजपुत्रों के द्वारा भेजे गए पीतल-जड़े (कुप्ययुक्त) वाहनों में कुलीन कुलपुत्रों की आकुल स्त्रियाँ जा रही थीं[५]। सवारी के हाथियों के आधोरण गमन-समय में अनुपस्थित अपने नए सेवकों को ढुँढ़वा रहे थे।

---

१. भाण्डागारवहनवाह्यमानबहुनालीवाहिके (२०४), नाली = नुकीली तीर जैसी-छड़, इसे कान में चुभाकर हाथी को चलाते हैं। लद्दू हाथियों के फीलवान नाली और सवारी के महावत अंकुश रखते थे।

२. निषादिनिश्चलानेकपारोप्यमाणकोशकलसपीडापीडसंकटायमानसामन्तौकसि (२०४), कोश = कोसा या प्याला ; पीडा = पेटी या पिटारी ; आपीड = खचाखच।

३. जाघनिकर। जाघनि = जघनप्रदेश, नितम्बभाग।

४. कंठालक = ऊँटों पर सवारियों के बैठने के लिये पीठ के इधर-उधर लटकनेवाला किचावा। इसमें सारा शरीर भीतर आ जाता है और सिर बाहर निकला रहता है, जिससे इसका नाम कंठालक पड़ा होगा।

५. अभिजात-राजपुत्र-प्रेष्यमाण-कुप्रयुक्ताकुल-कुलीन-कुलपुत्र-कलत्रवाहने (२०५), इसका अर्थ कावल और कणे के अनुसार यह है—उच्च राजपुत्रों से भेजे गए गुणहे दूत कुलीन कुलपुत्रों की स्त्रियों के वाहनों को घेरे हुए थे। इस प्रसंग में यह अर्थ जमता नहीं। अभिजात राजपुत्र और कुलीन कुलपुत्रों का यह व्यवहार बुद्धिगम्य नहीं होता। हमारी समझ में 'कुप्रयुक्त' अपपाठ है। शुद्ध पाठ कुप्ययुक्त था। कुप्य का अर्थ था पीतल और कुप्ययुक्त = पीतल के साज से अलंकृत। आज भी बढ़िया राजकीय सवारियाँ तरह-तरह के पीतल के सामान से सजाई जाती हैं जिन्हें माँजकर चमाचम रखते हैं। बाण का तात्पर्य यह है कि बड़े राजपुत्रों की ऐसी जड़ाऊ रथ-वहलियाँ कुलीन कुलपुत्रों की घबराई हुई स्त्रियों को घर भेजने के लिये माँग ली गई थीं। कुलपुत्र परिवार-सहित प्रायः राजकुल में रहते थे। हर्षचरित भर में यही एक ऐसा स्थल है जहाँ सभी पोथियों के पाठों को न स्वीकार करके मैंने अपनी ओर से कु-प्रयुक्त की जगह *कुप्य-युक्त पाठ-संशोधन किया है। अर्थ की दृष्टि से *कुप्य-युक्त पाठ ही ठीक बैठता है जो अन्य आदर्श पोथियों में जाँचने योग्य है।

प्रसाद पाए हुए पैदल (प्रसादवित्त-पत्ति) राजा के खासा घोड़ों को पकड़कर ले चल रहे थे[1] (२०५)।

सजी-बजी चाटभट सेना के हरावल दस्ते चौड़े छोपे हुए निशानोंवाले वेष से सजे थे[2]। स्थानपालों के घोड़े का ठाठ और भी बढ़ा-चढ़ा था। उनकी पलानें लटकती हुई लवणकलायी, किंकिणी और नाली से सुशोभित थीं एवं ज़ेरबन्द (तलसारक) से बँधी हुई थीं[3]।

इस वाक्य में पाँच पारिभाषिक शब्द हैं। कावेल और कणे द्वारा या अन्यत्र उनका अर्थ स्पष्ट नहीं हुआ। स्थानपाल कोटले या गढ़ियों के रूप में बनी हुई चौकियों के गढ़पति ज्ञात होते हैं। वे जिन घोड़ों पर सवार थे उनके सामने की ओर लाल जेरबन्द या तलसारक बँधा हुआ था। तलसारक का मूल अर्थ है घोड़े को तल अर्थात् नीचे की ओर रखनेवाला जिससे वह पिछले पैरों पर खड़ा न हो सके। पीछे वह शोभा के लिये भी बाँधा जाने लगा। तलसारक का एक सिरा घोड़े के मुँह के नीचे की पट्टी और दूसरा तंग में बाँधा जाता है।

लवणकलायी बिलकुल अप्रसिद्ध शब्द है। शंकर के अनुसार हिरन की आकृति की लकड़ी की पुतलियाँ बनाकर घोड़ों की जीन से लटकाई जाती थीं उन्हें लवणकलायी कहते थे। किसी अंश में शंकर का अर्थ ठीक है। कुमारगुप्त की अश्वारोही भाँति की स्वर्णमुद्रा पर (भाँति ३, उपभाँति डी) घोड़ों की टाँगों के पास इस प्रकार के अलंकार लटके हुए मिलते हैं। खड़े हुए हिरन के संमुख दर्शन का रेखाचित्र बनाया जाय तो उसकी आकृति से यह अलंकरण मिलता हुआ है, अतएव शंकर का दारुमयीमृगाकृति विवरण वास्तविक परंपरा पर आश्रित जान पड़ता है। वस्तुतः अमरावती के शिल्प में उत्कीर्ण घोड़ों की मूर्तियों पर भी इस प्रकार की सजावट मिलती है। यूनानी और रोमदेशीय घोड़ों की सजावट के लिये भी इस प्रकार की आकृति का प्रयोग

---

१ प्रसाद। नौकरी में अच्छे काम करनेवालों के लिये तरक्की का सूचक चिह्न जो एक चीरे के रूप में सिर पर बाँध लिया जाता था। बाण ने प्रसादलब्ध मुंडमालिका पहने हुए दौवारिक पारियात्र (६१) और प्रभुप्रसाद से प्राप्त पाटित-पटच्चर या कपड़े का फीता बाँधे हुए घासिक सेवक (२१३) का वर्णन किया है। वल्लभ शब्द सम्राट् के निजी या खासा घोड़ों के लिए प्रयुक्त हुआ है (भूपालवल्लभतुरंग, ६४)। ये घोड़े राजद्वार के भीतर की मंदुरा में रखे जाते थे। वारवाजि का अर्थ वे कोतल घोड़े हैं जो राजा या खास सवारी के घोड़े के पीछे सजाकर इसलिये ले जाते थे कि पहले घोड़े के थक जाने पर बारी से उस पर सवारी की जा सके।

२. चारभट का दूसरा रूप चाटभट ज्ञात होता है जो कितनी ही बार शिलालेखों में प्रयुक्त हुआ है (फ्लीट, गुप्त-अभिलेख, महाराज हस्तिन् का खोह ताम्रपट्ट, पृ० ९८, टिप्पणी २)। चारु = रंगीन वर्दी-युक्त। नासीरमंडल = अग्रभाग में रहनेवाला हरावल दास्ता। आडंबर = सजावट। स्थूलस्थासक = पोशाक पर छोपे हुए मोटे थापे। इसका स्पष्ट नमूना अजन्ता में मिलता है। (औंध-कृत अजन्ता, फलक ३३, पहली गुफा में नागराज-द्रविड-राज-चित्र में द्रविडराज के पीछे का सिपाही जो स्थूलस्थासकों से खुरित पोशाक पहने हुए है)।

३. स्थानपालपर्याणलम्बमानलवणकलायीकिंकिणीनालीसनाथतलसारके (२०५)।

होता था। यह किसी धातु की बनती थी और ऊपर के गोल टुकड़े में नीचे कोरदार चन्द्राकृति लगाकर बनाई जाती थी जिसे यूनानी भाषा में 'फलरा[1]' कहते थे। (चित्र ६६) नाली का अर्थ शंकर ने घोड़ों को तरलपदार्थ पिलाने के लिये बाँस की नली किया है किन्तु यह कल्पित है। दिव्यावदान के अनुसार नाली सोने की नलकी थी जो पूँछ में पहनाई जाती थी[2]।

चलने के समय घुड़साल की अवस्था का कुछ और विशेष परिचय भी दिया गया है। (खासा घोड़ों पर नियुक्त) वल्लभपाल-संज्ञक परिचारक घोड़ों की बाँधने की अवरज्जणी रस्सी की बींडी बनाकर लिए हुए थे और घोड़ों को रोग और छूत से बचाने के लिये साथ में बन्दर ले चल रहे थे[3]।

प्रातःकाल घोड़ों को व्यायाम (प्राभातिक योग्या) कराने के बाद जो रातिब दिया गया था उसके तोबड़ों (प्रारोहक) को परिवर्द्धकों ने आधा खाने की दशा में ही उतार लिया[1]। घसियारे एक दूसरे की आवाज पर चिल्ला-चिल्लाकर शोर कर रहे थे। चलते समय की हड़बड़ी में नौसिखुए जानदार घोड़े मुँह उठाकर चक्कर खाने लगे (भ्रमदुत्तुंडतरुण तुरंगम) जिससे घुड़साल में खलबली मच गई। हथिनियाँ सवारी के लिये तैयार हो चुकीं तो ओरोहकों के पुकारने पर स्त्रियाँ जल्दी से मुखालेपन (हथिनियों के मुँह पर मौंडने-बनाने की सामग्री) लेकर आईं। हाथी-घोड़े चल पड़े तब पीछे छोड़े हुए हरे चारे के ढेरों को

---

१. *'Phalara* (pl. *phalerae*) used once in Homer to signify an appendageto a helmet. The word is elsewhere used of the metal discs or crescents with which a horse's harness was ornamented.' [Cornish, *Concise Dicti nary of Greek and Roman Antiquities*, p 47:, fig. 806]

२. तस्य तु पुच्छं सौवर्णायां नालिकायां प्रक्षिप्तम् (दिव्यावदान, पृ० ५१४)। ईरान में सासानी युग में भी घोड़ों की पूँछ में पहनाई जानेवाली नलकी उनके जिरहबख्तर का अंग थी। [सी० हुआर्ट, ऐंश्येंट पर्शिअन ऐंड ईरानिअन सिविलिजेशन, पृ० १५०, 'The head, tail and breast of the horse are likewise covered with coat of mail.']

३. घुड़साल में बन्दर रखने का उल्लेख साहित्य में कितनी ही बार आता है। जायसी ने लिखा है—'तुरय रोग हरि माथे आए'। यह विश्वास था कि घोड़े की बीमारी साथ में रहनेवाले बन्दर के सिर आ जाती है।

१. परिवर्द्धकाकृष्यमाणार्धजग्धप्राभातिकयोग्याशनप्रारोहके (२०५)। प्रारोहक चमड़े का चौड़े मुँह का तोबड़ा, पंजाब में अभी तक कुँओं से पानी उठाने के मोठ, चरस या पुर को परोहा (प्रारोहक, उठानेवाला) कहते हैं। उसी की तरह का होने से तोबड़ा भी प्रारोहक कहा गया। परिवर्धक कर्मचारियों का काम घोड़ों पर साज कसकर उन्हें सवारी के लिये हाजिर करना था (परिवर्धकोपनीततुरंगमारूढ, १५२) प्रारोहक का पाठान्तर शंकर ने प्रौढ़िक दिया है (योग्याशनार्थं प्रसेवक)। प्रौढ़िक से पोढ़िय बना है जो कन्हेरी के गुफा लेखों में प्रयुक्त हुआ है (पानीयपोढिय = पानी रखने की छोटी हौदी)। सम्भव है, मूल पाठ प्रौढ़िक (= थैला या तोबड़ा) रहा हो, जिसे बाद में सरल करने के लिये प्रारोहक कर दिया गया।

(निर्घास-सस्यसंचय) लूटने के लिये आसपास के दुकड़हे लोग आ पहुँचे। गधे भी साथ में चले और छोकरों के ठट्ठ (चेलचक्क)[1] उनपर उचककर बैठ गए। चूँ-चूँ करते हुए पहियोंवाली सामान से लदी लढिया गाड़ियों की लीक में (प्रहत वर्त्म) डाल दिया गया[2]। जो सामान माँगने पर फौरन देने योग्य था उसे बैलों पर लादा गया[3]। रसद का सामान देनेवाले बनियों के बैल पहले ही रवाना कर दिए गए थे, किन्तु वे (या उन्हें हँकानेवाले नौकर) घास के लोभ में देर लगा रहे थे[4]। महासामन्तों के रसोड़े (महानस) आगे ही (प्रमुख) भेज दिए गए थे। झंडी-बरदार (ध्वजवाही) सेना के सामने दौड़कर चल रहे थे[5]। भरे हुए डेरों (कुटीरकों) से निकलते हुए सैनिक अपने प्रिय जनों से गले मिल रहे थे (२०५)।

इस प्रकार सेना के प्रस्थान करने पर भीड़-भड़भड़ में जनता को हानि भी उठानी पड़ती थी। शहर और देहात दोनों जगह इतने भारी मजमों के चलने से जो तबाही आती थी, बाण ने उसका सच्चा चित्र खींचा है। हाथियों ने रास्ते में पड़े घरों (मठिका) को पैरों से रौंद डाला; लोग बेबसी से जान लेकर मेठों[6] (हस्तिपक) पर ढेले फेंकते हुए भागे। पकड़ न पा सकने के कारण मेठों ने पास खड़े लोगों को साक्षी बनाकर संतोष किया। उस धक्कमधक्के

१. चक्रीवत् गर्दभ। शंकर के अनुसार 'चक्रीवत् गर्दभः उष्ट्रो वा'; किन्तु गर्दभ' अर्थ ही ठीक जान पड़ता है, क्योंकि ऊँटों का वर्णन ऊपर आ चुका है। चैल का अर्थ शंकर ने वस्त्र या बालक किया है, चैलचक्र का अर्थ छोकरे ही अधिक उपयुक्त है।

२. सामान लदी हुई गाड़ियाँ एक बार लीक में डाल दी जाती हैं और ऊँघते बैलवानों के साथ रेंगती रहती हैं, रथादि वाहनों की भाँति वे शीघ्रता से बचाकर नहीं निकाली जातीं।

३. अकारणडंडीयमान-भारणडभरितानडुहि (२०५)। कावेल ने अर्थ किया है—'oxen were laden with utensils momentarily put upon them.' वास्तविक बात यह है कि पड़ाव पर पहुँचकर ही खोला जानेवाला सामान गाड़ियों में और तुरन्त आवश्यकता का सामान बैलों पर लादा गया।

४. निकटघासलाभलुभ्यल्लम्बमानप्रथमप्रसार्यमाणसारसौरभेये (२०५)। सारसौरभेय का अर्थ कठिन है। कावेल और कणे के अनुसार, तगड़े बैल। सार का अर्थ जल, दूध-दही, या मित्र सामन्त भी है। किन्तु इस प्रसंग में इनमें से कोई अर्थ मेल नहीं खाता, प्रथम प्रसार्यमाण की संगति नहीं बैठती। हमारी सम्मति में सार और सारण एकार्थक हैं और सारणिक का अर्थ था बंजारे या चलनेवाले बनिए (a travelling merchant, मानियर विलियम्स)। संगतिपरक अर्थ यह है कि कटक के साथ चलनेवाले बनिए रसद का प्रबन्ध करने के लिये अपने बैलों के साथ आगे ही भेज दिए गए थे। इसी तरह सामन्तों के घोड़े भी आगे ही चलतू कर दिए गए थे। इसीलिये दोनों का एक साथ वर्णन सार्थक है।

५. सैनिक जुलूसों में अब भी यही प्रथा है। ध्वजा सबसे आगे रफ्तार के साथ चलती है।

६. मेण्ठ=हाथियों के खिदमतगार। हिन्दी में मेठ मदद पर काम करनेवाले व्यक्तियों के नायक के लिये प्रयुक्त होता है। यहाँ भी सम्भवतः मेण्ठ हाथियों से सम्बन्धित छोटे नौकरों के जमादार थे।

में छोटी बस्तियाँ तितर-बितर हो गईं, और उनमें रहने वाली छोटी गृहस्थियाँ जान लेकर भागीं[1]। बंजारों के सामान से लदे हुए बैल शोर-शार से बिदककर भाग निकले[2]।

ज्ञात होता है, उस युग के सैनिक प्रयाण में रनिवास भी साथ रहने लगा था। गुप्त-कालीन युद्धों में जो बाल्हीक-सिन्धु तक लड़े जाते थे, यह प्रथा न रही होगी। उस समय का सैनिक अनुशासन अधिक कड़ा था। पीछे सम्भवतः कुमारगुप्त के समय अंतःपुर के लोग भी प्रयाण के समय साथ रहने लगे। बाण का कथन है कि अन्तःपुर की स्त्रियाँ हथिनियों पर बैठकर निकलती थीं, उनके सामने मशाल लिए हुए लोग चलते थे जिसके संकेत से जनता मार्ग छोड़कर हट जाती थी[3]। दीपिकालोक का प्रतीक सम्भवतः जान-बूझकर रक्खा गया था जिससे 'असूर्यम्पश्या राजदाराः' की भ्रांति बनी रहे।

'ऊँचे तंगण[4] घोड़ों पर जिनकी बढ़िया तेज़ दुलकी से बदन का पानी भी न हिलता था, मजे में बैठे हुए खक्खट उनकी चाल की तारीफ कर रहे थे। लेकिन खच्चरों पर तकलीफ से बैठे हुए दक्खिनी सवार फिसले पड़ते थे।'

तंगण देश का उल्लेख पाण्डुकेश्वर में प्राप्त उत्तर-गुप्तकालीन ताम्रपट्टों में आता है। यह गढ़वाल के उत्तर का प्रदेश था। यहाँ के टाँगन घोड़े प्रसिद्ध थे। खक्खट का अर्थ शंकर ने 'वृद्धा' किया है। पर हमारी सम्मति में बाण ने यहाँ हर्ष की सेना की एक विशेष वीर टुकड़ी का उल्लेख किया है। कश्मीर-प्रति का शुद्ध पाठ 'खक्खट क्षत्रिय' है। खक्खट क्षत्रिय प्राचीन खोक्खड़ ज्ञात होते है, जो अपने को राजपूत मानते है और अपने प्रमुख व्यक्तियों को राजा कहते हैं। यह अत्यन्त प्राचीन जाति समझी जाती है जो व्यास के पूर्व में और झेलम चनाब नदियों के बीच मध्य पंजाब में बसी है। ये वीर और लड़ाके होते हैं। इनकी बस्तियों (तलवंदियों) में घोड़े अच्छे होते है[5]। हर्ष की सेना में पंजाब की इस वीर लड़ाकू जाति की एक टुकड़ी थी, यह बहुत सम्भव है, और प्राचीन खक्खट नाम से उसीका उल्लेख समझा जा सकता है।

प्रयाण-समय में देश-देशों के राजा भी हर्ष की सहायता के लिये एकत्र हुए। बाण ने उनके पृथक् नामों या देशों का परिगणन न करके केवल वेषभूषा या टीमटाम का वर्णन

---

१. व्याघ्रपल्ली = जंगल में अस्थायी रूप से बनाई हुई झोपड़ियों की छोटी बस्तियाँ। शुक्रनीति के अनुसार (जो गुप्तकाल की संस्कृति की परिचायक है) एक क्रोश क्षेत्रफल की बस्ती ग्राम और उससे आधी पल्ली कहलाती थी (भवेत् क्रोशात्मको ग्रामः·····ग्रामार्द्धं पल्लिसंज्ञं, १।१९३)। व्याघ्रपल्ली, ऐसे स्थान में बनी हुई पल्ली जहाँ बाघ लगता हो; अथवा बाघ लगने लायक घना जंगल हो।

२. कलकलोपद्रवद्रवद्-द्रविणबलीवर्द-विद्राणवणिजि (२०६)।

३. पुरःसरदीपिकालोकविरलायमानलोकोत्पीड़प्रस्थितान्तःपुरकरिणीकदम्बके (२०६)।

४. कश्मीर प्रतियों में तुंगण के स्थान पर तंगण पाठ है जो ठीक है।

५. ह्वटसन, ए ग्लॉसरी आफ दी ट्राइब्स ऐंड कास्ट्स् आफ दी पंजाब, भाग २, पृ० ५३९-४५। खोक्खड़ों की दंतकथाओं में उनका संबंध भरत-दशरथ, व ईरान के हखामनि शासक एवं सिकंदर से जोड़ा जाता है। कपूरथला का खोखरैन (खक्खटायन) इलाका इन्हीं के नाम पर है।

किया है। यह स्कन्धावार राजद्वार के बाहर एकत्र हो रहा था (२०७)। पहले भी धवलगृह (राजा का आवास), राजकुल और स्कन्धावार का पारस्परिक सम्बन्ध और भेद स्पष्ट किया जा चुका है (दूसरा उच्छ्वास और चौथा उच्छ्वास)। यहाँ भी बाण ने बारीकी के साथ फिर उसका निर्वाह किया है। आगे कहा गया है कि हर्ष ने आवासस्थान के पास से प्रस्थान करते हुए स्कन्धावार को देखा (२०६-१०)। उसे देखता हुआ वह कटक अर्थात् उस स्थान में आया जहाँ राजाओं के शिविर लगे थे। यह भी स्कन्धावार का ही एक भाग था। वहाँ राजाओं (पार्थिव-कुमारों) की उत्साहप्रद बातचीत सुनता हुआ उनके साथ मंदिरद्वार अर्थात् राजमंदिर (राजकुल) के द्वार तक आया और उन्हें यहीं से बिदा कर दिया। राजमंदिर के भीतर वह घोड़े पर सवार ही प्रविष्ट हुआ। बाह्यास्थान-मंडप (दीवाने आम) के पास घोड़े से उतरकर वहाँ स्थापित आसन पर जाकर बैठा और वहाँ भी जो लोग एकत्र थे उन्हें विसर्जित करके तब भास्कर वर्मा के दूत से भेंट की[1]। वास्तुसन्निवेश की दृष्टि से बाण के ये वर्णन पूरे उतरते हैं।

राजाओं के वर्णन में बाण ने निम्नलिखित क्रम रक्खा है—हाथी और घोड़े पर उनकी सवारियाँ, वेषभूषा, शरीर के निचले भाग और ऊपरी भाग में पहने हुए विविध वस्त्र, कान के आभूषण, शिरोभूषा, जुलूस का रफ्तार पकड़ना, हाथियों का वेग से चलना, घोड़ों का सरपट जाना, चारभट सेना का प्रयाण और बाजों की ध्वनि।

हाथियों पर चढ़े हुए आधोरण स्वर्णपत्रलता से अलंकृत शार्ङ्ग (सींग का बाजा) हाथ में लिए थे। शार्ङ्ग का उल्लेख कालिदास ने पारसीकों के साथ रघु के युद्ध-वर्णन में किया है। घोड़ों पर चढ़े हुए पारसीक सींग की बनी हुई तुरही बजाकर युद्ध करते थे[2]। यहाँ भी शार्ङ्ग का यही अर्थ उपयुक्त है, जैसा कि ऊर्ध्वध्रियमाण पद से सूचित होता है। राजाओं के अन्तरंग सहायक पास के आसन पर तलवार लिए बैठे थे एवं ताम्बूलिक चंवर डुला रहे थे। हाथियों के पीछे की ओर बैठे हुए (पश्चिमासनिक) परिचारक चमड़े के बने हुए विशेष प्रकार के तरकशों में भरे हुए छोटे हलके भालों के (भिन्दिपाल) मुट्ठे लिए हुए थे[3]। (चित्र ६७)

---

१. मंदिरद्वारि चोभयतः सबहुमानं भ्रूलताभ्यां विसर्जितराजलोकः, प्रविश्य चावततार, बाह्यास्थानमंडपस्थापितमासनमाचक्राम प्राप्तसमायोगश्च क्षणमासिष्ट (२१४)।

२. शार्ङ्गकूजितविज्ञेयप्रतियोधे रजस्यभूत् (रघु० ४-६२)। मल्लिनाथ ने शार्ङ्ग का एक अर्थ धनुष और दूसरा अर्थ सींगी किया है। कूजित पद से दूसरा अर्थ ही ठीक जान पड़ता है। अमिआनुस मारसेलीनस ने सासानी योद्धाओं का वर्णन करते हुए लिखा है कि वे तुरही बजाकर युद्ध का संकेत देते थे। 'दि सिग्नल फार बैटिल वाज गिवेन बाइ ट्रम्पेट्स' (सी० हूअर्ट, एंशेंट पर्सिया, पृ० १५१)।

३. भस्त्राभरण। शंकर के अनुसार एक प्रकार का तरकश, बाण रखने के तरकशों से भिन्न प्रकार का चमड़े का भाथी के जैसा होता था। भिन्दिपाल के दो अर्थ मिलते हैं, पत्थर मारने का गोफणा और छोटा भाला जो नली में रखकर चलाया जाता था। वस्तुतः भिन्दिपाल का मूल अर्थ गोफणा ही रहा होगा, क्योंकि खेत आदि के रक्षक (यवपाल, खेत्तपाल आदि) उसमें गुल्ले-गोलियाँ रखकर फेंकते थे। पीछे उसी ढंग पर नलकी में रखकर चलाए जानेवाले छोटे भाले या तीर का भी वही नाम पड़ा।

घुड़सवारों की पलानों में आगे पीछे उठे हुए सोने के नलकों में पत्रलता के कटाव बने थे[1] (चित्र ६८)। पलानों के पार्श्व में गोल तंग कसे होने से (परिक्षेप पट्टिकाबंध) वे अपनी जगह निश्चल थीं। उनके ऊपर पट्टोपधान (पट्ट या रेशम का बना गुदगुदा बिछावन) बिछा था जिसपर शरीर को स्थिर साधकर राजा बैठे हुए थे। पलान के इधर-उधर रकाबें झूल रही थीं (प्रचलपादफलिका २०६)। राजाओं के पैरों के कड़ों के साथ टकराने से उनका खनखन शब्द हो रहा था। ऊपर कहा जा चुका है कि रकाब का अंकन शुंगकालीन मथुरा की मूर्तियों में मिलने लगता है[2]। बाण के समय में वह आम बात हो गई थी और पुरुष भी उसका इस्तेमाल करने लगे थे।

राजाओं की वेषभूषा में तीन प्रकार के पाजामों—स्वस्थान, पिंगा, सतुला—और चार प्रकार के कोटों—कंचुक, चीनचोलक, वारबाण, कूपसिक—का वर्णन है। पाजामों का आम रिवाज शकों के समय में प्रथमशती ई० पू० से इस देश में आरम्भ हुआ। प्रथम शती की मथुरा-कला में तो इसके अनेक प्रमाण मिलने लगते हैं। शक-कुषाण-युग के बाद सलवार-पाजामों का वेष गुप्तराजाओं ने सैनिक वर्दी के लिये जारी रक्खा। समुद्रगुप्त और चन्द्रगुप्त के कुछ सिक्कों पर सम्राट् स्वयं इसी वेष में जो उदीच्यवेष कहलाता था, अंकित किए गए हैं। बाण में उल्लिखित पाजामों के भेद इस प्रकार हैं।

१. स्वस्थान[3] या सूथना, जिसकी तंग मोहरियों में पिंडलियाँ कसी हुई थीं (स्थगितजंघाकांड)। स्वस्थान शब्द में ही यह संकेत है कि इस प्रकार का पाजामा अपनी जगह या पिंडलियों पर कसा रहता था। यह नेत्रसंज्ञक रेशमी वस्त्र का बना था जिसपर फूल-पत्ती का काम था (उच्चित्र नेत्र)। इस प्रकार के फूलदार कपड़े और तंग मोहरी का पाजामा पहने हुए एक नर्तकी स्त्री देवगढ़ के मन्दिर में चित्रित की गई है। ऊपर वस्त्रों के प्रकरण में नेत्र-संज्ञक रेशमी वस्त्र का वर्णन किया जा चुका है (चित्र ६६)।

२. पिंगा, यह ढीली सलवार नीचे पिंडलियों तक लम्बी होती थी, इसलिए शंकर ने इसे जंघिका या जंघाला (जंघा = पिंडलियों का भाग) भी कहा है[4]। पिंगा नाम की

---

१. पुराने ढंग की काठियों में लकड़ी की उठी हुई खूँटियों पर पीतल का खोल चढ़ाकर आगे-पीछे नलके बनाए जाते थे, जिनके ऊपरी सिरों पर फूल-पत्ती के कटाव का काम बना दिया जाता था। जीन के आगे की ओर तो ये अवश्य बनते थे और विशेष उठे हुए होते थे। अजन्ता (गुफा १७) में विश्वन्तरजातक के चित्र में इस प्रकार की काठी और नलक अत्यंत स्पष्ट हैं। (दे० औंधकृत अजन्ता, फलक ६५ में अंकित घोड़े की काठी)

२. श्री डा० कुमारस्वामी द्वारा प्रकाशित मथुरा के प्रथम शती ई० पू० के एक सूचीपत्थर पर रकाब में पैर डाले स्त्री-मूर्ति बनी है। उनके अनुसार रकाब का प्रयोग इस देश में संसार में सर्वप्रथम हुआ (बुलेटिन बोस्टनम्यूजियम्, अगस्त १९२६, सं० १४४, सिक्स रिलीफस फ्राम मथुरा, मूर्ति सं० ३)

३. उच्चित्रनेत्रसुकुमारस्वस्थानस्थगितजंघाकांडैः (२०६; काश्मीरी शुद्ध पाठ)। स्वस्थान की जगह निर्णयसागरीय संस्करण में स्वस्थ गगन (स्वस्थगन) अपपाठ है। शंकर ने भी स्वस्थान पाठ ही ठीक माना है।

४. पिंगा जंघिका। अन्ये जंघालेत्याहुः। (शंकर)

उत्पत्ति कैसे हुई ? इस प्रश्न का उत्तर यह ज्ञात होता है कि मध्यएशिया से पृंग नाम का रेशमी वस्त्र भारत में आता था। मध्यएशिया के शिलालेखों में इस वस्त्र का कई बार उल्लेख आया है। बौद्धों के महाव्युत्पत्ति ग्रन्थ में भी पृंगा वस्त्रका उल्लेख है। पृंगा वस्त्र से बहुधा तैयार की जानेवाली सलवारों के लिये भी पृंगा नाम प्रचलित हो गया होगा। पृंगा का ही प्राकृतरूप पिंगा है। राज्यश्री के विवाह-प्रकरण में उल्लिखित वस्त्रों की व्याख्या करते हुए शंकर ने पृंगा को नेत्र का पर्याय कहा है। नेत्र और पृंगा दोनों रेशमी वस्त्र थे जिनमें फूल पत्तियों की बुनावट रहती थी। पर नेत्र प्रायः सफेद रंग का और पृंगा रंगीन होती थी। नेत्र शब्द का प्राकृत रूप नेत अब भी एक प्रकार का महीन रेशमी वस्त्र है जो बंगाल में बनता है। वस्त्र के लिए इस शब्द का प्रयोग कैसे हुआ ? दीघनिकाय में घोड़े के गले की गोल बटी हुई रस्सी को नेत्त कहा है (सारथिव नेत्तानि गहेत्वा)। महाभारत में नेत्र शब्द मथानी की डोरी के लिये प्रयुक्त हुआ है जिसे हिंदी में नेती या नेत कहते हैं। बटी हुई नेती की तरह शरीर में लपेटकर गठियाए जानेवाले रेशमी पटकों के लिये नेत्र शब्द का प्रयुक्त होना स्वाभाविक है। कुषाण कालीन पटके चपटे और गुप्त कालीन बटे हुए गोल होते थे। जिस महीन रेशमी वस्त्र के पटके बनते थे वह भी कालान्तर में नेत्र कहा जाने लगा। संभव है, पृंग नामकवस्त्र भी पटकों के काम आते थे और इसी आधार पर नेत्र और पृंग एक दूसरे के पर्याय बन गए। बाण ने पिंगा का वर्णन करते हुए इसे पिशंग या उन्नाबी (कलछौंह लिए लाल) रँग की कहा है। पिशंग पिंगा के पहले जुड़ा हुआ कार्दमिक पटकल्माषित विशेषण ध्यान देने योग्य है। कार्दमिक रंग का अर्थ कर्दम के रंग से रँगा हुआ वस्त्र है। कात्यायन के एक वार्तिक (४।२।२) में शकल (मिट्टी के ठीकरे) और कर्दम (कीचड़) से कपड़े रंगे जाने का उल्लेख है। कार्दमिक पट या राखी रंग की पट्टी सलवार के निचले अंश में पिंडलियों के ऊपर पहनी जाती थी, उसी का संभवतः यहाँ बाण ने उल्लेख किया है। अहिच्छत्रा से प्राप्त[1] एक पुरुषमूर्ति कोट और सलवार पहने हुए है। सलवार के निचले हिस्से में पिंडलियों के ऊपर तक पट्टी बँधी हुई है। बाण का तात्पर्य इसी प्रकार के पहनावे से ज्ञात होता है। (चित्र ७०)।

३. सतुला। शंकर के अनुसार सतुला अर्धजंघिका या अर्धजंघाला अर्थात् घुटनों के ऊपर तक का पहनावा था जिसे आजकल का घुटन्ना या जांघिया कह सकते हैं। बाण ने सतुला का वर्णन निम्नलिखित शब्दों में किया है—अलिनीलमसृणासतुलासमुत्पादितसितसमायोगपरभागैः, अर्थात् राजा लोग गहरे नीले रंग के जो जांघिये पहने हुए थे उनमें सफेद पट्टियों का जोड़ डालने के कारण उनकी शोभा और बढ़ गई थी। शंकर के अनुसार समायोग सिलाई करनेवाले कारीगरों का पारिभाषिक शब्द था (व्यापृतकेषु प्रसिद्धः, २०७)। परभाग का अर्थ एक रंग की जमीन पर दूसरे रंग की सजावट है[2]। सतुला या घुटन्ने के कई उदाहरण अजन्ता के गुफा-चित्रों एवं गुप्तकालीन कला में मिलते हैं। सौभाग्य से अजन्ता की गुफा सं० १७ में चित्रित एक

---

१. देखिए अहिच्छत्रा के खिलौने, पृ० १५९, चित्र-संख्या, २५२।

२. परभागो वर्णस्य वर्णान्तरेण शोभातिशयः, शंकर।

पुरुषमूर्ति सफेद पट्टियों के जोड़वाली भौराले रंग की वैसी ही सतुला पहने हुए हैं जैसी[1] का बाण ने वर्णन किया है। (चित्र ७१)।

चार प्रकार के कोटों के नाम और पहचान इस प्रकार हैं—

१. कंचुक—कुछ राजा गोरे शरीर पर लाजवर्दी नीले रंग के कंचुक पहने हुए थे (अवदातदेहविराजमानराजावर्तमेचकैः कंचुकैः)। कादम्बरी में चंडाल-कन्या नीला कंचुक पहने हुए कही गई है जो पैरों की पिंडलियों तक नीचा लटकता था (आगुल्फाव-लम्बिना नीलकंचुकेनावच्छिन्नशरीराम् , का० १०)। अजन्ता की गुफा १ में पद्मपाणि अवलोकितेश्वर-मूर्ति के बाएँ ओर खड़ी हुई चामरग्राहिणी पैरों तक लम्बा लाजवर्दी रंग का कंचुक पहने है (औंध-कृत अजन्ता, फलक २६)। सरस्वती की सखी मालती सफेद बारीक रेशम का आप्रपदीन (पैरों तक लम्बा) कंचुक पहने हुए थी[2]। अजन्ता-गुफा १७ में विश्वन्तरजातक के एक दृश्य में सफेद रंग का कंचुक या पैरों तक लम्बा आस्तीनदार कोट पहने हुए एक पुरुष दिखाया गया है। इससे ज्ञात होता है कि कंचुक पैरों तक लम्बा बाँहदार कोट था जिसका गला सामने से बंद रहता था। (चित्र ७२)।

२. वारबाण—वारबाण भी कंचुक की तरह का ही पहनावा था, किन्तु यह कंचुक की अपेक्षा कुछ कम लम्बा, घुटनों तक नीचा होता था। जैसा नाम से प्रकट है, यह युद्ध का पहनावा था। सासानी ईरान की वेषभूषा से यह भारतवर्ष में लिया गया। काबुल से लगभग २० मील उत्तर खैरखाना से चौथी शती की एक संगमरमर की सूर्यमूर्ति मिली है। वह घुटने तक लंबा कोट पहने हुए है जो वारबाण का रूप है। ठीक वैसा ही कोट पहने अहिच्छत्रा के खिलौने में एक पुरुषमूर्ति मिली है[3]। यह भी पूरी आस्तीन का घुटनों के बराबर लम्बा कोट था। मथुरा-कला में प्राप्त सूर्य और उनके पार्श्वचर दंड और पिंगल की वेषभूषा में जो ऊपरी कोट है वह वारबाण ही ज्ञात होता है[4]। इसमें सन्देह है कि वारबाण मूल में संस्कृत भाषा का शब्द है। यह किसी पहलवी शब्द का संस्कृत रूप ज्ञात होता है। इसका फारसी रुप 'बरबान', अरमाइक भाषा में' 'बरपानक', सीरिया की भाषा में इन्हीं से

---

१. औंध-कृत अजन्ता, फलक ६८; और भी देखिए, गुफा १७ में चामरग्राहिणी, फलक ७३। फलक ६५ में विश्वन्तर और उसकी पत्नी दोनों सतुला पहने हैं और उनमें भी खड़ी पट्टियों का जोड़ है। और भी देखिए, अहिच्छत्रा के खिलौने, चित्र १०७, अग्नि की मूर्ति में खड़ी पट्टियों वाला घुटन्ना।

२. धौतधवलनेत्रनिर्मितेन निर्मोकलघुतरेण आप्रपदीनेन कंचुकेन तिरोहिततनुलता (३१)। महीन कंचुक के भीतर से उसकी गोरा देह झलक रही थी (छातकंचुकान्तरदृश्यमानै-राश्यानचंदनधवलैरवयवैः, ३२)।

३. अहिच्छत्रा के खिलौने, चित्र ३०५, पृ० १७३, ऐंशेन्ट इंडिया।

४. मथुरा-संग्रहालय, मूर्ति सं० १२५६, सूर्य की सासानी वेषभूषा में मूर्ति जो ठीक उस सूर्य-प्रतिमा-जैसा कोट पहने है जो काबुल से २० मील उत्तर खैरखाना गाँव से मिली थी। मथुरा सं० मूर्ति सं० २६९ सूर्य-प्रतिमा, कुषाण काल की मूर्ति। सं० ५१३, पिंगल की मूर्ति जो कुलह टोपी और घुटने तक नीचा कोट पहने है। मथुरा में और भी आधे दर्जन मूर्तियों में यह वेषभूषा मिलती है।

फलक ५

चित्र २२ (पृ० ४२)—बहुगुणसूत्रगुथितग्रीवागंडक—घोड़े का ग्रीवा में कई लड़ का गंडा। (अहिच्छत्रा से प्राप्त मृण्मय सूर्यमूर्ति सं० १०४ पर अंकित अश्व से।

चित्र २३ (पृ० ४६)—गोप नामक हार अथवा डुंडुभ सर्प की तरह बलेवड़ा लम्बा हार। अहिच्छत्रा से प्राप्त दम्पती मृण्मय मूर्ति सं० २५९ से।

चित्र २४ (पृ०४६)—चतुर्भुजी विष्णु-मूर्ति की दो बाल भुजाएँ। मथुरा से प्राप्त विष्णु-मूर्ति। (मथुरा-संग्रहालय, सं० ५१२)।

चित्र २५ (पृ०४७ —मालती पुष्प की मुण्डमालिका (औंध कृत अजन्ता, फलक ७७)।

चित्र २६ (पृ०४७)—हार का मुकुट जिसमें नीचे पद्मराग की चूड़ामणि है, और ऊपर मोती और मरकत लगा हुआ शिखंडाभरण या कलगी है। गुफा १ में वज्रपाणि चित्र (औंधकृत अजन्ता, फलक ७७)

चित्र २७ (पृ० ५६)—ऊपर चोली और नीचे दामन पहने हुए श्रीकंठजनपद (थानेश्वर) की स्त्री। (अहिच्छत्रा के खिलौने, संख्या ३०७)।

फलक ६

चित्र २८ (पृ० ५६)—यष्टिप्रदीप (डंडीदार दीपक)। मथुरा से प्राप्त वेदिका-स्तम्भ पर उत्कीर्ण शक स्त्री-मूर्ति (लखनऊ संग्रहालय)।

चित्र २९ (पृ० ५७)—घोड़े के निचले होठ की तरह लटकता हुआ अधर (भैरवाचार्य के शिल्प के वर्णन में)। गुप्तकाल की मूर्तियों में यह विशेषता प्रायः मिलती है। (अहिच्छत्रा मृण्मयमूर्ति चित्र २९७)।

चित्र ३१ (पृ० ६१)—गुल्फ तक चढ़े हुए नूपुर। मथुरा के समीप महोली गाँव से प्राप्त कुषाण कालीन स्त्रीमूर्ति से (जर्नल आफ इंडिया सोसाइटी आफ ओरिएंटल आर्ट, कलकत्ता, १९२८ का अंक)।

चित्र ३२ (पृ० ६१)—तरंगित वस्त्र (देवगढ़ गुप्तकालीन मंदिर की मूर्ति से)।

चित्र ३४ (पृ० ६२)—राजच्छत्र में मोरनी का अलंकरण (मथुरा की गुप्तकालीन बुद्ध मूर्ति ए० ५ के पश्चातपत्र प्रभामंडल से)।

चित्र ३५ (पृ० ६५)—सातरत्नों से युक्त चक्रवर्ती। चक्ररत्न, मणिरत्न, स्त्रीरत्न, गजरत्न, मंत्रिरत्न, परिणायकरत्न। (जग्गय्यपेट्ट के स्तूप से)।

फलक ७

चित्र ३० (पृ० ५७)—भैरवाचार्य की झोली।

फलक ८

चित्र ३३ (पृ० ६२)—स्तम्भ शालभंजिकाओं के विविध रूप।

फलक ९

चित्र ३६ (पृ० ६२)—पहले चित्र में आलिंग्यक, दूसरे में अंक्य और तीसरे में ऊर्ध्वक नामक तीन प्रकार के मृदंग (पहला औंध कृत अजन्ता, फलक ७५; दूसरा-तीसरा पद्मावती-पवाया का शिलापट्ट, ग्वालियर संग्रहालय)।

मिलता जुलता 'गुरमानका' और अरबी में 'जुरमानकह्'[1] रूप मिलते हैं जो सब किसी पहलवी मूल शब्द से निकले होने चाहिए। (चित्र ७३)।

बाण के अनुसार वारवाण स्तवरक नामक वस्त्रविशेष के बने हुए थे। बाण ने दो बार स्तवरक का उल्लेख किया है, एक यहाँ स्तवरक के बने वारवाणों का वर्णन है और दूसरे राज्यश्री के विवाहमहोत्सव के प्रसंग में जहाँ मंडपों की छतें स्तवरक वस्त्रों की बनी हुई कही गई हैं (१४३)। शंकर ने इसे एक प्रकार का वस्त्र कहा है। संस्कृत-साहित्य के अन्य किसी प्रमाण से स्तवरक वस्त्र पर प्रकाश नहीं पड़ता। बाण ने ही पहली बार इस शब्द का प्रयोग किया है। पीछे बाण की अनुकृति पर लिखनेवाले धनपाल ने भी इस शब्द को अपने वर्णनों में बिना समझे हुए ढाल लिया। हम ऊपर कह चुके हैं कि संस्कृत स्तवरक का मूलरूप पहलवी 'स्तब्रक्' था जिससे अरबी 'इस्तब्रक[2]' और फारसी 'इस्तब्रक्' की उत्पत्ति हुई। यह वस्त्र सासान-युग के ईरान में तयार होकर पूर्व में भारत और पश्चिम में अरब तक ले जाया जाता था। हर्ष के राजमहल में बाण ने उसका परिचय प्राप्त किया। सूर्य की उदीच्य वेशधारी मूर्त्तियों के कोट का कपड़ा कामदानी और सजा हुआ दिखाया जाता है जो स्तवरक का नमूना ज्ञात होता है। प्रायः इन मूर्तियों का पहनावा सासानी राजकीय वेशभूषा से मिलता है। इन कोटों में प्रायः मोतियों का टँकाव देखा जाता है। बाण ने भी लिखा है कि स्तवरक पर मोतियों के झुग्गे टँके हुए थे (तारमुक्तास्तबकित, ७०६)। अहिच्छत्रा की खुदाई में दो मिट्टी के खिलौने ऐसे मिले हैं जिनके वस्त्रों पर मोतियों के झुग्गे टँके हुए हैं। इनमें एक सासानी ढंग की सूर्यमूर्ति है और दूसरी नीचा लंहगा पहने हुए नर्तकी की। इनमें मोतियों के प्रत्येक झुग्गे के नीचे एक सितारा भी टँका हुआ है जिसकी पहचान बाण के 'तारमुक्ता' से की जा सकती है[3]। (चित्र ४८)।

३. चीनचोलक—बाण ने राजाओं के तीसरे वेष को चीनचोलक कहा है। निश्चय ही यह पहनावा जैसा कि नाम से प्रकट है, चीन देश से लिया गया था। यह भी ज्ञात होता है कि चीनचोलक कंचुक या अन्य सब प्रकार के नीचे के वस्त्रों के ऊपर पहना जाता था। सम्राट् कनिष्क की मूर्ति में[4] नीचे लंबा कंचुक और ऊपर एक सामने से धुराधुर खुला हुआ चोगा जैसा कोट दिखाया गया है, वह चीनचोलक हो सकता है। मथुरा से मिली हुई सूर्य की कई मूर्तियों में भी इस प्रकार के खुले गले का ऊपरी पहनावा पाया गया है। यह वेष मध्यएशिया से आनेवाले शक लोग अपने साथ लाए होंगे और उनके

---

१. फारसी *barvan* ; Aramaic *varapanak*; Syriac *gurmanaka*; Arabic *zu manaqah*, a sleevelss woollen coat (Transactions of the Fhilogical Socicty of London, 1945, p 154, footnote, Henning).

२. कुरान में स्वर्ग की हूरों की वेशभूषा के वर्णन में इस्तब्रक का उल्लेख हुआ है। कुरान के सभी टीकाकार सहमत हैं कि यह शब्द मूल अरबी भाषा का न होकर बाहर से लिया गया है (ए० जेफरी, दी फारेन वाकेबुलरी आव दी कुरान, गायकवाड़ प्राच्य-पुस्तक-माला, संख्या ७९, पृ० ५८, ५९)।

३. देखिए मेरा लेख—अहिच्छत्रा टेराकोटाज, चित्र १०२ और २८६।

४. मथुरा म्यूजियम हैंडबुक; चित्र ४।

द्वारा प्रचारित होकर भारतीय वेष-भूषा में गुप्तकाल में और हर्ष के समय तक भी इसका रिवाज चालू रहा। सत्य तो यह है कि यह वेष बहुत ही सम्भ्रान्त और आदर-सूचक समझा गया। अतएव उत्तर-पश्चिम भारत में सर्वत्र नौशे के लिये इस वेष का रिवाज लोक में अभी तक जारी रहा जिसे 'चोला' कहते हैं। चोला ढीला-ढाला गुल्फों तक लंबा, खुले गले का पहनावा है जो सबसे ऊपर धारण किया जाता है। विवाह-शादी में अभी तक इसका चलन है। मथुरा से प्राप्त चष्टन की मूर्ति में भी सबसे ऊपरी लंबा वेष चीनचोलक ही ज्ञात होता है जिसका गला सामने से तिकोना खुला हुआ है। कनिष्क और चष्टन के चीनचोलक दो प्रकार के हैं। कनिष्क का धुराधुर बीच में खुलनेवाला है और चष्टन का दुपरती जिसमें ऊपर का परत बाँई तरफ से खुलता है और बीच में गले के पास तिकोना भाग खुला दिखाई देता है। कनिष्क-शैली का चीन-चोलक मथुरा-संग्रहालय की डी० ४६ संज्ञक मूर्ति में और भी स्पष्ट है, केवल वस्त्र के कटाव में कुछ भेद है। मध्यएशिया से लगभग सातवीं शती का एक ऐसा ही चोलक प्राप्त हुआ है[1]। इस स्थल में मूल पाठ अपचित चीनचोलक था जिसे सरल बनाने के लिये 'उपचित·····' कर दिया गया। शंकर की टीका में और प्राचीन काश्मीरी प्रतियों में 'अपचित' पाठ ही है जिसका अर्थ कोशों के अनुसार 'पूजित, सम्भ्रान्त या प्रतिष्ठित' है। बाण का तात्पर्य यही है कि कुछ राजा लोग सम्मानित चीनचोलक की वेषभूषा पहने हुए थे। (चित्र ७४)

४. कूर्पासक--राजाओं का एक वर्ग नाना रंगों से रँगे जाने के कारण चितकबरे कूर्पासक पहने हुए था (नानाकषायकबुरैः कूर्पासकैः, २०६)। कूर्पासक का पहनावा गुप्त-काल में खूब प्रचलित रहा होगा। अमरकोश ने कूर्पासक का अर्थ चोल किया है। कूर्पासक स्त्री और पुरुष दोनों का ही पहनावा थोड़े भेद से था। स्त्रियों के लिये यह चोली के ढंग का था और पुरुषों के लिए फतुई या मिर्जई के ढंग का। इसकी दो विशेषताएँ थीं, एक तो यह कटि से ऊँचा रहता था[2], और दूसरे प्रायः आस्तीन-रहित होता था। वस्तुतः कूर्पासक नाम इसीलिये पड़ा, क्योंकि इसमें आस्तीन कोहनियों से ऊपर ही रहती थी। मूल में कूर्पासक भी चीनचोलक की ही तरह मध्यएशिया की वेषभूषा में प्रचलित था और वहीं से इस देश में आया। कूर्पासक के जोड़ की आधुनिक पोशाक वास्कट है, लेकिन एशिया के शिष्टाचार के अनुसार वास्कट सबसे ऊपर पहनने का वस्त्र माना जाता है जबकि पश्चिमी

---

१. वाइवी सिलवान, इन्वेस्टिगेशन आफ सिल्क फ्राम एड्सन गोल एंड लॉप-नार (स्टाकहोम, १९४९) प्लेट ८ए, लाप मरुभूमि से प्राप्त पुरुष का चोलक जिसका गला तिकोना खुला है। इसी पुस्तक में पृ० ६३ पर चित्र-सं० ३२ में एक मृण्मय मूर्ति में चीनलोचक का अति सुन्दर उदाहरण उत्तरी वाई वंश (३८६-५३५) के समय का है जिसका ढंग चष्टन-मूर्ति के चोलक से मिलता है।

२. 'चोली दामन का साथ है' इस मुहावरे का तात्पर्य यही है कि दामन या लँहगा कटिभाग में जहाँ से शुरू होता है, ऊपर की चोली वहाँ समाप्त होती है। चोली और दामन दोनों मिलाकर पूरा वेश बनता है, अतः दोनों का साथ अनिवार्य है।

सभ्यता में वास्कट भीतर पहनने का वस्त्र है[1]। समस्त मंगोलिया प्रदेश चीनी, तुर्किस्तान और पख्तून प्रदेश में भी फतुई पहनने का रिवाज सार्वदेशिक था और वह पूर्ण और सम्मानित पहनावा माना जाता है। फतुई या फितूरी, बन्द, कब्जा, चोली एक ही मूल पहनावे के नाम और भेद हैं। वही पहनावा गुप्तकाल में कूर्पासक नाम से प्रसिद्ध था।

बाण के अनुसार कूर्पासक कई रँगों से रंगे रहते थे (नानाकषायकर्बुरैः २०६)। उसकी युक्ति यह जान पड़ती है कि सर्वप्रथम वस्त्र पर किसी हलके रंग का डोब दिया जाता था, फिर क्रमशः हरड़ बहेड़ा आंवला और आम की पत्ती आदि कसैले पदार्थों से अलग-अलग रंग तयार करके उसमें वस्त्र को डोब देते थे। प्रत्येक बार बाँधनू की बँधाई बाँधने से वस्त्र के अलग-अलग हिस्सों में अलग रंग आ जाता था। आज भी इस पद्धति से वस्त्र रँगे जाते हैं, और कषायों को बदल बदलकर रँगने से वस्त्र में चितकबरापन (कर्बुरता) उत्पन्न की जाती है। जैसा कहा जा चुका है, कूर्पासक स्त्री और पुरुष दोनों का पहनावा था। अजन्ता के लगभग आधे दर्जन चित्रों में स्त्रियाँ बिना आस्तीन की या आधी बाँह की चोलियाँ पहने हैं जिनमें कई रंगों का मेल दिखाया गया है। एक ही चोली में पीठ का रंग और है और सामने का कुछ और। महाराज औंध-कृत अजन्ता पुस्तक के फलक ७२ में यशोधरा बिना आस्तीन का कूर्पासक पहने हैं जिसपर बाँधनू की बुंदकियाँ पड़ी हैं। फलक ७७ में रानी और कई अन्य स्त्रियाँ कूर्पासक पहने हैं। एक चित्र में पीठ की ओर कत्थई और सामने लाल रंग से कूर्पासक रँगा गया है और उसपर भी बड़ी बुंदकियाँ डाली गई हैं। फलक ७५ (गुफा १) के चित्र में नर्तकी दो रंग का पूरी बाँह का कूर्पासक पहने है। फलक ५७ पर (गुफा १७) दम्पती के मधुपान दृश्य में झारी लिए हुए यवनी स्त्री आधी बाँह का कर्बुर कूर्पासक पहने है। (चित्र ७५)।

५. आच्छादनक—'कुछ राजाओं के शरीर पर सूआपंखी रंग की झलक देनेवाले आच्छादनक नामक वस्त्र थे।' आच्छादनक की पहचान अपेक्षाकृत सरल है। मथुरा-संग्रहालय की कुछ मूर्तियों में जो सूर्य और उनके पार्श्वचरों की हैं, सासानी वेषभूषा का आवश्यक अंग एक प्रकार की छोटी हल्की चादर है जो दोनों कंधों पर पड़ी हुई और सामने छाती पर गठियाई हुई दिखाई गई है। यही आच्छादनक है जिसे अंग्रेजी में एप्रन कहा जाता है। मूर्ति-संख्या डी० १ और ५१३ में आच्छादनक का अंकन बिल्कुल स्पष्ट और निश्चित ज्ञात होता है। अजन्ता के चित्रों में भी आच्छादनक दिखाया गया है। गुफा-संख्या एक में नागराज और द्रविड़राज के चित्र में बीच में खड़े हुए खड्गधारी सासानी सैनिक के कंधों और पीठ पर लाजवर्दी रंग का धारीदार आच्छादनक पड़ा हुआ है। (चित्र ७६)।

---

१ 'इन यूरोपियन ड्रेस दि वेस्टकोट इज यूस्ड ऐज ए सार्ट आफ अण्डर गार्मेण्ट कवर्ड बाई ए जैकेट। इन एशिया, हाउएवर दिस शार्ट स्लीवलेस गार्मेण्ट इज वोर्न ओवर ए लांग फुल स्लीव्ड कैफ्टन ऐज ऐन ओवर-गार्मेण्ट''''' ट्वेन्टी-टू वेस्टकोट्स आफ दि आर्डीनरी काइन्ड हैव बीन ब्राट होम फ्राम मंगोलिया। दे फाल इंन टू थ्री ग्रूप्स—१. वेस्टकोट्स विथ क्लोसिंग टु दि राइट ड्यू टु ओवरलैपिंग, २. वेस्टकोट्स विथ सेण्ट्रल ओपेनिंग एंड ३. वेस्टकोट्स विथ स्लज फ्रन्ट-पार्ट। हेनी हेराल्ड हेम्सन, मंगोल कास्ट्यूम्स (कोपेन्हेगेन: १९५०), पृ० ७०।

ऐसा जान पड़ता है कि लाजवर्दी कंचुक, स्तवरक के वारवाण, चीनचोलक और कूर्पासक इन चार विभिन्न शब्दों के द्वारा बाण ने चार भिन्न-भिन्न देशों के पहनावों का वर्णन किया है। गोरे शरीर पर लाजवर्दी रंग का कंचुक पहननेवाले ईरानी (ईरान के दक्षिण-पश्चिमी भाग के) लोग थे। स्तवरक का वारवाण पहननेवाले सासानी या पहलव उत्तरपूर्वी ईरान और बाह्लीक-कपिशा (अफगानिस्तान) के लोग थे। चीनचोलक का पहनावा स्पष्ट ही चीनियों का था जिसका परिचय भारतवासियों को मध्यएशिया के स्थलमार्ग के यातायात पर चीनी तुर्किस्तान और चीन की पश्चिमी सीमा के संधिप्रदेश में हुआ होगा। कूर्पासक पहनावा मध्यएशिया या चीनी तुर्किस्तान में बसे हुए उइगर तुर्कों और हूणों से इस देश में आया होगा। जैसा आगे ज्ञात होगा, शिरोभूषा के वर्णन में भी बाण ने देशभेद से विभिन्न पहनावों का उल्लेख किया है।

इसी प्रसंग में बाण ने राजाओं के शस्त्र, आभूषण और शिरोभूषा के संबंध में भी कुछ महत्त्वपूर्ण सूचनाएँ दी हैं। उनके शरीर कसरती थे। नियमित व्यायाम के कारण चरबी छंट जाने से पतले बने हुए कटि प्रदेश में सुन्दर पटके बँधे हुए थे (व्यायामोल्लुसपार्श्व-प्रदेशप्रविष्टचारुशस्तैः, २०७)। शस्त्र का अर्थ शंकर ने पट्टिकाडोर अर्थात् पटका किया है। कमर में पटका बाँधने की प्रथा मध्यकाल से बहुत पूर्व गुप्तकाल में ही चल चुकी थी। किसी-न-किसी रूप में पटका बाँधना उदीच्यवेष का जो शकों के साथ यहाँ आया, आवश्यक अंग था। राजा लोग कानों में कई प्रकार के आभूषण पहने हुए थे जैसे लोल या हिलते हुए कुंडल, पत्रांकुर कर्णपूर और कर्णोत्पल। चलते समय राजाओं के हार इधर-उधर हिलते हुए कभी कान में लटकते हुए कुंडलों में उलझ जाते थे; तब साथ के परिजन शीघ्रता से उन्हें सुलझा देते थे। कुछ राजा कानों में फूल-पत्तियों के कटावों से युक्त पत्रांकुर कर्णपूर पहने हुए थे और उनके सिर पर सामने की ओर अलकों को यथास्थान रखने के लिये बालपाश नामक आभूषण सुशोभित था। बालपाश सोने की लम्बी पत्ती थी जिसमें सामने की ओर मोतियों के झुग्गे और मुक्ताजाल (मोतियों के जाले या संतानक) लटकते थे। (चित्र ७७)। अजन्ता के चित्रों में इस प्रकार के बालपाश प्राय. पाए जाते हैं। नागराज और द्रविड़राज (गुफा १)[1] दोनों के सिर पर बालपाश बँधे हुए हैं जिनमें मोतियों के जाले और झुग्गे स्पष्ट दिखाई पड़ते हैं। इसी चित्र में अन्य पात्रों के सिर पर भी बालों को बाँधने के लिये सुनहली पट्टी दिखाई गई है, किन्तु उसमें मोतियों के जाले और झुग्गे नहीं हैं केवल बीच में सीमन्त से लटकता हुआ एक झुग्गा दिखाया गया है। अमरकोश में बाल-पाश या बालपाश्या (बालों को यथास्थान रखनेवाला आभूषण) का पर्याय पारितथ्या भी है। माथे के चारों ओर घूमी हुई होने के कारण बालपाश का नाम पारितथ्या पड़ा। यह गुप्तकालीन नया शब्द था, जिस प्रकार चतुःशाल के लिये नया शब्द संजवन प्रचलित हुआ था। सोने की पतली पत्ती से बालों को बाँधने का रिवाज सिंधु-सभ्यता में भी था। मोहनजोदड़ो की खुदाई में इस प्रकार के कई आभूषण मिले हैं जो दस-बारह इंच लंबे हैं और जिनके दोनों किनारों पर बाँधने के लिये छेद हैं। दक्षिण-पूर्वी पंजाब में अभी तक इसका प्रचार है, यह आभूषण वहाँ की भाषा में 'पात' कहलाता है। बाण ने लिखा है

१. औंध-कृत अजन्ता, फलक ३३

कि कानों के कर्णपूर और सिर के बालपाश चलने से आपस में टकराते थे। वस्तुतः बाल-पाश आभूषण तो बालों पर बँधा रहता था, किन्तु उसके साथ लटकते हुए मोतियों के झुग्गे कर्णपूरों में लगकर बजते थे (चामीकरपत्रांकुरकर्णपूरकविघट्टमानबालबालपाशैः, २०७)। पत्रांकुर कर्णपूर वह आभूषण था जिसमें छोटे मुलायम किसलय के समान पत्रावली का अलंकरण बना रहता था। (चित्र ७८)।

कुछ राजा कानों में कर्णोत्पल पहने थे। उनकी कमलनालें सिर पर बँधे उष्णीष-पट्ट के नीचे खोंसी होने के कारण अपनी जगह स्थिर थीं। उष्णीषपट्ट बाण की समकालीन वेषभूषा का पारिभाषिक शब्द था। यह कपड़े का नहीं, बल्कि सोने का बना हुआ होता था जो उष्णीष या शिरोभूषा के ऊपर बाँधा जाता था। केवल राजा, युवराज, राजमहिषी और सेनापति को सिर पर पट्ट बाँधने का अधिकार था। पाँचवें प्रकार का पट्ट प्रसाद-पट्ट कहलाता था जो सम्राट् की कृपा से किसी को भी प्राप्त हो सकता था। बाण ने अन्यत्र यशोवती के लिये महादेवी-पट्ट का उल्लेख किया है। जैसा कि ऊपर लिखा जा चुका है, बृहत्संहिता (४८-२-४) में इन पाँचों प्रकार के पट्टों की लंबाई, चौड़ाई और शिखा या कलगियों का विवरण दिया हुआ है।

कुछ राजाओं के सिर केसरिया रंग के कोमल उत्तरीयों से ढके थे, और कुछ दूसरे नृपति क्षौम के बने खोल पहने थे जिनमें चूड़ामणि का खंड खचित या टँका हुआ था। खोल का पर्याय शिरस्त्र दिया गया है (शंकर)। वस्तुतः संस्कृत खोल ईरानी कुलह का रूपान्तर है। केसरिया रंग का उत्तरीय या बड़ा रूमाल सिर पर लपेटे हुए राजाओं के वर्णन में भी बाण दो विभिन्न देशों की वेषभूषा का वर्णन कर रहे हैं जैसा कि विभिन्न प्रकार के कोटों के वर्णन में कहा जा चुका है। ये दो वेष चीन और ईरान के पहनावे को सूचित करते हैं। सौभाग्य से अजन्ता[1] के नागराज और द्रविड़राज-संवाद नामक चित्र में दोनों प्रकार की वेषभूषा पहने हुए दो परिजन अंकित किए गए हैं। एक ईरानी है जो सिर पर खोल अर्थात् कुलहटोपी या बुदबुदाकार शिरस्त्र पहने है। (चित्र७६) इसकी मुखाकृति,वेषभूषा और तलवार की मूठ, अबिया और गट्टे ईरानी हैं। दूसरा पुरुष जो दाहिनी ओर पीछे खड़ा हुआ है, चीन देश का है और उसके सिर पर जैसा कि बाण ने लिखा है, कुंकुम या केसर से रंगा हुआ रुमाल बँधा है। (चित्र ८०)।

इसी प्रसंग में तीसरी प्रकार की शिरोभूषा को मोरपंख से बने हुए छत्र की आकृति का शेखर कहा गया है जिसके फूलों पर भौंरे मँडरा रहे थे[2]। मायूरातपत्र या मोरपंखी छत्र के ढंग की शिरोभूषा की निश्चित पहचान तो ज्ञात नहीं, किंतु हमें यह भी पूर्वकथित दो वेषों की तरह विदेशी ही जान पड़ती है। इसका ठीक रूप अहिच्छत्रा से प्राप्त मिट्टी के खिलौनों की कुछ विदेशी आकृतियों में देखा जा सकता है। उदाहरण के लिये, 'अहिच्छत्रा के खिलौने' विषयक लेख के चित्र-संख्या २२३, २२७, २४२, २४३ के मस्तकों की शिरो-

१. राजा साहब औंध-कृत अजन्ता, फलक ३३, गुफा १।

२. मायूरातपत्रायमाणशेखरषट्पदपटलैः २०७। 'मायूरातपत्रायमाण' काश्मीरी प्रति का पाठ है, वही शुद्ध है; न कि मायूरपत्रायमाण। बाण ने स्वयं मायूरातपत्रों का वर्णन हर्ष के स्कन्धावार में (पृ० ६०) किया है।

भूषा देखने से बिल्कुल मायूरातपत्र या मोरपंखों के बने हुए छाते का भान होता है। चित्र-संख्या २२३ में तो मोरपंख के जैसे गोलचंद्रक भी अलग-अलग खड़े हुए पंखों के निचले भाग में बने हैं।

इसके बाद हाथी और घोड़ों पर सवार राजाओं का एवं रंग-बिरंगी ढालें लिए हुए धरती छोड़कर आसमान की ओर उछलनेवाले पैदल सैनिकों का वर्णन किया गया है। रंग बिरंगी झूलों (शारिकशारि) से ढके हुए जवान पट्ठे हाथियों (वेगदंड) पर सवार राजा लंबी दूरी तय करके आए थे[1]। हाथियों की इस टुकड़ी के पीछे चारभट सिपाहियों की पैदल सेना थी। वे लोग चटुल (चंचल) एवं डामर अर्थात् जान हथेली पर लेकर लड़नेवाले और मरने-मारने पर उतारू थे। चारभट पैदल सेना की टुकड़ी का उल्लेख प्रायः दानपत्रों में आता है, जिनमें राजा की ओर से यह ताकीद की जाती थी कि दान में दिए हुए अग्रहार गाँव में ऐसे सिपाही प्रवेश न करें। आगे चलकर ये केवल डामर ही कहलाने लगे। डामरों के उत्पातों का उल्लेख कल्हण की राजतरंगिणी में प्रायः मिलता है। काशी की तरफ बरात के जुलूस में तलवार लिए हुए कुछ लड़वैये अभी तक चलते हैं जिन्हें इस समय बांका कहते हैं। हमारी सम्मति में ये लोग प्राचीन डामरों की ही नकल हैं। बरात का जुलूस फौजी जुलूस के ढंग पर बनता है जिसमें गाजा-बाजा, कोतलघोड़े, झंडियाँ, निशान, हाथी, घोड़े, ऊँट, धौंसे आदि रहते हैं। अतएव बाँकों को डामर चारभटों के प्रतिनिधि मानना संभव है।

बाण ने लिखा है कि डामर सिपाही हाथों में गोल ढाल (चर्ममंडल) लिए हुए थे। ये ढालें चितकबरे कार्दरंग चमड़े की बनी हुई थीं[2]। भास्कर वर्मा के भेजे हुए भेंट के सामान की सूची में भी सुन्दर गोल आकार की कार्दरंग ढालों का उल्लेख हुआ है जो सुनहले पत्तों के कटाव से सजी हुई थीं[3]। कार्दरंग पर टिप्पणी करते हुए टीकाकार शंकर ने लिखा है कि कार्दरंग एक देश का नाम था (२१७)। श्री सिलवां लेवी और प्रबोधचन्द्र बागची ने दिखाया है कि कार्दरंग भारतीय द्वीपसमूह (हिंदेशिया) के अन्तर्गत एक प्रसिद्ध द्वीप था जो कार्दरंग या चर्मरंग भी कहलाता था[4]। मंजुश्रीमूलकल्प में हिन्देशिया के द्वीपों के नामों की गिनती में सबसे पहले कर्मरंग का उल्लेख है[5]। वराहमिहिर ने बृहत्संहिता (१४।६) में आग्नेय दिशा के द्वीपों का वर्णन करते हुए चर्मद्वीप का नाम भी लिखा है। कर्मरंग का ही एक नाम नागरंग द्वीप भी था।

१. मार्गागतशारिकशारिवाहवेगदंडैः। वेगदंड = तरुणहस्ती (शंकर, २०७)।

२. चंचच्चामरकिर्मीरकार्दरक्तचर्ममण्डलमण्डनोद्डीयमानचटुलडामरचारभटभरितभुवनान्तरैः, २०७।

३. रुचिरकांचनपत्रभंगभंगुराणामतिबन्धुरपरिवेशानां कार्दरंगचर्मणां संभारान् (२०७)।

४. प्रि आर्यन ऐंड प्रि-द्रविडियन इन इंडिया (भारत में आर्य और द्रविड़ों से पूर्वकाल की परंपराएँ), पृ० १०६।

५. कर्मरंगाख्यद्वीपेषु नाडिकेरसमुद्भवे।
द्वीपे वारुषके चैव नग्नबलिसमुद्भवे।
यवद्वीपे वा सत्त्वेषु तदन्यद्वीपसमुद्भावा।
अर्थात् कर्मरंग, नाडिकेर, वारुषक (सुमात्रा के पास बरोस द्वीप), नग्न द्वीप (नीकोबार), बलिद्वीप और यवद्वीप। (मंजुश्रीमूलकल्प, भा० २, पृ० ३२२)।

कार्दरंग द्वीप की ढालें गोल होती थीं। बाण ने उसके लिये बन्धुरपरिवेश (सुन्दर घेरेवाली) शब्द का विशेष प्रयोग किया है (२१७)। इतना और कहा गया है कि इन ढालों के चारों ओर चमचमाती हुई छोटी-छोटी चौरियाँ (चंचच्चामर) लगी हुई थीं। यही उनकी सुन्दरता का कारण था। काले चमड़े पर रंगबिरंगी चौरियों के कारण ढालें चितकबरी (किर्मीर) लग रही थीं। ढालों की सजावट के लिये उनके गोल घेरे के किनारे पर फुंदनों की तरह छोटी-छोटी चौरियाँ लगाई जाती थीं। बाण की लगभग समकालीन महिषासुरमर्दिनी की एक अहिच्छत्रा से प्राप्त मूर्ति में इस प्रकार की चौरियाँ स्पष्ट दिखाई गई हैं जिससे बाण का अर्थ समझने में सहायता मिलती है[1]। (चित्र ८२)।

कुछ राजा लोग सरपट चलते हुए कंबोज देश के तेज घोड़ों पर सवार थे। वे सैकड़ों की संख्या में सफ बाँधकर चल रहे थे। उनके सुनहले साज (आयान=अश्वभूषण) झमाझम बजते हुए अपने शब्द से दशों दिशाओं को भर रहे थे [2]।

सैकड़ों की संख्या में तड़ातड़ बजते हुए नगाड़ों का घोर शब्द कानों को फोड़े डालता था (निर्दयप्रहतलंबापटहशतपटुरवबधिरीकृतश्रवणविवरैः, २०७)। लम्बापटह को शंकर ने तमिला अर्थात् तबला कहा है। ये गले में लटकाकर चलते हुए बजाए जाते थे, इस कारण बाण ने इन्हें लम्बापटह और तन्त्रीपटहिका (१३१) कहा है। दरा (कोटा) के गुप्तकालीन मन्दिर के मुखपट्ट पर इस प्रकार के लंबापटह या तासे का चित्रण हुआ है।[3] (चित्र ३७)।

ऐसे अनेक राजाओं से जिनके नाम पुकार-पुकारकर बताए जा रहे थे, राजद्वार भरा हुआ था।

अगले दिन सूर्योदय हो चुकने पर बार-बार शंखध्वनि होने लगी जो इस बात की सूचक थी कि अब सम्राट् सेना का मुआयना करके कमान ग्रहण करेंगे। सेना के व्यूहबद्ध प्रदर्शन या परेड के लिये समायोग [4] शब्द का प्रयोग किया गया है। ज्ञात होता है कि सैनिक अभियान का पहला श्रीगणेश समायोग-ग्रहण से प्रारम्भ होता था। संज्ञा-शंख की ध्वनि होने के कुछ ही देर बाद सम्राट् सुंदर सजी हुई खासा हथिनी पर जो पहली ही बार सैनिक प्रयाण पर निकली थी, राजभवन से बाहर आए। उनके सिर पर मंगलातपत्र लगा था जिसका डंडा बिल्लौर का था तथा जिसके ऊपर माणिक्यखंड जड़े हुए ऐसे लगते थे, मानों सूर्य के उदय को देखकर वह कोप से तमतमा उठा हो। सम्राट् नवीन नेत्र या रेशम का बना हुआ केले के गाभे की तरह मुलायम और अंगों से सटा हुआ कंचुक पहने थे। इससे ज्ञात होता है कि हर्ष इस समय फौजी पोशाक या उदीच्यवेष में थे। कंचुक के अतिरिक्त उनका दूसरा परिधान क्षीरोदक नामक श्वेत वस्त्र का बना था। क्षीरोदक वस्त्र का उल्लेख वर्णरत्नाकर (चौदहवीं शती का प्रारंभ, पृ० २१) और जायसी के पद्मावत में आया

१. अहिच्छत्रा के खिलौने, ऐंशेंट इंडिया, अंक ४, पृ० १३४, चित्र १२३। और भी देवगढ़ के मंदिर की मूर्तियों में इस प्रकार चौरियों से सजी हुई ढाल का सुंदर अंकन मिलता है (देवगढ़ एलबम चित्र १०३)।

२. आस्कन्दत्काम्बोजवाजिशतशिंजानजातरूपायानरवमुखरितदिङ्मुखैः पृ० २०७।

३. जर्नल यू० पी० हिस्टोरिकल सोसायटी, १९५०, दरा मालवे का गुप्तकालीन मंदिर, पृ० १९६।

४. समायोग=सेना का व्यूहबद्ध प्रदर्शन (समायोगस्तु संयोगे सभवाये प्रयोजने, मेदिनी)।

है [१]। कम आयु में ही वे इन्द्र पदवी पर आसीन हो गए थे। उनके दोनों ओर चँवर डुलाए जा रहे थे और मस्तक पर चूड़ामणि सुशोभित थी। होठों पर ताम्बूल की लाली थी, गले में बड़ा लंबा हार (महाहार) सुशोभित था। तिरछी भौंह से मानो तीनों लोकों के राजाओं को करदान का आदेश दे रहे थे। अपने भुजदंडों से मानों उन्होंने सप्तसमुद्रों की रक्षा के लिये ऊँचा परकोटा खींच दिया था। सारी सेना की आँखें उनपर लगी थीं सब राजा उनके चारों ओर समुत्सारण (भीड़ को हटाकर सम्राट् के चारों ओर अवकाश-मंडल बनाने का काम) कर रहे थे। सम्राट् के आगे-आगे आलोक शब्द का उच्चारण करनेवाले दंडधर जनसमूह को हटाते हुए चल रहे थे। दंडधर लोग व्यवस्था स्थापन में बड़ी कड़ाई का व्यवहार करते थे [२]। वे अपने अधिकार के रोबीलेपन से शीघ्रतापूर्वक इधर-उधर आ-जा रहे थे। उनके भय से लोग चारों ओर छिटक रहे थे। उनका अनुशासन इतना कड़ा था, मानों वायु को भी विनय की शिक्षा दे रहे थे, सूर्य की किरणों को भी वहाँ से हटा रहे थे, और सोने की वेत्र-लताओं के प्रकाश से मानों दिन का आना भी उन्होंने रोक दिया था।

इस प्रकरण में बाण ने कई पारिभाषिक शब्दों का प्रयोग किया है जिनका सांस्कृतिक महत्त्व है, जैसे सकलभुवनवशीकरण चूर्ण, जिसके विषय में उस समय जनता में विश्वास जम गया था, जैसा कि अष्टांगसंग्रह के 'निःशेषलोकवशीकरणसिद्धयोग' के उल्लेख से ज्ञात होता है। सिन्दूरच्छुरितमुद्रा अर्थात् सिंदूर में भरकर लगाई जानेवाली मुद्रा या राजमोहर वह थी जिसका प्रयोग शुरू में कपड़े पर लिखे हुए दानपट्टों पर किया जाता था। महाहार वह बड़ा हार था जो प्रायः मूर्तियों में दोनों कन्धों के छोर तक फैला हुआ मिलता है (चित्र ८३)। आलोक वह शब्द था जिसे उच्चारण करते हुए प्रतिहार लोग राजा के आगे चलते थे[३]।

सर्वप्रथम राजा लोग आ-आकर हर्ष के सामने प्रणाम करने लगे। कुछ सोने के मुकुट जिनके बीच में मणि जड़ी थी, कुछ फूलों के शेखर, और कुछ चूड़ामणि पहने थे। प्रणाम करते हुए राजाओं को भिन्न-भिन्न प्रकार से सम्राट् सम्मानित कर रहे थे। 'किसी को केवल तिहाई खुले हुए नेत्रों की दृष्टि से, किसी को कटाक्ष या अपांगदृष्टि से, किसी को समग्र दृष्टि या भरपूर आँखों से देखकर, किसी को और भी अधिक ध्यान से देखते हुए जिसमें भौएँ कुछ ऊपर खिंच जाती थीं, किसी को हल्की मुस्कराहट (अर्धस्मित) से, किसी को और अधिक मुख की प्रसन्नता (परिहास) से, किसी को चतुराई भरे दो-एक शब्दों से (छेकालाप), किसी को कुशल-प्रश्न पूछकर, किसी को प्रणाम के उत्तर में स्वयं प्रणाम करके, किसी को अत्यन्त बढ़े हुए भ्रूविलास और वीक्षणरुचि से, और किसी को आज्ञा देकर।' इन-इन रूपों में राजाओं के मान-पद और योग्यता के अनुसार उनके मानधनी प्राणों को

१. चंदनौटा खीरोदक फारी। बाँस पोर झिलमिलकै सारी।
जायसी शुक्लजी संस्करण में (पृ० १५८, २२। ४४। ७।) में खरदुक पाठ है जो अशुद्ध है। श्रीलक्ष्मीधर-कृत संस्करण (पृ० ९२) में खिरोदक पाठ टिप्पणी में दिया है जो शुद्ध और मूल पाठ था। श्रीमाताप्रसाद गुप्त द्वारा संपादित संस्करण में खीरोदक शुद्ध पाठ दिया गया है।

२. व्यवस्थास्थापननिष्ठुरैः। २०८।

३. लोक इति ये वदन्ति ते आलोककारकाः, शंकर।

मानों वह मोल ले रहा था। राजाओं ने जो कुछ उसे दिया था, भिन्न-भिन्न रूपों में वह मानों उनका मूल्य चुका रहा था। बाण पहले कह चुके हैं कि सम्राट् के साथ संबंधित राजाओं की कार्यानुसार अनेक कोटियाँ थीं; जैसे करदान, चामरग्रहण, शिर से नमस्कार, आज्ञाकरण, पादधूलि लेना, अंजलिबद्ध प्रणाम, वेत्रयष्टि-ग्रहण, चरणनखों में प्रणाम इत्यादि (१६४)। भिन्न-भिन्न कोटियों के अनुसार हर्ष भी राजाओं के साथ यथोचित सलूक कर रहे थे।

जिस समय राजाओं का प्रस्थान शुरू हुआ, बाजों की प्रतिध्वनि दिशाओं में व्याप्त हो गई। मैमन्त हाथियों की मदधाराएँ बहने लगीं, सिन्दूर-धूलि उड़ने लगी, दुन्दुभियों की ध्वनि व्याप्त हो गई, चँवर-समूह चारों ओर डुलाए जाने लगे, घोड़ों के मुख का फेन चारों ओर उड़ने लगा, सुनहले दंडवाले छत्रों से सफेद तगर के फूलों की भाँति दिशाएँ भर गईं, मुकुटमणियों से दिन और खिल उठा, घोड़ों के सुनहले और रुपहले साजों की खनखनाहट से कान फूटने लगे[1]। चारों ओर दृष्टि फेंककर सम्राट् ने जब अपनी सेना को देखा तो राजद्वार के समीप से प्रस्थान करते हुए स्कन्धावार को देखकर वह स्वयं भी आश्चर्य में डूब गया[2]।

चलते हुए कटक में अनेक संलाप सुनाई पड़ रहे थे—'चलो जी।' 'भाई, देर क्यों लगा रहे हो।' 'अरे, घोड़ा लंग कर रहा है[3]।' 'भले आदमी, पाँव टूटे की तरह रेंग रहे हो, और ये आगेवाले लोग हमारे ऊपर गिरे पड़ते हैं।' 'रामिल, देखो, कहीं धूल में गायब न हो जाओ।' 'वाह, फटे हुए थैले में से सत्तू कैसे गिर रहे हैं[4]।' अरे भाई, ऐसी हड़बड़ी क्या कर रहे हो?' 'अबे, बैल लीक छोड़कर कहाँ घोड़ों के बीच भागा जाता है।' 'अरी धींवरी, कहां घुसी पड़ती है।' 'ओ हथिनी की बच्ची, हाथियों में जाना चाहती है।' 'वाह! चने की बोरी कैसी टेढ़ी होकर झर रही है[5]।' 'मैं चिल्ला रहा हूँ, फिर भी तू नहीं सुनता।' 'अरे' गड्ढे में गिरोगे क्या?' 'ओ बकवादीन्, चुपचाप बैठ।' 'ए काँजीवाले, तेरा घड़ा तो फूट गया[6]।' 'अरे मट्ठर पड़ाव पर पहुँचकर ही गन्ना चूस लेना।' 'बिगड़े, बैल को सँभालो।' 'लौंडे (चेट), कबतक बेर बीनता रहेगा, चल, दूर जाना है।' 'द्रोणक आज ही तित्तिर-बित्तिर करने लगा, अभी तो सेना की यात्रा लंबी पड़ी है।' 'अकेले इस

१. राजतहिरण्मयैश्च मंडनकभांडमंडलैः, हृादमानैः, २०९।
मंडनकभांड = घोड़ों को मांडने अर्थात् सजाने का साज-समान जो सोने-चाँदी का बनता था और चलने से खन-खन शब्द करता था।

२. स्वयमपि विसिष्मिये बलानां भूपालः सर्वतो विक्षिप्तचक्षुरवाङ्मुखोदावासस्थान-सकाशाद् प्रतिष्ठमानं स्कन्धावारम्, २१०।

३. काश्मीरी प्रतियों में 'लंघति तुरंगमः' शुद्ध सार्थक पाठ है जो निर्णयसागर-संस्करण में बिगड़कर त्वंगति हो गया है।

४. गलति सक्तुप्रसेवकः, २१०।

१. गलति तिरश्चीना चणकगोणिः, २१०।

२. सौवीरकुम्भो भग्नः, २११।

दुष्ट को छोड़कर हमारी पंगत मिली हुई चल रही है[1]।' 'आगे रास्ता ऊबड़-खाबड़ है।' 'ओ बुड्ढे, कहीं राव की गगरी न फोड़ डालना।' 'गंडी, चावलों का बोरा भारी है, बैल के मान का नहीं।' 'अबे टहलुवे, सामने उड़द के खेत में से बैलों के लिये एक पूली तो दराँत से जल्दी काट ले[2]।' कौन जाने, यात्रा में चारे का क्या प्रबन्ध रहेगा[3]।' 'यार (धव), बैलों को हटाए रहो, इस खेत में रखवाले हैं।' 'सग्गड़ गाड़ी लटक गई, तगड़ा (धुरंधर) धौला बैल उसमें जोतो।' 'ए पगले, स्त्रियों को रौंद डालेगा? क्या तेरी आँखें फूट गई हैं[4]?' 'धत तेरे हस्तिपक की! मेरे हाथी की सूँड पर चढ़ा हुआ खिलवाड़ कर रहा है।' ओ पियक्कड़, धक्कामुक्की के फेर में पड़कर लगे कीचड़ में लोटने[5]।' 'ऐ भाई, दुखियों के साथी, कीचड़ में फँसे बैल को निकाल लो।' 'छोकरे, इधर भाग आ, हाथियों के भीड़-भड़क्के में पड़ गया तो काम तमाम हो जायगा।' इस प्रकार कटक में तरह-तरह के बोल सुनने में आ रहे थे।

और भी, बाण ने प्रयाण करती हुई सेना के एक दूसरे पक्ष का वर्णन किया है। सेना के प्रयाण से नौकर-चाकर, जनता, किसान, देहात के लोगों आदि पर जो बीतती थी उनके दुःख-सुख की मिली-जुली झाँकी बाण ने प्रस्तुत की है। एक जगह छुटभैये नौकर दाँत फाड़ रहे थे और मुफ्त में मिलनेवाले अन्न से मुटाकर खिलखिलाते हुए कटक की प्रशंसा के पुल बाँध रहे थे। घोड़े हाथियों के लिये जो हरी फसल (सस्यघास) कटवाकर मँगाई गई थी उसमें से जो बच गया था उसे भींड़कर मनचाहा आहार प्राप्त करके बढ़िया

---

१. विनंकेन निष्ठुरकेण निष्ठेयमस्माकम्, २१०।
इस वाक्य का अर्थ अस्पष्ट है, वजन के अनुसार ऊपरी अर्थ किया गया है। काश्मीरी प्रतियों में और निर्णयसागर मूल ग्रन्थ में 'निष्कृयम्' पाठ है, किंतु फ्यूरर ने 'निष्ठेयम्' पाठान्तर दिया है। टीकाकार शंकर ने भी निष्ठेयम्' पाठ मानकर निष्ठा का श्लेष अर्थ किया है जिसका तात्पर्य पंक्तिबद्ध सैनिकों का एक दूसरे से मिलकर चलना ज्ञात होता है। निष्ठुरक गाली की तरह से है जिसका अर्थ शरीर से निर्दय' किया जा सकता है, अर्थात् स्वयं तेज चलकर दूसरों को कष्ट देनेवाला। यदि निष्कृयम् पाठ ही प्राचीन माना जाय तो अर्थ इस प्रकार होगा—इस एक दुष्ट को छोड़कर और हम सब ठीक (कर्तव्य से उऋण) हैं।

२. दासक मार्षाणादमुतो द्राग् दात्रेण मुखघासपूलकं लुनंहि। मार्षण=माष या उड़द का खेत। मुखघास=वह चारा जिसके मुट्ठे दो मुट्ठे नोंचकर जुते हुए बैलों को खिला दिए जाएँ।

३. को जानाति यवसगतं गतानाम्, २१०। इसका अर्थ कावेल और कणे दोनों ने साफ नहीं किया। 'हमारे चले जाने पर चारे में छिपाई हुई उड़द की पूली को कौन निकालेगा (कणे)।' किन्तु ऊपर का ही अर्थ शब्द और प्रकरण दोनों की दृष्टि से उपयुक्त ज्ञात होता है, 'यात्रा में (गतानाम्) घास-चारे का हालचाल (यवसगतम्) कौन जाने, कैसा होगा?'

४. यक्षपाकित नाम भी हो सकता है अथवा वह व्यक्ति जिसपर यक्ष आया हुआ हो।

५. सम्मर्दमे स्खलसि, २१०।

भोजन से वे लोग फूल रहे थे[1]। इस तरह की दावत का मजा लेनेवाले लोग सेना में नीची श्रेणी के नौकर-चाकर ही थे, जैसे मेंठ (हाथियों के मेठ जो सम्भवतः सफाई के काम पर नियुक्त थे), वंठ (कुँवारे जवान पट्ठे जो हाथ में सिर्फ डंडा या तलवार लेकर पैदल ही हाथी से भिड़ जाते थे, चित्र ८४)[2], बठर (अहमक या उजड्ड), लम्बन (गर्दभदास या लद्दू नौकर जिससे गधे की तरह सब काम लिया जा सके), लेशिक (घसियारे, घोड़ों के टहलुवे), लुंठक (लूटपाट करनेवाले), चेट (छोटे नौकर-चाकर), शाठ (धूर्त या शठ), चंडाल (अश्वपाल या घोड़ों को तोबड़ों में दाना खिलानेवाले और सफाई करनेवाले नौकर)। इस श्रेणी के लोग तो कटक-जीवन से खुश थे ; पर बेचारे बुड्ढे कुलपुत्र सेना की नौकरी से दुःखी थे। किसी तरह गाँवों से मिले हुए मरियल बैलों पर सामान लादकर बिना नौकर-चाकर के वे घिसट रहे थे और स्वयं अपने ऊपर सामान लादकर चलने के कष्ट और चिन्ता से सेना को कोस रहे थे--'बस, यह यात्रा किसी तरह पूरी हो जाय, फिर तो तृष्णा का मुँह काला; धन का सत्यानाश ; नौकरी से भगवान बचाए। सब दुःखों की जड़ अब इस कटक को हाथ जोड़ता हूँ।'

कहीं काले कठोर कंधों पर मोटा लट्ठ रखे हुए राजा के वारिक नामक विशेष अधिकारी, सम्राट् के निजी इस्तेमाल की विविध सामग्री जैसे सोने का पादपीठ, पानदान 'तांबूल-करंक,' पानी का कलसा, पीकदान और नहाने की द्रोणी को ले चलने की हेंकड़ी में इठलाते हुए लोगों को धक्के देकर बाहर निकाल रहे थे[3]।

रसोई के लिये भाँति-भाँति का सामान ढोनेवाले भारिक या बोझिये भी जनता के ऊपर हेंकड़ी दिखाने में कम न थे। वे आगे आनेवाले लोगों को हटाते हुए चलते थे। उनमें

---

१. स्वेच्छाम्रदितोद्दामसस्यघासविघससुखसम्पन्नान्नपुष्टैः, २११। सस्यघास = हरी फसल जिसमें दाने पड़ गए हों ; वह सेना में जानवरों को खिलाने के लिये लाई गई थी। उसका खाने से बचा हुआ भाग विघस था (विघस=भोजन-शेष, अमरकोश)। मटर की फलियों, बूट, हरे जौ, गेहूँ की बालियों को मींडकर (स्वेच्छाम्रदित) दाने निकालकर मंडल में बैठे हुए मेंठ, वंठ आदि फंके मार रहे थे। उद्दाम=प्रभूत, मनचाहा अर्थात् पीछे बचा हुआ अन्न भी काफी मात्रा में था। सुखसम्पन्नान्न=सुख या मजे के साथ मिला हुआ अन्न।

२. अहिच्छत्रा से प्राप्त मिट्टी के एक गोल डिब्बे पर इस प्रकारके शरीरबल से युक्त हाथी का मुकाबला करते हुए एक वंठ का चित्र दिया गया है; शरीर पर चढ़े मांसकट से वह भी देखने में हाथी-जैसा ही लगता है (अहिच्छत्रा के लिखौने, एनशिएंट इंडिया, भाग ४, पृ० १६१, चित्र २६१)।

३. सम्राट् का निजी सामान (पार्थिवोपकरण). १. सौवर्णपादपीठी, २. पर्यंक, ३. करंक, ४. कलश, ५. पतद्ग्रह, ६. अवग्राह (स्नानद्रोणी)। वारिक=सम्राट् के निजी सामान और माल-असबाब की रक्षा के उत्तरदायी विशेष कर्मचारी। राजा विष्णु सेन के शिलालेख (५९२ ई०) में कई बार वारिक कर्मचारियों का उल्लेख आया है जो सम्राट् की निजी भूमि से प्राप्त अन्नादि की सार-सम्भाल रखते थे (प्रोसिडिंग्स बम्बई ओरिएंटल कान्फेन्स, १९४९, पृ० २७५)। नालंदा के मुद्रालेखों में भी वारिक कर्मचारियों का उल्लेख है।

से कुछ सूअर के चमड़े की बद्धियों में बकरे लटकाए चल रहे थे। कुछ हिरनों के अग्रभाग और चिड़ियों के ठट्ट के ठट्ट लटकाए ले चल रहे थे। कुछ लोग खरगोश के छोटे बच्चे, सागपात, बाँस के नरम अंकुर रसोई के लिये लेकर चले जा रहे थे। कुछ दूध-दही के ऐसे हंडे लिए थे जिनके मुँह सफ़ेद कपड़ों से ढँके थे और एक तरफ गीली मिट्टी पर मोहर लगा दी गई थी। सामान ढोनेवाले अंगीठी (तलक), तवा (तापक), तई (तापिका), सलाखें (हस्तक), राँधने के लिये ताँबे के बने बर्तन (ताम्रचरु), कड़ाही आदि बर्तनों से भरे हुए टोकरे लेकर चल रहे थे। कमजोर बैलों को हाँकने के लिये गाँवों से पकड़कर जो नौकर (खेट-चेटक) बुलाए गए थे वे सब कुलपुत्रों पर ताना कसते हुए कह रहे थे—'मेहनत हम करेंगे, लेकिन फल के समय दूसरे ही उचक्के आ धमकेंगे।' कहीं राजा को देखने की इच्छा से गाँवों के लोग दौड़कर आ रहे थे। मार्ग में जो अग्रहार गाँव पड़ते थे उनके अनपद आग्रहारिक लोग मंगल के लिये ग्राम-महत्तरों के हाथों में जलकुंभ उठवाए हुए आ रहे थे। कुछ लोग दही, गुड़, शक्कर और पुष्पों की करंडियाँ पेटियों में बन्द करके भेंट में जल्दी से ला रहे थे। कुछ लोग क्रोधित कठोर प्रतीहारियों के डराने-धमकाने से दूर भागते हुए भी गिरते-पड़ते राजा पर ही अपनी दृष्टि गड़ाए थे। वे पहले भोगपतियों की झूठी शिकायत कर रहे थे, या पुराने सरकारी अफ़सरों की सराहना कर रहे थे, या चाट-सैनिकों के पुराने अपराधों को कह सुना रहे थे। दूसरे लोग सरकारी कर्मचारियों से मन मिलाकर 'सम्राट् साक्षात् धर्म के अवतार हैं।' इस प्रकार की स्तुति कर रहे थे। किन्तु कुछ लोग ऐसे थे जिनकी पकी खेती सेना के लिये उजाड़ दी गई थी। वे उसके शोक में अपनी गृहस्थी के साथ बाहर निकलकर प्राणों को हथेली पर रक्खे निडर होकर कह रहे थे—कहाँ है राजा? किसका राजा? कैसा राजा[1]? इस प्रकार राजा को बोली मार रहे थे।

सेना के चलने से जो कलकल ध्वनि हुई उससे जंगल में छिपे हुए खरगोशों का झुंड बाहर निकल आया। बस डंडा लिए हुए तेज व्यक्तियों के समूह उनपर टूट पड़े और जैसे खेतों के ढेले तोड़े जाते हैं ऐसे उन्हें मारने लगे (गिरिगुडकैरिव हन्यमानैः)। वे बेचारे जान लेकर इधर-उधर भागे, पर बहुतों को भीड़ ने सँभाल लिया और बोटी-बोटी नोच ली। लेकिन कुछ खरहे टाँगों के बीच में घुसकर निकल जाने में ऐसे होशियार थे कि घुड़सवार के कुत्तों को भी अपनी टेढ़ी-मेढ़ी भगदड़ से झाँसा देकर निकल भागे[2], यद्यपि उनपर चारों

१. क्व राजा = कहाँ है राजा, अर्थात् क्या यह राजा के योग्य है। कुतो राजा = कहाँ का राजा चलके आया है, अथवा आया कहीं का राजा। कीदृशो वा राजा = कैसा है राजा, अथवा ऐसा ही होता है राजा क्या (२१२)।

२. इसमें खरगोशों के झुंड के शिकार का सजीव वर्णन है। जैसे ही खरहों का झुंड निकला, डंडा लिए हुए व्यक्ति उनपर टूट पड़े और उन्हें पद-पद पर ऐसे कूटने लगे जैसे खेत के ढलों को तोड़ते हैं। इतने में वे छितराकर भागे (इतस्ततः संचरद्भिः); तब भीड़ ने कुछ को एक साथ दबोचकर काम तमाम कर दिया (युगपत्परापतितमहाजनग्रस्तैस्तिलशो विलुप्यमानैः)। लेकिन खरगोश भी पक्के थे, उनमें से कितने ही जानवरों की टाँगों के बीच में घुसकर निकल भागने में चतुर थे और घुड़सवारों के शिकारी कुत्तों को भी आड़े-तिरछे भागकर (कुटिलिका) बुत्ता दे सकते थे। यद्यपि उनपर ढेला, डंडा, फरसा, कुदाल, फावड़ा आदि से एक साथ हमला किया गया, पर फिर भी आयुर्बल शेष रहने से कुछ बचकर भाग ही निकले। मालूम होता है कि जंगल में बसे हुए खरहों की मांद को कुदाल-फावड़ों से खोदकर उनका शिकार किया जाता था।

ओर से ढेले, पत्थर, डंडे, टेढी छड़ी, कुठार, कील, कुदाल, फरुवा, दराँती, लाठी जो कुछ भी हाथ में पड़ा उसी से हल्ला बोल दिया गया था।

कहीं घसियारों के झुंड भूसे और धूल से लथपत थे और गठरी में से गिरे हुए दूब के नालों का जाल-सा उनके शरीर पर पूरा हुआ था। घोड़ों पर कसी हुई पुरानी काठी के पीछे की ओर उनके दराँत लटक रहे थे। पलान के नीचे बची-खुची रद्दी ऊन के टुकड़ों से जमाए हुए गुदगुदे और मैले नमदे घोड़ों की पीठ पर पड़े हुए थे[1]।

घासिक लोग हिलता हुआ चोलक (एक प्रकार का ऊँचा कोट) पहने हुए थे। उन्हें प्रभु-प्रसाद के रूप में पटचर-चीरिका या कपड़े का फाड़कर बनाया फीता सिर से बांधने को मिला था जिसके दोनों छोर पीछे की ओर फहरा रहे थे। इसी को चीरिका भी कहा जाता था। ऊपर लेखहारक मेखलक के वर्णन में पीठ पर फहराते हुए पटचर कर्पट का उल्लेख हुआ है (५२)। हाथियों के वर्णन में इसी प्रकार का चीरा बाँधनेवाले कर्मचारियों को कर्पटिन् कहा गया है (१६६)। यह चिह्न सम्राट् की कृपा का सूचक समझा जाता था (चित्र ६२)।

कटक में एक तरफ कुछ सवारों की टुकड़ी आनेवाले गौड़युद्ध के विषय में चबाव कर रही थी[2]। कहीं सब लोग दलदल को पाटने के लिये घास-फूँस के पूले काटने में जुटे थे। कहीं उजड्ड ब्राह्मण डर से भागकर पेड़ के ऊपर चढ़े हुए गाली-गलौज कर रहे थे और नीचे खड़े दंडधर बेंत से उन्हें धमका रहे थे। वस्तुतः बाण ने यहाँ इस बात की ओर संकेत किया है कि जिन ब्राह्मणों को राजाओं से अग्रहार में गाँव मिले हुए थे उनके दानपट्टों की यह शर्त थी कि उनपर सरकारी सेनाओं के पड़ाव या उधर से गुजरने के कारण किसी तरह का लाग, दंड-कर या सामग्री देने का बोझ न पड़ेगा। प्राचीन प्रथा के अनुसार अग्रहार में दिए हुए गाँव सब लाग-भाग से विशुद्ध माने जाते थे। इस समय सैनिक-प्रयाण के कारण उन गाँवों से भी दंडधर लोग कुछ वसूल करना या ऐंठना चाहते थे। इसी पर सरकारी कर्मचारी और अग्रहारभोगी ब्राह्मणों में झगड़ा हो रहा था। वेत्री लोगों ने अपनी हेंकड़ी में डराना-धमकाना चाहा तो ब्राह्मण बिचारे डरते हुए भाग कर पेड़ पर जा चढ़े और वहीं से अपने वाग्बाणों का प्रयोग करने लगे। इसी प्रकरण में ऊपर कहा जा चुका है कि कुछ आग्रहारिक लोग अपने गाँवों से बाहर आकर राजा का स्वागत करने के लिये दही, गुड़ और खंडशर्करा भर-भर-कर बंद पेटियां लेकर आ रहे थे और फिर भी दंडधारी सैनिक उनको डाँट-फटकार बतलाकर और डरा-धमकाकर दूर भगा रहे थे। पुराने भोगपति और चाट-सैनिकों के जुल्मों की शिकायत करने की इच्छा रखते हुए भी गाँववालों के लिये सम्राट् तक अपना दुखड़ा पहुँचाने

---

१. शीर्णोर्णाशकलशिथिलमलिनमलकुथैः; २१३। मलकुथ=मलपट्टी छविरित्यर्थः; शंकर। मलपट्टी वह नमदा हुआ जो पलान के नीचे अब भी घोड़ों की पीठ पर बिछाया जाता है। यह गुलगुला या नरम होता है; शिथिल का अर्थ यहाँ लुजलुजा या नरम ही है। छीज में बची हुई ऊन को जमा कर नमदे बनाए जाते हैं और फिर उनमें से इच्छित लंबाई-चौड़ाई के टुकड़े काट लिए जाते हैं। इसी को बाण ने शीर्णोर्णाशकल कहा है।

२. एकान्तप्रवृत्ताश्ववारचक्रचर्च्यमाणागामिगौड़विग्रहम् २१३। इस वाक्य का कुछ अंश (चर्च्यमाणागामिगौड़विग्रह) लेखक-प्रमाद से २१२ पृष्ठ के क्वचिदेकान्तप्रवृत्त इत्यादि वाक्य में प्राचीन काल में ही मिल गया था।

का कोई साधन न था। इस तरह बाण ने जनता के कष्टों की सच्ची झाँकी दी है। न केवल सैनिक-प्रयाण के समय, बल्कि हाथियों के शिकार में हांका करने के लिये भी लोग पकड़ बुलाए जाते थे। प्रभाकरवर्धन की बीमारी के समय हर्षवर्धन को जब यकायक लौटना पड़ा तो उसकी यात्रा के मार्ग को सूचित करने के लिये जबर्दस्ती पकड़े गए आसपास के गाँवों के लोगों को रात-दिन खड़ा रहना पड़ा था[1]।

कहीं गाँव के लोग कुत्तों को घसीटकर ला रहे थे और कुलुंठक[2] उन्हें अपने फाँसों में बाँध रहे थे। गाँव के लोग सेना या शिकार के लिये बड़े कुत्तों को लुंठकों के हवाले कर रहे थे। राजपुत्र एक दूसरे से होड़ लगाकर घोड़े दौड़ाते हुए आपस में टकरा जाते थे। इस प्रकार के कटक का मुआयना (वीक्षण) करके हर्ष समीपवर्ती राजकुमारों के साथ अनेक आलापों का सुख लेते हुए आवास को लौटे। अभी तक वे करेणुका या हथिनी पर सवार थे। जब वह हथिनी राजमंदिर या राजकुल के द्वार पर पहुँची तो सम्राट् ने भौंहों के इशारे से राजाओं को बिदा कर दिया और राजद्वारके भीतर पहली कक्ष्या में प्रविष्ट होकर बाह्य आस्थान-मंडप या दरबारे-आम के सामने हथिनी पर से उतर गए और आस्थानमंडप में रक्खे हुए आसन पर जा बैठे।

इस प्रसंग में बाण ने राजाओं के साथ हर्ष के वार्तालाप का विवरण भी दिया है। इसमें नाना भाँति से युद्धयात्रा से पूर्व हर्ष को प्रोत्साहन दिया गया था, जैसे—'मान्धाता ने दिग्विजय का मार्ग दिखाया। उसपर चलकर अप्रतिहतरथवेग से रघु ने थोड़े ही समय में दिशाओं को शान्त कर दिया। पांडु ने अकेले धनुष से समस्त राजचक्र को अपना करद बना लिया। राजसूययज्ञ के समय अर्जुन ने चीन देश पार करके हेमकूट पर्वत पर गन्धर्वों को जीत लिया। विजय के मार्ग में अपने ही संकल्प का अभाव एकमात्र बाधा होती है। जैसे किन्नरराज द्रुम[3] बरफ से ढका हिमालय-जैसा रक्षक पाकर भी साहस के अभाव में कुरुराज दुर्योधन का किंकर हो गया। ज्ञात होता है कि पूर्व के राजा अच्छे विजिगीषु न थे; क्योंकि थोड़े-से ही धरती के टुकड़े में एक साथ भगदत्त, दन्तवक्त्र, रुक्मि, कर्ण, दुर्योधन, शिशुपाल, साल्व, जरासंध, जयद्रथ आदिक राजा धिचपिच करके रहते रहे। युधिष्ठिर कैसे आत्मसन्तोषी थे जिन्होंने अर्जुन की दिग्विजय होते हुए भी अपने राज्य के समीप ही किंपुरुष देश के राज्य को सहन कर लिया। चंडकोश राजा आलसी था जिसने सारी धरती को जीत लेने पर भी स्त्रीराज्य में प्रवेश नहीं किया। तुषारगिरि और गन्धमादन

---

१. पुरःप्रवृत्त प्रतीहारगृह्यमाणग्रामीणपरम्पराप्रकटितप्रगुणवर्त्मा, १५२।

२. कुलुंठक का अर्थ शंकर ने कुत्तों को बाँधने का डंडा किया है। कोशों में यह शब्द नहीं मिलता। सम्भव है, शंकर के इस अर्थ के सामने कोई प्रामाणिक परम्परा रही हो, अथवा उसने प्रकरण के अनुसार यह अर्थ अपने मन से लगाया हो। हमारे विचार से मेंठ, वंठ, वठर (२११) आदि सूची के लुंठक-संज्ञक कर्मचारी और कुलुंठक एक ही हैं जिनका काम शिकार वगैरह के लिये कुत्तों की देखभाल करना था। कुलुंठक का पाठान्तर कुलुंडक भी है जिसका अर्थ कुलुंडी या कलाबाजी करनेवाले नट ज्ञात होता है जो कंजर या साँसियों की तरह शिकारी कुत्ते पालते और आखेट में सहायक होते थे।

३. महाभारत, सभापर्व, २८।१

पर्वतों में फासला ही कितना है ? उत्साही के लिये तुरुष्कों का देश हाथ भर हैं। पारसीकों का प्रदेश बित्ता भर है। शकस्थान खरहे के पैर का निशान मात्र है। परियात्र में तो सेना भेजना ही व्यर्थ है; वहाँ मुकाबले के लिये कोई दीखता ही नहीं। दक्षिणापथ उसके लिये जो शौर्य का धनी है सुलभ है। दक्षिणी समुद्र की हवाएँ दर्दुर पर्वत तक पहुँचकर उसकी गुफाओं को सुगन्धित करती हैं, उनमें दूरी है ही कहाँ, और दर्दुर के निकट ही तो मलयाचल है, एवं मलयाचल से मिला हुआ ही महेन्द्रगिरि है।

इस वर्णन में कई बातें भौगोलिक दृष्टि से महत्त्व की हैं। सभापर्व के अनुसार अर्जुन उत्तरी दिशा की दिग्विजय के सिलसिले में वाह्लीक, दरद और कम्बोज (बल्ख, गिलगित और पामीर) देशों को जीतकर परमकम्बोज देश (कम्बोज के उत्तर-पूर्व) में घुसा और वहाँ से ऋषिकों या यूचियों के देश में जहाँ ऋषिकों के साथ उसका शिव और तारकासुर की भाँति अत्यन्त भयंकर संग्राम हुआ। मूल महाभारत में चीन देश का नाम न होने पर भी बाण ने अर्जुन के चीन देश जाने की बात लिखी है और वह ठीक भी है, क्योंकि यूची या ऋषिक पाँचवीं शताब्दी ई० पूर्व में, जिस समय का यह प्रकरण है, उत्तरी चीन में ही थे। इस बात का ठीक परिचय बाण के समकालीन महाभारत के विद्वानों को था कि ऋषिकों की दिग्विजय के लिये अर्जुन चीन देश तक गए थे[1]। ऋषिकों की विजय से लौटते हुए अर्जुन किंपुरुषदेश में आए और वहाँ से हाटकदेश में गए जहाँ मानसरोवर था। हाटक देश तिब्बत का ही एक भाग था और वहीं हेमकूट पर्वत था। महाभारत में यद्यपि हेमकूट का नाम नहीं है, किन्तु बाण ने महाभारतीय भूगोल का स्पष्टीकरण करते हुए उसका उल्लेख किया है।

इस प्रकरण में अलसश्चंडकोश का उल्लेख सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण है। श्रीसिलवाँ लेवी ने इसकी ठीक पहिचान अलसन्द या सिकन्दर से की थी[2]। सिकन्दर-सम्बन्धी आख्यानों का पूरा कथासागर ही यूनान से अबिसीनिया (अफ्रीका) और ईरान तक फैल गया था। उसके अनुसार सिकन्दर ने समस्त पृथ्वी जीतकर अन्त में एमेजन नामक स्त्रियों के राज्य

१. महाभारत, सभापर्व २७। २५ २८:।

२. मैमोरियल सिलवाँ लेवी (सिलवाँ लेवी-लेख-संग्रह) पृ० ४१४। इसी फ्रेंच लेख का अंग्रेजी अनुवाद (श्री प्रबोचन्द्र बागची कृत) एलेक्जेंडर ऐंड एलेक्जेण्ड्रिया इन इंडिअन लिटरेचर, इंडिअन हिस्टारिकल क्वार्टरली, भाग १२ (१९३६), पृ०१२१-१३३ पर प्रकाशित हुआ है। श्री लेवी का कथन है कि स्यूडो-कैलिस्थनीस ने सिकन्दर का कल्पना से भरा हुआ एक जीवन प्रस्तुत किया था। वही सब देशों में फैल गया। उसीके अ० २५–२६ में अमेजनों के देश को अपनी विजय के अन्त में जीतकर सिकन्दर के पश्चिम लौटने का वर्णन है। श्री लेवी का सुझाव है कि मूल शब्द अलसन्द था, उसी का संस्कृत अलसचण्ड हुआ। जब बाण ने पूर्वपद अलस (आलसी) को अलग कर लिया तो नाम के लिये केवल चंड बच रहा। इसी में कोश जोड़कर चंडकोश नया नाम बाण ने बना डाला और श्लेषद्वारा उसमें नए अर्थ का चमत्कार उत्पन्न किया। चण्डकोश राजा (वह जिसमें वृषशक्ति बड़ी उग्र थी) आलसी था जो चण्डकोश होते हुए भी स्त्री-राज्य में नहीं घुसा, दूर से ही लौट गया। (लेवी का लेख; पृ० १२३)।

को पत्र भेजकर विजित किया; पर स्वयं उसमें प्रवेश नहीं किया। यह स्त्री-राज्य एशिया माइनर में ब्लैक सी और एजियन सी के किनारे था। यूनानी इतिहास-लेखक कर्तिअस के अनुसार जब सिकन्दर विजय करता हुआ एशिया में आया तो एमेजन देश की रानी थलेस्त्रिस् उससे मिलने आई[1]। सिकन्दरनामे की यह एक प्रसिद्ध कथा हो गई थी कि सिकन्दर ने स्त्री-राज्य को दूर से ही अपने आधिपत्य में लाकर उसे अछूता छोड़ दिया था। उसी कहानी का उल्लेख बाण ने किया है[2]।

सातवीं शती के पूर्वार्ध में भारतवर्ष का विदेशों के साथ जो सम्बन्ध था उसकी भौगोलिक पृष्ठभूमि बाण ने संक्षिप्त किन्तु अपने स्पष्ट ढंग से दी है। चीनी तुर्किस्तान तुरुष्कों का देश था जहाँ उइगुर तुर्क जो बौद्धधर्मानुयायी थे, बसे हुए थे। वे भारतीय संस्कृति के प्रेमी, कला और साहित्य के संरक्षक थे। उनकी संस्कृति के अनेक प्रमाण और साहित्यिक अवशेष चीनी तुर्किस्तान की मरुभूमि के नगरों की खुदाई में मिले हैं। उधर पश्चिम में सासानी युग का ईरान देश पारसीकों का देश कहलाता था जिनका उल्लेख रघुवंश (४।६०) में कालिदास ने भी किया है। शकस्थान ईरान की पूर्वी सीमा पर स्थित था। दूसरी शती ई० पू० में जब शक लोग हूणों के दबाव से बाह्लीक से दक्षिण की ओर हटे तो वे पूर्वी ईरान और अफगानिस्तान की सीमा पर आकर जमे। तभी से वह प्रदेश शकस्थान कहलाने लगा। प्रथम शती ई० पू० के मथुरा से मिले हुए खरोष्ठी भाषा के सिंहशीर्षक लेख में मथुरा और तक्षशिला के शक-क्षत्रपों का इतिहास बताते हुए उनके मूलदेश शकस्थान का भी उल्लेख आया है। प्रतापी गुप्तों ने शाहानुशाही शकों और उनकी मुरुंडशाखा के राज्य को उखाड़ फेंका था और बाण के समय में शकों का कोई राज्य नहीं बचा था। फिर भी शकस्थान यह देश का नाम बचा रह गया था जैसा कि पश्चिम दिशा के जनपदों में वराहमिहिर ने भी (बृहत्संहिता १४। २१) उसका उल्लेख किया है।

पारियात्र पर्वत के मालवा प्रदेश में हर्ष का राज्य हो गया था। किन्तु दक्षिणापथ में चालुक्यराज पुलकेशिन् के कारण उसकी दाल नहीं गली।

हर्ष इस समय अपने उस महल के बाह्य आस्थान-मंडप में थे जो अस्थायी रूप से बाँस-बल्लियों से बना लिया गया था। आस्थान-मंडप में आकर उसने समायोग बर्खास्त होने की सूचना दी (प्रास्तसमायोग) और क्षणभर वहीं ठहरा। आस्थान-मंडप से ही समायोग (फौजी परेड) का आरंभ हुआ था और वहीं पर्यवसान भी हुआ। कादम्बरी में चन्द्रापीड की दिग्विजय का प्रारम्भ भी आस्थान-मंडप से ही कहा गया है।

इसी समय प्रतीहार ने आकर सूचना दी—'देव, प्राग्ज्योतिषेश्वर-कुमार ने हंसवेग नामक अपना अन्तरंग दूत भेजा है जो राजद्वार पर है (तोरणमध्यास्ते)।' सम्राट् ने कहा, 'शीघ्र उसे बुलाओ'। यद्यपि प्रतीहार किसी दूसरे को भेजकर भी हंसवेग को बुलवा सकता था, किन्तु बाण ने लिखा है कि हर्ष ने हंसवेग के प्रति जो आदर का भाव प्रकट किया,

---

१. देखिए, खैम्प्राएर-कृत क्लासिकल डिक्शनरी, पृ० ४२, ४३; और भी, टाइम्स द्वारा प्रकाशित सेंचुरी साइक्लोपीडिया आफ नेम्स, पृ० ४८।

२. मुझे इस पहचान की सूचना सबसे पहले अपने मित्र श्रीमोतीचन्द्रजी से मिली, इसके लिये मैं उनका कृतज्ञ हूँ।

उससे प्रेरित होकर और कुछ अपने स्वभाव की सरलता से प्रतीहार स्वयं ही हंसवेग को लेने बाहर आया। तब हंसवेग ने भेंट की सामग्री लानेवाले अनेक पुरुषों के साथ राजमन्दिर में प्रवेश किया[1] और पाँच अंगों से पृथ्वी को छूते हुए प्रणाम किया[2]। हर्ष ने सम्मानपूर्वक 'आओ, आओ;' कहा और हंसवेग ने आगे बढ़कर पादपीठ पर अपना मस्तक रखकर पुनः प्रणाम किया। उसी मुद्रा में सम्राट् ने उसकी पीठ पर हाथ रक्खा। तब राजा ने तिरछे शरीर को कुछ और झुकाते हुए चामर-ग्राहिणी को बीच से हटाकर दूत की ओर अभिमुख हो प्रेम-पूर्वक पूछा—'हंसवेग, श्रीमान् कुमार तो कुशल से हैं।' उसने उत्तर दिया--'जब देव इतने स्नेह, सौहार्द और गौरव से पूछ रहे हैं तो वे आज सब प्रकार कुशली हुए।' कुछ देर बाद उसने पुनः कहा—'चारों समुद्रों की लक्ष्मी के भाजन देव को देने योग्य प्राभृत दुर्लभ है, फिर भी हमारे स्वामी ने पूर्वजों द्वारा उपार्जित आभोगनामक यह वारुण आतपत्र सेवा में भेजा है। इसके अनेक कुतूहलजनक आश्चर्य देखे गए हैं।' इत्यादि कहकर खड़े होकर अपने नौकर से कहा--'उठो, और देव के सामने वह छत्र दिखाओ।' यह सुनते ही उस पुरुष ने उठकर छत्र को ऊँचा किया और सफेद दुकूल के बने हुए गिलाफ (निचोलक) में से उसे निकाला। निकालते ही शंकर के अट्टहास सा उसका श्वेत प्रकाश चारों ओर भर गया, मानों क्षीरसागर का जल आकाश में मंडलाकार छा गया हो, शरत्कालीन मेघ आकाश में गोष्ठी कर रहे हों, अथवा चन्द्रमा का जन्मदिन दिखाई दिया हो। इस प्रकार हर्ष ने आश्चर्यपूर्वक उस अद्भुत महत् छत्र को ध्यानपूर्वक देखा। छत्र के चारों ओर मोतियों के जालक लटक रहे थे (मौक्तिकजालपरिकरसितम्, २१६)। मौक्तिकजाल के नीचे छोटी-छोटी चौरियाँ लटक रही थीं (चामरिकावलिभिः विरचितपरिवेशम्, २१६)। उसके शिखर पर पंख फैलाए हंस का चिह्न बना था। छत्र क्या था, लक्ष्मी का श्वेतमंडप[3], श्वेतद्वीप का बालरूप[4] ब्रह्मवृक्ष का फूला हुआ गुच्छा-सा लगता था (चित्र ८५)।

जब हर्ष छत्र देख चुके तो भृत्यों ने (कार्माः) अन्य प्राभृतों को भी क्रम से उघाड़कर दिखाया जो इस प्रकार थे--१. अलंकार या आभूषण जिनपर भाँति-भाँति के लक्षण या

---

१. प्रभूतप्राभृतभृतां पुरुषाणां समूहेन महतानुगम्यमानः प्रविवेश राजमन्दिरम्, २१४।

२. अष्टांग प्रणाम दंडवत् होता है, किन्तु पंचांग प्रणाम में घुटनों को मोड़कर हाथों की अंजुलि को आगे रखकर उसे सिर से छूते हैं

३. श्वेतमंडप= चाँदनी में विहार करने के लिये ऐसा मंडप जिसकी समस्त सजावट या घटा श्वेत रंग की हो। यह प्रसन्नता की बात है कि सातवीं शती में इस प्रकार के मंडपों की कल्पना अस्तित्व में आ चुकी थी। बाद में भी यह परम्परा अक्षुण्ण रही। ठाकुरजी के मंदिर में रंग-रंग की सजावट या घटाओं के मंडप या बगले अभी तक बनाए जाते हैं।

४. श्वेतद्वीप का उल्लेख, पृष्ठ ५९ और २५८ पर भी आया है। इसी प्रकार कादम्बरी, पृ० २२९, वासवदत्ता, पृ० १०३ में भी श्वेतद्वीप का नाम आया है। महाभारत के अनुसार नारद ऋषि क्षीरोदसागर के समीप श्वेतद्वीप में जाकर नारायण की पूजा करते हैं। बृहत्कथा-मंजरी के अनुसार नरवाहनदत्त श्वेतद्वीप में गया था। कथासरित्सागर के अनुसार नरेन्द्रवाहनदत्त ने श्वेतद्वीप में हरिपूजन किया और विष्णु ने प्रसन्न हो उसे अप्सराएं दीं (अलंकारवती, लम्बक ९, तरंग ४, श्लोक २०) इत्यादि; देखिए, कीथ-कृत संस्कृत साहित्य का इतिहास पृ० २७९। बाण के समय में श्वेतद्वीप की कल्पना कहानी का विषय बन गया था।

चिह्न ठप्पे से बनाए गए थे (आहतलक्षण) और जो भगदत्त आदिक राजाओं के समय से कुल में चले आ रहे थे। प्रायः इस प्रकार के विशिष्ट आभूषण प्रत्येक राजकुल में रहते थे। उनके विषय में यह विश्वास जम जाता था कि वे वंश-संस्थापक के प्रसादरूप में प्राप्त हुए थे, और भी उनके विषय में आश्चर्यजनक चमत्कार की बातें कही जाती थीं।

२. चूड़ामणि या शिरोभूषण के अलंकार जो अत्यन्त भव्य प्रकार के थे।

३. अनेक प्रकार के श्वेत हार।

४. क्षौमवस्त्र जो शरत्-कालीन चन्द्रमा की तरह चिट्टे रंग के थे और जिनकी यह विशेषता थी कि वे धोबी की धुलाई सह सकते थे। ये क्षौम के बने वस्त्र उत्तरीय ज्ञात होते हैं जिनको बाण ने अन्यत्र (१४३) भंगुर उत्तरीय कहा है। इन वस्त्रों को माँडी देकर इस प्रकार से चुना जाता था कि वे गोल हो जाते थे और लंबान में चुन्नट डालने के कारण उनमें गँड़ेरियों-सी बन जाती थीं (देखिए, अहिच्छत्रा के खिलौने, चित्र ३०२)। इस प्रकार के उत्तरीय वस्त्रों की तह अन्य वस्त्रों की भांति असम्भव थी। इसी कारण बाण ने लिखा है कि ये वस्त्र बेंत की करंडियों में कुंडली करके या गेंडुरी बनाकर रक्खे जाते थे। (चित्र ४७) बेंत की बनी हुई जिन करंडियों में आसाम से वस्त्र रखकर आते थे वे भी बेंत को कई रंगों में रंगने से रंग-बिरंगी बनाई जाती थीं (अनेकरागरुचिरवेत्रकरंडकुंडलीकृतानि शरच्चन्द्रमरीचिरुचि शौचक्षमाणि क्षौमाणि, २१७)।

५. अनेक प्रकार के पानभाजन या मधु पीने के चषक आदि जो सीप, शंख और गल्वर्क के बने हुए थे और जिनपर चतुर शिल्पियों ने भाँति-भाँति की उकेरी (नक्काशी) का काम किया था। गल्वर्क सम्भवतः हकीक का प्राचीन नाम था और उसी का सहयोगी मसार संगे यशब था जिनका पूर्व में (१५६) उल्लेख किया जा चुका है (कुशलशिल्पिलोकोल्लिखितानां शुक्तिशंखगल्वर्कप्रमुखानां पानभाजननिचयानाम्, २१७)।

६. कार्दरंग द्वीप से आई हुई ढालें जिनकी आब की रक्षा के लिये उनपर खोल चढ़े थे। ये ढालें आकृति में गोल थीं और उनका घेरा सुंदर जान पड़ता था। पहले कहा जा चुका है कि इनके चारों ओर छोटी-छोटी चौरियों की एक किनारी रहती थी (चित्र८२)। इनके काले चमड़े पर सुनहली फूल-पत्तियों के कटाव खचित थे। ऊपर कहा जा चुका है कि कार्दरंग का ही दूसरा नाम कर्मरंग या चर्मरंग द्वीप था, यह मलयद्वीप का एक भाग था (निचोलकरक्षितरुचां रुचिरकांचनपत्रभंगभंगुराणाम् अतिबंधुरपरिवेशानां कार्दरंगचर्मणां सम्भारान्)।

७. भोजपत्र की तरह मुलायम जातीपट्टिकाएँ। हमारी समझ से ये आसाम के बने हुए मूँगा रेशम के थान थे जिनपर जाती अर्थात् चमेली के फूलों का काम बना हुआ था। शंकर के अनुसार जातीपट्टिका एक प्रकार के बढ़िया पटके थे जो कटिप्रदेश में बाँधने के काम आते थे (भूर्जत्वक्कोमलाः स्पर्शवती. जातीपट्टिकाः, २१७)।

८. नरम चित्रपटों (जामदानी) के बने हुए तकिए जिनके भीतर समूर या पक्षियों के बाल या रोएँ भरे थे। चित्रपट वे जामदानी वस्त्र ज्ञात होते हैं जिनमें बुनावट में ही फूल-पत्ती अथवा अन्य आकृतियों की भाँति डाल दी जाती थीं। बंगाल इन वस्त्रों के लिये सदा से प्रसिद्ध रहा है।

९. बेंत के बुने हुए आसन जिनका रंग प्रियंगुमंजरी की तरह कुछ ललछौंही पीली झलक का था (प्रियंगुप्रसवपिंगलत्वंचि आसनानि वेत्रमयानि)।

१०. अनेक प्रकार के सुभाषितों से भरी हुई पुस्तकें जिनके पन्ने अगरु की छाल पीट कर बनाए गए थे। इससे ज्ञात होता है कि बाण के समय में सुभाषित या नीतिश्लोकों का संग्रह प्रारम्भ हो गया था। उस युग से पूर्व के भर्तृहरिकृत शतकत्रय प्रसिद्ध हैं। यह बात भी ध्यान देने योग्य है कि आसाम की तरफ भोजपत्र और ताड़पत्र दोनों के स्थान पर अगरु की छाल से पुस्तकों के पत्र बनाते थे (अगरुवल्कलकल्पितसंचयानि सुभाषित भांजि पुस्तकानि, २१७)।

११. हरी सुपारियों के झुग्गे जिनमें पल्लवों के साथ सरस फल झूल रहे थे। इनका रंग पके लाल परवल की तरह ललछौंह और हरियल पत्ती की तरह हरियाली लिये था। सरस पूगफलों में से रस चुचिया रहा था (परिणत पाटलपटोलत्विषि तरुणहारीत-हरिति क्षीरक्षारिणि पूगानां पल्लवलम्बीनि सरसानि फलानि, २१७)।

१२. सहकारलताओं के रस से भरी हुई मोटी बांस की नलियाँ जिनके चारों ओर कापोतिका के लाल पीले पत्ते बँधे हुए थे। सहकार एक प्रकार का सुगन्धित आम था जिसके फल से सहकार नामक सुगंधित द्रव्य बनता था।[1] बाण ने स्वयं कई स्थलों पर सहकार के योग से एक सुगन्धित पदार्थ बनाने का उल्लेख किया है (२२, ६६, १३०)। वराहमिहिर की बृहत्संहिता से भी ज्ञात होता है कि सहकार रस के योग से उस समय अत्यंत श्रेष्ठ सुगन्धि तैयार की जाती थी।[2]

१३. काले अगरु का तेल भी इसी प्रकार की मोटी बांस की नलियों में भरकर और पत्तों में लपेट कर लाया गया था (कृष्णागरुतैलस्य स्थवीयसीः वैणवीः नाडीः)।

१४. पटसन के बने हुए बोरों में भरकर काले अगरु के ढेर लाये गए थे जिसका रंग घुटे हुए अंजन की तरह था (पट्टसूत्र प्रसेवकार्पितान्कृष्णागरुणः राशीन्)।

१५. गरमी में ठंडक पहुंचाने वाले गोशीर्ष नामक चन्दन की राशियां। श्रीसिलवां लेवी के मतानुसार पूर्वीद्वीपसमूह में तिमोरनामक द्वीप गोशीर्ष कहलाता था और वहां का चन्दन भी इसी नाम से प्रसिद्ध था।

१६. बरफ के शिला खंड की तरह ठंढे सफेद और साफ कपूर के डले।

१७. कस्तूरी के नाफे (कस्तूरिकाकोशक)।

१८. कक्कोल के पके फलों से युक्त कक्कोल पल्लव। कक्कोल और उसका पर्याय तक्कोल सम्भवतः शीतलचीनी का नाम था। कक्कोल या तक्कोल नगर मलयप्रायःद्वीप के पच्छिमी किनारे पर था जो कक्कोल के लदान का खास बंदरगाह था।

---

१. सहकार—सुगन्धद्रव्यभेदः सहकारफलेनैवक्रियते (शंकर पृ० २२)।

२. जातीफलमृगकर्पूरबोधितैः ससहकारमधुसिक्तैः बहवो पारिजातारचतुर्भिरिच्छा परिगृहीतैः (बृहत्संहिता ७६।२७)।
बृहत्संहिता के गन्धयुक्ति प्रकरण में अनेक प्रकार की सुगन्धियां बनाने का विधान किया है और यहां तक लिखा है कि विभिन्न द्रव्यों के संयोग से १७४७२० प्रकार की गंध बन सकती थी(७६। २१)।

१६. लवंगपुष्पों की मंजरी। कालिदास के अनुसार लवंग पुष्प के वृक्ष द्वीपान्तर अर्थात् पूर्वी द्वीपसमूह में मलय से लाए जाते थे। (द्वीपांतरानीतलवंगपुष्पैः, रघु० ६।५७)।[1]

२०. जायफल के गुच्छे (जातीफलस्तबकानां राशीन्)।

२१. जस्ते की कपड़े-चढ़ी कलसी या सुराहियों में अत्यंत मीठा मधुरस भरकर लाया गया था (अतिमधुरमधुरसामोदनिर्हारिणीः चोलककलशीः)। चोलक कलशी पारिभाषिक शब्द है जिसका अर्थ था चोलक या कपड़ा चढ़ी हुई कलसी[2]। अब भी राजस्थान आदि में कपड़ा चढ़ी हुई सुंदर जस्ते की सुराहियां चांदी के मुखड़े के साथ बनाईजाती हैं जिनमें पानी बहुत ठंढा रहता है। मधुरस का अर्थ शंकर ने द्राक्षा अथवा मकरंद किया है। भिन्न-भिन्न पुष्पों का मधुरस चोलक कलशियों में भरा हुआ था जिसकी भीनी सुगन्धि (आमोद) बाहर फैल रही थी।

२२. काले और सफेद रंग के चंवर।

२३. चित्रफलकों के जोड़े (आलेख्यफलक संपुट) जिनमें भीतर की ओर चित्र लिखे थे और उनके एक ओर तूलिका एवं रंग रखने के लिये छोटी अलाबू की कुप्पियां लटक रही थीं (अवलम्बमानतूलिकालाबुकान् लिखितानालेख्यफलकसंपुटान्)।

२४. भांति-भांति के पशु और पक्षी, जैसे सोने की शृंखलाओं से गर्दन में बंधे हुए किन्नर, वनमानुष, जीवंजीवक,[3] जलमानुषों के जोड़े, चारों ओर सुगन्धि फैलाते हुए कस्तूरी हिरन, घरों में बिचरनेवाली विश्वासभरी पालतू चंवरी गाएं, बेंत के पिंजड़ों में सुभाषित कहने वाले शुक-सारिका पक्षी, मूंगे के पिंजड़ों में बैठे हुए चकोर[4]।

२५. जलहस्तियों के मस्तक से निकलने वाले मुक्ताफल से जड़े हुए हाथीदांत के कुंडल। जलहस्ती या जलेभ से तात्पर्य दरियाई घोड़ा है जिसके मस्तक की हड्डी को खराद पर चढ़ा कर सम्भवतः गोल गुरिया या मोती बनाते थे।

शुक सारिकाओं के वर्णन में लिखा है कि उनके बेत के पिंजड़ों पर सोने का पानी चढ़ा हुआ था (चामीकर रसचित्रवेत्र पंजर)। यह अवतरण बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। इससे ज्ञात होता है कि सुवर्णद्रव (लिक्विड गोल्ड) बनाने की विधि बाण के समय ज्ञात थी और उसका आम रिवाज था। कादम्बरी में भी मिट्टी की गुरियों से बनी हुई माला का उल्लेख है जिनपर सोने के रस की बुंदकियां डाल दी गई थीं (कांचनरसखचितां मृण्मयगुटिकाकदम्बमालाम्, कादम्बरी वैद्य० पृ० ७१)। जैनग्रन्थ निशीथचूर्णि में तो

---

१. द्वीपांतर—मलय (ग्रेटर इंडिया सोसायटी जर्नल, भाग ९, द्वीपांतर शीर्षक लेख)

२. शंकर ने चोलक का पदच्छेद च उल्लक किया है और उल्लक का अर्थ सुगंधिफल विशेष का रस या आसव भेदकिया है।

३. बौद्ध संस्कृत साहित्य के अनुसार जीवंजीवक दो सिरवाला बड़ा काल्पनिक पक्षी था। यहाँ वनमानुषों और जलमानुषों के साथ उसका ग्रहण ठीक ज्ञात होता है। तक्षशिला में सिरकप के मन्दिर में दो सिरवाले एक गरुडपक्षी की आकृति बनी है जो जीवंजीवक ज्ञात होता है।

४. चकोर लाल रंग पसंद करता है, अतएव आज भी उनके पिंजड़ों में मुंगे के दाने लगाए जाते हैं।

चित्र ३७ (पृ० ६७)—तंत्रीपटहिका जो डोरी से गले में लटकाकर बजाई जाती थी। कोटा के दरा नामक स्थान में गुप्तकालीन शिव-मंदिर के वास्तुखंड पर उत्कीर्ण मूर्ति से (उत्तरप्रदेश इतिहास-परिषद् की पत्रिका, १९५०, पृ० १९६, पर चित्र है)।

चित्र ३८ (पृ० ६७)—पदहंसक नूपुर या मुड़े हुए बाँक कड़े।

चित्र ३९ (पृ० ६८)—कंधों के दोनों ओर फहराते हुए उत्तरीय छोर (मथुरा सिंह, का जैन स्तूप, फलक १९)।

चित्र ४० (पृ० ६८)—बच्चे के गले में बघनख का कठूला (भारत-कलाभवन, काशी में गोवर्धनधारी कृष्ण की गुप्तकालीन मूर्ति से)।

फलक १०

चित्र ४१ (पृ० ६८)—बच्चों का काक-पक्ष केश-विन्यास।

चित्र ४२ (पृ० ६८)—हरिहर-मूर्ति का मस्तक। दाहिने आधे भाग में शिव का जटा-जूट और वामार्ध में विष्णु का किरीट अंकित है। (मथुरा से प्राप्त हरिहर-मस्तक, गुप्तकाल, मथुरा-संग्रहालय, सं० १३३६; उत्तरप्रदेश इतिहासपरिषद् की पत्रिका, १९३२, फलक १८)।

चित्र ४४ (पृ० ७१)—गुप्तकालीन मकरमुखी टोंटी। (भारत कलाभवन में सुरक्षित)।

चित्र ४५ (पृ० ७३)—बाँधनू की रंगाई से तैयार की गई भाँत-भतीली चुनरी।

चित्र ४६ (पृ० ७५)—टेढ़ी चाल के ठप्पों की छपाई से युक्त उत्तरीय। अजन्ता के चित्र से लिया गया। इसमें हंस की आकृति के ठप्पों का हंस-दुकूल दिखाया गया है। बाण ने पल्लव या फूल-पत्तियोंवाली छपाई (कुट्टिलक्रम-रूप-क्रिय-माणपल्लवपरभाग) का वर्णन किया है।

चित्र ४७ (पृ० ७६)—भंगुर उत्तरीय या भाँजा हुआ चुन्नटदार दोपट्टा, जो गोलिया कर तहाया जाता था और बेंत की करंडी में रक्खा जाता था। अहिच्छत्रा के गुप्तकालीन शिवमंदिर से प्राप्त मिट्टी की मूर्ति (सं०३०२) के परिधान को देखने से ही बाण का 'भंगुर उत्तरीय' पद स्पष्ट समझ में आता है।

फलक ११

चित्र ४३ (पृ० ६९)—कटिप्रदेश जिसके पार्श्वभाग मानों खराद पर चढ़ाकर तराशे गए हैं (उल्लिखित पार्श्व से युक्त पतला और गोल मध्य भाग)। मथुरा से प्राप्त गुप्तकालीन विष्णुमूर्ति (ई० ६)। इसके मस्तक में बीच में पत्रभंग-मकरिका, नीचे पद्मराग मणि और ऊपर शेखर में मुक्तामाल का उद्गिरण करते हुए सिंहमुख आभूषण है (दे०चित्र २), गले में आमलकफलानुकारि मुक्ताफल की एकावली और नीचे छोटे मोतियों का अर्धहार, कंधे पर कनक यज्ञ सूत्र, भुजाओं पर केयूर, वैजयन्ती माला, कटिप्रदेश में तरंगित अधोवस्त्र के ऊपर कसा हुआ गोल नेत्रसूत्र या पटका है जिसका बाण ने हर्ष की वेश-भूषा में उल्लेख किया है (पृ०४६)। मूर्ति के कटिप्रदेश के दोनों पार्श्वभाग

यहाँ तक कहा गया है कि उस समय सुवर्णद्रुति (लिक्विडगोल्ड) से सूत रंगने की प्रथा थी। इस समय सोने का द्रव बनाने की विधि प्राचीन परम्परा के जाननेवालों को अज्ञात है। केवल पश्चिम में कुछ कारखाने ही इसे तैयार करते हैं [1]।

छत्र देखते ही हर्ष का मन अतीव प्रसन्न हुआ और उसने उसे अपने पहले सैनिक प्रयाण में शुभ शकुन माना। प्राभृत सामग्री के वहाँ से हटालिये जाने पर उसने हंसवेग से आराम करने के लिये कहा और उसे प्रतीहार-भवन में भेजा।

प्रतीहार-भवन राजद्वार के भीतर राजकुल का एक अंग था। जिस समय भंडि जो हर्ष का मामा था हर्ष से मिलने आया वह भी प्रतीहार-भवन में ही ठहराया गया था। हर्ष ने स्वयं राजकुल की निजी स्नानभूमि में स्नान किया, किन्तु भंडि ने प्रतीहार भवन में स्नान-ध्यान किया। उसके बाद भंडी को राजकुल की रसोई में बुलाकर सम्राट् ने उसके साथ ही भोजन किया (२२६)। इससे यह स्पष्ट है कि प्रतीहार-भवन राजकुल के अन्दर ही होता था[2]।

हर्ष बाह्यास्थान मंडप से उठकर स्नान भूमि में गए और स्नानादि से निवृत्त हो पूर्वाभिमुख होकर आभोगछत्र के नीचे बैठे। उसकी शीतल छाया से वे अत्यन्त प्रसन्न और विस्मित होकर सोचने लगे—'आमरण मैत्री के अतिरिक्त इस प्रकार के सुन्दर उपहार का बदला (प्रतिकौशलिका) और क्या हो सकता है? भोजन के समय हर्ष ने हंसवेग के लिये अपने लगाने से बचा हुआ चन्दन, सफेद कपड़े से ढके हुए चिकने नारियल में रखकर भेजा। और उसके साथ ही अपने अंग से छुआए हुए परिधानीय वस्त्र-युगल, मोतियों से बना हुआ परिवेश नामक कटिसूत्र और माणिक्यखचित तरंगक नामक कर्णाभरण, एवं बहुतसा भोजन का सामान भेजा। इस प्रकार वह दिन व्यतीत हुआ और सन्ध्या का अंधकार चारों ओर फैल गया। प्राची दिशा गौडेश्वर के अपराध से डर कर मानों काली पड़ गई। कुछ देर में राजा के सैनिक-प्रयाण की वार्ता के समान चन्द्रमा का प्रकाश आकाश में फैल गया। प्रतिसामन्तों के नेत्रों की निद्रा न जाने कहाँ चली गई (२१६)। इस समय हर्ष वितान के नीचे लेटे थे। नौकरों को विसर्जित करके उन्होंने हंसवेगसे संदेश सुनाने के लिये कहा।

---

१. डा० मोतीचन्द्र कृत भारतीय वेषभूषा पृ० १५१। इस प्रकरण के समझने में मुझे अपने मित्र श्री मोतीचन्द्र जी से बहुत सहायता मिली है जिसके लिये मैं उनका अतिशय आभारी हूँ। विशेषतः चोलक कलसी, जातीपट्टिका, चित्रपट और चामीकर रससचित्रवेत्रपंजर इन पारिभाषिक शब्दों को मैं उन्हीं के बताने से जान सका हूँ।

२. मुझे प्रतीहार-भवन की इस स्थिति के बारे में पहले सन्देह हुआ कि जिस राजद्वार के भीतर केवल सम्राट् और राजकुल के अन्य सदस्य रहते थे उसमें प्रतीहारों के रहने का स्थान कैसे संभव था, किन्तु पीछे 'हैम्पटन कोर्ट पैलेस' नामक लंदन के ट्यूडर काल्रीव महल का नक्शा देखने का अवसर प्राप्त हुआ तो ज्ञात हुआ कि राजड्योढ़ी के भीतर एक ओर 'लार्डचम्बरलेंस कोर्ट' के लिये स्थान रहता था। यही भारतीय राजमहल में प्रतीहार भवन था। अवश्य ही दौवारिक महाप्रतीहार के लिये बाह्यास्थान मंडप के समीप आवासगृह रहता होगा। यही बाण के इन उल्लेखों से लक्षित होता है। हर्ष के महल, ईरानी महल, मुगलकालीन महल, यहाँ तक की अंग्रेजी महलों में भी कई बातों में पारस्परिक समानताएँ थीं जिनके विषय में अन्त के परिशिष्ट में ध्यान दिलाया गया है।

उसने प्रणाम कर कहना शुरू किया—'देव, पूर्वकाल में वराह और पृथ्वी के सम्पर्क से नरक नाम का पुत्र उत्पन्न हुआ। वह बड़ा वीर था। बाल्यावस्था में ही लोकपाल उसे प्रणाम करने लगे। उसने वरुण से यह छत्र छीन लिया। उसके वंश में भगदत्त, पुष्पदत्त, वज्रदत्त प्रभृति बड़े-बड़े राजा हुए। उसी परम्परा में महराज भूतिवर्मा का प्रपौत्र, चन्द्रमुख वर्मा का पौत्र, कैलासवासी स्थितिवर्मा का पुत्र सुस्थिरवर्मा नाम का महाराजाधिराज उत्पन्न हुआ। सुगृहीत नाम उस राजा की रानी श्यामा देवी से भास्करद्युति नामक पुत्र जिसका दूसरा नाम भास्कर वर्मा है उत्पन्न हुआ। बचपन से ही उसका यह संकल्प था कि शिव के अतिरिक्त दूसरे किसी के चरणों में प्रणाम न करूँगा। इस प्रकार का त्रिभुवनदुर्लभ मनोरथ तीन तरह से ही पूरा होता है, या तो सकलभुवनविजय से, या मृत्यु से, अथवा प्रचंडप्रतापानल आप सदृश अद्वितीय वीर की मित्रता से। तो प्राग्ज्योतिषेश्वर देव के साथ कभी न मिटनेवाली मैत्री चाहते हैं। यदि देव के हृदय भी मित्रता का अभिलाषी हो तो आज्ञा हो जिससे कामरूपाधिपति कुमार देव के गाढ़ालिंगन का सुख अनुभव करें[1]। प्राग्ज्योतिषेश्वर की लक्ष्मी आपके मुखचन्द्र में अपने नेत्रों की तृप्ति प्राप्त करे। यदि देव उसके प्रणय को स्वीकार न करते हों तो मुझे आज्ञा हो कि मैं अपने स्वामी से क्या निवेदन करूं ?' (२२०-२१)

उसके इस प्रकार कहने पर हर्ष ने जो कुमार के गुणों से उनके प्रति अत्यन्त प्रेमासक्त हो चुके थे कहा—'हंसवेग, कुमार का संकल्प श्रेष्ठ है। स्वयं वे भुजाओं से पराक्रमी हैं, फिर धनुर्धर मुझे अपना मित्र बनाकर वे शिव को छोड़कर और किसे प्रणाम करेंगे ? उनके इस संकल्प से मेरी प्रसन्नता और बढ़ी है। तो ऐसा यत्न करो कि अधिक समय तक हमें कुमार से मिलने की उत्कण्ठा न सहनी पड़े (२२१)'।

इनके अनन्तर बाण ने राजसेवा स्वीकार करनेवाले व्यक्तियों को, उनके दुःख-सुख की भाँति-भाँति की मनोवृत्तियों के, उनके द्वारा किये जानेवाले कुत्सित कर्म, काट कपट, उखाड़ पछाड़, खुशामद और चापलूसी के विषय में विचित्र उद्गार प्रकट किए हैं। यह प्रकरण विश्व साहित्य में अद्वितीय है। सरकारी नौकरी की हिजो या निन्दा में शायद ही आज तक किसी ने ऐसी पैनी बातें लिखी हों। बाण के ये अपने हृदय के उद्गार हैं जो उसने हंसवेग के मुख से कहलवाए है। राजदरबारों की चाटुकारिता, स्वार्थ से सने हुए भृत्यों और अभिमान में डूबे हुए राजाओं का जो दमघोट् वातावरण उन्होंने घूम फिर कर देखा था उन्होंने उसकी खरी आलोचना अपने स्वतन्त्र व्यक्तित्व की समस्त शक्ति को समेट कर यहाँ की है। वे तो राजसेवकों को मनुष्य मानने के लिये भी तैय्यार नहीं—'विचारे राजसेवक को भी यदि मनुष्यों में गिना जाय, तो राजिल को भी सर्प मानना पड़ेगा, पयाल की भी धान में गिनती करनी होगी। मानधनी के लिये क्षणभर भी मानवता के गौरव के साथ जीना अच्छा, किन्तु मनस्वी के लिये त्रिलोकी के राज्य का उपभोग भी अच्छा नहीं यदि उसके लिये सिर झुकाना पड़े[2]।

---

१. इस परस्पर आलिंगन का चित्र खींचने के लिये बाण ने लिखा है—'कुमार की कटकमणि देव की केयूर मणि से आलिंगन में उस प्रकार रगड़ खाएगी जैसे मंदराचल के कटक विष्णु के केयूर से टकराए थे।'

२. वराकः सेवकोऽपि मर्त्यमध्ये, राजिलोऽपि वा भोगी, पुलाकोऽपि वा कलमः। वरं क्षणमपि कृता मानवता मानवता, न मतो नमतस्त्रैलोक्याधिराज्योपभोगोऽपि मनस्विनः२२५।

सेवक अपने को धिक्कारता है और सोचता है कि वह धन मिट जाए, उस वैभव का सत्यानाश हो, उन सुखों को डंडौत है, उस, टीमटाम से भगवान् बचावे जिसकी प्राप्ति के लिये मस्तक को पृथ्वी पर रगड़ना पड़े [१]।

राजसेवक केवल मुँह से मीठी बात करनेवाला मुखविलासी नपुंसक है, सड़े मांस का कीड़ा है, मर्द की शकल में बेगिनती का पुतला[२] है, सिर पर पैरों की धूल लगानेवाला चलता फिरता पाँवड़ा है, लल्लो-चप्पो करने में नरकोयल है, मीठे बोल उचारनेवाला मोर है, धरती पर सीना घिसने वाला कछुआ है, वह चापलूसी का कुत्ता है, दूसरे के लिये शरीर को मोड़ने-तोड़ने में वेश्या की भाँति है[३]। जीवन वाले व्यक्तियों में वह फूंस की तरह है, सिर मटकाने में गिरगिट है, अपने आपको सिकोड़ कर रखने वाला झाड़ चूहा है[४]। पैरों की चंपी का अभ्यासी पढ़वाया है[५], कराभिघात सहने में कन्दुक, एवं कोणाभिघात (इसका दूसरा अर्थ लकुटताडन भी है,) का अभ्यस्त वीणादण्ड है।' (२२४–२२५)

'भृतक का कोई स्वतन्त्र व्यक्तित्व नहीं होता। उसके पाप कर्मों का भी कोई प्रायश्चित्त है! उसे सुधारने का क्या उपाय? वह शान्ति के लिये कहाँ जाय? उसके जीवन का भी क्या नमूना? पुरुषोचित अभिमान उसमें कहाँ? उसके सुख-विलास कैसे? भोगों के सम्बन्ध में उसके विचार ही क्या? यह दारुण दास शब्द घोर दलदल की तरह सबको नीचे ढकेल देता है[६]।

अच्छे-भले पुरुष को भी जो नौकरी के लिये बाध्य होना पड़ता है, जो मनोवृत्ति मनुष्य को राजसेवा के लिये प्रेरित करती है, उसका विवेचन करते हुए बाण ने लिखा है—'बहुत दिनों की दरिद्रता बुड्ढी मां की तरह पुरुष को नौकरी की ओर ढकेलती है। तृष्णा असन्तुष्ट स्त्री की भाँति उसे जोर लगाती है। अनेक वस्तुओं की चाहना करने वाले यौवन में उत्पन्न मनहूस विचार उसे नौकरी के लिये सताते हैं। दूसरों की याचना से मिलनेवाले बड़े पद की लालच उसे इस ओर खींचती है। उसकी कुंडली में पड़े हुए बुरे ग्रह उसे इस परेशानी में डालते हैं। पूर्वजन्म के खोटे कर्म पीछे लग कर उसे इधर ढकेलते हैं। अवश्य ही वह दुष्कृती है जो राजकुल में प्रवेश करने का विचार मन में लाता है। वह उस व्यक्ति की

१. धिक्तदच्छवसितं; उपयातु तद्धनं निधनं; अभवनिर्भृंतरस्तु तस्याः; नमो भगवद्भ्य स्तेभ्यः सुखेभ्यः; तस्यायमंजलिरैश्वर्यस्य; तिष्ठतु दूर एव सा श्रीः, शिवं सः परिच्छदः करोतु; यदर्थं मुक्तमाङ्गंगां गमिष्यति; २२४।

२. नरक=कुत्सितो नरः (कुत्सित अर्थ में क प्रत्यय)।

३. वेश्याकायः करणबन्धक्लेशेषु। करणबन्ध कामशास्त्र के आसन अथवा रतिबन्ध वेश्याएँ शरीर को कष्ट देकर भी जिन्हें सीखती हैं (२२४)।

४. जाहकः आत्मसंकोचनेषु २२५। जाहक—जाहड़—झाड़।

५. प्रतिपादकः पादसंवाहनासु। पलंग के पाए का बोझ उठानेवाला प्रतिपादक या पड़वाया (वह लकड़ी या पत्थर का ठीहा जिसपर पलंग के पाए टेके जाते हैं)। पादसँवाहना =पैर चंपी (२२५)। जाहक-जाहड़-झाड़

६. अपुण्यानां कर्मणामाचरणाद् भृतकस्य किं प्रायश्चित्तं, का प्रतित्ति क्रिया, क्व गतस्य शान्तिः, कीदृशं जीवितं, कः पुरुषाभिमानः, किं नामानो विलासाः, कीदृशी भोगश्रद्धा, प्रबलपंक इव सर्वमधस्तान्नयति दारुणो दासशब्दः, २२४।

तरह है जिसकी इन्द्रियों की शक्ति ठप हो गई हो, किन्तु भाँति-भाँति के सुख भोगने की झूठी साध मन में भरी हो।' (२२३)

नौकरी के लिये जब कोई राजद्वार की ओर मुँह उठाता है तो किसी को तो द्वार के बाहर ही द्वाररक्षक लोग रोक देते हैं और वह बन्दनवार के पत्ते की तरह वहीं झूरता रहता है। वहाँ के दुःख सह कर किसी तरह राजकुल की ड्योढी के भीतर प्रवेश भी हो गया तो दूसरे लोग उस पर टूट कर हिरन की तरह कुटियाते हैं। चमड़े के बने हुए हाथी[1] की तरह बार-बार प्रतिहारों के घूंसे खाकर धकिया दिया जाता है। धन कमाने के लिये राजकुल में गया हुआ वह ऐसे मुँह लटकाए (अधोमुख) रहता है जैसे गड़े खजाने के ऊपर लगाये हुए पौधे की डाल नीचे झुकी हो। चाहे वह कुछ न भी माँगे तो भी वह राजद्वार के भीतर दूर तक प्रविष्ट हुआ जोर के साथ बाहर फेंक दिया जाता है, जैसे धनुष बाण को भीतर खींच कर वेग से छोड़ देता है। चाहे वह किसी के मार्ग का कांटा न हो और अपने आपको चरण सेवा में लगाए रक्खे, तो भी वे उसे निकालकर दूर फेंक देते हैं। कहीं असमय में स्वामी के सामने चला गया तो उसकी कुपित दृष्टि उसे जला कर नष्ट ही कर देती है जैसे अनाड़ी कामदेव देवताओं के फेर में पड़ कर शिव के द्वारा जल गया था। किसी तरह से यदि राजकुल में रह गया, तो डांट-फटकार सहते हुए भी उसे अपने मुँह पर लाली बनाए रखनी पड़ती है। प्रतिदिन प्रणाम करते-करते उसका माथा घिस जाता है। त्रिशंकु की तरह दोनों लोकों से गया-बीता वह रात दिन नीचे मूंड़ी लटकाए रहता है। थोड़े से टुकड़ों के लिये वह अपने सब सुख छोड़ने पर तैय्यार हो जाता है। जीविका कमाने की अभिलाषा मन में लिये वह अपने शरीर को खपाता रहता है। कभी-कभी अपनी स्त्री को भी छोड़ कर राजकुल के लिये जघन्य कर्मों में लगा हुआ कुत्ते की तरह शरीर दंड तक सहता है[2]। कभी बे-आबरू होकर भोजन पाता है, पर फिर भी सब कुछ सहता रहता है (२२२)।

राजकुल में अनेक प्रकार के सेवक होते थे उनके कर्म और स्वभावों को ध्यान में रख कर बाण ने यहाँ भिन्न-भिन्न प्रकार के वर्णन दिये है।

'कुछ ऐसे हैं जो कौए की तरह जीभ के चटोरेपन में अपना पुरुषार्थ खोकर आयु को व्यर्थ गँवाते रहते हैं[3]। पिशाच जैसे श्मशान के पेड़ों के चक्कर काटे ऐसे ही कुछ लोग नासपीटी बढ़ोतरी पाकर बदमिजाज हुए राजा के मुँहलगे मुसाहिबों के पास मंडराते रहते हैं[4]। कुछ लोग राजारूपी सुग्गों की मीठी-मीठी बाते सुनकर बच्चों की तरह भुलावे में पड़े रहते हैं। राजा का जादू एक बार जिस पर पड़ गया वह उसके हुक्म से क्या कुछ नहीं कर डालता? वह अपने झूठमूठ के जौहरों का बाना बनाए हुए सदा नम्रता दिखाता है, लेकिन उसका तेज बुझा रहता है, जैसे चित्रलिखित धनुष चढ़ी प्रत्यंचा से झुका हुआ भी बाण चलाने की शक्ति

---

१. करिकर्मचर्मपुट = हस्तियुद्ध सम्बन्धी सैनिक अभ्यास के लिये बनाया हुआ चमड़े का पूरा हाथी (२२२)। इसका बाण ने पहले भी उल्लेख किया है (१९६)।

२. शुन इव निजदारपराङ्मुखस्य जघन्यकर्मलग्नमात्मानं ताडयतः २२२। बाण का यह श्लेषमयवाक्य गूढ़ है

३. यह इशारा विदूषक पर घटता है।

४. श्मशान पादपस्येव पिशाचस्य दग्धभूस्या परुषीकृतान् राजवल्लभानपसर्पतः, २२२।

नहीं रखता[1]। वह झाड़ू से बटोरे हुए कूड़े की तरह श्री-हीन होता है[2]। उसे प्रतिहार और प्यादे (कटुकैरुद्वेज्यमानस्य) घुड़क लेते हैं। जब राजद्वार की सेवा से टका-पैसा नहीं मिलता तो मन में वैराग्य उत्पन्न होकर गेरुआ धारण कर लेने की इच्छा करने लगता है। चाहे रात का भी समय हो वह बाहर फेंक दिया जाता है जैसे मातृबलि के पिंडे को राह में डाल देते हैं। वह मोटी-झोटी रहन-सहन से अनेक प्रकार के दुःख उठाता है। आत्मसम्मान को पीछे डाल कर भी झुकता रहता है। अपने आपको बेइज्जत करके वह मुँह से उनकी खुशामद करता है जो केवल सिर झुकाने से प्रसन्न नहीं होते। निष्ठुर प्रतिहारों की मार खाते-खाते वह बेहया हो जाता है। दीनता के वश उसका हृदय बुझ जाता है और आत्मसम्मान की रक्षा करने[3] की शक्ति से वह रहित हो जाता है। कुत्सित कर्म करते-करते सरकारी नौकरों में उदार विचार नहीं रह जाते। वह केवल पैसे के फेर में कष्ट बटोरता है, और अपने साधन बढ़ाने की युक्ति में कमीनेपन को बढ़ा लेता है।' (२२३)

'जब देखो उसकी तृष्णांजलि बनी रहती है। स्वामी के पास जाने में कुलीन होते हुए भी अपराधी की भाँति थरथर कांपता रहता है। चित्र में लिखे फूल की तरह सरकारी नौकर बाहर से देखने में सुन्दर लगते हुए भी फल देने में ठनठन होता है[4]। बहुत कुछ ज्ञान मस्तिष्क में भरा होने पर भी मौके पर उसके मुँह से अनजान की तरह बात नहीं फूटती। शक्ति होने पर भी काम के समय उसके हाथ कोढ़ी की तरह भिंचे रह जाते हैं। अपने से बराबर दर्जे के व्यक्तियों को यदि तरक्की मिल जाती है[5] तो सरकारी नौकरी बिना आग के जलने लगता है, और यदि मातहत को उसके बराबर ओहदा मिल गया[6] तो साँस निकले बिना भी मानों मर जाता है। पद घटने से तिनके की तरह वे प्रतिष्ठा खो देते हैं। दुःख की वायु का झोंका उन्हें रात दिन दहकाता रहता है। राजभक्त होने पर भी हिस्सावाँट में उन्हें कुछ नहीं मिलता। उनकी सब गर्मी हवा हो जाती है, पर भाई बन्धुओं को सताना नहीं छोड़ते। मान बिल्कुल रहता ही नहीं, फिर भी अपना पद छोड़कर टस से मस नहीं होते। उनका गौरव घट जाता है, सत्त्व चला जाता है और वे अपने आपको बिल्कुल बेच डालते हैं[7]। राजसेवक अपनी वृत्ति का स्वयं मालिक नहीं होता। उसका अन्तरात्मा सदा सोच-विचार के वशीभूत रहता है। खाट से उठते ही प्रणाम करने का उसका स्वभाव बन जाता है जैसे दण्डमुंड सम्प्रदाय के साधु करते हैं। घर के विदूषक की तरह रात दिन मटकना और दूसरों को हँसाना ऐसी ही उसकी चेष्टा रहती है। कभी-कभी तो सरकारी नौकरी

१. चित्र धनुष इवालीक गुणाध्यारोपणैकक्रियानित्यनम्रस्य निर्वाण तेजसः, २२३।
२. सम्भवतः यह राजमहल के छोटे कर्मचारियों की ओर संकेत है जो राजमहल में फूलमाला नहीं पहन सकते थे (निर्माल्यवाहिनः)।
३. दैन्यसंकोचितहृदयावकाशस्य इव अहोपुरुषकिया परिवर्जितस्य, २२३।
४. दर्शनीयस्यापि आलेख्यकुसुमस्य इव निष्फलजन्मनः २२३।
५. समसमुत्कर्षेषु निरूप्यमाणस्य, २२४।
६. नीचसमीकरणेषु निरुच्छ्वासं म्रियमाणस्य २२४।
७. निसत्वस्यापि महामांसविक्रयं कुर्वतः, २२४। श्मशान में जाकर महा-मांस बेचने की साधना करनेवाले को महासत्त्व होना चाहिए, किन्तु सरकारी नौकर निःसत्त्वहोते हुए भी अपने शरीर का मांस विक्रय कर देता है।

अपने वंश को ही जलानेवाला कुलांगार हो जाता है। एक मुट्ठी घास के लिये मूंड़ी चलाने वाले बैल की तरह राजसेवक है। सिर्फ पेट भरना ही जिसका उद्देश्य है वह ऐसा मांस का लोथड़ा है।' (२२४)

राज सेवा या सरकारी नौकरी में लगे हुए लोगों के लिये बाण की फबतियाँ और फटकार अपने ढंग की एक है। नौकरी करने वालों की मनोवृत्ति और कुकर्मों का सूक्ष्म विश्लेषण बाण ने किया है। सम्भव है तत्कालीन राजशास्त्र के लेखकों ने भी दफतरों में और राजदरबार में काम करनेवाले सरकारी कर्म-चारियों की मनोवृत्तियों और करतूतों का विवेचन किया हो और वहाँ से उक्त वर्णन का रंग भरा गया हो। किन्तु इसमें सन्देह नहीं कि बाण स्वयं भी अत्यन्त पैनी बुद्धि के व्यक्ति थे जो प्रत्येक विषय के अन्तर में पैठ कर पूरी तरह उसका साक्षात्कार करते थे। उन्होंने निकट से राजकुल में काम करने वालों को देखा-पहचाना था और उनके स्वभाव की विशेषताओं का अध्ययन किया था। नौकरी करके राजदरबार के ठाट-बाट में बाण ने अपने व्यक्तित्व की स्वतन्त्रता नहीं गँवाई। तटस्थ आलोचक की भाँति वे राजकुलों के और राजकर्मचारियों के दोषों की समीक्षा कर सके। उनका यह वाक्य ध्यान देने योग्य है—'मानधनी के लिये क्षण भर भी मानवोचित पौरुष का जीवन अच्छा, किन्तु झुककर त्रिलोकी का राज्य-भोग भी मनस्वी के लिये अच्छा नहीं (२२५)।'

यदि देव हमारे इस प्रणय को स्वीकार करेंगे तो प्राग्ज्योतिषेश्वर को कुछ ही दिनों में यहाँ आया हुआ जानें' यह कहकर हंसवेग चुप हो गया और शीघ्र ही बाहर चला गया।

हर्ष ने भी वह रात कुमार से मिलने की उत्कंठा में बिताई। प्रातःकाल अपने प्रधान दूत के साथ अनेक प्रकार की वापिसी भेंटसामग्री (प्रतिप्राभृतं प्रधान प्रतिदूताधिष्ठितं, २२५) भेजते हुए हंसवेग को विदा किया। स्वयं शत्रु पर चढ़ाई करने के लिये सेना का प्रयाण उस दिन से बराबर जारी रक्खा।

एक दिन हर्ष ने लेखहारक के मुख से सुना कि राज्यवर्धन की सेना ने मालवराज की जिस सेना को जीत लिया था उस सबको साथ लेकर भंडि आ रहा है और पास ही पहुँच गया है। इस समाचार ने भाई के शोक को फिर हरा कर दिया और उसका हृदय पिघल गया। सब काम-काज छोड़ कर वह निजमंदिर में राजकीय परिवार के साथ ठहरा रहा। और प्रतिहार ने सब नौकर-चाकरों को ताकीद कर दी कि बिल्कुल चुपचाप रहें और आहट न होने दें (प्रतिहार निवारण निभृत निःशब्द परिजने, २२५)। राजमहलों का यह नियम था कि जब शोक का समय होता या अन्य आवश्यकता होती, तो सब आज्ञाएँ केवल इशारों से दी जातीं और सब परिजन चुपचाप रह कर काम करते जिससे राजकुल में बिल्कुल सन्नाटा रहे। प्रभाकरवर्धन की बीमारी के समय ऐसा ही किया गया था[1]। इस प्रकार के कार्य-वाहक इशारों का कोई समयाचार या दस्तूरुल अमल रहता होगा जिसके अनुसार सीखे हुए परिजन काम करते थे।

कुछ समय बाद भंडि अकेला ही घोड़े पर सवार, कुछ कुलपुत्रों को साथ लिये राजद्वार पर आया और वहीं घोड़े से उतर कर मुँह लटकाए राजमंदिर में प्रविष्ट हुआ। उसकी छाती में शत्रु के बाणों के घाव थे जिससे ज्ञात होता था कि मालवराज के साथ कसकर युद्ध

१. अतिनिः शब्दे निभृतसंज्ञा-निर्दिश्यमान-सकलकर्मणि १५५।

हुआ था। उसके बाल बढ़े हुए थे। शरीर पर केवल मंगलवलय का आभूषण बचा था, वह भी व्यायाम न करने से पतले पड़े हुए भुजदंड से खिसक कर नीचे कलाई में आ गया था और दोला वलय की तरह झूल रहा था[1]। ताम्बूल में अरुचि हो जाने से होठ की लाली कम हो गई थी। आँसुओं की झड़ी ऐसे लगी थी मानों मुख पर शोकपट ढका हो[2]। (चित्र ८६) उसकी ऐसी दीन दशा थी जैसे यूथपति के मारे जाने पर वेगदंड या तरुण हाथी की हो जाती है (२२६)।

दूर से ही दाढ़ मार कर वह पैरों में गिर पड़ा। हर्ष उसे देखकर उठे और लड़खड़ाते पैरों से आगे बढ़ उसे उठाकर गले लगाया और स्वयं भी देर तक फूट-फूट कर रोते रहे। जब शोक का वेग कम हुआ, तो लौटकर पहले की तरह निज आसन पर बैठ गए। पहले भंडि का मुँह धुलवाया और फिर अपना भी धोया। कुछ देर में भाई की मृत्यु का वृत्तान्त पूछा। भंडि ने सब हाल कह सुनाया। राजा ने पूछा 'राज्यश्री की क्या गत हुई? भंडि ने फिर कहा—'देव, राज्यवर्धन के स्वर्ग चले जाने पर जब गुप्त नाम के व्यक्ति ने कान्यकुब्ज (कुशस्थल) पर अधिकार कर लिया, तो राज्यश्री भी पकड़ी गई, पर वह किसी तरह बन्धन से छूटकर परिवार के साथ विन्ध्याचल के जंगल (विन्ध्याटवी)[3] में चली गई,—यह बात मैंने लोगों से सुनी। उसे ढूँढने के लिये बहुत से आदमी भेजे गए हैं पर अभी तक कोई लौटकर नहीं आया है।' हर्ष ने स्वाभाविक उत्तेजना के साथ कहा—'औरों के ढूँढने से क्या? जहाँ भी वह हो मैं स्वयं और सब काम छोड़ कर जाऊंगा। तुम सेना लेकर गौड़ पर चढ़ाई करो (२२६)।' यह कह उठकर स्नान भूमि में चले गए। भंडि ने हर्ष के कहने से बढ़े हुए केशों का क्षौर कराया और प्रतीहार-भवन[4] में स्नान किया। हर्ष ने उसके लिये वस्त्र, पुष्प, अंगराग और अलंकार भेजकर अपना प्रसाद प्रकट किया और साथ ही भोजन किया, एवं वह दिन उसके साथ ही बिताया।

दूसरे दिन भंडि ने राजा के पास आकर निवेदन किया—'श्री राज्यवर्धन के भुजबल से मालवराज की जो सेना साज-सामान (परिवर्ह) के साथ जीती गई है उसे देव देखने

---

१. दूरीकृतव्याम शिथिल भुजदंडदोलायमान मंगलवलयैकशेषालंकृतिः, २२६। पहले कहा जा चुका है कि भंडि पुखराज का जड़ाऊ वलय पहनता था। वलय या अनन्त नामक आभूषण अपेक्षाकृत ढीला बनाया जाता था। शूद्रक के रत्नवलय को दोलायमान (खिसक ने वाला) कहा गया है (का० ७)।

२. शोक के समय मुंह पर कपड़ा डाल लेने की प्रथा थी। इस प्रकार का पट मथुरा से प्राप्त बुद्ध के निर्वाण दृश्य में विलाप करते हुए एक राजा के मुंह पर दिखाया गया है (मथुरा संग्रहालय, एच ८ मत्ति)।

३. प्राचीन भूगोल में विन्ध्याटवी उस घने जंगल की संज्ञा थी जो विन्ध्य पर्वत के उत्तर चम्बल और बेतवा के बीच में पड़ता है। महाभारत वन पर्व में इसे घोर अटवी (६१। १८), दारुण अटवी (६१। १०) महारण्य (६१। २४) महाघोर वन (६१। २५) कहा गया है, जिसमें एक ऊँचा पहाड़ (६१। ३८) भी था। यहीं के राजा आटविक कहलाते थे और यही प्रदेश अटवीराज्य था। बाण ने भी इस विन्ध्याटवी का आगे विस्तृत वर्णन किया है। वह तब आटविक सामन्त व्याघ्रकेतु के अधिकार में थी।

४. राजद्वार के भीतर प्रतीहार-भवन की स्थिति के बारे में पृ० १७१ पर लिखा जा चुका है।

की कृपा करें।' राजा के स्वीकार करने पर उसने यह सब सामान दिखाया, जैसे अनेक हाथी, सुनहली चौरियों से सजे घोड़े, चमचम करते आभूषण, शुद्ध मोतियों से पोहे गए तारहार[1], चामर (बालव्यजन), सुनहले डंडे वाला श्वेत छत्र, वारविलासिनी स्त्रियाँ, सिंहासन शयनासन आदि राज्य का सामान, पैरों में लोहे की बेड़ी पड़े हुए मालवा के राजा लोग, कोष से भरे हुए कलसे जिनपर ब्यौरे की पट्टियाँ लगी थीं और जिनके गले में आभूषणों की बनी मालाएँ पड़ीं थीं[2]।

लूट के सामान की इस गिनती में कही हुई वारविलासिनी स्त्रियाँ वे होनी चाहिएँ जो राजदरबार या राजकुल में नियुक्त रहती थीं जिनका वर्णन बाण ने हर्ष के दरबार के प्रसंग में (७५) किया है। विजित मालव राजलोक के अन्तर्गत वहाँ के राजा, राजकुमार, राज-परिवार के व्यक्ति, महासामन्त, सामन्त आदि लोग समझे जाने चाहिएँ[3]। मध्यकाल की यह प्रथा जान पड़ती है कि युद्ध में हार जाने पर ये सब लोग विजेता के सम्मुख पेश किए जाते थे और वहाँ से उनके भाग्य का निपटारा होता था।

उस सब सामान को देख कर हर्ष ने विभिन्न अधिकारी अध्यक्षों को उसे विधिपूर्वक स्वीकार करने की आज्ञा दी[4]। दूसरे दिन उसने राज्यश्री के ढूँढने के लिये प्रस्थान किया और कुछ ही पड़ावों के बाद विन्ध्याटवी में पहुँच गया।

विन्ध्याटवी, जैसा ऊपर कहा गया है, बहुत बड़ा वन था। उसके शुरू में ही एक बन गाँव (वन ग्रामक) या जंगल को साफ करके बनाई हुई बस्ती थी। बाण ने इसका विस्तृत वर्णन किया है (२२७–२३०) जो हर्ष चरित का विशिष्ट स्थल माना जा सकता है। संस्कृत साहित्य में तो यह वर्णन अपने ढंग का एक ही है। जंगली देहात की आदिम कालीन रहन-सहन का इसमें स्पष्ट चित्र है। ऐसे स्थान के आदमियों को हम शिकार और किसानी के बीच का जीवन व्यतीत करते हुए पाते हैं।

इस लम्बे वर्णन की रूपरेखा इस प्रकार है। गाँव के चारों ओर वन प्रदेश फैले थे। खेत बहुत विरल थे। किसान हल-बैल के बिना कुदाल से धरती गोड़ कर बीज

---

१. बढ़िया मोतियों के हार गुप्त युग में तार हार कहलाते थे। कालिदास और बाण ने उनका उल्लेख किया है। अमरकोष के अनुसार मुक्ताशुद्धौ च तारः स्यात् (३। १६६)।

२. ससंख्यालेरूयपत्रान्, सालंकारापीडर्पंडान् कोपकलशान् (२२७)।

३. अपराजितपृच्छा (१२ वीं शती) से ज्ञात होता है कि महाराजाधिराज के राज्य में ४ महामांडलिक, १२ मांडलिक, १६ महासामन्त और ३२ सामन्त होते थे (अ ७८। ३२–३४)। सामन्तों से नीचे उतर कर ४६० चौरासी के चौधरी (चतुरशिक) और उसके बाद अन्य सब राजपुत्र या राजपूत कहलाते थे। मांडलिक, महासामन्त और राजपुत्र, शासन की ये इकाइयां बाण के युग से पूर्व अस्तित्व में आ चुकी थी। विजेता राजा के देश जीत कर राजधानी में प्रवेश के समय ये प्रतिनिधि उसके सम्मुख उपस्थित होते थे।

४. यथाधिकारमादिक्षदध्यक्षान् (२२७)। इससे ज्ञात होता है कि हर्ष के शासन प्रबन्ध में भी विभिन्न विभागाधिपति अध्यक्ष कहलाते थे। यह इस अर्थ में पुराना शब्द था जो अष्टाध्यायी और अर्थशास्त्र में आया है।

छितरा कर कुछ बो लेते थे। जंगली जानवरों का उपद्रव होता रहता था। जंगली रास्तों पर पानी की प्याउओं का अच्छा प्रबन्ध था। पास-पड़ोस के लोग कोयला फूंकने और लकड़ी काटने का काम करते थे। काफी लोग छोटे-बड़े जानवरों के शिकार से पेट पालते थे। पुरुष जंगल में होने वाले विविध सामान के बोझ लेकर, और स्त्रियाँ जंगली फल बटोर कर इधर-उधर बेच आती थीं। थोड़े से स्थान में हल-बैल की खेती भी थी। वहाँ किसानी का धंधा करने वाले किसान बंजर धरती तोड़कर उसमें खाद डाल कर खेतों को उपजाऊ बना रहे थे। गन्ने के बड़े-बड़े बाड़े यहाँ की विशेषता थी। जंगली बस्ती के घरों के चारों ओर काँटेदार बाड़ें थीं। जिनके भीतर लोग रहते और अपने पशु बाँधते थे, पर फिर भी जंगली जानवरों द्वारा वारदातें होती रहती थीं। घरों के भीतर गृहस्थी चलाने के लिये बहुत तरह का जंगल में होने वाला सामान, फल-फूल-चखड़ी आदि बटोर कर रख लिया गया था। अटवी-कुटुम्बियों के उसी गाँव में हर्ष ने भी अपना पड़ाव किया।

अब बाण के प्रस्तुत किये हुए चल चित्र का निकट से क्रम वार अध्ययन करना चाहिए।

१. बन बस्ती के चारों ओर के वन प्रदेश दूर से ही उसका परिचय दे रहे थे। लोग साठी चावल का भूसा जला कर धुआं करने के आदी थे। कभी-कभी ऐसा होता कि उसकी आग फैल कर जंगली धान्य के खलिहान तक पहुँच जाती जिससे वे धुमैले लगते थे। कहीं पुराने बीहड़ बरगदों के चारों ओर सूखी टहनियों के अंबार लगाकर गायों का बाड़ा बना लिया गया था। कहीं बघेरों ने बछड़ों पर वार किया था। उससे खीझकर लोगों ने बाघ को फँसाने के लिये जाल (व्याघ्रयन्त्र) लगा रक्खा था। घूम कर गश्त लगाने वाले वनपालों ने अनधिकृत लकड़ी काटने वाले ग्रामीण लकड़हारों के कुठार जबरदस्ती छीन लिए थे[1]। एक जगह पेड़ों के घने झुरमुट में चामुंडा देवी का मंडप बना हुआ था[2]।

२. बन ग्राम के चारों ओर घोर जंगल के सिवाय और कुछ न था। इसलिए लोग कुटुम्ब का पेट पालने के लिये व्याकुल रहते थे। उसी चिन्ता में दुर्बल किसान केवल कुदारी से गोड़कर पड़ती धरती तोड़ते और खेत के टुकड़े (खंडलक) निकाल लेते[3]। खुली जगह के अभाव में खेत छोटे (अल्पावकाश) और दूर-दूर पर स्थित (विरलविरलैः) थे। खेती के लिये बैल न थे। भूमि कास से भरी हुई थी। काली मिट्टी की पटपड़ तह

१. कश्मीर प्रति में अयंत्रित वनपाल पाठ है, वही ठीक है। यंत्रित = एक स्थान में नियत; अयंत्रित = गश्त करनेवाले। पर = गैर, जिन्हें जंगल से लकड़ी काटने की नियमित आज्ञा प्राप्त न थी (२२७)।

२. चामुंडा विन्ध्याचल प्रदेश की सबसे बड़ी देवी थी। बाण ने कादम्बरी में उसके मंदिर का विस्तृत वर्णन किया है। कालान्तर में चामुंडा की पूजा उत्तरी भारत के गाँव-गाँव में फैल गई। यह शबरनिषादसंस्कृति की रक्त-बलि चाहने वाली देवी थी।

३. भज्यमान भूरि खिल-क्षेत्र-खंडलकम् (२२७)। इसी वाक्य के एक अंश उच्छ-भाग भाषितेन (निर्णयसागर संस्करण) का कश्मीरी पाठ 'उच्छभागभाषितेन' है। संभव है यह उञ्छ भाग भाषितेन का अपपाठ हो। तब इसका यह अर्थ होगा कि किसान जंगल में कुदाली से जो नई धरती तोड़ रहे थे उसमें राजग्राह्य भाग रूप में सब धान्य दे देने के बाद केवल उञ्छ या सिलजा किसानों को मिलता था। 'उञ्छभाग भाषितेन' पाठ ठीक माना जाय तो अर्थ ऐसा होगा—किसान जोर-जोर से आवाज करते हुए धरती तोड़ रहे थे।

लोहे के तवे की तरह कड़ी थी। कुछ भी पैदा करने लिये किसानों को छाती फाड़ कर कुदाली भाँजनी पड़ती थी, वही उनका सहारा था। जगह-जगह पेड़ों के कटने से जो ठूंठ बचे थे वे फिर पत्तों का घना फुटाव लेने लगे थे। भूमि पर साँवां और छुईमुई (अलम्बुषा) का ऐसा घना जंगल छाया था और तालमखाने (कोकिलाक्ष) के चुप पैरों को ऐसे जकड़ लेते थे कि बोई हुई क्यारियों तक पहुँचना मुश्किल था ; उन्हें जोतना-बोना तो और भी कठिन था। आने जाने वाले कम थे, इसलिये पगडंडियाँ भी साफ दिखाई न पड़ती थीं। खेतों के पास ऊँचे मचान बँधे हुए कह रहे थे कि वहाँ जंगली जानवर लगते थे।

३. जंगल और बस्ती के मार्गों पर प्याउओं का विशेष प्रबन्ध था। ये प्याऊ क्या थीं पथिकों के ठहरने-आराम करने के विश्राम-गृह थे। पेड़ों के झुरमुट देखकर प्याऊ के स्थान बना लिए गए थे। बटोही वहाँ आते और नए पल्लवों की टहनी तोड़ कर पैरों की धूल झाड़कर छाया में बैठते थे। वहीं पर छोटी कुइंया खोदकर उसे नागफनी से घेर दिया गया था और दूर से पहचान कराने के लिये जंगली साल के फूलों के गुच्छे टांग दिये गए थे। कुइयां के पास ही प्याऊ की मड़ैया घने घास-फूस से छा ली गई थी। बटोहियों ने सत्तू खाकर जो शकोरे फेंक दिए थे उनपर जंगल की बड़ी नीली मक्खियाँ भिनभिना रही थीं। पास में ही राहगीरों ने जामुन खाकर गुठलियाँ डाल दी थीं। कहीं कदम्बों के फूलों से लदी हुई टहनियाँ तोड़कर धूल में फेंक दी गई थीं।

इन प्रपाओं के भीतर जल का प्रबन्ध बड़े शौक से किया गया था। घड़ौंचियों पर प्यास बुझाने के लिये छोटी लम्बोतरी मिट्टी की गगरियाँ रक्खी हुई थीं। उनके ऊपर काँटे जैसी बुंदकियों की सजावट बनी थी[1] (चित्र ८७)। बालू की बनी हुई कलसियों में से पानी रिसकर गीली पेंदी से टपकता हुआ पथिकों की थकान मिटाता था[2]। सिरवाल नामक गीली घास में लपेटे हुए अलिंजर या बड़े माटों का जल खूब ठंढा हो गया था[3]। जल रीता करके जल

१. यहाँ बाण ने कर्करी, कलशी, अलिंजर, उदकुम्भ और घट इन पाँच मिट्टी के पात्रों का उल्लेख किया है जो एक दूसरे से भिन्न होने चाहिएँ। कर्करी को करटकित कहा है। अहिच्छत्रा और हस्तिनापुर की खुदाई में मिले कुछ गुप्तकालीन पात्रों को देखने से 'करटकित' विशेषण की सार्थकता समझ में आती है। उनके बाहर की ओर सारी जमीन पर कटहल के फल पर उठे काँटों जैसा अलंकरण बना है जो यहाँ चित्र में दिखाया गया है। प्रभाकर वर्धन के धवलगृह में भी मचंक पर रक्खी हुई पानी से भरी बलुआ कर्करी का उल्लेख हुआ है (१५६), वही यहाँ अभिप्रेत है।

२. कलसी कर्करी से कुछ बड़ी ज्ञात होती है। इनमें पीने का पानी नहीं भरा था, बल्कि ये पौशाला में लटकाई रहती थीं और उनसे रिस रिस कर टपकता हुआ पानी पथिकों के सिर आदि अंगों की थकान मिटाता था।

३. अलिंजर महाकुम्भ या बड़ा माट था। बाण ने इसी का दूसरा नाम 'गोल' दिया है (१५६)। धवलगृह के वर्णन में गोलों को सरस शेवल में लपेटकर टांगा हुआ कहा गया है (सरसशेवल वलयित गलद्गोलयन्त्रके)। आज भी बड़े माटों को जिनमें कई घड़े पानी आता है पछिमी बोली में गोल कहते हैं। उनके चारों ओर बालू बिछाकर गीली सिरवाल घास लपेट देते हैं। इन्हीं में से ठंडा जल निकालकर छोटे पात्र में करके पिलाया जाता है।

कुम्भों में लाल शर्करा भरकर प्याऊ में रक्खी गई थी और (शरबत के लिये) थोड़ी-थोड़ी निकाली जा रही थी। उससे जो ठंडक उत्पन्न होती थी उससे ऐसा ज्ञात होता है मानों ग्रीष्म में शिशिर ऋतु आगई हो[1]। प्याऊ में कुछ घड़े ऐसे थे जिनके मुँह गेहूँ की नालियों या तिनकों के ढक्कन (कट) से ढके थे और उनके ऊपर ग्रीष्म में जल को सुवासित करने के लिये पाटल के फूलों की कलियाँ रक्खी गई थीं (घटमुखघटित कटहार-पाटलपुष्पपुटानाम्, २२८)[2]। भीतर थूनियों के सिरों पर बालसहकार के फलों की डालें झूल रही थीं और हरे पत्तों पर पानी का छींटा देकर उनके झुराते हुए फलों को ताजा रक्खा जा रहा था[3]। झुंड के झुंड यात्री प्याऊ में आकर विश्राम करते और पानी पी कर चले जाते थे। एक ओर अटवी की प्रवेश-प्रपाओं से आने वाली ठंडक से गर्मी कुछ कम हो रही थी। दूसरी ओर कोयला फूंकने के लिये लकड़ी के ढेरों में आग लगाकर अंगार बनाने वाले लुहार फिर उतनी ही तपन पैदा कर रहे थे (अंगारीयदारुसंग्रह दाहिभिः व्योकारैः, २२८)।

४. पड़ोसी प्रदेश में रहने वाले निकटवासी कुणबी लोग[4] सब ओर से जंगल में काष्ठ संग्रह के लिये आ रहे थे। वे अपने घरों में खाने का आटा-सीधा आदि सामान छिपाकर (स्थगित) रख आए थे और बुड्ढों को रखवाली के लिये बैठा आए थे। लकड़ी काटने के लिये कुल्हाड़ा भाँजने की जो कड़ी मेहनत थी उसे बरदाश्त करने के लिये अपने शरीर पर उन्होंने आवश्यक तेल आदि की मालिश कर रक्खी थी। उनके कन्धों पर भारी कुठार

१. यों भी पाटल शर्करा या लाल शक्कर जाड़े में ही बनाई और खाई जाती है। पाटल शर्करा का अर्थ कावेल ने लाल कंकर किया है और लिखा है कि उन्हें घड़े के ठंडे पानी में बोर कर बाहर निकालने से हवा ठंढी की जा रही थी। यह अर्थ घटता नहीं। वस्तुतः बाण ने स्वयं पाटल शर्करा (लाल शक्कर) और कर्क शर्करा (सफेद शक्कर) इन दोनों शब्दों का प्रयोग किया है (१५६)। वही अर्थ यहाँ अभिप्रेत है।

२. कश्मीरी प्रतियों का पाठ और निर्णयसागरीय संस्करण का पाठ भी 'कटहार' है और वही शुद्ध है, यद्यपि कठिन पाठ है। वस्तुतः बाण स्वयं लिख चुके हैं कि ग्रीष्म ऋतु में टटके पाटल पुष्पों की तेज सुगन्धि से पानीय जल सुवासित किया जाता था (अभिनवपटु पाटलामोद सुरभिपरिमलं जलं जनस्य पातुमभूदभिलाषो दिवसकर संतापात् ४६)। कट का अर्थ है गेहूँ की नाली या उससे बुनी हुई चटाई या पर्दा। नाली बुनकर ढक्कन बनाने का रिवाज अभी तक है। हार का अर्थ यहाँ कंठाभरण या माला न होकर, ले जाने वाला, रखने वाला (हरतीति हारः) ठीक है। पाटल पुष्प का पुट=तुरन्त की खिली कली या अभिनव पटु पाटल। पाटल पुष्प को सड़ने से बचाने के लिये जल के भीतर न डाल कर जल पर तैरते हुए तृण के ढक्कन पर रखकर जल को सुवासित करने की विधि की ओर बाण का संकेत है।

३. शीकरपुञ्जकिंपल्लवपूलीपाल्यमान-शोष्यसरसशिशुसहकारफलजूटीजटिल-स्थाणूनाम् (२२८)।

४. प्रातिवेश्यविषयवासिना नैकटिक कुटुम्बिकलोकेन। कुटुम्बिक का अर्थ कुटुम्बी भी हो सकता है (२२७) पर बाण के वर्णन में यह पारिभाषिक ज्ञात होता है जिसका अर्थ कुणबी जाति था।

रक्खे थे और गले में कलेवे की पोटली (प्रातराशपुट) बँधी लटक रही थी। चोरों के डर से बिचारों ने फटे कपड़े पहन रक्खे थे। उनके गले में काले बेंत की तिलड़ी माला लपेटी हुई थी और उसी से पानी की लम्बोतरी घड़ियाँ, जिनके मुँह में पत्तों की डाट लगी थी, लटकी हुई थीं[1]। लकड़ी लादने के लिये उनके आगे-आगे बैलों की जोड़ी चल रही थी।

५ जंगल में तरह-तरह के शिकारी थे। खूँखार बड़े जानवरों (श्वापद) का शिकार करने वाले व्याधे वन ग्राम के बाहर वाले जंगल में विचर रहे थे। उनके हाथ में पशुओं की नसों की डोरियाँ, जाल और फन्दे थे[2]। वन के हिंस्र जानवरों (साउजों) के शिकार में छुकने के लिये टट्टियाँ (व्यवधान) खूब मोटी लगाई गई थीं। शिकारी कूटपाशों की गेंडुरी बनाकर साथ में लिए थे[3]। दूसरी तरह के बहेलिये चिड़ियाँ फँसाने वाले शाकुनिक थे जो कंधे पर वीतंसक जाल या डला लटकाए थे जो उनके बालपाशिक आभूषण से उलझ-उलझ जाता था। उनके हाथों में बाज (ग्राहक), तीतर (क्रकर) और भुजंगा (कपिंजल) आदि के पिंजड़े थे। वे चिड़ियों की टोह में गाँव के आस-पास ही मंडरा रहे थे। उनके अलावा चिड़ीमारों के लड़के या छोटे चिरहटे (पाशिक-शिशु) बेलों पर लासा लगा कर गौरैया पकड़ने के ब्यौंत में इधर से उधर फुदक रहे थे। चिड़ियों के शिकार के शौकीन नवयुवक शिकारी कुत्तों को जो बीच-बीच में झाड़ी में से उड़ते हुए तीतरों की फड़फड़ाहट से बेचैन हो उठते थे पुचकार रहे थे।

६ गाँव के लोग वन की पैदावार के बोझ सिर पर उठाए जा रहे थे। कोई शीधु (सेहुँड़) की छाल का गट्ठा लिए था। किसी के पास धाय (धातकी) के[4] ताजा लाल

---

१. 'पत्रवीटावृतमुखैः पीतकुटैः' का पाठान्तर 'पत्र बीटक पिहित मुखैर्वोटकुटैः' भी है। पीतकूटैः पाठ अशुद्ध है। पीतकुटैः पाठ अर्थ की दृष्टि से तो शुद्ध है, पर मूलपाठ वोटकुटैः जान पड़ता है। यह कठिन पाठ था जिसे पीत कुटैः द्वारा सरल बनाया गया। बोट हिन्दी में अभी तक चालू शब्द है जिसका अर्थ लम्बोतरा कमचौड़े मुँह का मिट्टी का बर्तन है। बोट कुट = लम्बोतरा कम चौड़े मुँह का घड़ा। इस प्रकार की बोट अजन्ता गुफा १ में चित्रित है [ओंधकृत अजन्ता, फलक ३९, 'बुद्ध की उपासना करती हुई स्त्रियाँ' चित्र में ऊपर दीवालगिरी में लम्बोतरा पात्र 'वोटकुट' है।] (चित्र ८८)।

२. गृहीत मृगतन्तुतंत्री-जालवलय-वागुरैः। मृगतंतु तंत्री = पशुओं के तन्तु या स्नायुओं की बनी तंत्री या डोरी। मिलाइए पृ० २५५ पर जीवबन्धनपाशतंत्रीतन्तवः।

३. श्वापद-व्यधन-व्यवधानबहलीसमारोपित-कुटीकृतकूटपाशैः; इस समास में कई पद पारिभाषिक और गूढ हैं। श्वापद = हिंस्रजन्तु, व्यधन = भोंकना, छेदना, अथवा शिकार। व्यवधान का अर्थ पर्दा है; यहाँ उसका ठीक अर्थ वे टट्टियाँ हैं जिन्हें शिकारी छुकने के लिये रखते हैं। बहल का अर्थ मोटा या घना; बहलीसमारोपित मोटी या घनी लगाई हुई। तात्पर्य यह कि बड़े जानवर के शिकार के लिये मोटी छुकने की टाटी लगाई थी और जमीन में मजबूत खूटियों से गाड़ेजाने वाले जाल लगे थे। हिरन आदि के लिये मामूली जाल या रस्सियों के फन्दे थे।

४. धातकी = गेरु एरंग के (धातु त्विप्) धाय के फूल जिनसे चमड़े का कस्सा बनाते हैं और औषधि के काम लाते हैं।

फूलों की बोरियाँ थीं। कई लोग रुई, अलसी, सन के मुट्ठों का बोझ लिए थे[1]। शहद, मोम, मोरके पिच्छ, खस (लामज्जक), कत्थे की लकड़ी, कूठ[2] और लोध के भार सिरोंपर उठाए हुए बोझिए जा रहे थे।[3]

७. जंगली फल बीनकर उन्हें बेचने की चिन्ता में जल्द-जल्दी डग रखती हुई गँवई स्त्रियाँ (ग्रामेयिका) आस-पास के गाँवों को जा रही थीं।

८. जंगल के कुछ हिस्से में झूम की खेती थी जहाँ सम्भवतः आदिम वासी हल के विना सिर्फ कुदाली से गोड़ते थे। लेकिन कुछ हल-बैल की खेती करने वाले किसान भी थे। उनके पास तगड़े बैलों की जोटें थीं। वे पुराने खाद-कूड़े के ढेर उन लढिया गाड़ियों पर जिनके डगमग पहिए घिसटते हुए चूं-चूं कर रहे थे और कूड़े-धूल से लथपथ जिनके बैलवान बैलों को ललकार रहे थे, लादकर उन रूखे खेतों में ले जाकर डाल रहे थे जिनकी उपजाऊ शक्ति कम होगई थी[4]।

९. गन्नों के खूब लहलहाते हुए चौड़े विश्रास वाले पौधों से भरे हुए ईख के बाड़े गाँव की हरियाली बढ़ा रहे थे। खेतों के रखवाले जब गन्नों में छिपे हुए हिरनों को ताक कर बैलों के हाँकने का डंडा उनकी ओर चलाते तो हिरन छलांग मार कर ऊँची बाँसों की बाड़ के उस पार निकल जाते थे। जंगली भैंसों के लम्बे हड्ड खेत में बिजूके की तरह गाड़े गए थे; उनसे डरे हुए खरहे गन्ने के ऊँचे अंकुरों को ही कुतर डालते थे[5]।

१०. वन ग्राम के घर एक दूसरे से काफी फासले पर (अति विप्रकृष्टान्तर) थे। उनके चारों ओर मरकत के जैसे चिकने हरे रंगवाली सेहुँड (स्नुहा) की बाड़ लगी थी। धनुष बनाने के योग्य कड़े पतले बाँसों की बँसवारी पास में उग रही थी। करंजुए के काँटेदार वृक्षों की पंक्ति में रास्ता बनाकर घुसना मुश्किल था। एरंड, बचा, वंगक (बैंगन) तुलसी, सूरण कन्द, सोंहिजन (शिग्रु), गंठिवन (ग्रन्थि पर्णी), गरबेरुआ (गवेधुक) और मरुआ धान (गर्मुत्) के गुल्म घरों के साथ लगी हुई बारियों (छोटी बगीचियों) में भरे हुए थे[6]। ऊँची वल्लियों पर चढ़ाई हुई लौकी की बेलें फैलकर छाया दे रही थीं। बेरी के गोल मंडपों के नीचे खैर के खूँटे गाड़कर बछड़े बाँध दिए गए थे[7]। मुर्गों की

१. पिचव्य = रुई। अतसीगणपट्टमूलक की जगह अतसी-शणपूलक भी पाठ है।
२. कुष्ठ = कूट। एक प्रकार का पौधा जिसकी जड़ सुगन्धि और औषधि के काम आती है। भारतवर्ष का कूठ का व्यापार प्राचीन काल में प्रसिद्ध था।
३. बाण ने तीन प्रकार के बोझों के लिये तीन शब्द प्रयुक्त किए है—संभार = गाड़ी का बोझा; भार = सिर का बोझा; भारक = जानवर पर लदा हुआ बोझा।
४. युक्तशूरशकुरशाक्वराणां पुराणपांसूत्किरकरीषकूटवाहिनीनां धूर्गतधूलिधूसरसैरिभ सरोषस्वरसायार्माणानां संक्रीडच्चटुलचक्रचीत्कारिणीनां शकटश्रेणीनां संपातैः संपाद्यमान-दुर्बलोर्वीविरूक्ष क्षेत्रसंस्कारम् (२२९)।
५. शृंग पाठ अशुद्ध है, कश्मीरी पाठ शुंग है।
६. उरुबक = अरंड। वंगक = कोई साग (शंकर; शिवदत्तकृत शिवकोष के अनुसार बैंगन)। सुरस = तुलसी। सूरण = जिमीकंद। शिग्रु = सोंहिजन (शोभाजंन)। गवेधुका = इसे गरबेरुआ या गंडहेरुआ भी कहते हैं, इसका चावल खाया जाता है।
७. परिमंडलबदरीमंडपकतल-निखात खदिर कील बद्धवत्सरूपैः (२२९)। कील = खूंटा। वत्सरूप = वच्छरूअ = बाछरू। रूप = पशु।

कुकुड्डूकूं से पहचान मिलती थी कि घर कहाँ-कहाँ बसे हैं। आँगन में लगे अगस्त्य वृक्ष के नीचे चिड़ियों को चुग्गा खिलाने और पानी पिलाने[1] की हौदियाँ बनी हुई थीं और लाल-लाल बेरों की चादर सी बिछी थी। घरों में दीवारें बाँस के फट्टे, नरकुल और सरकंडों को जोड़ कर बना ली गई थीं[2]। कोयले के ढेरों पर बबई (बल्बज) घास से मँडवे छाए थे जिन पर पलाश के फूल और गोरोचना की सजावट थी। उन घरों में चतुर गृहस्थिनों ने कई तरह की काम की चीजें बटोर कर रख छोड़ी थीं, जैसे सेमल की रुई, नलशालि[3], कमल की जड़ (कमल ककड़ी; शालूक), खंडशर्करा, कमल के बीज (मखाने), बाँस, तंडुल, और तमाल के बीज। चटाइयों पर गम्भीरी[4] के ढेर (जड़, पत्ती फल आदि) सूख रहे थे जो धूल पड़ने से कुछ मटमैले लग रहे थे। खिरनी (राजादन) और मैनफल (मदन फल) सुखाकर रक्खे गए थे। महुए का आसव और चुआया हुआ मद्य प्रायः हर घर में मौजूद था। प्रत्येक घर में कुसुम्भ, कुम्भ और गंडकुसूल भी थे[5]। अटवी कुटुम्बियों के उन घरों में रवाँस (राज माष), खीरा (त्रपुष), ककड़ी, कोंहड़ा और लौकियों के बीजों से बेलें चल रही थीं। घरों में बनबिलाव, नेवले, मालुधान और शालिजात (अज्ञातवनपशु) के बच्चे पले हुए थे। इस प्रकार के वनग्राम को देखकर हर्ष का मन प्रसन्न हुआ और उसने वहीं वास किया (२३०)।

१. पक्षिपूपिकावापिका से पहले कश्मीरी पाठ में क्षिप्र शब्द है, जिसका पाठ क्षिप्त भी हो सकता है—(कणे)।

२. वेणु पोट = बाँस के चिरे हुए फट्टे। पोट = शकल (शंकर)।

३. नल-शालिः शालिभेदः (शंकर)। सम्भव है नलशालि का अर्थ नरसल हो जिसे नरकुल भी कहते हैं।

४ काश्मर्य = गम्भारी (Gmelina arborea) एक बड़ा पेड़ जिसकी जड़ औषधि या रसायन में काम आती है। इसकी गिनती दशमूल में की जाती है। पत्ती मूत्ररोग में और फल ज्वरौषधि में काम आते हैं।

५. कुसुम्भ को कुसुम्भ का फूल मानकर टीकाकार अर्थ स्पष्ट नहीं कर सके। वस्तुतः यहाँ कुसुम्भ का अर्थ जल का छोटा पात्र है। दे० मानिअर विलियम्स् कृत संस्कृत कोश, कुसुम्भ = The water pot of the student and sanyasin।) कुम्भ = धान्य रखने का नाद (तुलना कीजिए, कुसूल धान्य को वा स्यात् कुम्भीधान्यक एव वा, मनु) गण्डकुसूल, यह शब्द महत्त्व पूर्ण है। करीब दो ढाई फीट व्यास की छः इंची ऊँची मिट्टी की चकरिओं या माँडलों को ऊपर नीचे रखकर गण्डकुसूल बनाया जाता था। अहिच्छत्रा के देहातों में पूछने पर ज्ञात हुआ कि ये अभी तक बरते जाते हैं, और 'गाँड' कहलाते हैं; जैसे बंगाल में उन्हें मंडल से मांडल कहा जाता है। अंगरेजी में इन्हें ring-wells कहा गया है। अहिच्छत्रा, हस्तिनापुर, राजघाट आदि प्रायः सभी प्राचीन स्थानों की खुदाई में इस प्रकार के गंडकुसूल पाए गए हैं। पकाई मिट्टी की इन चकरियों का प्रयोग धान्यकुसूल, अस्थायी जलकूप, और संडास 'गूथकूप' इन तीनों कामों के लिये गृहवास्तु में होता था। (चित्र ८९)।

अठवाँ उच्छ्वास

वन ग्राम में रात बिताकर हर्ष ने दूसरे दिन विन्ध्याटवी में प्रवेश किया और बहुत दिनों तक उसमें इधर से उधर घूमता रहा (आट च तस्यामितश्चेतश्च सुबहून् दिवसान्), पर राज्यश्री का कुछ समाचार न मिला। एक दिन जब वह व्याकुलता से भटक रहा था, आटविक सामन्त शरभकेतु का पुत्र व्याघ्रकेतु एक शबरयुवक को साथ लेकर हर्ष से मिलने आया। अटवी या जंगल प्रदेश के जो राजा थे वे आटविक सामन्त कहलाते थे। समुद्रगुप्त ने अपने प्रयागस्तम्भ लेख में लिखा है कि उसने सकल आटविक राजाओं को अपना परिचारक बना लिया था (परिचारकीकृत सर्व्वाटविकराजस्य)। इसकी राजनीतिक व्याख्या यह ज्ञात होती है कि आटविक राजाओं का पद सामन्त जैसा माना गया था, और जैसे अन्य सामन्त दरबार के समय सेवाचामरग्रहण, यष्टिग्रहण आदि सेवाएँ बजाते थे, वैसे ही आटविक राजा भी उस पद पर नियुक्त होते थे। समुद्रगुप्त के लेख से यह भी विदित होता है कि अटवी राज्य और महाकान्तार ये दोनों भौगोलिक प्रदेश थे। भारतीय मानचित्र पर इनकी पहचान इस प्रकार जान पड़ती है। पश्चिम में चम्बल से लेकर सिन्ध-बेतवा-केन के मध्यवर्ती प्रदेश को शामिल करके पूरब में शोण तक आटविक राज्यों का सिलसिला फैला था। उन्हीं के भौगोलिक उत्तराधिकारी अभी कल तक बुंदेलखंड और बघेलखंड के छोटे-छोटे रजवाड़े थे। इसके दक्षिण में घने जंगलों की जो चौड़ी मेखला है वही महाकान्तार का प्रदेश होना चाहिए। इसका पश्चिमी भाग दण्डकवन और पूरबी महाकान्तर कहलाता था। ये भौगोलिक नाम हर्ष के समय में भी प्रचलित थे। विन्ध्याचल के उत्तर में आटविक राज्य था और उससे दक्षिण में दण्डकवन-महाकान्तार का विस्तार था।

शबर युवक का नाम निर्घात था। वह समस्त विन्ध्याचल के स्वामी और सब शबर-बसतियों के नेता शबर सेनापति भूकम्प का भान्जा था। विन्ध्याचल के जंगल के पत्ते-पत्ते से वह परिचित था, भूमि की तो बात ही क्या (२३२-२३३)। वह शबर-युवक चलता-फिरता काला पहाड़ (अंजनशिलाच्छेदमिव चलन्तम्) (२३२) और खराद पर उतारा हुआ लोहे का खम्भा था (यन्त्रोल्लिखितमश्मसार स्तम्भमिव, २३२)। यह उल्लेख महत्त्वपूर्ण है क्योंकि बाण से लगभग दो ही शती पूर्व मेहरौली की लोहे की लाट बन चुकी थी। ढलाई के बाद उस तरह की लाट खराद पर चढ़ा कर गोल और साफ की जाती होगी यही 'यन्त्रोल्लिखित' पद से सूचित होता है। निर्घात के पक्ष में भी यन्त्रोल्लिखित विशेषण सार्थक था। उसके शरीर का मध्यभाग इस प्रकार गोल था मानों खराद पर उतारा गया हो (प्रथमयौवनोल्लिख्यमानमध्यभाग, २३२)। कालिदास ने भी चौड़ी छाती के नीचे गोल कटि प्रदेश के लिये खराद पर उल्लिखित होने की कल्पना है (रघुवंश ६।३२)। यह गुप्त काल के शारीरिक सौन्दर्य का आदर्श था और शिल्पगत मूर्तियों में चरितार्थ पाया जाता है।

बाण ने शबरयुवक का अत्यन्त सजीव चित्र खींचा है। एक समय शबर या सौर जाति विन्ध्याचल के जंगलों में खूब छाई हुई थी। यह सारा प्रदेश शबरों के अधीन था।

महाकोसल और कलिंग प्रदेश तक उनका विस्तार था। अजन्ता की पहली गुफा के द्रविड राज और नागराज दृश्य में नागराज के पीछे तलवार लिये हुए जो व्यक्ति खड़ा है वह शबर ही है। 'उसके ऊँचे माथे के चारों ओर काले केशों का घेरा-सा खिंचा हुआ था। उसकी नाक चपटी और बीच में नीची थी, ठुड्डी मोटी और छोटी थी, अधर चिपटा था, गाल की हड्डी अधिक उभरी हुई थी, और जबड़े चौड़े थे।' ये सब लक्षण अजन्ता के चित्र में स्पष्ट दिखाए गए हैं (औंधकृत अजन्ता, फलक ३३)। उसकी तनी भौंहों के बीच में त्रिशाख (त्रिशूल) सा बना था। यह लक्षण भी चित्र में साक्षात् उपलब्ध है। (चित्र ६०)

उसके कान में सुग्गे का हरा पङ्ख खोंसा हुआ था। नीचे पाली में वह कच्चे शीशे का बाला पहने था[1]। काचर काच का उल्लेख भैरवाचार्य के वर्णन में भी पहले आ चुका है (१०३)। उसके नेत्रों में स्वाभाविक लाली थी, बरौनियाँ कम थीं, और आँखों में कुछ चिपचिपापन था। गर्दन एक ओर को कुछ झुकी (अवाग्र) थी, जैसा अजन्ता के ऊपर लिखे चित्र में भी है, और कंधा कुछ लटका हुआ (स्कन्न) था। उसकी छाती चौड़ी और भुजाएँ लम्बी थीं। कलाई में सूअर के बालों में लपेटी हुई नागदमन नामक विषहर औषधि की गुच्छियाँ बँधी थीं और गोदन्ती मणि से जड़ा हुआ राँगे का कड़ा पड़ा था[2]। उसका उदर छटा हुआ, किन्तु द्रुंडी उभरी हुई थी[3]। उसकी चौड़ी कमर में छोटी तलवार (कृपाणी) बँधी थी जिसकी मूँठ सींग की थी और मुहनाल पर पारा चढ़ा हुआ था। वह कटारी दुमुही साँप की खाल की दो पट्टियों से बनी म्यान में रक्खी हुई थी, जिस पर चीते के चमड़े के चकत्ते काट कर शोभा के लिये लगाए गए थे। म्यान के ऊपर औंधेमुँह लटकते हुए मृगचर्म की परतली ढकी थी[4]। उसकी पीठ पर धौंकनी की आकृति का रीछ के चमड़े का बना तरकस बँधा था, जिसके ऊपर की ओर के घने भौंराले काले बाल बाघ के चितकबरे चमड़े से ढके थे[5]। बाँस की तरह ठोस

१. पिनद्ध काचरमणि कर्णिकेन श्रवणेन, २३१।

२. गोदन्तमणिचित्रन्नापुषं वलयं बिभ्राणम्। छोटी जातियों में अभी तक राँगे या गिलट का जेवर पहनने का व्यापक रिवाज है। शंकर ने गोदन्त का अर्थ एक तरह का साँप किया है। श्री कर्णे ने गोदन्ती हरताल की बनी गुरिया अर्थ किया है, जो ठीक जान पड़ता है।

३. तुण्डिभम् (२३२)। जंगली जातियों में टूँडी बड़ा होना सुन्दरता का चिह्न माना जाता है।

४. तलवार या कटार के फल का ऊपरी भाग (मस्तक) हिन्दी में मुँहनाल और नोक का भाग तहनाल कहलाता है। मुहनाल की तरफ मूंठ जड़ी जाती है। उसीका वर्णन यहाँ किया गया है। अहीरमणीचर्मनिर्मितपट्टिकयोः चित्रचित्रकत्वकृतारकित परिवारया संकुब्जाजिनजालकितया शृंगमयमसृणमुष्टिभागभास्वरया पारदरसलेशलिप्त समस्तमस्तकया (२३२) अहीरमणी = द्विक्तु अर्थात् दुमुही सांपिन। परीवार = खड्गकोश (अमर, ३।१६९), म्यान। अब मूल में परिवार पाठ है जो किसी समय परीवार रहा होगा अमरकोष के अनुसार म्यान के लिये परीवार शब्द गुप्तकाल में चल चुका था। जालकित = ढकी हुई। संकुब्ज शब्द का अर्थ कोषों में स्पष्ट नहीं है। मैंने उसका अर्थ औंधे मुँह—गर्दन नीचे पूँछ ऊपर—इस प्रकार लटकाए हुए मृगचर्म किया है। म्यान के लिए परतलीका प्रयोग स्वाभाविक था।

५. अच्छभल्लचर्ममयेन भल्लीप्रायप्रभूतशरभृता शबलशार्दूलचर्मपटपीडितेन अलिकुल कालकम्बलश्लोम्ना पृष्ठभागभाजा भस्त्राभरणेन (२३२)। धौंकनीजुमा तरकश के लिये दे० चित्र ६७।

और तगड़ी बाँह पर मोरपित्त से फूलपित्तयों का गोदना गुदा था[1]। भुजा के निर्माण में नस नाड़ियों की तारकशी ऐसी लगती थी मानों खैर की जटाएँ एक साथ बटी गई हों[2]। बाँह का ऊपरी तिहाई भाग चहे के पंखों से सुशोभित था। बाँए कन्धे पर धनुष रक्खा हुआ था। उसकी निचली कोर के नुकीले भाग द्वारा कंठ छेद कर उसमें एक तीतर लटकाया हुआ था जिसकी चोंच के भीतर का ऊपरी लाल तालु दिखाई पड़ रहा था। खरहे की एक टाँग की लंबी हड्डी (नलक) तेज बाण की धारा से घुटने के पास काटकर, दूसरी टाँग की पिंडली पहलेकी नलकी में पिरो देने से जो कमान्चा बन गया था उस में अपनी बाँह का अग्र भाग डालकर उसने खरहा भुजापर टाँग लिया था। नाक से बहते हुए लाल रक्त से सना हुआ खरहे का सिर नीचे की ओर लटक रहा था और झूलते हुए शरीर के खिंच जाने से सामने की ओर पेट पर के मुलायम सफेद रोओं की धारी साफ दिखाई देती थी। खरहा और तीतर उसके शिकार की बानगी की मूठ से जान पड़ते थे[3]। दाहिने हाथ में घोर विष से बुझी हुई नोकवाला बाण[4] था, मानों पूंछ से पकड़ा हुआ काला नाग हो। वह शबर-युवा क्या था मानों विन्ध्य की खान से गलता हुआ लोहा निकल रहा था, मानों चलता-फिरता तमाल का वृक्ष था। वह हिरनों के लिये कालपाश, हाथियों के लिये ज्वर, सिंहों के लिये धूमकेतु, भैंसों के लिये महानवमी (विजयादशमी से पूर्व दुर्गानवमी) का उत्सव था। वह साक्षात् हिंसा का निचोड़, पाप का फल, कलिकाल का कारण, कालरात्रि का पति जैसा लग रहा था (२३२)।

शबर युवक ने पृथिवी पर मस्तक रखकर हर्ष को प्रणाम किया एवं तीतर और खरगोश की भेंट सामने रक्खी। सम्राट् ने आदरपूर्वक पूछा—'भाई, तुम इस समस्त प्रदेश से परिचित हो और इन दिनों यहाँ घूमते रहे हो। क्या सेनापति या उसके किसी अनुचर के देखने में कोई सुन्दर स्त्री इधर आई है?' निर्घात ने इस प्रश्न से अपने को धन्य मानते हुए प्रणामपूर्वक कहा—'देव, इस स्थल में सेनापति की जानकारी के बिना हिरनियाँ भी नहीं विचरतीं, स्त्रियों की तो बात ही क्या? ऐसी कोई स्त्री नहीं मिली। फिर भी देव की आज्ञा से इस समय सब काम छोड़ कर

---

१. प्रचुरमयूरपित्तपत्रलता चित्रितत्वचि त्वचिसारगुरुणि दोषि (२३२)।

२. 'खदिर जटा निर्माणो' पद को बाहु के विशेषण के रूप में वजन से समझने का प्रयत्न किया गया है।

३. अवाक्शिरसा शितशरकृत्तैकनलकविवरप्रवेशितेतरजंघाजनितस्वस्तिकबन्धेन बल्भूक-लोहितरुधिरराजिरंजितघ्राणावर्त्मना वपुर्वितत्यिव्यक्तविभाव्यमानकोमलक्रोडरोमशुक्लिम्ना शशेन शिताटनी शिखाग्रग्रथितग्रीवेण चापावृत्तचंचूत्तानताम्रतालुना तित्तिरिणा वर्णकमुष्टि मिव मृगयाया दर्शयन्तम्, २३२। वर्णक मुष्टि का अर्थ कावेल और कत्थे ने रंगों या उबटन की मुट्ठी किया है। वस्तुतः इस प्रसंग में वर्णक का अर्थ नमूना या बानगी है और वर्णकमुष्टि का अर्थ बानगी की मूठ है। किसी बड़े ढेर में से जैसे बानगी की मुट्ठी भरी जाती है, वैसे ही खरहे तीतर उसके भारी आखेट की बानगी थे। 'शितशरकृत्तै कनलक, विवरप्रवेशितेतरजंघाजनितस्वस्तिकबन्धेन पद में नलक और जंघा पद सार्थक हैं। घुटने से ऊपर की हड्डी का भाग नलक और नीचे का जंघा कहा गया है। एक पैर की पिंडली दूसरे की पोली नलकी में फँसाकर खरहा स्वस्तिक आसन की मुद्रा में आगया था जिससे उसे बांह पर टांगलेने में आसानी हो गई थी।

४. विवर्ण की जगह कश्मीरी प्रतियों में विकर्ण पाठ है जिसका अर्थ है बाण यही समीचीन पाठ था।

ढूँढने का प्रयत्न किया जा रहा है। यहाँ से एक कोस पर[1] पहाड़ की जड़ में वृक्षों के घने झुरमुट में भिक्षावृत्ति से निर्वाह करने वाला (पिण्डपाती) दिवाकरमित्र नामक पाराशरी भिक्षु अनेक शिष्यों के साथ रहता है. शायद है उसे खबर लगी हो।'

यहाँ बौद्ध भिक्षु दिवाकर मित्र को पाराशरी कहा गया है, यह महत्त्वपूर्ण है। पाराशरी भिक्षुओं का सबसे पहला उल्लेख पाणिनि में (४।३।११०) है। वहाँ कहा है कि जो पाराशर्य (पाराशर के पुत्र) के कहे हुए भिक्षुसूत्रों का अध्ययन करते थे वे पाराशरी भिक्षु कहलाते थे। विद्वान् लोग भिक्षु सूत्रों से पाराशर्य व्यास के वेदान्त सूत्र प्रायः समझते रहे हैं। वेदान्त सूत्रों का अध्ययन करने वाले भिक्षु पाराशरी होने चाहिएँ। किन्तु यहाँ बाण के समय में तो स्पष्ट ही बौद्धमतानुयायी दिवाकरमित्र को पाराशरी कहा गया है। पूर्व में यह भी आ चुका है कि पाराशरी लोग कमंडलु के जल से हाथ पैर धोकर चैत्यवंदन करते थे (८०)। [illegible] कहा है कि [illegible] करने वाला पाराशरी संसार में दुर्लभ है[2]।

तादात्म्य और दृष्टिकोण का सादृश्य रहा हो। अन्तिम तत्त्व के विषय में भी दोनों का एकमत होना सम्भव है। कम से कम शंकराचार्य के पूर्ववर्ती और उनके दादागुरु श्री गौड़पादाचार्य की स्थिति बहुत कुछ इसी प्रकार की थी जिन्होंने बौद्ध दर्शन के तत्वों का जैसा प्रतिपादन वेदांत में किया है। वे खुले शब्दों में 'द्विपदां वर' और 'संबुद्ध भगवान् बुद्ध' के प्रति अपनी आस्था प्रकट करते हैं[3]। गौड़पाद का दर्शन नागार्जुन के शून्यवाद के बहुत नजदीक है। गौड़पाद और बौद्ध दार्शनिकों के बीच में पूरा तादात्म्य ज्ञात होता है। यह स्थिति सातवीं शती में थी जब बाण हुए। सम्भवतः बाह्य आचार-विचार में बौद्ध भिक्षु और पाराशरी भिक्षु एक-सा व्यवहार करते हों। इसी से बाण ने पाराशरी भिक्षुओं को भी बौद्धों की भाँति चैत्य पूजा करते हुए लिखा है। बाण के युग में वेदान्त दर्शन के माननेवालों का पृथक् अस्तित्व इसी नाम से न था, किन्तु गौड़पाद की तरह वे लोग उपनिषदों का आश्रय लेकर चले थे। दिवाकर मित्र के आश्रम में बाण ने जहाँ सब दार्शनिकों का परिगणन किया है वहां कापिल (सांख्य) काणाद (वैशेषिक), ऐश्वरकारणिक (नैयायिक), साप्ततान्तव (मीमांसक) इन चार आस्तिक दर्शनों के अतिरिक्त औपनिषद अर्थात् उपनिषदों के अनुयायी दार्शनिकों का भी उल्लेख किया है।

१. अर्धगव्यूतिमात्रे (२३३)। गव्यूति = २ कोस (क्रोश युग, या २००० धनु। १ कोस = १००० धनु। १ धनु = ४ हाथ या २ गज या ६ फुट। अतएव १ कोस या अर्ध गव्यूति = ६०० फुट या २०० गज। दूरी की लम्बाई का यह मान मनु का चलाया हुआ मान कहलाता था प्रजापति का कोस इससे कुछ बड़ा २५०० गज का था जो खेतों की नाप के काम में आता था। (शुक्रनीति)।

२. पाराशरी ब्राह्मण यः जगति दुर्लभः (१८१)।

३. राहुल सांकृत्यायन, दर्शन दिग्दर्शन, पृष्ठ ८०८ ; श्री पं० बलदेव उपाध्याय, भारतीय दर्शन, पृ० ४१२—१४।

अवश्य ही इसका संकेत उनकी ओर होना चाहिए जो गौड़पाद की भांति उपनिषद् और बादरायण की परम्परा के अनुयायी थे। हर्षचरित के टीकाकार शंकर ने औपनिषद पद का अर्थ वेदान्तवादी किया है। गौड़पाद से ही मायावाद का आरम्भ माना जाता है। उनकी दृष्टि में माया कल्पित यह जगत् स्वप्न है तथा गन्धर्व नगर की तरह असत्य है। गौड़पद के इस दृष्टिकोण को ब्राह्मण धर्म के मुख्य अनुयायी पांचरात्र और भागवत उस समय कदापि स्वीकार नहीं कर सकते थे। उनका दृष्टिकोण भक्ति प्रधान था जिसमें वासुदेव या विष्णु की भक्ति ही जीवन की प्रेरणा का मूल स्रोत थी। यद्यपि इस युग के धार्मिक मतवाद और उनके सबंधों की पूरी जानकारी हमारे पास नहीं है और ज्ञात होता कि पारस्परिक प्रतिक्रियाओं को जानने की बहुत-सी कड़ियाँ अब लुप्त हो चुकी हैं, फिर भी कुछ ऐसी ही परिस्थिति में पाराशरी या वेदान्तवादी ब्राह्मण धर्म के बाह्य विश्वासों का विरोध करते रहे होंगे।

दिवाकरमित्र मैत्रायणी शाखा का ब्राह्मण कहा गया है जिसने युवावस्था में ही चित्त-वृत्तियों की एकाग्रता प्राप्त कर लेने से प्रव्रज्या ग्रहण करके बौद्ध भिक्षुओं के गेरुए वस्त्र धारण कर लिए थे। दिवाकर मित्र स्वर्गीय ग्रहवर्मा का बालपन का मित्र था और कई बार हर्ष उसकी प्रशंसा सुनकर उससे भेंट करने की बात मन में ला चुका था। अब अचानक इसका प्रसंग आया जान कर वह प्रसन्न हुआ और निर्घात से दिवाकरमित्र के आश्रम का मार्ग दिखाने की आज्ञा दी।

विन्ध्याटवी के प्रसंग को आगे बढ़ाते हुए बाण ने जंगलों में होने वाले वृक्षों का वर्णन किया है। इस समय तक हर्ष घने जंगल के भीतर आ गए थे। इस वर्णन में निम्नलिखित वृक्षों का उल्लेख है—कर्णिकार, चम्पक, नमेरु, सल्लकी (नलद), नारिकेल, नागकेसर (हरिकेसर), सरल, कुरबक, रक्ताशोक, बकुल, केसर, तिलक, हींग, सुपारी, प्रियंगु, सुचुकुन्द, तमाल, देवदारु, नागवल्ली (तांबूली), जामुन, जम्भीरी नींबू (जंबीर), धूलिकदम्ब[1] (गरमी में फूलने वाला विशेष प्रकार का कदम्ब), कुटज, पीलु, शरीफा (सदाफल), कट्फल (कटहल), शेफालिका, लवलीलता, लकुच (बड़हर), जायफल (जातिफल)।

इसी प्रसंग में कुछ पक्षियों और पशुओं का भी उल्लेख है। जैसे, 'कुछ ही दिनों की ब्याई हुई वनकुक्कुटी कुटज के कोटर में बैठी थी। गौरेय्या चुडकलों को उड़ना सिखाते समय चूं-चूं करके शोर मचा रही थी। चकोर अपनी सहचरी को चोंच से चुग्गा दे रहा था। भुरुण्ड पक्षी पके पीलुओं के फल निश्शंक खा रहे थे। तोतों के बच्चे शरीफे और कटहल के कच्चे फलों को निठुरता से कुतर कर गिरा रहे थे। चट्टानों पर खरगोश के बच्चे सुख से सोए हुए थे। छिपकली के छोटे बच्चे शेफालिका की जड़ों के सूराखों में घुस रहे थे। रंकु नामक मृग निडर घूम रहे थे। नेवले आपस में धमाचौकड़ी मचा रहे थे। कोयल नई फूटी हुई कलियों का आहार कर रही थी। चमूरु हिरनों के झुरुण्ड आम की झुरमुट में बैठे हुए जुगाली कर रहे थे। नीलांडज मृग सुख से बैठे थे। दूध पीते हुए नीलगाय के बच्चों को पास में बैठे भेड़िये कुछ कहे बिना देख रहे थे। कहीं गिरिनिर्झरों के पास खड़े हाथियों के झुरुण्ड ऊंघ रहे थे। कहीं रुरु हिरन किन्नरियों के संगीत का आनन्द ले रहे थे, तेंदुए उन्हें देखकर प्रसन्न हो रहे थे। हरी हल्दी की जड़ खोदते हुए सूअरिआ के बच्चों की थूथड़ियां रंग गई

१. वनग्राम के वर्णन में धूलिकदम्ब के गुच्छों का उल्लेख आ चुका है (२२८)।

थीं। झाऊ चूहे गुंजा वृक्षों के कुंजों में गूंज रहे थे। जायफल के नीचे शालिजातक नामक पशु सोए थे। लाल ततैयों के डंक मारने से कुपित हुए बंदरों ने उनके छत्तों को नोच डाला था। लंगूर बड़हल के फल खाने के लिए लवली लताओं के इस पार से उस पार कूद रहे थे।' (२३४-२३५)।

इस प्रकार बाण का यह वर्णन कुछ तो उसके स्वयं गहरे निरीक्षण का परिणाम है और कुछ सांचे में ढले हुए वन वर्णनों की शैली पर है।

दिवाकरमित्र के आश्रम में कमंडलु, भिक्षापात्र और चीवर वस्त्रों के अतिरिक्त बाण ने उन पकाई हुई मिट्टी की लाल मुहरों (पाटल मुद्रा) का भी उल्लेख किया है जिन पर चैत्य या स्तूप की आकृतियाँ बनी होती थीं। इस प्रकार की मोहरों का यह उल्लेख स्वागत के योग्य है। प्राचीन बौद्ध स्थानों की खुदाई में इस प्रकार की चैत्यांकित मिट्टी की मोहरें भारी संख्या में पाई गई हैं। उन पर बीच में एक या अधिक स्तूप बने रहते हैं और प्रायः बौद्धों का 'येधर्माः हेतुप्रभवाः' मन्त्र एक बार या अनेक बार लिखा रहता है[1]। दर्शनार्थी लोग इस प्रकार की मोहरें अपने साथ लाते और पूजा में चढ़ा देते थे। जैसा बाण ने लिखा है वे एक किनारे पर ढेर कर दी जाती थीं (निकट कुट्टीकृत पाटलमुद्रा चैत्यक मूर्तयः, २३५)। (चित्र ६१)।

आश्रम निकट आया जानकर हर्ष घोड़े से उतर पड़ा और पहाड़ी नदी के जल में हाथ मुँह धोकर अश्वसेना को वहीं छोड़ माधवगुप्त के कंधे पर हाथ रख कर पैदल ही चला। वहाँ उसने वृक्षों के बीच में दिवाकरमित्र को देखा और दूर से ही उसे आदरपूर्वक प्रणाम किया। बाण ने दिवाकरमित्र और उसके आश्रम के वर्णन में अपने समकालीन बौद्ध धर्म सम्बन्धी अनेक अभिप्रायों और संस्थाओं का उल्लेख किया है। इन्हें हम चार भागों में बाँट सकते हैं, १. भिक्षु २. तत्त्व चिन्तन की विधियाँ ३. बौद्ध धर्म का विशेष प्रचार और ४. दिवाकर मित्र के रूप में उस युग के एक बड़े महन्त का वर्णन। सबसे पहले उन अनेक दार्शनिकों, सम्प्रदायों और भिक्षुओं के नाम हैं जो उस समय के धार्मिक आन्दोलन में प्रमुख भाग ले रहे थे। यह कल्पना की गई है कि वे सब उस आश्रम में एकत्र होकर तत्त्वचिंतन में भाग ले रहे थे। इन सम्प्रदायों के नाम इस प्रकार हैं।

१. आर्हत। २. मस्करी। ३. श्वेतपट (सेवड़ा, श्वेताम्बर जैन सम्प्रदाय)। ४. पांडुरि भिक्षु (आजीवक जो इस युग में पांडरि भिक्षु कहलाते थे)। ५. भागवत। ६ वर्णी (नैष्ठिक ब्रह्मचारी साधु)। ७. केशलुंचन (केशों का लोच करने वाले जैन साधु)। ८. कापिल (कपिल मतानुयायी सांख्य)। ९. जैन (बुद्ध मतानुयायी शाक्य भिक्षु। १०. लोकायतिक (चार्वाक)। ११. कणाद (वैशेषिक)। १२. औपनिषद (उपनिषद् या वेदान्त दर्शन के ब्रह्मवादी दार्शनिक)। १३. ऐश्वर कारणिक (नैयायिक, प्राचीन पाली साहित्य में भी 'इस्सर कारणिक' नाम आया है)। १४. कारन्धमी (धातुवादी या रसायन बनानेवाले)। १५. धर्मशास्त्री (मन्वादि स्मृतियों के अनुयायी)। १३. पौराणिक। १७. सप्ततन्तव (सप्ततन्तु अर्थात् यज्ञवादी मीमांसक)। १८. शाब्द (व्याकरण दर्शन वा शब्द ब्रह्म के अनुयायी, जिनके विचारों का परिपाक भर्तृहरि के वाक्यपदीय में मिलता है)। १९. पांचरात्रिक (पंचरात्र संज्ञक प्राचीन वैष्णव मत के अनुयायी)। इनके अतिरिक्त और भी (अन्यैश्च) मत मतान्तरों को माननेवाले वहाँ एकत्र थे।

१. ये धर्माः हेतुप्रभवाः हेतुस्तेषां तथागतो ह्यवदत् एवंवादी महाश्रमणः।

इस सूची में बाण ने अपने समय के दार्शनिक जगत् की बानगी दी है। भारत के धार्मिक इतिहास के लिये इसका महत्त्व है। सातवीं शती के अनन्तर भी धार्मिक क्षेत्र में कितने ही महत्त्वपूर्ण परिवर्तन होते गये और शैव, कापालिक और कालामुख आदि विशेष सम्प्रदायों के नाम इसके साथ क्रमशः जुड़ते गए जिनका चित्र यशस्तिलक चम्पू में ऐसे ही प्रसंग में खींचा गया है। (श्री कृष्णकान्त हंदीकी कृत यशस्तिलक, पृ० ३४६-६०)।

इस सूची में कई बातें ध्यान देने योग्य हैं। बौद्धों के लिये उस समय अधिकतर जैन शब्द चलता था। बाण ने स्वयं शाक्य मुनि शासन में निरत बौद्ध साधुओं के समूह के लिये जैनी सज्जनता (२२४) पद का प्रयोग किया है। बुद्ध के लिये उस समय 'जिननाथ' विशेषण प्रायः प्रयुक्त होता था। बौद्ध धर्म के लुप्त हो जाने के बाद से जैन पद केवल जैनों के लिये प्रयुक्त होने लगा। इस सूची में शैव और पाशुपत मतों का स्पष्ट उल्लेख नहीं है जिनका उस समय बड़ा प्राबल्य था। वस्तुतः मस्करी भिक्षु ही उस समय के पाशुपत थे। पाशुपत भैरवाचार्य और उनके शिष्य को बाण ने मस्करी कहा है (१०२)। भागवतों के दो भेद भागवत और पाञ्चरात्रिक नामों से अलग-अलग कहे गए हैं। कुषाण और गुप्त युग में भागवत धर्म का कई रूपों में विकास हुआ। वैखानस मतानुयायी लोग विष्णु और उनके चार सहयोगी—अच्युत, सत्य, पुरुष और अनिरुद्ध—की उपासना करते थे। सात्वत लोग विष्णु की नारायण के रूप में उपासना करते थे। नृसिंह और वराह के रूप में महाविष्णु की मूर्ति की कल्पना उनकी विशेषता थी। नृसिंह-वराह और विष्णु की कितनी ही गुप्तकालीन मूर्तियाँ मथुरा कला में मिली हैं, वे सात्वतों के सिद्धान्त से अनुप्राणित जान पड़ती हैं। इन दोनों से प्राचीन मूलपंचरात्र सिद्धान्त था, उस आगम के अनुयायी पांचरात्र या पांचरात्रिक कहलाते थे। ये वासुदेव, संकर्षण, प्रद्युम्न और अनिरुद्ध के रूप में चतुर्व्यूह को मानते थे। इनमें भी जो केवल वासुदेव की आराधना करते थे वे एकान्तिन् कहलाते थे। नारद पंचरात्र के अनुसार एकान्तियों के दो भेद थे—शुद्ध जो केवल वासुदेव को ही ईश्वर मानकर उनकी पूजा करते थे (वासुदेवैकयाजिन्), और दूसरे मिश्र जो विष्णु के अतिरिक्त और भी विष्णुरूप धारी देवताओं (जैसे शिव, इन्द्र, ब्रह्मा, पार्वती, सरस्वती ब्रह्माणी, इन्द्राणी आदि)[1] को मानते थे। शनैः शनैः कई सम्प्रदाय एक में मिलते गए। बाण के समय में पांचरात्रिक और भागवत ये दो मोटे भेद रह गए थे। आगे चलकर वे सब केवल भागवत इसी एक नाम से पुकारे जाने लगे और उनके पारस्परिक सूक्ष्म भेद भी लुप्त हो गए। किन्तु वैखानस सात्वत और पांचरात्र संहिताओं और आगमों के कई सौ ग्रन्थों का विशाल साहित्य आज तक सुरक्षित रह गया है[2]। ऐतिहासिक दृष्टि से उनका अध्ययन कुषाण और गुप्तयुग के धार्मिक इतिहास पर नया प्रकाश डाल सकता है।

जैन साधुओं में आर्हत, श्वेतपट, और केशलुंचन ये तीन नाम आए हैं। किन्तु अब दिगम्बर और श्वेताम्बर के मोटे भेदों को छोड़कर अवान्तर सम्प्रदायों के आपसी भेदों का कुछ पता नहीं।

---

१. श्रूयते यत्र यष्टव्या यादृशी या हि देवता।
तादृशी सा भवेत्तत्र यजंत्येकांतिनो हरिम्॥

२. देखिए अहर कृत, अहिर्बुध्न्यसंहिता और पंचरात्र की भूमिका (अंग्रेजी), पृ० ६-११ जहाँ २१५ संहिताओं के नाम हैं।

सांख्य वैशेषिक नैयायिक और वेदान्त ये चारों प्रकार के दार्शनिक भी अखाड़े में उतर कर पुरुष और प्रकृति की नित्यता और अनित्यता के सम्बन्ध में अनेक प्रकार के पैंतरों का आश्रय ले रहे थे और नई नई युक्तियों का आविर्भाव कर रहे थे जो कि विक्रमीय प्रथम सहस्राब्दी के दार्शनिक इतिहास का अत्यन्त रोचक विषय है। मीमांसक और वैयाकरण भी कन्धे से कन्धा मिलाकर साथ-साथ चलने का प्रयत्न कर रहे थे। कुमारिल और भर्तृहरि का तत्त्वचिन्तन इसका प्रमाण है। कारन्धमी या धातुवादी लोग नागार्जुन को अपना गुरु मान कर औषधियों से होनेवाली अनेक प्रकार की सिद्धियों और चमत्कारों के विश्वास को दर्शन का रूप दे रहे थे। पीछे यही मत रसेन्द्र दर्शन के नाम से प्रसिद्ध हुआ जिनका यह विश्वास था कि पारे के उचित प्रयोग से शरीर को अमर बनाया जा सकता है।

इन दर्शनकारों की बौद्ध दर्शन के साथ तो स्पर्धा थी ही, आपस में भी उनकी नोक-झोंक कुछ कम न थी। दर्शन के क्षेत्र में नए-नए दृष्टिकोणों का प्रादुर्भाव होता रहता था और उनके साथ मेल बैठाने के लिये हरएक को अपना घर संभालना पड़ता था। पुरानी युक्तियों पर नई धार रक्खी जाती और दूसरे के मत की काट करने के लिये नए पैंतरे से उन्हें परखा जाता।

बाण ने दार्शनिकचिन्तन के इन विविध प्रकारों का उल्लेख किया है जो उनके किए हुए आश्रम वर्णन का दूसरा भाग है। बाण के समकालीन नालंदा आदि विद्याकेन्द्रों में एवं काशी अवन्ती मथुरा तक्षशिला आदि महानगरों में जहाँ अनेक प्रसिद्ध विद्वान् उस युग में विद्याभ्यास करते थे गुरुकुलों में तत्त्वचिन्तन और विद्याभ्यास की जो प्रणाली थी उस पर इससे कुछ प्रकाश पड़ता है। कुछ गुरु या आचार्य थे जो शास्त्रों की व्याख्या करते थे (व्याचक्षाणैः)। जो शिष्यभाव से इन आश्रमों में प्रविष्ट होते थे वे आचार्यों के चरणों में बैठकर (शिष्यतां प्रतिपन्नैः) सबसे पहले शास्त्रों के मूल ग्रन्थों का अध्ययन करते थे (अभ्यस्यद्भिः)। मूल-ग्रन्थों में कोई ग्रन्थि न रहने पाए, यह विद्याभ्यास की पहली सीढ़ी समझी जाती थी। प्राचीन भारतीय शिक्षाक्रम में अभी तक इस रीति से आचार्य कृत व्याख्या द्वारा विद्यार्थी ग्रन्थाभ्यास के मार्ग में आगे बढ़ते हैं। मूलग्रन्थ को इस प्रकार पढ़ लेने पर उसके सिद्धांतों का विशेष श्रवण आवश्यक था (स्वान्स्वान्सिद्धान्तान् शृण्वद्भिः) जिससे वह शास्त्र मँजता था। इसके आगे विद्वान परस्पर शंका समाधान करते थे। अपने शास्त्र के विषय में जो शंकाएं की जातीं उनका समाधान सोचा जाता था (अभियुक्तै श्चिन्तयद्भिः)। फिर स्वयं भी दूसरों के सिद्धान्तों के संबंध में आक्षेप करते थे (प्रत्युच्चरद्भिः)। किन्तु शास्त्र-चिन्तन के लिये दूसरों से उठाई जाने वाली शंकाओं की प्रतीक्षा काफी न थी, स्वयं भी अपने सिद्धांतों के बारे में सन्देह बुद्धि से विचार करना एवं शंकाओं की उद्भावना करना (संशयानैः) और फिर उनका समाधान ढूँढ कर सत्य का निश्चय करना (निश्चिन्वद्भिः) आवश्यक था। इस प्रकार दूसरों के द्वारा उठाई हुई शंकाओं और स्वयं किए हुए संदेहों का निराकरण करके शास्त्र-चिन्तन में एक नवीन तेज उत्पन्न होता था और एक विशेष प्रकार की व्युत्पन्न बुद्धि का उदय होता था। उस स्थिति में पहुँच कर ही प्रत्येक विद्वान् अपने दर्शन के क्षेत्र में सचमुच व्युत्पन्न बनता था (व्युत्पादयद्भिः)। व्युत्पादन को हम शास्त्रों या सिद्धान्तों का तुलनात्मक अध्ययन कह सकते हैं जिसमें किसी एक सिद्धान्त को केन्द्र में रखकर अन्य के साथ

उसकी तुलना करते हुए उसकी सत्यता तक पहुँचा जाता है। जबतक किसी सिद्धान्त को व्युत्पादन के द्वारा स्पष्ट नहीं किया जाय तबतक उस विषय पर शास्त्रार्थ नहीं किया जा सकता। व्युत्पादन के बाद की और उससे भी महत्त्व की सीढ़ी शास्त्रार्थ की थी (विवदमानैः)। शास्त्रार्थ के द्वारा एक व्यक्ति अन्य समस्त सिद्धान्तों को सत्यासत्य का निर्णय के लिये चुनौती देता है। शास्त्रार्थ पाण्डित्य के लिये सबसे ऊँची और कठिन स्थिति है और प्राचीन काल में इस पद्धति का बड़ा मान था। राजा के लिये युद्ध का जो महत्त्व था वही विद्वान् के लिये शास्त्रार्थ का था। विद्या के समुत्कर्ष के लिये उपयोग में आनेवाले विविध उपायों की यह झाँकी अत्यन्त रोचक है। इसकी सहायता से हम कल्पना कर सकते हैं कि किस प्रकार प्राचीन गुरुकुलों में, विशेषतः गुप्तकाल और उसके बाद के विद्याकेन्द्रों या दार्शनिक क्षेत्र में, ऐसी विलक्षण और प्रखर बुद्धि का विकास किया जा सका। असंग, वसुबन्धु, धर्मकीर्त्ति, दिङ्नाग, कुमारिल, शंकर, मण्डन मिश्र आदि दिग्गज विद्वान् इस प्रकार के गम्भीर शास्त्र-परिमार्जन के फल-स्वरूप ही लोक में प्रकाशित हुए।

दिवाकर मित्र का आश्रम उस समय की एक आदर्श बौद्ध-विद्या-संस्था का स्वरूप सामने रखता है। यही बाण के वर्णन की तीसरी कड़ी है। वहाँ अतिविनीत शिष्य चैत्य-वन्दन कर्म में तत्पर रहते थे (चैत्यकर्म कुर्वाणः)। वे बुद्ध, धर्म, संघ—इन तीन रत्नों की शरण में जाते थे (त्रिसरणपरैः)[1]। परम उपासक एवं शाक्य-शासन में कुशल विद्वान्, वसुबन्धु-कृत अभिधर्मकोश[2] का उपदेश देते थे। बौद्ध भिक्षुओं के लिये जिन दश शीलों का उपदेश किया गया था उनकी धर्मदेशना या शिक्षा वहाँ हो रही थी। बोधिसत्व की जातक-कहानियाँ बराबर सुनाई जा रही थीं और लोग उनसे आलोक ग्रहण कर रहे थे। आर्य शूर-कृत जातकमाला और दिव्यावदान आदि ग्रन्थों में कहे हुए अनेक अवदान या कहानियों का नए ढंग से कहना और सुनाना गुप्तकालीन बौद्ध-धर्म और साहित्य की विशेषता थी। सौगत भगवान् बुद्ध के शील का पालन करने से आश्रम-वासियों का अपना स्वभाव शान्त और निर्मल बन गया था।

इससे आगे वर्णन के चौथे भाग में स्वयं दिवाकर मित्र के व्यक्तित्व का वर्णन किया गया है जो उस युग के अतिविशिष्ट विद्वान् और पहुँचे हुए बोधिसत्त्वगुणों से युक्त भिक्षु का परिचय देता है। दिवाकर मित्र के आसन के दोनों ओर दो सिंह-शावक बैठे थे जिससे ऐसा भान होता था कि स्वयं मुनि परमेश्वर भगवान् बुद्ध सचमुच के सिंहासन पर विराजमान हों। बाएँ हाथ से वह एक कबूतर के बच्चे को नीवार खिला रहा था। यहाँ एक पुरानी जातक-कहानी की ओर संकेत है जिसके अनुसार किसी पूर्व जन्म में भगवन् बुद्ध एक पारावत के रूप में पर्वत-गुफा में रहते थे। वहाँ एक शील-सम्पन्न तापस ने आश्रम बनाया जिसके हाथ

---

१. यद्यपि संस्कृत शब्द त्रिशरण होना चाहिये; किन्तु बाण ने श्लोक में प्रचलित त्रिसरण पद का ही प्रयोग किया है। सरण मूल पाली का शब्द था। यद्यपि बाण के समय में बौद्ध-साहित्य की भाषा संस्कृत थी, किन्तु—बुद्धं सरणं गच्छामि, धम्मं सरणं गच्छामि, सङ्घं सरणं गच्छामि, इन मन्त्रों का मूल पाली रूप ही चालू था।

२. बाण ने कोश-संज्ञक प्रसिद्ध बौद्धग्रन्थ का हर्षचरित में तीन बार उल्लेख किया है (९१, १८३, २३७)। वसुबन्धु-कृत अभिधर्मकोश पर आश्रित दिङ्नाग-कृत मुष्टिप्रकरण का उल्लेख ऊपर हो चुका है।

से वे विलम्बभाव से चुग्गा खाते थे। कुछ दिन बाद वृद्ध तापस के चले जाने पर एक दूसरा कपटी साधु वहाँ आया और उसी भाँति चिड़ियों को चुग्गा खिलाने लगा; किन्तु कुछ दिन बाद उसके मन में पारावत-मांस खाने की इच्छा हुई। तब उसका भीतरी कपट पहचानकर पक्षी उसके पास न आए (रोमक जातक, जातक भाग २, सं० २७७)[1]। दिवाकर मित्र स्वयं अपने हाथ से साँवा चावल के कण बखेरकर चटनाल जिमा रहा था[2]। वह लाल चीवर पहने हुए था। बाण ने चीवर वस्त्र के लिये म्रदीयस् (मुलायम) कहा है। इससे यह संकेत मिलता है कि सम्भवतः गुप्तकाल में भिक्षु लोग रेशमी वस्त्र का बना हुआ चीवर पहनने लगे थे। उसका विद्याशरीर सब शास्त्रों के अक्षररूपी परमाणुओं से बना हुआ जान पड़ता था। परम सौगत होते हुए भी वह अवलोकितेश्वर था[3]। स्वयं बुद्ध से भी वह आदर पाने योग्य था और स्वयं धर्म से भी वह पूजा के योग्य था। यम, नियम, तप, शौच, कुशल, विश्वास, सद्वृत्तता, सर्वज्ञता, दाक्षिण्य, परानुकम्पा, परमनिर्वृति—इनका वह मूर्तिमान रूप था। ये सब वे गुण हैं जिनका सम्बन्ध बुद्ध और बोधसत्त्वों के वर्णनों में प्रायः मिलता है और जो उस समय चरित्र संबंधी आदर्श गुणों की कल्पना के अङ्ग थे।

दिवाकर मित्र ने हर्ष को देखकर प्रसन्न मन और उचित आव-भगत से उसका स्वागत किया। यहाँ बाण ने दिवाकर मित्र के बाएँ कंधे से लटकते हुए चीवर वस्त्र का उल्लेख किया है[4]। वस्तुतः गुप्तकाल की अधिकांश बुद्ध-मूर्तियाँ उभयांसिक चीवरवाली हैं अर्थात् उनके दोनों कंधे चीवर या ऊपरी संघाटी से ढके दिखाए जाते हैं। बाएँ कंधे पर चीवर की प्रथा कुषाणकालीन मथुरा की बुद्ध-मूर्तियों में बहुत करके मिलती है। गन्धार-कला के प्रभाव से मथुरा में भी उभयांसिक चीवर की प्रथा चल पड़ी थी। गुप्तकाल की अधिकांश मूर्तियाँ उभयांसिक चीवर की हैं, पर कुछ मूर्तियों में वही पुरानी प्रथा चालू रही[5]। जो बात मूर्तियों में मिलती है वही बात भिक्षुओं के वास्तविक जीवन में भी थी अर्थात् कुछ भिक्षु अपनी संघाटी दोनों कंधों पर और कुछ केवल बाएँ कंधे पर डालते थे। दिवाकर मित्र का पहनावा पिछले ढंग का था। भिन्न-भिन्न प्रकार से संघाटी पहनने का सम्बन्ध सम्प्रदाय-भेद के साथ जुड़ गया था—ऐसा चीनी यात्री इत्सिंग ने लिखा है। ऐसा ज्ञात होता है कि थेरवाद या प्राचीन परम्परा के अनुयायी जो बौद्ध-सम्प्रदाय थे उन्होंने वामांसिक चीवर पहनने की प्रथा जारी रक्खी।

---

१. मथुरा-कला में इस जातक का चित्रण हुआ है, मथुरा-म्यूजियम हैंडबुक, चित्र ६, मूर्ति आई० ४, पृ० १७।

२. इतस्ततः पिपीलकश्रेणीनां श्यामाकतण्डुलकणान्स्वयमेव किरन्तम् (२३७)। चटनाल जिमाना = चींटियों को आटा, चावल, बूरा आदि खिलाना।

३. अवलोकितेश्वर एक प्रसिद्ध बोधिसत्त्व का नाम है, किन्तु यहाँ दूसरी ध्वनि यह है कि वह बौद्ध होते हुए भी ईश्वर या शिव का दर्शन करनेवाला था (अवलोकितः ईश्वरः येन)।

४. विलोलं विलम्बमानं वामांसाच्चीवरपटान्तम् (२३८)।

५. देखिए कुमार स्वामी, भारतीय कला का इतिहास, चित्र-संख्या १५८, १६०, १६१ में उभयांसिक चीवरवाली बुद्ध-मूर्तियाँ हैं। चित्र-संख्या १५९ और १६३ में वामांसिक चीवर है।

आवश्यक उपचार के अनन्तर भदन्त दिवाकर मित्र ने हर्ष से विन्ध्याटवी में आने का कारण पूछा। हर्ष ने आदर के साथ कहा –'मेरे इस महावन में भ्रमण करने का कारण मतिमान् सुनें। परिवार के सब इष्ट व्यक्तियों के नष्ट हो जाने के बाद मेरे जीवन का एकमात्र सहारा मेरी छोटी बहन बची थी। वह भी अपने पति का वियोग हो जाने के बाद शत्रु के भय से किसी प्रकार इस विन्ध्यवन में आ गई जहाँ अनेक शबर रहते हैं। मैं रात-दिन उसे ढूँढ रहा हूँ; पर अभी तक कोई पता नहीं मिला। यदि किसी वनचर से आपको कोई समाचार मिला हो तो कृपया बतावें।' सुनकर दुःखीभाव से भदन्त ने कहा––'अभी तक ऐसा कोई वृत्तान्त मुझे नहीं मिला।'

इसी समय एक अन्य भिक्षु ने रोते हुए सूचना दी––'भगवन् भदन्त, अत्यन्त दुःख का विषय है। कोई एक अत्यन्त सुंदरी बाल अवस्था की स्त्री विपत्ति में पड़ी हुई शोक के आवेश से अग्नि में जलने के लिये तैयार है। कृपया चलकर उसे समझाएँ।'

सुनते ही हर्ष को अपनी बहन की ही शंका हुई और उसने गद्गद कंठ से पूछा—'हे पाराशारिन्, कितनी दूर पर वह स्त्री है और क्या वह इतनी देर तक जीवित रहेगी? क्या तुमने यह पूछा कि वह कौन है, कहाँ की है और क्यों वन में आई है तथा क्यों अग्नि में जलना चाहती है?' भिक्षु ने कहा––'महाभाग, आज प्रातः भगवान् की वंदना करने के बाद इसी नदी-तट से घूमता हुआ मैं बहुत दूर निकल गया था। एक जगह पेड़ों के घने झुरमुट में मैंने बहुत-सी स्त्रियों के रोने का शब्द सुना जैसा अनेक वीणाओं को कोई जोर से झनझना रहा हो[1]। उस प्रदेश में जाकर क्या देखता हूँ कि अनेक स्त्रियों से घिरी हुई[2] एक स्त्री दुःख में पड़ी हुई अत्यन्त करुणा से विलाप कर रही है। मुझे पास में देखकर उसने प्रणाम किया और उनमें से एक ने अत्यन्त दीन वाणी से कहा—"भगवन्, प्रव्रज्या प्रायः सब सत्त्वों पर अनुकम्पा करनेवाली होती है। सौगत लोग शरण में आए हुओं का दुःख दूर करने की दीक्षा लिए रहते हैं। भगवान् शाक्यमुनि का शासन करुणा का स्थान है। बौद्ध साधु सब का उपकार करते हैं। प्राणों की रक्षा से बढ़कर और पुण्य नहीं सुना जाता। यह हमारी स्वामिनी पिता के मरण, स्वामी के नाश, भाई के प्रवास और अन्य सब बन्धुओं के बिछुड़ जाने से अनाथ हुई नीच शत्रु द्वारा किए गए पराभव के कारण आप्राप्त दारुण दुखों को न सह सकती हुई अग्नि में प्रवेश कर रही है। कृपया बचाइए और इसे समझाइए।"

---

१. सार्यमाणानां अतितारतानवर्तिनीनां वीणातन्त्रीणामिव झांकारम् (२४१)।

२. यहाँ बाण ने वनव्यसनग्रसित स्त्रीवृन्द का वर्णन करते हुए कुछ पारिभाषिक शब्दों का प्रयोग किया है, जैसे कोई स्त्री चीनांशुक के पल्ले का छींका बनाकर उसमें नारियल की कटोरी से युक्त कलशी में रसाल का तेल लटकाए हुए थी। इस प्रकरण में दूसरा महत्त्वपूर्ण उल्लेख मुक्तांशुक का है (मुक्तमुक्तांशुकरलकसुमकनकपत्राभरणाम्, २४२)। शंकर ने मुक्तांशुक को मालवदेश का बना हुआ उत्तरीय कहा है। ज्ञात होता है कि यह असली मोतियों को पोहकर बना हुआ वास्तविक उत्तरीय था जो राजघरानों में व्यवहार में आता था। बाण की समकालीन कला अथवा गुप्तयुग की मूर्तियों में मुक्तांशुक का उदाहरण अभी मेरे देखने में नहीं आया, किन्तु बतनमारा से प्राप्त एक यक्षिणी स्त्री इस प्रकार के मुक्तांशुक को पटली पहने हुए है (देखिए, कुमारस्वामी कृत-भारतीय कला का इतिहास, चित्र ३७; बरुआ, भरहुत, चित्र ७२)।

यह सुनकर मैंने दुःखी हो कर धीरे से कहा--'आर्ये, जो तुम कहती हो सो ठीक है, किन्तु मेरे समझाने से इसका दुःख कम न होगा। यदि मूहूर्त्त भर भी तुम इसे रोक सको तो दूसरे भगवान् बुद्ध के समान मेरे गुरु इस समाचार को सुनते ही यहाँ आकर अनेक आगमों से गौरवशालिनी अपनी वाणी से[1] इसे प्रबोधित करेंगे।' यह सुनकर उसने कहा--'आर्य, शीघ्रता करें।' और यह कहकर फिर मेरे चरणों में गिर गई। सो, यह समाचार लेकर मैं आपके पास आया हूँ (२४५)।

राजा ने भिक्षु की बात सुनते ही राज्यश्री का नाम न कहे जाने पर भी तुरन्त समझ लिया कि वही इस विपन्नावस्था में है और श्रमणाचार्य दिवाकर मित्र से कान में कहा—'आर्य' अवश्य वह मुझ मन्दभाग्य की बहिन ही है जो दुर्भाग्य से इस दुरवस्था को प्राप्त हुई।' और उस दूसरे भिक्षु से कहा—'आर्य, उठो और बताओ वह कहाँ है, जिससे तुरंत जाकर उसे जीवित ही बचाया जा सके।'

यह कहकर वह उठ खड़ा हुआ। तब सब शिष्यवर्ग को लेकर दिवाकरमित्र और सब सामन्तों के साथ पीछे चलते हुए हर्ष उस शाक्य भिक्षु के दिखाए हुए मार्ग के अनुसार पैदल ही उस स्थान के लिये चले। दूर से ही उन्होंने अनेक स्त्रियों को विलाप करते हुए सुना—'पुष्पभूति-वंश की लक्ष्मी कहाँ चली गई? हे मुखरवंश के वृद्ध, अपनी इस विधवा वधू को क्यों नहीं समझाते? भगवान् सुगत, तुम भी क्या इस दुःखिनी के लिये सो गए? पुष्पभूति के भवन में रहनेवाले हे राजधर्म, तुम क्यों उदासीन हो गए? हे विपत्ति के सगे विन्ध्याचल, क्या तुम्हारे प्रति यह अंजलि व्यर्थ जायगी? माता महाटवी, आपद्ग्रस्त इसका विलाप क्यों नहीं सुनतीं? हा देवी यशोवती, आज लुटेरे दैव ने तुम्हें लूट लिया! देव प्रतापशील, पुत्री आग में जल रही है और तुम नहीं आते! क्या अपत्य-प्रेम जाता रहा? महाराज राज्यवर्धन, क्यों नहीं दौड़कर आते? क्या बहिन का प्रेम कुछ कम हो गया है? हे वायु, मैं तेरी दासी हूँ, जल्दी जाकर दुःख का यह संवाद हर्ष से कह दे।' इत्यादि अनेक भाँति से बाण ने स्त्रियों के विलाप का वर्णन किया है। यह सब सुनकर हर्ष तुरन्त वहाँ दौड़ा गया और अग्नि-प्रवेश के लिये तैयार राज्यश्री को उसने देखा और उसके ललाट पर हाथ रखकर मूर्च्छित होती हुई उसको सहारा दिया। इस अवस्था में सहसा भाई को पाकर गले लगकर रोते हुए राज्यश्री ने 'हा पिता! हा माता!' कहकर बहुत विलाप किया। हर्ष भी देर तक मुक्त कंठ से रोते रहे और कहा—'बहिन, अब धीरज धरो, अपने को सँभालो।' आचार्य ने भी कहा-'हे कल्याणिनी, बड़े भाई की बात मानो। शोक का आवेग कुछ कम होने पर हर्ष उसे अग्नि के पास से दूर हटाकर निकटवर्ती वृक्ष के नीचे ले गए। वहाँ पहले बहिन का मुख धोया और फिर अपना, और फिर मन्द स्वर में कहा—'बत्से, भदन्त को प्रणाम करो। ये तुम्हारे पति के दूसरे हृदय और हमारे गुरु हैं।'

---

१ दुःखान्धकारपटलाभिदुरैः सौगतैः सुभाषितैः स्वकैश्चदर्शितनिदर्शनैः नानागमगुरुभिः गिरां कौशलैः कुशलशीलामेनां प्रबोधपदवीमारोपिज्यति, २४५। बाण के ये शब्द उनके समकालीन बौद्ध संस्कृत-साहित्य पर घटित होते हैं जिनकी सबसे बड़ी विशेषता दर्शितनिदर्शन अर्थात् दृष्टान्तों के द्वारा धर्म और नीति की व्याख्या करने की शैली थी।

पति का नाम आते ही उसके नेत्रों में जल भर आया। जब उसने प्रणाम किया तो दिवाकर मित्र के नेत्र भी गीले हो गए और वे मुँह फेरकर दीर्घ श्वास छोड़ने लगे। फिर क्षण भर ठहरकर बोले--'अब अधिक रोने से क्या! अब सबको आवश्यक स्नान करके पुनः आश्रम को चलना चाहिए।' यह सुनकर हर्ष ने बहिन के साथ उस पहाड़ी नदी में स्नान किया और आश्रम में लौटकर ग्रहवर्मा को पिंड देने के बाद बहिन को पहले भोजन कराया और पीछे स्वयं भी कुछ खाया। भोजन करके उसने सब हाल विस्तार से सुना—किस प्रकार राज्यश्री बन्धन में डाली गई, किस प्रकार कान्यकुब्ज में गौड़ राजा के द्वारा उपद्रव कराया गया, किस प्रकार गुप्त नाम के एक कुलपुत्र ने कारागार से (गुप्तितः) उसे निकाला, किस प्रकार बाहर आने पर उसने राज्यवर्धन का मरण-वृत्तान्त सुना, और किस प्रकार भोजन का परित्याग कर देने से दुर्बल होकर वह विन्ध्याटवी में घूमती रही, और फिर किस प्रकार अग्नि में जलने की तैय्यारी की (२५०)।

इसी अवस्था में हर्ष जब अपनी बहिन के साथ एकान्त में बैठे थे, आचार्य दिवाकर मित्र वहाँ आए और कुछ काल रुककर कहने लगे--'श्रीमान्, सुनिए, मुझे कुछ कहना है। यह जो आकाश में तारापति चन्द्रमा है उसने यौवन के उन्माद में बृहस्पति की स्त्री तारा का अपहरण किया था और स्वर्ग से भागकर उसके साथ इधर-उधर घूमता रहा। फिर देवताओं के समझाने-बुझाने से उसे बृहस्पति को वापिस कर दिया, किन्तु उसके विरह की ज्वाला उसके हृदय में सुलगती ही रही। एक बार उदयाचल से उठते हुए इसने समुद्र के विमल जल में पड़ी हुई अपनी परछाईं देखी और कामभाव से तारा के मुख का स्मरण करके विलाप करने लगा। समुद्र में जो इसके आँसू गिरे उन्हें सीपियाँ पी गईं और उनके भीतर सुन्दर मोती बन गए। उन मोतियों को पाताल में वासुकि नाग ने किसी तरह प्राप्त किया और उसने उन मुक्ताफलों को गूँथकर इकलड़ी माला (एकावली) बनाई जिसका नाम मंदाकिनी रक्खा। सब औषधियों के अधिपति सोम के प्रभाव से वह अत्यन्त विषघ्नी है और हिमरूपी अमृत से उत्पन्न होने के कारण सन्तापहारिणी है। इसलिए विष-ज्वालाओं को शांत रखने के लिये वासुकि सदा उसे पहने रहता था। कुछ समय बाद ऐसा हुआ कि नागलोग भिक्षु नागार्जुन को पाताल में ले गए और वहाँ नागार्जुन ने वासुकि से उस माला को माँगकर प्राप्त कर लिया। रसातल से बाहर आकर नागार्जुन ने मन्दाकिनी नामक वह एकावली माला अपने मित्र त्रिसमुद्राधिपति सातवाहन नाम के राजा को प्रदान की और वही माला शिष्य-परम्परा द्वारा हमारे हाथ में आई। यद्यपि आपको किसी वस्तु का देना एक अपमान है, तथापि औषधि समझकर विष से अपने शरीर की रक्षा करने के लिये आप कृपया इसे स्वीकार करें।' यह कहकर पास में बैठे हुए शिष्य के चीवर वस्त्र में से ले कर वह मन्दाकिनी राजा को दी (२५१)।

बाण का यह वर्णन तत्कालीन किंवदंतियों के मिश्रण से बना है। भिक्षु नागार्जुन अनेक आश्चर्य और चमत्कारों के विधाता समझे जाते थे। उनके सम्बन्ध में इस प्रकार की कहानी बाण के समय में लोक-प्रचलित थी। नागार्जुन और सातवाहन नरेश का मैत्री-सम्बन्ध सम्भवतः ऐतिहासिक तथ्य था। कहा जाता है कि नागार्जुन ने अपने मित्र सातवाहन राजा को बौद्धधर्म के सार का उपदेश करते हुए एक लंबा पत्र लिखा था। सुहल्लेख

नामक उस पत्र का अनुवाद तिब्बती भाषा में अभी तक सुरक्षित है [१]। गुप्तकाल में मोतियों की इकहरी एकावली माला सब आभूषणों से अत्यधिक प्रिय थी। कालिदास ने कितनी ही बार उसका उल्लेख किया है[२]। हर्षचरित और कादम्बरी में भी एकावली का वर्णन प्रायः आता है। गुप्तकालीन शिल्प की मूर्तियों और चित्रों में इन्द्रनील की मध्यगुरिया-सहित मोतियों की एकावली बराबर पाई जाती है। (चित्र ६२) एकावली के सम्बन्ध में उस युग में इस प्रकार की भावना का होना कि वह एक विशिष्ट मंगलिक आभूषण था, सहज समझा जा सकता है। विशेष आभूषणों के सम्बन्ध में जौहरियों और रनिवासों में उनके चमत्कार की कहानियाँ बन जाती थीं। महा उम्मग जातक में इन्द्र के द्वारा कुश राजा को मंगल मणि-रत्न देने का उल्लेख है। कालिदास ने इन्हें जैत्राभरण कहा है (रघु० १६।८३)।

वह एकावली घने मोतियों को गूँथकर बनाई गई थी (घनमुक्तां)। उसे देखकर आँखें चौधियाँ जाती थीं। हर्ष ने जैसे ही उसे देखा, उसके नेत्र बंद होने और खुलने लगे। उसके बीच में एक पदक या मध्यमणि लगी हुई थी (प्रकटपदकचिह्नां)। उसके मोतियों की तरल किरणें स्फुरित हो रही थीं। वह कपूर की भाँति शुक्ल थी। भुवनलक्ष्मी की स्वयंम्बर-माला थी, या मन्त्र, कोश और साधन में प्रवृत्त राजधर्म की अक्षमाला थी। वह कुबेर के कोश की संख्या बतानेवाली मानों लेख्य पट्टिका थी जो मुद्रा और अलंकारों से सुशोभित थी[३]। दिवाकर मित्र ने उसे लेकर हर्ष के गले में बाँध दिया। सम्राट् ने भी प्रेम प्रदर्शित करते हुए कहा--आर्य, ऐसे रत्न प्रायः मनुष्यों को नहीं मिलते। यह तो आर्य की तप-सिद्धि या देवता का प्रसाद है। मैं तो अब आर्य के वशीभूत हूँ। स्वीकार करने या प्रत्याख्यान करने का मुझे अब अधिकार कहाँ? जीवन-पर्यन्त यह शरीर आर्य के अर्पित है। यथेष्ट आज्ञा करें।'

कुछ समय बीतने पर जब राज्यश्री आश्वस्त हुई तो उसने अपनी ताम्बूलवाहिनी पत्रलता को बुलाकर धीरे से कान में कुछ कहा। पत्रलता ने विनयपूर्वक हर्ष से विनती की—'देव, देवी विनती करती हैं कि उन्हें काषाय वस्त्र धारण करने की अनुज्ञा मिले'। हर्ष यह सुनकर चुप रहे, किन्तु दिवाकर मित्र ने धीरे स्वर में कहा—'आयुष्मती, शोक पिशाच का ही दूसरा नाम है, यह कभी न बुझनेवाली अग्नि है, प्राणों का वियोग न करनेवाला यमराज है, कभी न समाप्त होनेवाला राजयक्ष्मा है। यह ऐसी नींद है जिससे कोई जागता

---

१. वेंजल (Wenzel) कृत सुहल्लेख का अंग्रेजी अनुवाद, पालीटैक्स्ट सोसाइटी जरनल, १८८६, पृ० १ आदि। सातवाहन राजा की पहिचान के लिये देखिए, सतीशचन्द्र विद्याभूषण का लेख, पूना ओरिएण्टल कान्फ्रेंस, १९१९, पृ० १२५। और भी, विंटरनिज, भारतीय साहित्य, भाग २, पृ० ३४७।

२. रघुवंश १६। ६९,
प्रागेव मुक्ता नयनाभिराम प्राप्येन्द्रनीलं किमुतोन्मयूखम्।
मेघदूत १।४६, एकं मुक्तागुणमिव भुवः स्थूलमध्येन्द्रनीलम्।

३. समुद्रांलकारभूतां संख्यालेख्यापट्टिकामिव कुबेरकोशस्य (२५२)। मालवराज के कोश का वर्णन करते हुए कहा जा चुका है कि कोश के कलशों के साथ संख्यासूचक लेख्यपत्र बँधे रहते थे (२२७) और उनके चारों ओर आभूषणों से बनी हुई माला पहनाई जाती थी।

नहीं। यह हृदय का नासूर (महाव्रण) है जो सदा बहता रहता है। बहुत-से शास्त्र तथा काव्य-कथाओं को जाननेवाले विद्वानों के हृदय भी शोक को नहीं सह सकते, अबलाओं के दुर्बल हृदय की तो बात ही क्या? अतएव हे सत्यव्रते, कहो अब क्या किया जाय, किसे उपालंभ दें, किसके आगे रोवें और किससे हृदय का दुःख कहें? सब-कुछ आँख मूँद कर सहना चाहिए। हे पुण्यवती, पूर्वजन्म की इन स्थितियों को कौन मेट सकता है? सभी मनुष्यों के लिये रात-दिन, जन्म-जरा-मृत्युरूपी रहट की घड़ियों की लंबी माल घूम रही है।[1] पंचमहाभूतों के द्वारा जितने मानस व्यवहार हो रहे हैं वे सब यमराज के विषम अनुशासन से नियन्त्रित होकर विलय को प्राप्त हो जाते हैं[2]। घर-घर में आयु को नापने की घड़ियाँ लगी हुई हैं जो एक-एक क्षण का हिसाब रखती हैं[3]। चारों ओर कालपुरुष हाथों में कालपाश लिये घूम रहे हैं। रात-दिन यम का नगाड़ा बज रहा है। हर घर में यमराज के भंयकर दूत यम-घंटा बजाकर सब जीवों के संहरण के लिये घोर घोषणा कर रहे हैं। हर दिशा में परलोक के यात्रियों की पगडंडियाँ बनी हुई हैं जिनपर विधवाओं के बिखरे केशों से शबलित सहस्त्रों अर्थियाँ जा रही हैं। कालरात्रि की चिता के कोयलों के समान काल-जिह्वा प्राणियों के जीवन को चाट रही है जैसे गाय बच्चे को। सब प्राणियों को चट्ट करनेवाली मृत्यु की भूख कभी नहीं बुझती। अनित्यतारूपी नदी तेजी से बह रही है। पंचमहाभूतों की गोष्ठियाँ क्षण भर ही रहती हैं। साधु जैसे दिन में कमंडलु रखने के लिये लकड़ियों को जोड़कर पिंजरा बनाते हैं और रात को उसे खोल डालते हैं वैसा ही यह शरीर का यन्त्र है[4]। जीव को बंधन में बाँधनेवाले पाश की डोरी के तन्तु एक दिन अवश्य टूटते हैं। सारा नश्वर संसार परतन्त्र है। हे मेधाविनी, ऐसा जानकर अपने सुकुमार

१. संसरन्त्यो नक्तं दिवं द्राघीयस्यो जन्मजरामरणघटनघटीयन्त्रराजिरज्जवः पञ्च जनानाम्, (२५४)। आजकल रहट की घड़ियाँ और माल दोनों लोहे की बनने लगी हैं; किन्तु कुछ ही समय पूर्व घड़ियाँ मिट्टी की और माल मूँज की रस्सियों से बनती थी। बाण ने भी रस्सी की माल का ही उल्लेख किया है। पंजाब में अभी तक मिट्टी की घड़ियाँ (टिंड) रस्सी की माल से बाँधी जाती हैं।

२. पञ्चमहाभूतपञ्चकुलाधिष्ठितान्तःकरणव्यवहारदर्शननिपुणः, सर्वकंषा विषमा धर्मराजस्थितयः (२५४)। यहाँ श्लेष से पञ्चकुल नामक संस्था के न्यायाधिकरण और राज्य के साथ उसके सम्बन्ध का स्पष्ट उल्लेख किया गया है। प्रत्येक गाँव में पञ्चकुल-संज्ञक पाँच अधिकारी गाँव के करण या कार्यालय के व्यवहार (न्याय और राजकाज) चलाते थे। ये पञ्चकुल सब प्रकार राजकुल की आज्ञाओं के अधीन थे। चन्द्रगुप्त द्वितीय के साँची-लेख में उल्लिखित पञ्चमण्डली पंचकुल का ही रूप था।

३. निलये-निलये कालनालिकाः, २५४। कालनालिका से तात्पर्य समय नापने की पानी या बालू की घड़ी था। श्लेष से इसका दूसरा अर्थ मृत्यु द्वारा स्थापित घड़ी जो छीजती हुई आयु का हिसाब लगा रही है। नालिका और नाडिका पर्यायवाची हैं। एक नाडिका = १ घड़ी (= २४ मिनट), २ नाडिका = १ मुहूर्त।

४. रात्रिषु भंगुराणि पात्रयन्त्रपंजरदारूणि देहिनाम् (२५५)। पात्र रखने के यन्त्र-पंजर का उल्लेख भैरवाचार्य के शिष्य के वर्णन में पहले हो चुका है (दारवफलकत्रयत्रिकोण त्रियष्टिमिविष्टकमडलुना, १०१)। कुछ प्रतियों में पात्रयन्त्रपञ्जर के स्थान पर पात्रयन्त्रपंजर भी पाठ है।

मन में अन्धकार को न फैलने दो। विवेक (प्रतिसंख्यान) का एक क्षण भी धृति के लिये बड़ा सहारा होता है। अब यह पितृतुल्य तुम्हारा ज्येष्ठ भ्राता ही तुम्हारा गुरु है। जो यह आदेश दे वही तुम्हारा कर्त्तव्य है।' यह कहकर वह चुप हो गया।

उसके मौन होने पर हर्ष ने कहा—'आर्य के सिवा और कौन इस प्रकार के वचन कहेगा? आर्य विषम विपत्ति में सहारा देनेवाले स्तम्भ हैं। स्नेह से आर्द्र धर्म के दीपक हैं। आप समुद्र की तरह अभ्यर्थना की मर्यादा रखते हैं। अतएव सेवा में एक याचना करता हूँ। काम हरज करके भी अपनी इस दुखिया छोटी बहन का लालन करना मेरा कर्तव्य है। किन्तु भाई के वध का बदला लेने के लिये शत्रु-कुल के नाश की प्रतिज्ञा मैं सब लोगों के समक्ष कर चुका हूँ[1]। कुछ समय तक आर्य मेरे इस काम में सहायक हों। मैं आपका अतिथि हूँ। कृपया मुझे अपने शरीर का दान दें। आज से लेकर जबतक मैं अपनी प्रतिज्ञा के बोझे को हल्का बनाऊँ और दुखी प्रजाओं को ढाढस दूँ, तबतक मैं चाहता हूँ कि आप मेरे साथ ही रहनेवाली मेरी इस बहिन को धार्मिक कथाओं से, रजोगुण-रहित विवेक उत्पन्न करनेवाले उपदेशों से, शील और शम देनेवाली शिक्षाओं (देशनाभिः[2]) से, एवं क्लेशों को मिटानेवाले भगवान् तथागत के सिद्धान्तों से समझाते रहें। अपने उस कार्य से निवृत्त होने पर मैं और यह एक साथ काषाय ग्रहण करेंगे। बड़े लोग याचकों को क्या नहीं दे डालते? कहते हैं, दधीचि ने इन्द्र को अपनी हड्डियाँ दे डाली थीं। क्या मुनिनाथ बुद्ध ने शरीर की कुछ भी परवाह न करके अनुकम्पावश अपने-आपको कितनी बार हिंस्र पशुओं के लिये नहीं दे डाला? ।' यह कहकर सम्राट् चुप हो गए।

उत्तर में भदन्त ने फिर कहा—'भाग्यशाली को दो बार बात कहने की आवश्यकता नहीं। मैं पहले ही अपने मन में अपने इस शरीर को आपके गुणों के समर्पित कर चुका हूँ। छोटे या बड़े जिस काम में मेरा उपयोग हो सके, आपके अधीन है।'

इस प्रकार दिवाकर मित्र से अभिनन्दित होकर हर्ष उस रात को वहाँ रहे। अगले दिन वस्त्र, अलंकार आदि देकर निर्घात को बिदा किया। तब आचार्य और राज्यश्री को साथ लेकर कुछ पड़ाव करते हुए गंगा के किनारे अपने कटक में फिर लौट आए (२५७)।

इस प्रकार हर्षचरित की यह कहानी समाप्त हुई। इसके बाद बाण ने मानो अपने ग्रन्थ की पूर्णाहुति डालते हुए बड़े घोररूप में सूर्यास्त का वर्णन किया है। इस वर्णन में आगे आनेवाले भीषण युद्धों की परछाईं साकार हो उठी है।

---

१. अस्माभिश्च भ्रातृवधापकारिपिपुकुलप्रलयकरणोद्यतस्य बाहोर्विधेयंभूत्वा सकललोक प्रत्यक्षं प्रतिज्ञा कृता (२५६)।

२. पहले दिवाकर मित्र के आश्रम के वर्णन में भी समुपदेश, धर्मदेशना और बोधिसत्त्व जातक—इन तीन उपायों से धर्म के प्रचार का उल्लेख किया गया है। यहाँ भी उन्हीं की ओर स्पष्ट संकेत है। अभिधर्म आदिक सिद्धान्त-ग्रन्थों का प्रवचन उपदेश कहलाता था। पंचशील या दशशील की शिक्षा धर्मदेशना थी। बोधिसत्त्वों की जातक-कथाओं या अवदानों को सुनाकर कहानियों (निदर्शनों) की रोचक पद्धति से बौद्धधर्म का उपदेश देने का तीसरा ढंग था।

सूर्य ने गगनतल में अपनी यात्रा पूरी करते हुए नए रुधिर के समान अपनी लाल-लाल किरणों के जाल को पुनः अपने शरीर में सिकोड़ लिया, जैसे कुपित याज्ञवल्क्य के मुख से वान्त यजुष मन्त्रों को शाकल्य ने पुनः पान कर लिया था। क्रम से सूर्य की लाली मांस की लाली के समान और बढ़ी और वह ऐसा जान पड़ने लगा मानो अश्वत्थामा के मस्तक से भीमसेन के द्वारा निकाली गई रक्तरंजित मणि हो। अथवा वह ब्रह्मा के मस्तकरूपी उस खप्पर की भाँति लग रहा था जिसे शिव ने काटकर बहती हुई शिराओं के रक्त से भर दिया था [1]। अथवा वह पितृवध से कुपित परशुराम द्वारा निर्मित रुधिर का ह्रद था जो सहस्रार्जुन के कन्धों को चीरनेवाले कुठार की धार से काटे हुए क्षत्रियों के रुधिर से भरा गया था। अथवा सूर्य का वह गोला गरुड़ के नखों से क्षत-विक्षत विभावसु कछुए के आकाश में लुढ़कते हुए लोथड़े की तरह दिखाई पड़ रहा था [2]। अथवा गर्भ की नियत अवधि के बीतने से दुःखी विनता के द्वारा आकाश में टुकड़े करके फेंके हुए उस अंडे की तरह लग रहा था जिसके भीतर गर्भ की दशा में अरुण का अपूर्ण मांसपिंड हो। अथवा वह बृहस्पति के उस कटाह की तरह था जिसमें असुरों के नाश के लिये अभिचार कर्म करते हुए वे शोणित के क्वाथ में चरु पका रहे थे। अथवा लाल सूर्य की वह झाँकी महाभैरव के उस मुखमंडल की तरह थी जो तुरन्त मारे हुए गजासुर के टपकते हुए लोहू से भीषण दीखता है [3]। दिन के अन्त में सन्ध्या उस मेघ के साथ मिलकर जो समुद्र में पड़ती हुई परछाईं से लाल हो रहा हो, उस बेताल के साथ चिमटी जान पड़ती थी जिसने अभी कच्चा मांस खाया हो। समुद्र भी सन्ध्या की उस लाली से उसी प्रकार लाल हो उठा जैसे विष्णु की छाती से दले हुए मधु-कैटभ के रुधिर से पहले कभी हो गया था।

सन्ध्या का विकराल समय ज्यों ही समाप्त हुआ त्यों ही रजनी हर्ष के लिये चन्द्रमा का उपहार लेकर आई, मानो अपने कुल की कीर्त्ति ही साक्षात् उसके लिये संगमरमर का मधुपात्र यशःपान के लिये लाई हो[4], अथवा स्वयं राजलक्ष्मी सतयुग की स्थापना के लिये उद्यत उसके लिये चाँदी की गोल शासन-मुद्रा लाई हो [5]। अथवा उसके भाग्योदय की अधिष्ठात्री देवी

१. कथा है कि शिव ने ब्रह्मा के पाँचवें मस्तक को काटकर उसका कपाल बनाया और उसे हाथ में लेकर भयंकर भिक्षाटन-मुद्रा में घूमते रहे। शिव की इस प्रकार की भीषण भिक्षाटन-मूर्ति लगभग बाण के युग में बने हुए अहिच्छत्रा के तीन मेधियोंवाले शिव-मन्दिर में लगी मिली है। (दे० अहिच्छत्रा के खिलौनों पर मेरा लेख, चित्र ३०१, पृ. १६९)।

२. गरुड़ और विभावसु कछुए की कथा, महाभारत, आदिपर्व, २९ अध्याय में दी हुई है।

३. इस प्रकार के महाभैरव की एक मिट्टी की बड़ी मूर्ति अहिच्छत्रा के ऊपर कहे शिव-मन्दिर से प्राप्त हुई है (देखिये वही लेख, चित्र सं० ३०० पृ० १६८)।

४. मुक्ताशैलशिलाचषक, २५८। मुक्ताशैलशिला का अर्थ संगमरमर ही ज्ञात होता है।

५. राजतशासनमुद्रानिवेश इव राज्यश्रिया (२५८)। सोनपत से मिली हुई हर्ष की ताँबे की बनी हुई गोल मुद्रा का उल्लेख ऊपर हो चुका है, किन्तु बाण को यह भलीभाँति ज्ञात था कि ऐसी महा मुद्राएँ चाँदी की ही बनती थीं। कुमारगुप्त की इसी प्रकार की एक चाँदी की मुद्रा भीतरी गाँव (जिला गाजीपुर) से प्राप्त हो चुकी है जो इस समय लखनऊ के संग्रहालय में सुरक्षित है। शकर ने चाँदी की इस प्रकार की शासन-मुद्रा को राज्याधिकार महामुद्रा कहा ह। राजसिंहासन पर बैठते समय राजा को इस प्रकार की चाँदी की अधिकार-महामुद्रा प्रदान की जाती थी। भीतर की मुद्रा से ज्ञात होता है कि इस प्रकार की मुद्राओं के लेख में केवल सम्राट की वंशावली का ही पूर्ण परिचय रहता था।

ने सब द्वीपों की दिग्विजय के लिये कूच करते हुए उसकी सेवा में श्वेतद्वीप [1] का प्रतिनिधि दूत भेजा हो। इस प्रकार उस रात्रि में वह शुभ्र चन्द्रोदय प्रतीत हुआ।

हर्षचरित की सांस्कृतिक व्याख्या समाप्त

१. श्वेतद्वीप का उल्लेख पहले हो चुका है (५९, २१६)।

परिशिष्ट १

स्कन्धावार, राजकुल, धवलगृह

हर्षचरित और कादम्बरी में बाण ने वर्णन का जो पूर्वापर क्रम दिया है उसका स्पष्ट चित्र समझने के लिये प्राचीन भारतीय राजमहल या प्रासाद की रचना और उसके विविध भागों का विवरण एवं तत्सम्बंधी पारिभाषिक शब्दावली का परिचय आवश्यक है। सबसे बड़ी इकाई स्कन्धावार होती थी। उसके भीतर राजकुल और राजकुल के भीतर धवलगृह था। स्कन्धावार पूरी छावनी की संज्ञा थी जिसमें हाथी, घोड़े, सेना, सामन्त रजवाड़ों का पड़ाव भी रहता था। राजकुल स्कन्धावार के अंतर्गत राजमहल था। यह बहुत विशाल होता था जिसके भीतर कई आँगन और चौक होते थे। राजप्रासाद के भीतर राजा और रानियों का जो निजी निवासस्थान था उसकी संज्ञा धवलगृह थी। बाण के वर्णनों को पूर्वापर साहित्य की सहायता से स्पष्ट करने का प्रयत्न यहाँ किया जाता है।

स्कन्धावार—हर्षचरित के दूसरे उच्छ्वास (५८-६०) और पाँचवें उच्छ्वास (१५२-१५६) में स्कन्धावार, राजद्वार और धवलगृह का वर्णन किया गया है। अजिरवती (राप्ती) नदी के किनारे मणितारा गाँव के पास स्कन्धावार में बाण ने हर्ष से पहली भेंट की। स्कन्धावार का सन्निवेश लम्बी-चौड़ी जगह घेरता था। पूरी छावनी का पड़ाव उससे सूचित होता था। सन्निवेश की दृष्टि से स्कन्धावार के दो भाग थे। एक तो बाहरी सन्निवेश और दूसरा राजकुल। बाह्य सन्निवेश में सबसे पहले एक ओर गजशाला (हाथीखाना) और दूसरी ओर मन्दुरा अर्थात् घोड़े और ऊँटों के लिये स्थान होता था। इसके बाद बाहर के लम्बे-चौड़े मैदान में राजकाज से राजधानी में आनेवाले राजाओं और विशिष्ट व्यक्तियों के शिविर लगे थे। इस प्रकार राजकुल के सामने एक पूरा शहर ही छावनी के रूप में बस गया था। इसीमें बाजार और हाट भी था। पाँचवें उच्छ्वास में लिखा है कि जब प्रभाकरवर्द्धन की बीमारी का हाल सुनकर हर्ष स्कन्धावार में लौटा तो वह सबसे पहले बाज़ार में से गुजरा। (स्कन्धावारं समाससाद। प्रविशन्नेव च विपणि वर्त्मनि यमपट्टिकं ददर्श, १५३)। विपणिवर्त्म या बाजार की मुख्य सड़क स्कन्धावार का ही अंग मानी जाती थी। दिल्ली के लाल किले के सामने का जो लम्बा-चौड़ा मैदान है वह उर्दू बाजार अर्थात् छावनी का बाजार कहलाता था। यह विपणिवर्त्म का ही मध्यकालीन रूप था। इसी चौड़े मैदान में सम्राट् से मिलने के लिये आनेवाले राव रजवाड़ों के तम्बू लगते थे। हर्ष के स्कन्धावार में जैसा कि पृष्ठ ३७-३८ पर स्पष्ट किया गया है, दस प्रकार के शिविर या पड़ाव पड़े हुए थे। उनमें अनेक देशों के राजा, युद्ध में परास्त हुए शत्रु, महासामन्त, देशान्तरों के दूतमंडल, समुद्र-पार के देशों के निवासी जिन्हें म्लेच्छ जाति का कहा गया है और जिनमें संभवतः शक, यवन, हूण, पारसीक जातियों के लोग थे, जनता के विशिष्ट व्यक्ति, और सम्राट् से मिलनेवाले धार्मिक आचार्य एवं साधु-संन्यासियों के अलग-अलग शिविर थे। राजकुल के

बाहर और भी बहुत-सा खुला मैदान होता था जिसे अजिर कहा गया है (दे० स्कन्धावार का चित्र, फलक २५)।

राजकुल—स्कधावार के भीतर लगभग अन्त में सर्वोत्तम सुरक्षित स्थान में राजकुल का निर्माण किया जाता था। राजकुल को राजभवन भी कहा गया है। उसकी ड्योढ़ी राजद्वार कहलाती थी। स्कन्धवार में आने-जाने पर कोई रोक-टोक न थी; किन्तु राजकुल में प्रविष्ट होने पर रोकथाम थी। राजद्वार की ड्योढ़ी पर बाह्य प्रतीहारों का पहरा लगता था। राजद्वार के भीतर रास्ते के दोनों ओर के कमरे द्वारप्रकोष्ठ या अलिन्द कहलाते थे। राज्यश्री के विवाह के समय सुनार लोग अलिन्द में बैठकर सोना घड़ रहे थे (१४२)। अलिन्द शब्द की व्युत्पत्ति (अलिं ददाति) से सूचित होता है कि राजकुल में प्रविष्ट होनेवालों का यहाँ पर कुछ जलपान आदि से स्वागत-सत्कार किया जाता था। अलि [१] का अर्थ छोटा कुल्हड़ है। अलिन्द को ही बहिर्द्वार प्रकोष्ठ कहा गया है। अलिन्द गुप्तकाल की भाषा का या उससे थोड़ा पहले का शब्द था। उससे पूर्व समय में द्वार के इस हिस्से को प्रघण या प्रघाण [२] कहा जाता था (दे० राजकुल का चित्र, फलक २६)।

राजकुल के भीतर कई चौक होते थे जिन्हें कक्ष्या कहा गया है। राजमहलों के वर्णन में अंग्रेजी शब्द कोर्ट का पर्याय ही भारतीय महलों में कक्ष्या था। हर्ष के राजकुल में तीन कक्ष्याएँ थीं। कादम्बरी में तारापीड़ के राजमहल में चन्द्रापीड़ सात कक्ष्याएँ पार करके अपने पिता तारापीड़ के पास पहुँचा था। रामायण में दशरथ के राजमहल में पाँच कक्ष्याएँ थीं, किन्तु युवराज राम के कुमारभवन में तीन कक्ष्याएँ थीं (अयोध्याकांड, ५-५)। हर्ष के राजकुल की पहली कक्ष्या या पहले चौक में अलिन्द-युक्त राजद्वार के बाईं ओर सम्राट् के राजकुंजर (१७२) या खासा हाथी (देवस्य औपवाह्यः, ६४) के लिये लम्बा-चौड़ा इभधिष्ण्यागार या हाथीखाना था। इसी में राजा के निजी हाथी दर्पशात के लिये बड़ा अवस्थानमण्डप बना हुआ था (तस्यावस्थानमण्डपोऽयं महान् ६४)। इसके ठीक दाहिनी ओर सम्राट् के खासा घोड़ों (राजवाजि, १७२) के लिये जिन्हें भूपालवल्लभतुरंग कहा जाता था, मन्दुरा या घुड़साल थी। कालान्तर में राजा के निजी प्रिय घोड़ों को केवल 'वल्लभ' भी कहा जाने लगा। इसमें महत्त्व की बात यह है कि हाथी और घोड़ों के लिये बाहरी स्कन्धावार में जो प्रबन्ध था वह सेना के साधारण हाथियों के लिये था; किन्तु राजा के निजी उपयोग में आनेवाले अत्यन्त मूल्यवान् और सम्मनित हाथी-घोड़े राजकुल के भीतर

---

१. इस अर्थ में यह शब्द हिन्दी की पछाहीं बोली में अभी तक प्रयुक्त होता है। संस्कृत के अलिंजर शब्द भी में वह बच गया है। अलिं जरयति = अलिंजरः = महाकुंभ (अमरकोष, २।९।३१), बहुत बड़ा घड़ा, जिस प्रकार के नालन्दा, काशीपुर (जि० नैनीताल) आदि स्थानों की खुदाई में मिले हैं। इन्हें अलिंजर कहने का कारण यह था कि जिस समय कुम्हार अलिंजर बनाता था, उसकी सारी मिट्टी इसी में लग जाती थी और छोटे कुल्हड़ या अलियों का बनना साथ-साथ न होता था।

२. पाणिनीय अष्टाध्यायी में सूत्र है 'अगारैकदेशे प्रघणः प्रघाणश्च' (३।३।७९)। काशिका—'द्वारप्रकोष्ठः बाह्यः उच्यते।' बाण ने भी अलिन्द के लिये प्रघण शब्द का प्रयोग किया है (१५४)। शंकर के अनुसार प्रघण = बहिर्द्वारैकदेश।

पहली कक्ष्या में रखे जाते थे। इन्हीं पर चढ़े हुए सम्राट् राजकुल की पहली कक्ष्या के भीतर प्रवेश करते थे।

राजकुल की दूसरी कक्ष्या में बीचोंबीच महा-आस्थानमंडप (१७२) था जिसे बाह्य-आस्थानमंडप भी कहा गया है। इसी को केवल आस्थान (१८६,१९०), राजसभा या केवल सभा (१९४, २०१) भी कहा जाता था। इसे ही मुगल-महलों में दर्बार आम कहा गया है। इसके सामने अजिर या खुला आँगन रहता था। इस आँगन तक सम्राट् हर्ष घोड़े या हाथी पर चढ़कर आते थे। आस्थानमंडप के अन्दर प्रवेश करने के लिये उन्हें सीढ़ियों के पास सवारी छोड़ देनी पड़ती थी। अजिर से कुछ सीढ़ियाँ चढ़कर आस्थानमंडप में पहुँचा जाता था। अपनी सेना का प्रदर्शन देखने के उपरांत हर्ष राजद्वार के भीतर तक हथिनी पर चढ़े हुए ही प्रविष्ट हुए, पर सीढ़ियों के पास पहुँचकर उतर गए और बाह्य-आस्थानमंडप में रखे हुए आसन पर जाकर बैठे (इत्येवमाससाद आवासं, मन्दिरद्वारि च विसर्जितराजलोकः, प्रविश्यच अवततार, बाह्यास्थानमंडपस्थापितम् आसनम् आचकाम, २१४)। चन्द्रापीड की दिग्विजय का निश्चय भी आस्थानमंडप में ही किया गया था (का० ११२)। कादम्बरी में इसे सभामंडप भी कहा है (का० १११)। दिल्ली के किले में दर्बार आम के सामने जो खुला हुआ भाग है वही प्राचीन शब्दों में अजिर है। प्रभाकरवर्द्धन के निकटवर्ती एवं प्रिय राजा सम्राट् की बीमारी के समय अजिर में एकत्र हुए दुःख मना रहे थे (१५४)। सम्राट् सार्वजनिक रीति से जो दर्बार करते, दर्शन देते, मंत्रणा करते या मिलते-जुलते, वह सब इसी बाह्य-आस्थानमंडप में होता था।[1] राज्यवर्द्धन की मृत्यु के बाद हर्ष ने बाहरी आस्थानमंडप में सेनापति सिंहनाद और गजाधिपति स्कन्दगुप्त से परामर्श किया। उस समय वहाँ अनेक राजा भी उपस्थित थे। सैनिक प्रयाण का निश्चय करने पर जब हर्ष अपने महासंधिविग्रहाधिकृत अवन्ति को समस्त पृथिवी की विजययात्रा की घोषणा लिखा चुके, तो 'आस्थान' से उठकर राजाओं को विदा करके स्नान करने की इच्छा से 'सभा' छोड़कर चले गए (इतिकृतनिश्चयश्च मुक्तास्थानो विसर्जितराजलोकः स्नानारम्भाकांक्षी सभामत्याक्षीत्, १९४)।

राजकुल में आस्थानमंडप दो थे। एक बाहरी या बाह्य-आस्थानमण्डप या दर्बार आम जिसका वर्णन ऊपर किया गया है। यह राजकुल की द्वितीय कक्ष्या में था। दूसरा राजकुल के भीतर धवलगृह के पास या उसी के भीतर होता था जिसे भुक्तास्थानमंडप (दर्बार खास) कहते थे। हर्षचरित और कादम्बरी दोनों में इनका भेद अत्यन्त स्पष्ट है। यहाँ सम्राट् भोजन के उपरान्त अपने अन्तरंग मित्रों और परिवार के साथ बैठते थे, इसलिये इसकी संज्ञा भुक्तास्थानमंडप हो गई थी। भुक्तास्थानमंडप को ही प्रदोषास्थान भी कहा गया है। दिग्विजय का निश्चय करने के दिन हर्ष प्रदोषास्थान में देर तक न बैठकर जल्दी शयनगृह में चले गए (प्रदोषास्थाने नातिचिरं तस्थौ, १९५)। इसके सामने भी एक अजिर या आँगन होता था जिसमें बैठने-उठने के लिये मंडप बना रहता था। प्रथम दर्शन के समय बाण तीन कक्ष्याओं को पार करके चौथी कक्ष्या में बने हुए भुक्तास्थानमण्डप के सामने अजिर में बैठे हुए सम्राट् हर्ष से मिले थे (दौवारिकेण उपदिश्यमानवर्त्मा समतिक्रम्य

१. पृथ्वीचन्द्रचरित (१४२१) में दीवान आम को तत्कालीन भाषा में सर्वोसर (=सं० सर्वोपसर, जहाँ सब पहुँच सकें) कहा गया है।

त्रीणि कक्ष्यान्तराणि चतुर्थे भुक्तास्थानमण्डपस्य पुरस्तादजिरे स्थितं, ६६)। कादम्बरी में चाण्डालकन्या बाह्यास्थानमण्डप में बैठे हुए राजा शूद्रक के दर्बार में तोते को लेकर उपस्थित हुई। वहाँ का वर्णन दर्बार आम का वर्णन है। वैशम्पायन शुक को स्वीकार करने के बाद राजा शूद्रक सभा से उठकर महल के भीतरी भाग में चले गए (विसर्जितराजलोकः क्षितिपतिः आस्थानमण्डपादुत्तस्थौ, का०, १३)। स्नान-भोजन के अनन्तर शूद्रक अपने अमात्य, मित्र और उस समय मिलने के योग्य राजाओं के साथ भुक्तास्थानमण्डप में वैशम्पायन से उसकी कथा सुनते हैं।

राजकुल की दूसरी कक्ष्या तक का भाग बाह्य कहलाता था। यहाँ तक आने-जाने-वाले नौकर-चाकर बाह्य प्रतीहार कहलाते थे। इससे आगे के राजप्रासाद के अभ्यन्तर भाग में आने-जानेवाले प्रतीहार अन्तर-प्रतीहार (६०) या अभ्यन्तर-परिजन कहलाते थे।

राजकुल की तीसरी कक्ष्या में बाण ने धवलगृह का विस्तृत वर्णन किया है। धवलगृह के चारों ओर कुछ अन्य आवश्यक विभाग रहते थे। बाण के अनुसार इनके नाम इस प्रकार हैं।

गृहोद्यान—इसमें अनेक प्रकार के पुष्प, वृक्ष (भवनपादप, १६२) और लतामण्डप आदि थे। इसीसे सम्बन्धित कमलवन, क्रीड़ापर्वत जिसे कादम्बरी में दारुपर्वतक कहा है, लतागृह इत्यादि होते थे।

गृहदीर्घिका—गृहोद्यान और धवलगृह के अन्य भागों में पानी की एक नहर बहती थी। लम्बी होने के कारण इसका नाम दीर्घिका पड़ा। दीर्घिका के बीच-बीच में गन्धोदक से पूर्ण क्रीड़ावापियाँ बनाकर कमल हंस आदि के विहारस्थल बनाये जाते थे। गृहदीर्घिका का वर्णन न केवल भारतवर्ष में हर्ष के महल में मिलता है, बल्कि छठी-सातवीं शती के राजप्रासादों की वास्तुकला की यह ऐसी विशेषता थी जो अन्यत्र भी पाई जाती है। ईरान में ख़ुसरू परवेज के महल में भी इस प्रकार की नहर थी। कोहे बिहिस्तून से कसरे शीरीं नामक नहर लाकर उसमें पानी के लिये मिलाई गई थी।[1]

व्यायामभूमि—शूद्रक के वर्णन में लिखा है कि वे आस्थानमण्डप से उठकर स्नान से पूर्व व्यायामभूमि में गए। यह भी प्राचीन प्रथा थी। इसका उल्लेख राजा की दिनचर्या

---

१. इस सूचना के लिये मैं श्री मौलवी मोहम्मद अशरफ सुपरिंटेंडेंट, पुरातत्त्व-विभाग, नई दिल्ली, का अनुगृहीत हूँ। इसे नहरे बिहिश्त कहते थे। हारूँ रशीद के महल में भी इस प्रकार की नहर का उल्लेख आता है। देहली के लाल किले के मुगल-महलों की नहर बिहिश्त प्रसिद्ध है। वस्तुतः प्राचीन राजकुलों के गृहवास्तु की यह विशेषता मध्यकाल में भी जारी रही। विद्यापति ने कीर्तिलता ग्रंथ में प्रासाद का वर्णन करते हुए क्रीड़ाशैल, धारागृह, प्रमदवन, पुष्पवाटिका के अभिप्रायों के साथ-साथ 'कृत्रिम नदी' का उल्लेख किया है। वह भवनदीर्घिका का ही दूसरा रूप है। मुगल कालीन महलों की नहर बिहिश्त से दो सौ वर्ष पहले विद्यापति ने कृत्रिम नदी का उल्लेख किया था। वस्तुतः भारत वर्ष में और बाहर के देशों में भी राजप्रासाद के वास्तु की यह विशेषता थी। ट्यूडर राजा हेनरी अष्टम के हेम्पटन कोर्ट राजप्रासाद में इसे Long Water (लौंग वाटर) कहा गया है, वह दीर्घिका के अति निकट है।

के अन्तर्गत अर्थशास्त्र में भी आया है। अष्टाध्यायी से ज्ञात होता है कि राजा को कुश्ती लड़ानेवाले ज्येष्ठ मल्ल 'राजयुध्वा' कहलाते थे (३।२।९५)।

स्नानगृह या धारागृह—इसमें स्नान करने के लिये यंत्रधारा (फव्वारा) और स्नान-द्रोणी रहती थी। इसे ही क्षेमेन्द्र ने लोकप्रकाश में निमज्जनमण्डप और पृथ्वीचन्द्रचरित (चौदहवीं शती) में माजणहरों (मज्जनगृह) कहा है।

देवगृह,—महल के भीतर सम्राट् और राजपरिवार के निजी पूजन-दर्शन के लिए मन्दिर में कुलदेवता की मूर्ति स्थापित की जाती थी। लोकप्रकाश में इसे ही देवार्चनमण्डप कहा गया है।

तोयकर्मान्त—जल का स्थान।

महानस—रसोई का स्थान।

आहारमण्डप—भोजन करने का स्थान।

इनके अतिरिक्त कादम्बरी में संगीत भवन (का० ९१), आयुधशाला (का० ८७), बाणयोग्यावास (का० ९०, बाण चलाने का स्थान) और अधिकरणमण्डप (का० ८८, कचहरी या दफ्तर) का राजकुल के अन्तर्गत उल्लेख आया है। हेमचन्द्र ने कुमारपाल-चरित में (बाहरवीं शती) राजमहल में श्रमगृह का उल्लेख किया है जहाँ राजा मल्लविद्या और धनुरभ्यास करता था। यह कादम्बरी में वर्णित व्यायामभूमि और बाणयोग्यावास का ही रूप है।

इन फुटकर भवनों के अतिरिक्त राजकुल का सबसे महत्त्वपूर्ण भाग धवलगृह था जिसे शुद्धान्त भी कहते थे।

धवलगृह—धवलगृह (हिन्दी धौराहर या धरहरा) जिस ड्योढ़ी से आरम्भ होता था उसका नाम बाण ने गृहावग्रहणी अर्थात् (धवल) गृह में रोक-थाम की जगह कहा है। इस नाम का कारण यह था कि यहाँ से प्रतीहारों का पहरा, रोकटोक और प्रबन्ध की अत्यधिक कड़ाई आरम्भ होती थी। यहाँ पर नियुक्त प्रतीहार अधिक अनुभवी और विश्वासपात्र होते थे। रामायण में इसे प्रविविक्त कक्ष्या (अयोध्याकांड, १६।४७) कहा गया है जहाँ राम और सीता युवराज-अवस्था में रहते थे और जहाँ केवल विशेष रूप से अनुज्ञात व्यक्ति ही प्रवेश पाते थे। इस भाग में नियुक्त प्रतीहारी को रामायण में वृद्ध वेत्रपाणि स्त्र्यध्यक्ष कहा गया है। बाण से भी इसका समर्थन होता है।

धवलगृह दो या उससे अधिक तल का होता था। सम्राट् और अन्तःपुर की रानियाँ ऊपर के तल में निवास करती थीं। धवलगृह के द्वार में प्रवेश करते ही ऊपर जाने के लिये दोनों ओर सोपानमार्ग होता था। बाण ने लिखा है कि प्रभाकरवर्द्धन अपनी रुग्णावस्था में धवलगृह के ऊपरी भाग में थे। सीढ़ियों पर आने-जाने से जो खटखट होती थी उससे प्रतीहार अत्यन्त कुपित होते थे, क्योंकि उस समय बिल्कुल अतिनिश्शब्दता रखने का आदेश था। हर्ष कई बार पिता से ऊपर ही जाकर मिले (क्षणमात्रञ्च स्थित्वा पित्रा पुन राहारार्थं आदिश्यमानः धवलगृहादवततार, १५६)। धवलगृह के भीतर बीच में आँगन होता था और उसके चारों ओर शालाएँ या कमरे बने होते थे, इसीलिए उसे चतुश्शाल

कहा जाता था।[1] चतुश्शाल का ही पर्याय गुप्तकाल की भाषा में संजवन[2] था। प्रभाकरवर्द्धन के धवलगृह का वर्णन करते हुए बाण ने संजवन शब्द का प्रयोग किया है (१५५)। प्रभाकरवर्द्धन तो ऊपर थे, किन्तु उनके उद्विग्न नौकर चाकर नीचे संजवन या चतुश्शाल में इकट्ठे होकर शोक कर रहे थे। ज्ञात होता है कि चतुश्शाल में बने हुए कमरे वस्त्रागार, कोष्ठागार, ग्रंथागार आदि के लिये एवं अतिथियों के ठहराने के काम में आते थे।

धवलगृह के आँगन में चतुश्शाल के कमरों के सामने आने-जाने के लिये एक खुला मार्ग रहता था और बीच में खम्भों पर लम्बे दालान बने रहते थे जिन्हें बाण ने सुवीथी कहा है। पथ और सुवीथियों के बीच में तिहरी कनात तनी होती थी (त्रिगुणतिरस्करिणीतिरोहितसुवीथीपथे, १५५)। प्रायः सुवीथी में जाने के लिये पक्षद्वार होते थे। सुवीथी, उनमें बैठे हुए राजा-रानियों के पारिवारिक दृश्य, पक्षद्वार और तिरस्कारिणी—इन सबका चित्रण अजन्ता के कई भित्तिचित्रों में आता है जिनसे धवलगृह की इस रचना को समझने में सहायता मिलती है (राजासाहब औंध कृत अजन्ता, फलक ६७, ७७)। सुवीथियों के मध्य की भूमि खुली होती थी और उसमें बैठने-उठने के लिये एक चबूतरा बना होता था जिसे चतुश्शाल-वितर्दिका कहा गया है (१७८)। (दे० धवलगृह का चित्र, फलक २७)

धवलगृह का ऊपरी तलः—धवलगृह के ऊपरी तल में सामने की ओर बीच में प्रग्रीवक, एक ओर सौध और दूसरी ओर वासभवन या वासगृह होता था। वासगृह का ही एक भाग शयनगृह था। वासभवन में भित्तिचित्र बनाए जाते थे (१२७)। इसीसे यह स्थान चित्रशालिका भी कहलाता था। उसीसे निकला हुआ चित्तरसारी रूप भाषा में चलता है। रानी यशोवती वासभवन में सोती थी। हर्ष का शयनगृह भी यहीं था। सौध केवल रानियों के ही उठने-बैठने का स्थान था। उसकी खुली छत पर यशोवती स्तनमण्डल पर से अंशुक छोरकर चाँदनी में बैठती थी (१२७)। बीच के कमरे की संज्ञा प्रग्रीवक इसलिये थी कि वह धवलगृह के ग्रीवास्थान पर बना होता था। कौटिल्य के अर्थशास्त्र में कुमारीशाला में बने हुए प्रग्रीव कमरे का उल्लेख है (अर्थशास्त्र, २। ३१)। प्रभाकरवर्द्धन की बीमारी में आई हुई सगे-सम्बन्धियों की स्त्रियाँ ऊपर प्रग्रीवक के कमरे में ही बैठी थीं जिसमें चारों ओर से परदा या ओट थी (बान्धवांगनावर्गगृहीतप्रच्छन्नप्रग्रीवके, १५५)।

जैसे सामने की ओर प्रग्रीवक या मुखशाला थी उसी प्रकार ऊपरी तल के पीछे के भाग में चन्द्रशालिका होती थी। इसमें केवल छत और खम्भे होते थे और राजा-रानी वहाँ बैठकर चाँदनी का सुख लेते थे। यशोवती गर्भावस्था में चन्द्रशालिका में बैठकर उसके खम्भों पर बनी शालभंजिकाओं (खम्भों पर उत्कीर्ण स्त्रीमूर्तियों) को देखती थी।

चन्द्रशालिका और प्रग्रीवक को मिलानेवाले दाहिने और बाएँ लम्बे दालान प्रासादकुक्षि कहे गए हैं जिनमें वातायन बने होते थे। उनमें राजा चुने हुए आप्त सुहृदों के साथ अंतःपुर के संगीत और नृत्य आदि उत्सवों का आनन्द लेते थे (का० ५८)। (फलक २८)

---

१. चतुश्शाल का अपभ्रंश रूप चौसल्ला अभी तक हिन्दी में प्रयुक्त होता है। काशी में पुराने घरों के भीतरी आँगन को चौसल्ला चौक कहा जाता है।

२. संजवन्ति अत्र इति संजवनं (गत्यर्थक जु धातु) अर्थात् जहाँ तक बाहरी व्यक्ति जा सकते थे। इसके आगे भीतर जहाँ सम्राट् और अंतःपुर की रानियाँ रहती थीं, जाने का एकदम कड़ा निषेध था।

बाण के वर्णन की साहित्यिक तुलना

बाण ने राजप्रासाद का जो वर्णन किया है उसकी कई विशेषताओं पर उसके पूर्व-कालीन और परवर्ती साहित्य में आए हुए उल्लेखों से उनके समझने में सहायता मिलती है।

रामायण में दशरथ के राजकुल और राम के भवन का वर्णन है। दशरथ का राजकुल पाँच कक्ष्याओंवाला था। इनमें से तीन कक्ष्याओं के भीतर तक राम रथ पर चढ़कर चले गए, फिर दो कक्ष्याओं में पैदल गए (अयोध्या १७।२०)। दशरथ भी प्रभाकर-वर्द्धन की तरह प्रासाद के ऊपरी तल्ले में ही रहते थे। जब राम दशरथ से मिलने गए तो प्रासाद के ऊपरी भाग में चढ़े (प्रासादमारुरोह ३।३१-३२)। इसी प्रकार वसिष्ठ भी प्रासाद पर अधिरोहण करके ही राजा दशरथ से मिले थे (प्रासादमधिरुह्य, अयोध्या० ५।२२)।

राम युवराज थे। उनका भवन दशरथ के राज-भवन से अलग था, पर उसका सन्निवेश भी बहुत-कुछ राजभवन के ढंग पर ही था (राजभवनप्रख्यात् तस्माद्रामनिवेशनात्, अयोध्या ५।१५)। उसमें तीन कक्ष्याएँ थीं। रामचन्द्र के भवन में वसिष्ठ का रथ तीसरी कक्ष्या के भीतर तक चला गया था[1]। धृतराष्ट्र के राजवेश्म में तीन कक्ष्या के भीतर सभा थी (उद्योग० ८७।१२)। दुर्योधन के युवराज भवन में भी तीन कक्ष्याएं थीं (उ० ८९।२)।

इस सम्बन्ध में बाण की साक्षी महत्त्वपूर्ण है। कादम्बरी में राजकुमार चन्द्रापीड़ जब विद्याध्ययन से वापिस लौटे तो उनके लिये अलग भवन दिया गया जिसका नाम कुमार-भवन था। इसी प्रकार कौमार अवस्था में कादम्बरी के लिये भी कुमारी-अन्तःपुर नामक भवन अलग ही बना था। चन्द्रापीड़ के भवन में दो भाग मुख्य थे—एक श्रीमण्डप और दूसरा शयनीय गृह। श्रीमण्डप बाहर का भाग और शयनीय गृह भीतर का था (का० ९६)। कादम्बरी के कुमारी-अन्तःपुर में भी श्रीमण्डप था[2]।

हैम्पटन कोर्ट नामक ट्यूडर-कालीन महल में भी प्रिंस आफ वेल्स (युवराज) के लिये पृथक् भवन की कल्पना थी, जो राजकुल के एक भाग में मिलती है। इसमें तीन हिस्से थे—प्रेजेंस चैम्बर, ड्राइंग रूम, बैड रूम।

इनमें प्रेजेंस चैम्बर भारतीय श्रीमण्डप के समतुल्य है। वह लोगों से मिलने-जुलने का कमरा था। उसी में रक्खे हुए शयन पर चन्द्रापीड़ के बैठने का उल्लेख है। (श्रीमंडपावस्थितशयने मुहूर्तमुपविश्य, का० ९६)। बैड रूम और शयनीय गृह का साम्य स्पष्ट ही है। राम के महल की तीन कक्ष्याओं में भी प्रथम कक्ष्या में सबसे आगे द्वारस्थान (द्वारपद, अयो० १५।४५) और तब राज वल्लभ अश्व-गज आदि के लिये स्थान थे। तीसरी कक्ष्या राम-सीता का निजी वास-गृह था, जिसे प्रविविक्त कक्ष्या (अयो० १६।४७) कहा गया है। यहाँ बुड्ढे स्त्र्यध्यक्ष नामक प्रतीहार हाथ में वेत्र-दण्ड लिए हुए तैनात थे और अनुरक्त युवक शस्त्र लिए हुए उसके रक्षक नियुक्त थे (आयो० १६।१)। राम के और युवराज हर्ष के भवनों में साम्य पाया जाता है। युवराज हर्ष का कुमारभवन रामभवन की

१. स रामभवनं प्राप्य पाण्डुराभ्रघनप्रभम्।
तिस्रः कक्ष्याः रथेनव विवेश मुनिसत्तमः॥
(अयोध्या, ५।५)

२. श्रीमण्डपमध्योत्कीर्णा अधोमुखविद्याधरलोक, का० १८६)

तरह सम्राट् प्रभाकरवर्द्धन के प्रासाद से अलग था। हर्ष जब शिकार से लौटा तो पहले एकदम स्कन्धावार में होता हुआ राजद्वार के पास आया जहाँ द्वारपालों ने उसे प्रणाम किया; और तब राजकुल में प्रविष्ट होकर तीसरी कक्ष्या के भीतर धवलगृह के ऊपरी तल्ले में पिता प्रभाकरवर्द्धन से मिला; फिर धवलगृह से नीचे उतरकर राजपुरुष के साथ अपने भवन (स्वधाम) में गया। सन्ध्या के समय वह फिर पिता के भवन में ऊपर गया (क्षपामुखे क्षितिपालसमीपमेव पुनरारुरोह, १६०)। प्रातःकाल होने पर धवलगृह से नीचे उतरा और राजद्वार पर खड़े हुए अश्वपाल के घोड़ा हाजिर करने पर भी पैदल ही अपने मन्दिर को वापिस लौटा (उषसि चावतीर्य चरणाभ्यामेव आजगाम स्वमन्दिरम्, १६०)। इससे सूचित होता है कि युवराज हर्ष का अपना भवन राजद्वार से बाहर था।

रामायण में रावण के राजभवन का भी विस्तृत वर्णन है (सुन्दरकांड, अ० ६-७)। उस समस्त राजकुल को 'आलय' कहा गया है। उस आलय के मध्यभाग में रावण का भवन था और उसमें कई प्रासाद थे। इन तीनों शब्दों की तुलना हम बाण के राजकुल, धवलगृह और वासगृह से कर सकते हैं जो क्रमशः एक के भीतर एक थे। रावण की निजी महाशाला भी सोपान से युक्त थी। रावण के महानिवेशन या राजकुल में लतागृह, चित्रशालागृह, क्रीड़ागृह, दारुपर्वतक, कामगृह, दिवागृह (सुन्दर० ६।३६-३७), आयुधचाप-शाला, चन्द्रशाला (सुन्दर० ७।२) निशागृह (सुन्दर० १२।१), आपानशाला, पुष्पगृह, आदि थे। इनमें से कई विशेषताएँ ऐसी हैं जो बाण के समकालीन राजभवनों में भी मिलती हैं। चन्द्रशाला परिचित शब्द है। रामायण का चित्रशालागृह हर्षचरित के वासभवन का शयनगृह होना चाहिए जहाँ भित्तिचित्र बने थे और इस कारण जिसका यथार्थ नाम चित्रशालिका भी था।

प्रथम शती ई० के महाकवि अश्वघोष ने सौन्दरनंद में नंद के वेश्म या गृह का वर्णन करते हुए उसे 'विमान' कहा है और लिखा है कि उसकी रचना देवविमान के तुल्य थी। नन्द के घर में भी लंबी-चौड़ी कक्ष्याएँ थीं। जब बुद्ध नन्द के द्वार पर भिक्षा लेने के लिये आए तो वह अपनी पत्नी सुन्दरी के साथ कोठे पर बैठा था। सुनते ही वह वहाँ से उतरा और शीघ्रता से घर की विशाल कक्ष्याओं को पार करता हुआ बढ़ा। पर उनकी विशालता के कारण विलम्ब होने से उसे अपने विशाल कक्ष्याओंवाले घर पर क्रोध आया[1]। अश्वघोष ने यह भी संकेत दिया है कि महल के हर्म्यपृष्ठ या ऊपरी तल्ले में गवाक्ष होते थे[2] (४।२८)। बाण ने भी कादम्बरी में लिखा है कि धवलगृह के ऊपरी तल्ले की प्रासादकुक्षियों में वातायन बने रहते थे जो किवाड़ खोलने पर प्रकट दिखाई पड़ते थे (विघटितकपाटप्रकटवातायनेषु महा-प्रासादकुक्षिषु, का० ५८)।

गुप्तकालीन 'पादताडितकम्' नामक ग्रन्थ (पाँचवीं शती का मध्यभाग) में वार-वनिताओं के श्रेष्ठ भवनों का वर्णन करते हुए उनकी कक्ष्याओं के विभाग को खुलकर फैला हुआ कहा गया है (असंबाधकक्ष्याविभागानि, पृ० १२)। वे सुनिर्मित सुन्दर छिड़काव किए

१. प्रासादसंस्थो भगवन्तमन्तः प्रविष्टमश्रौषमनुग्रहाय।
अतस्त्वरावानहमभ्युपेतो गृहस्य कक्ष्यामहतोऽभ्यसूयन्॥ (५।८)

२. हर्म्यपृष्ठे गवाक्षपक्षे।

हुए (सिक्त), और पोली पिचकारियों से फुफकार कर साफ किए गए (सुषिरफूत्कृत) थे। उन घरों के वर्णन-प्रसंग में वप्र (चारदीवारी), नेमि (नींव), साल (प्राकार), हर्म्य (ऊपरी तल के कमरे), शिखर, कपोतपाली (गवाक्षपंजर के सामने की गोल मुडेर के आगे बने छोटे केवाल संज्ञक कंगूरे), सिंहकर्ण (गवाक्षपंजर के दाएँ-बाएँ उठे हुए कोने), गोपानसी (गवाक्षपंजर के ऊपर नाक की तरह निकला भाग), वलभी (गोल मुंडेर), अट्टालक, अवलोकन (देखने के लिये बाहर की ओर निकली हुई खिड़कियाँ), प्रतोली (नगर के प्राकार में बने हुए फाटक जिन्हें पोल या पौरि भी कहते हैं), विटंक, प्रासाद, आदि शब्दों का उल्लेख है। बाण ने स्थाण्वीश्वर नगर के वर्णन में प्रासाद, प्रतोली, प्राकार और शिखरों का उल्लेख किया है (१४२)। प्रभाकरवर्द्धन के धवलगृह की भाँति पादताडितकं में भी वितर्दि (आँगन में बनी वेदिका या चबूतरा), संजवन (चतुश्शाल) और वीथी (धवलगृह के भीतरी आँगन में पटावदार बरामदे) का वर्णन है।

मृच्छकटिक में वसन्तसेना के अतिविशाल और भव्य गृह के आठ प्रकोष्ठों का वर्णन है। यहाँ प्रकोष्ठ का वही अर्थ है जो बाण में कक्ष्या का है।

भारतीय स्थापत्य और प्रासाद निर्माण की परम्पराएँ छोटे-मोटे भेदों के साथ मध्यकाल में भी जारी रहीं। हेमचन्द्र के द्वय्याश्रय काव्य (१२ वीं शती), विद्यापति की कीर्तिलता (लगभग १४०० ई०), पृथ्वीचन्द्र-चरित्र (१४२१ ई०) और मुगलकालीन महलों में भी हम हर्षकालीन गृह-वास्तु की विशेषताओं की परम्परा से पाते हैं। कुमारपालचरित में आस्थानमण्डप को सभा (६ । ३६) और मण्डपिका (६ । २२-२६) कहा है। धवलगृह के साथ सटे हुए गृहोद्यान का भी उल्लेख है (२ । ६१), जैसा राजकुल के चित्र में दिखाया गया है। गृहोद्यान बाह्यास्थानमण्डप से अन्दर की ओर विशाल भूभाग में बनाया जाता था। हेमचन्द्र ने राजमहल के उद्यान का विस्तृत रूप खड़ा किया है (द्वय्याश्रयकाव्य, ३।१ से ५।८७ तक)। राजभवन के उद्यान में कितने प्रकार के पुष्प, वृक्ष, लतागृह, मण्डप आदि होते थे इनकी विस्तृत सूची वहाँ दी है। बाण के उद्यान-सम्बन्धी सब वर्णनों का संग्रह किया जाय तो दोनों में अनेक समानताएँ मिलेंगी। जातिगुच्छ, भवन कीदाड़िमलता, अन्तःपुर का बाल बकुल, भवनद्वार पर लगा हुआ बाल सहकार—ये भवन-पादप रानी यशोवती को स्वजन की भाँति प्रिय थे (१६४-६५)।

कीर्तिलता में प्रासाद वर्णन के कई अभिप्राय प्राचीन हिन्दू परम्परा के हैं, जैसे कांचनकलश, प्रमदवन, पुष्पवाटिका, कृत्रिमनदी (=भवनदीर्घिका),क्रीड़ा शैल (=क्रीड़ापर्वत), धारागृह, यन्त्रव्यजन, शृंगारसंकेत (=कामगृह, सुन्दरकाण्ड, ६ । ३७), माधवीमण्डप, खट्वाहिंडोल, कुसुमशय्या, चतुसम पल्वल, चित्रशाली (चित्रभित्तियों से युक्त शयनगृह या चित्रशालिका)। इसी के साथ मुसलमानी वास्तु के कई नए शब्द भी उस समय चल गए थे जिनका विद्यापति ने उल्लेख कर दिया है ; जैसे, खास दरबार (=भुक्तास्थानमण्डप), दरसदर (=राजद्वार), निमाजगह (=देवगृह), ख्वारगह ? (=आहार-मण्डप), षोरमगह जो सुख-मन्दिर का पर्याय है। आमेर के महलों में वह स्थान सुख-मन्दिर कहलाता है जहाँ पानी की नहर निकलकर भीतरी बाग को सींचती है। यह प्राचीनकाल की भवन

दीर्घिका और दिल्ली के मुगलकालीन महल के रंगमहल का स्मरण दिलाती है जिसमें नहर-बिहिश्त बहती हुई गई है।

१५ वीं शती के पृथ्वीचंद्रचरित (१४२१ ई०) में महल और उससे सम्बन्धित कितने ही अंगों का वर्णन किया गया है–'धवलगृह स्वर्ग-विमान-समान, अनेक गवाक्ष, वेदिका, चउकी, चित्रसाली, जाली, त्रिकलसाँ, तोरण–धवलगृह, भूमिगृह, भाण्डागार, कोष्ठागार, सत्रागार, गढ़, मढ़, मन्दिर, पड़वाँ, पटसाल, अधहटाँ, कडहटाँ, दण्डकलस, आमलसार, आँचली, बन्दरवाल, पंचवर्ण पताका, दीपइँ। सर्वोसर, मंत्रोसर, मांजणहराँ (मज्जनगृह), सप्तद्वारान्तर (सात कट्या या चौक), प्रतोली (पौर), रायंगण (राजाङ्गण), घोड़ाहड़ि (=घोड़े का बाजार या नक्खास), अषाड़उ, गुणणी, रंगमंडप, सभामण्डप, समूहि करी, मनोहर एवविध आवास (पृथ्वीचंद्रचरित, पृ० १३१-३२)। इस सूची में कई शब्दों में बाणकालीन परम्परा अनुसरण दिखाई पड़ती है। गवाक्ष, वेदिका, चित्रसाली, तोरण, धवलगृह, सभामण्डप, प्रतोली—ये शब्द प्राचीन हैं। साथ ही मज्जनगृह (स्नानगृह), सर्वोसर (=सर्वोपसर, दीवाने आम), मंत्रोसर (=मंत्रोपसर, मन्त्रणागृह, दीवानखास) और रायंगण (राजांगण, अजिर) आदि शब्द नए हैं; किन्तु उनके अर्थ प्राचीन हैं जो बाण के समय में अस्तित्व में आ चुके थे।

बाण के स्कन्धावार और राजकुल के वर्णन को समझने के लिये मध्यकालीन हिन्दू और मुसलमानी राजाओं के बचे हुए राजप्रासादों और महलों को आँख के सामने रखना आवश्यक है। राजकुल की आवश्यकताएँ बहुत अंशों में समान होती हैं जिसके कारण भिन्नजातीय राजप्रासादों के विविध अंगों में समानता का होना स्वाभाविक है।

दिल्ली के लाल किले में बने हुए अकबर और शाहजहाँ-कालीन महलों पर यदि ध्यान दिया जाय तो बाण के महलों से कई बातों में उनकी समानता स्पष्ट है। इसका कारण यही हो सकता है कि मुगल-सम्राटों ने अपने महलों की निर्माण कला में कई बातें बाहर से लाकर जोड़ीं, पर कितनी ही विशेषताएँ पुराने राजमहलों की भी अपनाईं। उदाहरण के लिये निम्न बातों में समता पाई जाती है—

बाण के महल (७ वीं शती)	दिल्ली के लाल किले का मुगल-कालीन महल।	लंडन में हैम्पटन कोर्ट महल (१६-१७ वीं शती)।
१ राजकुल के सामने स्कन्धावार का बड़ा सन्निवेश और विपणि-मार्ग।	लाल किले के सामने फैला हुआ बड़ा मैदान जिसकी संज्ञा उर्दू बाजार थी[1]।	
२ परिखा और प्राकार।	खाई और किले की चारदीवारी।	Moat and Bridge

१. उर्दू तुर्की भाषा का शब्द है जिसका अर्थ सेना था। बाद में सैनिक-पड़ाव (फौजी छावनी) को भी उर्दू कहने लगे। हिन्दी का वर्दी शब्द और अंग्रेजी का होर्ड (Horde) शब्द उर्दू से ही निकले हैं।

३ राजद्वार।	किले का सदर दरवाजा जहाँ से पहरा शुरू होता है (तुलना० कीर्तिलता में दरसदर)।	The Great Gate House
४ अलिंद या बाह्यद्वार प्रकोष्ठ।	सदर दरवाजे के भीतर चलकर दोनों ओर बनी कोठरियाँ या कमरों की पंक्तियाँ जहाँ इस समय दुकानें कर दी गई हैं।	Barracks and Porter's Lodge in the Entrance
५ प्रथम कक्ष्या—राजकुंजर का अवस्थानमण्डप और राजवाजियों की मन्दुरा।	खुला हुआ मैदान।	Base Court
६ बाह्यास्थानमंडप और उसके सामने अजिर।	दीवाने आम और उसके सामने खुला आँगन।	Great Hall and Great Hall Court
७ अजिर से आस्थानमंडप में चढ़ने के सोपान (हर्ष० १५५, प्रासाद-सोपान ; का० ८६)।	दीवाने आम के सामने की सीढ़ियाँ।	Grand Stair-case [King's Stair-case]
८ आस्थानमंडप में रक्खा हुआ राजा का आसन।	दीवाने आम में बादशाह के बैठने का विशेष स्थान।	Clock Court
९ अभ्यन्तरकक्ष्या।		
१० धवलगृह।	भीतरी महल।	Principal Floor
११ गृहोद्यान; क्रीड़ावापी, कमलवन	नज़र बाग़ और उसमें बना हुआ तालाब (तुलना० कीर्तिलता का चतुस्सम पल्वल और उसमें रक्खी हुई चन्द्रकांतशिला)।	Privy Garden Pond Garden [Vinery, Orangery etc.]
१२ गृहदीर्घिका।	नहरे-बहिश्त।	Long Canal, "Long Water"
१३ स्नानगृह, यन्त्रधारा, स्नानद्रोणी, महानस, आहारमंडप।	हम्माम, हौज़ और फव्वारे।	Bathing Closet, King's Kitchen, Banqueting Hall, Private Dining Room.
१४ देवगृह।	मस्जिद या नमाजगाह। (मोती मस्जिद)।	Royal Chapel

१५ चतुःशाल ।		Cellars on the Ground Floor
१६ वीथियाँ ।	खुर्रमगाह रंग-महल, (कीर्तिलता का खुर्रमगाह और आमेर के महलों का सुखमंदिर) ।	Galleries
१७ भुक्तास्थानमंडप ।	दरबार खास ।	Audience Chamber
१८ प्रग्रीवक, गवाक्ष वातायनों से युक्त मुखशाला । [पादताडितकं का ' अवलोकन'] ।	मुसम्मम बुर्ज (आमेर के महलों का सुहाग-मन्दिर जहाँ रानियाँ झरोखेदार जालियों में बैठकर बाहर के दृश्य देखती थीं ।	Queen's Gallery, Great Watching Chamber
१९ दर्पण-भवन या आदर्श भवन ।	शीशमहल (धनपाल कृत तिलक-मंजरी ११वीं शती में भी आदर्श भवन का उल्लेख है ।)	
२० शयनगृह, वासगृह (चित्रशालिका)–सौध, हाथीदाँत और मुक्ताशैल (श्वेत पाषाण) के स्तम्भों से बना हुआ निवास-प्रासाद, (६८); हाथी दाँत के तोरण से युक्त, हीरों का कमरा (सदन्त-तोरण वज्रमन्दिर, ६८) ।	बादशाह और बेगमों के निजी कमरे । ख्वाबगाह जहाँ छत्र और दीवारों पर चित्र बने हैं ।	King's Drawing Room Queen's Drwing Room King's Bed Room Queen's Bed Room
२१ संगीतगृह ।		
२२ चन्द्रशाला ।		
२३ प्रासाद कुक्षियां ।		Presence Chambers
२४ प्रतीहारगृह ।	ख्वाजासरा का महल ।	Lord Chamberlains Court, where he and his officials had their lodgings

इस सूची से स्पष्ट है कि भारतीय राज-प्रासादों की जिस रचना का उल्लेख बाण में है उसकी धारा बाण से पूर्वकालीन साहित्य में और बाण के उत्तरवर्ती साहित्य में भी थी। वस्तुतः सातवीं शती के भारतीय राजमहलों में अनेक परम्पराएँ—न केवल वास्तु और स्थापत्य-सम्बन्धी, बल्कि जीवनोपयोगी नौकर-चाकर, रागरंग-सम्बन्धी भी—अपने से पूर्वकाल से ली गईं। उसी प्रकार उनका यह ठाटबाट बाद के युगों तक जारी रहा। यही स्वाभाविक ऐतिहासिक क्रम है। बाण के इन धुँधले चित्रों में अभी और रंग भरना होगा। उत्तरवर्ती गुर्जर—प्रतीहार, पाल, परमार, चालुक्य, यादव, काकति, गंग, विजयनगरवंशी राजाओं के काल में बने राजप्रासादों के अध्ययन, और मुस्लिम काल के साहित्य और वास्तु के अध्ययन के फलस्वरूप पर्याप्त सामग्री प्राप्त होने की आशा है, जिसकी सहायता से भारतीय राजप्रासादों की रूपरेखा और विकास अधिक सुस्पष्ट और निश्चित हो सकेगा।

लण्डन में जो हैम्पटन कोर्ट नामक राजभवन है उसे कार्डिनल वूल्से ने १५१४ ई० में बनवाकर १५२९ ई० में सम्राट् हेनरी अष्टम को दे दिया था और उसने उसे १५४० ई० में पूरा किया। उसपर सोलहवीं शती के आरम्भ की अंग्रेजी वास्तु की छाप थी। डेढ़ सौ वर्ष पीछे १६८० में विलियम तृतीय और साम्राज्ञी ऐन (Anne) के समय में उसका पुनः संस्कार हुआ। १७ वीं शती में ही दिल्ली के लाल किले में बने हुए शाहजहाँ-कालीन राजप्रासाद, पुराने भवनों के स्थान में या उनका संस्कार करके निर्मित हुए। उनमें और हैम्पटन कोर्ट-नामक राजमहल के विविध भागों में कितनी ही बातें सादृश्य की मिलती हैं। निश्चय ही बाणकालीन राजप्रासाद और विलायती राजप्रासाद में कुछ भी ऐतिहासिक सम्बन्ध नहीं कहा जा सकता, फिर भी दोनों के सन्निवेश में जो समानताएँ हैं उनका कारण यही हो सकता है कि राजमहलों के निर्माण की कला जिन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिये विकसित हुई वे बहुत-कुछ सार्वदेशिक थीं। नई दिल्ली के राष्ट्रपति-भवन का भी तुलनात्मक सन्निवेश इस प्रकार है—स्कन्धावार का बाहिरी भाग (Central Vista); अधिकरण-मंडप (Secretariat); राजद्वार (Main Gate); बाह्यकक्ष्या (Fore-Court); प्रासाद-सोपान (Grand Stair-case); बाह्यास्थानमंडप (Darbar Hall); प्रतीहारभवन (Military Secretary's Wing); भुक्तास्थानमंडप (Audience Room); आहारमंडप (Banqueting Room); अन्तःपुर संगीत के लिये प्रासाद-कुक्षियाँ (Ball Room); गृहोद्यान (Mughal Gardens); कमलवन (Flowers); क्रीड़ावापी (Pond); दीर्घिका (Fountain & Long Canal)।

परिशिष्ट २

सामन्त

सामन्त मध्यकालीन भारतीय राजनीति-परिभाषा का अत्यन्त महत्त्वपूर्ण शब्द है। कालिदास में यह शब्द आया हो तो मुझे विदित नहीं। किन्तु बाण के हर्षचरित में सामन्त-संस्था का अत्यन्त विकसित रूप मिलता है। अवश्य ही कई सौ वर्ष पूर्व से ही सामन्त-प्रथा अस्तित्व में आ चुकी होगी। याज्ञवल्क्यस्मृति २-१५२ में सामन्तों की सहायता से सीमा-सम्बन्धी विवाद के निपटाने का उल्लेख है। कौटिलीय अर्थशास्त्र में सामन्त शब्द पड़ोसी राज्य के राजा के लिये है। उसका वह विशिष्ट अभिप्राय और महत्त्व नहीं है जो बाणकालीन साहित्य में पाया जाता है। बाद में मध्यकाल का साहित्य तो सामन्त-प्रथा के वर्णन से भरा हुआ है। मध्यकालीन राज्य व्यवस्था को सामन्तशाही पर आश्रित कहा जा सकता है। हो सकता है, कुषाण-काल में शक-कुषाण राजाओं की शासन प्रणाली के समय इस प्रथा का पूर्वरूप आया हो। शक-सम्राट् के साथ ९६ शाहि या सहायक राजाओं के आने का उल्लेख जैन साहित्य में पाया जाता है। शक शासन में सम्राट् विदेशी होने के कारण प्रजाओं तक साक्षात् रूप में संपर्क न रख सकते होंगे। उन्होंने मध्यस्थ अधिकारियों की कल्पना की जिन्हें छोटे-मोटे रजवाड़ों के समस्त अधिकार सौंपकर शाहानुशाहि या महाराजाधिराज या बड़े सम्राट् शासन का प्रबन्ध चलाते थे। शक-कुषाणों के बाद गुप्त-शासन में स्वदेशी राज्य या स्वराज्य स्थापित हुआ, किन्तु शासन के अनेक प्रबन्ध पूर्वकाल के भी अपना लिए गए या पूर्ववत् चालू रहे। गुप्तों ने वेष-भूषा और सैनिक संगठन को बहु-कुछ शक-पद्धति पर ही चालू रक्खा। अस्तु, यह सम्भव है कि सामन्त-प्रथा उनके समय में अपने पूर्वरूप में स्थापित हुई और पीछे खूब विकसित हो गई।

बाण ने सामन्त-प्रथा का विस्तृत वर्णन दिया है। उनके पूर्वज भर्तृ या भर्तृ के चरणकमलों में समस्त सामन्त अपने किरीट झुकाते थे। युद्ध और शान्ति के समय राजाओं के जीवन में सामन्त बराबर भाग लेते हैं। वे उनके सुख-दुःख के साथी हैं। बाण ने कई प्रकार के सामन्तों का उल्लेख किया है, जैसे सामन्त, महासामन्त, आप्तसामन्त, प्रधान-सामन्त, शत्रुमहासामन्त, प्रतिसामन्त।

हूणों के साथ युद्ध-यात्रा पर जाते हुए राज्यवर्द्धन के साथ चुने हुए अनुरक्त महासामन्त भेजे जाते हैं। सम्राट् पुष्पभूति ने महासामन्तों को अपना करद बनाया था (करदीकृत-महासामन्त, पृ० १००, हर्षचरित, निर्णयसागर-संस्करण)। सामन्तों की शासित भूमि में सम्राट् स्वयं ग्राह्य भाग नहीं वसूल करते थे, बल्कि सामन्तों से ही प्रतिवर्ष कर उगाह लेते थे। इससे सम्राट् और सामन्त दोनों को ही सुविधा रहती थी। प्रभाकरवर्द्धन की बीमारी के समय उनके राजप्रासाद में एकत्र हुए आप्त सामन्त अत्यन्त संताप का अनुभव करते हैं (संतप्तासामन्त-पृ० १५५)। प्रभाकरवर्द्धन की मृत्यु के अनन्तर जब राज्यवर्द्धन ने वल्कल धारण कर लेने का विचार प्रकट किया तो सामन्त लोग निःश्वास छोड़ने लगे (निःश्वस्सु सामन्तेषु,

पृ० १८२)। सामन्तों का सम्राट् के साथ यह भी समझौता था कि वे समय-समय पर दरबार में और राज-भवन में उपस्थित होकर अपनी सेवाएँ अर्पित करें। अनेक संभ्रान्त सामन्तों की स्त्रियाँ रानी यशोवती के महादेवी-पट्टाभिषेक के समय सुवर्ण-घटों से उनका अभिषेक कराकर अपनी सेवा अर्पित करती हैं (सेवासम्भ्रान्तानन्तसामन्तसीमन्तिनी-समावर्जित-जाम्बूनदघटाभिषेकः, पृ० १६७)। सामन्तों में कुछ प्रमुख और उत्तमस्थानीय होते थे। उनकी पदवी प्रधान सामन्त थी। वे सम्राट् के अत्यन्त विश्वासपात्र होते थे। बाण ने लिखा है कि सम्राट् उनकी बात न टालते थे (अनतिक्रमणवचनैः प्रधानसामन्तैः विज्ञाप्यमानः, पृ० १७८)। ग्रहवर्मा की मृत्यु से क्षुब्ध राज्यवर्द्धन प्रधान सामन्त के कहने से ही अन्न-जल ग्रहण करता है।

देश विजय के लिये जब सम्राट् हर्ष प्रस्थान करते हैं तभी प्रतिसामन्तों को बुरे बुरे शकुन सताने लगते हैं। युद्ध में निर्जित शत्रु-महासामन्त सम्राट् हर्ष की छावनी में आकर पड़े हुए थे जब बाण पहली बार उससे भेंट करने के लिये मणितारा गाँव के पास की छावनी में मिला था (पृ० ६०)। वहाँ उनके ऊपर जो बीतती थी उसका भी बाण ने चित्र खींचा है। उससे ज्ञात होता है कि युद्ध में जिस तरह का व्यवहार जो शत्रु-महासामन्त सम्राट् के साथ करता था उसे उसी के अनुरूप कड़ाई भुगतनी पड़ती थी। युद्ध में प्राणभिक्षा मिल जाने पर और अपना राज्य गँवा देने पर जो अपमान का व्यवहार सेवा करने के रूप में भुगतना पड़ता था वह भी सम्राट् की अनुकम्पा ही थी। अन्यथा विजेता को अधिकार था कि निर्जित शत्रु के राज्य, सम्पत्ति, प्राण और स्वजनों का स्वेच्छा से उपभोग करे। बाण ने लिखा है कि कुछ शत्रु-महासामन्त दरबार में उपस्थित होकर सेवा-चामर अर्पित करते थे। कुछ लोग कंठ में कृपाण बाँधकर प्राणभिक्षा प्राप्त करने की सूचना देते थे। कुछ अपना सर्वस्व अपहरण हो जाने के बाद भाग्य के अन्तिम निर्णय तक दाढ़ी बढ़ाकर छावनी में हाजिरी देते थे और प्रणामाञ्जलि अर्पित करने के लिये उत्सुक रहते थे। बाण ने लिखा है कि उनके लिये यह सम्मान ही था। सम्राट् के प्रासाद के अभ्यन्तर से जो अन्तरप्रतीहार बाहर आते थे उनसे शत्रु-सामन्त बड़ी उत्सुकता से पूछते रहते थे—'भाई, क्या भोजन के अनन्तर सम्राट् सजाए हुए भुक्तास्थानमंडप में दर्शन प्रदान करेंगे (अर्थात् क्या आज दरबारे खास में भीतर की मुलाकातें होंगी)? अथवा क्या वे बाह्य-आस्थानमंडप (दरबारे आम) में आवेंगे?' इस प्रकार शत्रु-महासामन्त दर्शन की आशा लगाए दरबार में पड़े रहते थे (भुजनिर्जितैः शत्रुमहासामन्तैः समन्तादासेव्यमानम्, पृ० ६०)। बाण ने एक स्थान पर लिखा है कि निर्जित सामन्तों को अपने बाल शिशुओं या नाबालिग कुमारों को विजेता सम्राट् को सौंप देना पड़ता था (प्रत्यग्रनिर्जितस्यास्तमुपगतवतो वसन्तसामन्तस्य बालापत्येषु, पृ० ४५)। ज्ञात होता है कि जो राजा युद्ध में मारे जाते थे उनके कुमारों को विजेता सम्राट् अपने संरक्षण में ले लेते थे और उन्हें राजप्रासाद में ही रखकर शिक्षित और विनीत करते थे। कालान्तर में जब वे वयस्क हो जाते थे तो उन्हें उनके पिता का राज्य वापिस मिल जाता था। समुद्रगुप्त ने अपनी प्रयाग-प्रशस्ति में कई प्रकार की राजव्यवहार की नीतियों का परिगणन करते हुए इन चार बातों का भी उल्लेख किया है—

१. सर्वकरदान

२. आज्ञाकरण

३. प्रणामाकामन

४. भ्रष्टराज्योत्सन्नराजवंशप्रतिष्ठापन

बाण के ऊपर लिखे वर्णनों में भी चारो नीतियाँ आ जाती हैं। आमने-सामने खुले युद्ध में हारकर अनन्यशरण बने हुए शत्रु-महासामन्तों के साथ ऊपर के व्यवहार उस काल की अन्तरराष्ट्रीय युद्धनीति के अनुसार सर्वमान्य थे। ऐसे महासामन्त विजेता के सामने अपना शेखर और मौलि उतारकर प्रणाम करते थे। मौलि केशों के ऊपर का गोल सुवर्णपट्ट और शेखर उसके ऊपर लगा हुआ शिखंड ज्ञात होता है।

जैसा ऊपर कहा गया है सामन्त-प्रथा बाण के काल (७ वीं शती का पूर्वार्ध) से पहले ही खूब विकसित हो चुकी थी। उसका सम्पूर्ण ब्यौरेवार इतिहास अभी नहीं लिखा गया। पश्चिमी भारत से मिले हुए सम्राट् विष्णुषेण के ५९२ ई० के लेख में स्थानीय देशाचार (दस्तूरुल अमल) का ब्यौरेवार संग्रह दिया गया है। उसमें लिखा है कि जायदाद और जमीन के मामलों (स्थावर व्यवहार) का अन्तिम निपटारा सामन्तों के अधिकार से बाहर था। यदि वे उसका फैसला करदें तो उन्हें १०८ चाँदी के रुपये (अष्टोत्तररूपकशत) जुर्माना देना पड़ता था। उसी लेख में दूसरी महत्त्वपूर्ण बात यह लिखी है कि जब राज्य का कोई अमात्य, दूत या सामन्त गाँव में जाता था तो गाँववालों के लिये यह आवश्यक न था कि उनके लिये पलंग-डेरा या भोजन-पानी का प्रबन्ध कर —

सामन्तामात्यदूतानामन्येषां चाभ्युपगमे शयनासनसिद्धांन्न न दापयेत्।

सामन्त की परिभाषा

शुक्रनीति गुप्त-शासन का मानों कौटिलीय अर्थशास्त्र है। उसमें गुप्त-शासन-प्रबन्ध और सचिवालय का हूबहू वर्णन पाया जाता है। उसकी संस्थाएँ उसी युग के लिये सत्यात्मक उतरती हैं। शुक्रनीति में एक महत्त्वपूर्ण सूचना यह पाई जाती है कि उस समय गाँव-गाँव में खेतों की नापजोख कर जमीन का बंदोबस्त किया गया था। एक सहस्र सीर भूमि पर एक सहस्र कार्षापण लगान, राजग्राह्य कर जिसे भाग कहते थे, नियत किया गया था। इसी निर्धारित 'भाग' के राजत कार्षापणों की संख्या के अनुसार गाँव, परगने देश, आदि की प्रसिद्धि हो जाती थी। जैसे —यदि कहा जाय शाकम्भर सपादलक्ष, तो इसका अर्थ यह हुआ कि शाकम्भर प्रदेशका भूमिकर कुल सवा लाख चाँदी के कार्षापण था। गुप्त काल में सारे देश में इस प्रकार का एक भूमि-प्रबन्ध हुआ था और जो भाग उस समय नियत कर दिया गया था उसीको कालान्तर में मध्यकाल तक जनता मानती रही। यह अतिरोचक विषय है जिसमें अभी अधिक अनुसंधान की आवश्यकता है। शिलालेखों में जो देशवाची नामों के आगे भारी-भारी संख्याएँ मिलती हैं वे इसी प्रकार की हैं। अपराजितपृच्छा (पृ० ८८) में उनकी एक अच्छी सूची मिलती है। शुक्रनीति के अनुसार जिसकी वार्षिक आय (भूमि से) एक लाख चाँदी के कार्षापण होती थी वह सामन्त कहलाता था—

१. १५ वीं (बम्बई) ओरियंटल कांफ्रेन्स का वार्षिक विवरण, पृ० २७३, श्री दिनेशचन्द्र सरकार का लेख, एपिग्राफी ऐंड लैक्सीग्राफी इन इंडिया। सिद्धान्त से ही हिन्दी का 'सीधा' शब्द बना है।

लक्षकर्षमितो भागो राजतो यस्य जायते।
वत्सरे-वत्सरे नित्यं प्रजानां त्वविपीडनैः ॥ १ । १८२
सामन्तः स नृपः प्रोक्तः यावल्लक्षत्रयावधि।
तदूर्ध्वं दशलक्षान्तो नृपो मांडलिकः स्मृतः ॥ १ । १८३
तदूर्ध्वं तु भवेद्राजा यावद्विंशतिलक्षकः।
पंचाशल्लक्षपर्यन्तो महाराजः प्रकीर्तितः ॥ १ । १८४
ततस्तु कोटिपर्यन्तः स्वराट् सम्राट् ततः परम्।
दशकोटिमितो यावद् विराट् तु तदनन्तरम् ॥ १ । १८५
पंचाशत्कोटिपर्यन्तं सार्वभौमस्ततः परम्।
सप्तद्वीपा च पृथिवी यस्य वश्या भवेत्सदा ॥ १ । १८६

इसकी तालिका इस प्रकार हुई—

सामन्त की वार्षिक भूमिकर से आय १ लाख –३ लाख चाँदी के कार्षापण।

मांडलिक	४ लाख – १० लाख	,,
राजा	११ लाख—२० लाख	,,
महाराज	२१ लाख—५० लाख	,,
स्वराट्	५१ लाख—१ करोड़	,,
सम्राट्	२ करोड—१० करोड़	,,
विराट्	११ करोड़— करोड़	,,
सार्वभौम	इससे ऊपर की आय-सप्तद्वीपा पृथिवी का स्वामी	

सामन्त आदि की यह परिभाषा एकदम ठोस जीवन की सचाई से ली गई है। इसके द्वारा शासन और राज्यों के अधिपति राजा-महाराजाओं का तारतम्य तुरन्त समझ में आ जाता है। मानसार ग्रन्थ में तो सामन्त से लेकर चक्रवर्ती और अधिराज तक के पदों को प्रकट करने के लिये भिन्न-भिन्न प्रकार के मौलि और मुकुटों का विवरण दिया है। इन्हीं की सहायता से दरबार आदि के समय प्रतिहारी लोग इनकी पहिचान करके उन्हें यथोचित आसन और सम्मान प्रदान करते थे [मानसार ४६।१२-२६]। गुप्तकाल के बाद मुद्राओं की दर सस्ती हो गई। अतएव मध्यकाल में हम पाते हैं कि सामन्तों की आय घट गई थी। अपराजित पृच्छा ग्रन्थ के अनुसार लघुसामन्त की आय ५ सहस्र, सामन्त की १० सहस्र, महासामन्त या सामन्तमुख्य की २० सहस्र होनी चाहिए (अपराजितपृच्छा, पृ० २०३, ८२। ५-१०)। सूत्रधार मंडन-कृत राजवल्लभ-मंडन (५।१-७; पृ० ७२) से भी इसका समर्थन होता है। अपराजितपृच्छा में यह भी लिखा है कि महाराजाधिराज परमेश्वर उपाधिधारी सम्राट् के दरबार (सभामंडप) में ४ मंडलेश, १२ मांडलिक, १६ महासामन्त, ३२ सामन्त, १६० लघु सामन्त और ४०० चतुराशिक (या चौरासी) उपाधिधारी होने चाहिएँ (७८।३२-३४, पृ० १६६।) शुक्रनीति (१।१८९) के अनुसार महाराज रुष्ट होकर सामन्तों की पदवी छीनकर उन्हें पदभ्रष्ट या हीनसामन्त कर देते थे, किन्तु उनकी भृति या आय उन्हें मिलती रहती थी। उनका दरबार आदि बंद कर दिया जाता था और जनता पर जो उनका शासन था वह भी छीन लिया जाता था।

सहायक ग्रन्थों और लेखों की सूची

(१) हर्षचरित के संस्करण

१. श्री जीवानन्द विद्यासागर, कलकत्ता, द्वारा प्रकाशित प्रथम संस्करण (१८७६ ई०); तीसरा संस्करण (१६१८) चलतू संस्करण है जिसमें मनमाने पाठ दिए गए हैं।

२. जम्मू संस्करण, महाराज रणबीर सिंह बहादुर के संरक्षण में प्रकाशित, संवत् १६३६ (= १८७६ ई०)। कश्मीरी प्रतियों के आधार पर। पाठ अपेक्षाकृत शुद्ध।

३. ईश्वरचन्द्र विद्यासागर संस्करण, कलकत्ता (१८८३)।

४. निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, का प्रथम संस्करण (१८६२) जिसे श्री काशीनाथ पाण्डुरंग परब और श्री धोंधो परशुराम वाझे ने संपादित किया। यही संस्करण सबसे अधिक सुलभ है। इसी के पाँचवें संस्करण (१६२५) के पृष्ठांक यहाँ दिए गए हैं। मूल संस्करण को श्री वासुदेवलक्ष्मण शास्त्री पणशीकर ने संशोधित किया है।

५. श्री कैलासचन्द्र दत्त शास्त्री, कलकत्ता, द्वारा संपादित संस्करण।

६. श्री ए० ए० फ्यूहरर द्वारा संपादित संस्करण (श्रीहर्षचरितमहाकाव्यम्), बम्बई (१६०६)। यह प्राचीन कश्मीरी और देवनागरी प्रतियों के आधार पर सपरिश्रम तैयार किया हुआ संस्करण है। पाठ और अर्थों को ठीक करने में इससे मुझे सबसे अधिक सहायता मिली। इसकी त्रुटि यही है कि बाण की परिभाषाओं का ज्ञान न होने के कारण बहुत अच्छे पाठ मूल की जगह टिप्पणी में रख दिए गए हैं।

७. श्री पी० वी० काणे द्वारा संपादित संस्करण, बम्बई (१६१८, प्रथम संस्करण)। इसमें मूल हर्षचरित सम्पूर्ण है किन्तु 'संकेत' टीका नहीं छापी गई। इस संस्करण की विशेषता उसके ४८५ पृष्ठों के नोट्स हैं जिनमें हर्षचरित के प्रायः प्रत्येक कठिन पद और समास पर अत्यन्त परिश्रम के साथ विचार किया गया है। बाण की पारिभाषिक शब्दावली और सांस्कृतिक सामग्री के स्पष्टीकरण की दृष्टि से इस उत्तम संस्करण की वही सीमा है जो १६१८ में बाण के अध्ययन की थी। फ्यूहरर के संस्करण के पाठान्तरों का उपयोग भी इसमें कम ही हो सका है।

८. बाणकृत हर्षचरित, उच्छ्वास ४-८ ; श्री एस० डी० गजेन्द्रगड़कर-विरचित बालबोधिनी नामक संस्कृत टीका-सहित। इसी के साथ श्री ए० बी० गजेन्द्रगड़कर-कृत भूमिका, टिप्पणी और अनुक्रमणी भी हैं [Introduction, (critical and explanatory) and Appendices by A. B. Gajendragadkar], पूना १६१६।

इनमें से संख्या २, ४, ६, ७, ही मुझे उपलब्ध हो सके।

९. श्री ० बी० कॉवेल और एफ० डब्लू टामस-कृत हर्षचरित का अंग्रेजी अनुवाद, लंडन, १८९७ (अत्यन्त उत्कृष्ट और सरस)।

१०. श्री सूर्यनारायण चौधरी (संस्कृत-भवन, पूर्णिया)-कृत हर्षचरित का हिन्दी अनुवाद, पूर्वार्ध उच्छ्वास १-४ (मार्च १९५०); उत्तरार्ध उच्छ्वास ५-८ (जून १९४८)।

(२) लेख-सूची

१. श्री यू० के० घोषाल, हिस्टारिकल पोरट्रेट्स इन बाणस् हर्षचरित (हर्षचरित में ऐतिहासिक व्यक्तियों के रेखाचित्र), विमलाचरण लाहा वाल्यूम, भाग १, पृ० ३६२-३६७।

२. श्री डबल्यू कार्टेलिअरी, सुबन्धु ऐंड बाण, विअना ओरियंटल जर्नल, भाग १, पृ० ११५-१३२। [लेखक का अभिमत है कि बाण ने सुबन्ध-कृत वासवदत्ता का आदर्श सामने रखकर कादम्बरी की रचना की।]

३. श्री शिवप्रसाद भट्टाचार्य, सुबन्धु ऐंड बाण, हू इज अर्लिअर ? (सुबन्धु और बाण में पहला कौन) ? इंडिअन हिस्टारिकल क्वार्टरली, १९२६, पृ० ६९९।

४. श्री वि० वि० मिराशी, दी ओरिजिनल नेम आफ दी गाथासप्तशती रेफर्ड टू बाइ बाण एज कोष (गाथासप्तशती का असली नाम बाण ने कोष दिया है), नागपुर ओरियंटल कान्फ्रेन्स (१९४६), पृ० ३७०-३७४।

५. श्री सिल्वाँ लेवी, आलेग्जाँद्र ए आलेग्जाँद्री दाँ ले दोक्युमाँजाँदियाँ, मेमोरिअल सिलवाँ लेवी, पृ० ४१४। [लेखक ने दिखाया है कि बाण का 'अलसश्वंडकोश' (पृ० १६५) सिकन्दर और स्त्रीराज्य की पुरानी कहानी पर आश्रित था।]

६. श्री प्रबोधचन्द्र बागची, एलेक्जेंडर ऐंड एलेक्जेंड्रिया इन ईंडिअन लिटरेचर, (भारतीय साहित्य में अलेग्जेंडर और अलेग्जेंडिया), इंडियन हिस्टारिकल क्वार्टरली, भाग १२ (१९३६), पृ० १२१-१२३। संख्या ५ के फ्रेंच लेख का अंग्रेजी अनुवाद।

७. श्री देवदत्त रामकृष्ण भंडारकर, नोट्स ऑन ऐंशेंट हिस्ट्री ऑफ इंडिआ (प्रद्योत और उसके भाई कुमारसेन की पहचान, एवं शिशुनाग के पुत्र काकवर्ण की पहचान), इंडिअन हिस्टारिकल क्वार्टरली, भाग १, पृ० १३-१९। और भी देखिए, श्री सीतानाथ प्रधान का लेख, सर आशुतोष मुकर्जी सिल्वर जुबली वाल्यूम, ओरियंटेलिआ, भाग ३, पृ० ४२५-४२७।

८. श्री परशुराम के० गोडे, तंगण हॉर्सेज इन हर्षचरित (हर्षचरित में तंगण देश के घोड़े), इंडिअन हिस्ट्री कांग्रेस, अन्नमलै, की प्रोसीडिंग्ज, पृ० ६६।

९. श्री आर० एन० सालातोरे, दिवाकरमित्र, हिज डेट ऐंड मानेस्ट्री (दिवाकरमित्र, उसका काल और आश्रम), इंडिअन हिस्ट्री कांग्रेस, अन्नमलै, की प्रोसीडिंग्ज, पृ० ६०।

१०. श्री परमेश्वरप्रसाद शर्मा, महाकवि बाण के वंशज तथा वासस्थान, माधुरी, संवत् १९८७ (पूर्ण संख्या ९६), पृ० ७२२-७२७।

११. श्री शिवाधार सिंह, हिन्दी-साहित्य-सम्मेलन-पत्रिका, संवत् २००६, भाग ३६, तीन लेख—
(अ) बाणभट्ट का उद्भवकाल तथा उनके परवर्ती लेखक, माघ-चैत्र, संख्या ४-६, पृ० २२६-२३८
(आ) ,, वैशाख आषाढ़, संख्या ७ ६, पृ० ३७०-३८८
(इ) बाण और मयूर श्रावण-आश्विन, संख्या १०-१२, पृ० ४८८-४६७

१२. श्री जयकिशोरनारायण सिंह, महाकवि बाण तथा पार्वतीपरिणय, माधुरी, संवत् १६८८ (पूर्ण संख्या १११), पृ० २८६-२६४।

१३. श्री सी० शिवराम मूर्ति, पेंटिंग ऐंड अलाइड आर्ट्स् ऐज रिवील्ड इन बाणास् वर्क्स्, जर्नल ऑफ ओरियंटल रिसर्च (मद्रास) (बाण के ग्रन्थों में चित्र और संबंधित कलाएँ), भाग ६, पृ० ३६५·····एवं भाग ७, पृ० ५६·····।

१४. श्री ननिगोपाल बनर्जी, श्रीहर्ष, दी किंग-पोएट (सम्राट् हर्ष कविरूप में), इंडिअन हिस्टारिकल क्वार्टरली, भाग १२ (१६३६), पृ० ५०४-५१०; ७०१-७१३।

१५. श्री एस० एन० झारखंडी, दी कारोनेशन ऑफ हर्ष (हर्ष का राज्याभिषेक), इंडियन हिस्टारिकल क्वार्टरली, भाग १२ (१६३६), पृ० १४२-१४४।

१६. श्री कार्टेलियरी, डास महाभारत डेइ सुबन्धु उंड बाण (सुबन्धु और बाण में महाभारत), विअना ओरियंटल जर्नल, भाग १३, पृ० ७२।

१७. क्लोज लैक्सिकल एफीनिटी बिटवीन हर्षचरित ऐंड राज-तरंगिणी (हर्षचरित और राज-तरंगिणी में शब्दों की समानता), विअना ओरियंटल जर्नल, भाग १२, पृ० ३३···; जर्नल ऑफ दी रायल एशियाटिक सोसाइटी, १८६६, पृ० ४८५।

१८. श्री मानकोस्की, कादम्बरी ऐंड बृहत्कथा, विअना ओरियंटल जर्नल, भाग १३।

१६. श्री डी० सी० गांगुली, शशांक, इंडियन हिस्टारिकल क्वार्टरली, भाग १२ (१६३६), पृ० ४५६-४६८।

२०. अन्य कवियों द्वारा बाण की सराहना, संस्कृत-साहित्य-परिषत् कलकत्ता, की पत्रिका, भाग १३, पृ० ३८···तथा श्री पिटर्सन द्वारा सम्पादित कादम्बरी की भूमिका (पृ० ४६···) में भी इसपर विस्तृत विचार है।

अभी हाल में अपने मित्र श्री डा० राघवन्, अध्यक्ष संस्कृत विभाग, मदरास विश्वविद्यालय, से पता चला कि कृष्णसूरि के पुत्र और नारायण के शिष्य, रंगनाथ नामक विद्वान् ने हर्षचरित पर 'मर्मावबोधिनी' नामक टीका लिखी थी। उसकी एक सम्पूर्ण प्रति गवर्मेंट ओरियंटल मैन्यस्क्रिप्ट लाइब्रेरी, मदरास में (सं० आर० २७०३) और दूसरी खंडित प्रति अदयार लाइब्रेरी में (सं० ८।१।१६, सूचीपत्र भाग ५, पृ० ७७०) है। इस टीका के सम्बन्ध में पूछतांछ कर रहा हूँ। अभी जानकारी नही मिली।

शुद्धिपत्र

१. पांडरिभिक्षु (२३६)। पांडरिभिक्षुओं की पहचान मैंने जैन साधुओं से की थी। वह भ्रान्त है। उनकी ठीक पहचान आजीवक सम्प्रदाय के साधुओं से होनी चाहिए। इसके लिये मैं श्री भोगीलालजी सांडेसरा कृत पंचतंत्र के गुजराती अनुवाद (पृ० २३४,५१०) का ऋणी हूँ। निशीथसूत्र की चूर्णि में गोसाल के शिष्य आजीवकों को पाण्डुरिभिक्षु कहा है (आजीवगा गोसालसिस्सा पंडरभिक्खुओ वि भण्णंति, निशीथचूर्णि ग्रन्थ ४, पृ० ८६५)। पंचतंत्र में श्वेतभिक्षु का उल्लेख आता है (श्वेतभिक्षुस्तपस्विनाम्, काकोलूकीय श्लोक ७६)। वह भी पांडरिभिक्षु ही है। हरिभद्रसूरिकृत समराइच्चकहा में भी पाण्डरिभिक्षुओं का उल्लेख है।

२. ध्रुवागीति (२०)। अपने संगीतशास्त्र के अज्ञान के कारण ध्रुवा का अर्थ मैंने ध्रुपद किया था जो भ्रान्त है। अपने मित्र श्री डा० राघवन् से ज्ञात हुआ कि ध्रुवा, जैसा शंकर ने लिखा है, एक विशिष्ट प्रकार की गीति थी। ध्रुवा गीति के पाँच भेद थे—प्रावेशिकी (रंग प्रवेशके समय की), नैष्क्रमिकी (रंग से निष्क्रमण के समय की), और तीन आक्षेपकी, आन्तरा, प्रासादिकी, जो अभिनेता के रंग पर अभिनय के बीच में गाई जाती थीं। ये गीतियां अभिनय के प्रस्तुत विषय में कुछ नवीन भाव उत्पन्न करती एवं दर्शकों को संकेत से विषय प्रसंग, स्थान, और सम्बन्धित पात्र का परिचय देती थीं, क्योंकि भरत के रंगमंच पर स्थान-काल सूचक यवनिका आदि का अभाव था। जैसे, सूर्योदय सम्बन्धी गीति से प्रातःकाल का संकेत एवं नायक के भावी अभ्युदय की सूचना दी जाती थी। ध्रुवा-गीतियों की दूसरी विशेषता यह थी कि वे वर्ण्यवस्तु को प्रतीक या अन्योक्ति द्वारा कहती थीं, जैसे नायक के आगमन की सूचना किसी हाथी के वन-प्रवेश के वर्णन द्वारा दी जाती है। ध्रुवा गीतियां प्रायः प्राकृत भाषा में होती थीं जिससे ज्ञात होता है कि वे लोक गीतों से ली गईं। संस्कृत की ध्रुवाएं बहुत बाद में लिखी गईं। ध्रुवागीति का गान प्रायः वृन्दसंगीत (ऑरकैस्ट्रा) के साथ होता था। (दे० श्री राघवन्. एन आउटलाइन लिट्रेरी हिस्ट्री ऑफ इंडिअन म्यूजिक, जर्नल ऑफ मदरास म्यूज़िक एकेडमी, भाग २३ (१९५२), पृ० ६७)।


३. किन्नरराज द्रुम (२१३)। बाण ने लिखा है कि कौरवेश्वर ने द्रुम को जीत लिया था और द्रुम ने उसे कर दिया। शंकर ने कौरवेश्वर का अर्थ दुर्योधन किया है। ज्ञात होता हैकि कौरवेश्वर पद अर्जुन का वाची है, क्योंकि सभापर्व २५।१ के अनुसार अर्जुन ने किंपुरुष देश में किन्नरराज द्रुम के पुत्र का राज्य जीत लिया था (दिशंकिंपुरुषवासं द्रुमपुत्रेण रक्षितम्)। दिव्यावदान (पृ० ४३५ आदि) सुधनकुमारावदान नामक कहानी में हस्तिनापुर में का राजकुमार सुधन किन्नरराज द्रुम की पुत्री मनोहरा से प्रेम करके उससे विवाह कर लेता है। किसी समय यह कहानी दूर तक प्रसिद्ध थी। मध्य एशिया में खोतन से सुधन अवदान की कहानी के पत्रे मिले हैं (दे० बेली, ईरानो इंडिका, भाग ४. स्कूल ऑफ ओरियंटल स्टैडीज की पत्रिका, भाग १३ (१९५१), पृ० ९२१ ; श्री मोती चंद्र, सुधन अवदान का नेपाली चित्रपट, बम्बई संग्रहालय की पत्रिका, भाग १ (१९५२), पृ० ८ ।




१



२



३




अ ३



४




५



६

१ इन्द्रादि देवों साथ कमलासन ब्रह्मा। २ पत्रभंगमकरिका। ३ उत्तरीय की गात्रिका ग्रन्थि।
४ कुंडलित स्कंधावलम्बी योगपट्ट। ५ पुंडरीक मुकुल सदृश कमंडलु। ६ मकरमुख महाप्रणाल।



७



८




९



१०




११




१२

७ हंसवाही देवविमान। ८ मौलिमालती माला। ९ अंशुक की उष्णीषपट्टिका। १० पंचमुखी शिवलिंग। ११ ललाट पर केशों का बंधन। १२ ऊर्मिबंध सहित पट्टांति।



१३ दो मोतियों के बीच में पत्ते सहित त्रिकंटक नामक कान का गहना।










१४ कच्छ से बाहर निकला हुआ पल्ला। १५ उरोवधारोपित चरण युगल। १६ सीमन्त में चटला मणि। १८ पेटी से कसा हुआ ऊँचा चंडातक।



१७



१६

२०



अ २०



२१

१७ हल्लीसक नृत्य, स्त्रीमंडल के मध्य में युवक। १६ पीठ पर फहराता हुआ सिर का चीरा।
२० वागुरा (कमन्द)। २० (अ) पाश। २१ हर्ष का विभ्रमयुक्त हस्ताक्षर।



२२



२३




२४



२५




२६



२७

२२ अश्वग्रीवा गंडक। २३ शेषहार। २४ विष्णु के बालभुज। २५ सिर पर मुंडमालिका। २६ हर्ष के मुकुट में तीन आभूषण—मालती पुष्प मुंडमाला, पद्मराग चूड़ामणि और मुक्ताफल का शिखंडाभरण।



२२



२३



२४



२५



२६



२७

२२ अश्वग्रीवा गंडक। २३ शेषहार। २४ विष्णु के बालभुज। २५ सिर पर मुंडमालिका। २६ हर्ष के मुकुट में तीन आभूषण—मालती पुष्प मुंडमाला, पद्मराग चूडामणि और मुक्ताफल का शिखंडाभरण।



यष्टि दीप

२८



लटकता हुआ अधर

२९



तरंगित उत्तरीय

३२



गुल्फ तक चढे हुए नूपुर

३१




३५




मोरनी

राजहंस

३४



भैरवाचार्य काशिष्य




सांची, शुंग

शालभंजिका



मथुरा, कुषाण



मथुरा, शुंग




गुप्त कालीन
स्तम्भ शालभंजिका
भूमरा



३६



३७



३८



३९



४०

३६ तीन प्रकार के मृदंग—आलिंग्यक, अंक्य, ऊर्ध्वक। ३७ तंत्रीपटहिका। ३८ हंसाकृति



४१



हरिहर

४२

काकपक्ष

भांतभतीली चूनड़ी

मकरमुखी टोंटी



४४



४५



टेढी चाल की रूपाई

४६




भंगुर उत्तरीय

४७



मथुरा से प्राप्त गुप्तकालीन विष्णु । सिरपर मकरिका, गले में एकावली, कटि में बंधा हुआ नेत्रसूत्र, और खराद पर चढ़े हुए के जैसा गोल कटि प्रदेश (तनुवृत्तमध्य) ।






४८ (अ)

४८

४८ स्तबरक वस्त्र का कोट। ४८ (अ) स्तबरक वस्त्र का लंहगा पहने नर्तकी। ४९ वासगृह में वर-वधू।



५०



५१

५० गवाक्षों से झांकते हुए स्त्रीमुख। ५१ धवलगृह की वीथी में त्रिगुण तिरस्करिणी या बिहरी कनात।



५१ (अ)



५२



५३

५१ (अ) राजभवन में पद्म द्वार। ५२ तरंगित उत्तरीयांशुक। ५३ सिर पर धम्मिल्ल या इक्कड़ा जूड़ा।



५४



५५




५६




५७

५४ पताका युक्त प्रासयष्टि । ५५ हंसाकृति "राजहंस" पात्र । ५६ "मग्नांशुक" भीना वस्त्र और




मथुरा



अ

अष्टमंगलक माला



आ सांची इ

अ--मथुरा से प्राप्त अष्टमंगलकमाला। आ--इ, सांची के तोरणस्तम्भ पर अंकित मांगलिक चिह्नों के कटले।



५८ शशांक की मुद्रा




बाहु या भुजाली ६०




६१ कटक [डंडा लिये प्यादा]




कर्पटी परिचारक ६२



६३ कोटवी देवी




६४



६५ हर्ष की वृषांकित मुद्रा




६६अ



६६



६७ [धौंकनी जुमा तरकश]




६८



६६ स्वस्थान [सूथन]



वारबाणा ७३



पिंगा [सनवार]

७०



चीनचोलक [चोला या लम्बा चोगा]

चष्टन

७४



कनिष्क

७४ अ



७५ अ ७५ कूर्पासिक ७५ब



७६ [हल्का उपरना] ७७



७८ ७९



८१



अ ८१

चौरियों से युक्त कार्द रंग की ढालें



८२




८२अ





८३



हाथी से लड़ने वाला पैदल ८४


शोकपट
८६
८५
राज छत्र



कंटकित कर्करी
८७



८८ घोटकुट [अमृतजान]




शबरयुवा ८९




गंडकुसूल ९०

[गोल चकरियों से बना कुठला]




९१

चैत्यांकित मुद्रा




७१ नीली धारी की सतुला। ७१अ सफेद रंग पर नीली धारी की सतुला। ७२ लाजवर्दी रंग का कंचुक पहने चामरग्राहिणी। ७२ अ श्वेतकंचुक। ८० केसरिया उत्तरीय का शिरोवस्त्र। ९२ गले में मोतियों की एकावली।


स्कन्धावार


अजिर
राजकुल
अजिर
राजद्वार
एकान्तोपविष्ट साधु
शिबिर
सर्व देशों के जनपद जन
देशान्तरागत दूतमंडल
समुद्रतटवासी म्लेच्छ राजा
शिबिर
नाना देशज महीपाल
वाररोन्द्र
(गजशाला)
तुरंग
मंदुरा
क्रमेलक

राजकुल


महानस
मंडप
अजिर
भुक्तस्थानमंडप
स्नानगृह
धारागृह
स्नानद्रोणी
आहार मंडप
धवलगृह
(शुद्धान्त)
व्यायामभूमि
तोयकर्मान्ति
गृह
दीर्घिका
क्रीडापर्वत
लतागृह
देवगृह
गृहोद्यान
गृहदीर्घिका
कमलवन
महास्थानमंडप
(बाह्यास्थानमंडप)
(आस्थान, सभा)
अजिर
प्रतीहारगृह
इभशिष्यागार
अवस्थानमंडप
राजकुल दर्शनार्थ
अ
लि
न्द
राजद्वार
अ
लि
न्द
अजिर
भूपालवल्लभ
तुरंग
बाह्य कक्षा


धवलगृह


च
तुः
शा
ल
सं
सं
प थ
सुवीथी
ज
ज
सु वी थी
सु वी थी
प थ
प थ
वितर्दिका
व
व
पक्षद्वार
पक्षद्वार
न
न
ध व ल गृ ह ण
सोपान
सोपान
च
तुः
शा
ल

भूमितल ।

भवलगृह का

ऊपरी तल



अनुक्रमणी

शब्द	पृष्ठ-संख्या
अंजलिक रिका	८४
अंतरप्रतीहार,	२०६
अंधकारित अष्टापदाद्द	१४
अंशुक	१५,७६,७७
अंशुकोष्णीषपट्टिका	७८, १७
अक्षपटल	१३८
अक्षपटलिक	१३८
अमहार गाँव	१२६
अजिर	२०४, २१३
अजिरवती	३७
अटवीपाल, आटविक राजा	१२८
अटवी राज्य	१८५
अट्टहास तलवार	५६
अट्टालक	२११
अठारह द्वीप	११६
अठारह द्वीपोंवाली पृथिवी	११६
अधिकरण, धर्मनिर्णयस्थान	४८, ४६
अधिकरण, मीमांसा शास्त्र के विभिन्न प्रकरण	४८
अधोवस्त्र	२१
अध्यक्ष, विभागाधिपति	१७८
अनायत मंडल	१२८
अनुमरण, यशोवती द्वारा	६६, ६७, ६८
अनुयोगद्वारसूत्र, जैन आगम	७८
अपराजितपृच्छा	१७८, २१६, २२०
अपशकुन	८८
अभिधर्मकोश, वसुबन्धु-कृत	५५,१२०,१६३
अभिधान चिन्तामणि, हेमचन्द्र-कृत	४२
अभ्यंतरकक्षा	२१३
अमरकण्टक	१८
अमरकोश	१३८, १५४
अमात्य	१११, ११२
अमात्य, यज्ञशाला में रहनेवाले	१११
अमित्रमुख घट	८४
अमृतचरु	६०
अयंत्रित वनपाल	१७६
अरण्यपाल	१२८
अरातिसंवेष्टन	४०
अरुण, गरुड़ का भाई	२०१
अर्जुन	१६४
अर्जुन, उत्तरदिशा की विजय	१६५
अर्थशास्त्र, कौटिल्य-कृत	१२८, १२६, १३१ १३२, २०८, २१७
अर्द्धोरुक	६१
अर्धगव्यूति, एक कोस	१८८
अलंबुषा, छुईमुई	१८०
अलसरचंडकोश	१६५
अलाबु	१७०
अलिंजर	१८०,२०४
अलिंद	२०४,२१३
अलि	२०४
अरुटेकर	६
अवतंस, कान का आभूषण	८३
अवन्ति, महासन्धिविग्रहाधिकृत	१२५
अवन्ति वर्मा, ग्रहवर्मा के पिता	६६
अवरत्नणी	१४४
अवलोकन	२११
अवलोकितेश्वर, दिवाकर मित्र का विशेषण	१६४
अवस्थानमंडप, दर्पशात हाथी का निवासस्थान	४१, २०४
अश्मसार-स्तंभ	१८५
अश्लीलरासक पद	६७
अश्वघोष	६,६१,

अनुक्रमणी

शब्द	पृष्ठ-संख्या
अंजलिक रिका	८४
अंतरप्रतीहार,	२०६
अंधकारित अष्टापदाद्द	१४
अंशुक	१५,७६,७७
अंशुकोष्णीषपट्टिका	७८, १७
अक्षपटल	१३८
अक्षपटलिक	१३८
अग्रहार गाँव	१२६
अजिर	२०४, २१३
अजिरवती	३७
अटवीपाल, आटविक राजा	१२८
अटवी राज्य	१८५
अट्टहास तलवार	५६
अट्टालक	२११
अठारह द्वीप	११६
अठारह द्वीपोंवाली पृथिवी	११६
अधिकरण, धर्मनिर्णयस्थान	४८, ४६
अधिकरण, मीमांसा शास्त्र के विभिन्न प्रकरण	४८
अधोवस्त्र	२१
अध्यक्ष, विभागाधिपति	१७८
अनायत मंडल	१२८
अनुमरण, यशोवती द्वारा	६६, ६७, ६८
अनुयोगद्वारसूत्र, जैन आगम	७८
अपराजितपृच्छा	१७८, २१६, २२०
अपशकुन	८८
अभिधर्मकोश, वसुबन्धु-कृत	५५,१२०,१६३
अभिधान चिन्तामणि, हेमचन्द्र-कृत	४२
अभ्यंतरकक्षा	२१३
अमरकण्टक	१८
अमरकोश	१३८, १५४
अमात्य	१११, ११२
अमात्य, यज्ञशाला में रहनेवाले	१११
अमित्रमुख घट	८४
अमृतचरु	६०
अर्यंत्रित वनपाल	१७६
अरण्यपाल	१२८
अरातिरंवेष्टन	४०
अरुण, गरुड़ का भाई	२०१
अर्जुन	१६४
अर्जुन, उत्तरदिशा की विजय	१६५
अर्थशास्त्र, कौटिल्य-कृत	१२८, १२६, १३१ १३२, २०८, २१७
अर्द्धोरुक	६१
अर्धगव्यूति, एक कोस	१८८
अलंबुषा, लुईमुई	१८०
अलसश्चंडकोश	१६५
अलाबु	१७०
अलिंजर	१८०,२०४
अलिंद	२०४,२१३
अलि	२०४
अष्टेकर	६
अवतंस, कान का आभूषण	८३
अवन्ति, महासन्धिविग्रहाधिकृत	१२५
अवन्ति वर्मा, ग्रहवर्मा के पिता	६६
अवरत्नणी	१४४
अवलोकन	२११
अवलोकितेश्वर, दिवाकर मित्र का विशेषण	१६४
अवस्थानमंडप, दर्पशात हाथी का निवासस्थान	४१, २०४
अश्मसार-स्तंभ	१८५
अश्लीलरासक पद	६७
अश्वघोष	६,६१,

अश्वचिकित्सा, नकुल-कृत ४२
अश्वमंडनचामरमाला २२
अश्वीय, घोड़ों के ठट्ट १४१
अष्टपुष्पिका पूजा १६,५७
अष्टमंगलक माला ११६,१२०
अष्टमांगलिक चिन्ह १२०
अष्टमूर्तियाँ, शिव की १६
अष्टांग आयुर्वेद ६५
अष्टांग-संग्रह १५६
अष्टाध्यायी, पाणिनि-कृत ११०,२०४,२०७
असुरविवर प्रवेश ५८
अस्तगिरि १२५
अहिच्छत्रा के खिलौने, लेख, एंश्येण्टइंडिया, श्रीवासुदेवशरणअग्रवाल-लिखित १४६, १५०, १५१, १५५, १५७, १६१, २०१
आंतरा, ध्रुवागीति का एक भेद २२४
आकर्षणांजन २२
आक्षेप की, ध्रुवागीति का एक भेद २२४
आख्यायिका ५
आगम १६६
आग्रहारिक १६२
आघोषणापटह १२४
आचामरुक ८५
आच्छादनक १५३
आज्ञाकरण नीति २१९
आटविक सामन्त १८५
आडम्बर, सजावट १४३
आढ्यराज ८
आतपत्र, श्वेत ४२
आतपत्र, मायूर ४२
आत्ममांस होम ८६
आधोरण १३०, १४७
आपानशाला २१०
आप्त सामन्त २१७
आभोगनामक आतपत्र या छत्र १६७, १७१
आभ्यन्तर परिजन २०६
आमर्दक, वेताल ८६
आमेर के महल २११
आम्र का तैल या सहकार-तैल ६६
आयान, अश्वभूषणाविशेष १५७
आयुधचापशाला २१०
आरभटी नृत्य ३३, ३४
आरभटी नृत्य के विभेद ३३
आर्यशूर ३
आर्हत १०५
आलय २१०
आलानस्तंभ १२७
आलोक शब्द १५८
आविद्ध ४
आश्वलायन गृह्यसूत्र १३५
आस्थान २०५
आस्थानमंडप—आस्थान-भवन, महास्थान मंडप, सभा १२६
आस्थानमंडप के सोपान २१३
आहत लक्षण १६८
आहार मण्डप २०७, २१३
इंद्रसूरि ६
इंद्राणी मूर्ति की प्रतिष्ठा ७०
इत्वर २६
इत्सिङ् ५६
इबटसन, ए ग्लॉसरी आफ दी ट्राइब्स ऐंड कास्टस आफ दी पंजाब १४६
इभधिष्ण्यागार २०४
इभभिषग्वर १३१
ईरानी प्रभाव – सूर्य-पूजा पर ६५
ईशानचन्द्र, भाषाकवि ६, २८
उइगुर तुर्क १६६
उच्चित्र नेत्र ८१, १४८
उत्तररामचरित, भवभूति-कृत १८
उत्तरापथ ८७
उत्साह, आढ्यराज के ८
उदकुम्भ १८०

उदयाचल १२५
उदीच्यवेष, हर्ष का १५७
उद्गीतका: १६०
उद्योतकर ६
उभयांसिक चीवर १६४
उरबक, एरंड १८३
उरोवध्र २३
उर्दू बाज़ार २०३
उष्णीषपट्ट १५५
ऊँट, स्कन्धावार में ४३
ऊर्मिका १५
ऋग्वेद १११,१३५
ऋषिक देश १६५
ए कंसाइज डिक्शनरी ऑफ ग्रीक ऐंड रोमन एंटिक्विटीज, कौर्निशकृत ३४,११४
एकांतिन् १०६
एकावली, एक लड़ी की माला १६७,१६८
एडूक ११५
एलेक्जेंडर ऐण्ड एलेक्जेण्ड्रिया इन इंडियन लिटरेचर, प्रबोधचन्द्र बागची, इंडियन हिस्टॉरिकल क्वार्टरली (१६३६) १६५
ऐश्वरकारणिक १०५
ओमंस ऐंड पोर्टेण्ट्स इन वैदिक लिटरेचर, ऑल इंडिया ओरियण्टल कॉन्फ्रेंस, नागपुर १६४६ १३५
औधद्वारा लिखित अजन्ता ६१,६६,१२१, १२७, १३०, १४३, १५०,१५३,१५४,१५५, १८२,१८६
कंकटी, अंगरक्षक ३६
कंचुक ७८,१५०
कंचुक, छोटी कुर्ती ५६
कंचुक, मालती का २३
कंचुक, सैनिक का २०
कंचुकी ६७
कंटकित कर्करी १८०
कंठालक, कंडाल १४२
कंबोज १४७
कक्कोल १६६
कच्चा, चौक ६१,२०४,२०६,२१०
कट १८१
कटक, सेना १५६
कटक, राजाओं के शिविरों का स्थान १४७,
कटक-कदम्बक १२६
कटकमणि १७२
कटकावली ६१
कर्णे, पी०वी० ८३,१२१,१८६
कथा ५
कथासरित्सागर १६७
कपाटिका, आधुनिक कौंवली ५३
कपिंजल, भुजंगा १८२
कपोतपाली २११
कमलवन २०७,२१३
करंजुए १८३
करणबन्धक्लेश १७३
करणि १३८
करिकर्मचर्मपुट, चमड़े का बना हाथी १७४
करेणुका १६४
कर्कंधु ५६
कर्क ६५
कर्करी १८०
कर्कशर्करा ६५
कर्णीसुत, मूलदेव ७
कर्णोत्पल १५४,१५५
कर्तियस १६६
कर्पटी १३०,१३१
कर्बुर कूर्पासक १५३
कर्मण्यकरेणुका १२८
कलंकी शशांकमंडल ८४
कलशी १८०
कल्पद्रुकोश, केशव-कृत ७,१३४
कल्पद्रुम १५

कविवृदितक ११६
कसरेशीरी २०६
कस्तूरिकाकोशक १६६
कंचनकलश २११
कांडपटमण्डप, बड़े डेरे १४१
काचर काच, कच्चा शीशा १८६
काणाद मतानुयायी १०५
कात्यायन १४६
कात्यायनिका ६७
कादंबरी ४,५,१३६,१६७,१७०
कादंबरी, कुमारी-अन्तःपुर २०६
कादंबरी, चन्द्रापीड़ का भवन २०६
कादंबरी,चाण्डाल कन्या शूद्रक के दर्बार में२०६
कादंबरी, चाण्डाल- कन्या १५०
कादंबरी, तारापीड़ का राजमहल २०४
कादंबरी, राजकीय आवास तथा उसके अंग—संगीतभवन, आयुधशाला, बाणायोग्यावास, अधिकरणमंडप आदि २०७
काननकपोत १३४,१३५
कान्यकुब्ज १७७
कपिल, कपिलमतानुयायी १०५,१०८
कामगृह २१०
कामरूपाधिपति १७२
कारंधमी या धातुवादी १०५,१६२
कार्टेज़ियरी ६
कार्दमिक पट्ट १४६
कार्दरंग १५६,१६८
कार्दरंग द्वीप [पर्याय, चर्मरंग तथा नागरंग] १५६
कार्पटिक १३७
कार्माः, भृत्य १६७
कालनालिका १६६
कालिदास ७,३१,१०३,१०६
कालिदास, मेघदूत १२२
कालिदास, रघुवंश ४१,१४७
काले अगुरु का तेल १६६
कावेल ८३
काशिका ५३,५४
काश्मीरकिशोरी, काश्मीर की बच्चेड़ी ६७
काषाय वस्त्र १६८
काहल, एक वाद्य १४०
किंकिणी १४३
किंपुरुष देश १६५
किन्नरराज द्रुम १६४,२२४
किर्मीर १५६
कीकस ११५
कीथ ७,८
कीथ, संस्कृत-साहित्य का इतिहास १६७
कीर्तिस्तंभ २२
कील १८३
कुंकुम के थापों से छपाई ७५
कुंडलीकृत
कुंतल १२३
कुंभ १८४
कुटिलक्रमरूपक्रियमाणपल्लवपरभाग ७५
कुटिलिका १६२
कुटीरक, डेरे १४५
कुट्टकगणित १२४
कुप्ययुक्त, पीतल जड़े वाहन १४२
कुब्ज १०१
कुब्जिका, कनकपुत्रिका ६८
कुब्जिका, खिवाड़ा १००
कुमारगुप्त, मालवराजकुमार ६६
कुमारगुप्त, (गुप्त सम्राट्)की भितरी मुद्रा २०१
कुमारगुप्त (गुप्त सम्राट्) की स्वर्णमुद्रा, अश्वारोही भाँति १४३
कुमारपालचरित २११
कुमारभवन, राम का (रामायण) २०१
कुमारस्वामी, हिस्ट्री ऑफ इंडियन ऐंड इंडोनेशियन आर्ट १६५
कुमारामात्य ११२
कुरंगक ८८

कुलपुत्र ६३,११०,१३७
कुलुंठक १६४
कुवलयमाला १
कुवैकटिक, अकुशल बेगड़ी १२४
कुशस्थल १७७
कुसुंभ १८४
कुसुम-शय्या २११
कूट, कुष्ठ नामक ओषध १८३
कूटपाश १८२
कूटाट्टालक ३६
कूपोदंचनघटीयंत्रमाला ५६
कूर्पासक ७६,१५२,१५३
कूल ७७
कृपाणी १८६
कृष्ण, हर्ष के भाई ३५
कृष्णकांत हिंदीकी लिखित यशास्तिलक एंड इंडियन कल्चर १६१
कृष्णमाचार्य, र० व०, १
कृष्णाजिन १४
केयूरमणि १७२
केशलुंचन १०५
कैलाशचन्द्र शास्त्री १०५
कोकिलात्त, तालमखाना १८०
कोटवी १३४
कोटिहोम ८६
कोट्टपाल ३६
कोणधारी १२६
कोश, १२०
कोश, वसुबन्धु-कृत अभिधर्मकोश ५५, १२०, १६३
कोश, हालकृत गाथासप्तशती ६
कोषकलश १७८
कौतुकगृह ८३
कौरवेश्वर, अर्जुन १२४
क्रकर १८२
क्रीतसूत्र २१०
क्रीड़ापर्वत २०६
क्रीड़ावापी २१३
क्रीड़ाशैल २११
क्लासिकल डिक्शनरी, लैम्प्रायर-कृत १६६
क्लिष्ट, प्रसाद का विपरीत अर्थ १३७
क्लीमेंट हुआर्ट, ऐरयेंटपर्शिया एंड ईरानियन सविलिजेशन ४०
क्वणिततुलाकोटिनूपुर ६६
खडलक १७६
खंडशर्करा १६३
खक्खट १४६
खट्वाहिंडोल २११
खरखलीन लगाम २१
खरगोश का शिकार १६२
खरणादसंहिता ६
खातिर, राज्यश्री के ब्याह पर लोगों की ७०
खास दरबार २११
खेट चेटक १६२
खोल १५५
खवारगाह २११
गंगाधर ६
गंडकुसूल १८४
गंडूषसेक १०२
गंधमादन १२५,१६५
गंभीरी १८४
गजशाला २०३
गजसेना ३८,३६,४०
गजसेना का युद्ध करने का ढंग ४०
गजसेना के परिचारक ४०
गजासुर २०१
गजों की अवस्था ४०
गजों की जातियाँ ४०,४१
गजों की शरीर-रचना ४०,४१
गणिका हथिनी-विशेष १२८
गर्भों के खेत १८३
गरुड़ तथा विभावसु कछुआ २०१

गल्वर्क ६४
गवाक्ष ८६,२१०
गवाक्ष बातायनों से युक्त मुखशाला २१४
गवेधुका, गरबेरुआ या गंडहेरुआ १८१
गात्रिका ग्रंथि १५
गाथाकोश ६
गाथासप्तशती ६
गीतियाँ, राग को उद्दीपन करनेवाली ६७
गुंजा १४०
गुणाढ्य ८
गुप्त १७७
गुप्त नामक कुलपुत्र १६७
गृह-अवग्रहणी, राजद्वार की ड्योढ़ी ६१,२०७
गृहचिन्तक १४१
गृहदीर्घिका २०६,२१३
गृहपत्नी ६१
गृहपशु ६७
गृहोद्यान २०६,२११,२१३
गोदंती मणि १८६
गोदना १८७
गोपानसी २११
गोल, बड़ा घड़ा १८०
गोलचंद्रक १५६
गोशीर्ष १६६
गोष्ठी १२,१३
गौड़ १७७
गौड़पादाचार्य १८८,१८६
गौड़पाद का दर्शन १८८,१८६
गौड़ाधिपति १२३
ग्रहवर्मा १८६
ग्रहसंहिता ६५
ग्राममहत्तर १६२
ग्रामाक्षपटलिक १३७
ग्रामेयिका १८३
ग्रीष्म-वर्णन ३२
घट १८०
घनमुक्ता, घने मोती १६८
घुड़सवार सेना ४१
घोड़े, खासा या भूपालवल्लभ तुरंग ४१
घोड़ों के शुभ लक्षण ४२
घोड़ों के आयातवाले देश ४१
घोड़ों के बाँधने का प्रबन्ध ४२
घोड़ों के रंग ४१,४२
घोड़ों के विभेद—पंचभद्र, मल्लिकाक्ष, कृत्तिका-पिंजर ४२
चंचच्चामर १५७
चंडकोश राजा १६४
चंडातक ६१
चंडाल १६१
चंडिकावन ३६
चंद्र पर्वत १७,१८
चंद्रमा १६७
चन्द्रमुख वर्मा १७२
चन्द्रशाला २१०.२१४
चन्द्रशालिका ६४, १२६,२०८
चक्षु १६
चटनाल जिमाना १६४
चटुल १५६
चटुलशिखानर्तन ३३
चटुला तिलक २४
चतुरंग-कल्पना ४८
चतुरुदधिकेदारकुटुंबी, हर्ष का विशेषण ४७
चतुर्भाणी ६
चतुर्व्यूह १०६,१६१
चतुश्शाल ६२,२०७,२०८,२१४
चतुश्शालवितर्दिका २०८
चतुःसम पल्वल २११
चरक ६
चरित ६
चरितकाव्य ६
चर्चिका देवी ६५
चर्ममंडल १५६

चाट सैनिक १५६
चामरग्राही ६३
चामीकर रसिचत्र, सोने का पानी १७०
चामुंडा देवी १७६
चारभट या चाटभट १४३,१५६
चारण ५६,७०
चारु, सजे बजे या रंगीन वर्दीवाले १४३
चितचैत्य या चैत्यचिह्न ११५
चित्रधनुष १७४,१७५
चित्रपट, जामदानी १६८
चित्रफलक या आलेख्यफलक १७०
चित्रशाला-गृह २१०
चित्रशालिका २०८
चित्रशाली २११
चीनचोलक ७६,१५१,१५२
चीन देश १६४
चीनां शुक ७८
चूड़ामणि १६८
चूड़ामणि मकरिका २४
चेट १६१
चेटक १४१
चेलचक १४५
चेलोत्क्षेप १३७
चैत्यकर्म १६३
चोलक १६३
चोलक कलशी १७०
चोला १५२
चौसल्ला ६२
च्यवनाश्रम १८
च्यावनवन १८
छत्र २०,२१
छत्रधार २२
छपाई, वस्त्रों की ७४, ७५
जंगली वृक्ष, दिवाकरमित्र के आश्रम में १८६
जगत्पति, मल्लकूट ग्राम में बाणका मित्र ३६
जगदीशचंद्र जैन, लाइफ इन एश्येंट इंडिया ऐज डेपिक्टेड इन जैन कैनन ७८
जयकिशोर नारायण सिंह १
जयस्तंभ ६१
जलकुंभ १८१
जवारे, यवांकुर ८४
जातक कहानियाँ १६३
जातकमाला ३
जातमातृदेवी [पर्याय, चर्चिका] ६५
जातीपट्टिका १६८
जातीफल, जायफल १७०
जायसी, पद्मावत १५,१४४, ५७,१५८
जाहक, झाड़चूहा १७३
जिनसेन १३
जीवंजीवक १७०
जैत्राभरण १६८
जैन, बौद्ध साधु के अर्थ में १०५,१६१
जैन साधु—आर्हत, श्वेतपट और केशलुंचन १६१
जैफ़री, दी फारेन वाकेबुलरी आफ़ दी कुरान ८०,१५१
जोगबाट १५
ज्योतिष के अंग, बृहत्संहिता के अनुसार- ग्रहगणित, संहिता और होराशास्त्र ६५
टिकुली ६१
टीटिभ, भैरवाचार्य का शिष्य मस्करी साधु ६०
टेसू की पुतली, जनंगमों की देवी ११७
ट्रांजेक्शन्स आफ़ दी फ़ाइलोलोजिकल सोसायटी आफ़ लण्डन, १६४५, हेनिंग १५१
डिक्शनरी आफ़ इकनोमिक प्रोडक्ट्स, घाटकृत ७७
डिंडिमाघोरण १३०
डामर, चाट या चार भट का विशेषण १५६
तंगण १४६
तंत्रीपटहिका १५७

तत्त्वचिंतन की विधियाँ १६०,१६२
तनुताम्रलेखा ६६,१०१
तमिला,तबला १५७
तरंगक, एक कर्णाभरण १७१
तरंगित उत्तरीयांशुक ६६
तरंगित स्तनोत्तरीय ६८
तलक १६२
तांबूलिक १४७
तापक, तवा १६२
तापिका, तई १६२
ताम्रचरु १६२
तारक राजज्योतिषी ६४
तारमुक्ता १५१
तारहार १७८
तारामुक्ताफल ८१
तिरस्करिणी ६१,२०८
तिलकमंजरी ८५
तिलकमंजरीकार, धनपाल २
तीर्थ १०६
तुंगतोरण १३७
तुरुष्क देश, चीनी तुर्किस्तान १६५, १६६
तुषारगिरि, हिमालय पर्वत १६४
तृणमय राजमंदिर १३७,१३६
तोयकर्मान्त २०७
तोयकर्मान्तिक ६३
तोरण १६६
थावे, ऐंपन के [पिष्टपंचागुल] ७०
दंडकवन, महाकान्तार १८५
दंडधर १५८
दंडयात्रा १३६
दंती ६
दंतशकरुक ६६
दक्खिनी सवार १४६
दक्षिणापथ १६५
दक्षिणी समुद्र १६५
दधीच, मुनिकुमार २१
दधीचिऋषि २००
दरबार, राजद्वार २११
दरा का गुप्तकालीन मंदिर, जर्नरल यू० पी० हिस्टॉरिकल सोसायटी, १६५० १५७
दर्दुर पर्वत १६५
दर्पणभवन २१४
दर्पशाल ४१
दर्शितनिदर्शन १६६
दानपट्ट ४१
दारुपर्वतक २१०
दार्शनिक—कापिल, काणाद, ऐश्वरकारणिक, सामवान्तव तथा औपनिषद १८८,१८६
दिगंबर साधु [केशलुंचन] १०८
दिङ्नाग १२२
दिनेशचन्द्र सरकार, एपिग्राफी एंड लेजीग्राफी इन इंडिया २१६
दिवसग्रहण १३७
दिवाकरमित्र १८८
दिवाकरमित्र का उपदेश १६८, १६६, २००
दिवाकरमित्र, एक बड़े महन्त का प्रतीक १६०,१६२
दिवाकरमित्र का व्यक्तित्व १६३
दिवाकरमित्र के आश्रम के भिक्षु १६०,१६१
दिवागृह २१०
दिव्य परीक्षा [कोश] १२१
दिव्यावदान १४४, २२४
दीघनिकाय १४६
दीपिकालोक १४१
दीर्घप्राणालीन लालिक २२
दीर्घाध्वग ८८
दुकूल या दुगूल ७१,७७
दुकूलमुखपट्ट ४१
दुकूलवल्कल ७७
दुर्निमित्त १३४
दुर्वासा मुनि १३,१४
देवगढ़, दशावतार-मंदिर १२

देवगृह २०७,२१३
देवता—अरुण, सुगत बुद्ध, इन्द्र, धर्म, सूर्य, अवलोकितेश्वर, चन्द्रमा और कृष्ण ४५
देवदूष्य ७५
देवविमान २१०
देशाचार २१४
दोला-वलय १७७
दौवारिक ४२
दौवारिक पारियात्र ४२
द्वार प्रकोष्ठ, अलिंद २०४
द्वितीय ब्राह्मणभोजन ११५
द्विपदां वर १८८
द्वीपांतर
धनपाल २
धमद्धमनयः १०८
धम्मिल्ल केशरचना ६६
धर्मकीर्ति ६
धर्मदेशना २००
धर्मप्रचार के उपाय—समुपदेश,
धर्मदेशना और बोधिसत्त्व जातक २६६
धर्मशासन कटक १३६
धर्मशास्त्री, संप्रदायविशेष १६५,१११
धवलगृह ६१,२६६,२११,२१३
धातकी, धाय १८२
धात्रेयी, धात्रीसुता ६७
धारागृह २११
धार्मिक संप्रदाय, विभिन्न सूचियाँ १०४,१०५
धार्मिक संप्रदाय, दिवाकर मित्र के आश्रम में १०५
धार्मिक संप्रदाय, पाँचवें उच्छ्वास में १०५
धोरणगति, दुलकी चाल १३०
धौंकनीनुमा तरकस १८६
ध्रुवागीति १६,२२४
ध्रुवागीति के भेद २२४
ध्वजवाही १४५
नई दिल्ली के राष्ट्रपति-भवन का वास्तु सन्निवेश २१५
नक्षत्रमाला ४०,८२
नग्नाटक ८६,१०७
नरक, कुत्सित नर १७३
नरक, भास्कर वर्मा का पूर्वज १७२
नरसिंह १२३
नलक १८७
नलशालि १८४
नहरे बिहिश्त, मुगल-राजमहल की नहर २०६
नांदीक; वाद्यविशेष १४०
नांदीपाठ ६४
नागदमन, शस्त्र १२४
नागदमन औषधि १८६
नागवन १२८
नागवनवीथीपाल या नागवीथीपाल १२६
नागार्जुन १६७
नागार्जुन का शून्यवाद १८८
नागार्जुन तथा सातवाहन नरेश १६७
नाथूराम प्रेमी, जैन साहित्य और इतिहास ८, २८,१०७
नानाकषाय कर्बुर १५३
नारायणीय धर्म १०६
नाली १४३,१४४
नालीवाहक, फीलवान १४२
निगडतालक, १४१
निचोलक (प्रच्छदपट) ७८
निचोलक, गिलाफ़ १६७
निद्राकलश ८५
निमाजगह, देवगृह २११
निरुत्सारण प्रतीहार १०४
निर्जित सामन्त २१८
निर्वाण ३३
निशागृह २१०
निशीथचूर्णि १०७,१७०,२२४
निषादी १३१,१४१
निस्त्रिंश १२१
नीचापाश्रय ११६

नूपुर, गुल्फ तक ६१
नृत्य शैलियाँ, भरत के अनुसार ३४
नेत्त १४६
नेत्र, वस्त्रविशेष २३,७८
नेमि, नींव २११
नैगमेश १०७
नैचिकी गऊ ३६
नैयायिक ११०
पंचकुल १६६
पंचतंत्र का गुजराती अनुवाद, सांडेसरा २२४
पंचांगप्रमाण १६७
पंचाग्नितापन १०६
पंच ब्रह्म १६
पंचव्यूह—वासुदेव, संकर्षण, प्रद्युम्न,
अनिरुद्ध और साम्ब ११०,११३
पंचात्मक बुद्ध १६
(पंचाधिकरणोपरिक पाठ्यु परिक) १००,१४१
पंचास्य ८३
पत्तद्वार, बगल के रास्ते २०८
पत्तिपूपिका वापिका १८४
पत्नियों और पशुओं का वर्णन,
दिवाकर मित्र के आश्रम में १८६
पट ८१
पटकुटी (तम्बू) १४१
पटचर कर्पट १३०
पटचर चीरिका या चीरिका १६३
पटवितान (शामियाना) ८१
पटसन (पट्टसूत्र) १६६
पटह १००
पट्टी ८१
पट्ट १५५
पट्टबंध, हाथियों के मस्तक के ८१
पत्रभंग पुत्रिका प्रतिमा ६४
पत्रभंगमकरिका १४
पत्रलता १४८
पत्रलता, राज्यश्री की ताम्बूलवाहिनी १६८
पत्रांकुर कर्णपूर १५४
पत्रोर्ण ७७
पदक या मध्यमणि १६८
पदहंसक नूपुर ६७
पदातिसेना २०
पदातिसैनिक का चित्रण २०
पद्मावती १३२
परभाग १४६
परमकम्बोजदेश १६५
परमेश्वर प्रसाद शर्मा १८
परभाग ७५
परिवेश १७१
परिक्षेप पट्टिकाबन्ध १४८
परिखा २१२
परिधानीय वस्त्र-युगल १७१
परिबर्ह (साजसामान) १७७
परिमल ६६
परिवस्त्रा (कनात) १४१
परिवर्धक (= अश्वपाल) ६५,१४४
परिव्राट् ११७
पार्थिवकुमार १४७
पत्रलता, पत्रावली, पत्रांगुली ७५
पलस्तर ७१
पलानो में, घुड़सवारों की, १४८
पल्लव (फूलपत्ती का कटाव)
पल्लीपरिवृढ (शबर बस्तियों के स्वामी) १२८
पवते. आई० एम० (स्ट्रक्चर
आफ़ दि अष्टाध्यायी ५४
पश्चिमासनक परिचारक (हाथियों पर
बैठे हुए) १४७
पांचरात्रिक १०५,११०
पांचरात्रिक १६१
पांडु १६४
पांडुरि भिक्षु १०५,१०७
पांडुरि भिक्षु २२४
पाटलपुष्प १८१

पाटलमुद्रा = मिट्टी की लाल मुहरें १६०
पाटल या लाल शर्करा ६५,१८१
पाटी १४०
पाटीपति
पादताडितकम् २१०,२११
पादताडितकं (चतुर्भाणी संग्रह) अधिकरण तथा प्राड्विवाक ४६
पादफलिका (रकाब) १४८
पानभाजन १६८
पारसीकों का देश १६५
पाराशारिन् १६५
पारिजातक ६७,६८
पारियात्र १६५,१६६
पारियात्र, दौवारिक ३७
पाटल शर्करा ६५,१८१
पाराशरी भिक्षु ११०,१८८
पाराशर्य १८८
पार्थिवविग्रहाः (मिट्टी की मूर्त्तियाँ) ४८
पार्थिवोपकरण, सुवर्णपादपीठी, करंक, कलश, पतद्ग्रह, अवग्रह १६१
पार्वतीपरिणय १
पार्श्वचर ८७
पार्श्वचर, दधीच का २२
पाशकपीठ ५३,
पाशिक १८२
पाशुपत शैव १०६,१०८
पिंगलपद्मजाल ४०
पिंगा १४८.१४६
पिंगा ७८
पिण्डपाती १८८
पिचव्य (रुई) १८३
पिशेल ८
पिष्टातक (पटवासक चूर्ण) ६६
पीत मसार ६३
पुंड्रदेश ७७
पुत्रोत्सव, हर्ष के जन्म पर ६५,६६
पुरुषों की जातियाँ–हंस, शश, रुचक, भद्र और मालव्य १०१
पुलकबन्ध २३
पुष्पगृह २,११०
पुष्पदन्त २८
पुष्पदत्त १७४
पुष्पवाटिका २११
पुष्पभूति की भैरवाचार्य से भेंट ५७,६०
पुष्पभूति, वर्द्धनवंश के संस्थापक ५६,५६,६१
पुस्तक ५२
पुस्तकवाचक ५२
पुस्तकें, सुभाषितों से भरी हुई १६८
पुस्तकों के पत्र, अगुरु की छाल से बने १६६
पूगफल (सुपारियाँ) १६६
पूर्वकालीन राजाओं की सूची ५४
पूर्वा १३८
पृंग ८१
पृथ्वीचन्द्र-चरित २०५,२०७,२११
पृथ्वीचन्द्रचरित में वास्तुशास्त्र के विभिन्न शब्द २१२
पोट = टुकड़ा, फट्टा १८४
पोतनेवाले कारीगर ७१
पौरव सोमक १३३
पौराणिक १०५
पौराणिक ११३
पौरोगव ६३
प्याऊ १८०,१८१
प्रकोष्ठ २११
प्रग्रीवक २०८
प्रग्रीवक २१४
प्रग्रीवक (= मुखशाला) ६२
प्रघण या प्रघाण २०१
प्रचार १३२
प्रजविन् उष्ट्रपाल ६५
प्रणाम करने के प्रकार, सम्राट् को १२६
प्रणामागमन २१८

प्रतापशील (प्रभाकरवर्द्धन का दूसरा नाम) ६३
प्रीतिकूट की स्थापना २४
प्रतिसामन्त २१७,२१८
प्रतिहार ४२
प्रतीहार, अन्तर ४४
प्रतीहारगृह २१४
प्रतीहारभवन १७१
प्रतिहारभवन १७७
प्रतोली २११
प्रदोषवर्णन १६
प्रदोषास्थान १२६,१२७
प्रद्योत का अनुज कुमारसेन १३२
प्रधान सामन्त २१७,२१८
प्रबोधचन्द्र बागची द्वारा सम्पादित दो संस्कृत चीनी कोश ८१
प्रबोधमंगलपाठक (वैतालिक) ६४
प्रभाकरवर्द्धन, आदित्यभक्त ६३
प्रभाकरवर्द्धन की पूजा ६३
प्रभाकरवर्द्धन की मालवविजय ६३
प्रभाकरवर्द्धन की विजयों का वर्णन ६३
प्रभाकरवर्द्धन के सेवकों का शोक १०५,१०६, १०७,१०८,१०६,११०
प्रभाकरवर्द्धन, महाराजाधिराज ६३
प्रमदवन २११
प्रमाद दोष से विपत्तिग्रस्त सत्ताइस राजा—पद्मावती के नागवंशी, नागसेन, श्रावस्ती के श्रुतधर्मा, मृत्तिकावती के सुवर्णचूड़, यवनेश्वर, मथुरा के बृहद्रथ, वत्सराज उदयन, अग्निमित्र के पुत्र सुमित्र, अश्मक के शरभ, मौर्यबृहद्रथ, शिशुनागपुत्र काकवर्ण, शुंग देवभूति, मगधराज, प्रद्योत के भाई कुमारसेन, विदेहराजपुत्र गणपति, कलिंग के भद्रसेन, कुरुष के दृढ़, चकोरदेश के चंद्रकेतु, चामुंडीपति पुष्कर, मौखरि चित्र वर्मा, शकपति, काशिराज महासेन, अयोध्या के जानश्रुत, सुह्म के देवसेन, वैरन्त के रन्तिदेव, वृष्णि विदूरथ, सौवीर के वीरसेन एवं पौरव-सोमक १३२-१३३
प्रयाणगुंजा ३२
प्रयाणपटह ११८
प्रयाणपटह १३६
प्रयाण समय की तैयारी १४०
प्रवरसेन ७
प्रविविक्त कन्या (रामायण) २०७
प्रसादपट्ट १५५
प्रसादवित्त-पत्ति १४३
प्रसाद, सम्राट् का ३७,४६
प्रहतवर्त्म (लीक) १४४
प्राकार २११
प्राग्ज्योतिषेश्वर १७२
प्राग्ज्योतिषेश्वर-कुमार १६६
प्रातराशपुट १८२
प्राभातिक योग्या १४४
प्राभृत सामग्री १६७,१६८,१६६,१७०,१७१
प्राभृत, हंशवेग के लाए १६७,१६८
प्रारोहक (तोबड़ा) १४४
प्रालम्बमाला २३
प्रावेशिकी २२४
प्रासयष्टि ६७
प्रासाद २११
प्रासादकुक्षि ६२
प्रासादकुक्षि २०८
प्रासाद-कुक्षियाँ २१४
प्रासाद-सोपान २१३
प्रासादिकी २२४
प्रि आर्यन ऐंड प्रि-ड्रै वीडियन इन-इंडिया—प्रबोधचन्द्र बागची तथा सिलवाँ लेवी १५६
प्रियसखी ६७
प्रीतिकूट १८
प्रेत ११५

प्रेतपिंडमुक् ११५
प्रोसिडिंग्स बम्बई ओरिएंटल
कान्फ्रेंस १६४६ १६१
प्रौढिक (प्रारोहक) १४४
फलरा १४४
फिरदौसी १४
फ्लीट, गुप्त-अभिलेख १३८
बन्धनमोक्ष, बन्दियों को छोड़ना ३२
बन्धुपरिवेश १५७
बंसवारी १८३
बरफ़ (तुषार) का प्रयोग ६३
बरुआ, भरहुत १६५
बलदेव ६
बलदेव उपाध्याय, भारतीय दर्शन १११
,, ,, ,, १८८
बलाधिकृत या बलाध्यक्ष १४०,१४१
बलाशना औषधि ७३
बबरियों (बर्बरक) १२७
बहल १८२
बहुभूमिक ७
बाँका १५६
बाँधनू की रँगाई ७३
बाँधनू की रँगाई के कपड़े ७३
बाँसखेड़ा ताम्रपत्र लेख ११३
बाँसखेड़ा—ताम्रपत्र १२७
बागची, प्र० चं० १७,१८
बाजे ६७
बाजे, अलाबु वीणा ६७
बाजे, झल्लरी (झाँझ) ६७
बाजे, तंत्री—पटह ६७
बाजे, वेणु ६७
बाजे, काहल ६७
बाण १
बाण मित्र,अनंगबाण और सूचीबाण,बंदीजन २८
बाण मित्र,आखंडल, आत्रिक २८
बाजे—आलिंग्यक, एकप्रकार का मृदंग ६७
बाण मित्र,कराल, मंत्रसाधक २६
बाण का 'इत्वर' होना २६
बाण का मित्रमंडल २७,२८,२६,३०
बाण का वापिस आकर परिवार से प्रश्नोत्तर ५१
बाण का व्यक्तित्व १
,, ,, ,, २७
बाण का समय ३
बाण का सोच-विचार, कृष्ण के संदेश पर ३५
बाण का हर्ष का राज्यविस्तार बताना ५४
बाण का हर्ष को देखकर मन में विचार करना ४७
बाण का हर्ष के लिये स्वस्तिवाचन तथा सम्बन्धित सांस्कृतिक सामग्री ४८
बाण का हर्ष को उत्तर ४६,५०
बाण की गद्यशैली ४
बाण की घुमक्कड़ी प्रकृति १
बाण की चित्रग्राहिणी बुद्धि २
बाण की माता राजदेवी २६
बाण की सभा १३
बाण की सांस्कृतिक सामग्री ३
बाण की हर्ष से भेंट ४६
बाण मित्र, कुमारदत्त, पुस्तकृत २८
बाण मित्र, कुरंगिका, सौरन्ध्री ३०
बाण मित्र, कुलपुत्र वायुविकार, प्राकृत कवि २८
बाण के चचेरे भाइयों का परिचय ५३
बाण के पिता चित्रभानु २६
बाण के पूर्वज २४
बाण मित्र, केरलिका संवाहिका ३०
बाण के वर्णन २
बाण के विचार, काव्यशैली पर ३
बाण मित्र, गोविन्दक, लेखक २८
बाण मित्र, चंडक, ताम्बूलदायक ३०
बाण मित्र, चन्द्रसेन और मातृषेण, पारशवबन्धु-युगल ३१,३५
बाण मित्र, चकोराक्ष, ऐन्द्रजालिक २८
बाण मित्र, चक्रवाकिका, कात्यायनिका २६

बाण मित्र, चामीकर, स्वर्णकार २८
बाण " जयसेन, कथक २६
बाण " जीमूत, मार्दंगिक २६
बाण " तांडविक, युवालासक २८
बाण " ताम्रचूड़, मस्करी २६
बाण " हरिणिका, नर्तकी २६
बाण " दर्दुरक, गान्धर्वोपाध्याय २८
बाण " दामोदर, दार्दरिक २६
बाण " पुस्तकवाचक, सुदृष्टि २८,५२
बाण " बारबाण और वासबाण, विद्वान २८
बाण " वीरवर्मा, चित्रकृत् २८
बाण " भाषाकवि ईशान २८
बाण " भीमक, कितव २६
बाण " मंदारक, भिषग्पुत्र २६
बाण " मधुकर और पारावत, वांशिक २६
बाण " मयूरक, जांगुलिक २६
बाण " रुद्र और नारायण ३०
बाण " लोहिताक्ष, असुरविषरव्यसनी २६
बाण " वक्रघोण, शैव २६
बाण " वर्णकवि वेणी भारत २८
बाण " विहंगम धातुवादविद् २६
बाण " वीरदेव, क्षपणक २६
बाण " शिखंडक, शैलालियुवा २६
बाण " सिन्धुषेण, हैरिक २८
बाण " सुमति, पाराशरी २६
बाण " सोमिल और ग्रहादित्य, गवैये २६
बाण—राजदरबार के वास्ते प्रयाण ३६
बालक (सम्बोधनरूप में) ८२
बालपाश १५४,१५५
बालपाशिक १८२
बाल्यकाल, कुमारों का ६८
बाहु (भुजाली) १२०
बाह्य प्रतीहार २०४
बाह्य, राजकुल की दूसरी कक्ष्यातक का भाग २०६
बाह्य सन्निवेश २०३
बाह्य आस्थानमंडप १६६
बाह्यपरिजन ४४
बाह्यसन्निवेश ३७
बाह्यसन्निवेश के पड़ाव ३७,३८
बाह्यास्थानमंडप २१३
बुड्ढे कुलपुत्र १६१
बुद्धचरित ६
,, ६१
बृहत्कथा ७
बृहत्कथामंजरी १६७
बृहत्संहिता, गंधयुक्तिप्रकरण १६६
बृहस्पति १६७
बृहस्पति का कटाह २०१
बेताल २०१
बेली, इरानोइंडिका, भाग ४ २२
बोझ या भार-संभार, भार, भारक १८३
बोस्टन म्यूजियम बुलेटिन (अगस्त १६२६) १४८
बौद्धधर्म का विशेष प्रचार १६०,१६२
बौद्धधर्म के विभिन्न अभिप्राय तथा संस्थाएं—दिवाकरमित्र के आश्रम में १६०,१६१,१६२
बौद्ध संगीति अलंकार ६
बौद्ध संस्कृत-साहित्य ३
ब्रह्मगुप्त १२४
ब्रह्मवादी ११२
ब्रह्मवृक्ष १६७
ब्रह्मा १२
ब्राह्मणगृह ३१
ब्राह्मण, मुनिवृत्तिवाले, २४
भंगुर उत्तरीय ७६
भंगुर (चुन्नटदार) ७६
भंडि की हर्ष से भेंट १७६,१७७
भंडारकर, डी० ६
भंडारकर, डा० देवदत्त रामकृष्ण १३२,१३३
भंडि, बाल्यावस्था में ६८

भगदत्त १७२
भद्रासन १३६
भवभूति १८
भवभूति, उत्तररामचरित १०८
भंडि का वेश तथा आभूषण ६८
भक्ति (हि० भाँत, अं० डिजाइन) ७४
भरत (नाट्यशास्त्र के रचयिता) ३४
भर्त्सु या भर्वु, बाण का पूर्वज २१७
भवनपादपों की सूची-जातिगुच्छ, भवन दाडिमलता, रक्ताशोक, अन्तःपुर-बाल बकुल, प्रियंगुलतिका, सहकार ६७
भविष्यपुराण ६४
भस्माभरण १७४
भाँतभतूल्या या भाँतभतीली ७४
भाँतें, सखियों की भाँत, चुड़कले की भाँत, धनक की भाँत, मोडी (मोरनी) की भाँत, लाडू की भाँत, चकरी की भाँत, केचवे की भाँत, धानी-भूंगडे की भाँत, डलिया छावड़ी की भाँत, तीजडेल की भाँत, रास भाँत, बाघकुंजर भाँत, आदि। ७४
भाग, राजग्राह्य कर २१६
भागवत १०५
,, १०६
,, १६१
भार १८३
भारक १८३
भारत ५
भारतीय वेश-भूषा, मोतीचन्द्रकृत ७३
,, ,, ,, १७१
भारवि, किरातार्जुनीय --
योगीलाल सांडेसराकृत गुजराती पंचतंत्र १०७
भारिक १६१
भावना-स्नान १२३
भास ७
भास्करद्युति (भास्कर वर्मा) १७२
भास्करवर्मा १७२
भिन्दिपाल १४७
भिक्षु १६०,१६१
भुक्तास्थानमण्डप २०६,२१४
भुजंग ४६
भुजंगता ४६
भूकम्प १८५
भूतिवर्मा १७२
भूपाल वल्लभतुरंग, खासा घोड़े २०४
भूभृद्वातुगर्भकुम्भ १०३
भृगु १०५
भृगुपतन १०५
भैरव १२३
भैरवाचार्य ५६,५७
भैरवाचार्य का वर्णन ५७,५८
भैरवाचार्य का शिष्य ५७
भैरवाचार्य के शिष्य टीटिभ मस्करी साधु ६०
,, ,, ,, पातालस्वामी ब्राह्मण ६०
,, ,, ,, वर्णताल द्राविड़ ६०
,, ,, का वेश ६०
भोगपति १६२
भोजक अथवा मग अथवा शाकद्वीपी ब्राह्मण ६४६५
भोजपत्र, भूर्जत्वक् १६८
भ्रष्टराज्योत्सन्नराजवंशप्रतिष्ठापन २१६
मंगलातपत्र १५७
मंगलवलय १७७
मंगोल कास्ट्यूम्स, हेनीहेरल्ड हेन्सन १५३
मंजुश्रीमूलकल्प ११६
,, १५६
मंडनक भांड १५६
मंडनकृत २२०
मंडपिका २११
मंडलीवृत्त ३३
मन्दपाल, मुनि १३
मंदसोर के लेख ११८
मंदाकिनी, दिवाकरमित्र द्वारा हर्ष को दी गई एकावली १६७

मंन्दुरा २०३,२०४
मकरमुख, महाप्रणाल १७
मकरमुखप्रणाल ७१
मग्नांशुक (वेटड्रेपरी) ४६
मग्नांशुक ६६
मठिका १४५
मणितारा, हर्ष की छावनी ३७
मथुरा म्यूजियम हैंडबुक १५१
,, ,, ,, १६४
मथुरासंग्रहालय १५०
मथुरा से प्राप्त खरोष्ठी सिंहशीर्षक लेखक १६६
मधुबन ताम्रपट्ट ६३
मधुरस १७०
मलकुथ १६३
मलयाचल १६५
मल्लकूट ३६
मल्लिनाथ १४७
मसार (अश्मसार) ६५
मस्करी १०५
,, १६१
मस्करी साधु ११२
मस्तकपर पैरों के निशान १२४
महाकान्तार १८५
महाजनों (बनियों) की दूकान का लुटना ६५
महादंडनायक ११२
महादेवी-पदसूचक पट्टबन्ध ६८
महानवमी १८७
महानस १४५
,, २०७,२१३
महानिवेशन २१०
महापुराण, जिनसेनकृत १३
महापुराण, पुष्पदन्तकृत ८
महाप्रतीहार ४४
महाभारत १६७
,, आदिपर्व ११६
महाभारत आदिपर्व २०१
महाभारत वनपर्व ११६
महाभैरव २०१
महामंडलपूजा ५६
महामांस-विक्रय ५८,५६
मांस-विक्रय ८६
हाथियों के अधिकारी (अर्थशास्त्र के अनीकस्थ) १२६
महाराज २२०
महावत १२६
महाव्युत्पत्ति ८१
,, १४६
महासन्धि-विग्रहाधिकृत १२५
महासत्त्व १०३
महासामन्त २१७
महास्थानमंडप, बाह्यआस्थानमंडप २०५
महाहार १५८
महेन्द्रगिरि १६५
महेश्वर ६
मांडलिक २२०
मांधाता १६८
माघ ५४
मातृपटपूजा ६६
माधवगुप्त का वेश तथा आभूषण ६६
माधवगुप्त, मालवराजकुमार ६८,६६
माधवीमंडप २११
मानसार ४४
,, २२०
मायूरातपत्र शिरोभूषा १५५-१५६
मार्जारानना ६५
मार्शल, साँची मौनमेंट्स १२०
मालती का वेश २३
,, के आभूषण २३,२४
,, दधीच की सखी २३
मालव ६३
मालवराज ११८

मालवराजकुमार, कुमारगुप्त और माधवगुप्त ६८,६६
मालवराजालोग १७८
मालवसंवत् ११८
मानियर विलियम्स, संस्कृतकोश १८४,१०१
माषीण १६०
मिराशी, वा० वि० ६,७
मुखघास १६०
मुगलकालीन महल २११
मुक्तांशुक १६५
मुक्ताफलहार २३
मुखरवंश ८३
मुखालेपन १४४
मुनि (दिगम्बर जैनसाधु) ११७
मुनिवृत्तिवाले ब्राह्मण, बाण के पूर्वज २४
मृगतंतुतंत्री १८३
मृच्छकटिक; वसन्तसेना का गृह २११
मेंठ १६१
मेरठ (हाथियों के खिदमतगार) १४५
मेखलक का लाया संदेश ३५
,, का वेश ३५
,, कृष्ण का संदेश वाहक ३५
मेघदूत १५
मैत्रायणी शाखा का ब्राह्मण १८६
मैमोरियल सिलवाँ लेवी १६५
मोतीचन्द्र, बम्बई संग्रहालय की पत्रिका २२४
मोहेन जोदड़ो की खुदाई १५४
मौल ११६
मौलि २१६
मौलिमालतीमालिका १७
म्यान(कोश) १२०
म्रदीयस्, मुलायम १६४
यंत्रधारा, फव्वारा २०७,२१३
यंत्रपंजर, पात्र रखने का १६६
यंत्रव्यजन २११
यंत्रोल्लिखित = खराद पर चढ़ाया हुआ १८५
यज्ञवादी मीमांसक = (सप्ततान्तव) १११
यमपट्टिक ८६
यशस्तिलकचम्पू ७५
यशोधरचरित १५
यशोवती का दोहद, हर्ष के जन्म के पूर्व ६४
यशोवती का सतीवेश ६७
,, ,, स्वप्न ६४
यशोवती के निजी सेवक और पार्श्वचर-चेटी, कात्यार्यानका धात्रेयी और कंचुकी ६७
यशोवती, प्रभाकरवर्धन की राज्य-महिषी ६३,६४
याम-चेटी १४१
यापनीय साधु १०७
याज्ञवल्क्य २०१
,, स्मृति १०८,२१७
यात्रा (जात) ३२
युधिष्ठिर १६४
योगपट्ट १५,५७
योगपट्टक ४८
योगभारक ५७
रकाब २३
,, १४८
रज्जिपुरुष ६८
रघु १६४
रघुवंश ४७
,, ११६
,, १६६,१८५
,, १६८
रत्नकरतल चतुर्विंशोधनविद्या १६
रत्नेश्वर ८
रभसारब्धनर्तन ३३
रसायनवैद्यकुमार ६५
रसेन्द्र दर्शन १६२
रहट की घड़ियों की माल १६
रावबन, एन आउटलाइन २९४
राजकुंजर या देवस्य औपवाह्य २०४

राजकुंजर का अवस्थानमंडप २१३
राजकुल १४७
,, २०३,२०४
राजद्वार ३७
,, १४७
,, २१३
,, की ड्योढ़ी (अलिन्दक) ७१
राजपुत्र कुमारक ६३
राजभवन ३७
,, २०४
राजमन्दिर की शोकपूर्ण अवस्था १०४
राजमहिषियाँ, नृत्य करती हुई ६८
राजयुध्वा ज्येष्ठ मल्ल राजा को कुश्ती लड़ानेवाले (अष्टाध्यायी) २०७
राजवल्लभमंडन, सूत्रधार
राजबाजियों की मन्दुरा २१३
राजवेश्म, धृतराष्ट्र का २०६
राजसेवक की निन्दा १७२,१७३,१७४, १७५,१७६
राजसेवा की निन्दा १७२,१७३,१७४ १७५,१७६
राजहंस ६८,६६,१००,१०१,१०२
राजा २२०
राजादन, खिरनी १८४
राजान (सोम वाले) १११
राजा (सोम) १११
राजिल १७२
राजेश्वर ६
राज्यवर्द्धन १७६,१७७
,, की बुद्ध के समान आचरण करने की कल्पना
,, के निजी परिजन—छत्रधार, अम्बरवाही, शृंगारग्राही, आचमनधारी, ताम्बूलिक, खड्गग्राही ११६
राज्यवर्द्धन, परमसौगत ११३,११४
राज्यवर्द्धन, पिता की मृत्यु पर ११६,११७
राज्यश्री ६६
,, १७७,१८८
,, का विवाह ६६,७०,८३,८५,८६
रामायण २०४,२०६
,, २०८
रायकृष्णदास, घोड़ों के बारे में सूचना ४२
राघण का राजभवन (रामायण) २१०
रास (नृत्य विभेद) ३३
राहुल सांकृत्यायन, दर्शनदिग्दर्शन १८८
रुद्र एकादशी ६०
रुद्रयामलतंत्र १०२
रूप (आकृतियुक्त ठप्पा) ७४
रूप = पशु १८३
रेचक (नृत्यविभेद) ३३
रैंडल १२२
रोमक जातक १६४
लंबन १६१
लम्बा पटह १५७
लक्ष्मी का वेश ६१
लतागृह २०६,२१०
ललाट-लुलित चामीकरचक्र २२
ललितविस्तर ३
लवंग पुष्प १७०
लवणकलायी १४३
लांछित लावण्य ६६
लाजवर्दी कंचुक १५४
लामज्जक (खस) १८३
लाल पट्टांशुक ६७
लालातन्तुज ७७
लिट्रेरी हिस्ट्री ऑफ इण्डियन म्यूज़िक २२४
लीला ललाटिका १७
लुंठक १६१
लुब्धा-लुंगाड़ा १०८
लेखहारक ८८,१७६
लेशिक १६१

लैशिक (वासिक) १३०
लोकायतन १०५
लोकायत मतवाले ११२
वंशक १८३
वंठ १६१
वज्रदत्त १७२
वठर १६१
वरत्रागुण १४२
वत्सरूप १८३
वधूवेश में राज्यश्री ८३
वन की पैदावार १८२
वनग्रामक (वनगाँव) १७७
वनपाल १७६
वप्र चारदीवारी २११
वराहमिहिर बृहत्संहिता १५६,१६६
वर्णरत्नाकर १५७
वर्षा १०६
वलभी २११
वल्लभपाल १४४
वसुबन्धु १२१
वस्त्र-कर्मान्तिक ११८
वस्त्रों के गुण ७६
" की रँगाई ७४
" के भेद—क्षौम, बादर, दुकूल, लाला तन्तुज, अंकुश और नेत्र ७६
वान्त यजुष मंत्र २०१
वाहबि सिल्वाँ, इन्वेस्टिगेशन ऑफ सिल्क फ्रॉम एडसेन गोल्ड एण्ड लाप-नार ८१,७६,१५२
वाग्भट्ट ६६
वाद, डिक्सनरी आफ़ इकनोमिक प्रोडक्टस १००
वारणबन्ध १२८
वातायन २०८
वातायन या वातपान ८६,२०८
वात्स्यायन १२
वामन १०१
वामनभट्ट बाण १
वामांसिक चीवर १६४
वायुपुराण की कथा ५२
" " पोथी ५२,५३
वारबाण ७६,८०
" १५०,१५४
वारवनिताओं के भवन २१०
वारविलासिनियाँ, दरबार की ४७
वारविलासिनी स्त्रियाँ १७८
वाराहमिहिर कृत बृहत्संहिता ४३,६५,१०१,१२०,१३६
वारिक १६१
वारुण आतपत्र १६७
वार्तिक (वाक्य) ५३
वासगृह ८४,६२
वास भवन ६४
" " या वासगृह २०८,२१४
वासवदत्ता ४,५,६
" (सुन्धुकृत) १६७
वासुकि नाग १६७
विन्ध्याटवी १७७,१७८,१७६
विघस १६१
विजिगीषु १३६
विंटरनिज, भारतीय साहित्य १२२,१६८
विटंक २११
विजारिश्न-ए-शतरंज १४
विज्ञानवाद (जिनस्येवार्थवादशून्यानि दर्शनानि) ४८
विट १७
वितान १७१
वितर्दि २११
वितर्दिका, चतुःशालकी ११६
वितानक (शामियाने) १४१

विदूषक वेष १७
विद्या और आचार का आदर्श २६
विद्यागोष्ठी १२
विद्यापति, कीर्तिलता २०६,२११
विद्याभ्यास व तत्त्वचिंतन की प्रणाली १६२
विद्याराज ब्रह्मसूत्र ६०
विधि-विधान दिग्विजय से पूर्व १३६
विनता २०१
विनयपिटक, गिलिगित प्रतियां ५५
विपणिमार्ग २१२
विपणिवर्त्म, बाजार की मुख्य सड़क २०३
विमान २१०
विमुक्तकौसीद्य, बाण के लिये प्रयुक्त ५५
विरूपाक्ष (शिव) ६०
विवाहोत्सव में व्यस्त राजकुल ७०
" वर्णन की सांस्कृतिक सामग्री ७०,७१,७२,७३
विश्वप्रकाशकोश ६
विष्णु तथा मधुकैटभ २०१
विष्णुधर्मोत्तर पुराण ६५
विष्णुषेण ३१
" का लेख २१६
वीतंसक जाल १८२
वीथियाँ ६१
वीथी २११,२१४
वीथी (नागवन का भाग) १२६
वृत्ति (काशिका वृत्ति) ५३
" या काशिका वृत्ति का समय निर्णय ५४
वृषांक मुद्रा १३८
वेंजलकृत सुहल्लेख अंग्रेजी अनुवाद
पाली टैक्स्ट सोसायटी जरनल, १८८६ १६६
वेगदण्ड (तरुण हाथी) १५६,१७७
वेणुपोट १८४
वेत्रग्राही ६२
वेत्र-पट्टिका (शीतलपाटी) ८८
वेत्री १६३
वेला का वेष ६६
वेला—यशोवती की प्रतीहारी ६६
वैकक्ष्यक १५
वैकक्षयक ५७
वैखानस १०६,१६१
वैयाकरण (शाब्द) १०७
वैन्यगुप्त गुणैधर ताम्रपट्ट १४१
वैष्णवों के भेद—भागवत, पांचरात्र, वैखानस और सात्वत आदि १०६
वोटकुट या बोटकुट १८२
व्युत्पन्न १६२
व्यवधान १८२
व्यवहारमयूख १२१
व्याकरण शास्त्र (वृत्ति, वार्तिक, न्यास या परिभाषाएँ एवं संग्रहग्रंथ ५३
व्याघ्रकेतु १८५
व्याघ्रपल्ली १४६
व्याघ्रयन्त्र १७६
व्याचक्षाण, व्याख्यान करनेवाले गुरु १६२
व्यायामभूमि २०६
व्यास ५
शंकर-टीकाकार २२०
शंकर (टीकाकार) ८,१२,३३,७५
" " १४०,१४३,१४७,१४८, १४६, १५१,१५४
" " १५५,१५७,१६०
" " ६५,१७०,१८३,१८४,१८६
" " १८६
शंकराचार्य १८८
शंकराचार्य—शारीरकभाष्य १०८
शंकराचार्य (जटिलो मुंडीलुंचितकेशः, काषायाम्बर-बहुतकृतवेशः ।) ११०
शंख १४०
शकन्धु (बावली) ५६
शक-शासन २१७

शकस्थान १६५,१६७
शतरंज १४
शत्रुमहासामन्त २१७,२१८
शत्रुसामन्तों के साथ व्यवहार ४२
शबर १८५,१८६
" या सौरजाति १८५
" युवक निर्घात १८५
शमितसमस्तशाखान्तरसंशीति २५
शयनगृह २०८,२१४
शयनीय गृह २०६
शरद्-वर्णन
शरभकेतु, आटविक सामन्त १८५
शरशलाका ंत्र (सरकंडे का बना पीढ़ा)
(जैनसाहित्य—सांपड़ी या संपुटिका) ५३
शशांकमण्डल ११६,११७
शस्त (पटका) १५४
शाकल्य २०१
शाकुनिक १८२
शांखायनगृह्यसूत्र १३५
शाट १६१
शाब्द १०५
शारशारी १४२
शाराजिर ६५
शारिकशारि १५६
शार्ङ्ग १४७
शालभंजिका २०८
शालभंजिका, जयस्तम्भ (तोरणशाल भंजिका) ६१
शालिजातक (पशुविशेष) १६०
शासन १३७
शासनपट्ट १४
" ६७
शासन-मुद्रा २०१
शासनवलय पर धर्मशासनकटक तथा मुद्राकटक १३६
शास्त्रार्थ १६३
शिंजानरसना ६६
शिंजानशातकौम्भ जयन २२
शिंजानहिंजीर १४२
शिकारी लोग १८२
शिखंडखंडिका २१
शिखर २११
शिग्रु-सोंहिजन (शोभांजन) १८३
शिरस्त्र १५५
शिरोरक्षक ६३
शिलालि २६
शिवलिंग का मुखकोश ५६
शिवलिंग, मुखवाले ५६
शीधु (सेंहुड़) १८१
शीर्णोर्णशकल १६३
शुक्रनीति ४४
" १०३
" १८८
" २१६,२२०
" १३६,१४६
शुक-सारिकाएं ३१
शुकसारिका की गवाही ३१
शुद्धान्त (= धवलगृह) १०४
" धवलगृह का दूसरा नाम २०७
शृंगार-संकेत २११
शेखर २१६
शैव संहिताएं ५६
शोकपट १७७
शोण १७
श्यामल द्वारा हर्ष का चरित कहने के लिये बाण से अनुरोध ५४
श्यामल, बाण का सबसे छोटा चचेरा भाई ५४
श्यामा देवी (भास्करवर्मा की माता) १७२
श्यूयान् च्वाङ् १२७

श्राद्धर, अहिर्बुध्न्यसंहिता और: पंचरात्र की भूमिका १६१
श्रीकंठ जनपद ५५
" " में शिवपूजा ५६
" नाग ६०,६१
" " का वेश, ६०,६१
श्रीकरेणुका १३२
श्रीपर्वत ८
श्रीमंडप २०६
श्रीशैलस्थलमाहात्म्य ६
श्वापद १८२
श्वेतदीप १६७
श्वेतपट १०५
श्वेतभिक्षु २२४
श्वेत मंडप १६७
षडाहुति होम ६०
षोरमगह २११
संगीत-गृह २१४
संजवन ६२
संजवन, चतुश्शाला २०८,२११
संज्ञाशंख १५७
संदान शृंखला १४१
संभार १८३
संवादक, राज्यश्री का परिचारक ११८
सकल भुवन वशीकरण चूर्ण १५८
सकांचन प्रतिमा ४०
सतीशचन्द्र विद्याभूषण का लेख—पूना ओरिएण्टल कान्फरेंस, १६१६ १६८
सतुला १४८,१४६
सन्निवेश २०३
सर्पिंडीकरण ११५
सप्ततन्तु (= यज्ञ)
सप्तताम्तव १०५,१११
सप्तमातृका (मातृमंडल) ८६
सप्तसमुद्र कूप १७
" महादान १७
सप्तसागर राजमहिषी १७
सभा, आस्थानमण्डप २११
सभापर्व, युधिष्ठिर राजनीतिपर्व १०३
सभापर्व—(युधिष्ठिर के उपायन) ७७,७८
समराइच्चकहा हरिभद्रसूरिकृत ४२,२२४
समायोग १६६
समायोग १४६,१५७
समायोग-प्रहण १५७
समावर्त्तन संस्कार, बाण का २६
समुत्सारण १५८
समुत्सारणपर्यन्तमंडल १०४
समुद्रगुप्त, गयाका कूटताम्रपत्र १३८
समुद्रगुप्त, प्रयाग-प्रशस्ति १८५
समुद्रगुप्त, प्रयाग-प्रशस्ति २१८
समुद्रगुप्त, प्रयाग-प्रशस्ति १३६
समुद्रगुप्त, प्रयाग-प्रशस्ति ४३
समुद्रगुप्त, प्रयाग-स्तंभ-लेख या प्रयाग-प्रशस्ति ११२,१२५
सम्राट् २१८,२२०
सम्राट् और राजाओं के संबंध ४५
" " अप्रणत लोकपाल ४५
" " अनुरागानुगत ४५
" " मंडलवर्ती या मांडलिक राजा ४५
" " अवशिष्ट राजा लोग ४५
" " समस्त सामन्त ४५
सरकार, दिनेशचन्द्र (एपिग्राफी एण्ड लेक्सिकोग्राफी इन इंडिया) ३१
सरस्वती १८
सरस्वती १०३
सरस्वती-कंठाभरण ३३
सरस्वती का चित्रण १३,१४
सर्वकरदान २१८
सर्वद्वीपान्तरसंचारी पादलेप १२६
सर्वोसर, दीवान आम (पृथ्वीचंद-चरित) २०५
सस्यघास (हरी फसल) १६०

सहकार १६६
सांधिविग्रहिक ११२
सातवाहन ६
सातवाहन, त्रिसमुद्राधिपति १६७
सामन्त २१७,२१६,२२०
सामन्तप्रथा २१७
सामन्तों की कोटियाँ ४३
" प्रतापानत ४३
सामन्त-अनुरागाकृष्ट ४३
सामन्तों के भेद २१७
सामाजिक स्तर, चार प्रकार के २७
सारसौरमेय १४५
सार्वभौम २२०
साल २११
सावित्री १५
सिन्दूरच्छुरितमुद्रा १११
सिन्दूरित सीमा ३२
सिंहकर्ण २११
सिक्क २१०
सिद्धियोग २२
सिर पर गुग्गुल जलाना ५६
सिलवाँ लेवी १६५
सिलवाँ लेवी १६६
सिलवाँ लेवी, जूर्नल आशियातीक १३३
सीतानाथ प्रधान १३३
सीर (हलभूमि) १३८,२१६
सी० हुआर्ट, ऐश्येंट पर्शियन ऐंड ईरानियन सिविलिजेशन १४४
सुकथनकर विष्णु सीताराम-लिखित भृगुवंश और भारत १०६
सुधिरफूत्कृत २१०
सुदृष्टि, पुस्तकवाचक का वेश ५२
सुधन कुमारावदान (दिव्यावदान) २२४
सुनीतिकुमार चटर्जी ६५
सुबन्धु ४,५,६
सुरस १८३
सुवर्ण द्रव १७०,१७१
सुवर्ण वृष्टि ६८
सुवीथी २०८
सुषेण ६०
सुहल्लेख १६७,१६८
सूचीवाण, बंदी ५३
सूत्रधार (राजमिस्त्रियों) का सत्कार ७१
सूरण १८३
सुँचुरी साइक्लोपिडिया आफ नेम्स १६६
सेतुबन्ध या रावणवहो ७६
सेनापति का व्यक्तित्व १२४
सेनापनि सिंहनाद १२४
सेना चामर १२६
सोपानमार्ग २०७
सोमक १३२,१३३
सौन्दरनन्द अश्वघोषकृत २६०
सौध २०८,२१४
सौध शिखर ६४
सोलह महोत्पात ६५
स्कन्दगुप्त (जूनागढ़ शिलालेख) १०३
स्कन्दगुप्त, गजसाधनाधिकृत तथा महाप्रमातार १२७
स्कंधावार ३७
स्कन्धावार ८६
स्कन्धावार १४७
स्कन्धावार १५६
स्कन्धावार २०३
स्तम्भशालभंजिका ६२
स्टाइनगास, पर्शियन इंगलिश डिक्शनरी ८०
स्तवरक ८०
स्तवरक १५१
स्तवरक के वारवाण १५४
स्त्री-राज्य १६५,१६६
स्त्र्यध्यक्ष, अन्तःपुर के प्रतीहार (रामायण) २०६
स्थानपाल १४३

स्थानपालों के घोड़े १४३
स्थावर-व्यवहार २१६
स्थाण्वीश्वर ५५,५
स्थाण्वीश्वर की स्त्रियों की वेशभूषा ५६
स्थूल स्थासक १४३
स्नानगृह या धारागृह २०७,२१३
स्नानद्रोणी २१७,२१३
स्नानभूमि १७७
स्नुषा या (सेंहुड़) १८३
स्फटिक कुंडल (कनफटे साधु) ५६
स्फाटिक कपूर ७३
स्वराट २२१
स्वस्थान या सूथना १४८
हंसविभान १८
हंसवेग १६६,१६७
हरिचन्द्र भट्टार ५
हरिचन्द्र की पहचान ६
हरिहर-मूर्तियाँ ६८
हर्म्य २११
हर्म्यपृष्ठ २११
हर्ष का जन्म ६४
हर्ष का राजाओं से प्रणाम ग्रहण १५८
हर्ष का शारीरिक बल ५५
हर्ष की गजसेना ३८,३६,४१
हर्ष की दिग्विजय-घोषणा १२५
हर्ष की ब्रह्मचर्यव्रत की प्रतिज्ञा ४५
हर्ष की वेशभूषा ४५,४६
हर्ष के अंगरक्षक, मौल ४५
हर्ष के आभूषण ४६
हर्ष के जन्म-समय का ग्रह ६५
हर्ष के साम्राज्य की सीमाएं ५४
हर्षचरित की विषय-सूची ६
हर्ष, दरबार में ४५
हर्ष सम्राट् ११
हस्तक १६२
हस्तवलप्रकरण या मुष्टिप्रकरण १२२
हाजरा, डा० आर० सी० ११२
हाटक देश १६५
हाथियों की सेना के अधिकारी १२७
हाथीदाँत और मुक्ताशैल के स्तम्भों से बना हुआ निवासप्रासाद २१४
हाथीदाँत के तोरण से युक्त हीरों का कमरा (सदन्ततोरण-वज्र-मन्दिर) २१४
हाल ६
हास्तिक (हाथियों के झुंड) १४१
हिरण्यवाह १८
हूण ६३
हूणों से प्रभाकरवर्द्धन की भिड़न्त ८७
हूण हरिणकेसरी (प्रभाकरवर्द्धन) ८७
हेमकूट पर्वत १६५
हैम्पटन कोर्ट पैलेस १७१,२१६,२१६
हेमचन्द्र, द्व्याश्रय काव्य २११
क्षीरोदक १५७
क्षेमेन्द्र-कृत लोकप्रकाश २१७
क्षौम ७६,७७
क्षौमवस्त्र १६८
त्रिकंटक २१
त्रिकूट १२५
त्रिपुंड्र १५
त्रिशंकु १७४
त्रिसरण, त्रिशरण १६३